बौद्धभारतीग्रन्थमाला—३७
Bauddha Bharati Series—37

विनयपिटके

महावग्गपालि

[हिन्दी अनुवाद सहिता]

बौद्धभारती
वाराणसी

प्रधान सम्पादक
स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

बौद्धभारतीग्रन्थमाला–३७

Bauddha Bharati Series—37

विनयपिटके

महावग्गपालि

[हिन्दी अनुवाद सहिता]

बौद्धभारती

वाराणसी

प्रधान सम्पादक

स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

बौद्धभारतीग्रन्थमाला-३७

Bauddha Bharati Series-37

विनयपिटके

महावग्गपालि

[हिन्दीअनुवादसहिता]

प्रधानसम्पादक

स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

Bauddha Bharati Series-37

The
MAHĀVAGGAPĀLI

With
HINDI TRANSLATION

Edited & Translated By
Swāmī Dwārikādās Śāstrī

BAUDDHA BHARATI
VARANASI

2542 B.] 1998 [V. 2055

बौद्धभारतीग्रन्थमाला-३७

विनयपिटके

महावग्गपालि

हिन्दीरूपान्तरसहिता

सम्पादक एवं अनुवादक

स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

बौद्धभारती

वाराणसी

बु० २५४२] १९९८ ई० [वि०२०५५

पो० बॉ० नं० १०४९
वाराणसी-२२१ ००१. (भारत)

P. B. No. 1049
VARANASI-221 001 [India]

सहसम्पादक :
धर्मकीर्त्तिशास्त्री
चन्द्रकीर्त्तिशास्त्री

प्रथम संस्करण : १९९८

First Edition : 1998

Price Rs. 500/=

मुद्रक :

तरुण ऑफसेट प्रिंटर्स,
518/14 अनूप मार्केट, मौजपुर, दिल्ली – 53
☎ 2260794

प्रकाशकीय वक्तव्य

"अनुजानामि, भिक्खवे, सकाय निरुत्तिया परियापुणितुं" ति

— विनयपिटके, भगवा बुद्धो।

बौद्धभारती के स्थापनाकाल (सन् १९६८ ई०) से ही हमारा यह सङ्कल्प था कि समग्र त्रिपिटक (बुद्धवचन) का हिन्दी-रूपान्तर (अनुवाद) के साथ पुनः प्रकाशन होना चाहिये, जिससे वह अन्य (भाषाओं के) विद्वानों के लिये भी उपयोगी हो सके। परन्तु यह कार्य स्वयं में इतना विशाल, गुरुतर एवं बहुव्ययसाध्य था कि बौद्धभारती जैसा अल्पसाधन वाला प्रतिष्ठान एकाकी इसके प्रकाशन का साहस नहीं कर पा रहा था।

एतदर्थ, हमने विगत पन्द्रह वर्षों में अत्यधिक प्रयास किया; भारत के केन्द्रीय शिक्षा मन्त्रालय से, उ०प्र० शासन के शिक्षा विभाग से, भारत के अनेक साधनसम्पन्न प्रकाशकों से तथा धनपतियों एवं बुद्धिजीवियों से इस कार्य के लिये आर्थिक साधन संगृहीत कराने हेतु निवेदन किया; परन्तु किसी ने भी, इस कार्य हेतु, हमारा उत्साहवर्धन नहीं किया।

अन्त में, हमने विवश होकर, बौद्धभारती के अपने अल्प साधनों के बल पर ही इस कार्य को आगे बढ़ाने का निश्चय किया। तदनुसार, सर्वप्रथम सुत्तपिटक का **मज्झिमनिकाय** (सम्पूर्ण) हिन्दी अनुवाद के साथ पाँच भागों में प्रकाशित किया गया जो कि पाँच वर्ष में पूर्ण हुआ।

उसी क्रम में, हमने सुत्तपिटक का **दीघनिकाय** (सम्पूर्ण) (हिन्दी अनुवाद के साथ) का भी तीन भागों में प्रकाशन किया।

अब हम **विनयपिटक** में **महावग्ग** नामक अत्यावश्यक ग्रन्थ उसी पद्धति में आप के सम्मुख प्रस्तुत कर रहे हैं।

'मज्झिमनिकाय' की तरह इसमें भी हमने पालि-पाठ के लिये बर्मा में हुए छट्ठ सङ्गायन पर आधृत, और श्रीलंका, स्याम (थाईलैण्ड) तथा पालिटैक्स्ट सोसाइटी लन्दन के संस्करणों का सहयोग लेकर १९५६-६१ में 'पालि त्रिपिटिक प्रकाशन मण्डल' नालन्दा से प्रकाशित एवं आदरणीय भिक्षु जगदीश काश्यप द्वारा सम्पादित देवनागरी-संस्करण को आदर्श रूप में रखा है। इसमें हमने बहुत कम परिवर्तन किया है। कहीं-कहीं मुद्रणाशुद्धियों के संशोधन के अतिरिक्त अधिक कुछ नहीं किया है।

साथ ही हमने उक्त सभी बर्मा, नालन्दा एवं रोमन संस्करणों की पृष्ठ-संख्या रोमन अक्षरों में क्रमशः यथास्थान दे दी है। अनुसन्धाता इससे लाभान्वित होंगे।

हमने हिन्दी-अनुवाद, आचार्य श्रीबुद्धघोष की अट्ठकथा को प्रमाण मान कर सम्पन्न करते हुए, उसे पालि-पाठ के साथ नीचे दिया है। इससे पाठक को पालि एवं उसकी हिन्दी— दोनों ही भाषाएँ अत्यन्त सरलता से हृदयङ्गम हो सकेंगी—ऐसा हमारा विश्वास है।

यहाँ हमें एक निवेदन अवश्य करना है कि विषय—वैशद्य (बात को समझाने) के लिये पालि में विषय का अनुकूल-प्रतिकूल, या आरोह-अवरोह दोनों क्रमों से विस्तृत (अक्षरशः) वर्णन किया जाता है। इस शैली में भाषाच्छटा तो अवश्य आ जाती है, परन्तु इस शब्द-समूह में

फंस कर पाठक मूल विषय से दूर-दूर सा होने लगता है। इसके लिये पालि-संग्रहकारों ने ऐसे विशेष स्थानों (जहाँ पाठ पुनः पुनः आवृत्त हो) के लिये '....पे०....' की परम्परा रखी है। इस परम्परा का इससे पहले के संस्करणों में निर्भयता से उपयोग हुआ है। इसे हमने भी अपने हिन्दी-अनुवाद में स्वीकार किया है। परन्तु '....पे०....' का अनुवाद हमने '....पूर्ववत्....' करके दिया है, या प्रायः '....' इस चिह्न का प्रयोग किया है, ताकि पाठक प्रसङ्ग के प्रधान विषय से दूर न हो जाय।

यों हमने एक अभिनव पद्धति में बुद्ध-वचन (त्रिपिटक) का प्रकाशन प्रारम्भ किया है। यदि विद्वानों को यह पद्धति ग्राह्य तथा अनुकूल प्रतीत हुई तो हम आगामी काल में त्रिपिटक के समग्र ग्रन्थों का प्रकाशन इसी पद्धति से करेंगे।

एक कार्य हमने, इस प्रसङ्ग में, और किया है। ग्रन्थ में वर्णित सूत्रों का संक्षेप हिन्दी, अंग्रेजी दोनों भाषाओं में ग्रन्थ के प्रारम्भ में दे दिया है। जिससे पाठक को सूत्रों का वर्ण्य विषय एक ही दृष्टि में हृदयङ्गम हो जाय।

इस तरह हम इस ग्रन्थमाला को पालि-हिन्दी-इंग्लिश तीनों ही भाषाओं के विद्वानों के लिये उपयोगी बना पाये हैं—ऐसा हमारा विश्वास है।

वसन्तपञ्चमी, २०५४ वि०
वाराणसी

अध्यक्ष
बौद्धभारतीपरिषद्

बुद्धचरित : संक्षेप में

(बौद्ध वाङ्मय के प्रामाणिक ग्रन्थों के आधार पर)

बुद्धपूर्व सामाजिक व्यवस्था

मर्यादापुरुषोत्तम राम एवं योगेश्वर कृष्ण के अवतारों के हजारों वर्ष बाद, भारतीय समाज में एक बार पुनः विशृङ्खलता आने लगी। उस समय साधारण जनता की भी वास्तविक धर्म के प्रति अरुचि बढ़ने लगी और पाषण्डयुक्त अधर्म को ही 'धर्म' माना जाने लगा। उनकी दृष्टि में स्वर्गसुख ही चरम सुख हो गया तथा उसकी प्राप्ति के लिये अनेक प्रकार के यज्ञ-यागादि का विधान होने लगा। इन यज्ञों की सम्पन्नता में हजारों निरीह पशु पक्षी नृशंसतापूर्वक मारे काटे जाने लगे। लोग कदाचार को ही सदाचार समझकर उसमें रस लेने लगे। उस समय जनता प्राणिहिंसा, चोरी आदि को जीवनयापन में सहर्ष व्यवहृत करने लगी। यों धीरे-धीरे समग्र जनता कामव्यसनी, मद्यप, हिंसक तथा मूढ़ एवं अन्धविश्वासी बन गयी। इन अन्ध विश्वासों में आकण्ठ निमग्न जनता ने जातिभेद के विषबीज का वपन कर शताब्दियों तक जाति को टुकड़े टुकड़े में बाँट कर घर घर में गृहकलह का घोर सङ्कट उद्भूत कर दिया। मठों एवं मन्दिरों की अपार सम्पत्ति तथा धनराशि का अधार्मिक कृत्यों में व्यय होने लगा। यों, अल्प सङ्ख्या में बची धर्मप्राण जनता इन अधार्मिकों एवं अन्धविश्वासियों के दुष्कृत्यों से त्रस्त हो उठी।

बुद्ध का जन्म

ऐसे ही समय में, आज से पाँच सौ तिरसठ ईसा पूर्व वर्ष में, भगवान् बुद्ध का अवतार हुआ। उनके पिता **शुद्धोदन** कोसल साम्राज्य के अधीन सूर्यवंशी राजा थे, ये शाक्य गणतन्त्र के प्रमुख शासक थे। उनकी माता **महामाया** देवी **कपिलवस्तु** से अपने मातृगृह (देवदहनगर) जा रही थी कि मार्ग में ही लुम्बिनीवन में सुपुष्पित दो शालवृक्षों के बीच, बुद्ध का जन्म हो गया। इस घटना के बाद, (प्रायः २५० वर्ष बाद) सम्राट् अशोक द्वारा बुद्ध के जन्म-स्थान पर बनवाया गया स्मारक (शिलालेख) आज भी इस घटना का साक्षी है।

असित नामक एक वृद्ध संन्यासी राजा शुद्धोदन के महल में आये। उन्होंने नवजात शिशु को देखा। उसके शुभ शरीर में सौभाग्यसूचक लक्षण (चिह्न) देखकर उन्होंने अतीव प्रसन्नता प्रकट की। और कहा कि विश्व में उसका उद्धारक प्रकट हो गया है फिर उनकी आँखों में आँसू गिरने लगे। कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि वे, अतिवृद्ध होने के कारण, इस बालक की उपलब्धियाँ (सफलताएँ) देखने हेतु जीवित न रह पायँगे!

बालक का नाम **गौतम** रखा गया, जबकि घर में परिवार के लोग उसे स्नेह से, **'सिद्धार्थ'** कहकर बुलाते थे। शाक्यजन इस बालक का जन्मोत्सव मना ही रहे थे कि बालक की माता महामाया देवी का देहावसान हो गया। अतः अब बालक के पालन पोषण का उत्तरदायित्व महामाया देवी की छोटी बहन **महाप्रजापती गौतमी** ने स्वीकार किया।

ऐश्वर्य-सुख

बचपन से ही बालक गौतम एकान्तप्रिय, गम्भीर एवं मननशील स्वभाव के थे। अतः पिता राजा शुद्धोदन ने उनके विलासमय आवास हेतु तीनों ऋतुओं के योग्य सुख-सुविधासम्पन्न एवं ऐश्वर्यशाली तीन प्रासाद (महल) बनवा दिये कि यह एकान्तप्रिय बालक आगे चलकर घर छोड़कर प्रव्रजित न हो जाय। अच्छा हो कि यह बालक इन्हीं महलों में ऐश्वर्य-सुखभोग में लिप्त रहे। समय आने पर उसका विवाह भी करा दिया। नाना प्रकार के नृत्य, वाद्य, सङ्गीत की भी व्यवस्था कर दी। परन्तु भवितव्यता को कौन टाल सकता था!

चार प्रतीक

कोमलहृदय राजपुत्र ने, कभी उदयान-शोभा देखने के लिये जाते हुए, मार्ग में क्रमशः किसी दिन एक जराजीर्ण वृद्ध पुरुष को, किसी दिन एक रोगी को और किसी दिन एक मृत व्यक्ति को देखा। उन्हें देखकर, उनके विषय में सारथि द्वारा बतायी गयी वास्तविकता जानकर युवक गौतम को संसार के प्रति अनासक्ति एवं ग्लानि हो गयी। इसी क्रम में उसने कभी मार्ग में जाते हुए किसी विरक्त संन्यासी को देखा। उससे संवाद करने के बाद, उसे बहुत प्रसन्नता हुई। यहीं से राजकुमार के मन में दुःख का वास्तविक कारण जानने की इच्छा प्रबल हुई।

विवाह एवं पुत्रोत्पत्ति

समय आने पर, गौतम का यथासमय विवाह हुआ तथा उन्हें अपनी पत्नी से एक पुत्र भी उत्पन्न हुआ। उसे जब यह हर्षद समाचार सुनाया गया तो उसके मुख से अनायास निकल पड़ा कि एक राहुल (विघ्न-बाधा) और उत्पन्न हो गया। राजा ने सोचा, क्यों न इसका नाम 'राहुल' ही रख दिया जाय। सम्भवतः अपने पुत्र का मुख देखते हुए यह, इसके व्यामोह में पड़कर, राज्यसुख से मुख न मोड़े।

महाभिनिष्क्रमण (गृहत्याग)

परन्तु एक मध्य रात्रि में, जब तरुण एवं रूपवती नर्तकियाँ उसका मन बहलाने का प्रयत्न कर रही थीं, राजकुमार सिद्धार्थ का हृदय अत्यधिक उद्विग्न हो उठा। इस स्थिति में, वे अपनी पत्नी एवं शिशु को सोता हुआ छोड़कर, किसी दूसरे को उनके जाने का ज्ञान न हो इस तरह चुपचाप, छन्दक सारथि को लेकर, घोड़े पर आरूढ़ हो, जङ्गल की तरफ चल दिये। वहाँ उन्होंने अपने राजसी परिधान छोड़ दिये, घोड़ा सारथि को दे दिया और

खड्ग से अपने लम्बे घुँघराले बाल काट डाले एवं विरक्त बनकर एकाकी ही आगे वन में प्रविष्ट हो गये।

तपश्चर्या

सर्वप्रथम वे, उस समय के प्रसिद्ध ज्ञानी **आळार कालाम** के आश्रम में पहुँचे। उन्हें गुरु बनाकर उनसे चित्तवृत्तिनिरोध के विषय में बहुत कुछ जाना, समझा। तदनन्तर वे दूसरे विद्वान् **उद्दक रामपुत्त** के आश्रम में गये। उनसे भी उन्होंने बहुत कुछ ज्ञानार्जन किया; परन्तु इतने से भी उनकी ज्ञान-पिपासा शान्त न हुई। अन्त में, वे बोधगया के समीप सुरम्य प्रदेश में पहुँचे, जहाँ चतुर्दिक् घने जङ्गल थे, सुनहली रेती के बीच झरने बह रहे थे। वहाँ उन्होंने इस जनसाधारण विश्वास के साथ कि 'देह-यातना से मन अधिक शान्त एवं उदात्त हो जाता है', अनेक विधियों से घोर दुष्कर तपश्चर्या की। परन्तु अन्त में उनकी समझ में आ गया कि इन दुष्करचर्याओं के माध्यम से भी कोई अलौकिक ज्ञान प्राप्त नहीं हो पायगा!

बोधिप्राप्ति

छह वर्ष निरन्तर दुष्करचर्या करने के बाद, जब वे ३५ (पैंतीस) वर्ष की आयु के के थे, एक दिन उनके मन में यह भाव जाग्रत् हुआ कि वे सम्बोधि (पूर्ण ज्ञान) प्राप्त करके रहेंगे! उसी दिन मध्याह्न में **सुजाता** नाम की किसी कुलकन्या ने उनको देवता समझ कर मधुर खीर (पायस) खिलायी। सायङ्काल एक घसियारे ने उनको सूखी घास की पूलियाँ बिछाने के लिये दीं। इन्हें बोधिप्राप्ति हेतु शुभ लक्षण मानकर, वे एक पीपल (अश्वत्थ) वृक्ष के नीचे सुदृढ़ पद्मासन लगाकर बैठ गये और यह निश्चय किया— "भले ही मेरे शरीर का चर्म, मेरी स्नायुएँ, मेरी अस्थियाँ गल जायँ, मेरे शरीर का सम्पूर्ण रक्त ही क्यों न सूख जाय; परन्तु मैं इस आसन से तब तक न उठूँगा, इसी आसन पर दृढ़ता से बैठा रहूँगा जब तक कि मुझे सम्बोधि (पूर्ण ज्ञान) प्राप्त न हो जाय।"

यह प्रतिज्ञा करने पर, मार ने उनको भयग्रस्त करने के लिये, घोर झञ्झावात चलाये, प्रभञ्जन (प्रलयकालीन वायु) छोड़े; परन्तु मार के ये प्रबल अस्त्र बोधिसत्त्व तक पहुँच ही न सके; अपितु वे मध्य मार्ग में ही पुष्प रूप में परिणत हो गये। मार ने बोधिसत्त्व को प्रतिज्ञा से च्युत करने के लिये स्वर्ग में जन्म का भी प्रलोभन दिया, परन्तु इस प्रलोभन का भी उनके चित्त पर कोई प्रभाव न पड़ा। अन्त में, मार अपनी पराजय मान कर भाग गया। उसकी सेना भी परास्त होकर पीछे हट गयी।

उसी रात्रि में बोधिसत्त्व गौतम को उस अनुपम अद्वितीय कारणचक्र (हेतुसमुत्पाद=प्रतीत्यसमुत्पाद) का बोध हुआ जिस पर इनसे पहले के किसी तत्त्वचिन्तक ने विचार ही नहीं किया था। इसे जानने के साथ ही वे बोधिसत्त्व से '**बुद्ध**' बन गये। विनयपिटक के **महावग्ग** में लिखा है[1]— "अब उस जिज्ञासु के लिये सब बातें स्पष्ट हो

---

१. यदा ह वे पातुभवन्ति धम्मा आतापिनो झायतो ब्राह्मणस्स।
विधूपयं तिट्ठति मारसेनं सूरियो व ओभासयमन्तलिक्खं॥ ति॥ (-म०व०, पृ० ५)

गयीं। मार की सेनाओं को भगाकर वह सूर्य के समान लोक में प्रदीप्त हो गया।''

धर्मयात्रा

इस तरह, 'बुद्ध' होने के बाद भी, उन्होंने उसी अश्वत्थ (बोधि) वृक्ष के आस पास साधना-सुख की अनुभूति करते हुए चार सप्ताह और बिताये। एतदनन्तर, वे धर्मयात्राहेतु वहाँ से चले। मार्ग में मारकन्याओं ने उनको घेर लिया और अपने सौन्दर्य के प्रलोभन द्वारा उन्हें संसार में लौटाने का प्रबल प्रयास किया, परन्तु भगवान् दृढ़चित्त थे तो दृढ़चित्त ही रहे। उनका कहना था— ''इस कन्याओं का यह कुत्सित प्रयास ऐसे पुरुषों पर तो प्रभाव डाल सकता है जिनका चित्त चञ्चल हो, परन्तु दृढ़सङ्कल्प 'बुद्ध' पर इनका कोई प्रभाव नहीं हो सकता।''

आगे चलकर भगवान् को मार्ग में उत्कलवासी दो व्यापारी मिले, जिनमें एक का नाम था **तपस्सु** और दूसरे का नाम था **भल्लिक**। उन्होंने भगवान् को यव एवं मधु सम्पृक्त खाद्य (लड्डू) भोजनहेतु दिया। ये दोनों भगवान् के प्रथम उपासक बने।

यद्यपि भगवान् प्रारम्भ में तो अपनी धर्मदेशना के प्रति कुछ शङ्कित हुए कि लोक में इतना गम्भीर एवं दुर्दर्श ज्ञान कोई समझ पायगा कि नहीं; क्योंकि यहाँ तो सभी लोग लोभ एवं द्वेष के आगार दिखायी पड़ रहे हैं! परन्तु बाद में ब्रह्मा द्वारा अभियाचना करने पर, उनका चित्त भी लोक के प्रति द्रवित हो उठा और उनके ध्यान में आया कि इस लोभ-द्वेषमय जगत् में भी कुछ जिज्ञासु तो ऐसे मिलेंगे ही जो निर्मलचित्त होंगे! उन्हें मेरे इस धर्मोपदेश द्वारा मार्गदर्शन की नितान्त आवश्यकता है!

धर्मचक्रप्रवर्त्तन

इसी विचार से अनुप्राणित होकर भगवान् **वाराणसी** के ऋषिपतन मिगदाव में पहुँचे। वहाँ सर्वप्रथम अपने पाँच पूर्व सब्रह्मचारियों के सम्मुख ऐसे मध्यम मार्ग का उपदेश किया जो आगे चलकर धर्मचक्रप्रवर्तन नाम से लोक में प्रसिद्ध हुआ। इस तरह प्रारम्भ में इन पाँच भिक्षुओं से भिक्षुसङ्घ की स्थापना हुई। तदनन्तर भी भगवान् इस वर्ष के समग्र वर्षावास (वर्षा ऋतु के तीन मास) पर्यन्त ऋषिपतन (वाराणसी) में ही ठहर कर जिज्ञासुजनों को धर्मदेशना करते रहे। इस अन्तराल में भगवान् ने **यश** आदि साठ अन्य जिज्ञासुओं को भी 'धर्म' में दीक्षित किया।

वर्षावास के बाद, भगवान् पुनः चारिका करते हुए बोधगया के पास **उरुवेल काश्यप** जटिल के आश्रम में पहुँचे, जो कि अग्निपूजक ब्राह्मण था। यहाँ इन जटिलों को लोकोत्तर चमत्कार दिखाया। भगवान् की अनुमति के विना वे ब्राह्मण अपनी यज्ञशाला की अग्नि प्रज्वलित न कर सके। किसी तरह (भगवान् के सङ्केत से) अग्नि प्रज्वलित हुई तो उन जटिलों को जलौघ (बाढ़) ने आ घेरा। भगवान् की कृपा से ही वे सब याज्ञिक उससे भी अपना त्राण कर पाये।

महावंस के साक्ष्य के आधार पर, भगवान् ने इसी समय लङ्काद्वीप में पधार कर वहाँ यक्षों का दमन करते हुए उस द्वीप को मनुष्यों के लिये आवासयोग्य बनाया। लङ्का

द्वीप से प्रत्यावर्तित होकर पुनः भगवान् उन जटिलों के आश्रम में पहुँचे। वहाँ एक हजार जटिलों सहित उन उरुवेल काश्यप आदि तीनों भाइयों को स्वधर्म में दीक्षित कर प्रव्रज्या दी।

राजगृह में

इस एकसहस्रसङ्ख्यक भिक्षुसङ्घ को साथ लेकर भगवान् चारिका करते हुए मगध राज्य की राजधानी **राजगृह** पहुँचे। वहाँ के राजा बिम्बिसार ने उनका हार्दिक स्वागत किया। राजा **बिम्बिसार** ने भगवान् को सङ्घ के लिये राजगृह नगर स्थित अपना वेणुवन दान कर दिया।

यह राजा भगवान् के गृहस्थाश्रम के समय का परम मित्र था, परन्तु भगवान् से आयु में पाँच (५) वर्ष छोटा था।

सारिपुत्र-मौद्गल्यायन की प्रव्रज्या

सञ्जय परिव्राजक भी उस समय अपनी शिष्यमण्डली के साथ मगध में ही रहते थे। इनकी शिष्यमण्डली में **सारिपुत्र** एवं **मौद्गल्यायन** भी थे। एक दिन सारिपुत्त को भिक्षाकर्म हेतु जाते हुए बुद्धशिष्य **अस्सजि** मिल गया। सारिपुत्त ने उससे उसके शास्ता एवं धर्म के विषय में पूछा तो अस्सजि ने बताया कि उसे इस धर्म की दीक्षा लिये हुए अल्प समय ही हुआ है, अतः वह अधिक विस्तार से तो नहीं बता पायगा, परन्तु उसके शास्ता ने उसको जो धर्मोपदेश किया है उसका सार (संक्षेप) यह है—

"**ये धम्मा हेतुप्पभवा हेतुं तेसं तथागतो आह।**
तेसं च यो निरोधो एवंवादी महासमणो॥" (म० व०, पृ० ६२)

[उन वस्तुओं के विषय में जिनकी उत्पत्ति का कोई कारण है, और वह जो कारण है, उसके विषय में महाश्रमण (बुद्ध) ने ज्ञान दिया है। तथा उनका दमन (निरोध) किस प्रकार किया जाय?— यह भी उस महान् विरक्त ने बता दिया है।]

सारिपुत्र जो स्वयं बहुश्रुत थे, इस धर्म-संक्षेप को सुनकर ही इस का महत्त्व समझ गये। और इससे प्रभावित होकर सारिपुत्त एवं मौद्गल्यायन— दोनों ही भगवान् बुद्ध के शिष्य बन गये। इन दोनों के सङ्घ में सम्मिलित होने से सङ्घ का भी गौरव बढ़ा; क्योंकि ये दोनों ही अपने समय के बहुत अच्छे धर्म-व्याख्याता थे। [इन दोनों भिक्षुओं के अस्थ्यवशेष साँची (मध्यप्रदेश) के स्तूप में आज भी सुरक्षित है।]

त्रिपिटक-पाठ से ज्ञात होता है कि सारिपुत्र मौद्गल्यायन ने भी बुद्ध-धर्म का व्याख्यान, भगवान् की तरह ही, धीरता एवं गम्भीरता से किया है। अस्तु।

राहुल आदि को दीक्षा

बोधिप्राप्ति के कुछ वर्ष बाद भगवान् बुद्ध, चारिका करते हुए, पुनः कपिलवस्तु पहुँचे। वहाँ राजा शुद्धोदन ने भगवान् का स्वागत किया। परन्तु भगवान् उस समय तक एक सच्चे श्रमण बन चुके थे। दूसरे दिन भगवान् ने नगर में चारिका तथा भिक्षाकर्म किया। उनके ये दिव्य कर्म देखकर उनकी पत्नी उनके प्रति विशेष श्रद्धालु बन गयी। वह

भी उनके चरणों में अर्पित हो गयी। तथा उसने अपने पुत्र राहुल से भी कहा– "राहुल! तूँ अपने पिता से दायभाग माँग ले।" ऐसा कहे जाने पर भगवान् ने उस (राहुल) को भी शिष्य बनाते हुए सङ्घ की शरण में ले लिया।

परिवार का नापित (नाई) **उपालि** भी इसी अवसर पर प्रव्रजित हुआ। जो आगे चलकर भिक्षु-विनय का महान् व्याख्याकार सिद्ध हुआ।

श्रावस्ती में जेतवनाराम

श्रावस्ती के एक श्रेष्ठी (धनिक व्यापारी) **अनाथपिण्डक** ने जेतवन की पूरी भूमि पर सुवर्णमुद्राएँ बिछाकर (उस भूमि को सुवर्णमुद्राओं से ढक कर) खरीद लिया और वहाँ श्रमणोचित सभी सुख-सुविधाओं से सम्पन्न **जेतवनाराम** नाम से विहार बनवाया, तथा उसे बुद्धप्रमुख भिक्षुसङ्घ को दान कर दिया।

इसी विहार में रहते हुए भगवान् दूसरी बार लङ्काद्वीप पधारे, जहाँ उन्होंने नागराजाओं को अनुशासित किया— ऐसी **महावंस के लेखक** की मान्यता है।

इसी तरह, कोसल का राजा **प्रसेनजित्, विशाखा** नामक एक धनसम्पन्न स्त्री एवं इसी तरह उस राज्य के कितने ही वैभवशाली नागरिक भगवान् बुद्ध के धर्मोपदेश के प्रभाव से उनके शिष्य बन गये।

भगवान् एक बार पुन: जब राजगृह गये तो वहाँ वे रुग्ण हो गये। तब वहाँ के प्रसिद्ध चिकित्सक राजवैद्य **जीवक** कौमारभृत्य ने भगवान् की चिकित्सा की। भगवान् के प्रति श्रद्धातिरेक से ये जीवक वैद्य भी, अन्त में, भगवान् के शिष्य बन गये।

शाक्य-कौलिय जलविवाद

कुछ समय बाद शाक्यों और कोलिय जाति के बीच नदी-जल के विवाद को लेकर भयङ्कर कलह हो गया। भगवान् ने मध्यस्थ बनकर वह कलह शान्त कराया। यदि भगवान् ऐसा न करते तो इसका परिणाम बहुत ही दु:खद होता। इस घटना के कुछ काल बाद ही राजा शुद्धोदन का देहावसान हो गया।

स्त्री-प्रव्रज्या

कालक्रम से, भगवान् की स्तन्यपायिनी माता **महाप्रजापति गौतमी** ने भगवान् से सङ्घ में प्रव्रज्या-दीक्षा की याचना की, परन्तु भगवान् ने स्पष्ट निषेध कर दिया। दूसरी बार महाप्रजापति गौतमी के कहने से भगवान् के प्रधान उपट्ठाक (अनुचर) **आयुष्मान् आनन्द** ने स्त्रियों को सङ्घ में प्रव्रजित करने की अनुमति माँगी, उसे भी भगवान् ने अस्वीकार कर दिया। तदनन्तर, तीसरी बार जब महाप्रजापति गौतमी और आनन्द—दोनों ने मिलकर सङ्घ में स्त्रियों के भी प्रव्रजित होने की अनुमति माँगी तो भगवान् ने स्वीकार कर लिया। यों, महाप्रजापति गौतमी सङ्घ में **प्रथम भिक्षुणी** बनी। इस प्रकार, भारत में पहली बार किसी स्त्री के लिये घर छोड़कर आध्यात्मिक मुक्ति (निर्वाण) प्राप्त करने का मार्ग खुल गया।

इस तरह, समय बीतता गया, भगवान् बुद्ध और उनके शिष्य, चारिका करते हुए समग्र देश में उत्साह के साथ भ्रमण कर धर्मोपदेश करते रहे। इस उपदेश में उन्होंने पुराने अन्धविश्वासों, जीवहिंसा एवं परस्पर विद्वेष के विरुद्ध प्रबल प्रचार किया। साथ ही वे शान्ति, करुणा मैत्री एवं अहिंसा का सन्देश घर घर पहुँचाने का भी प्रयास करते रहे।

भगवान् पर आरोप

भगवान् का यह चमत्कार-प्रभाव देखकर उनके विरुद्ध अनेक ब्राह्मणों ने एवं अन्य सम्प्रदाय वालों (तीर्थिकों) ने कतिपय षड्यन्त्र रचे। इसी प्रसङ्ग में चिञ्चा नाम की वेश्या को, भगवान् पर लाञ्छन लगाने के यत्न में, कठोर दण्ड मिला। (द्र. धम्मपदट्ठकथा १३/९)।

इसी तरह एक दूसरी सुन्दरी ने भी भगवान् पर आरोप लगाया कि वह भगवान् से सांसारिक प्रेम करती है। वास्तविकता ज्ञात होने पर वह भी दण्डित हुई।

सङ्घ में फूट

जब भगवान् बुद्ध की आयु बहत्तर (७२) वर्ष की हो गयी तो सङ्घ पर सङ्कट के दिन आने लगे। **अजातशत्रु** ने अपने पिता राजा बिम्बिसार की हत्या कर दी। मगध का यह नया राजा (अजातशत्रु) सङ्घ के ही एक उद्दण्ड भिक्षु **देवदत्त** का शिष्य था। दोनों ने परामर्श कर भगवान् बुद्ध के प्राण लेने के अनेक प्रयत्न किये; परन्तु इन कुटिल प्रयत्नों का परिणाम विपरीत ही रहा। (१) भिक्षु देवदत्त ने एक बहुत बड़ी शिला भगवान् को लक्ष्य कर नीचे लुढका दी; परन्तु उससे भगवान् को कोई विशेष आघात नहीं लगा। (२) फिर उन्होंने किसी अवसर पर भगवान् की ओर पागल हाथी छोड़ दिया। उस हाथी को भी अन्त में भगवान् के चरणों में नतमस्तक होना पड़ा। (३) फिर देवदत्त ने, इन सब प्रयत्नों में असफल होने पर सङ्घ में भेद (फूट) डालने का प्रबल प्रयास किया। (४) नया सङ्घ भी बनाया। परन्तु, अन्त में कुटिल भिक्षु देवदत्त, अपने दुष्कृत्यों के कारण, मुख से रक्त का वमन करता हुआ, मृत्यु का वरण कर सदा के लिये षड्यन्त्र करने से विफल हो गया!

शाक्यों का सामूहिक नरसंहार

भगवान् के महापरिनिर्वाण से दो वर्ष पूर्व (भगवान् की ७८ वर्ष की आयु में) भिक्षुसङ्घ के सम्मुख जीवन-मरण का प्रश्न उपस्थित हो गया। घटना यह हुई कि कोसलनरेश राजा प्रसेनजित् का एक पुत्र शाक्य रानी से था। जिसका नाम था **विडूडभ**। अपनी माता (शाक्य) के घर, नीच कुल में उत्पन्न होने के कारण, शाक्यों ने उसका अपमान कर दिया। उसने उसी समय क्रोधवश प्रतिज्ञा की कि वह शाक्यों से इस अपमान का प्रतिशोध लेगा। अतः उसने, अपने पिता की मृत्यु के बाद, राजा बनने पर, समग्र शाक्य जाति से प्रतिशोध लेना आरम्भ कर दिया। जो भी शाक्य जहाँ कहीं मिलता या दिखायी देता उसके वह तलवार से दो टुकड़े करा देता। इस तरह पूर्ण शाक्य जाति ही विनष्ट होने की स्थिति में आ गयी। (द्र०— धम्मपदट्ठकथा-४/३) जब वृद्ध भगवान् के सम्मुख यह

वृत्तान्त गया तब उनके हृदय में कितना कष्ट पहुँचा होगा! इतने पर भी वे शान्त भाव से चारिका करते रहे और शान्ति, बन्धुत्व, प्रेम एवं पवित्रता का ही सन्देश देते रहे।

सारिपुत्र एवं मौद्गल्यायन का परिनिर्वाण

शाक्यों के इस सामूहिक हत्या-क्रम के एक सप्ताह बाद ही सारिपुत्र एवं मौद्गल्यायन का भी अपने अपने कर्मफलविपाक से परिनिर्वाण हो गया। इस घटना से तो भिक्षुसङ्घ सर्वथा ही शून्यवत् हो गया।

इसी बीच **अम्बपाली** गणिका ने भी अपना आम्रवन भगवान् बुद्ध के चरणों में समर्पित कर दिया। परन्तु भगवान् बुद्ध को इससे क्या आश्वासन मिला होगा!

भगवान् का महापरिनिर्वाण

यों, अस्सी (८०) वर्ष की जीवनायु में पहुँचते पहुँचते भगवान् को निश्चय हो गया कि अब उनके शरीर का अन्त निकट आ गया है। ऐसी स्थिति का आभास उन्होंने आनन्द को पहले ही बता दिया। और कह दिया कि उनके बाद उनके वचन (बुद्धवचन= त्रिपिटक) ही उनके मार्ग दर्शक होंगे।

उस समय भगवान् पावा में थे। वहाँ के निवासी चुन्द नामक कम्मारपुत्त ने भगवान् को अपने घर पर भोजन के लिये निमन्त्रित किया। वहाँ उसने भगवान् को चावल, रोटी के साथ 'सूकरमद्दव' भी भोजनहेतु दिया। ('सूकरमद्दव' शब्द के अर्थ पर विद्वानों में मतभेद है। कुछ विद्वान् इसे 'सूअर का नरम मांस' बताते हैं तो कुछ विद्वान् 'एक प्रकार की खाद्य वनस्पति'। जो भी हो,) बुद्ध को वह खाद्यवस्तु पची नहीं, और उन्हें 'रक्तातिसार' रोग हो गया।

उसी रोग से ग्रस्त होकर वे **कुशीनगर** पहुँचे। वहाँ दो शाल वृक्षों के बीच में उन्होंने आनन्द से सङ्घाटी बिछाने के लिये कहा। वहाँ वे सिंहशय्या से लेट गये। उन्होंने हजारों भिक्षुओं को अन्तिम उपदेश दिया, जिसकी शब्दावलि यह है— "अब, भिक्षुओ! मुझे तुम लोगों से अधिक कुछ नहीं कहना है। मेरा अन्तिम उपदेश यही है कि जो कुछ भी यह लोक में निर्मित दिखायी दे रहा है उसका एक न एक दिन क्षय होगा ही। निर्वाण-प्राप्ति के लिये तुम स्वयं उत्साह से यत्न करो।" ("हन्द, दानि, भिक्खवे, आमन्तयामि वो—'वयधम्मा सङ्खारा; अप्पमादेन सम्पादेथ।' " - दी० नि०, म० प० सु० पृ० ३७४)इसके बाद वे समाधिमग्न हो गये। समाधि से उठते ही उनका महापरिनिर्वाण हो गया।

अन्तिम संस्कार

उनका अन्तिम संस्कार भी वहाँ की जनता ने बहुत राजसी सम्मान के साथ सम्पन्न किया। यद्यपि भगवान् की अस्थियों के अवशेष के विभाजन (बँटवारा) को लेकर वहाँ के राजन्यवर्ग में कुछ कलह की स्थिति आयी, परन्तु वहाँ उपस्थित **द्रोण** नामक बुद्धिमान् ब्राह्मण ने उस अवशेष के आठ भाग कर सब को समान रूप से देकर वह कलह शान्त किया।

यह एक संयोग की ही बात है कि भगवान् दो शालवृक्षों के बीच ही अवतरित हुए, (जन्मे) थे और दो शालवृक्षों के बीच ही उनका महापरिनिर्वाण भी हुआ!

और यह घटना भी संयोग ही कही जायगी कि **वैशाख मास की पूर्णिमा** के दिन उनका **अवतार** (जन्म) हुआ, वैशाख मास की पूर्णिमा के दिन ही उन्हें **बोधिप्राप्ति** हुई, तथा वैशाख मास की पूर्णिमा के दिन ही उनका **महापरिनिर्वाण** हुआ। अतः बौद्धों में यह एक ही दिन तीन प्रकार से पवित्र माना जाता है!

बौद्ध सङ्गीति

१. प्रथम धर्मसङ्गीति (पञ्चशतिका)

भगवान् बुद्ध के महापरिनिर्वाण के बाद भिक्षु-सङ्घ की प्रथम परिषद् (जिसे प्रथम 'सङ्गीति', 'सङ्गायन' या 'संग्रह' भी कहते हैं) राजगृह में बुलायी गयी। उसमें धर्म और विनय निश्चित (बुद्धवचन के रूप में अनुमोदित) हुए। महास्थविर **महाकाश्यप** इस प्रथम परिषद् के सभापति हुए, **उपालि** स्थविर एव **आनन्द** स्थविर ने इसमें प्रमुख वक्ता के रूप में भाग लिया।

चुल्लवग्ग (विनयपिटक) के ११वें खन्धक में बतायी गयी परम्परा ही **दीपवंस** एवं **महावंस** में भी मिलती है। उसके अनुसार, कुशीनगर (कुसिनारा) में भगवान् बुद्ध के महापरिनिर्वाण के क्षणों में महास्थविर महाकाश्यप वहाँ उपस्थित नहीं थे। वे पावा से राजगृह आ रहे थे कि मार्ग में एक आजीवकपथानुयायी (नग्न) साधु ने उनको भगवान् के महापरिनिर्वाण का समाचार सुनाया। सुनते ही कुछ भिक्षु शोक (विलाप) करने लगे। सुभद्र नामक एक स्थविर ने भिक्षुओं को ऐसा शोक करने से रोका, और कहा— ''भिक्षुओ! न रोओ, न विलाप करो; क्योंकि अब तो हम उस महाश्रमण से मुक्त हो गये हैं जो हमें— 'यह करो, यह न करो'— कहते हुए अपने अनुशासन में बाँधे रखता था। अब हम स्वतन्त्र हैं कि जो चाहें करेंगे और जिस तरह चाहें रहेंगे।''

सुभद्र का यह कथन सुनकर महास्थविर महाकाश्यप धर्म की रक्षा के विषय में चिन्तित हो उठे। उन्होंने निश्चय किया कि उन पर भगवान् का सौंपा हुआ जो उत्तरदायित्व (सङ्घ का धर्मपूर्वक सञ्चालन) आ पड़ा है, उसकी पूर्ति के लिये तत्काल समग्र बौद्धसङ्घ की सभा बुलायी जाय।

(तिब्बती दुल्व और युवान च्वांग के वर्णनों से भी यही ज्ञात होता है कि बुद्ध के महापरिनिर्वाण के बाद धर्म विलुप्त हो जायगा— ऐसी आशङ्का सुभद्र जैसे भिक्षुओं को ही नहीं, अपितु समग्र सङ्घ के मन में समष्टि रूप में छा रही थी।)

कुछ विचार के बाद सङ्घ ने निश्चय किया सङ्घ की ऐसी प्रथम सभा का स्थल राजगृह में रखा जाय। यह कहा जाता है कि १. यह सभा (सङ्घ की बैठक) सप्तपर्णी गुहा के पास हुई। २. तिब्बती दुल्व के अनुसार न्यग्रोध गुफा के पास हुई। ३. लोकोत्तरवादियों के अनुसार वैभार पर्वत के उत्तर में तथा ४. अश्वघोष के अनुसार गृध्रकूट पर्वत की इन्द्रसाल गुहा में यह सभा हुई।

पालि-ग्रन्थों से यह भी ज्ञात होता है कि सप्तपर्णी गुफा के बाहर राजा अजातशत्रु ने सभा के आयोजन के लिये एक विशाल मण्डप भी बनवा दिया था। परन्तु विडम्बना

यह है कि अभी तक इस गुफा का निश्चित ज्ञान नहीं हो पाया है। फिर भी इतना तो निश्चित है कि यह सभा राजगृह में हुई थी; क्योंकि उस समय राजगृह में सभी प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध थीं। (चुल्लवग्ग में यद्यपि अजातशत्रु का नामोल्लेख नहीं है, परन्तु तिब्बती **दुल्व, महावंस** एवं **समन्तपासादिका** के अनुसार उस सभा के सभी बाह्य प्रबन्ध राजा अजातशत्रु ने ही करवाये थे।)

वर्षा ऋतु के दूसरे मास में सङ्घ की यह प्रथम सभा एकत्र हुई। चार सौ निन्यानवै (४९९) भिक्षु इस सभा में आये थे। इस अवसर के लिये बुद्ध-परिनिर्वाण के स्थान पर (कुसिनारा में) जितने भिक्षु उपस्थित थे उन सब की सहमति से यह स्थान एवं सङ्ख्या निश्चित की गयी थी। पहले स्थविर आनन्द को इस सभा के लिये सङ्घ नहीं चुन रहा था, परन्तु बाद में, कुछ भिक्षुओं के आग्रह पर, उन्हें भी सम्मिलित किया गया। तब परिषद् की सङ्ख्या ५०० हो गयी। परिषद् में सम्मिलित होने से पूर्व स्थविर आनन्द को सङ्घ के उन आरोपों का उत्तर देना पड़ा था, जो उन पर लगाये गये थे।

स्थविर आनन्द पर सात आरोप

(१) वे बुद्ध के महापरिनिर्वाण से इतने अभिभूत हो गये थे कि वे छोटे-छोटे नियमों उपनियमों का ध्यान नहीं रख पाये।

(२) बुद्ध का चीवर सींते समय उन्होंने चीवर को पैर के अँगूठे से दबाकर रखा।

(३) उन्होंने भगवान् के शरीर को अभिवादन करने की अनुमति पहले नारियों को दी।

(४) उन्होंने भगवान् से अपने शरीर को कल्पपर्यन्त स्थिर रखने की प्रार्थना नहीं की।

(५) उन्होंने महाप्रजापति गौतमी के प्रभाव में आकर स्त्रियों को सङ्घ में प्रवेश की अनुमति दिलायी।

(६) तीन वार माँगने पर भी उन्होंने भगवान् बुद्ध को पीने के लिये जल नहीं दिया।

(७) उन्हेंने दुश्चरित्र स्त्रियों एवं पुरुषों को भी भगवान् के गुप्ताङ्गों का दर्शन करने दिया।

इन सभी आरोपों का आनन्द स्थविर ने सन्तोषजनक उत्तर दिया। अतः सङ्घ ने उनको आरोपमुक्त कर दिया।

इसी प्रथम सभा में **छन्न** भिक्षु को भगवान् की आज्ञा से ब्रह्मदण्ड दिया गया। यह छन्न भिक्षु पहले का वही छन्न (छन्दक) सारथि था जिसने भगवान् का, राज-प्रासाद से महाभिनिष्क्रमण करते समय, विश्वसनीयता के साथ सहयोग किया था। परन्तु वही छन्न आज भिक्षु बनने के बाद इतना उद्दण्ड हो गया कि वह किसी भी छोटे-बड़े भिक्षु को अपवचन बोलने में कोई सङ्कोच नहीं करता था। जब उसे सङ्घ द्वारा ब्रह्मदण्ड सुनाया गया और उसमें भगवान् की अनुमति भी बतायी गयी तो वह पश्चात्तापदग्ध हो गया। इस

पश्चात्ताप से उसके सभी मल क्षीण हो गये और वह अर्हत् हो गया। अर्हत् होने पर तो उसे दण्ड-मुक्त हो ही जाना था। अस्तु।

इस प्रथम सङ्गीति के चार परिणाम निकले—

(१) स्थविर उपालि के नेतृत्व में विनय का निश्चय।

(२) स्थविर आनन्द के नेतृत्व में धम्म (सुत्त) का निश्चय।

(३) आनन्द पर आक्षेप तथा उनका उत्तर।

(४) छन्न भिक्षु को ब्रह्मदण्ड एवं उसके द्वारा पश्चात्ताप।

यह सङ्गीति 'पञ्चशतिका' सङ्गीति भी कहलायी; क्योंकि इसमें पाँच सौ भिक्षु सम्मिलित हुए थे। और यह सङ्गीति 'स्थविरीय सङ्गीति' भी कहलायी; क्योंकि इसमें सम्मिलित होने वाले सभी भिक्षु स्थविर थे, या स्थविरवाद को मानते थे। *

२. द्वितीय धर्मसङ्गीति (सप्तशतिका)

भगवान् के महापरिनिर्वाण के एक सौ (१००) वर्ष बीतने के बाद, द्वितीय भिक्षुसङ्घपरिषद् की बैठक धर्म और विनय पर निर्णय हेतु **वैशाली** में हुई।

चुल्लवग्ग एवं **दीपवंस** तथा **महावंस** के अनुसार वज्जी (वृजिप्रदेश) के भिक्षु ऐसी दस बातें (दस वत्थूनि=निषिद्ध कर्म) करते थे, जिन्हें स्थविर **काकण्डकपुत्र यश** धर्मसम्मत नहीं मानते थे। अपितु वे सभी बातें उनकी दृष्टि में अनैतिक एवं अधर्मयुक्त ही थीं। इन वज्जी भिक्षुओं ने, यश द्वारा विरोध किये जाने पर, उनका 'प्रतिसारणीय कर्म' किया। यश को अपना पक्ष-समर्थन करना पड़ा। जनसाधारण के सम्मुख उन्होंने अपना पक्ष अद्भुत वक्तृत्वकौशल के साथ रखा। इसके विरोधस्वरूप वज्जिपुत्र भिक्षुओं ने उनको 'उत्क्षेपणीय दण्डकर्म' दिया जिसका अर्थ था—स्थविर यश का सङ्घ से निष्कासन।

उपर्युक्त दस बातें **चुल्लवग्ग, दीपवंस** तथा **महावंस** में इस प्रकार उद्धृत की गयी हैं—

(१) सिङ्गिलोण कप्प— (भिक्षा के समय एक खाली सींग में नमक भर कर ले जाना) [यह अड़तीसवें (३८) पाचित्तिय नियम के विरुद्ध था, जिसमें किसी भी प्रकार का खाद्यसंग्रह निषिद्ध माना गया है।]

(२) दियङ्गुल कप्प— (जब मध्याह्न में सूर्य की छाया दो अङ्गुल विस्तृत होने लगे, तब भोजन करना) [यह सैंतीसवें (३७) पाचित्तिय नियम के विरुद्ध था, जिसमें मध्याह्न के बाद भोजन करना 'अविहित' बताया गया है।]

(३) गामन्तर कप्प— (एक ही दिन में, एक स्थान पर भोजन कर, फिर दूसरे ग्राम में जाकर पुनः भोजन कर लेना) [यह पैंतीसवें (३५) पाचित्तिय नियम के विरुद्ध था, जिसके अनुसार अतिभोजन निषिद्ध है।]

(४) आवास कप्प— (एक ही सीमा में अनेक स्थानों पर उपोसथविधि सम्पन्न करना।) [यह विनयपिटक के महावग्ग में घोषित नियमों के विरुद्ध था।]

(५) अनुमति कप्प— (किसी कार्य को सम्पन्न करने के बाद सङ्घ से उसकी अनुमति प्राप्त करना।) [यह भी भिक्षु-शासन के विरुद्ध था।]

(६) आचिण्ण कप्प— (रूढ़ियों, परम्पराओं को ही शास्त्र=बुद्धवचन मानना। [यह भी भिक्षुशासन के विरुद्ध था; क्योंकि बौद्धों में कोई भी परम्परा तभी विहित मानी जाती है जब वह बुद्धानुमोदित भी हो।]

(७) अमथित कप्प— (भोजन के बाद दही के रूप में आधे परिवर्तन वाले दूध को पीना।) [यह भी पैंतीसवें (३५) पाचित्तिय नियम के विरुद्ध था, जिसमें अतिभोजन निषिद्ध माना गया है।]

(८) जलोगिकप्प— (ताड़ी=सुरा, ताड़ से निकला रस, पीना।) [यह इक्कावनवें (५१) पाचित्तिय नियम के विरुद्ध था, जिसके अनुसार मादक पेय निषिद्ध है।]

(९) अदसक निसीदन— (जिसके किनारे निकले हुए न हों ऐसे कम्बल या रजाई का बैठने के लिये आसन के रूप में प्रयोग करना) [यह भी नवासीवें (८९) पाचित्तिय नियम के विरुद्ध था, जिसके अनुसार विना किनारे की चादर उपयोग में लाना निषिद्ध घोषित है।]

(१०) जातरूपरजतग्गहण— (सोने-चाँदी का परिग्रह करना।) [यह परिग्रह भी निस्सग्गिय-पाचित्तिय, नियम अट्ठारह (१८) के अनुसार निषिद्ध घोषित था।]

अतः स्थविर काकण्डपुत्र यश ने इन सभी बातों को धर्मविरुद्ध बताया। परन्तु उन्हें सङ्घ से बहिष्कृत ही कर दिया गया। तब वे वहाँ से कोसाम्बी गये और वहाँ उन्होंने पश्चिम प्रदेश, अवन्ति तथा दक्षिण प्रदेश के भिक्षुओं को एकत्र किया, जिससे कि वे मिल-बैठकर इस विवाद को निर्णीत करें और इस अधर्मप्रसार को रोकें तभी विनय (धर्मानुशासन) की रक्षा हो सकेगी।

वहाँ से वे सभी भिक्षु एकत्र होकर अहोगङ्ग पर्वत पर **सम्भूत साणवासी** स्थविर के पास पहुँचे, उन्हें अभिवादन कर उनसे इस विवादास्पद विषय पर विचार करने हेतु निवेदन किया। सब बातें सुनकर, स्थविर सम्भूत स्थविर ने भी स्वीकृति दे दी। यहाँ पश्चिम से साठ (६०) तथा अवन्ती एवं दक्षिण से अट्ठासी (८८) अन्य भिक्षु भी एकत्र हो गये । अन्त में इन सभी भिक्षुओं का यह विचार बना कि सौरेय्य निवासी अर्हत् **रेवत सहजाति** से भी इस विषय पर विमर्श कर लिया जाय। उनकी सम्मति भी महत्त्वपूर्ण होगी। वे सब वहाँ पहुँचे।

उधर वज्जी भिक्षु भी शान्त नहीं बैठे थे। वे भी अर्हत् रेवत सहजाति के पास पहुँचे। जिन्होंने अर्हत् को बड़े बड़े उपहार भी देने चाहे, जो उन्होंने अस्वीकृत कर दिये। रेवत के शिष्य **उत्तर** को वज्जियों ने अपने अनुकूल बना लिया, परन्तु वह भी उन वज्जियों की कोई सहायता या समर्थन नहीं कर पाया। अन्त में दोनों पक्षों के सात सौ (७००) भिक्षुओं की एक सभा, इस विवाद पर कोई निर्णय करने हेतु हुई। परन्तु यह सभा भी कोई सर्वसम्मत निर्णय करने में असमर्थ ही रही।

अन्त में इस सभा में, अर्हत् रेवत सहजाति के प्रस्ताव के अनुसार, दोनों पक्षों में से चार चार प्रमुख भिक्षुओं का चयन कर उनकी एक समिति (उद्वाहिका) बनायी गयी, जिसका निर्णय मानना सबने स्वीकार किया।

तरुण भिक्षु **अजित** इस समिति के स्थाननियन्त्रक (स्थान-व्यवस्थापक) बनाये गये। महास्थविर **सब्बकामी** इस समिति के सभापति चुने गये; क्योंकि वे उन उपस्थित भिक्षुओं में सबसे वृद्ध (१२० वर्ष) थे। समिति ने एक एक विषय पर विचार किया। महास्थविर सब्बकामी ने प्रत्येक विवाद-विषय प्रस्तुत किया, तथा अर्हत् रेवत सहजाति ने सभी विवादों का धर्मसम्मत उत्तर दिया। अन्त में उन सात सौ भिक्षुओं की पूर्ण सभा हुई जिसमें धर्म और विनय का सङ्गायन हुआ एवं उपर्युक्त दसों बातें अधर्मसम्मत (अविहित, भिक्षुओं के लिये अकरणीय) घोषित की गयीं।

उपर्युक्त कथासार **चुल्लवग्ग, दीपवंस** एवं **महावंस** में समान रूप से उद्धृत है, केवल दीपवंस एवं महावंस में उल्लिखित सभा में सम्मिलित हुए भिक्षुओं की सङ्ख्या में अतिशयोक्ति द्योतित होती है।

दीपवंस एवं **समन्तपासादिका** (विनयपिटक की बुद्धघोषकृत अट्ठकथा) के अनुसार, यह सङ्गीति राजा अजातशत्रु के वंशज राजा **कालाशोक** के समय हुई।

दीपवंस के अनुसार, वैशाली के दस हजार (१००००) भिक्षुओं की एक पृथक् महासङ्गीति भी हुई।

महावंस के अनुसार, सात सौ (७००) स्थविर भिक्षुओं ने धर्म एवं विनय का सङ्कलन किया।

समन्तपासादिका (आचार्य बुद्धघोष) के अनुसार, विवाद पर अन्तिम निर्णय के बाद सात सौ (७००) भिक्षुओं ने धर्म एवं विनय का सङ्गायन किया। इस तरह त्रिपिटक का एक नया संस्करण प्रस्तुत किया, जिसमें पिटक-ग्रन्थ निकाय, अङ्ग एवं धर्मस्कन्ध के रूप में पृथक् किये गये।

यों हम कह सकते हैं कि गौण विवरण के विषय में भले ही मतभेद हो, परन्तु इस द्वितीय सङ्गीति का इस रूप में होना—सभी प्राचीन ग्रन्थकारों को मान्य है।

इस परिषद् का अन्तिम एवं दुःखद निष्कर्ष यह रहा कि सङ्घ में मतभेद स्पष्ट हो गया आर महासाङ्घिक भिक्षु स्थविरवादियों से पृथक् हो गये। ✻

३. तृतीय धर्मसङ्गीति

यह तीसरी धर्मसङ्गीति **सम्राट् अशोक** के समय, उन्हीं के संरक्षण, में हुई। उस समय बौद्ध धर्म में अनेक सम्प्रदाय बन चुके थे। उनमें एकरूपता लाना अत्यावश्यक था। परन्तु प्रमाणों के आधार पर इतना तो कहना ही पड़ेगा कि यह सङ्गीति एकान्ततः केवल स्थविरवादियों की ही थी। इसमें अन्य बौद्ध सम्प्रदाय, राजभय या अन्य किसी कारण से, उपेक्षापूर्वक सम्मिलित हुए या सम्मिलित ही नहीं हुए।

सम्राट् अशोक को **मोग्गलिपुत्त तिस्स स्थविर ने** बौद्ध धर्म में दीक्षित किया था। (न्यग्रोध श्रामणेर ने तो उनके हृदय में बौद्ध धर्म के प्रति केवल श्रद्धा जगायी थी।) स्थविर तिष्य को धर्म के अनुयायियों में अधर्म का प्रवेश देख कर बहुत कष्ट हो रहा था। अतः उनके परामर्श से सम्राट् ने इतर धर्मानुयायियों की समीक्षा कर उन्हें धर्म से निष्कासित कर दिया। इतना ही नहीं, शास्त्रीय दृष्टि से उनके मतवादों को निरस्त करने के लिये स्थविर ने **कथावत्थुप्रकरण** नामक एक विशेष ग्रन्थ की भी रचना की।

मोग्गलिपुत्त तिष्य मेधावी ब्राह्मण थे। सोलह वर्ष की आयु होते होते वे तीनों वेदों के ज्ञाता हो चुके थे। उन्होंने सिग्गव स्थविर (आर्य उपालिस्थविर के प्रपौत्र शिष्य) से बौद्ध धर्म की दीक्षा (प्रव्रज्या) ली। और साधना करते करते अर्हत्पद तक पहुँच गये। उन्हीं के उपदेश के प्रभाव से सम्राट् अशोक ने अपने पुत्र **महेन्द्र** एवं पुत्री **सङ्घमित्रा** को सङ्घ में धर्म की दीक्षा दिलायी। वे दोनों (पुत्र एवं पुत्री) यथासमय लङ्काद्वीप गये और दोनों ने ही वहाँ जीवनपर्यन्त रहकर बौद्धधर्म के चतुरस्र प्रचार-प्रसार में पूर्ण सहयोग दिया।

सम्राट् अशोक द्वारा बौद्ध धर्म स्वीकार करने के बाद, विहारों में सुख-समृद्धि का अतिरेक हो गया। अतः सङ्घ से पूर्वनिष्कासित या फिर अन्य मतानुयायी तीर्थिक भी सङ्घ में स्तेयसंवासक के रूप में बहुत अधिक सङ्ख्या में प्रविष्ट हो गये। वे सब अपनी ही बातें अपनी पद्धति से कहते भी थे, करते भी थे और उन्हें ही बौद्ध मत कहकर चलाना चाहते थे। स्थविर मोग्गलिपुत्र तिष्य को यह सब देखकर घोर क्लेश होने लगा। और वे इस पाप से अपने को अलिप्त रखने के लिये साधनाहेतु अहोगङ्ग पर्वत पर जाकर रहने लगे। वे वहाँ सात वर्ष रहे।

उनकी अनुपस्थिति में सङ्घ का अनुशासन सर्वथा नष्ट हो गया। इस सात वर्ष के बीच सङ्घ में इतने मिथ्यादृष्टि एवं धर्मद्रोही भिक्षु प्रविष्ट हो गये कि सात वर्ष के इस दीर्घ अन्तराल में पाटलिपुत्र के **अशोकाराम** में न कोई पाक्षिक उपोसथ कर्म हुआ, और न कोई प्रवारणाविधि ही सम्पन्न हुई। अन्त में विवश होकर सम्राट् अशोक ने राजकीय आदेश दिया कि उपोसथविधि सम्पन्न की जाय। इस आज्ञा को कार्यरूप में परिणत करने के लिये एक अमात्य को नियुक्त किया। उस मूढ़मति अमात्य ने, सम्राट् के आदेश का वास्तविक भाव न समझते हुए, अशोकाराम में जाकर भिक्षुओं को डराना-धमकाना प्रारम्भ किया और अन्त में मिथ्यादृष्टियों की उपस्थिति में उपोसथ न करना चाहने वाले कुछ वास्तविक भिक्षुओं के सिर काट डाले। सम्राट् को यह दुःखद समाचार मिला तो वे तत्काल अशोकाराम आये। वहाँ आकर उन्होंने वृद्ध भिक्षुओं से पूछा कि इन हत्याओं का उत्तरदायी (फलभोक्ता) कौन है? सम्राट् इनके किसी भी उत्तर से सन्तुष्ट नहीं हुए। उधर भिक्षुओं में भी दो मत (पक्ष) हो गये। एक पक्ष इन हत्याओं का वास्तविक उत्तरदायी सम्राट् को ही मानता था तो एक नहीं। अन्त में, स्थविर भिक्षुओं ने निर्णय दिया कि इस प्रश्न का शास्त्रानुकूल एवं धर्मसम्मत उत्तर केवल मोग्गलिपुत्र तिष्य स्थविर ही दे सकते हैं।

तब सम्राट् ने, स्थविर को लाने के लिये, अधिकारिवर्ग एवं भिक्षुसमूह को अहोगङ्ग पर्वत पर भेजा। बहुत मान-मनौवल के बाद, ये स्थविर नाव द्वारा पाटलिपुत्र आये। स्वयं सम्राट् ने उनका स्वागत किया। उन्हें सुविधापूर्वक 'आराम' में ठहराया गया। उन्होंने वहाँ एक चमत्कार (पृथ्वी का एकांश कम्पन) दिखाया। इससे सम्राट् बहुत प्रभावित हुआ। तब सम्राट् ने स्थविर से अपना प्रश्न पूछा। स्थविर ने उत्तर दिया— "कुत्सित सङ्कल्प के विना किया हुआ कोई भी कर्म अधर्म नहीं होता।" यह सुनकर सम्राट् का सन्देह निवृत्त हो गया। एक सप्ताह तक स्थविर ने सम्राट् को सद्धर्म का उपदेश किया।

तदनन्तर, सम्राट् ने सभी भिक्षुओं को एक स्थान पर एकत्र किया। इनमें प्रत्येक भिक्षु को अपना अपने मत प्रतिपादित करने का अवसर दिया। इनमें से जिस भिक्षु ने स्थविरवाद (विभज्यवाद) का समर्थन किया उसे ही वास्तविक भिक्षु माना गया। अवशिष्ट साठ हजार (६०.०००) भिक्षुवेषधारी स्तेयसंवासकों को सङ्घ से निष्कासित कर दिया गया। शुद्ध मतवाले भिक्षुओं ने उपोसथ कर्म किया। इससे सङ्घ से समग्र पापवासना एवं अकुशल धर्मों की निवृत्ति हुई।

तत्पश्चात्, स्थविर तिष्य ने त्रिपिटक-पारङ्गत एक हजार (१,०००) भिक्षुओं का चयन किया तथा उनके सभापतित्व में सम्पन्न हुई सभा में बौद्ध धर्म के सिद्धान्त निश्चित किये गये। नौ मास तक यह कार्य चला। इसी सभा में समग्र त्रिपिटक के सङ्कलन का कार्य भी पूर्ण हुआ। साथ ही मोग्गलिपुत्र तिष्य द्वारा रचित '**कथावत्थुप्पकरण**' ग्रन्थ भी त्रिपिटक के एक ग्रन्थ के रूप में मान्य किया गया ।

सम्राट् के विशेष आग्रह पर बौद्ध धर्म के प्रचार हेतु देश-देशान्तर में भिक्षुओं के प्रचारकमण्डल भेजने का भी निर्णय किया गया।

इस तृतीय धर्मसङ्गीति से निष्कर्ष रूप में ये उपलब्धियाँ हुईं—

(१) अन्य मतावलम्बियों के निष्कासन से सङ्घ की परिशुद्धि।

(२) त्रिपिटक का पुनः सङ्कलन

(३) एवं उसमें शास्त्रार्थपद्धति पर **कथावत्थु** ग्रन्थ का समावेश हुआ।

(४) अन्य देशों में भी बौद्ध धर्म-प्रचार का निर्णय हुआ।

(५) महेन्द्र और सङ्घमित्रा ने अपना जीवन समर्पित कर लङ्काद्वीप को बौद्ध धर्ममय बनाने का सङ्कल्प।

(६) सम्राट् अशोक को इसी सङ्गीति से समग्र देश में बौद्ध सिद्धान्तों को शिलाओं पर लेखन की प्रेरणा।

✻

अष्टादश निकाय
(सङ्घभेद)

'अति सर्वत्र वर्जयेत्'— यह एक प्राचीन मान्यता है। बौद्धधर्म का अत्यधिक प्रचार प्रसार होने के कारण, सम्राट् अशोक का समय आते-आते सङ्घ में इतना उग्र मतभेद हो गया था कि अन्त में वह अट्ठारह (१८) भागों में विभक्त हो गया[१]।

यद्यपि अब तक सभी इतिहासकारों ने दशवस्तुविषयक मतभेद को ही 'सैद्धान्तिक मतभेद' की संज्ञा दी है, परन्तु सूक्ष्मेक्षिकया समीक्षा करने के बाद ऐसा लगता है कि ये तथाकथित दशवस्तुविषयक आदि मतभेद सैद्धान्तिक कम थे, भौगोलिक (स्थानीय या प्रादेशिक), तथा भाषाविषयक ही अधिक थे। इनकी प्रबलता इसी से देखी जा सकती है कि ये आज तक निर्णीत नहीं हो सके; क्योंकि जब सभी बौद्ध १. भगवान् बुद्ध को ही अपना शास्ता मानते हैं, २. निर्वाण को ही अपना चरम लक्ष्य मानते हैं, ३. उनकी दृष्टि में आर्य सत्यचतुष्टय एवं आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग ही उक्त निर्वाणप्राप्ति का एकमात्र उपाय है तथा ४. सभी के मत में प्रतीत्यसमुत्पाद ही ज्ञान के साक्षात्कार का सुलभतम उपाय है तो सैद्धान्तिक मतभेद कहाँ और कैसा!


हमारी मान्यता तो यह है कि प्रारम्भ से ही बौद्धों की ब्राह्मण-धर्म के सिद्धान्तों से प्रत्यक्ष प्रतिद्वन्द्विता थी। जनता में बौद्धों के सिद्धान्तों का प्रचार होते होते वह समय आ ही गया जब ब्राह्मणों को उत्तर देने के लिये बौद्धों को भी संस्कृत भाषा की, जो कि तत्कालीन आभिजात्यकुलीन जनता की व्यवहारभाषा थी, गम्भीर आवश्यकता आ पड़ी। साधारण जन-भाषा में ब्राह्मणों की तार्किक युक्तियों का उत्तर देने में बौद्ध अपने को दुर्बल पा रहे थे। जबकि भगवान् बुद्ध का धर्मोपदेश की भाषा के विषय में स्पष्ट आदेश था कि "अनुजानामि, भिक्खवे, सकाय निरुत्तिया परियापुणितुं ति" (भिक्षुओ! मैं तुम्हें धर्मोपदेश के प्रवचन हेतु अपनी जनभाषा के व्यवहार हेतु अनुज्ञा देता हूँ)। यहाँ एक तरफ स्थविरवादी थे जो भगवान् के आदेश से एक पद (कदम) भी पीछे नहीं हटना चाहते थे, उधर महासाङ्घिकों को संस्कृत भाषा का उपयोग करना समय का आह्वान (पुकार) लगता था। यह एक ऐसा मतभेद था कि जो आज तक सुलझ नहीं पाया। अन्यथा दशवस्तुओं वाला विवाद तो भिक्षु रेवत स्थविर के युक्तियुक्त निर्णय देने के बाद सुलझ ही गया लगता था। हम देखते हैं, उस सङ्गीति के बाद इन दश वस्तुओं की इतिहास में आगे कोई चर्चा नहीं मिलती, न इनको मानने के लिये ही कोई विवेकी भिक्षु आग्रही दिखायी देता है।

इसी तरह आगे चलकर श्रावकयान (हीनयान) एवं महायान में अन्य मतभेद भी उभरे, परन्तु दशवस्तुविषयक मतभेद इतना महत्त्वपूर्ण नहीं रहा। अस्तु। उस समय के

---

१. द्र०— म.वं. चतुर्थ परिच्छेद।

सङ्घभेद का रेखाचित्र दीपवंस, महावंस के अनुसार यह है—



१. (द्र० महावंस भूमिका पृ० सं० ४१)

भगवान् बुद्ध के

४६ वर्षावास (वस्सावास)

(अङ्गुत्तरनिकाय[1] एवं धम्मपद की अट्ठकथा[2] के आधार पर)

क्रम	स्थान (विहार)	नगर	काल	विशेष
१.	मिगदाव	ऋषिपतन (सारनाथ)	५२७ ई.पू.	४७० वि.पू.
२.	वेणुवन	राजगृह	५२६ ई.पू.	४६९ वि.पू.
३.	वेणुवन	राजगृह	५२५ ई.पू.	४६८ वि.पू.
४.	वेणुवन	राजगृह	५२४ ई.पू.	४६७ वि.पू.
५.	महावन, कूटागारशाला	वैशाली	५२३ ई.पू.	४६६ वि.पू.
६.	मङ्कुलकाराम	मङ्कुल पर्वत (गुजरात का सुनापरन्तदेश)	५२२ ई.पू.	४६५ वि.पू.
७.	त्रायस्त्रिंश भवन	देवलोक	५२१ ई.पू.	४६४ वि.पू.
८.	भेसकडावन	सुंसुमार गिरि (चुनार)	५२० ई.पू.	४६३ वि.पू.
९.	घोषिताराम	कौशाम्बी	५१९ ई.पू.	४६२ वि.पू.
१०.	वनषण्ड	पारिलेय्यक	५१८ ई.पू.	४६१ वि.पू.
११.	नाला	ब्राह्मणग्राम	५१७ ई.पू.	४६० वि.पू.
१२.	नलेरु पुचिमन्द वृक्ष के नीचे	वेरञ्जा	५१६ ई.पू.	४५९ वि.पू.
१३.	चालिका	चालिय पर्वत	५१५ ई.पू.	४५८ वि.पू.
१४.	जेतवन	श्रावस्ती	५१४ ई.पू.	४५७ वि.पू.
१५.	न्यग्रोधाराम	कपिलवस्तु	५१३ ई.पू.	४५६ वि.पू.
१६.	अग्गालवचैत्य या सिंसपावन, गोमग्ग	आळवी	५१२ ई.पू.	४५५ वि.पू.
१७.	वेणुवन	राजगृह	५११ ई.पू.	४५४ वि.पू.
१८.	चालिका	चालिय पर्वत	५१० ई.पू.	४५३ वि.पू.
१९.	चालिका	चालिय पर्वत	५०९ ई.पू.	४५२ वि.पू.

१. द्र०—अ.नि.अट्ठकथा २:४:५

२. द्र०—धम्मपद अट्ठकथा (प्रारम्भ में ही)

क्रम	स्थान (विहार)	नगर	काल	विशेष
२०.	वेणुवन	राजगृह	५०८ ई.पू.	४५१ वि.पू.
२१.	जेतवन	श्रावस्ती	५०७ ई.पू.	४५० वि.पू.
२२.	पूर्वाराम	श्रावस्ती	५०६ ई.पू.	४४९ वि.पू.
२३.	जेतवन	श्रावस्ती	५०५ ई.पू.	४४८ वि.पू.
२४.	पूर्वाराम	श्रावस्ती	५०४ ई.पू.	४४७ वि.पू.
२५.	जेतवन	श्रावस्ती	५०३ ई.पू.	४४६ वि.पू.
२६.	पूर्वाराम	श्रावस्ती	५०२ ई.पू.	४४५ वि.पू.
२७.	जेतवन	श्रावस्ती	५०१ ई.पू.	४४४ वि.पू.
२८.	पूर्वाराम	श्रावस्ती	५०० ई.पू.	४४३ वि.पू.
२९.	जेतवन	श्रावस्ती	४९९ ई.पू.	४४२ वि.पू.
३०.	जेतवन	श्रावस्ती	४९८ ई.पू.	४४१ वि.पू.
३१.	जेतवन	श्रावस्ती	४९७ ई.पू.	४४० वि.पू.
३२.	पूर्वाराम	श्रावस्ती	४९६ ई.पू.	४३९ वि.पू.
३३.	जेतवन	श्रावस्ती	४९५ ई.पू.	४३८ वि.पू.
३४.	पूर्वाराम	श्रावस्ती	४९४ ई.पू.	४३७ वि.पू.
३५.	जेतवन	श्रावस्ती	४९३ ई.पू.	४३६ वि.पू.
३६.	पूर्वाराम	श्रावस्ती	४९२ ई.पू.	४३५ वि.पू.
३७.	जेतवन	श्रावस्ती	४९१ ई.पू.	४३४ वि.पू.
३८.	पूर्वाराम	श्रावस्ती	४९० ई.पू.	४३३ वि.पू.
३९.	जेतवन	श्रावस्ती	४८९ ई.पू.	४३२ वि.पू.
४०.	पूर्वाराम	श्रावस्ती	४८८ ई.पू.	४३१ वि.पू.
४१.	जेतवन	श्रावस्ती	४८७ ई.पू.	४३० वि.पू.
४२.	पूर्वाराम	श्रावस्ती	४८६ ई.पू.	४२९ वि.पू.
४३.	जेतवन	श्रावस्ती	४८५ ई.पू.	४२८ वि.पू.
४४.	पूर्वाराम	श्रावस्ती	४८४ ई.पू.	४२७ वि.पू.
४५.	जेतवन	श्रावस्ती	४८३ ई.पू.	४२६ वि.पू.
४६.	महावन, कूटागारशाला	वैशाली	४८२ ई.पू.	४२५ वि.पू.

भगवान् बुद्ध की

धर्मप्रवचनपद्धति

एवं उसका प्रभाव

जनता के सम्मुख धर्मासन पर विराजमान होकर भगवान् बुद्ध की धर्मोपदेश करने की पद्धति बहुत ही सरल एवं सर्वजनबोध्य होती थी। वे अपने प्रवचन में जनता को सबसे पहले **दान का माहात्म्य** बताते थे। फिर **शील** (सदाचार) का **माहात्म्य** (अच्छाई) बताते हुए **स्वर्ग का माहात्म्य** बताते थे कि किन शुभकर्मों के सहारे स्वर्ग-सुख की उपलब्धि हो सकती है। तदनन्तर, अधर्मपूर्वक किये गये **कामभोगों के दुष्परिणाम** अर्थात् उनसे होने वाले अपकार तथा दोषों की क्रमशः व्याख्या करते थे और अन्त में, निष्काम भाव से की जाने वाली सत्कर्मों एवं **धर्मों के आराधन की प्रशंसा** करते थे।

इस तरह उस धर्मसभा में उपस्थित जनता उक्त उपदेशश्रवण के प्रभाव से भव्यचित्त, मृदुचित्त, विकारों से अनाच्छादितचित्त, धर्माचरण में आह्लादितचित्त एवं भगवान् के प्रति श्रद्धालुचित्त हो जाती थी।

आर्य सत्यचतुष्टय

तब भगवान् उस श्रद्धालु जनता को इस सद्धर्म की दूसरी सीढ़ी (सोपान) का उपदेश प्रारम्भ करते थे जो साधक को बौद्ध धर्म की साधना की तरफ प्रेरित करने वाला होता था। जैसे— ''इस धर्म की साधना से साधक को स्पष्ट ज्ञात हो जाता है कि यह समग्र दृश्यमान जगत् 'दुःख' है; इस दुःख की उत्पत्ति का कोई न कोई कारण 'समुदय' भी अवश्य है; (प्रयास करने पर) उस दुःख का 'निरोध' (नाश) भी किया जा सकता है और उस 'निरोध का मार्ग' (उपाय) भी तथागत ने अभिसम्बुद्ध कर लिया है।''

भगवान् इस दुःखनिरोध के लिये जो मार्ग बताते थे, उसके ये आठ अङ्ग (आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग) होते थे। जैसे— १. सम्यग्दृष्टि, २. सम्यक्सङ्कल्प, ३. सम्यग्वाक्, ४. सम्यक्कर्मान्त, ५. सम्यगाजीव, ६. सम्यग्व्यायाम, ७. सम्यक्स्मृति एवं ८. सम्यक्समाधि। विशुद्ध ज्ञानप्राप्ति का यह आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग ही एकमात्र साधन है, अन्य कोई नहीं।

आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग

१. सम्यग्दृष्टि— भगवान् कहते हैं कि जो तत्त्वचिन्तक स्वचिन्तन से प्राणातिपात अकुशल; लोभ आदि अकुशलमूल; प्राणातिपात-त्याग आदि कुशल; अलोभ आदि कुशलमूल कर्मों एवं चार आर्यसत्यों को भली भाँति (सही ढंग से) जान लेता है वही 'सम्यग्दृष्टि' कहलाता है।

'यह लोक शाश्वत है या शाश्वत' आदि मिथ्यादृष्टियाँ (धारणाएँ) रखना जाति-जरा, मरण, शोक, परिदेव, दु:ख, दौर्मनस्य को ही निमन्त्रण देना है। सत्कायदृष्टि आदि छह संयोजन नष्ट कर वह स्रोतआपन्न (निर्वाण, मार्ग पर चलने वाला) बन जाता है।

भगवान् अवतार लें या न लें, उनके द्वारा उपदिष्ट धर्म तो बने ही रहते हैं। अत: सम्यग्दृष्टिचिन्तक को उन्हीं उपदेशों पर निरन्तर चिन्तन मनन करना चाहिये। रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार, विज्ञान— ये सब अनित्य हैं, विनाशी हैं। भगवदुक्त इस मान्यता पर सभी पण्डितजन एकमत हैं। जिसके यह बात समझ में न आये या जो इन्हें नित्य एवं अविनाशी समझे, वह मूर्ख या बाल ही है।

भगवान् कहते हैं कि 'वही जीव है, वही शरीर है' या 'जीव अन्य है, शरीर अन्य'— यह धारणा रखने पर मेरे बताये धर्म की वास्तविक साधना नहीं हो सकती। इसलिये इन दोनों अन्तों (मर्यादाओं=किनारों) की मिथ्या बातों को छोड़कर, तथागत मध्यमार्ग से धर्मोपदेश करते हैं। वह उपदेश यों है—

प्रतीत्यसमुत्पाद— अविद्या के होने (प्रत्यय) से संस्कार, संस्कार के होने से विज्ञान, विज्ञान के होने से नामरूप, नामरूप के होने से छह आयतन, छह आयतनों के होने से (विषय-) स्पर्श, स्पर्श के होने से वेदना (अनुभूति), वेदना के होने से तृष्णा, तृष्णा के होने से उपादान, उपादान के होने से भव, भव के होने से जन्म, जन्म के होने से जरा (बुढ़ापा), मरण, शोक, रोना-पीटना, दु:ख, मानसिक चिन्ता तथा उद्विग्नता होती है। इस प्रकार इस समग्र दु:खस्कन्ध की उत्पत्ति होती है।

अविद्या के निरोध से समग्र वैराग्य एवं संस्कारों का निरोध होता है, संस्कारों के निरोध से विज्ञान का निरोध, विज्ञान के निरोध से नामरूप का निरोध, नामरूप के निरोध से स्पर्श का निरोध, स्पर्श के निरोध से वेदना का निरोध, वेदना के निरोध से तृष्णा का निरोध, तृष्णा के निरोध से उपादान का निरोध, उपादान के निरोध से भव का निरोध, भव के निरोध से जन्म का निरोध, जन्म के निरोध से जरा, मरण, शोक, रोना-पीटना, दु:ख एवं उद्विग्नता का निरोध होता है। इस प्रकार इस समग्र दु:खस्कन्ध का निरोध होता है।

अविद्या और नीवरणों (दोषों) से युक्त प्राणी तृष्णा के बन्धन में बँधे हुए, यहाँ वहाँ आसक्त होते रहते हैं— इस प्रकार उनको बार-बार जन्म लेना पड़ता है।

लोभ द्वेष मोह के परिणाम एवं लोभ द्वेष मोह के कारण किये गये कर्म का, जहाँ उसका अस्तित्व बनता है, वहीं विपाक होता है। जहाँ वह कर्मविपाक होता है, वहीं उस कर्मविपाक की अनुभूति (भोग) भी होती है, भले ही वह इस जन्म में हो या किसी दूसरे जन्म में।

और अविद्या के नाश से विद्या का उत्पाद एवं तृष्णा का निरोध हो जाने पर पुनर्जन्म की कोई सम्भावना नहीं रहती। अलोभ अद्वेष अमोह का परिणाम, अलोभ अद्वेष अमोह के कारण किया गया, अलोभ अद्वेष अमोह से उत्पन्न कर्म लोभ-द्वेष और मोह के

विनष्ट हो जाने पर स्वयं भी नष्ट हो जाता है, मूल से समाप्त हो जाता है, भविष्य में उसके पुनरुत्पाद की कोई सम्भावना नहीं रहती।

२. सम्यक्सङ्कल्प— १. नैष्कर्म्यसङ्कल्प २. अव्यापादसङ्कल्प एवं ३. अविहिंसा-सङ्कल्प— ये तीन प्रकार के सम्यक्सङ्कल्प कहलाते हैं। भगवान् के मत में वह सर्वोत्कृष्ट सम्यक्सङ्कल्प है, जिससे, उनका उपदेश सुनने के बाद, आर्यश्रावक को अपना घर-बार व सांसारिक व्यवहार छोड़कर प्रव्रज्या लेने का मन होने लगे।

३. सम्यग्वाक्— यहाँ कोई साधक असत्यभाषण छोड़कर, उससे दूर रहता है और सत्यवादी, सत्यभाषण में विश्वास करता हुआ, यथार्थ वचन से जनता का विश्वासपात्र बन जाता है। उससे यदि किसी सभा, जनसमूह या राजदरबार में किसी बात के विषय में पूछा जाय तो उसने जो सुना या देखा हो वही कहता है, झूठ नहीं बोलता। वह किसी की चुगली कर एक दूसरे को नहीं लड़ाता, कठोर वाणी नहीं बोलता, व्यर्थ प्रलाप (बकवाद) नहीं करता, विरोधियों (चोर-लुटेरों) द्वारा पीटे जाने पर भी उनके विरुद्ध मन में मैल नहीं लाता— वही 'सम्यग्वाक्' कहलाता है। अत: तत्त्वचिन्तक को समूह में पड़ने पर दो ही बात करनी चाहिये— या तो धार्मिक संवाद या फिर मौन धारण।

४. सम्यक्कर्मान्त— जो व्यक्ति सन्मार्ग पर चलने की चाह रखता हुआ हिंसा, चोरी, व्यभिचार फिर वह भले ही किसी भी कैसी भी परायी स्त्री के साथ क्यों न हो, को छोड़कर अहिंसारत रहता है, दूसरे से दी हुई चीज को ही लेता है, बलपूर्वक नहीं और सभी प्रकार के व्यभिचार से दूर रहता है, वही 'सम्यक्कर्मान्त' (सही कर्म करने वाला) कहलाता है।

५. सम्यगाजीव— यहाँ कोई आर्यश्रावक मिथ्या आजीव (आजीविका= जीवनयापनवृत्ति) को छोड़कर, सही आजीविका से जीवनयापन करता है। यह 'सम्यक्-आजीव' कहलाता है। [धर्म के उपासक को ये पाँच दूषित व्यापारिक वृत्ति निषिद्ध बतायी गयी हैं— शस्त्र का व्यापार, प्राणियों का व्यापार, मांस का व्यापार, मद्य (शराब) का व्यापार एवं जहरीली चीजों का व्यापार।]

६. सम्यग्व्यायाम— सम्यग्व्यायाम से तात्पर्य है, सम्यक्प्रयत्न। (व्यायाम, प्रधान और प्रयत्न— ये तीनों शब्द एक ही अर्थ को बताते हैं)। सम्यग्व्यायाम को शास्त्र में चार भागों में विभक्त किया गया है, वे हैं— संवरप्रधान, प्रहाणप्रधान, भावनाप्रधान और अनुरक्षणप्रधान।

(क) संवरप्रधान— कोई साधक अनुत्पन्न पापमय अकुशल धर्मों के अनुत्पाद के लिये प्रयत्न करता है, श्रम करता है, चित्त को वश में करता है, दबाये रखता है— यह उसका प्रयत्न 'संवरप्रधान' है।

(ख) प्रहाणप्रधान— कोई साधक उत्पन्न पापमय अकुशल धर्मों के नाश (प्रहाण) के लिये इच्छा व प्रयास करता है, उधर बढ़ता है, चित्त को वश में करता है,

दबाता है और उत्पन्न हुए कामवितर्क आदि सभी पापमय अकुशल धर्मों को स्वीकार नहीं करता, उन्हें छोड़ देता है— उसका यह प्रयत्न 'प्रहाणप्रधान' है।

(ग) भावनाप्रधान— कोई साधक अनुत्पन्न कुशल धर्मों के उत्पाद के लिये इच्छा व प्रयास करता है, उधर बढ़ता है, चित्त को वश में करता है, दबाता है— उसका यह प्रयत्न 'भावनाप्रधान' कहलाता है।

(घ) अनुरक्षणप्रधान— कोई साधक उत्पन्न कुशल धर्मों की स्थिति, विपुलता एवं परिपूर्णता के लिये इच्छा व प्रयास करता है, उधर बढ़ता है, तदर्थ चित्त को वश में करता है, दबाता है—उसका यह प्रयत्न 'अनुरक्षणप्रधान' कहलाता है।

७. **सम्यक्स्मृति**— कोई साधक इस शरीर के अङ्गों को ही शरीर की वास्तविकता समझते हुए (काया में कायानुपश्यी हो) उद्योगशील, अनुभव और ज्ञान से युक्त, स्मृतिसम्पन्न, लोक (शरीर) सम्बन्धी लोभ और दुःखदौर्मनस्य का संवरण कर अभ्यास करता है। वेदनाओं में वेदनानुपश्यी, चित्त में चित्तानुपश्यी और धर्मों में अर्थात् पाँच उपादानस्कन्धों में, छह आध्यात्मिक एवं बाह्य आयतनों में, सात बोध्यङ्गों में तथा चार आर्यसत्यों में धर्मानुपश्यी होकर उद्योगशील, अनुभव एवं ज्ञान से युक्त हो, स्मृतिसम्पन्न, लोकसम्बन्धी लोभ और दुःख-दौर्मनस्य का संवरण कर अभ्यास करता है वह 'सम्यक्स्मृति' कहलाता है।

८. **सम्यक्समाधि**— चित्त की एकाग्रता को ही 'समाधि' कहते हैं। चार स्मृतिप्रस्थान समाधि के कारण हैं। चार सम्यक्प्रधान समाधि द्वारा परिष्कृत होते हैं। उन-उन धर्मों का सेवन करना, भावना करना या अधिक बढ़ाना ही समाधि की भावना है। जैसे— पाँच नीवरणों को दूर हटाना, चार ध्यानों की मैत्री, करुणा, मुदिता एवं उपेक्षासहगत चित्त में भावना करना। यही 'सम्यक्समाधि' है। इस समाधि से अनुपादान (अपरिग्रह)-भावना में दृढ़ता लाकर चित्तवृत्ति को उसी तरह निरुद्ध कर लिया जाता है, जैसे दीपक में तैल और बत्ती के समाप्त हो जाने पर दीपक बुझ जाता है।

भगवान् बुद्ध के मत में चित्तवृत्तिनिरोध ही निर्वाण है।

उपरिलिखित प्रवचनपद्धति से स्पष्ट ज्ञात होता है कि भगवान् बुद्ध ने जनता को सर्वप्रथम शील (सदाचार) पालन के लिये दृढ़ता से समझाया और इन्होंने पाँच नियम ऐसे सुझाये, जिनका पालन जनता का दृढ़ता से करना ही पड़ता था। जैसे— १. अहिंसा, २. सत्यभाषण, ३. अस्तेय (चोरी न करना), ४. ब्रह्मचर्यपालन (परस्त्रीगमन का निषेध) एवं ५. मद्यपान का निषेध। इन पाँच नियमों को 'पञ्चशील' कहा गया। बुद्ध के मत में इस **पञ्चशील का पालन** प्रत्येक पुरुष के लिये आवश्यक है, फिर भले ही वह गृहस्थ हो या प्रव्रजित। भगवान् बुद्ध इसी 'पञ्चशील' के पालन हेतु अपने सभी प्रवचनों में दृढ़ता से आग्रह करते थे।

भगवान् बुद्ध ने अपनी समग्र शिक्षा को तीन अङ्गों में विभक्त किया था; यथा—

१. शील, २. समाधि एवं ३. प्रज्ञा। कोई भी साधक शील का पालन करते हुए ही समाधि एवं प्रज्ञा की तरफ बढ़ सकता है— ऐसा भगवान् बुद्ध का मन्तव्य था।

समाधि एवं प्रज्ञा के लिये प्रव्रज्या उपसम्पदा लेना आवश्यक माना गया। प्रव्रज्याविधि प्राप्त करने के बाद, साधक को भिक्षुनियम (दश शील) का पालन करते हुए समग्र त्रिपिटक का निरन्तर पारायण तथा तदनुसार आचरण करते हुए गुरु के अनुशासन में रहकर साधनारत रहना पड़ता है, जिसमें ध्यानपद्धति द्वारा सांसारिक विषयों में स्वचित्तवृत्ति निरोध करना अत्यावश्यक है। स्वचित्तवृत्तिनिरोध के सतत अभ्यास के बाद, साधक गुरुप्रोक्त प्रतीत्यसमुत्पाद तथा अभिधर्मपद्धति द्वारा शुद्ध चित्त से संसार की अनित्यता एवं अनात्मता पर श्रवण-मनन करता है। यों इस तत्त्व का निदिध्यासन करते करते साधक के चित्त से संसार के प्रति राग, द्वेष, मोह, तृष्णा आदि सभी विकार समाप्त हो जाते हैं। इस क्षीणास्रव की स्थिति वाले साधक को ही निर्वाण का साक्षात्कार होता है और उसी समय साधक यह कहने की स्थिति में आता है— **"खीणा मे जाति, उसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया"** ति (अर्थात् मेरी जन्ममरण-परम्परा क्षीण हो चुकी है, मैंने अपने सभी कर्तव्य पूर्ण कर लिये हैं, अब मेरा इस संसार में वर्तमान में कोई कर्तव्य अवशिष्ट नहीं है)।

इस तरह भगवान् बुद्ध की यह धर्मोपदेश-पद्धति इतनी सरल एवं क्रमबद्ध है कि इसके अनुसार साधना करने वाले साधक को न तो पहले भाषाज्ञान के लिये १२ वर्ष तक काशी में रहना पड़ता था, न २४ वर्ष तक ब्रह्मचर्याश्रम का कठोर अनुशासन ही भोगना पड़ता था! वहाँ केवल चित्तशुद्धि पर सब कुछ निर्भर था। त्रिपिटक के अध्ययन से स्पष्ट ज्ञात होता है कि जिन जिज्ञासुओं का चित्त सदाचार पालन से शुद्ध था, उनको भगवान् का उपदेश सुनते सुनते ही तत्काल अर्हत्त्व पद प्राप्त हो गया, परन्तु जो निर्मलचित्त नहीं हो सके थे वे इस जन्म की तो बात ही क्या, दो तीन जन्मों तक भी अर्हत्त्व पद तक नहीं पहुँच सके थे। कलुषित चित्त वाले देवदत्त जैसे भिक्षुओं तक की जो दुर्गति हुई— वह तो सब को ज्ञात है ही। यह है इस धर्मप्रवचन की महत्ता।

धर्मप्रवचन का प्रभाव— भगवान् बुद्ध तथा भिक्षुसङ्घ के इस धार्मिक प्रवचन के प्रभाव से कुछ ही समय में भारतीय समाज नैतिक दृष्टि से अभ्युन्नत होने लगा। उसमें क्रमशः नैतिकता बढ़ने लगी और अनैतिकता का ह्रास होने लगा। धार्मिकता के मोर्चे पर जनता उत्साह से एकत्र होने लगी, अधार्मिकों का व्यूह बिखरने लगा। अङ्गुलिमाल जैसे चोर-लुटेरे चोरी डकैती छोड़कर भगवान् द्वारा बोधित मार्ग पर चलने लगे। मद्य पीने वाले मद्यपान को अपराध मानने लगे, जारलोग परदारगमन को असामाजिक दुराचार तथा नरक में पतन का मार्ग समझ कर उससे दूर हट गये। असत्यभाषियों, चुगलखोरों या बकवादियों का समाज में कोई सम्मानित स्थान नहीं रह गया। यज्ञ यागादि में की जानेवाली हिंसा का परित्याग कर जनता शास्त्रसम्मत स्वाध्याय में लग गयी। पढ़े लिखे ब्राह्मण लोग भी जन्मना जाति का वृथाभिमान त्याग कर कर्मणा जाति पर विश्वास करने लगे। सम्पूर्ण जनसमूह दुर्गुणों का परित्याग कर सद्गुणों की धारणा के साथ एकता के सूत्र में गुँथ गया। समाज को और चाहिये क्या था! यों कहिये कि अन्धे को आँख मिल गयी!

समग्र भारत में भगवान् बुद्ध के प्रभाव से भारतीय समाज में आगामी १५०० वर्षों तक, रामराज्य का सुखी वायुमण्डल पुन: बना रहा। अशोक का बृहत् साम्राज्य एवं विश्व प्रसिद्ध नालन्दा विश्वविद्यालय इस बात के प्रबल साक्षी हैं।

भगवान् बुद्ध के उपदेशों का संग्रह

भगवान बुद्ध के प्रवचनकाल (पैतालीस वर्षों) में उनका यह अमूल्य उपदेशसंग्रह विशाल आकार ग्रहण कर चुका था। विद्वान् श्रद्धालु भिक्षुओं ने इस उपदेश का विषय-विभाजन करते हुए, इसे तीन भागों में संग्रह किया। यह संग्रह **त्रिपिटक** कहलाया। ये तीन पिटक हैं— १. विनयपिटक, २. सुत्तपिटक एवं ३. अभिधम्मपिटक।

१. जिस पिटक में भिक्षु एवं भिक्षुणियों से सम्बद्ध पालनीय धर्मों का उपदेश संगृहीत है, उसे **विनयपिटक** कहते हैं। इस पिटक में पाँच ग्रन्थ संगृहीत हैं— १. महावग्ग, २. चुल्लवग्ग, ३. पाराजिक, ४. पाचित्तिय एवं ५. परिवार।

२. दूसरा **सुत्तपिटक** पाँच निकायों में विभक्त है— १. दीघनिकाय, २. मज्झिमनिकाय, ३. संयुत्तनिकाय, ४. अङ्गुत्तरनिकाय एवं ५. खुद्दकनिकाय।

इस पाँचवें (खुद्दक) निकाय में छोटे बड़े (मिलाकर) पन्द्रह (१५) ग्रन्थ सम्मिलित हैं। जैसे— १. खुद्दकपाठ, २. धम्मपद, ३. उदान, ४. इतिवुत्तक, ५. सुत्तनिपात, ६. विमानवत्थु, ७. पेतवत्थु, ८. थेरगाथा, ९. थेरीगाथा, १०. जातक, ११. निद्देस, १२. पटिसम्भिदामग्ग, १३. अपदान, १४. बुद्धवंस एवं १५. चरियापिटक।

३. तीसरे **अभिधम्मपिटक** में सात (७) ग्रन्थ सम्मिलित हैं। जैसे- १. धम्मसङ्गणि, २. विभङ्ग, ३. धातुकथा, ४. पुग्गलपञ्ञत्ति, ५. कथावत्थु, ६. यमक एवं ७. पट्ठान।

समग्र त्रिपिटक की उपलब्धि

यद्यपि श्रीलङ्का और बर्मा आदि देशों में समग्र त्रिपिटक उन देशों की अपनी अपनी लिपि (वर्णमाला) में उपलब्ध है, इसी तरह थाइलैण्ड एवं कम्बोडिया देशों में भी त्रिपिटक के अनेक संस्करण समय समय पर उन देशों की लिपियों में हो चुके हैं। लन्दन की पालि टैक्स्ट सोसायटी ने भी रोमन लिपि में त्रिपिटक का बहुत सा भाग मुद्रित कराया है; परन्तु भारतवर्ष में अभी कुछ समय (बीसवीं शताब्दी के मध्य) पूर्व तक देवनागरी लिपि में समस्त त्रिपिटक उपलब्ध नहीं था जो अब (१९५६-१९६१ ई. में) भारत के केन्द्रीय एवं बिहार प्रान्त के शासनों के आर्थिक सहयोग से सम्पन्न हो पाया है।

हमारा यह दृढ़ विश्वास है कि यदि समस्त त्रिपिटक का देवनागरी लिपि में हिन्दी अनुवाद भी हो जाय तो वह हिन्दीभाषी अनुसन्धाताओं तथा जिज्ञासुओं के लिये सभी क्षेत्रों में—राजनीति, इतिहास, भूगोल, व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा, संस्कृति, दर्शन, लौकिक व्यवहार तथा आध्यात्मिक साधना में अनुसन्धान करना सहज साध्य हो जायगा। इस समस्या के समाधानहेतु **बौद्धभारती** विद्वानों के सहयोग से सतत प्रयासरत है।

❋

निदानकथा

आज से प्राय: २५०० वर्ष पूर्व लोकशास्ता भगवान् बुद्ध ने, बुद्धत्व-प्राप्ति के बाद मध्यमण्डल में चारिका करते हुए निरन्तर ४५ वर्षों तक उस समय की लोकभाषा में, बहुजनहिताय बहुजनसुखाय जो उपदेश किया था, सौभाग्य से त्रिपिटिक के रूप में वह आज भी सुरक्षित है। वे चाहते थे कि उनका सन्देश जनसाधारण तक पहुँचे, इसके लिये स्वयं उन्होंने लोकभाषा (अर्धमागधी) में उपदेश किया और साथ ही अपने शिष्यों को भी यह अनुमति प्रदान की कि वे उनके उपदेशों को अपनी अपनी भाषा में परिवर्तित कर धारण कर सकते हैं। हो सकता है उन दिनों तत्कालीन अनेक भाषाओं में बुद्धवचनों के संग्रह हुए हों; किन्तु आज जो बुद्धवचन हमें मिलते हैं, वे एक ही भाषा में हैं, जिसे हम 'पालिभाषा' कहते हैं। कालान्तर में इसी भाषा में विस्तृत साहित्य की रचना हुई। त्रिपिटक पर अट्ठकथाएँ और इन अट्ठकथाओं पर टीका, अनुटीका, मधुटीका, योजना, गण्ठी आदि अनेक टीका-ग्रन्थ समय-समय पर निर्मित हुए। इनके अतिरिक्त अनुपिटक और उन पर अट्ठकथा, टीका आदि प्रचुर साहित्य भी हमें इसी पालिभाषा में मिलता है। इसी से समझा जा सकता है कि यह कितना विस्तृत साहित्य है। यह सम्पूर्ण साहित्य बर्मा, श्रीलङ्का, श्याम, कम्बोज आदि बौद्ध देशों में आज भी न केवल सुरक्षित ही है; अपितु अध्ययन-अध्यापन तथा नये नये ग्रन्थलेखन आदि द्वारा दिनानुदिन वृद्धिङ्गत भी हो रहा है। वहाँ के मनीषी इस साहित्य की उसी प्रकार सुरक्षा कर रहे हैं, जिस प्रकार भारत में वेद और उसके उपजीव्य साहित्य की या अन्यत्र बाइबिल और कुरान साहित्य की सुरक्षा की जा रही है।

त्रिपिटक

भगवान् बुद्ध के महापरिनिर्वाण के अनन्तर उनके प्रमुख शिष्यों ने बुद्धवचनों की सुरक्षा की दृष्टि से उनका तीन भागों में संग्रह किया। वे तीन भाग पिटारियों की भाँति हैं, अत: उन्हें 'त्रिपिटक' कहा जाता है। **विनयपिटक, सुत्तपिटक** और **अभिधम्मपिटक**— ये तीन पिटक हैं। जिस पिटक में भिक्षु और भिक्षुणियों से सम्बद्ध पालनीय धर्मों के उपदेश सङ्गृहीत हैं उसे 'विनयपिटक' और जिसमें विद्वानों तथा साधारण समाज के लिये उपदेश सङ्गृहीत हैं उसे 'सुत्तपिटक' कहते हैं। तथा जिसमें विद्वानों द्वारा समझने योग्य गम्भीर और दार्शनिक सिद्धान्त उपदिष्ट हैं उसे 'अभिधम्मपिटक' कहते हैं। ये तीनों पिटक भी आगे चलकर अनेक उपविभागों में बाँटे गये।

'तिपिटक' के ग्रन्थों का विभाजन

तिपिटक

विनयपिटक

१. महावग्ग
२. चुल्लवग्ग
३. पाराजिक
४. पाचित्तिय
५. परिवार

सुत्तपिटक

१. दीघनिकाय
२. मज्झिमनिकाय
३. संयुत्तनिकाय
४. अङ्गुत्तरनिकाय
५. खुद्दकनिकाय

(१) खुद्दकपाठ
(२) धम्मपद
(३) उदान
(४) इतिवुत्तक
(५) सुत्तनिपात
(६) विमानवत्थु
(७) पेतवत्थु
(८) थेरगाथा
(९) थेरीगाथा
(१०) जातक
(११) निद्देस
(१२) पटिसम्भिदामग्ग
(१३) अपदान
(१४) बुद्धवंस
(१५) चरियापिटक

भिधम्मपिटक

१. धम्मसङ्गणि
२. विभङ्ग
३. धातुकथा
४. पुग्गलपञ्ञत्ति
५. कथावत्थु
६. यमक
७. पट्ठान

महावग्ग ग्रन्थ का सारांश

यह **महावर्ग** ग्रन्थ भगवान् बुद्ध के जीवन की उस घटना के वर्णन से प्रारम्भ होता है जब भगवान् अभिसम्बोधि प्राप्त कर 'बुद्ध' हो चुके थे और लोक में धर्मचक्रप्रवर्तन हेतु सन्नद्ध हो रहे थे।

इस ग्रन्थ का संग्रह दश स्कन्धकों (अध्यायों) में विभक्त किया गया है। जैसे— १. महास्कन्धक, २. उपोसथस्कन्धक, ३. वर्षोपनायिकास्कन्धक, ४. प्रवारणास्कन्धक, ५. चर्मस्कन्धक, ६. भैषज्यस्कन्धक, ७. कठिनस्कन्धक, ८. चीवरस्कन्धक, ९. चाम्पेय-स्कन्धक एवं कौशाम्बिकस्कन्धक।

१. महास्कन्धक

इन स्कन्धकों में महास्कन्धक का सारांश यह है—

१. बोधिकथा— उस समय भगवान् बुद्ध उरुवेला की नेरञ्जरा नदी के तट पर बोधिवृक्ष के नीचे लोक में सर्वप्रथम अभिसम्बोधि प्राप्त कर चुके थे। तदनन्तर भगवान् उसी बोधिवृक्ष के नीचे सप्ताहपर्यन्त निरन्तर, एक आसन से स्थित रहकर, विमुक्ति (मोक्ष) सुख का आनन्द लेते हुए विराजमान रहे।

२-४. वहाँ से उठकर वे **अजपाल** नामक न्यग्रोधवृक्ष एवं **मुचलिन्द** वृक्ष के नीचे क्रमशः सप्ताहपर्यन्त विराजमान रहे। वहाँ से उठकर वे समीपस्थ **राजायतन वृक्ष** के नीचे पहुँचे। वहाँ बैठकर उन्होंने **तपस्सु** एवं **भल्लिक** नामक दो बनजारे व्यापारियों के हाथों से लड्डू एवं मट्ठे की भेंट स्वीकार की और उन्हें चातुर्महाराजिक देवताओं द्वारा सद्यः आनीत पात्र में रखकर भोजन के रूप में ग्रहण किया। तदनन्तर उन्होंने उन दोनों व्यापारियों को बुद्ध और धर्म— इन दो वचनों से धर्मोपदेश किया। ये दोनों व्यापारी भगवान् के **प्रथम उपासक** हुए।

५. **ब्रह्मयाचन**— तब वहाँ भी एक सप्ताह का समय बिताकर, समाधि से उठकर, पुनः अजपालन्यग्रोधवृक्ष के नीचे जाकर साधनारत भगवान् के मन में यह विचार उठा— "मैंने यह गम्भीर, कठिनता से साक्षात्करणीय, दुःखेन बोधगम्य, शान्त, उत्तम, तर्क से अखण्डनीय, निपुण, पण्डितों द्वारा ही समझने योग्य धर्म प्राप्त तो कर लिया; परन्तु मुझे इस धर्म का जिसको उपदेश करना है वह जनता तो कामभोगों में ही तृप्ति मानती हुई, उनके आस्वाद में ही प्रसन्नता अनुभव कर रही है। ऐसी (कामभोगों में लिप्त) जनता के लिये यह 'प्रत्ययसापेक्ष उत्पत्ति' (प्रतीत्यसमुत्पाद) का सिद्धान्त समझ पाना दुरूह ही

होगा। साथ ही वह स्थान पाना तो और भी कठिन होगा, जिसे सभी संस्कारों का प्रशमन, सभी मानसिक ऊहापोहों का परित्याग, तृष्णाक्षय, वैराग्य, दुःखनिरोध तथा निर्वाण कहा जाता है। अथ च, मैं किसी तरह उसे धर्मोपदेश करूँ और वह उसे समझ न पावे तो यह भी मेरे लिये मानसिक कष्टदायक ही होगा कि मेरा उपदेश सम्मुखस्थ श्रोता को समझ में ही न आवे।" यों उनका चित्त इस धर्मप्रचार में उत्साहित न होकर उसकी उपेक्षा की तरफ प्रवृत्त हो गया।

ऐसे समय में सहम्पति ब्रह्मा ने आकर उनसे निवेदन किया— "भगवन्! आप के इस निश्चय से तो धर्मप्राण जनता का विनाश ही हो जायगा; क्योंकि लोक में अल्प चित्तविकारों वाली धार्मिक जनता भी वर्तमान है। आपका यह धर्मोपदेश न सुनने से उनकी बहुत हानि होगी। अतः आप धर्मोपदेश करें। लोक में इसके सुनने वालों की कोई कमी नहीं है।"

ब्रह्मा का यह सामयिक और उचित निवेदन सुनकर भगवान् ने इस पर पुनः विचार किया तथा उन्होंने धर्मप्राण जनता को धर्मोपदेश करने का निश्चय किया और अन्त में सहम्पति ब्रह्मा से कहा—

"हे ब्रह्मन्! उस धार्मिक जनता के लिये अमृतद्वार खुल गया ही समझो जो मेरा उपदेश ध्यानपूर्वक सुनेंगे तथा मुझमें श्रद्धा प्रकट करेंगे। मैं तो पहले अपने लिये होने वाले वृथा कष्ट को ध्यान में रखकर ही प्राणियों को इस उत्तम धर्म का उपदेश न करने की बात कह रहा था।"

६. पञ्चवर्गीयों को उपदेश का निश्चय— धर्मोपदेश का निश्चय करने के बाद, भगवान् ने आळार कालाम तथा उद्दक रामपुत्त का देहावसान जानकर, सर्वप्रथम वाराणसी के ऋषिपतन मृगदाव में साधनारत पञ्चवर्गीय भिक्षुओं को धर्म का उपदेश किया।

७. धर्मचक्रप्रवर्तन— तब भगवान् ने उन पञ्चवर्गीयों को अपने साक्षात्कृत धर्म का मर्म संक्षेप में यों समझाया— "भिक्षुओ! प्रव्रजित को अपनी साधना में इन दो मर्यादाओं का उपयोग नहीं करना चाहिये। १. मूर्खों द्वारा सेवनीय कामवासनाओं में अत्यधिक लिप्त रहना (कामसुखल्लिकानुयोग) तथा २. अनर्थकारी क्लिष्ट तपस्याओं में लगे रहना (आत्मक्लमथानुयोग)। इन दोनों अतियों की उपेक्षा करते हुए मेरे द्वारा उपदिष्ट इस मध्यम मार्ग (उपाय) का साधना में उपयोग करना चाहिये। यह मध्यम मार्ग ही साधक को शान्ति, अभिज्ञा, बुद्धत्व एवं निर्वाण प्राप्ति में प्रगति करा सकता है। उस मार्ग को साधक इन आठ उपायों से जान सकता है; जैसे— १. सम्यग्दृष्टि, २. सम्यक्सङ्कल्प, ३. सम्यग्वाक्, ४. सम्यक्कर्मान्त, ५. सम्यगाजीव, ६. सम्यग्व्यायाम, ७. सम्यक्स्मृति एवं ८. सम्यक्समाधि। साधक द्वारा इस आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग से आर्य सत्यचतुष्टय को ज्ञान, ज्ञेय, ज्ञात तथा प्रहाण, प्रहेय, प्रहीण इस त्रिविध पद्धति से अनुलोम-विलोम क्रम द्वारा विचार करके ही अधिगत किया जा सकता है, निर्वाण तक पहुँचा जा सकता है।"

यह धर्मोपदेश सुनकर उन पञ्चवर्गीयों में सर्वप्रथम आयुष्मान् **आज्ञातकौण्डिन्य** को 'इस लोक में सभी पदार्थ विनाशशील हैं'— यह धर्म ज्ञान हुआ, तदनन्तर **वप्र** एवं **भद्रीय** को। तदनन्तर आयुष्मान् **महानाम** एवं **अश्वजित्** को धर्मज्ञान हुआ। इस तरह ये पाँच भिक्षु भगवान् से बुद्ध एवं धर्म के नाम पर सर्वप्रथम साक्षात् प्रव्रज्या प्राप्त कर पाये।

८. **अनात्मज्ञान**— बाद में भगवान् ने इन भिक्षुओं को रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार एवं विज्ञान में अनित्यत्व एवं अनात्मत्व का विस्तार से प्रतिपादन किया। इन पाँच स्कन्धों में अनित्यत्व एवं अनात्मत्व का विश्वास हो जाने पर साधक को संसार से उदासीनता (वैराग्य), दुःखों से मुक्ति एवं जन्म-मरणपरम्परा का क्षय अधिगत हो जाता है।

इस अवधि तक, उस समय उक्त छह अर्हत् (१. बुद्ध + ५ पञ्चवर्गीय भिक्षु = ६) हो चुके थे।

९. फिर वाराणसी का **यश कुलपुत्र** भगवान् का शिष्य बना। तब गणना में सात अर्हत् हो गये।

यश के भिक्षु बन जाने के बाद भगवान् उसके साथ उसके माता-पिता के घर भिक्षाहेतु गये। वहाँ धर्मोपदेश सुनकर वे दोनों भी भगवान् के उपासक हो गये। इस तरह ये दोनों बुद्ध धर्म सङ्घ के नाम पर सर्वप्रथम त्रैवाचिक उपासक-उपासिका बने।

यश कुलपुत्र की प्रव्रज्या सुनकर उसके अन्य चार साथी कुलपुत्र भी (विमल, सुबाहु, पूर्णजित् एवं गवाम्पति) भगवान् के शिष्य बन गये।

यह सुनकर कालान्तर में यश कुलपुत्र के पचास अन्य साथी भी भगवान् के पास आकर भिक्षुभाव में प्रव्रजित हो गये।

इस तरह तब तक लोक में **इकसठ अर्हत्** हो चुके थे।

१०. इसी अवसर पर मार ने भगवान् को संसार में प्रवृत्त करने का एक और प्रबल प्रयास किया, परन्तु भगवान् ने उसको झिड़क दिया।

११. भिक्षुओं को प्रव्रज्या उपसम्पदा देने का अधिकार— धर्मचक्रप्रवर्तनकाल से उस समय तक इतने भिक्षु बन जाने के बाद वे भिक्षु अन्य प्रव्रज्यापेक्षी पुरुषों को लेकर भगवान् के सम्मुख उपस्थित होने लगे। भगवान् को, साधना में रत रहने के कारण, उन पुरुषों को प्रव्रज्यादीक्षा देने में विलम्ब होने लगा। तब भगवान् ने सोचा— "क्यों न मैं इन भिक्षुओं को ही अन्य प्रव्रज्याभिलाषियों को प्रव्रज्या देने का अधिकार सौंप दूँ!" तब भगवान् ने भिक्षुसङ्घ को एकत्र कर कहा— "आज से मैं तुम्हें भी उन उन दिशाओं से आये हुए प्रव्रज्या-प्रत्याशियों को प्रव्रज्या उपसम्पदा देने का अधिकार देता हूँ।"

१२. प्रव्रज्या उपसम्पदा देने की विधि— "प्रत्याशी को, दाढ़ी मूँछ मुँड़वाकर, काषाय वस्त्र पहना कर, एक कन्धे पर उत्तरासङ्ग (दुपट्टा) कराकर, भिक्षुओं की चरणवन्दना कराकर, उकड़ू (उत्कुटिक) बैठाकर, हाथ जुड़वाकर, 'ऐसा बोलो' कहकर, उस प्रत्याशी से यों उच्चारण कराया जाय— 'मैं बुद्ध की शरण में जाता हूँ, धर्म की शरण में जाता हूँ,

सङ्घ की शरण में जाता हूँ'; (दूसरी बार भी) 'मैं बुद्ध की शरण में जाता हूँ, धर्म की शरण में जाता हूँ, सङ्घ की शरण में जाता हूँ।' (तीसरी बार भी) 'मैं बुद्ध की शरण में जाता हूँ, धर्म की शरण में जाता हूँ, सङ्घ की शरण में जाता हूँ।' 'भिक्षुओ! मैं इस त्रिविध शरणगमन से प्रत्याशियों को प्रव्रज्या एवं उपसम्पदा देने की तुम्हें अनुमति देता हूँ।''

१३. भद्रवर्गीय प्रव्रज्या— जब भगवान् वाराणसी में प्रथम वर्षावास बिताकर पुन: उरुबेला (गया) की तरफ चारिकाहेतु निकले तो मार्ग में उन्होंने तीस भ्रान्त भद्रवर्गीय पुरुषों को भी धर्मोपदेश द्वारा सांसारिक मायाजाल से छुड़ाकर प्रव्रजित किया।

१४. शिष्यों सहित उरुवेलकाश्यप आदि जटिलत्रय को प्रव्रज्या— क्रमशः चारिका करते हुए भगवान् उरुवेला पहुँचकर भगवान् जटिल उरुवेल काश्यप के आश्रम में जाकर साधनाहेतु विराजमान हुए। वहाँ विशाल सर्प का दमन कर जटिलों को पहला प्रातिहार्य (चमत्कार) दिखाया। इस तरह पन्द्रह प्रातिहार्य दिखाकर उन्हें प्रभावित कर, **आदीप्तपर्यायसूत्र** का उपदेश करते हुए उन एक हजार जटिलों को अपने धर्म में दीक्षित किया।

१५. बिम्बिसारसमागम— तदनन्तर भगवान् गयाशीर्ष (ब्रह्मयोनि पर्वत) की चारिका करते हुए राजगृह पहुँचे। वहाँ के राजा बिम्बिसार ने, जो कि उनका बचपन का साथी भी था, सादर स्वागत किया तथा भिक्षुओं के लिये साधनास्थल के रूप में **वेणुवन का दान** किया।

१६. सारिपुत्र मोग्गल्लान की प्रव्रज्या— उस समय राजगृह के पास ही रहने वाले सञ्जय परिव्राजक की बहुत प्रसिद्धि थी। उसके साथ ढाई सौ शिष्य थे। उनमें सारिपुत्र एवं मौद्गल्यायन प्रसिद्ध थे। इन दोनों को ही परम पद प्राप्ति की बहुत ललक थी। ये दोनों इसके लिये समस्त भारतवर्ष में घूमे, परन्तु उन्हें ऐसा कोई गुरु नहीं मिला जो उन्हें निर्वाणप्राप्ति का उपाय बता देता। एक दिन सारिपुत्र ने अश्वजित् भिक्षु को राजगृह में भिक्षाचर्या करते हुए देखा। उसके गम्भीर पदक्रम एवं शरीर की विनीत चेष्टाओं से ही वह समझ गया कि यह कोई गम्भीर ज्ञानी है। भिक्षाचर्या के बाद शारिपुत्र तथा अश्वजित् का संवाद हुआ। संवाद में अश्वजित् ने सारिपुत्र को अपने गुरु के उपदेश के रूप में ''ये धम्मा हेतुप्पभवा'' (द्र० पृ० ६२) यह प्रसिद्ध गाथा सुनायी। गाथा सुनकर सारिपुत्र इस बुद्धोपदेश से बहुत प्रभावित हुए तथा मौद्गल्यायन से परामर्श कर अपने ढाई सौ सब्रह्मचारियों के साथ भगवान् की शरण में आ गये। वे बुद्ध से दीक्षा लेकर साधना करते हुए अर्हत् हो गये। भगवान् बुद्ध ने उन दोनों को समग्र सङ्घ का अग्रश्रावक बना दिया; क्योंकि सारिपुत्र कुशलवक्ता थे, और मौद्गल्यायन गम्भीर अध्येता तथा चिन्तक थे।

इन दोनों के सङ्घ में सम्मिलित होने से समाज पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ा। परिणामस्वरूप समाज के हजारों प्रतिष्ठित पुरुष प्रव्रज्या लेकर सङ्घ में प्रविष्ट हो गये। इसके कारण भगवान् बुद्ध पर समाज को विशृङ्खलित करने का आरोप भी लगा, परन्तु वह शनैः शनैः स्वयं शान्त हो गया।

१७. सङ्घ में उच्छृङ्खलता का निरोध— जब कहीं अधिक भीड़ हो जाती है तो वहाँ उच्छृङ्खलता स्वभावत: आ जाती है। यहाँ भी धीरे धीरे भिक्षु जब स्व मन से व्यवहार करने लगे, उपाध्याय या आचार्य द्वारा बोधित अनुशासन की उपेक्षा करने लगे। ठीक से वस्त्र धारण किये विना भिक्षाचर्या करने लगे, भोजन करते लोगों के बीच से निकलना, भोजन की थाली या उच्छिष्ट पात्रों पर से आगे बढ़ना, खाने पीने की वस्तुओं को लाँघना, खादय वस्तु स्वयं माँगकर खाना, भिक्षा लेते समय जोर से चिल्लाना— ये या ऐसी ही अन्य असामाजिक बातें भिक्षुओं में प्रबलता से फैल गयी थीं। इससे गृहस्थ समाज में तो रोष फैलना ही था, सभ्य सुशिक्षित स्थविर भिक्षु भी इस व्यवहार से असन्तुष्ट रहने लगे। तब भगवान् ने भिक्षुओं के लिये कुछ अनिवार्य नियम बनाकर तथा उनका कठोरता से पालन करने का आदेश देकर भिक्षुओं की उच्छृङ्खलता पर अङ्कुश लगाते हुए उनके लिये सम्यग्वर्तना (सम्मावत्तना=सद्व्यवहार) के नियम प्रचारित किये।

१८. इनमें शिष्य का उपाध्याय के साथ व्यवहार, उपाध्याय का शिष्य के साथ व्यवहार आदि विस्तार से निरूपित किये गये।

१९. साथ ही इन नियमों का पालन न करने वालों को सङ्घ से निष्कासित करने तथा क्षमायाच्ञा करने वालों को क्षमा का विधान भी रखा गया।

२०. उपसम्पदाविधि— प्रसङ्गवश उपसम्पदा की विधि भी विस्तार से बतायी गयी। जिसके लिये अन्त में यह विधान किया गया है कि याच्ञा करने वाले को ही उपसम्पदा देनी चाहिये।

२१. चार निःश्रय— भिक्षुव्यवहार की पूर्ति के लिये चार साधन बताये; जैसे—

(१) प्रव्रज्याप्राप्ति के बाद भिक्षुओं की शरीरमात्रा प्रमुख रूप से भिक्षा के अन्न से चलेगी, इसके लिये भिक्षु को जीवनपर्यन्त उत्साहित रहना होगा। सद्गृहस्थ का भोजन, निमन्त्रण तथा शलाका भोजन अतिरेक लाभ में माने जायँगे।

(२) इस प्रव्रज्या के बाद, वस्त्र का काम चलाने के लिये प्रमुख रूप से फटे चीथड़ों से बनाये चीवर का ही उपयोग करना होगा। क्षौम, कौशेय, कम्बल आदि वस्त्र अतिरेक लाभ के रूप में माने जायँगे।

(३) इस प्रव्रज्या के बाद, प्रमुख रूप से वृक्षों के नीचे वास ही निद्रा या शरीरसुख के विषय में आलम्बन होगा। फिर भले ही कभी कभी आवासहेतु विहार, हवेली या प्रासाद ही क्यों न मिल जाय!

(४) तथा इस प्रव्रज्या के बाद, शरीर की रोगनिवृत्तिहेतु प्रमुख रूप से गोमूत्र का ही औषध रूप में प्रयोग करना होगा। फिर भले ही समय समय पर अतिरिक्त लाभ के रूप में घी, मक्खन, तैल, मधु या शर्करा ही क्यों न मिल जाय।

२२. आचार्य के साथ शिष्य का व्यवहार— प्रसङ्गवश शिष्यों का आचार्य के साथ व्यवहार कैसे होना चाहिये? यह भी विस्तार से बताया गया है।

२३. **अन्तेवासी (शिष्य) के साथ आचार्य के व्यवहार** का निरूपण भी विस्तार से हुआ है।

२४. **प्रणामना**— इसी तरह, आवश्यकता हो तो उद्दण्ड भिक्षुओं को सङ्घ से निष्कासित करने तथा शिष्य द्वारा क्षमा माँगने पर उसे पुनः सङ्घ में मिलाने के नियम बनाये गये।

२५. निश्रयदान के लिये भगवान् का आग्रह था कि किसी चतुर एवं समर्थ भिक्षु, जो दश वर्ष या इससे भी पूर्व भिक्षु बना हो, द्वारा ही नि:श्रय दिया जाना चाहिये।

२६. साथ ही भगवान् ने नि:श्रय की समाप्ति के नियम तथा अपवाद भी बताये।

इसके बाद के **२७. उपसम्पादयितव्यपञ्चक** तथा **२८. उपसम्पादयितव्यषट्क** एवं **२९. अन्यतीर्थिकपूर्वकथा** यथाप्रसङ्ग ग्रन्थ में ही (पृ. ९९ से ११० तक) देखकर समझ लेनी चाहिये।

३०. पञ्चरोगकथा— उस समय मगध देश में ये पाँच रोग अधिकता से फैल गये; जैसे— १. कुष्ठ, २. गलगण्ड, ३. किलास (श्वेतकुष्ठ), ४. शोष एवं ५. अपस्मार। ऐसे रोगी चिकित्साहेतु **जीवक** कौमारभृत्य (राजवैद्य) के पास जाते थे। परन्तु जीवक, राजद्वार एवं सङ्घ की चिकित्सा में व्यस्त रहने के कारण, सब रोगियों की चिकित्सा नहीं कर पाते थे। अतः वे रोगी विवशतः भिक्षुसङ्घ में प्रव्रजित हो गये। तब वे जीवक से चिकित्सा कराने लगे। रोगियों की अधिकता के कारण उद्विग्न होकर जीवक ने भगवान् से निवेदन किया। तब भगवान् ने ऐसे रोगी पुरुषों को सङ्घ में प्रव्रजित करने का पूर्णतः निषेध कर दिया।

३१. राजभृत्यकथा— राजा बिम्बिसार द्वारा राज्य-सीमा पर शान्ति स्थापना हेतु सैनिकसमूह भेजा गया। उसमें से बहुत से कामचोर सैनिक सङ्घ में प्रव्रजित हो गये। ज्ञात होने पर राजा ने भगवान् को इसकी सूचना भिजवायी। भगवान् ने राजभृत्यों को भी प्रव्रजित करने का निषेध कर दिया।

३२. अङ्गुलिमालचौरवस्तु— उस समय अङ्गुलिमाल जैसे (घोषणा करके चौरी करने वाले) चौर भिक्षुओं में आकर भिक्षुसङ्घ में प्रव्रजित हो गये। मनुष्य उन्हें देखकर दूर से ही अपना गन्तव्य मार्ग बदल देते थे। उन मनुष्यों की यह क्रिया स्थविर भिक्षुओं को अनुचित लगी। उन्होंने भगवान् के सम्मुख यह समस्या रखी। भगवान् ने ऐसे घोषणा करके चौरी करनेवालों को सङ्घ में प्रव्रजित करना पूर्णतः निषिद्ध कर दिया।

३३. काराभेदक वस्तु— कारावास से भागे अपराधियों का भी सङ्घ में प्रवेश निषिद्ध हुआ।

३४. लिखितकचौरवस्तु— राजा द्वारा लिखितक (जिसके विषय में देखते ही मार डालने की लिखित राजाज्ञा हो) चौर का भी सङ्घ में प्रवेश निषिद्ध हुआ।

३५. कशाहतवस्तु— कोड़ों से पीटे जाने का दण्ड पाये अपराधी का भी सङ्घ में प्रवेश निषिद्ध हुआ।

३६. लक्षणाहतवस्तु— उष्ण लोह या ताम्र से दागे गये अपराधी पुरुष का भी सङ्घ में प्रवेश निषिद्ध हुआ।

३७. ऋणिपुरुषवस्तु— कर्ज में डूबे अपराधी पुरुष का भी सङ्घ में प्रवेश निषिद्ध हुआ।

३८. दासवस्तु— क्रयक्रीत दास का भी सङ्घ में प्रवेश निषिद्ध किया गया।

३९. कर्मारभण्डुवस्तु— एक युवक को प्रव्रज्या देने के प्रसङ्ग में भगवान् को कहना पड़ा कि मुण्डन कर्म से पूर्व, सङ्घ से अनुमति लेकर ही, सामान्यजन को प्रव्रजित करना चाहिये।

४०. उपालिदारकवस्तु— कभी सत्तरह साथियों के साथ उपालि नामक बालक को प्रव्रजित कर लिया गया। ये बालक प्रातः उठते ही खाने के लिये चिल्लाते थे। उनकी इस चिल्लाहट (क्रन्दन) से विहार की स्थायी शान्ति में बाधा पड़ती थी। अतः भगवान् ने बीस वर्ष से कम आयु के लोगों को प्रव्रज्या देने पर कठोर प्रतिबन्ध लगा दिया।

४१. अहिवातकरोगवस्तु— महामारी रोग से बचे पिता-पुत्र दोनों सङ्घ में प्रव्रजित हो गये। भिक्षा के समय बालक की चञ्चलता देखकर गृहस्थजन भिक्षुओं पर नाना प्रकार के आरोप लगाने लगे। तब भगवान् ने पन्द्रह वर्ष से कम आयु के बालक की सङ्घ में प्रव्रज्या पर प्रतिबन्ध लगा दिया; परन्तु इतनी छूट दे दी कि उसे श्रामणेर बनाया जा सकता है।

४२. कण्डकवस्तु— अपशब्द बोलने वाले दो श्रामणेरों को देखकर भगवान् ने एक भिक्षु को एक ही श्रामणेर रखने की अनुमति दी।

४३-४४. आहुन्दरिक वस्तु— एक समय वर्षावास के बाद भी भगवान् के राजगृह में रह जाने के कारण, दर्शनार्थी भिक्षुओं की भीड़ बहुत हो गयी। भगवान् ने भिक्षुओं को लेकर राजगृह छोड़ने का मन बनाया। परन्तु भिक्षुओं ने निःश्रय का बहाना लेकर राजगृह नहीं छोड़ा। तब भगवान् ने निःश्रय लेने योग्य भिक्षुओं को एक स्थान पर बसने की दश वर्ष की अवधि में पाँच वर्ष की छूट दे दी।

४५. राहुलवस्तु— राहुल को श्रामणेर प्रव्रज्या देने के प्रसङ्ग में, श्रामणेरों को भी त्रिशरणगमन से ही प्रव्रज्या देने की अनुमति दे दी। साथ ही आयुष्मान् सारिपुत्र जैसे समर्थ भिक्षु को अपने साथ तीन श्रामणेर तक रखने की अनुमति दे दी। तथा राजा शुद्धोदन के आग्रह पर यह कठोर नियम बनाया कि माता-पिता की आज्ञा के विना पुत्र को प्रव्रजित नहीं करना चाहिये।

४६. शिक्षापदकथा— भगवान् ने श्रामणेरों को ये दश शिक्षापद सिखाने का विधान किया; जैसे— १. हिंसा, २. चौरी, ३. व्यभिचार, ४. असत्यभाषण, ५. मद्यपान, ६. असमय का भोजन, ७. नृत्य, गीत आदि में सम्मिलित होना, ८. माला, गन्धद्रव्य आदि का उपयोग, ९. उच्च एवं सुखदायक शय्याओं पर सोना एवं १०. सोना चाँदी का परिग्रह— इन दश बातों से दूर रहना।

४७. दण्डकर्मवस्तु— भिक्षुओं के अलाभ, अनर्थ, आवासराहित्य, निन्दा एवं वैमनस्य फैलाने वाले श्रामणेर को दण्ड देने की अनुमति दी गयी। वह दण्ड था— श्रामणेरों को आवास में प्रवेश न करने देना। परन्तु श्रामणेरों का भोजनहेतु मुखद्वार बन्द न करना चाहिये।

४८. अनापृच्छावरणवस्तु— उपाध्यायों से पूछे विना श्रामणेरों का आराम में प्रवेश निषिद्ध नहीं करना चाहिये।

४९. अपलाडनवस्तु— दूसरों के श्रामणेरों को बहकाना नहीं चाहिये।

५०. कण्डकश्रामणेरवस्तु— १. प्राणिहिंसक, २. चौर, ३. जार, ४. असत्यभाषी, ५. मद्यप, ६. बुद्धनिन्दक, ७. धर्मनिन्दक, ८. सङ्घनिन्दक, ९. मिथ्यादृष्टि एवं १०. भिक्षुणीदूषक श्रामणेर को सङ्घ से निष्कासन की अनुमति दी गयी।

५१. पण्डक वस्तु— किसी नपुंसक (पण्डक) को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये। यदि किसी कारण से प्रव्रज्या मिल भी गयी हो तो उसको निकाल देना चाहिये।

५२. स्तेयसंवासकवस्तु— किसी स्तेयसंवासक को (चौरी से कषायवस्त्र धारण कर भिक्षु बनने वाले को) उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। यदि किसी कारण से उसको उपसम्पदा मिल भी गयी हो तो भी, उसकी वास्तविकता ज्ञात होने पर, निकाल देना चाहिये।

५३. तिर्यग्गतवस्तु— तिर्यग्गत (सर्प आदि) योनियों को उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। यदि किसी कारण से....पूर्ववत्.....।

५४-५९. मातृ-पितृघातकादिवस्तु— मातृघातक, पितृघातक, अर्हद्धातक, भिक्षुणीदूषक तथा लौहितोत्पादक एवं स्त्रीपुरुष उभय चिह्नों वाले पुरुष को उपसम्पन्न नहीं करना चाहिये। यदि किसी कारण से....पूर्ववत्....।

६०. अनुपाध्यायकादिवस्तु— उपाध्याय की अनुमति के विना किसी को उपसम्पन्न नहीं करना चाहिये....पूर्ववत्....। सङ्घ को, गण को, पण्डक को, स्तेयसंवासक को, तिर्य्यग्गत को, मातृघातक, पितृघातक, अर्हद्धातक, भिक्षुणीदूषक, उभयतोव्यञ्जनक को उपाध्याय बनाकर किसी को उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये।

६१. अपात्रकादिवस्तु— अपात्र, अचीवरक, याचितकपात्रचीवरक प्रत्याशी को उपसम्पन्न नहीं करना चाहिये।

६२. नप्रव्राजयितव्यवस्तु— हाथ कटे हुए आदि ३२ प्रकार के मनुष्यों को उपसम्पन्न नहीं करना चाहिये।

६३. अलज्जिनिश्रयवस्तु— जानबूझ कर अपराध करनेवालों को, अपराध छिपाने वालों को, अगम्यमार्गगामियों (अलज्जियों) को नि:श्रय नहीं देना चाहिये। इनका अलज्जित्व पहचानने के लिये चार पाँच दिन का अवसर लेना चाहिये।

६४. गमिकादिनिश्रयवस्तु— यात्रियों को, रोगी को, परिचारक को, आरण्यक को नि:श्रय के विना भी आवास में रहने की अनुमति दी गयी।

६५. सङ्घपरिषद् में स्थविर भिक्षु का गोत्र नाम से आह्वान की अनुमति दी गयी।

६६. एक साथ दो प्रत्याशियों को एक उपाध्याय होने पर अनुश्रावण की अनुमति दी गयी।

६७. गर्भ से बीस वर्ष आयु वाले को उपसम्पदा की अनुमति दी गयी।

६८. **उपसम्पदाविधि**— उपसम्पदा से पूर्व तेरह आन्तरायिक (विघ्नकारक) प्रश्न पूछने की अनुमति दी गयी तथा इसके अवान्तर नियम बनाये गये।

६९. उपसम्पन्न के लिये आवश्यक ज्ञातव्य बातें (निःश्रय) बताने का नियम बनाया गया। ये आवश्यक बातें ये हैं— १. छाया नापना, २. ऋतुओं का प्रमाण, ३. दिन का भाग, ४. सङ्गीति एवं ५. चार निःश्रय।

७०. **चार अकर्तव्य**— उपसम्पन्न को ये चार बातें जीवनपर्यन्त अकरणीय हैं; जैसे— १. मैथुन धर्म का सेवन, २. चौरी, ३. हिंसा एवं ४. ऋद्धि का प्रदर्शन।

७१. **आपत्ति के अभाव में उत्क्षिप्तक के विषय में** विचारणीय बातों का भी भगवान् ने विस्तार से स्पष्टीकरण किया।

२. उपोसथस्कन्धक

१. चतुर्दशी, पूर्णिमा एवं पक्ष की अष्टमी के दिन भिक्षुओं को एकत्र होकर धर्मचर्चा की अनुज्ञा दी गयी।

२. इस धर्मचर्चा में प्रातिमोक्षपाठ (भिक्षुनियमपाठ) की आवृत्ति की अनुमति दी गयी।

३. सङ्घ को एकत्र होकर चतुर्दशी या पूर्णिमा के दिन उपोसथ कर्म करने का आदेश दिया गया।

इस नियम का पालन न करने के कारण **महाकप्पिन** भिक्षु को भगवान् ने स्वयं चेतावनी दी।

४. इस उपोसथ कर्म में कितनी दूर तक के भिक्षु एकत्र सम्मिलित हों— इसकी सीमा निर्धारित की गयी।

५. इस उपोसथ कर्म के एक निश्चित आगार का विधान किया गया।

६. इस उपोसथ के समय एक प्रमुख विशाल स्थान निर्धारित करने की अनुमति दी गयी।

७. उपोसथसीमा में सम्मिलित होने के लिये तीन चीवरों के नियम में छूट दी गयी।

८. सीमा के त्याग की घोषणा से पूर्व, तीन चीवर के त्याग तथा एक वासस्थान के त्याग की घोषणा आवश्यक बतायी गयी।

९. उपोसथ के लिये ग्रामसीमा आदि निर्धारित की गयी।

१०. उपोसथ के दो भेद कर उसके लिये चतुर्दशी एवं पूर्णिमा का दिन नियत किया गया।

११. प्रातिमोक्ष के पाठ की विधि निर्धारित की गयी। इसके पाँच प्रकार के पाठ निर्धारित हुए।

१२. प्रातिमोक्ष पाठ के समय विनयसम्बन्धी प्रश्न सङ्घ की सहमति से ही पूछे जा सकते हैं।

१३. सङ्घ की सहमति के विना, पाठ के समय, विनयसम्बन्धी प्रश्न का उत्तर वर्जित किया गया।

१५. नियमविरुद्ध कार्य निषिद्ध किया गया, प्रातिमोक्षपाठ मे बीच के कुछ अंश छोड़ना नियमविरुद्ध माना गया।

१६. प्रातिमोक्षपाठक से प्रार्थना आदि की एक निश्चित विधि निर्धारित की गयी।

१७. प्रत्येक भिक्षु के लिये पक्ष-गणना आदि का ज्ञान अनिवार्य माना गया।

१८. विहार में उपोसथ से पूर्व कृत्यों (स्वच्छता आदि) की अनुमति दी गयी।

१९. आदेश हुआ कि लम्बी यात्राओं में दूसरे भिक्षुओं का साथ उपाध्याय से पूछकर ही करना चाहिये।

२०. रोगी होने पर, उपोसथ के समय, अपनी परिशुद्धि भेजने के नियम बनाये गये।

२१. विवाद-निर्णय हेतु मतदानसम्बन्धी नियम बनाये गये।

२२. उपोसथ में सम्मिलित होने के लिये आते समय रिश्तेदारों आदि द्वारा भिक्षु के पकड़े जाने पर उनसे छूटने की विधि निर्धारित की गयी।

२३. किसी भिक्षु को उन्मत्तक (पागल) घोषित करने की विधि निर्धारित की गयी।

२४. उपोसथ कर्म के लिये कितने भिक्षुओं का 'सङ्घ' माना जाय- यह निर्णय किया गया।

२५. आपत्तिग्रस्तता की प्रतीकारविधि निश्चित की गयी।

२६. आपत्ति (स्वकीय दोष) प्रकट करने की विधि निर्धारित की गयी।

२७. आधे अधूरे दोष की प्रतीकारविधि बतायी गयी।

२८. भिक्षुओं की सङ्ख्या ज्ञात न होते हुए भी उपोसथ कर्म करने में अनापत्ति-पञ्चदशक का विस्तार।

२९. वर्ग, अवर्ग संज्ञक पञ्चदशक (पन्द्रह नियमों) का विस्तार।

३०. सन्देहयुक्त उपोसथप्रक्रिया के पञ्चदशक का विस्तार।

३१. सङ्कोच से किये गये उपोसथ के विषय में पञ्चदश नियमों का विस्तार।

३२. भेद (कटूक्ति) से किये गये उपोसथ के विषय में पञ्चदशक का विस्तार किया गया।

३३. सीमावक्रान्तिक पेय्याल का विस्तार किया गया।

३४. उपोसथ व्रत के आरम्भ से पूर्व आवासिक भिक्षुओं के आकार,लिङ्ग, निमित्त उद्देश्य (स्वाध्याय), मञ्चपीठ आदि की परिशुद्धि का ज्ञान आवश्यक।

३५. नानासंवासक आदि भिक्षुओं के साथ उपोसथ कर्म का विधान किया गया।

३६. उपोसथ के दिन आवासत्याग का निषेध किया गया।

३७. उपोसथ के दिन गन्तव्य आवास का विधान किया गया।

३८. प्रातिमोक्षपाठ में अयोग्य पुद्गलों की सूची बनायी गयी। *

३. वर्षोपनायिकस्कन्धक

१. **भगवान् द्वारा**— वर्षा ऋतु में भिक्षुओं को वर्षावास करने की अनुमति दी गयी।

२. वर्षा ऋतु में भिक्षुओं को चारिका करने का निषेध किया गया।

३. वर्षावास में किसी कार्यविशेष के लिये चारिका में सप्ताहमात्र की शिथिलता की गयी।

४. वर्षावास में, विना सन्देश के भी, इन पाँचों के पास जाने की अनुमति दी गयी; जैसे— (१) भिक्षु, (२) भिक्षुणी, (३) शिक्ष्यमाणा, (४) श्रामणेर एवं (५) श्रामणेरी।

५. वर्षावास में, इन सात द्वारा न बुलाने पर भी, इनके पास जाने की अनुमति दी गयी; जैसे— (१) भिक्षु, (२) भिक्षुणी, (३) शिक्ष्यमाणा, (४) श्रामणेर, (५) श्रामणेरी, (६) माता एवं (७) पिता।

६. परन्तु इन चार के पास, बुलाये जाने पर ही, जाने की अनुमति दी गयी; जैसे— (१) भिक्षु का भाई, (२) भिक्षु की बहन, (३) भिक्षु का रिश्तेदार, (४) किसी भिक्षु या विहार का नौकर।

७. किसी विघ्नविशेष पर वर्षावास छोड़ने की अनुमति भी दी गयी; जैसे- (१) साथी भिक्षु ईर्ष्यामय व्यवहार करने लगें, (२) आवास में सर्प, बिच्छु आदि का भय हो, (३) चौरों का भय हो, (४) भूत, प्रेत, पिशाच का भय हो, (५) ग्राम में अग्नि का प्रकोप, (६) आवास अग्निदग्ध हो जाय, (७) समीप की नदी में बाढ़ आ जाय, (८) आवास बाढ़ से घिर जाय, (९) आवास का ग्राम चौर-डाकुओं द्वारा विनष्ट कर दिया जाय, (१०) समस्त ग्राम दूसरे स्थान पर जाने लगे, (११) श्रद्धालु ग्रामवासियों के साथ रहने के लिये, (१२) जहाँ कुछ भी भिक्षा मिलने में अत्यधिक कठिनाई होने लगे, (१३) जहाँ शरीरस्वास्थ्यानुकूल भिक्षा न मिले, (१४) जहाँ रोगनिवारक ओषधि न प्राप्त हो, (१५) जहाँ योग्य परिचारक न मिले, (१६) किसी कुलटा स्त्री द्वारा साधना में विघ्न डालना प्रारम्भ हो, (१७) किसी वेश्या द्वारा...., (१८) किसी कुमारी द्वारा...., (१९) किसी हिंजड़े द्वारा...., (२०) किसी रिश्तेदार द्वारा...., (२१) किसी राजा द्वारा...., (२२) किसी चौर द्वारा...., (२३) किसी धूर्त द्वारा...., (२४) या फिर आवास में या उसके आसपास ऐसा सोने चाँदी का भण्डार मिल जाय जिसके कारण राजा या उसके अधिकारी द्वारा साधना में अन्तराय पड़ने की आशङ्का हो।

८. इसी तरह वर्षावास में, सङ्घभेद रोकने के लिये भी, आवासत्याग की अनुमति दी गयी।

९. व्रज (ग्वालों के झुण्ड) में भी वर्षावास अनुमत माना गया।

१०. वर्षावास के लिये ये सात स्थान अनुपयुक्त माने गये; जैसे— (१) वृक्षों के कोटर, (२) वृक्षों के झुरमुट (गुम्ब), (३) खुला मैदान, (४) शयनासनरहित स्थान (५) श्मशान में बनी कुटिया, (६) घास-फूस के झोपड़े एवं (७) मिट्टी के बने विशाल कुण्डे।

११. प्रव्रज्यापेक्षी को वर्षावास में प्रव्रज्या न देने का निश्चय धर्मविरुद्ध माना गया।

१२. किसी गृहस्थ को उसके यहाँ वर्षावास करने का वचन देकर भी वहाँ वर्षावास न करना दुष्कृत दोषमय माना गया। *

४. प्रवारणास्कन्धक

१. भगवान् ने भिक्षुओं को मूक (मौन) व्रत ग्रहण करने का निषेध किया, तथा साथ ही आदेश दिया कि वर्षावास के बाद सभी भिक्षु अपने दृष्ट, श्रुत एवं सन्दिग्ध अपराधों की प्रवारणा (=मार्जन, परिशुद्धि) करें। इस प्रवारणा के समय वृद्धों (स्थविरों) के सम्मुख बैठने के नियम भी बताये।

२. प्रसङ्गवश तिथिभेद से प्रवारणा के दो भेद बताये। साथ ही प्रवारणा के चतुर्विध कर्म भी बताये।

३. प्रवारणा के समय रोगी भिक्षु द्वारा प्रवारणा भेजने की विधि बतायी गयी।

४. प्रवारणा हेतु आने वाले भिक्षु का रिश्तेदार आदि द्वारा अधिग्रहण कर लेने पर उससे मुक्ति के उपाय बताये गये।

५. सङ्घ के रूप में प्रवारणा के विस्तृत भेद करते समय भगवान् ने पाँच, चार, तीन, दो एवं एक भिक्षु को भी प्रवारणा की अनुमति दे दी।

६. प्रवारणा के समय आपत्ति का प्रतीकार करने का विधान किया गया।

७. प्रवारणा के समय स्वदोष के स्वीकार की विधि बतायी गयी।

८. समान आपत्ति पर सङ्घ में मतभेद होने पर उसका प्रतीकार बताया गया।

९. प्रवारणा के समय अनापत्ति के पन्द्रह भेदों का वर्णन किया गया।

१०. वर्ग अवर्ग संज्ञक प्रवारणा के पन्द्रह भेद...।

११. सन्देहास्पद प्रवारणा के पन्द्रह भेद...।

१२. सङ्कोच के साथ किये गये प्रवारणाकर्म के पन्द्रह भेद...।

१३. भेद (कटूक्ति) पूर्वक किये गये प्रवारणाकर्म के पन्द्रह भेद...।

१४. प्रवारणाविषयक सीमावक्रान्तिक पेयाल का विस्तार।

१५. भिक्षुओं में प्रवारणा के दिवस-विषयक मतभेद पर निर्णय।

१६. प्रवारणा के आरम्भ से पूर्व आवसिक भिक्षुओं के आकार, लिङ्ग, निमित्त आदि का ज्ञान आवश्यक।

१७. नानासंवासक आदि भिक्षुओं के साथ प्रवारणाकर्म का विधान।

१८. प्रवारणा के दिन आवासत्याग का निषेध।
१९. प्रवारणा के दिन गन्तव्य आवास का विधान।
२०. प्रवारणाविधि में वर्जनीय पुद्गलों की सूची।
२१. पाठ के दो या तीन बार में पढ़ने आदि की प्रवारणा।
२२. प्रवारणा के स्थानहेतु नियमनिर्धारण।
२३. प्रवारणा के दिन स्थूलात्यय आदि दोषों की निवारणविधि।
२४. प्रवारणा के समय अपराध या अपराधकर्ता के स्थगन के विषय में निर्णय।
२५. प्रवारणा के समय कलहकारक भिक्षुओं से बचने के उपायों का निर्देश।
२६. चार कारणों से प्रवारणा का संग्रह (आगे बढ़ाना) किया जा सकता है।

❋

५. चर्मस्कन्धक

१. सोण कोटिवीस कुलपुत्र चम्पानगरी के बीस करोड़ सम्पत्ति के स्वामी एक श्रेष्ठी का पुत्र था। वह भगवान् से दीक्षा लेकर धर्मसाधना में लग गया। एक दिन बहुत श्रमपूर्वक अधिक चंक्रमण करने से उसके पैर फट गये और उनसे बहुत अधिक रक्त बहने लगा। तब उसके मन में यह विचार हुआ– ''भगवान् के निष्ठापूर्वक साधना करने वाले जितने भी शिष्य हैं, उनमें मैं भी एक हूँ। तो भी मेरा चित्त आस्रवों से विमुक्त नहीं हो पा रहा है। मेरे घर में अपार सम्पत्ति है; उसके सहारे, मैं कामों का भोग भी कर सकता हूँ तथा दानादि करता हुआ पुण्योपार्जन भी कर सकता हूँ। अतः क्यों न मैं पुनः गृहस्थाश्रम में लौट चलूँ।'' भगवान् ने उसके ये विचार अपने चित्त से जान लिये और शीतवन में साधना कर रहे उसके सम्मुख प्रकट हुए। और बहुत से भिक्षुओं के साथ टहलते हुए उस चंक्रमण स्थल पर पहुँचे जहाँ सोण के पैरों से निकला रक्त बह रहा था। उस रक्त के विषय में भिक्षुओं से पूछने पर उन्होंने बताया कि यह रक्त, चंक्रमण करते समय, शोण के फटे पैरों से निकला है।

२. तब भगवान् आयुष्मान् शोण की साधनाकुटी में गये। प्रणाम, कुशलमङ्गल के बाद भगवान् ने उससे उसके उपर्युक्त विचारों के विषय में पूछा। उसके स्वीकार करने पर उससे भगवान् ने पूछा– ''शोण! क्या तुम अपने गृहस्थाश्रम में वीणावादन में कुशल थे?'' ''हाँ, भन्ते!'' ''तो क्या मानते हो शोण! जब तेरी वीणा के तार बहुत अधिक खिंच जाते थे तो उनसे मधुर स्वर निकल पाता था?'' ''नहीं, भन्ते!'' ''तो क्या जब उसके तार ढीले रहते थे तब मधुर स्वर निकलता था?'' ''तब भी नहीं, भन्ते!'' ''तो क्या जब उसके तार न अधिक खिंचे होते थे, न ढीले तब उस का कैसा स्वर होता था?'' ''तब तो बहुत मधुर एवं मनोज्ञ होता था।'' ''इसी तरह शोण! अधिक श्रम औद्धत्य का उत्पादक होता है। अतः तुम अपनी साधना में समय की समता का ध्यान रखो। इसी से तुम्हें सफलता मिलेगी।'' आयुष्मान् शोण ने भगवान् के आदेशानुसार समता का ध्यान रखते हुए साधना की तथा कुछ ही समय में अर्हत्त्व पा लिया।

३. एक तल्ले की जूता— आयुष्मान् शोण की सुकुमारता देखकर भगवान् ने उसको एक तल्ले का जूता पहनने की अनुमति दी। इतना ही नहीं, शोण के आग्रह पर, भगवान् ने समग्र भिक्षुसङ्घ को भी एक तल्ले का जूता पहनने की अनुमति दी; परन्तु किसी को भी दोहरे तिहरे तल्ले का जूता पहनना धर्मविरुद्ध घोषित कर दिया।

४. रंगीन जूतों का निषेध— भगवान् ने नीले, पीले, लाल, मंजीठ, महारङ्ग या महानाम रङ्ग में रङ्गी रस्सी से बाँधे गये ऐसे रङ्गों वाले जूतों का निषेध कर दिया।

साथ ही **सिंह व्याघ्र आदि के चर्म** से बने जूतों का भी निषेध कर दिया।

५. दूसरों द्वारा परित्यक्त जूते पहनने की अनुमति— पुराने दो तल्ले या तीन तल्ले के जूते पहनने की अनुमति पैरों के व्रणित होने पर दे दी गयी, परन्तु ऐसे नये जूते पहनने की अनुमति नहीं थी।

६. भिक्षुओं को आदेश था कि उपाध्यायों तथा आचार्यों के सामने कोई भी भिक्षु जूता पहन कर न घूमे।

आवास में जूता पहनना पूर्णतः निषिद्ध था। परन्तु पैरों के व्रणित होने पर वहाँ भी जूता पहनना अनुमत था।

मञ्च या पीठ पर चढ़ना हो तो वहाँ तक जाने के लिये जूता पहनना अनुमत था।

साथ ही आवास में अन्धकार होने पर जूता, लाठी एवं दीपक रखना अनुज्ञात था।

७. काठ की पादुकाएँ पहनना निषिद्ध— आवास में खड़ाऊँ पहनना सर्वथा निषिद्ध था; क्योंकि उनकी खट् खट् ध्वनि से आवास की शान्ति भङ्ग होती थी।

ताड़ या बाँस के हरे पत्तों से बनी जूतियाँ भी निषिद्ध थीं; क्योंकि उनसे प्राणिहिंसा तथा जङ्गलों की सुन्दरता नष्ट होती थी।

साथ ही तृण, मूँज एवं खजूर के पत्तों, कमल के पत्तों से बनी पादुकाएँ भिक्षुसङ्घ के लिये निषिद्ध थीं।

सोना, चाँदी, मणि, वैदूर्य, स्फटिक, कांस्य, काच या लाख से बनी पादुकाएँ भी भिक्षुओं के लिये अव्यवहार्य थीं।

शौचालय, मूत्रालय, आचमनस्थल पर जाने के लिये पादुकाओं का प्रयोग अनुमत था; परन्तु ये पादुकाएँ इससे आगे नहीं जाती थीं।

८. भिक्षु को **यान से यात्रा** नहीं करनी होती थी। हाँ, रोगी को यान पर आरोहण की अनुमति थी।

इसी तरह भिक्षु को पालकी पर चढ़ने की अनुमति दी गयी। साथ ही पुरुष के हाथ से चलाये जाते (हत्थवट्टक) यान पर चढ़ने की भी भिक्षु की अनुमति थी।

९. भिक्षु को **उच्चासन** एवं **महाशयनों** का **उपयोग सर्वथा वर्जित** था।

१०. भिक्षु को सिंह, व्याघ्र, द्वीपी, हाथी एवं गौ का चर्म व्यवहार में कथमपि नहीं लेना चाहिये।

११. भिक्षुओं को गृहस्थों के चर्मावनद्ध आसनों पर बैठने की अनुमति थी, उन पर सोने या लेटने की नहीं।

जूता पहन कर गाँव में जाना भिक्षु के लिये निषिद्ध हुआ। रोगी भिक्षु इसका अपवाद था।

१२-१३. अवन्ति प्रदेश के कुरूरघर पर्वत पर साधनारत आयुष्मान् महाकात्यायन को उन्हीं के शिष्य सोणकुटिकर्ण के माध्यम से भगवान् ने पाँच वर दिये; जैसे—
(१) अवन्ति दक्षिणापथ में प्रव्रज्या-उपसम्पदा हेतु भिक्षुओं की गणसङ्ख्या में कमी;
(२) अवन्ति दक्षिणापथ में भिक्षुओं को गृहस्थों के उतरे हुए जूते पहनने की अनुमति;
(३) अवन्ति दक्षिणापथ में भिक्षुओं को प्रतिदिन स्नान की अनुमति;
(४) भिक्षुओं को भेड़, बकरी के चर्मों के प्रयोग की अनुमति; एवं
(५) चीवर के विषय में कुछ और अधिक स्पष्ट निर्देश दिये।

भगवान् सोणकुटिकण्ण से **सुत्तनिपात** के पारायणवग्ग की गाथाएँ सस्वर सुनकर बहुत प्रसन्न हुए॥

*

६. भैषज्यस्कन्धक

१. **पञ्चभैषज्यकथा**— एक समय भगवान् श्रावस्ती के जेतवनाराम साधना हेतु विराजमान थे। उस समय बहुत से भिक्षु शरद्तु में होने वाले कुछ रोगों से पीड़ित थे। इस कारण वे बहुत ही दुर्बल, रूक्ष एवं दुर्वर्ण हो गये। तब भगवान् ने उन रोगी भिक्षुओं को ऐसी पाँच ओषधियाँ बतायीं; जो उनके रोगनिवारण में भी सहायक हुई तथा इनके शरीर को भी स्वस्थ रखने लगीं। जैसे— **घी, मक्खन, तैल, मधु एवं फाणित** (चासनी)।

आगे चलकर कुछ रोगों के प्रतीकार के लिये रींछ, मछली, सूअर आदि की **चर्बी से युक्त ओषधियों का प्रयोग विहित** किया गया।

२. कुछ ऐसी **मूल** (जड़) **ओषधियों** के उपयोग की भी स्वीकृति दी गयी, जिनका प्रयोग रोगावस्था में ही विहित था, स्वस्थावस्था में नहीं; जैसे—हल्दी, अदरख, वच, नागरमोथा, अतीस, चिरायता, कुटकी, खसखस या ऐसी ही अन्य ओषधियाँ।

रोगावस्था में कुछ **ओषधियों के काषाय** (क्राथ) भी स्वीकृत हुए; जैसे— नीम, कुटज, पटोल, प्रग्रव, नक्तमाल।

इन ओषधियों को पीसने हेतु **खरल एवं शिल** रखने की भी अनुमति दी गयी।

कुछ **वृक्षों के पत्ते** भी ओषध माने गये; जैसे—नीम, कुटज, पटोल, तुलसी, कपास तथा ऐसी ही अन्य ओषधियाँ।

कुछ **फल ओषधियाँ**; जैसे— विड़ंग, पिप्पल, हर्रे, बहेड़ा, आँवला आदि।

कुछ **जतु** (गोंद) **ओषधियाँ**; जैसे— हींग आदि।

कुछ **क्षार** (लवण) **ओषधियाँ**; जैसे— समुद्री नमक, काला नमक, सैंधा नमक, खान से निकला नमक एवं विड नमक आदि।

कुछ चूर्ण ओषधियाँ— स्थूल कच्छ (दाद) आदि रोगों में सहायक कुछ ओषधियों का चूर्ण बनाकर उपयोग में लेने की अनुमति दी गयी।

इनके लिये पिसी ओषधियों का छानने के लिये **चालनी** भी अनुमत हुई।

प्रेतबाधानिवृत्ति के लिये कच्चा मांस तथा रक्त भी अनुमत हुआ।

नेत्र अञ्जनों को रखने केलिये **ढक्कनदार पात्रों** की भी स्वीकृति दी गयी। इन अञ्जनों के प्रयोग हेतु **शलाका** (सलाई) भी अनुमत हुई।

मस्तिष्करोगों के लिये नस्य कर्म की अनुमति दी गयी। धूम्रपान की भी अनुमति मिली। धूम्रपान हेतु चिलम रखना भी स्वीकृत हुआ।

वातरागों की निवृत्ति हेतु— कुछ तैलपाकों की अनुमति दी गयी। साथ ही **स्वेदकर्म** एवं **अङ्गोदक** एवं रक्तमोचन की अनुमति दी गयी।

पैरों में **तैलमर्दन** भी वातरोग का शामक माना गया।

शल्य चिकित्सा में उपयोगी साधनों की स्वीकृति दी गयी।

सर्पविष, ग्रहणी रोग, पाण्डुरोग, त्वक्शून्य रोग आदि के लिये विशेष ओषधियाँ स्वीकृत की गयीं।

३. रोगी की परिचर्या के लिये **परिचारक** रखना अनुमत हुआ। उक्त सभी ओषधियों को भिक्षुओं को रोगनिवृत्ति के बाद भी आवश्यक उपयोग की दृष्टि से सप्ताहपर्यन्त अपने पास रखने की अनुमति दी गयी।

४. **गुड़** का यथेच्छ उपयोग (रोगानुसार) करने की अनुमति दी गयी। साथ ही **मूँग** तथा **सिरका** के उपयोग की भी अनुमति मिली।

५. इन ओषधियों को, स्थायी रूप से विहार में रखकर, इनका उपयोग निषिद्ध माना गया।

६. प्रसङ्गवश भगवान् द्वारा भिक्षुओं को निर्जन स्थान होने पर स्वयं फल आदि के ग्रहण तथा भोजन के बाद लाय गये भक्ष्य के ग्रहण की भी अनुमति दी गयी।

७. दूसरे भिक्षु के लिये गृहस्थ द्वारा लाये गये पदार्थ को लेकर रखने की अनुज्ञा देते हुए, तालाब में उत्पन्न चीजों का उपयोग करने की स्वीकृति दी गयी।

८. **गुप्ताङ्गों में शल्यचिकित्सा** में शस्त्रकर्म निषिद्ध किया गया।

९. **मानव-मांस के भक्षण** का सर्वथा निषेध किया गया।

१०. साथ ही हाथी, घोड़ा, कुत्ता, सर्प, सिंह, व्याघ्र, चीता, रींछ, लकड़बग्घा आदि के माँस का प्रयोग भी निषिद्ध किया गया।

११. खिचड़ी एव लड्डू के गुण बताते हुए इन्हें खाने की अनुमति दी गयी। परन्तु इनके लिये एक जगह का निमन्त्रण पाकर दूसरी जगह जाकर लेना निषिद्ध किया गया।

१२. इसी तरह अन्यत्र का निमन्त्रण पाकर अन्यत्र भोजन करना भी निषिद्ध माना गया।

१३. भिक्षुओं को साधारण अवस्था में गुड़मिश्रित जल तथा रुग्णावस्था में गुड़ के उपयोग की अनुमति मिली।

१४. प्रसङ्गवश भगवान् ने पाटलिग्राम के महामात्यों को दुःशील के दुर्गुण तथा सुशील के सद्गुणों का माहात्म्य बताया।

१५. एवं महामात्यों द्वारा कोटिग्राम के निर्माणाधीन नगर-निर्माण की प्रशंसा की।

१६. साथ ही भगवान् ने वहाँ भिक्षुओं को आर्यसत्य का उपदेश किया।

१७. कोटिग्राम में भगवान् को अम्बपाली गणिका का निमन्त्रण।

१८. इस निमन्त्रण से वहाँ के लिच्छविगण को ईर्ष्या हुई।

१९. भगवान् ने सिंह सेनापति को लोक में फैले अपने प्रवाद के शब्दों का वास्तविक अर्थ बताया। तथा भिक्षुओं को त्रिकोटिपरिशुद्ध (अदृष्ट, अश्रुत, एवं अपरिशङ्कित) मत्स्य-मांस के सेवन की ही अनुमति दी।

२०. दुर्भिक्ष काल के नियमों का सुभिक्ष में निषेध किया गया। विहार में वस्तुओं के भाण्डागार की अनुमति। भाण्डागार में साधारण समय में भोजन बनाना तथा उसका उपयोग निषिद्ध।

२१. भद्दिया के मेण्डक गृहपति की भगवान् में श्रद्धा।

२२. **पाँच गोरस** (दूध, दही, मट्ठा, मक्खन एवं घी) के उपयोग की अनुमति। तथा **यात्रा में**— चावल, मूँग, उड़द, नमक, गुड़, तैल, घी आदि साथ रखने की अनुमति।

परन्तु किसी भी दशा में सोना चांदी आदि साथ रखना पूर्णतः निषिद्ध किया गया।

२३. धान्य फल रस को छोड़कर अम्बपान आदि फलरस पानों का, ढाक के पत्तों का रस छोड़कर सभी पत्ररसों का तथा महुआ के पुष्परस को छोड़कर सभी पुष्परसों का उपयोग अनुमत माना गया।

२४. खाने योग्य पौधों का सलाद एव आटे के लड्डू खाना अनुमोदित हुआ।

२५. प्रव्रजित को अकरणीय के करने का निषेध किया गया।

२६. सभी फलों को खाने योग्य माना गया।

२७. विहार की भूमि के पास बोये अन्न का दशम भाग भूस्वामी को देकर ही उसका उपयोग।

२८. करणीय तथा अकरणीय के विषय में चार सिद्धान्त घोषित किये गये।

*

७. कठिन स्कन्धक

१. भगवान् बुद्ध श्रावस्ती के जेतवन में साधना हेतु विराजमान थे। उस समय कुछ पावेयक भिक्षु वर्षावास कर 'कठिन' की प्रतीक्षा न कर भगवान् के दर्शन हेतु जेतवन में आये। भगवान् ने उनसे कुशल मङ्गल पूछते हुए सच्चाई जानकर उन्हें आदेश दिया— "**वर्षावास कर चुके भिक्षुओं को 'कठिन'** (सङ्घ की सम्पत्ति से सम्मान

प्रदर्शन हेतु भिक्षु को दिया गया वस्त्र) **धारण करना चाहिये।**" साथ ही कठिन-धारकों के लिये ये पाँच नियम घोषित किये—

१. विना आमन्त्रण के विचरना, २. विना तीनों चीवरों को लिये विचरना,

३. गण के साथ भोजन करना, ४. इच्छानुसार 'चीवर' लेना,

५. 'चीवर' मिलते समय उपस्थित का ही चीवर माना जायगा।

इसके बाद कठिन के **प्रसारण** (लेकर पहनना) तथा **अप्रसारण** (लेकर रख देना), **लेकर**, (आदाय), **ठीक से लेकर** (समादाय) आदि के यथानुरूप सप्तक एवं षट्क आदि भेदों का विस्तार किया, जो जिज्ञासु को ग्रन्थ में ही द्रष्टव्य है।

*

८. चीवरस्कन्धक

इस स्कन्धक के प्रारम्भ में राजवैद्य जीवक कौमारभृत्य का विस्तृत जीवनचरित्र दिया गया है। यह जीवक जब कुशल चिकित्सक हो गया तब इसने बुद्ध एवं सङ्घ की भी चिकित्सा आरम्भ की। एक बार भगवान् उदररोग से पीड़ित हुए तो जीवक ने उनको तीस विरेचन कराये। जब वे स्वस्थ हो गये तो जीवक ने उनको मँहगा, शिवि देश का बना दुशाला भेंट किया।

सङ्घ की स्थापना से अब तक सभी भिक्षुजन गृहस्थों द्वारा परित्यक्त, गलियों में फेंके पुराने कपड़ों को ही धोकर उनको चीवर के रूप में पहनते थे। जीवक के स्नेहमय आग्रह पर भगवान् ने **नये वस्त्रों के चीवर पहनने की अनुमति दी।** तथा स्वयं भी वह दुशाला स्वीकार किया।

इसके बाद तो भिक्षु पहनने ओढ़ने के विविध वस्त्र गृहस्थों से स्वीकार करने लगे। परन्तु इन नये वस्त्रों के साथ, पुराने चिथड़ों से बने चीवरों की भी अनुमति थी।

इन गृहस्थों द्वारा प्रदत्त चीवरों के भिक्षुओं को विभाजन हेतु भगवान् ने नियम बनाये। इनके लिये सर्वप्रथम 'चीवरसंरक्षक' की नियुक्ति (भिक्षुओं में से ही) की गयी। फिर चीवरों के रख-रखाव के लिये भाण्डागारों की स्थापना हुई। चीवरों के भिक्षुओं मे बँटवारे के विस्तृत नियम बनाये गये।

चीवरों को रङ्गने के तथा चीवरों की सिलाई के नियम भी घोषित हुए।

इस तरह भिक्षुओं का चीवरों के प्रति राग बढ़ता हुआ देखकर भगवान् ने सङ्घ में पुन: त्रिचीवर ही पहनने का प्रतिबन्ध लगा दिया। अतिरिक्त चीवर, कोई भी भिक्षु, दश दिन तक ही अपने पास रख सकता था।

भिक्षुओं के प्रति विशाखा उपासिका का स्नेहमय आग्रह देखकर, भगवान् ने भिक्षुओं को भोजन एवं वस्त्र में आठ सुविधाएँ दीं। इन आठों सुविधाओं की व्यवस्था, श्रावस्ती में आने वाले सभी भिक्षुओं के लिये विशाखा मृगारमाता की तरफ से थी। वे आठ सुविधाएँ ये थीं— (१) वर्षा ऋतु में पहनने के लिये धोती, (२) नवागन्तुकों को विशाखा के घर पर भोजन, (३) श्रावस्ती से जाने वाले भिक्षुओं को पाथेय, (४) रोगी

भिक्षु को पथ्य, (५) रोगी के परिचारक को भोजन, (६) रोगी को औषध, (७) प्रतिदिन प्रातःकाल यागु, (८) तथा भिक्षुणीसङ्घ को उदकशाटी (मासिक धर्म के समय उपयोज्य वस्त्र)।

भिक्षुओं के लिये शयनसम्बन्धी नियम बनाये गये।

चीवरों तथा अन्य वस्त्रों की अनिवार्य उपयोगविधि प्रसारित की गयी।

सङ्घ के लिये मिले चीवर की विभाजनविधि निश्चित की गयी। विभिन्न वस्त्रों के उपयोग की विधि बतायी गयी।

सङ्घ के लिये प्रदत्त चीवर पर, जब तक 'कठिन' न मिल जाय तब तक उस वर्षावासी भिक्षु का ही अधिकार घोषित किया गया।

ऐसे चीवर सङ्घ के सम्मुख ही वितरित किये जाने आवश्यक बताये गये।

वर्षावास से अतिरिक्त स्थान में प्राप्त चीवर में अंशविभाजन निषिद्ध किया गया।

एतदनन्तर रोगी भिक्षु की सेवाविधि विस्तार से वर्णित है। मृत रोगी भिक्षु या श्रामणेर की वस्तुओं पर सङ्घ का आधिपत्य माना गया।

भिक्षु का नग्न रहना सर्वथा निषिद्ध कर दिया गया।

साथ ही चीवर के स्थान पर कुश चीर आदि का धारण भी निषिद्ध कर दिया।

सर्वथा नीले-पीले रङ्गों से रङ्गे वस्त्रों का प्रयोग भी निषिद्ध हो गया।

वर्षावासिकों द्वारा न लिये चीवरों का क्या उपयोग हो?— यह भी बताया गया।

सङ्घभेद के बाद मिले चीवर की व्यवस्था, तथा दूसरे के लिये भेजे गये चीवर के विषय में निर्णय किया गया।

अन्त में चीवर के विषय में आठ मातृकाएँ चीवर के निर्णय हेतु घोषित की गयीं।

❋

९. चाम्पेयस्कन्धक

इस स्कन्ध का आरम्भ काश्यपगोत्र नामक भिक्षु के क्रियाकलाप से आरम्भ होता है। वह अपने आवास पर आये किसी भी श्रमण को बहुत ही स्नेह-व्यवहार देते हुए चाय, जलपान, भोजन, शयनासन की सभी सुखसुविधाएँ देता था। इन सुविधाओं के मिलने से कुछ भिक्षु ऐसे आये जो बहुत दिन यहाँ ठहर गये और अन्त में उस काश्यपगोत्र भिक्षु को ही आवास से निकाल दिया। वह इस व्यवहार से दुःखी होकर भगवान् के सम्मुख गया। और उनको समस्त घटना सुना दी। तब भगवान् ने सङ्घ के सम्मुख निर्णय दिया— "निरपराध एवं निर्दोष भिक्षु को अकारण या विना किसी घटना के उत्क्षेपणीय दण्ड (निष्कासन) नहीं देना चाहिये।"

फिर इसी क्रम में भिक्षुओं द्वारा अधर्मपूर्वक तथा धर्मपूर्वक किये गये निर्णयों का विभाजन किया गया।

साथ ही निर्णायकसङ्घों का वर्गीकरण कर उनके निर्णयों एवं अधिकारों की व्याख्या की गयी।

एतदनन्तर उन सङ्घों की कार्यपद्धति बतायी गयी।

अन्त में आयुष्मान् उपालि के एतद्विषयक प्रश्नों का उत्तर दिया गया।

*

१०. कौशाम्बिकस्कन्धक

भगवान् बुद्ध जब कौशाम्बी के घोषिताराम में साधनाहेतु विराजमान थे, उसी समय किसी भिक्षु की किसी आपत्ति (दोष) को लेकर वहाँ के भिक्षुसङ्घ में गम्भीर विवाद उठ खड़ा हुआ। भगवान् मध्यस्थ के रूप में वहाँ पहुँचे। भगवान् ने, सङ्घ की एकता के नाम पर, दोनों पक्षों को बहुत समझाया; इस एकता के प्रसङ्ग में **दीघावुजातक** की प्राचीन कथा भी सुनायी; परन्तु भगवान् द्वारा इस तरह समझाने-बुझाने का भी उन दोनों पक्षों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इस सङ्घभेद से भगवान् को बहुत कष्ट हुआ।

यों, सङ्घ की इस फूट से दुःखी होकर भगवान् ने घोषिताराम छोड़ दिया और वे अकेले ही पारिलेय्यक वन में जाकर साधना में रत हो गये। उसी समय अपने साथियों के व्यवहार से दुःखी हो कर एकान्त खोजता हुआ एक गजराज भी वहाँ आया। इस अवसर पर उसने, एक मनुष्य-अनुचर की तरह, भगवान् की सेवा की। अन्त में आयुष्मान् आनन्द वहाँ आये और भगवान् को श्रावंस्ती के जेतवनाराम में ले गये।

कुछ समय बाद कौशाम्बी के भिक्षु वहाँ के नागरिकों द्वारा अपमानित होकर सही मार्ग पर आ गये और वे लज्जित होकर श्रावस्ती आये। उन्होंने स्वकृत सङ्घभेद के लिये प्रायश्चित्त करते हुए भगवान् से क्षमायाच्ञा की। कृपालु भगवान् ने भी सङ्घ में सामग्री (एकता) का उपदेश करते हुए उनको क्षमा कर दिया।

अन्त में भगवान् ने आयुष्मान् उपालि द्वारा 'सङ्घसामग्री' के विषय में पूछे गये प्रश्नों का भी उचित समाधान किया॥

'महावग्ग' ग्रन्थ का सार-संक्षेप समाप्त॥

*

INTRODUCTION

1. THE COUNCILS : TIPIṬAKA COMPILED

उट्ठेहि वीर विजितसङ्गाम सत्थवाह अनण विचर लोके।
देसस्सु भगवा धम्मं अञ्ञातारो भविस्सन्ती''॥ ति॥

दुतियं पि खो भगवा ब्रह्मानं सहम्पतिं एतदवोच— ''मय्हं पि खो, ब्रह्मे, एतदहोसि—'अधिगतो खो म्यायं गम्भीरो दुद्दसो दुरनुबोधो सन्तो पणीतो अतक्कावचरो निपुणो पण्डितवेदनीयो। आलयरामा खो पनायं पजा आलयरता आलयसम्मुदिता। आलयरामाय खो पन पजाय आलयरताय आलयसम्मुदिताय दुद्दसं इदं ठानं यदिदं इदप्पच्चयतापटिच्चसमुप्पादो; इदं पि खो ठानं सुदुद्दसं यदिदं सब्बसङ्खारसमथो सब्बूपधिपटिनिस्सग्गो तण्हक्खयो विरागो निरोधो निब्बानं। अहं चेव खो पन धम्मं देसेय्यं, परे च मे न आजानेय्युं, सो ममस्स किलमथो, सा ममस्स विहेसा' ति। अपिस्सु मं, ब्रह्मे, इमा अनच्छरिया गाथायो पटिभंसु पुब्बे अस्सुतपुब्बा—

'किच्छेन मे अधिगतं हलं दानि पकासितुं। [N.9]
रागदोसपरेतेहि नायं धम्मो सुसम्बुधो॥
पटिसोतगामिं निपुणं गम्भीरं दुद्दसं अणुं।
रागरत्ता न दक्खन्ति तमोखन्धेन आवुटा'॥ ति॥

इति ह मे, ब्रह्मे, पटिसञ्चिक्खतो अप्पोस्सुकताय चित्तं नमति, नो धम्म- [B.9]
देसनाया'' ति।

ततियं पि खो ब्रह्मा सहम्पति भगवन्तं एतदवोच—''देसेतु, भन्ते, भगवा धम्मं, देसेतु सुगतो धम्मं। सन्ति सत्ता अप्परजक्खजातिका, अस्सवनता धम्मस्स परिहायन्ति, भविस्सन्ति धम्मस्स अञ्ञातारो'' ति। इदमवोच ब्रह्मा सहम्पति, इदं वत्वान अथापरं एतदवोच—

''पातुरहोसि मगधेसु पुब्बे धम्मो असुद्धो समलेहि चिन्तितो।
अपापुरेतं अमतस्स द्वारं सुणन्तु धम्मं विमलेनानुबुद्धं॥
''सेले यथा पब्बतमुद्धनिट्ठितो यथापि पस्से जनतं समन्ततो।

तथा दुःखप्रद ही होगा।...अज्ञानान्धकारावृत्त जनता कहाँ समझ पायगी! यों चिन्तन करते हुए मुझको धर्मोपदेश के प्रति उपेक्षा ही हुई, मेरा उत्साह नहीं बढ़ा।''

दूसरी बार भी ब्रह्मा सहम्पति ने भगवान् से निवेदन किया—....पूर्ववत्....।

दूसरी बार भगवान् ने भी सहम्पति ब्रह्मा को बताया—. ..पूर्ववत्.....।

तीसरी बार भी ब्रह्मा सहम्पति ने भगवान् से निवेदन किया—....पूर्ववत् .. ।

तथूपमं धम्ममयं, सुमेध, पासादमारुय्ह समन्तचक्खु॥
"सोकावतिण्णं जनतमपेतसोको अवेक्खस्सु जातिजराभिभूतं।
उट्ठेहि वीर विजितसङ्गाम सत्थवाह, अनण विचर लोके।
देसस्सु भगवा धम्मं अञ्ञातारो भविस्सन्ती'॥ ति॥

९. अथ खो भगवा ब्रह्मुनो च अज्झेसनं विदित्वा सत्तेसु च कारुञ्ञतं पटिच्च बुद्धचक्खुना लोकं वोलोकेसि। अद्दसा खो भगवा बुद्धचक्खुना लोकं वोलोकेन्तो सत्ते अप्परजक्खे महारजक्खे तिक्खिन्द्रिये मुदिन्द्रिये स्वाकारे द्वाकारे सुविञ्ञापये दुविञ्ञापये, अप्पेकच्चे परलोकवज्जभयदस्साविनो विहरन्ते, अप्पेकच्चे न परलोकवज्जभयदस्साविनो विहरन्ते। सेय्यथापि नाम उप्पलिनियं वा पदुमिनियं वा पुण्डरीकिनियं वा अप्पेकच्चानि
[B.10] उप्पलानि वा पदुमानि वा पुण्डरीकानि वा उदके जातानि उदके संवड्ढानि उदका-
[N.10] नुग्गतानि अन्तोनिमुग्गपोसीनि, अप्पेकच्चानि उप्पलानि वा पदुमानि वा पुण्डरीकानि वा उदके जातानि उदके संवड्ढानि समोदकं ठितानि, अप्पेकच्चानि उप्पलानि वा पदुमानि वा पुण्डरीकानि वा उदके जातानि उदके संवड्ढानि उदका अच्चुग्गम्म ठितानि अनुपलित्तानि
[R.7] उदकेन; एवमेवं भगवा बुद्धचक्खुना लोकं वोलोकेन्तो अद्दस सत्ते अप्परजक्खे महारजक्खे तिक्खिन्द्रिये मुदिन्द्रिये स्वाकारे द्वाकारे सुविञ्ञापये दुविञ्ञापये, अप्पेकच्चे परलोक-वज्जभयदस्साविनो विहरन्ते, अप्पेकच्चे न परलोकवज्जभयदस्साविनो विहरन्ते; दिस्वान ब्रह्मानं सहम्पतिं गाथाय अज्झभासि—

"अपारुता तेसं अमतस्स द्वारा ये सोतवन्तो पमुञ्चन्तु सद्धं।
विहिंससञ्ञी पगुणं न भासिं धम्मं पणीतं मनुजेसु ब्रह्मे"॥ ति॥

---

९. तब भगवान् ने ब्रह्मा सहम्पति के हार्दिक आशय को समझकर प्राणियों पर दया दिखाते हुए बुद्धचक्षु (ज्ञानचक्षु) से लोक पर दृष्टिपात किया। ऐसा करते हुए भगवान् ने देखा कि लोक में कुछ प्राणी अल्प चित्तविकार वाले हैं तो कुछ अधिक चित्तविकार वाले। कोई मृदु इन्द्रिय वाले तो कुछ तीक्ष्ण इन्द्रिय वाले, कोई सरल स्वभाव वाले तो कोई दुष्ट स्वभाव वाले, कोई कृत उपदेश को सरलता से समझने वाले, या कोई कठिनता से समझने वाले थे। उनमें कुछ ऐसे भी प्राणी थे जो परलोक (नरक के दण्ड) से भय मानकर यथाशक्ति सदाचाररत रहते थे, कुछ लोगों को परलोक से कोई भय ही न था। जैसे उत्पलसमुदाय, पद्मसमुदाय या पुण्डरीकसमुदाय वाली पुष्करिणियों में कितने ही उत्पल, पद्म या पुण्डरीक जल में उत्पन्न हुए, जल में बंधे हुए जल से बाहर न निकलकर जल में डूबे हुए ही पोषित होते रहते हैं तो कुछ जल में उत्पन्न होकर तथा जल में सम्पृक्त रहते हुए उदक के समान ही रहते हुए पोषित होते हैं। तथा कोई कोई उत्पल पद्म या पुण्डरीक उदक में उत्पन्न तथा उदक से सम्पृक्त रहकर भी उदक से बहुत ऊपर निकल कर (उदक से अलिप्त रहकर) खड़े होते हैं। इसी तरह भगवान् ने अपने ज्ञानचक्षु से लोक को देखा जहाँ कुछ प्राणी अल्प चित्तविकार....पूर्ववत्....यथाशक्ति सदाचाररत थे...भय न था। उन्हें देखकर भगवान् ने ब्रह्मा सहम्पति को यह आश्वासन दिया—

"हे ब्रह्मन्! उन लोगों के लिये अब अमृतद्वार खुल गया ही समझो, जो कान (ध्यान) लगाकर मेरे उपदेशों को सुनेंगे और मुझ पर श्रद्धा की वर्षा करते रहेंगे। मैं तो (पहले) अपने लिये होने वाले वृथा कष्ट को ध्यान में रख कर ही प्राणियों को इस उत्तम धर्म का उपदेश न करने की बात कह रहा था।"

अथ खो ब्रह्मा सहम्पति "कतावकासो खोम्हि भगवता धम्मदेसनाया" ति भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायि॥

ब्रह्मयाचनकथा निट्ठिता॥

६. पञ्चवग्गियकथा

१०. अथ खो भगवतो एतदहोसि—"कस्स नु खो अहं पठमं धम्मं देसेय्यं? को इमं धम्मं खिप्पमेव आजानिस्सती" ति? अथ खो भगवतो एतदहोसि—"अयं खो **आळारो कालामो** पण्डितो ब्यत्तो मेधावी दीघरत्तं अप्परजक्खजातिको; यन्नूनाहं आळारस्स कालामस्स पठमं धम्मं देसेय्यं, सो इमं धम्मं खिप्पमेव आजानिस्सती" ति। अथ खो अन्तरहिता देवता भगवतो आरोचेसि—"सत्ताहकालङ्कतो आळारो कालामो" ति। अथ खो भगवतो [B.11] एतदहोसि— "महाजानियो खो आळारो कालामो; सचे हि सो इमं धम्मं सुणेय्य, खिप्पमेव आजानेय्या" ति। (१)

अथ खो भगवतो एतदहोसि—"कस्स नु खो अहं पठमं धम्मं देसेय्यं? को इमं धम्मं खिप्पमेव आजानिस्सती" ति? अथ खो भगवतो एतदहोसि—"अयं खो **उद्दको रामपुत्तो** पण्डितो ब्यत्तो मेधावी दीघरत्तं अप्परजक्खजातिको; यन्नूनाहं उद्दकस्स रामपुत्तस्स पठमं धम्मं देसेय्यं, सो इमं धम्मं खिप्पमेव आजानिस्सती" ति। अथ खो अन्तरहिता देवता भगवतो आरोचेसि—"अभिदोसकालङ्कतो, भन्ते, उद्दको रामपुत्तो" ति। भगवतो पि खो ञाणं उदपादि—"अभिदोसकालङ्कतो उद्दको रामपुत्तो" ति।अथ खो भगवतो एतदहोसि—

तब ब्रह्मा सहम्पति ने भगवान् से उक्त आश्वासन पाकर समझ लिया कि भगवान् ने प्राणियों को धर्मोपदेश करने की स्वीकृति दे दी। अतः वे भगवान् को प्रणाम-प्रदक्षिणा कर वहीं अन्तर्हित हो गये।

ब्रह्मयाचनकथा समाप्त।।

६. पञ्चवर्गीयकथा

१०. तब भगवान् के मन में यह विचार आया—"मैं किस (अधिकारी जिज्ञासु) को सर्वप्रथम धर्मोपदेश करूँ जो इसे तत्काल (क्षिप्र) ही समझ ले।" फिर भगवान् को ध्यान आया कि "यह **आडार कालाम** तो पण्डित, व्यक्त (समझदार), चतुर, मेधावी एवं बहुत समय से निर्मलचित्त है, तो क्यों न मैं सर्वप्रथम आडार कालाम को ही इस धर्म की देशना करूँ; वह इसे तत्काल समझने की क्षमता रखता है!" उस समय किसी अप्रकट देवता ने भगवान् को बताया—"भन्ते! अभी एक सप्ताह पूर्व ही आडार कालाम का देहावसान हो चुका है।" यह सुनकर भगवान् को विचार हुआ "आडार कालाम बहुत विद्वान् था। वह यदि इस धर्म को सुनता तो बहुत शीघ्र हृदयङ्गम कर लेता।" (१)

तब भगवान् को मन में यह हुआ—"अब मैं किस को सर्वप्रथम इस धर्म की देशना करूँ....यह **उद्दक रामपुत्र** भी पण्डित, व्यक्त (सुलझे विचारों वाला), मेधावी एवं बहुत समय से निर्मलचित्त है, यदि इस उद्दकरामपुत्र को ही सर्वप्रथम इस धर्म की देशना की जाय तो वह भी इसे शीघ्र ही समझ सकता है।" तब फिर किसी अप्रकट देवता ने भगवान् को बताया—"उद्दक रामपुत्र का देहपात भी विगत सन्ध्या में ही हो चुका है।" साथ ही साथ भगवान् के भी ध्यान में आ गया कि "उद्दक रामपुत्त का देहावसान तो विगत सन्ध्या में ही हो चुका है।" तब भगवान् ने सोचा—"उद्दक

"महाजानियो खो उद्दको रामपुत्तो; सचे हि सो इमं धम्मं सुणेय्य, खिप्पमेव आजानेय्या" ति। (२)

अथ खो भगवतो एतदहोसि—"कस्स नु खो अहं पठमं धम्मं देसेय्यं? को [N.11] इमं धम्मं खिप्पमेव आजानिस्सती" ति? अथ खो भगवतो एतदहोसि—"बहूपकारा खो मे **पञ्चवग्गिया भिक्खू**, ये मं पधानपहितत्तं उपट्ठहिंसु; यन्नूनाहं पञ्चवग्गियानं भिक्खूनं [R.8] पठमं धम्मं देसेय्यं" ति। अथ खो भगवतो एतदहोसि—"कहं नु खो एतरहि पञ्चवग्गिया भिक्खू विहरन्ती" ति? अद्दसा खो भगवा दिब्बेन चक्खुना विसुद्धेन अतिक्कन्तमानुसकेन पञ्चवग्गिये भिक्खू बाराणसियं विहरन्ते इसिपतने मिगदाये। अथ खो भगवा उरुवेलायं यथाभिरन्तं विहरित्वा येन बाराणसी तेन चारिकं पक्कामि। (३)

११. अद्दसा खो **उपको** आजीवको भगवन्तं अन्तरा च गयं अन्तरा च बोधिं अद्धानमग्गप्पटिपन्नं, दिस्वान भगवन्तं एतदवोच—"विप्पसन्नानि खो ते, आवुसो, इन्द्रियानि, परिसुद्धो छविवण्णो परियोदातो। कं सि त्वं, आवुसो, उद्दिस्स पब्बजितो? को वा ते सत्था? कस्स वा त्वं धम्मं रोचेसी" ति? एवं वुत्ते भगवा **उपकं** आजीवकं गाथाहि अज्झभासि—

[B.12] "सब्बाभिभू सब्बविदूहमस्मि सब्बेसु धम्मेसु अनूपलित्तो।
सब्बञ्जहो तण्हक्खये विमुत्तो सयं अभिञ्ञाय कमुद्दिसेय्यं॥
"न मे आचरियो अत्थि सदिसो मे न विज्जति।
सदेवकस्मिं लोकस्मिं नत्थि मे पटिपुग्गलो॥
"अहं हि अरहा लोके अहं सत्था अनुत्तरो।

रामपुत्र भी अत्यधिक बुद्धिमान् था, यदि वह इस धर्म को सुनता तो वह भी इस धर्म को शीघ्र समझने की क्षमता रखता था।" (२)

तब भगवान् के मन में यह विचार उठा—"अब मैं किसे सर्वप्रथम धर्मोपदेश करूँ....।" तब भगवान् को यह ध्यान आया कि **पञ्चवर्गीय भिक्षुओं** ने मेरा बहुत साथ दिया था, उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं को यदि मैं प्रथम धर्मदेशना करूँ तो वे भी इसे शीघ्र समझने की योग्यता रखते हैं।" भगवान् उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं के वर्तमान वास के विषय में ध्यान करने लगे तो उन्हें अपने अलौकिक ज्ञानचक्षु द्वारा ज्ञात हुआ कि वे इस समय वाराणसी के पास ऋषिपतन (सारनाथ) मृगदाव में साधनारत हैं। तब भगवान् उरुवेला में यथाभीष्ट साधना करने के बाद वाराणसी की ओर चारिकाहेतु चल पड़े। (३)

११. **उपक** नामक आजीवक ने भगवान् को गया और बोधिप्राप्तिस्थान के बीच मार्ग में चलते देखा। भगवान् को देखकर वह बोला—"आयुष्मन्! तुम्हारी इन्द्रियाँ प्रसन्न एवं उदार लग रही हैं! तुम्हारे शरीर की कान्ति भी परिशुद्ध तथा उज्ज्वल है! तुम किसको गुरु मानकर प्रव्रजित हुए हो! तुम्हारा गुरु कौन है? तुम किसका धर्म स्वीकार कर साधना कर रहे हो?" ऐसा पूछे जाने पर, भगवान् ने उपक आजीवक को इन गाथाओं के माध्यम से उत्तर दिया—

"मैं सबको पराजित करने वाला तथा सर्वज्ञ हूँ एवं सभी धर्मों से निर्लिप्त हूँ। मैं सर्वत्यागी होकर अपनी भवतृष्णाओं को क्षीण कर डालने के कारण विमुक्त हो चुका हूँ। मैं तो स्वयं ज्ञान का साक्षात्कार कर यहाँ तक पहुँचा हूँ। अतः मैं किसको अपना गुरु बताऊँ!!

एकोम्हि सम्मासम्बुद्धो सीतिभूतोस्मि निब्बुतो॥
"धम्मचक्कं पवत्तेतुं गच्छामि कासिनं पुरं।
अन्धीभूतस्मिं लोकस्मिं आहञ्छं अमतदुन्दुभिं"॥ ति॥

"यथा खो त्वं, आवुसो, पटिजानासि, अरहसि अनन्तजिनो" ति।

"मादिसा वे जिना होन्ति ये पत्ता आसवक्खयं।
जिता मे पापका धम्मा तस्माहमुपक जिनो"॥ ति॥

एवं वुत्ते **उपको** आजीवको "हुवेय्यावुसो" ति वत्वा, सीसं ओकम्पेत्वा, उम्मग्गं गहेत्वा पक्कामि। (४)

१२. अथ खो भगवा अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन वाराणसी इसिपतनं मिगदायो, येन **पञ्चवग्गिया भिक्खू** तेनुपसङ्कमि। अद्दसंसु खो पञ्चवग्गिया भिक्खू भगवन्तं दूरतो व आगच्छन्तं; दिस्वान अञ्ञमञ्ञं कतिकं सण्ठपेसुं—"अयं, आवुसो, समणो गोतमो [R.9] आगच्छति, बाहुल्लिको पधानविब्भन्तो आवत्तो बाहुल्लाय। सो नेव अभिवादेतब्बो, [N.12] न पच्चुट्ठातब्बो, नास्स पत्तचीवरं पटिग्गहेतब्बं; अपि च खो आसनं ठपेतब्बं, सचे सो आकङ्खिस्सति निसीदिस्सती" ति। यथा यथा खो भगवा पञ्चवग्गिये भिक्खू उपसङ्कमति, तथा तथा ते पञ्चवग्गिया भिक्खू नासक्खिंसु सकाय कतिकाय सण्ठातुं। असण्ठहन्ता [B.13]

"मेरा कोई गुरु नहीं है। इस संसार में मेरे समान कोई नहीं है। देवताओं सहित इस लोक में मेरा प्रतियोगी (समानता रखने वाला) अन्य कोई नहीं।।

"मैं ही संसार में ज्ञानी हूँ। मैं ही श्रेष्ठ उपदेशक हूँ। मैं ही एकाकी सम्यक्सम्बुद्ध बनकर शान्ति तथा निर्वाण प्राप्त कर सका हूँ।।

"मैं धर्म का चक्र चलाने (धर्म को सब तरफ फैलाने) के लिये काशी नगरी की तरफ जा रहा हूँ। (वहाँ जाकर) अविद्या के कारण अन्धे से हुए इस लोक में अमृत (निर्वाण) का नगाड़ा (दुन्दुभि) बजाऊँगा।।"

(उपक बोला—) "आयुष्मन्! तुम तो ऐसा कह रहा हो मानो तुम ही अनन्त जिन (विजयी बुद्ध) हो!"

(भगवान् बोले—) "मेरे ही जैसे लोग 'जिन' हुआ करते हैं जिनके चित्तमल (आश्रव) क्षीण हो चुके हैं।

उपक! मैंने अपने सभी पापमय अकुशल धर्मों को जीत लिया है (विनष्ट कर दिया है). अतः मैं ही 'जिन' हूँ'।।

भगवान् द्वारा यह उत्तर दिये जाने पर, वह उपक आजीवक "होगे तुम वैसे, आयुष्मन्!"— यह कहकर, उपेक्षापूर्वक शिर हिलाते हुए पुनः अपने रास्ते आगे चल दिया।

१२. तब भगवान् क्रमशः चारिका करते हुए, जहाँ वाराणसी (के पास) ऋषिपतन मृगदाव (मृगारण्य) था, जहाँ पञ्चवर्गीय भिक्षु (साधनारत) थे वहाँ, पहुँचे। पञ्चवर्गीय भिक्षुओं ने भगवान् को आते हुए दूर से ही देख लिया। देखकर उन पाँचों ने परस्पर मन्त्रणा (कतिका) की—"यह साधना से पतित हुआ, कभी इधर या उधर की साधनाओं में मन लगाने वाला (=बाहुल्लिक), एवं वास्तविक साधना से विरत होकर अब भी इधर उधर की साधनाओं में ही लगा रहने वाला श्रमण गौतम आ रहा है। न हमें इसका अभिवादन करना है, न प्रत्युत्थान और न आने पर आगे बढ़कर (आदरवश) इसका

भगवन्तं पच्चुग्गन्त्वा एको भगवतो पत्तचीवरं पटिग्गहेसि, एको आसनं पञ्ञापेसि, एको पादोदकं, एको पादपीठं, एको पादकठलिकं उपनिक्खिपि। निसीदि भगवा पञ्ञत्ते आसने; निसज्ज खो भगवा पादे पक्खालेसि। अपिस्सु भगवन्तं नामेन च आवुसोवादेन च समुदाचरन्ति। एवं वुत्ते भगवा पञ्चवग्गिये भिक्खू एतदवोच—"मा, भिक्खवे, तथागतं नामेन च आवुसोवादेन च समुदाचरथ। अरहं, भिक्खवे तथागतो सम्मासम्बुद्धो; ओदहथ, भिक्खवे, सोतं, अमतमधिगतं, अहमनुसासामि, अहं धम्मं देसेमि। यथानुसिट्ठं तथा पटिपज्जामाना न चिरस्सेव—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठे व धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरिस्सथा" ति।

एवं वुत्ते पञ्चवग्गिया भिक्खू भगवन्तं एतदवोचुं—"ताय पि खो त्वं, आवुसो गोतम, चरियाय, ताय पटिपदाय, ताय दुक्करकारिकाय नेवज्झगा उत्तरिमनुस्सधम्मं अलमरियञाणदस्सनविसेसं, किं पन त्वं एतरहि, बाहुल्लिको पधानविब्भन्तो आवत्तो बाहुल्लाय, अधिगमिस्ससि उत्तरिमनुस्सधम्मं अलमरियञाणदस्सनविसेसं" ति? एवं वुत्ते भगवा पञ्चवग्गिये भिक्खू एतदवोच—"न, भिक्खवे, तथागतो बाहुल्लिको, न पधानविब्भन्तो, न आवत्तो बाहुल्लाय; अरहं, भिक्खवे, तथागतो सम्मासम्बुद्धो। ओदहथ, भिक्खवे, सोतं, अमतमधिगतं, अहमनुसासामि, अहं धम्मं देसेमि। यथानुसिट्ठं तथा पटिपज्जमाना नचिरस्सेव—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरिस्सथा" ति।

पात्र चीवर ही लेना है। केवल एक आसन बिछा दें, उस पर इसे बैठना होगा तो बैठेगा।" परन्तु जैसे जैसे भगवान् समीप आते गये वैसे वैसे वे पञ्चवर्गीय भिक्षु अभी पीछे स्थिर की गयी मन्त्रणा पर स्थिर नहीं रह सके और (अन्त में भगवान् के उस आश्रम पर पहुँच जाने पर) एक ने (आदरवश) भगवान् का पात्र–चीवर उनके हाथ से लिया, एक ने उनके लिये आसन बिछाया, एक ने पैर धोने के लिये जल तथा पैर रखने का पीढ़ा एवं पैर रगड़ने की लकड़ी पास लाकर रख दी। भगवान् बिछे आसन पर बैठे, बैठकर भगवान् ने अपने पैर धोये। परन्तु उस समय भी वे लोग भगवान् को उनके पैतृक नाम तथा 'आयुष्मन्' कहकर ही सम्बोधित कर रहे थे। यह सुनकर भगवान् ने उनसे कहा—"भिक्षुओ! तथागत को पैतृक नाम तथा 'आयुष्मन्' कहकर सम्बोधन नहीं करना चाहिये। भिक्षुओ! मैं अर्हत् (ज्ञानी) सम्यक्सम्बुद्ध हो चुका हूँ। भिक्षुओ! ध्यान दो, अपना चित्त इधर लगाओ! मैंने जिस 'अमृत' को पा लिया है उसे मैं तुम्हें बताऊँगा, मैं तुम्हें उस धर्म की देशना करूँगा। इस देशना के अनुसार आचरण करने पर, जिसके लिये कुलपुत्र घर से बेघर होकर प्रव्रजित होते हैं उस अनुपम ब्रह्मचर्य–(धर्मसाधना)सीमा को इसी जन्म में शीघ्र ही स्वयं जानकर, साक्षात्कार कर, उसे अधिगत कर साधना का फल प्राप्त कर सकोगे।"

ऐसा कहे जाने पर उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं ने उत्तर दिया—"आयुष्मन् गौतम! जब तुम उस साधना के, उस धारणा के, उस दुष्कर तपस्या के करने पर भी आर्यों के ज्ञानदर्शन की परा काष्ठा की विशेषता या उत्तरमनुष्य धर्म (दिव्यशक्ति) नहीं प्राप्त कर सके तो फिर अब साधनाभ्रष्ट होकर, इधर उधर की साधनाओं में मन लगाकर तुम उस आर्यज्ञानदर्शन की परा काष्ठा युक्त उत्तरमनुष्य धर्म को क्या प्राप्त कर पाये होगे!" यह सुनकर भगवान् ने कहा—"भिक्षुओ! तथागत इधर उधर की

दुतियं पि खो पञ्चवग्गिया भिक्खू भगवन्तं एतदवोचुं....पे०....। दुतियं पि खो भगवा पञ्चवग्गिये भिक्खु एतदवोच....पे०...। ततियं पि खो पञ्चवग्गिया भिक्खू भगवन्तं एतदवोचुं—"ताय पि खो त्वं, आवुसो गोतम, चरियाय, ताय पटिपदाय, ताय दुक्करकारिकाय नेवज्झगा उत्तरिमनुस्सधम्मं अलमरियञाणदस्सनविसेसं, किं पन त्वं एतरहि, [R.10] बाहुल्लिको पधानविब्भन्तो आवत्तो बाहुल्लाय, अधिगमिस्ससि उत्तरिमनुस्सधम्मं [B.14] अलमरियञाणदस्सनविसेसं" ति? एवं वुत्ते भगवा पञ्चवग्गिये भिक्खू एतदवोच— "अभिजानाथ मे तुम्हे, भिक्खवे, इतो पुब्बे एवरूपं भासितमेतं" ति? "नो हेतं, भन्ते" ति। "अरहं, भिक्खवे, तथागतो सम्मासम्बुद्धो; ओदहथ भिक्खवे सोतं, अमतमधिगतं, अहमनुसासामि, अहं धम्मं देसेमि। यथानुसिट्ठं तथा पटिपज्जमाना नचिरस्सेव—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं [N.13] दिट्ठे व धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरिस्सथा" ति।

असक्खि खो भगवा पञ्चवग्गिये भिक्खू सञ्ञापेतुं। अथ खो पञ्चवग्गिया भिक्खू भगवन्तं सुस्सूसिंसु, सोतं ओदहिंसु, अञ्ञाय चित्तं उपट्ठापेसुं।

७. धम्मचक्कप्पवत्तनं

१३. अथ खो भगवा पञ्चवग्गिये भिक्खू आमन्तेसि—"द्वेमे, भिक्खवे, अन्ता पब्बजितेन न सेवितब्बा। कतमे द्वे? यो चायं कामेसु कामसुखल्लिकानुयोगो हीनो गम्मो पोथुज्जनिको अनरियो अनत्थसंहितो, यो चायं अत्तकिलमथानुयोगो दुक्खो अनरियो अनत्थसंहितो। एते खो, भिक्खवे, उभो अन्ते अनुपगम्म, मज्झिमा पटिपदा तथागतेन अभिसम्बुद्धा, चक्खुकरणी ञाणकरणी उपसमाय अभिञ्ञाय सम्बोधाय निब्बानाय संवत्तति।

साधनाओं में भटके हुए नहीं है, न तुम्हारी उक्त साधना से ही भ्रष्ट हैं, तथागत तो अब सम्यक्सम्बुद्ध हो चुके हैं, भिक्षुओ! ध्यान दो....पूर्ववत्....साधना का फल प्राप्त कर सकोगे।"

दूसरी बार भी पञ्चवर्गीय भिक्षुओं ने यह कहा—....पूर्ववत्.....। भगवान् ने दूसरी बार भी वही उत्तर दिया—....पूर्ववत्....। तीसरी बार भी उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं ने अपनी वही पूर्वोक्त बात दुहरायी तब भगवान् ने (अपनी बात को कुछ अधिक स्पष्ट करते हुए) कहा—"भिक्षुओ! अच्छा यह बताओ कि क्या तुम्हें स्मरण है कि मैंने इससे पूर्व तुम लोगों से अपने विषय में ऐसा कुछ कहा था?" "नहीं, भन्ते!" "तो फिर तुम समझ लो कि तथागत वस्तुतः ही सम्यक्सम्बुद्ध हो चुके हैं....पूर्ववत्....साधना का फल प्राप्त कर सकोगे।"

यों भगवान् उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं को अपनी बात पर सहमत कर पाये। तब उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं ने भगवान् की बात सुनने की इच्छा प्रकट की, तथा उनके कथन पर ध्यान देना प्रारम्भ किया एवं उस ज्ञान को सुनने लिये उत्सुकता प्रकट की।

७. धर्मचक्रप्रवर्तन

१३. तब भगवान् ने उन भिक्षुओं को समझाना प्रारम्भ किया—"भिक्षुओ! किसी भी प्रव्रजित (संन्यासी) को दो अन्तों (=सीमाओं=अतियों) का बहुत अधिक उपयोग नहीं करना चाहिये। कौन से दो? (१) प्रथम यह कि हीन (निकृष्ट) ग्राम्य (अलक्ष्मीकर), मूर्खों द्वारा ही करणीय तथा अनार्यजनों द्वारा सेवित कामवासनाओं में अत्यधिक लिप्त रहना (=कामसुखल्लिकानुयोग); (२) द्वितीय यह कि जो

''कतमा च सा, भिक्खवे, मज्झिमा पटिपदा तथागतेन अभिसम्बुद्धा, चक्खुकरणी ञाणकरणी उपसमाय अभिञ्ञाय सम्बोधाय निब्बानाय संवत्तति ? अयमेव अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि, सम्मासङ्कप्पो, सम्मावाचा, सम्माकम्मन्तो, सम्माआजीवो, सम्मावायामो, सम्मासति, सम्मासमाधि। अयं खो सा, भिक्खवे, मज्झिमा पटिपदा तथागतेन अभिसम्बुद्धा, चक्खुकरणी ञाणकरणी उपसमाय अभिञ्ञाय सम्बोधाय निब्बानाय संवत्तति।

१४. ''इदं खो पन, भिक्खवे, दुक्खं अरियसच्चं। जाति पि दुक्खा, जरा पि दुक्खा, व्याधि पि दुक्खो, मरणं पि दुक्खं, अप्पियेहि सम्पयोगो दुक्खो, पियेहि विप्पयोगो दुक्खो, [B.15] यं पिच्छं न लभति तं पि दुक्खं। सङ्खित्तेन, पञ्चुपादानक्खन्धा दुक्खा।

''इदं खो पन, भिक्खवे, दुक्खसमुदयं अरियसच्चं—यायं तण्हा पोनोब्भविका नन्दिरागसहगता तत्रतत्राभिनन्दिनी, सेय्यथीदं—कामतण्हा, भवतण्हा, विभवतण्हा।

''इदं खो पन, भिक्खवे, दुक्खनिरोधं अरियसच्चं—यो तस्सा येव तण्हाय असेसविरागनिरोधो, चागो, पटिनिस्सग्गो, मुत्ति, अनालयो।

''इदं खो पन, भिक्खवे, दुक्खनिरोधगामिनी पटिपदा अरियसच्चं—अयमेव अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि, सम्मासङ्कप्पो, सम्मावाचा, सम्माकम्मन्तो, सम्माआजीवो, सम्मावायामो, सम्मासति, सम्मासमाधि।

दुःखमय, अपने लिये कष्टकर, मूर्खों द्वारा ही करणीय, अनार्यजनसेवित तथा अत्यधिक अनर्थकारी क्लिष्ट तपस्याओं में लगे रहना (आत्मक्लमथानुयोग)। इन दोनों ही तरह की अतियों (पराकाष्ठाओं) की उपेक्षा कर तथागत ने मध्यम मार्ग की गवेषणा की है जो कि आखें खोल देने वाला एवं विशिष्ट ज्ञानदायक है; तथा शान्ति, अभिज्ञा, बुद्धत्व एवं निर्वाण की तरफ बढ़ाने वाला है।

वह मध्यम मार्ग....कौन सा है? यही आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग। जैसे— १. सम्यग्दृष्टि, २. सम्यक्सङ्कल्प, ३. सम्यग्वाक्, ४. सम्यक्कर्मान्त, ५. सम्यगाजीव, ६. सम्यग्व्यायाम, ७. सम्यक्स्मृति एवं ८. सम्यक्समाधि। भिक्षुओ! यह है वह सम्यक्सम्बुद्ध द्वारा गवेषित मध्यम मार्ग जो कि आँखें खोल देने वाला एवं विशिष्ट ज्ञानदायक है तथा शान्ति, अभिज्ञा, बुद्धत्व एवं निर्वाण की तरफ बढाने वाला है।

१४. ''भिक्षुओ! यह 'दुःख' आर्य सत्य है। इस संसार में उत्पन्न होना (जन्म लेना) दुःख है, जरा (वृद्धावस्था) दुःख है, मरण भी दुःख है, शोक (प्रियवस्तु के वियोग से होने वाली मानसिक व्यथा) रोना–कलपना, दुःखी होना, चिन्तित तथा उदास होना भी दुःख है, अप्रिय विषयों से संयोग भी दुःख है, प्रिय विषयों से वियोग भी दुःख है, एवं जिस किसी प्रिय वस्तु का, चाहते हुए भी, न मिलना दुःख है। संक्षेप में यों कहा जा सकता है कि ये पाँचों (रूप, वेदना आदि) उपादानस्कन्ध ही दुःख हैं।

''और, भिक्षुओ! यह 'दुःखसमुदय' (दुःखोत्पत्ति का कारण) भी आर्य सत्य है। यह जो संसार में बारम्बार जन्म दिलाने वाली, उसमें आसक्ति या राग की उत्पादिका, तथा जहाँ तहाँ आनन्द (सुख) का अनुभव कराने वाली तृष्णा है (यही दुःखसमुदय है)। यह तृष्णा तीन प्रकार की है; जैसे—१. कामभोगतृष्णा, २. भव (जन्म)तृष्णा एवं ३. विभव (नाश) की तृष्णा।

''भिक्षुओ! यह दुःखनिरोध आर्य सत्य है जो उपर्युक्त तृष्णा के निःशेषतः वैराग्य, निरोध, त्याग, परित्याग, मुक्ति एवं अनासक्ति (के रूप में प्रकट होता) है।

''और भिक्षुओ! इस दुःखनिरोध की तरफ ले जाने वाला मार्ग भी आर्यसत्य है इसे 'आर्य

१५. "इदं दुक्खं अरियसच्चं ति मे, भिक्खवे, पुब्बे अननुस्सुतेसु धम्मेसु [R.11] चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि। तं खो पनिदं दुक्खं अरियसच्चं परिञ्ञेय्यं ति मे, भिक्खवे, पुब्बे अननुस्सुतेसु धम्मेसु चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि। [N.14] तं खो पनिदं दुक्खं अरियसच्चं परिञ्ञातं ति मे, भिक्खवे, पुब्बे अननुस्सुतेसु धम्मेसु चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि। (१)

"इदं दुक्खसमुदयं अरियसच्चं ति मे, भिक्खवे, पुब्बे अननुस्सुतेसु धम्मेसु चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि। तं खो पनिदं दुक्खसमुदयं अरियसच्चं पहातब्बं ति मे, भिक्खवे, पुब्बे अननुस्सुतेसु धम्मेसु चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि। तं खो पनिदं दुक्खसमुदयं अरियसच्चं पहीनं ति मे, भिक्खवे, पुब्बे अननुस्सुतेसु धम्मेसु चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि। (२)

"इदं दुक्खनिरोधं अरियसच्चं ति मे, भिक्खवे, पुब्बे अननुस्सुतेसु धम्मेसु चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि। तं [B.16] खो पनिदं दुक्खनिरोधं अरियसच्चं सच्छिकातब्बं ति मे, भिक्खवे, पुब्बे अननुस्सुतेसु धम्मेसु चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि। तं खो पनिदं दुक्खनिरोधं अरियसच्चं सच्छिकतं ति मे, भिक्खवे, पुब्बे अननुस्सुतेसु धम्मेसु चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि। (३)

"इदं दुक्खनिरोधगामिनी पटिपदा अरियसच्चं ति मे, भिक्खवे, पुब्बे अननुस्सुतेसु

अष्टाङ्गिक मार्ग' कहते हैं। जैसे—१. सम्यग्दृष्टि, २. सम्यक्सङ्कल्प, ३. सम्यग्वाक्, ४. सम्यक्कर्मान्त, ५. सम्यगाजीव, ६. सम्यग्व्यायाम, ७. सम्यक्स्मृति एवं ८. सम्यक्समाधि।

१५. "भिक्षुओ! (क) 'यह दुःख आर्यसत्य है' (—ऐसा ज्ञान होने पर) पहले न सुने गये धर्मों के प्रति मेरी आँखें खुल गयीं, ज्ञान उत्पन्न हो गया, प्रज्ञा उत्पन्न हो गयी, विद्या उत्पन्न हो गयी, मेरे सामने आलोक (प्रकाश) फैल गया।

(ख) भिक्षुओ! 'यह दुःख आर्यसत्य परिज्ञेय है' (—ऐसा ज्ञान होने पर) पहले न सुने गये धर्मों के प्रति....(प्रकाश) फैल गया।

(ग) भिक्षुओ! 'यह दुःख आर्यसत्य परिज्ञात है' (—ऐसा ज्ञान होने पर) पहले न सुने गये धर्मों के प्रति....(प्रकाश) फैल गया। (१)

(क) "भिक्षुओ! 'यह दुःखसमुदय आर्यसत्य है' (—ऐसा ज्ञान होने पर)....पूर्ववत् . ..।

(ख) भिक्षुओ! 'यह दुःखसमुदय आर्यसत्य प्रहेय है' (—ऐसा ज्ञान होने पर)....।

(ग) भिक्षुओ! यह 'दुःखसमुदय आर्यसत्य प्रहीण है' (ऐसा ज्ञान होने पर)... । (२)

(क) "भिक्षुओ! 'यह दुःखनिरोध आर्यसत्य है' (—ऐसा ज्ञान होने पर)....।

(ख) भिक्षुओ! 'यह दुखनिरोध आर्यसत्य साक्षात्करणीय है' (—ऐसा ज्ञान होने पर). .।

धम्मेसु चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि। तं खो पनिदं दुक्खनिरोधगामिनी पटिपदा अरियसच्चं भावेतब्बं ति मे, भिक्खवे, पुब्बे अननुस्सुतेसु धम्मेसु चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि। तं खो पनिदं दुक्खनिरोधगामिनी पटिपदा अरियसच्चं भावितं ति मे, भिक्खवे, पुब्बे अननुस्सुतेसु धम्मेसु चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि। (४)

१६. ''यावकीवं च मे, भिक्खवे, इमेसु चतूसु अरियसच्चेसु एवं तिपरिवट्टं द्वादसाकारं यथाभूतं ञाणदस्सनं न सुविसुद्धं अहोसि, नेव तावाहं, भिक्खवे, सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय—'अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो' ति पच्चञ्ञासिं। यतो च खो मे, भिक्खवे, इमेसु चतूसु अरियसच्चेसु एवं तिपरिवट्टं द्वादसाकारं यथाभूतं ञाणदस्सनं सुविसुद्धं अहोसि, अथाहं, भिक्खवे, सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय— 'अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो' ति पच्चञ्ञासिं। ञाणं च पन मे दस्सनं उदपादि—'अकुप्पा मे विमुत्ति, अयमन्तिमा जाति, नत्थि दानि पुनब्भवो'' ति।

इदमवोच भगवा, अत्तमना, पञ्चवग्गिया भिक्खू भगवतो भासितं अभिनन्दुं ति। [N.15] इमस्मिं च पन वेय्याकरणस्मिं भञ्ञमाने आयस्मतो कोण्डञ्ञस्स विरजं वीतमलं धम्मचक्खुं उदपादि—यं किञ्चि समुदयधम्मं सब्बं तं निरोधधम्मं' ति।

(ग) भिक्षुओ! 'यह दुःखनिरोध आर्यसत्य मेरे द्वारा पहले ही साक्षात्कृत है' (--ऐसा ज्ञान होने पर)....। (३)

(क) भिक्षुओ! 'यह दुःखनिरोधगामी मार्ग आर्य सत्य है' (ऐसा ज्ञान होने पर)...।

(ख) ''भिक्षुओ! 'यह दुःखनिरोधगामी मार्ग आर्य सत्य भावनीय (साधना करने योग्य) है' (ऐसा ज्ञान होने पर)....।

(ग) ''भिक्षुओ! 'यह दुःखनिरोधगामी मार्ग आर्यसत्य मेरे द्वारा पहले से ही भावित है'-- (ऐसा ज्ञान होने पर) पहले न सुने गये धर्मों के प्रति....। (४)

१६. ''भिक्षुओ! जब तक कि मुझे इन चार आर्यसत्यों के विषय मे यो त्रिगुण करके यह बारह आकार वाला यथार्थ शुद्ध ज्ञान नहीं हुआ, भिक्षुओ! तब तक मैंने देवता मार एवं ब्रह्मा सहित इस लोक में श्रमण ब्राह्मण सहित किसी भी पुरुष को यह नहीं कहा कि मैंने सम्यक्सम्बोधि का साक्षात्कार कर लिया है। परन्तु भिक्षुओ! जब मुझे इन चार आर्यसत्यों के विषय में उपर्युक्त प्रकार से द्वादशाकार ज्ञान हो गया तब मैंने देवता मार तथा ब्रह्मा सहित इस लोक की श्रमण ब्राह्मणसहित जनता को बताया कि मैने सम्यक्सम्बोधि का साक्षात्कार कर लिया है। तभी मैंने इस यथार्थता के विषय में लोक में जनता के सम्मुख यह दावा (अधिकारपूर्वक गर्वोक्ति) भी किया कि मैंने ज्ञानदर्शन कर लिया है। मेरी यह मुक्ति अचल है, मेरा इस संसार मे यह जन्म अन्तिम है, अब मेरा यहाँ कभी पुनर्जन्म नहीं होगा।''

भगवान् ने यह उपदेश किया। सन्तुष्ट होकर उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं ने भगवान् के भाषण का अभिनन्दन किया।

(भगवान् द्वारा आर्यसत्यचतुष्टयविषयक) यह व्याख्यान दिये जाने के तत्काल बाद ही आयुष्मान्

१७. पवत्तिते च पन भगवता धम्मचक्के, भुम्मा देवा सद्दमनुस्सावेसुं—"एतं [B.17] भगवता बाराणसियं इसिपतने मिगदाये अनुत्तरं धम्मचक्कं पवत्तितं, अप्पटिवत्तियं [R.12] समणेन वा ब्राह्मणेन वा देवेन व मारेन वा ब्रह्मुना केनचि वा लोकस्मिं" ति। भुम्मानं देवानं सद्दं सुत्वा चातुम्महाराजिका देवा सद्दमनुस्सावेसुं....पे०....। चातुम्महाराजिकानं देवानं सद्दं सुत्वा तावतिंसा देवा....पे०....। यामा देवा....पे०....। तुसिता देवा....पे०....। निम्मानरती देवा....पे०....। परनिम्मितवसवत्ती देवा....पे०....। ब्रह्मकायिका देवा सद्दमनुस्सावेसुं— "एतं भगवता बाराणसियं इसिपतने मिगदाये अनुत्तरं धम्मचक्कं पवत्तितं, अप्पटिवत्तियं समणेन वा ब्राह्मणेन वा देवेन वा मारेन वा ब्रह्मुना वा केनचि वा लोकस्मिं" ति। इति ह, तेन खणेन, तेन लयेन, तेन मुहुत्तेन याव ब्रह्मलोका सद्दो अब्भुग्गच्छि। अयं च दससहस्सी लोकधातु सङ्कम्पि, सम्पकम्पि, सम्पवेधि; अप्पमाणो च उळारो ओभासो लोके पातुरहोसि, अतिक्कम्म देवानं देवानुभावं।

अथ खो भगवा इमं उदानं उदानेसि—"अञ्ञासि वत, भो कोण्डञ्ञो, अञ्ञासि वत भो कोण्डञ्ञो" ति। इति हिदं आयस्मतो कोण्डञ्ञस्स 'अञ्ञासिकोण्डञ्ञो' त्वेव नामं अहोसि।

१८. अथ खो आयस्मा अञ्ञासिकोण्डञ्ञो दिट्ठधम्मो पत्तधम्मो विदितधम्मो परियोगाळ्हधम्मो तिण्णविचिकिच्छो विगतकथङ्कथो वेसारज्जप्पत्तो अपरप्पच्चयो सत्थुसासने भगवन्तं एतदवोच—"लभेय्याहं, भन्ते, भगवतो सन्तिके पब्बज्जं, लभेय्यं उपसम्पदं"

कौण्डिन्य को यह निर्मल, निर्विकार धर्मचक्षु उत्पन्न हो गया—"जो कुछ भी यहाँ उत्पत्ति स्वभाव वाला (समुदयधर्मा) है वह सब नाशवान् है।"

१७. भगवान् द्वारा उपर्युक्त धर्मचक्र के घुमाये (धर्मोपदेश का क्रम प्रारम्भ किये) जाने पर भूमि (पृथ्वी) वासी देवताओं ने हर्षध्वनि की—"भगवान् ने आज वाराणसी के ऋषिपतन मृगदाव में ऐसा अनुपम धर्मचक्र घुमाया (धर्मोपदेश का क्रम प्रारम्भ किया) कि अब वह किसी श्रमण—ब्राह्मण, देवता या मार या ब्रह्मा या लोक में कोई अन्य पुरुष द्वारा रोकने पर भी नहीं रुक सकता।" भूमिवासी देवताओं का यह हर्षनिनाद सुनकर, चातुर्महाराजिक देवों ने भी यही हर्षनिनाद किया। चातुर्महाराजिक देवों का वह हर्षनिनाद सुनकर त्रायस्त्रिंशलोकवासी देवों ने भी....याम देवों ने....तुषित देवों ने....निर्माणरति देवों ने....परनिर्मितवशवर्त्ती देवों ने....। (अन्त में) ब्रह्मकायिक देवों ने भी यह हर्षनिनाद किया— "भगवान् द्वारा वाराणसी के ऋषिपतन मृगदाव में भगवान् द्वारा प्रवर्तित धर्मचक्र अब किसी....के द्वारा नहीं रोका जा सकता।" इस तरह उसी क्षण, उसी पल एवं उसी मुहूर्त में यह हर्षोल्लासमय शब्द ब्रह्मलोक तक पहुँच गया। और दस हजार लोकों वाला यह समग्र ब्रह्माण्ड भी (उसी समय) कम्पित=सम्प्रकम्पित= सम्प्रवेधित हुआ। तथा देवताओं की आभा से भी अधिक उग्र प्रकाश उस समय समग्र लोक में फैल गया।

तब भगवान् ने यह हर्षमिश्रित हृदयोद्गार प्रकट किया—"अरे! यह कौण्डिन्य जान गया, यह कौण्डिन्य तो (इस धर्म के विषय में) सब (तरफ से सब) कुछ जान गया।" तभी से आयुष्मान् कौण्डिन्य 'आज्ञातकौण्डिन्य' नाम से लोक में प्रसिद्ध हुए।

पञ्चवर्गीयों की प्रव्रज्या— १८. तब आयुष्मान् आज्ञातकौण्डिन्य ने इस धर्म का साक्षात्कार कर, इसे प्राप्त कर, इस का (ऊपर से नीचे तथा नीचे से ऊपर तक) अवगाहन कर, निर्विवाद तथा असन्दिग्ध

ति। "एहि, भिक्खू" ति भगवा अवोच—"स्वाक्खातो धम्मो, चर ब्रह्मचरियं सम्मा दुक्खस्स अन्तकिरियाया" ति। सा व तस्स आयस्मतो उपसम्पदा अहोसि। (१)

१९. अथ खो भगवा तदवसेसे भिक्खू धम्मिया कथाय ओवदि अनुसासि। अथ खो आयस्मतो च **वप्पस्स** आयस्मतो च **भद्दियस्स** भगवता धम्मिया कथाय ओवदियमानानं अनुसासियमानानं विरजं वीतमलं धम्मचक्खुं उदपादि—'यं किञ्चि समुदयधम्मं, सब्बं तं निरोधधम्मं' ति।

[B.18] ते दिट्ठधम्मा पत्तधम्मा विदितधम्मा परियोगाळ्हधम्मा तिण्णविचिकिच्छा विगतकथङ्कथा वेसारज्जप्पत्ता अपरप्पच्चया सत्थुसासने भगवन्तं एतदवोचुं—"लभेय्याम मयं, भन्ते, भगवतो, सन्तिके पब्बज्जं, लभेय्याम उपसम्पदं" ति। "एथ, भिक्खवो" ति भगवा अवोच— "स्वाक्खातो धम्मो, चरथ ब्रह्मचरियं सम्मा दुक्खस्स अन्तकिरियाया" [N.16, R.13] ति सा व तेसं आयस्मन्तानं उपसम्पदा अहोसि। (२)

अथ खो भगवा तदवसेसे भिक्खू नीहारभत्तो धम्मिया कथाय ओवदि अनुसासि। यं तयो भिक्खू पिण्डाय चरित्वा आहरन्ति, तेन छब्बग्गो यापेति।

एवं ननु–नच से दूर, इस बुद्ध–धर्म में विशेषेण दक्ष (विशारद) एवं विश्वस्त होकर भगवान् से निवेदन किया–"अच्छा होता, भन्ते! कि मैं भगवान् से प्रव्रज्या (श्रामणेर की दीक्षा) एवं उपसम्पदा (संन्यास की दीक्षा) प्राप्त कर लेता!" तब भगवान् ने–"आओ, भिक्षु" इन दो विशिष्ट दीक्षाबोधक शब्दों का उच्चारण करते हुए उस आयुष्मान् आज्ञातकौण्डिन्य को उत्साह एवं आश्वासन भरे वचनों में कहा–"तुम्हारे लिये यह धर्म भलीभाँति व्याख्यात किया जा चुका है, इस पर आचरण करते हुए तुम इसकी साधना में लग जाओ। निश्चय ही यह धर्म, समय आने पर, तुम्हारे दुःखों का नाश करने में सर्वथा समर्थ होगा।"

भगवान् का यह आशीर्वचन ही उन आयुष्मान् कौण्डिन्य के लिये उपसम्पदा (दीक्षामन्त्र) बन गया। (इसे 'एहि भिक्खूपसम्पदा' कहते हैं।) (१)

१९. तब भगवान् ने अवशिष्ट (चार) भिक्षुओं को धार्मिक कथाओं का और अधिक उपदेश तथा प्रवचन किया। इस तरह भगवान् द्वारा कृत वैसी धार्मिक कथाओं का उपदेश तथा प्रवचन सुनते सुनते आयुष्मान् **वप्र** एवं आयुष्मान् **भद्दिय** को भी यह निर्मल, निर्विकार धर्मचक्षु (धर्मज्ञान) उत्पन्न हो गया–"इस लोक में जो कुछ भी उत्पत्तिधर्मा (पदार्थ) हैं वे सभी विनाशशील (निरोधकधर्मा) हैं।"

तब उन्होंने भी (दूसरे दिन) इस धर्म का साक्षात्कार कर, इसे प्राप्त कर, इसका (ऊपर से नीचे तथा नीचे से ऊपर तक) अवगाहन कर, निर्विवाद एवं असन्दिग्ध तथा किसी भी प्रकार के 'ननु नच' (शङ्का–समाधान) से दूर, इस बुद्धधर्म में विशेष दक्ष एवं विश्वस्त होकर भगवान् से निवेदन किया–"भन्ते! क्या ही अच्छा होता कि हम (दोनों भी) आप से प्रव्रज्या व उपसम्पदा पा लेते!" "आओ, भिक्षुओ!" ऐसा कहते हुए भगवान् उत्साह एवं आश्वासन भरे शब्दों में (उन दोनो भिक्षुओं से) यह बोले–"तुम्हारे लिये यह धर्म भलीभाँति व्याख्यात किया जा चुका है, इस पर आचरण करते हुए तुम इसकी साधना में लग जाओ। निश्चय ही यह (धर्म) समय आने पर तुम्हारे सभी दुःखों का नाश करने में सर्वथा समर्थ होगा।" भगवान् का यह आशीर्वचन ही उन दोनों भिक्षुओं की 'उपसम्पदा' कहलाया। (ये दोनों भिक्षु भी 'एथ भिक्खवो' इस उपसम्पदाविधि से उपसम्पन्न हुए)। (२)

तदनन्तर, भगवान् उन भिक्षुओं द्वारा लायी गयी भिक्षा से भोजन ग्रहण करते थे। उन में से तीन भिक्षु जो कुछ भी भिक्षा में लाते उसी से वे छहों भिक्षु उदर–पोषण करते थे।

अथ खो आयस्मतो च **महानामस्स** आयस्मतो च **अस्सजिस्स** भगवता धम्मिया कथाय ओवदियमानानं अनुसासियमानानं विरजं वीतमलं धम्मचक्खुं उदपादि—'यं किञ्चि समुदयधम्मं, सब्बं तं निरोधधम्मं' ति। ते दिट्ठधम्मा पत्तधम्मा विदितधम्मा परियोगाळ्हधम्मा तिण्णविचिकिच्छा विगतकथङ्कथा वेसारज्जप्पत्ता अपरप्पच्चया सत्थुसासने भगवन्तं एतदवोचुं—''लभेय्याम मयं, भन्ते, भगवतो सन्तिके पब्बज्जं, लभेय्याम उपसम्पदं'' ति। ''एथ, भिक्खवो'' ति भगवा अवोच—''स्वाक्खातो धम्मो, चरथ ब्रह्मचरियं सम्मा दुक्खस्स अन्तकिरियाया'' ति। सा व तेसं आयस्मन्तानं उपसम्पदा अहोसि॥ (३)

८. अनत्तपरियायो

२०. अथ खो भगवा पञ्चवग्गिये भिक्खू आमन्तेसि—''रूपं, भिक्खवे, अनत्ता। रूपं च हिदं, भिक्खवे, अत्ता अभविस्स, नयिदं रूपं आबाधाय संवत्तेय्य, लब्भेथ च रूपे—एवं मे रूपं होतु, एवं मे रूपं मा अहोसी ति। यस्मा च खो, भिक्खवे, रूपं अनत्ता तस्मा रूपं आबाधाय संवत्तति, न च लब्भति रूपे— एवं मे रूपं होतु, एवं मे रूपं मा अहोसी ति।

''वेदना, भिक्खवे, अनत्ता। वेदना च हिदं, भिक्खवे, अत्ता अभविस्स, नयिदं वेदना आबाधाय संवत्तेय्य, लब्भेथ च वेदनाय—एवं मे वेदना होतु, एवं मे वेदना मा अहोसी ति। यस्मा च खो, भिक्खवे, वेदना अनत्ता, तस्मा वेदना आबाधाय संवत्तति, न च लब्भति वेदनाय—एवं मे वेदना होतु, एवं मे वेदना मा अहोसी ति।

''सञ्ञा, भिक्खवे, अनत्ता। सञ्ञा च हिदं, भिक्खवे, अत्ता अभविस्स, नयिदं

इस (भिक्षुद्वय की उपसम्पदा) के बाद, भगवान् ने अवशिष्ट दो भिक्षुओं को पूर्वापेक्षया अधिक उत्साहप्रद एवं वैराग्यबोधक धार्मिक उपदेश तथा प्रवचन किया। इस धार्मिक प्रवचन–उपदेश को सुनते सुनते उन दो भिक्षुओं–आयुष्मान् **महानाम** तथा आयुष्मान् **अश्वजित्** को भी यह निर्मल....पूर्ववत्...विनाशशील हैं। तब उन्होंने भी (तीसरे दिन) इस भगवदुपदिष्ट धर्म का साक्षात्कार कर....भगवान् से निवेदन किया–''क्या ही अच्छा होता, भन्ते! कि हम (दोनों) भी....पूर्ववत्...। भगवान् का यह आशीर्वचन ही उन आयुष्मान् महानाम एवं आयुष्मान् अश्वजित् के लिये 'उपसम्पदा' का दायक बन गया।। (३)

८. अनात्मपर्यायसूत्र

२०. इसके बाद भगवान् ने उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं को (नैरात्म्यविषयक) देशना करते हुए बताया– (१) ''भिक्षुओ! रूप (भौतिक पदार्थ) आत्मरहित (अनात्म पदार्थ) है। भिक्षुओ! रूप यदि आत्मवान् होता तो यह रूप पीड़ा (आबाधा) दायक न बनता, तथा रूप में–'मेरा रूप ऐसा हो' या 'मेरा रूप ऐसा न हो' ऐसी बात भी मिलती; क्योंकि, भिक्षुओ! रूप अनात्म पदार्थ है अतः यह पीड़ादायक भी बनता है तथा उस में यह बात भी नहीं मिलती कि 'मेरा रूप ऐसा हो', या 'मेरा रूप ऐसा न हो।'

(२) ''वेदना, भिक्षुओ! आत्मरहित है। भिक्षुओ! वेदना यदि आत्मवान् होती तो यह वेदना पीड़ादायक न होती, न इस वेदना के विषय में–'मेरी वेदना ऐसी हो' या 'मेरी वेदना ऐसी न हो' यह न होता; क्योंकि भिक्षुओ!....पूर्ववत्....'मेरी वेदना ऐसी न हो...।'

(३) ''संज्ञा, भिक्षुओ! आत्मरहित है। भिक्षुओ!....पूर्ववत्...। मेरी संज्ञा ऐसी न हो।

सञ्ञा आबाधाय संवत्तेय्य, लब्भेथ च सञ्ञाय— 'एवं मे सञ्ञा होतु, एवं मे सञ्ञा मा [B.19] अहोसी' ति। यस्मा च खो, भिक्खवे, सञ्ञा अनत्ता, तस्मा सञ्ञा आबाधाय संवत्तति, न च लब्भति सञ्ञाय— 'एवं मे सञ्ञा होतु, एवं मे सञ्ञा मा अहोसी' ति।

"सङ्खारा, भिक्खवे, अनत्ता। सङ्खारा च हिदं, भिक्खवे, अत्ता अभविस्संसु, नयिदं सङ्खारा आबाधाय संवत्तेय्युं, लब्भेथ च सङ्खारेसु—'एवं मे सङ्खारा होन्तु, एवं मे सङ्खारा मा अहेसुं' ति। यस्मा च खो, भिक्खवे, सङ्खारा अनत्ता, तस्मा सङ्खारा आबाधाय संवत्तन्ति, न च लब्भति सङ्खारेसु—'एवं मे सङ्खारा होन्तु, एवं मे सङ्खारा मा अहेसुं' ति।

[R.14] "विञ्ञाणं, भिक्खवे, अनत्ता। विञ्ञाणं च हिदं, भिक्खवे, अत्ता अभविस्स, नयिदं विञ्ञाणं आबाधाय संवत्तेय्य, लब्भेथ च विञ्ञाणे—'एवं मे विञ्ञाणं होतु, एवं मे [N.17] विञ्ञाणं मा अहोसी' ति। यस्मा च खो भिक्खवे, विञ्ञाणं अनत्ता, तस्मा विञ्ञाणं आबाधाय संवत्तति, न च लब्भति विञ्ञाणे— 'एवं मे विञ्ञाणं होतु, एवं मे विञ्ञाणं मा अहोसी' ति।

२१. "तं किं मञ्ञथ, भिक्खवे, रूपं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति? "अनिच्चं, भन्ते!" "यं पनानिच्चं दुक्खं वा तं सुखं वा" ति? "दुक्खं, भन्ते!" "यं पनानिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं, कल्लं नु तं समनुपस्सितुं—'एतं मम, एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता' ति?

"नो हेतं, भन्ते!"

"वेदना निच्चा वा अनिच्चा वा" ति? "अनिच्चा, भन्ते!" "यं पनानिच्चं दुक्खं वा तं सुखं वा" ति? "दुक्खं, भन्ते!" "यं पनानिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं, कल्लं नु तं समनुपस्सितुं—एतं मम, एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता" ति?

"नो हेतं, भन्ते"!

"सञ्ञा निच्चा वा अनिच्चा वा" ति? "अनिच्चा, भन्ते!" "यं पनानिच्चं दुक्खं वा तं सुखं वा" ति? "दुक्खं, भन्ते!" "यं पनानिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं, कल्लं नु तं समनुपस्सितुं— एतं मम, एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता ति"?

---

(४) 'संस्कार, भिक्षुओ! आत्मरहित हैं। भिक्षुओ....पूर्ववत्....।

(५) 'विज्ञान, भिक्षुओ! आत्मरहित है। भिक्षुओ! यदि विज्ञान आत्मवान् होता तो यह विज्ञान पीड़ादायक न बनता। तथा विज्ञान में....'मेरा विज्ञान ऐसा होता' या 'मेरा विज्ञान ऐसा न होता'—ऐसा नहीं पाया जाता।

२१. (१) "तो क्या मानते हो, भिक्षुओ! रूप नित्य है या अनित्य है?" "अनित्य है, भन्ते!" "तो जो अनित्य होता है वह दुःखमय होता है सुखमय?" "दुःखमय होता है, भन्ते!" "जो पदार्थ (स्वयं) अनित्य है, दुःखमय है, विनाशशील है उसके विषय में क्या यह मान लेना उचित होगा कि 'यह मेरा है' या 'यह मैं हूँ' या 'यह मेरी आत्मा है?" "नहीं, भन्ते!"

(२) तो क्या मानते हो, भिक्षुओ! वेदना नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!"....पूर्ववत्....।

(३) "तो क्या मानते हो, भिक्षुओ! संज्ञा नित्य है या अनित्य है?"

"अनित्य है, भन्ते!... पूर्ववत्.....।

"नो हेतं भन्ते।"

"सङ्खारा निच्चा वा अनिच्चा वा" ति? "अनिच्चा, भन्ते!" "यं पनानिच्चं, दुक्खं वा तं सुखं वा" ति? "दुक्खं, भन्ते!" "यं पनानिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं, कल्लं नु तं समनुपस्सितुं—'एतं मम, एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता" ति?

"नो हेतं, भन्ते!"

"विञ्ञाणं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति? "अनिच्चं, भन्ते!" यं पनानिच्चं, दुक्खं वा तं सुखं वा" ति? "दुक्खं, भन्ते!" "यं पनानिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं, कल्लं नु तं समनुपस्सितुं— 'एतं मम, एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता" ति?

"नो हेतं भन्ते!"

२२. "तस्मातिह, भिक्खवे, (१) यं किञ्चि रूपं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा ओळारिकं वा सुखुमं वा हीनं वा पणीतं वा यं दूरे वा सन्तिके वा, [B.20] सब्बं रूपं—'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति—एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। (२) या काचि वेदना अतीतानागतपच्चुप्पन्ना अज्झत्ता वा बहिद्धा वा ओळारिका वा सुखुमा वा हीना वा पणीता वा या दूरे सन्तिके वा, सब्बा वेदना— 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति— एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। (३) या काचि सञ्ञा अतीतानागतपच्चुप्पन्ना अज्झत्ता वा बहिद्धा वा ओळारिका वा सुखुमा वा हीना वा पणीता वा या दूरे सन्तिके वा, सब्बा सञ्ञा—'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति—एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। (४) ये केचि सङ्खारा अतीतानागतपच्चुप्पन्ना अज्झत्ता वा बहिद्धा वा ओळारिका वा सुखुमा वा हीना वा पणीता वा ये दूरे सन्तिके वा, सब्बे सङ्खारा— 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति—'एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। (५) यं किञ्चि विञ्ञाणं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा ओळारिकं वा सुखुमं वा हीनं वा पणीतं वा यं दूरे सन्तिके वा, सब्बं विञ्ञाणं—'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति—एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं।

---

(४) "तो क्या मानते हो, भिक्षुओ! संस्कार नित्य है या अनित्य?"
"अनित्य हैं, भन्ते!"....पूर्ववत्....।

(५) "तो क्या मानते हो, भिक्षुओ! विज्ञान नित्य है या अनित्य?"
"अनित्य है, भन्ते!....पूर्ववत्....।

२२. (१) इसलिये, भिक्षुओ! जो भी अतीत अनागत एवं वर्तमान रूप है, फिर भले ही वह आध्यात्मिक हो या बाह्य, स्थूल हो या सूक्ष्म, हीन हो या पुष्ट, दूर का हो या समीप का, वैसे सभी प्रकार के रूपों के विषय में 'वह न मेरा है, न मैं हूँ, न वह मेरा आत्मा है'—ऐसा समझना चाहिये। इस प्रकार भलीभाँति समझकर जानना देखना चाहिये।

(२) "....जो भी अतीत अनागत या वर्तमान वेदना है, फिर भले ही वह....पूर्ववत्.....।

(३) "....जो भी अतीत अनागत या वर्तमान संज्ञा हैं फिर भले ही वे....पूर्ववत्....।

(४) "....जो भी अतीत अनागत या वर्तमान संस्कार हैं फिर भले ही वे....पूर्ववत्....।

(५) " ...जो भी अतीत अनागत या वर्तमान विज्ञान.... विषय में 'वह विज्ञान न मेरा है, न

२३. ''एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको रूपस्मिं पि निब्बिन्दति, वेदनाय [N.18] पि निब्बिन्दन्ति, सञ्ञाय पि निब्बिन्दति, सङ्खारेसु पि निब्बिन्दति, विञ्ञाणस्मिं पि निब्बिन्दति; निब्बिन्दं विरज्जति; विरागा विमुच्चति; विमुत्तस्मिं 'विमुत्तम्ही' ति ञाणं होति, 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया ति पजानाती'' ति।

२४. इदमवोच भगवा। अत्तमना पञ्चवग्गिया भिक्खू भगवतो भासितं अभिनन्दुं।

इमस्मिं च पन वेय्याकरणस्मिं भञ्ञमाने पञ्चवग्गियानं भिक्खूनं अनुपादाय आसवेहि चित्तानि विमुच्चिंसु।

तेन खो पन समयेन **छ लोके अरहन्तो** होन्ति॥

पञ्चवग्गियकथा निट्ठिता॥

पठमभाणवारो निट्ठितो॥

९. पब्बज्जाकथा

[B.21, R.15] २५. तेन खो पन समयेन बाराणसियं **यसो** नाम कुलपुत्तो सेट्ठिपुत्तो सुखुमालो होति। तस्स तयो पासादा होन्ति— एको हेमन्तिको, एको गिम्हिको, एको वस्सिको। सो वस्सिके पासादे वस्सिके चत्तारो मासे निप्पुरिसेहि तुरियेहि परिचारियमानो न हेट्ठापासादं ओरोहति। अथ खो यसस्स कुलपुत्तस्स पञ्चहि कामगुणेहि समप्पितस्स समङ्गीभूतस्स परिचारियमानस्स पटिगच्चेव निद्दा ओक्कमि, परिजनस्सा पि पच्छा निद्दा ओक्कमि, सब्बरत्तियो

में 'वह हूँ, न वह मेरी आत्मा है'—ऐसा समझना चाहिये। ऐसा समझकर उसे भलीभाँति जानना, देखना चाहिये।

२३. ''भिक्षुओ! ऐसा देखते हुए, ऐसा जानते हुए वह ज्ञानी आर्यश्रावक रूपों के विषय में निर्वेद (उदासी) प्राप्त करता है, वेदना....संज्ञा....संस्कार....विज्ञान के विषय में उदासी प्राप्त करता है, उदासी से वैराग्ययुक्त हो जाता है, इस वैराग्य की दृढ़ता से वह दु:खों से विमुक्त हो जाता है, विमुक्त होने पर उसे 'मैं दु:खों से विमुक्त हो चुका हूँ'—ऐसा भान (ज्ञान) हो जाता है और वह जान जाता है—'मेरा इस संसार में आना जाना समाप्त हो गया, मेरी धर्मसाधना पूर्ण (सफल) हो गयी, मैं कृतकृत्य हो चुका, अब मुझे यहाँ कुछ करना अवशिष्ट नहीं है।' ''

२४. भगवान् ने यह उपदेश किया। उससे सन्तुष्ट हुए उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं ने भगवान् के इस भाषण (उपदेश) का अभिनन्दन किया। भगवान् द्वारा ऐसा उपदेश करते ही करते उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं का चित्त, आश्रवों (चित्तमलों) का उपादान न करने के कारण उनसे, मुक्त हो गया।

उस समय तक लोक में **छह अर्हत्** (१ भगवान् स्वयम्, और ५ पञ्चवर्गीय भिक्षु—इस तरह १+५=६) हो चुके थे।।

पञ्चवर्गीयकथा सम्पन्न।।

प्रथम भाणवार पूर्ण ।।

९. प्रव्रज्याकथा

२५. उस समय वाराणसी में **यश** नामक कोई कुलपुत्र किसी धनाढ्य श्रेष्ठी का सुकुमार पुत्र था। उसके (सुखोपभोग के लिये) तीन प्रासाद (महल) बने हुए थे। उनमें एक हेमन्त ऋतु के अनुकूल, एक ग्रीष्म ऋतु के अनुकूल, एक वर्षा ऋतु के अनुकूल। इनमें से वह वर्षा ऋतु के दिनों में वर्षा ऋतु के अनुकूल प्रासाद में पुरुषरहित एकान्तवास करता हुआ वर्षों के चार महीने तक निरन्तर युवती

च तेलप्पदीपो झायति। अथ खो यसो कुलपुत्तो पटिगच्चेव पबुज्झित्वा अद्दस सकं परिजनं सुपन्तं—अञ्ञिस्सा कच्छे वीणं, अञ्ञिस्सा कण्ठे मुदिङ्गं, अञ्ञिस्सा कच्छे आळम्बरं, अञ्ञं विकेसिकं, अञ्ञं विक्खेळिकं, अञ्ञा विप्पलपन्तियो, हत्थप्पत्तं सुसानं मञ्ञे। दिस्वानस्स आदीनवो पातुरहोसि, निब्बिदाय चित्तं सण्ठासि। अथ खो यसो कुलपुत्तो उदानं उदानेसि—"उपद्दुतं वत, भो, उपस्सट्ठं वत, भो" ति।

अथ खो यसो कुलपुत्तो सुवण्णपादुकायो आरोहित्वा येन निवेसनद्वारं तेनुपसङ्कमि। अमनुस्सा द्वारं विवरिंसु—'मा यसस्स कुलपुत्तस्स कोचि अन्तरायं अकासि अगारस्मा अनगारियं पब्बज्जाया' ति। अथ खो यसो कुलपुत्तो येन नगरद्वारं तेनुपसङ्कमि। अमनुस्सा द्वारं विवरिंसु—'मा यसस्स कुलपुत्तस्स कोचि अन्तरायं अकासि अगारस्मा अनगारियं पब्बज्जाया' ति। अथ खो यसो कुलपुत्तो येन इसिपतनं मिगदायो तेनुपसङ्कमि।

२६. तेन खो पन समयेन भगवा रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय अज्झोकासे चङ्कमति। अद्दसा खो भगवा यसं कुलपुत्तं दूरतो व आगच्छन्तं, दिस्वान चङ्कमा ओरोहित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। अथ खो यसो कुलपुत्तो भगवतो अविदूरे उदानं उदानेसि— "उपद्दुतं वत भो, उपस्सट्ठं वत भो" ति। अथ खो भगवा यसं कुलपुत्तं एतदवोच— "इदं खो, [N.19] यस, अनुपद्दुतं, इदं अनुपस्सट्ठं। एहि, यस, निसीद, धम्मं ते देसेस्सामी" ति।

स्त्रियों द्वारा बजाये वाद्यों से ही अपना मन बहलाता हुआ उस प्रासाद से नीचे कभी नहीं उतरता था। एक दिन रात्रि में पाँचों कामभोगों का आनन्द लूटते, उन्हीं में मग्न रहते उस यश कुलपुत्र की निद्रा पहले ही खुल गयी जबकि अन्य परिजन अभी सोये ही पड़े थे। रात्रि भर जलने वाला तैल दीपक ही प्रकाश कर रहा था। उस प्रकाश में उसने देखा—उसके परिजनों में कोई स्त्री वीणा गोद में लिये एक तरफ लुढ़की पडी थी, तो किसी के गले में मृदंग ही उलझा रह गया था, किसी की गोद में आडम्बर (डक्का=एक वाद्यविशेष) ही पड़ा रह गया था, किसी के बाल बिखरे पड़े थे, किसी के मुँह से लार टपक रही थी, कोई स्वप्न में बड़बड़ा रही थी। यह सब देखकर ऐसा लग रहा था मानो श्मशान का दृश्य प्रत्यक्ष (सम्मुख) दिखायी दे रहा हो। इसे देख कर यश कुलपुत्र को बहुत ही खेद हुआ, गृहस्थ के कामभोगों से चित्त उचट गया। तब यश कुलपुत्र के मुख से अचानक यह बात निकल पड़ी—"अरे यह तो बहुत सन्ताप का विषय है, बहुत पीड़ादायक बात है।"

तब वह यश कुलपुत्र सुवर्ण की खड़ाऊँ पहन कर प्रासाद के निष्क्रमण द्वार की तरफ बढ़ा। देवताओं ने द्वार खोल दिया कि कोई इसकी घर से बेघर होकर प्रव्रज्या में विघ्नकारक न बने। प्रासाद से निकलकर यश कुलपुत्र नगर के मुख्यद्वार की तरफ बढ़ा। वहाँ पहुँचने पर भी देवताओं ने द्वार खोल दिये कि इसकी प्रव्रज्या में किसी प्रकार का विघ्न न पड़े। तब वह यश कुलपुत्र नगर से निकल कर जिधर ऋषिपतन मृगदाव था उधर चल पड़ा।

२६. उस समय भगवान्, रात्रि व्यतीत होने पर प्रत्यूष के समय (प्रातःकाल) आसन छोड़कर खुले स्थान में घूम रहे थे। तब भगवान् ने यश कुलपुत्र को आते हुए दूर से ही देखा। उसे देखकर भगवान् चंक्रमण-स्थल से उतर कर बिछे आसन पर विराजमान हुए। जबकि भगवान् अभी कुछ दूर ही थे, यश कुलपुत्र के मुख से वही बात निकल पड़ी—"अरे! यह तो बहुत सन्ताप का विषय है, बहुत पीडादायी बात है!" तब भगवान् ने कुलपुत्र को यह कहा—"आओ यश! यह स्थान न तो सन्तापप्रद है न पीड़ादायक! आओ! बैठो, मैं तुम्हें धर्म की देशना करूँगा।"

अथ खो यसो कुलपुत्तो— 'इदं किर अनुपद्दुतं, इदं अनुपस्सट्ठं' ति हट्ठो उदग्गो [B.22] सुवण्णपादुकाहि ओरोहित्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नस्स खो यसस्स कुलपुत्तस्स भगवा अनुपुब्बिं कथं कथेसि, सेय्यथीदं—दानकथं सीलकथं सग्गकथं, कामानं आदीनवं ओकारं सङ्किलेसं, [R.16] नेक्खम्मे आनिसंसं पकासेसि। यदा भगवा अञ्ञासि यसं कुलपुत्तं कल्लचित्तं, मुदुचित्तं, विनीवरणचित्तं, उदग्गचित्तं, पसन्नचित्तं, अथ या बुद्धानं सामुक्कंसिका धम्मदेसना तं पकासेसि—दुक्खं, समुदयं, निरोधं, मग्गं। सेय्यथापि नाम सुद्धं वत्थं अपगतकाळकं सम्मदेव रजनं पटिग्गण्हेय्य, एवमेव यसस्स कुलपुत्तस्स तस्मिंयेव आसने विरजं वीतमलं धम्मचक्खुं उदपादि—'यं किञ्चि समुदयधम्मं, सब्बं तं निरोधधम्मं' ति।

२७. अथ खो यसस्स कुलपुत्तस्स माता पासादं अभिरुहित्वा यसं कुलपुत्तं अपस्सन्ती येन सेट्ठी गहपति तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा सेट्ठिं गहपतिं एतदवोच— "पुत्तो ते, गहपति, यसो न दिस्सती" ति। अथ खो सेट्ठी गहपति चतुद्दिसा अस्सदूते उय्योजेत्वा सामं येव येन इसिपतनं मिगदायो तेनुपसङ्कमि। अद्दसा खो सेट्ठी गहपति सुवण्णपादुकानं निक्खेपं, दिस्वान तं येव अनुगमासि। अद्दसा खो भगवा सेट्ठिं गहपतिं दूरतो व आगच्छन्तं, दिस्वान भगवतो एतदहोसि— "यन्नूनाहं तथारूपं इद्धाभिसङ्खारं अभिसङ्खरेय्यं यथा सेट्ठी गहपति इध निसिन्नो इध निसिन्नं यसं कुलपुत्तं न पस्सेय्या" ति। अथ खो भगवा तथारूपं इद्धाभिसङ्खारं

तब यश कुलपुत्र भगवान् के उस वचन—'यह स्थान न तो सन्तापदायक है न पीड़ादायक' को सुनकर आह्लादित हो प्रसन्न चित्त से, खड़ाऊँ छोड़कर, नंगे पैर ही, जहाँ भगवान् विराजमान थे, वहाँ पहुँचा। पास जाकर, भगवान् को प्रणाम कर वह एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे उस यश कुलपुत्र को भगवान् ने आनुपूर्वी कथा कही; जैसे—दानकथा, शीलकथा, स्वर्गकथा, कामभोगों का दुष्परिणाम, उनके कारण होने वाली हीन प्रवृत्ति, दोष, तथा निष्कामता का माहात्म्य (प्रशंसा)। इन धार्मिक प्रसङ्गों को सुनाने के बाद, जब भगवान् ने देखा कि अब यश कुलपुत्र का चित्त भव्य, मृदु, विकारों से अनाच्छादित, आह्लादित एवं प्रसन्न है तब जनता को धर्म की तरफ आगे बढ़ाने वाली बुद्धों की उत्कृष्ट देशना—दुःख, दुःखसमुदय, दुःखनिरोध एवं दुःखनिरोधगामी मार्ग— का उपदेश यश कुलपुत्र को किया। इस देशना के प्रभाव से यश कुलपुत्र का चित्त उसी तरह निर्मल निर्विकार हो गया जैसे कोई शुद्ध कालिमाविहीन, निर्मल श्वेत वस्त्र हो। वह वस्त्र जैसे तत्काल मनचाहा रङ्ग ठीक ढंग से पकड़ लेता है, उसी तरह उस यश कुलपुत्र के निर्मल चित्त में तत्काल यह धर्मज्ञान उत्पन्न हो गया—"इस संसार में जो कुछ भी उत्पत्तिधर्मा (पदार्थ) हैं वे सब नाशवान् हैं।"

२७. यश कुलपुत्र के महल से बाहर निकलने के कुछ काल बाद, जब उसकी माता महल में गयी और उसे वह यश कुलपुत्र कहीं भी नहीं दिखायी दिया तो वह अपने पति श्रेष्ठी गृहपति के पास जाकर बोली—"गृहपति! तुम्हारा पुत्र महल में कहीं भी दिखायी नहीं पड़ रहा।" तब श्रेष्ठी गृहपति ने यश की खोज में चारों तरफ घुड़सवार दौड़ाकर वह स्वयं ऋषिपतन मृगदाव की तरफ चल पड़ा। वहाँ गृहपति ने ऋषिपतन में प्रवेश के बहुत पहले ही सोने की खड़ाऊँओं के निक्षेपचिह्न देख लिये। उन्हीं का पीछा करता हुआ वह ऋषिपतन में प्रवेश कर गया। वहाँ भगवान् ने दूर से ही गृहपति को उधर आते हुए देख लिया। देखकर उन्हें यह विचार आया कि क्यों न मैं अब एक छोटा सा अलौकिक चमत्कार दिखाऊँ कि यह श्रेष्ठी गृहपति यहीं बैठे अपने पुत्र यश को न देख पाये। भगवान् ने वैसा

अभिसङ्खरेसि। अथ खो सेट्ठी गहपति येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं एतदवोच—"अपि, भन्ते, भगवा यसं कुलपुत्तं पस्सेय्या" ति?

"तेन हि, गहपति, निसीद, अप्पेव नाम इध निसिन्नो इध निसिन्नं यसं कुलपुत्तं पस्सेय्यासी" ति। अथ खो सेट्ठी गहपति—"इधेव किराहं निसिन्नो इध निसिन्नं यसं कुलपुत्तं पस्सिस्सामी" ति हट्ठो उदग्गो भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नस्स खो सेट्ठिस्स गहपतिस्स भगवा अनुपुब्बिं कथं कथेसि, सेय्यथीदं—दानकथं सीलकथं सग्गकथं, कामानं आदीनवं ओकारं सङ्किलेसं, नेक्खम्मे आनिसंसं पकासेसि। यदा भगवा अञ्ञासि सेट्ठिं गहपतिं कल्लचित्तं, मुदुचित्तं, विनीवरणचित्तं, उदग्गचित्तं, [B.23] पसन्नचित्तं, अथ या बुद्धानं सामुक्कंसिका धम्मदेसना, तं पकासेसि—दुक्खं, समुदयं, निरोधं, मग्गं। सेय्यथापि नाम सुद्धं वत्थं अपगतकाळकं सम्मदेव रजनं पटिग्गण्हेय्य, एवमेव सेट्ठिस्स गहपतिस्स तस्मिंयेव आसने विरजं वीतमलं धम्मचक्खुं उदपादि—'यं किञ्चि समुदयधम्मं, सब्बं तं निरोधधम्मं' ति। [N.20]

अथ खो सेट्ठी गहपति दिट्ठधम्मो विदितधम्मो परियोगाळ्हधम्मो तिण्णविचिकिच्छो विगतकथङ्कथो वेसारज्जप्पत्तो अपरप्पच्चयो सत्थुसासने भगवन्तं एतदवोच—"अभिक्कन्तं, भन्ते, अभिक्कन्तं, भन्ते; सेय्यथापि, भन्ते, निक्कुज्जितं वा उक्कुज्जेय्य, पटिच्छन्नं वा विवरेय्य, मूळ्हस्स वा मग्गं आचिक्खेय्य, अन्धकारे वा तेलपज्जोतं धारेय्य—'चक्खुमन्तो रूपानि दक्खन्ती' ति—एवमेव भगवता अनेकपरियायेन धम्मो पकासितो। एसाहं, भन्ते, भगवन्तं

चमत्कार किया। इसी बीच श्रेष्ठी गृहपति भगवान् के पास पहुँचा, पहुँचकर उसने भगवान् से पूछा— "क्या, भन्ते! आपने यश कुलपुत्र को देखा है?"

गृहपति! बैठो! यहाँ बैठे हुए तुम यहीं बैठे यश कुलपुत्र को देख लोगे।" श्रेष्ठी गृहपति—"यहीं बैठा मैं यहीं बैठे अपने पुत्र को देख पाऊँगा"—सुन कर बहुत प्रमुदित हुआ। यों प्रसन्न होकर वह गृहपति भगवान् को अभिवादन कर एक तरफ बैठ गया। तब भगवान् ने उसको आनुपूर्वी कथा सुनाने का उपक्रम करते हुए दानकथा, शीलकथा आदि का विस्तरशः वर्णन किया। जब उस श्रेष्ठी गृहपति के विषय में भगवान् ने जान लिया कि यह भव्यचित्त एवं मृदुचित्त, निर्विकार, दोषानाच्छादित, धर्मोत्साह से आह्लादित एवं प्रसन्न है तब अन्त में बुद्धों द्वारा दी जाने वाली महत्त्वपूर्ण देशना (आर्यसत्यचतुष्टय का उपदेश) की।...जिससे उस श्रेष्ठी गृहपति को उसी आसन पर बैठे ही बैठे धर्ममय ज्ञानचक्षु उत्पन्न हो गया कि इस संसार में जो कुछ भी उत्पत्तिधर्मा पदार्थ हैं वे सब नाशवान् हैं।

तब वह श्रेष्ठी गृहपति इस धर्म को सही ढंग से जानकर, प्राप्त कर, इसका ऊपर से नीचे तथा नीचे से ऊपर तक अवगाहन कर, निर्विवाद, असन्दिग्ध तथा किसी भी प्रकार के ननु–नच (शङ्का–सन्देह) से दूर, इस बुद्ध धर्म में विशेष दक्ष एवं विश्वस्त तथा श्रद्धालु बनकर भगवान् से यों निवेदन करने लगा—"भन्ते! कितना आश्चर्य है, कितना अद्भुत है कि जैसे कोई औंधे पात्र को सीधा कर दे, ढके हुए को खोल दे, अनजान को रास्ता दिखा दे या कोई अन्धकारावृत प्रदेश में तैल का दीपक जलाकर बैठ जाय कि देखने वाले देखने योग्य वस्तुओं को देख पायेंगे; इसी तरह श्रीमान् ने नाना प्रकार से इस धर्म का व्याख्यान कर दिखाया। अत: यह मैं, भन्ते! भगवान् की शरण में जाता हूँ, धर्म एवं सङ्घ की भी शरण मे जाता हूँ। भगवान् आज से मुझे मेरे प्राण रहने तक (यावज्जीवन) अपना उपासक (सेवक) समझें।"

सरणं गच्छामि, धम्मं च, भिक्खुसङ्घं च। उपासकं मं भगवा धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं [R.17] गतं'' ति। **सो व लोके पठमं उपासको अहोसि तेवाचिको।**

२८. अथ खो यसस्स कुलपुत्तस्स पितुनो धम्मे देसियमाने यथादिट्ठं यथाविदितं भूमिं पच्चवेक्खन्तस्स अनुपादाय आसवेहि चित्तं विमुच्चि। अथ खो भगवतो एतदहोसि— ''यसस्स खो कुलपुत्तस्स पितुनो धम्मे देसियमाने यथादिट्ठं यथाविदितं भूमिं पच्चवेक्खन्तस्स अनुपादाय आसवेहि चित्तं विमुत्तं। अभब्बो खो यसो कुलपुत्तो हीनायावत्तित्वा कामे परिभुञ्जितुं, सेय्यथापि पुब्बे अगारिकभूतो; यन्नूनाहं तं इद्धाभिसङ्खारं पटिप्पस्सम्भेय्यं'' ति। अथ खो भगवा तं इद्धाभिसङ्खारं पटिप्पस्सम्भेसि। अद्दसा खो सेट्ठी गहपति यसं कुलपुत्तं निसिन्नं, दिस्वान यसं कुलपुत्तं एतदवोच— ''माता ते, तात यस, परिदेवसोकसमापन्ना, देहि मातुया जीवितं'' ति।

४७. उस समय वे जटिल, (हवन हेतु) अग्नि जलाने के लिये लकड़ियाँ नहीं फाड़ पाते थे। उन जटिलों के मन में यह हुआ—"अवश्य ही यह इस महाश्रमण की ऋद्धि का प्रभाव है कि ये लकडियाँ हमसे फट नहीं पा रही हैं। तब भगवान् से उरुवेल काश्यप ने कहा—"महाश्रमण! ये लकड़ियाँ फट जाँय" "हाँ! काश्यप ये लकडियाँ फट जॉयगी।" इतना कहते ही पाँच सौ लकड़ियाँ एक साथ फट गयीं। तब उरुवेल काश्यप के मन में हुआ—"अवश्य यह महाश्रमण....परन्तु मेरे जैसे नहीं।" (१२)

द्वादश प्रातिहार्य।।

४८. उस समय वे जटिल अग्नि नहीं जला पाते थे....पूर्ववत्. ..। अग्नि जल जाँय। पाँच सौ अग्निकुण्डो में अग्नि एक साथ जल गयी।....परन्तु मेरे जैसा नहीं। (१३)

त्रयोदश प्रातिहार्य।।

४९. उस समय वे जटिल (हवन के बाद) अग्नि बुझा नहीं पाते थे।....पूर्ववत्....परन्तु मेरे जैसा नहीं। (१४)

चतुर्दश प्रातिहार्य।।

५०. तेन खो पन समयेन ते जटिला सीतासु हेमन्तिकासु रत्तीसु अन्तरट्ठकासु हिमपातसमये नज्जा नेरञ्जरायं उम्मुज्जन्ति पि, निम्मुज्जन्ति पि, उम्मुज्जननिम्मुज्जनं पि करोन्ति। अथ खो भगवा पञ्चमत्तानि मन्दामुखिसतानि अभिनिम्मिनि, यत्थ ते जटिला उत्तरित्वा विसीवेसुं। अथ खो तेसं जटिलानं एतदहोसि—"निस्संसयं खो महासमणस्स इद्धानुभावो, [R.32] यथयिमा मन्दामुखियो निम्मिता" ति। अथ खो उरुवेलकस्सपस्स जटिलस्स एतदहोसि—'महिद्धिको खो महासमणो महानुभावो, यत्र हि नाम ताव बहू मन्दामुखियो पि अभिनिम्मिनिस्सति, न त्वेव च खो अरहा यथा अहं" ति। (१५)

५१. तेन खो पन समयेन महाअकालमेघो पावस्सि, महाउदकवाहको सञ्जायि। यस्मिं पदेसे भगवा विहरति, सो पदेसो उदकेन ओत्थटो होति। अथ खो भगवतो एतदहोसि—यन्नूनाहं समन्ता उदकं उस्सारेत्वा मज्झे रेणुहताय भूमिया चङ्कमेय्यं" ति। अथ खो भगवा समन्तो उदकं उस्सारेत्वा मज्झे रेणुहताय चङ्कमि। अथ खो उरुवेलकस्सपो जटिलो—'मा हेव खो महासमणो उदकेन वूळ्हो अहोसी' ति नावाय सम्बहुलेहि जटिलेहि सद्धिं यस्मिं पदेसे भगवा विहरति तं पदेसं अगमासि। अद्दसा खो उरुवेलकस्सपो जटिलो भगवन्तं समन्ता उदकं उस्सारेत्वा मज्झे रेणुहताय भूमिया चङ्कमन्तं, दिस्वान भगवन्तं एतदवोच—"इदं नु त्वं, महासमणा" ति? "अयमहमस्मि, कस्सपा" ति भगवा वेहासं अब्भुग्गन्त्वा नावाय पच्चुट्ठासि। अथ खो उरुवेलकस्सपस्स जटिलस्स एतदहोसि—"महिद्धिको खो महासमणो महानुभावो, यत्र हि नाम उदकं पि न पवाहिस्सति, न त्वेव च खो अरहा यथा अहं" ति। (१६)

---

५०. उस समय वे जटिल हेमन्त ऋतु की हड्डियों तक मे घुस जाने वाली ठण्डी हवा भरी ठण्डी रातों में प्रातःकाल ही उठकर, जबकि पाला (ठण्ढ) पडता रहता था, नेरञ्जरा नदी में स्नान करने जाते थे, वे वहाँ डुबकियाँ लगाते थे, जल में ऊपर नीचे उतराते थे। तब वे ठण्ड के कारण बहुत कष्ट पाते थे। अतः भगवान् ने उनकी सुख–सुविधा के लिये पाँच सौ अंगीठियाँ (मन्दामुखी) अपने ऋद्धिबल से तय्यार कीं। वे जटिल नदी में स्नान कर उन अगीठियों पर अपने हाथ पैर तपा कर सेक कर सुखानुभव करते थे। तब उस जटिल के मन में हुआ....पूर्ववत्... मेरे जैसा नहीं। (१५)

पञ्चदश प्रतिहार्य ।।

५१. उस समय विना ऋतु के ही भयङ्कर वर्षा (=अकालमेघ) होने लगी, जिसके कारण उस प्रदेश में प्रबल बाढ़ आ गयी। बाढ़ के कारण वह समग्र प्रदेश जलमग्न हो गया। तब भगवान् के मन में विचार आया—"क्यों न मैं इस समय अपने चारों ओर के जल को सुखाकर बीच में धूलियुक्त ऊँची भूमि पर चंक्रमण करूँ!" तब भगवान् चारों तरफ से जल हटा कर बीच में धूलियुक्त ऊँची भूमि पर चंक्रमण करने लगे। ऊरुवेल काश्यप जटिल ने यह सोचकर कि अरे "वे महाश्रमण जल में न डूब गये हों", वे नाव लेकर बहुत से जटिलों को साथ लेकर वहाँ पहुँचे जहाँ श्रमण ऊँचे टीले पर चंक्रमण कर रहे थे। पहुँचते ही देखकर आश्चर्यचकित होते हुए कहा—"अरे महाश्रमण! आप हैं?" "हाँ, काश्यप! में ही यह हूँ।" यों कहते हुए भगवान् आकाश में उड़कर उस नाव में आ कर खड़े हो गये। यह देखकर काश्यप जटिल को यह हुआ—"यह महाश्रमण महानुभाव एवं महर्धिसम्पन्न तो है कि इतनी भयङ्कर बाढ़ भी जिसे नहीं डुबो सकी। फिर भी मैं इसे उतना पहुँचा हुआ अर्हत् तो नहीं मान सकता जितना मैं हूँ।"

५२. अथ खो भगवतो एतदहोसि—"चिरं पि खो इमस्स मोघपुरिसस्स [B.42] एवं भविस्सति—'महिद्धिको खो महासमणो महानुभावो, न त्वेव च खो अरहा यथा [N.33] अहं' ति; यन्नूनाहं इमं जटिलं संवेजेय्यं" ति। अथ खो भगवा उरुवेलकस्सपं जटिलं एतदवोच—"नेव च खो त्वं, कस्सप, अरहा, नापि अरहत्तमग्गसमापन्नो। सा पि ते पटिपदा नत्थि, याय त्वं अरहा वा अस्ससि, अरहत्तमग्गं वा समापन्नो" ति।

अथ खो उरुवेलकस्सपो जटिलो भगवतो पादेसु सिरसा निपतित्वा भगवन्तं एतदवोच—"लभेय्याहं, भन्ते, भगवतो सन्तिके पब्बज्जं, लभेय्यं उपसम्पदं" ति। "त्वं खोसि, कस्सप, पञ्चन्नं जटिलसतानं नायको विनायको अग्गो पमुखो पामोक्खो। ते पि ताव अपलोकेहि, यथा ते मञ्ञिस्सन्ति तथा करिस्सन्ती" ति। अथ खो उरुवेलकस्सपो जटिलो येन ते जटिला तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा ते जटिले एतदवोच—"इच्छामहं, भो, महासमणे ब्रह्मचरियं चरितुं, यथा भवन्तो मञ्ञन्ति तथा करोन्तू" ति। "चिरपटिका मयं, भो, [R.33] महासमणे अभिप्पसन्ना, सचे भवं महासमणे ब्रह्मचरियं चरिस्सति, सब्बेव मयं महासमणे ब्रह्मचरियं चरिस्सामा" ति। अथ खो ते जटिला केसमिस्सं जटामिस्सं खारिकाजमिस्सं अग्गिहुत्तमिस्सं उदके पवाहेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु, उपसङ्कमित्वा भगवतो पादेसु सिरसा निपतित्वा भगवन्तं एतदवोचुं—"लभेय्याम मयं, भन्ते, भगवतो सन्तिके पब्बज्जं, लभेय्याम उपसम्पदं" ति। "एथ, भिक्खवो"—ति भगवा अवोच—"स्वाक्खातो धम्मो,

---

५२. तब भगवान् के मन में यह विचार उठा—"इस मूर्ख को चिरकाल तक इस का यह भ्रम दबाये रखेगा कि यह महाश्रमण ऋद्धिसम्पन्न तो बहुत है, परन्तु मेरे जितना पहुँचा हुआ अर्हत् तो नहीं है। तो क्यों न अब इस जटिल को फटकारा जाय।" तब भगवान् उस ऊरुवेलकाश्यप जटिल को यों बोले—"अरे काश्यप! न तो तूँ अर्हत् ही है न अर्हत्–मार्ग की तरफ बढ़ा हुआ ही। न तुझे वह ज्ञान (=पटिपदा) ही है, जिसके आश्रय से अर्हत् बना जा सके या अर्हत्–मार्ग पर आरूढ़ हुआ जा सके।"

तब ऊरुवेल काश्यप जटिल भगवान् के श्रीचरणों में अपना शिर रखकर उनसे निवेदन करने लगा—"भन्ते! क्या ही अच्छा हो कि मैं भगवान् से प्रव्रज्या तथा उपसम्पदा पा जाऊँ।"

(भगवान् ने कहा—) "काश्यप! तुम (अकेले नहीं हो, अपि तु) पाँच सौ जटिलों के नेता भी, नायक, अग्र, प्रमुख तथा प्रधान भी हो। उनसे भी समझ लो, पूछ लो, उन्हें भी बता दो; फिर वे जैसे समझ में आयगा वैसा करेंगे।"

ऊरुवेल काश्यप की दीक्षा— तब वह ऊरुवेलकाश्यप जटिल अपने शिष्य जटिलों के पास गया और उनसे कहा—"मैं तो अब महाश्रमण से उसके धर्म की दीक्षा लेने जा रहा हूँ। अब आप लोग जैसा चाहें, करें।" (जटिल बोले—) "हम तो बहुत पहले से इस महाश्रमण के प्रति श्रद्धालु हैं। यदि आप महाश्रमण से उनके धर्म की दीक्षा लेगें तो हम सब भी उस महाश्रमण का धर्म ग्रहण कर लेंगे।"

तब वे सभी जटिल अपनी केशसामग्री, जटासामग्री, झोली एवं अग्निहोत्र की सामग्री (नेरञ्जरा नदी के) जल में प्रवाहित कर जहाँ भगवान् थे, वहाँ पहुँचे। पहुँचकर भगवान् के श्रीचरणों में सिर से प्रणाम कर उनसे यों निवेदन किया—"भन्ते! हमारे लिये यह शुभप्रद होगा कि हम आपसे प्रव्रज्या तथा उपसम्पदा प्राप्त कर लें।" "आओ, भिक्षुओ!" कहकर भगवान् फिर यों बोले—"तुमको मैंने धर्म का व्याख्यान भलीभाँति कर ही दिया है। इस धर्म का तुम सावधानीपूर्वक आचरण करते हुए अभ्यास

चरथ ब्रह्मचरियं सम्मा दुक्खस्स अन्तकिरियाया'' ति। सा व तेसं आयस्मन्तानं उपसम्पदा अहोसि। (१)

५३. अद्दसा खो नदीकस्सपो जटिलो केसमिस्सं जटामिस्सं खारिकाजमिस्सं अग्गिहुत्तमिस्सं उदके वुय्हमाने, दिस्वानस्स एतदहोसि–''मा हेव मे भातुनो उपसग्गो अहोसी'' ति। जटिले पाहेसि–''गच्छथ मे भातरं जानाथा'' ति। सामं च तीहि जटिलसतेहि सद्धिं येनायस्मा उरुवेलकस्सपो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं उरुवेलकस्सपं एतदवोच–''इदं नु खो, कस्सप, सेय्यो'' ति ? ''आमावुसो, इदं सेय्यो'' ति। अथ खो ते [B.43] जटिला केसमिस्सं जटामिस्सं खारिकाजमिस्सं अग्गिहुत्तमिस्सं उदके पवाहेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु, उपसङ्कमित्वा भगवतो पादेसु सिरसा निपतित्वा भगवन्तं एतदवोचुं–''लभेय्याम मयं, भन्ते, भगवतो सन्तिके पब्बज्जं, लभेय्याम उपसम्पदं'' ति। ''एथ, भिक्खवो''–ति भगवा अवोच–''स्वाक्खातो धम्मो, चरथ ब्रह्मचरियं सम्मा दुक्खस्स अन्तकिरियाया'' ति। सा व तेसं आयस्मन्तानं उपसम्पदा अहोसि। (२)

५४. अद्दसा खो गयाकस्सपो जटिलो केसमिस्सं जटामिस्सं खारिकाजमिस्सं अग्गिहुत्तमिस्सं उदके वुय्हमाने, दिस्वानस्स एतदहोसि–''मा हेव मे भातूनं उपसग्गो अहोसी'' ति। जटिले पाहेसि–''गच्छथ मे भातरो जानाथा'' ति। सामं च द्वीहि जटिलसतेहि सद्धिं येनायस्मा उरुवेलकस्सपो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं उरुवेलकस्सपं [N.34] एतदवोच– ''इदं नु खो, कस्सप, सेय्यो'' ति ? ''आमावुसो, इदं सेय्यो'' ति। [R.34] अथ खो ते जटिला केसमिस्सं...पे०...सा व तेसं आयस्मन्तानं उपसम्पदा अहोसि।

करो। यह तुम्हारे दुःखों का क्षय करने में पूर्ण क्षमता रखता है।'' यही उन आयुष्मानों की उपसम्पदा हो गयी। (१)

नदीकाश्यप की प्रव्रज्या– ५३. तब नदीकाश्यप जटिल, उन जटिलों का सम्पूर्ण सामान, जैसे–केश, जटा, झोली एवं अग्निहोत्र की सामग्री को (नदी के) जल में बहते हुए देख कर चिन्तित हुआ–''अरे! मेरे भाई का कुछ अनिष्ट (=उपसर्ग) तो नहीं हो गया!'' उसने अपने कुछ शिष्य जटिलों को उरुवेलकाश्यप के आश्रम पर यह कह कर भेजा–''जाओ! मेरे भाई के विषय में ठीक पता लगा कर आओ।'' (और कुछ देर बाद) स्वय भी तीन सौ जटिलों को साथ लेकर ऊरुवेल काश्यप जटिल के पास पहुँचा और वह बोला–''यह जो तुमने किया यह (तुम्हारे लिये) श्रेयस्कर है?'' ''हाँ, आयुष्मन्! श्रेयस्कर है।'' तब नदीकाश्यप के सभी शिष्य जटिल भी अपनी केशसामग्री....अग्निहोत्रसामग्री जल में प्रवाहित कर जहाँ भगवान् थे वहाँ पहुँचे और निवेदन करने लगे–''भन्ते! हम भी आपसे प्रव्रज्या एवं उपसम्पदा प्राप्त करना चाहते हैं।'' ''आओ भिक्षुओ!'' कहते हुए भगवान् ने यह भी कहा–''इस धर्म का व्याख्यान तुमको विशदतया कर दिया गया, इस पर सही ढंग से आचरण करते हुए यदि तुम आराधना करोगे तो निश्चय ही यह तुम्हारे दुःखों का क्षय करने में समर्थ होगा....।'' (२)

गयाकाश्यप की प्रव्रज्या– ५४. तब गयाकाश्यप जटिल ने भी नदी में बहती उन जटिलो की वह केशसामग्री....अग्निहोत्र सामग्री बहती हुई देखी तो उसके मन में भी....पूर्ववत्....। और साथ ही अपने दो सौ जटिलशिष्यों के साथ ऊरुवेलकाश्यप के आश्रम पर....पूर्ववत्....दुःखों का क्षय करने में समर्थ होगा। यही उन आयुष्मानों की उपसम्पदा हुई।। (३)

भगवतो अधिट्ठानेन पञ्च कट्ठसतानि न फालियिंसु, फलियिंसु; अग्गी न उज्जलिंसु उज्जलिंसु; न विज्झायिंसु, विज्झायिंसु; पञ्चमन्दामुखिसतानि अभिनिम्मिनि। एतेन नयेन अड्ढुड्ढपाटिहारियसहस्सानि होन्ति।

१५. आदित्तपरियायो

५५. अथ खो भगवा उरुवेलायं यथाभिरन्तं विहरित्वा येन गयासीसं तेन चारिकं पक्कामि महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं भिक्खुसहस्सेन सब्बेहेव पुराणजटिलेहि। तत्र सुदं भगवा गयायं विहरति गयासीसे सद्धिं भिक्खुसहस्सेन। तत्र खो भगवा भिक्खू [B.44] आमन्तेसि– "सब्बं, भिक्खवे, आदित्तं। किञ्च, भिक्खवे, सब्बं आदित्तं? चक्खु आदित्तं, रूपा आदित्ता, चक्खुविञ्ञाणं आदित्तं, चक्खुसम्फस्सो आदित्तो, यदिदं चक्खुसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि आदित्तं। केन आदित्तं? रागग्गिना, दोसग्गिना, मोहग्गिना आदित्तं, जातिया जराय मरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि आदित्तं ति वदामि। सोतं आदित्तं, सद्दा आदित्ता, सोतविञ्ञाणं आदित्तं.... पे०....उपायासेहि आदित्तं ति वदामि। घानं आदित्तं, गन्धा आदित्ता, घानविञ्ञाणं आदित्तं....पे०....उपायासेहि आदित्तं ति वदामि। जिव्हा आदित्ता, रसा आदित्ता, जिव्हा-विञ्ञाणं आदित्तं....पे०....उपायासेहि आदित्तं ति वदामि। कायो आदित्तो, फोट्ठब्बा आदित्ता, कायविञ्ञाणं आदित्तं....पे०....उपायासेहि आदित्तं ति वदामि। मनो आदित्तो, धम्मा आदित्ता, मनोविञ्ञाणं आदित्तं....पे०....उपायासेहि आदित्तं ति वदामि।

"एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको चक्खुस्मिं पि निब्बिन्दति, [B.45] रूपेसु पि निब्बिन्दन्ति, चक्खुविञ्ञाणे पि निब्बिन्दति, चक्खुसम्फस्से पि निब्बिन्दति,

---

भगवान् के दृढ़ सङ्कल्प से (इस उरुवेलप्रातिहार्य-कथाप्रसङ्ग में) पाँच सौ लकड़ियाँ नहीं फटीं, फिर फटीं; पाँच सौ अग्निकुण्ड नहीं जले, फिर जले; पाँच सौ अग्निकुण्ड नहीं बुझे, फिर बुझे; पाँच सौ अंगीठियाँ (मन्दामुखी) जलीं–इसलिये ऋद्धिप्रातिहार्य गणना में साढ़े तीन हजार (अड्ढुड्ढ) हुई।

१५. आदीप्तपर्याय

५५. तब भगवान् उरुवेला में इच्छानुसार साधना (विहार) करते हुए अन्त में उन सभी पुराने जटिलों से बने एक सहस्र भिक्षुसङ्घ के साथ गया नगरी के गयाशीर्ष (ब्रह्मयोनि) पर्वत पर पहुँचे। उस पर्वत पर साधना हेतु ठहरे हुए भगवान् ने उन एक हजार भिक्षुओं को यह देशना की–भिक्षुओ! (संसार में) सब कुछ प्रदीप्त हो (जल) रहा है। (नष्ट हो रहा है।) भिक्षुओ! क्या सब कुछ जल रहा है? चक्षु जल रहा है, रूप (चक्षुर्विषय) जल रहा हैं, चक्षुर्विज्ञान जल रहा है, चक्षुःसंस्पर्श जल रहा है, तथा चक्षुःसंस्पर्श के प्रत्यय के कारण जो वेदनाएँ उत्पन्न होती हैं, वे भी जल रही हैं। किससे जल रही हैं? रागाग्नि से, द्वेषाग्नि से, मोहाग्नि से जल रही हैं, जन्म, जरा, मरण से, शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य या पश्चात्ताप की अग्नि से जल रही है। श्रोत्र....घ्राण....जिह्वा....काय....मन....मनोधर्म.... मनोविज्ञान....पश्चात्ताप अग्नि से जल रहा है–ऐसा मैं मानता हूँ, ऐसा मैं कहता हूँ।

"भिक्षुओं! ऐसा देखते हुए, ऐसा समझते हुए श्रुतवान् आर्य–श्रावक चक्षु में भी, अनासक्त हो जाता है, रूप में भी, चक्षुर्विज्ञान में भी, चक्षुःसंस्पर्श में, चक्षुःसंस्पर्शज प्रत्ययोत्पन्न वेदनाओ में भी

यदिदं चक्खुसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा, तस्मिं [R.35] पि निब्बिन्दति। सोतस्मिं पि निब्बिन्दति, सद्देसु पि निब्बिन्दति....पे०....घानास्मिं पि निब्बिन्दति, गन्धेसु पि निब्बिन्दति....पे०....जिव्हाय पि निब्बिन्दति....रसेसु पि निब्बिन्दति....पे०....कायस्मिं पि निब्बिन्दति, फोट्ठब्बेसु पि निब्बिन्दति....पे०....मनस्मिं पि निब्बिन्दति, धम्मेसु पि निब्बिन्दति, मनोविञ्ञाणे पि निब्बिन्दति, मनोसम्फस्से पि निब्बिन्दति, यदिदं मनोसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं [N.35] वा तस्मिं पि निब्बिन्दति, निब्बिन्दं विरज्जति, विरागा विमुच्चति, विमुत्तस्मिं विमुत्तम्ही ति ञाणं होति। खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया ति पजानाती'' ति। इमस्मिं च पन वेय्याकरणस्मिं भञ्ञमाने तस्स भिक्खुसहस्सस्स अनुपादाय आसवेहि चित्तानि विमुच्चिंसु।

आदित्तपरियायो निट्ठितो॥

उरुवेलपाटिहारियं निट्ठितं॥

ततियभाणवारो निट्ठितो॥

१६. बिम्बिसारसमागमकथा

५६. अथ खो भगवा गयासीसे यथाभिरन्तं विहरित्वा येन राजगहं तेन चारिकं पक्कामि, महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं भिक्खुसहस्सेन सब्बेहेव पुराणजटिलेहि। अथ खो भगवा अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन राजगहं तदवसरि। तत्र सुदं भगवा राजगहे विहरति लट्ठिवने सुप्पतिट्ठे चेतिये। अस्सोसि खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो—''समणो खलु भो गोतमो सक्यपुत्तो सक्यकुला पब्बजितो राजगहं अनुप्पत्तो राजगहे विहरति लट्ठिवनुय्याने सुप्पतिट्ठे चेतिये। तं खो पन भगवन्तं गोतमं एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो—

अनासक्त हो जाता है। श्रोत्र में भी....शब्दों में भी...घ्राण मे भी....गन्ध में भी....जिह्वा में भी....रस में भी....काय में भी....स्प्रष्टव्य विषयों में भी....मन में भी...मनोधर्मों में भी...मनोविज्ञान में भी....मनःसंस्पर्श में भी...मनःसंस्पर्शजन्य प्रत्ययोत्पन्न वेदनाओं ..न दुःख न सुख में भी अनासक्त हो जाता है। इस अनासक्ति के कारण उसे वैराग्य हो जाता है, वैराग्य होने से वह सुख दुःख से विमुक्त हो जाता है। विमुक्त होने पर उसे 'मैं विमुक्त हूँ' यह ज्ञान हो जाता है तथा वह यह भी समझ जाता है कि मेरा संसार में आना-जाना समाप्त हो चुका है, मेरी धर्मसाधना पूर्ण (सफल) हो चुकी है। मैं कृतकार्य हो चुका हूँ। अब मेरा यहाँ कोई कर्त्तव्य अवशिष्ट नहीं रह गया है।'' भगवान् की इस देशना के प्रभाव से उन एक हजार भिक्षुओं को पूर्ण अनासक्ति एवं विरक्ति के कारण समग्र आश्रवो (चित्तविकारों) से छुटकारा मिल गया।।

आदीप्तपर्याय समाप्त।।

उरुवेलप्रातिहार्य समाप्त।।

तृतीय भाणवार समाप्त।।

१६. बिम्बिसारसमागमकथा

५६. एतदनन्तर, भगवान् गयाशीर्ष में इच्छानुकूल साधना करते हुए, एक हजार पुराणजटिल भिक्षुओं के सङ्घ के साथ राजगृह की तरफ चारिका के लिये निकल पड़े। तब भगवान् क्रमशः चारिका करते हुए राजगृह पहुँचे। और वहाँ राजगृह में **यष्टिवन** के सुप्रतिष्ठित चैत्य में विराजे। उस समय

'इति पि सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो विज्जाचरणसम्पन्नो सुगतो लोकविदू अनुत्तरो पुरिसदम्मसारथि सत्था देवमनुस्सानं बुद्धो भगवा' ति।

सो इमं लोकं सदेवकं समारकं सब्रह्मकं सस्समणब्राह्मणिं पजं सदेवमनुस्सं [B.46] सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा पवेदेति। सो धम्मं देसेति आदिकल्याणं मज्झेकल्याणं परियोसान-कल्याणं सात्थं सब्यञ्जनं केवलपरिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं पकासेति। साधु खो पन तथारूपानं अरहतं दस्सनं होती'' ति।

अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो द्वादसनहुतेहि मागधिकेहि ब्राह्मण-गहपतिकेहि परिवुतो येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा [R.36] एकमन्तं निसीदि। ते पि खो द्वादसनहुता मागाधिका ब्राह्मणगहपति अप्पेकच्चे भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु, अप्पेकच्चे येन भगवा तेनञ्जलिं पणामेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु, अप्पेकच्चे भगवतो सन्तिके नामगोत्तं सावेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु, अप्पेकच्चे तुण्हीभूता एकमन्तं निसीदिंसु। अथ खो तेसं द्वादसनहुतानं मागधिकानं ब्राह्मणगहपतिकानं एतदहोसि—'' किं नु खो महासमणो उरुवेलकस्सपे ब्रह्मचरियं चरति, उदाहु उरुवेलकस्सपो महासमणे ब्रह्मचरियं चरती'' ति? अथ खो भगवा तेसं द्वादसनहुतानं मागधिकानं ब्राह्मणगहपतिकानं चेतसा चेतोपरिवितक्कमञ्ञाय आयस्मन्तं उरुवेलकस्सपं गाथाय अज्झभासि—

''किमेव दिस्वा उरुवेलवासि पहासि अग्गिं किसको वदानो। [N.36]
पुच्छामि तं, कस्सप, एतमत्थं कथं पहीनं तव अग्गिहुत्तं ति?''॥

राजा मागध श्रेणिय बिम्बिसार ने सुना—''शाक्यपुत्र श्रमण गौतम शाक्यकुल से प्रव्रजित होकर राजगृह में आकर यष्टिवन (जटियाँव) के सुप्रतिष्ठित चैत्य में विराजमान हैं। उस भगवान् का लोक में ऐसा यशःशब्द सुनायी दे रहा है—''वे भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध हैं, विद्या एवं आचरण से युक्त हैं , सुगत हैं, लोकज्ञ हैं, उनसे उत्तम संसार में कोई नहीं है। वे चाबुक हाथ में लिये सावधान सारथि के तुल्य हैं, देवताओं और मनुष्य शास्ता हैं, ऐसे वे भगवान् बुद्ध हैं।'' वे ब्रह्मलोक, मारलोक तथा देवलोक सहित इस लोक में देव मनुष्यों सहित श्रमण ब्राह्मण एवं प्रजाजन को स्वयं जानकर साक्षात् कर उपदेश करते हैं। वे आदि, मध्य और अन्त में भी कल्याणप्रद, अर्थ एवं व्यञ्जनसहित, एकान्ततः परिपूर्ण, परिशुद्ध ब्रह्मचर्य (धर्म) का उपदेश करते हैं। ऐसे ज्ञानी श्रमणों का दर्शन शुभ ही होता है।

तब राजा मागध श्रेणिय बिम्बिसार १,२०,००० (एक लाख बीस हजार) अनुगामी ब्राह्मणों एवं गृहपतियों के साथ (घिरा हुआ) जहाँ भगवान् विराजमान थे, वहाँ पहुँचे। वहाँ पहुँचकर, भगवान् को प्रणाम कर एक तरफ बैठ गये। उन एक लाख बीस हजार ब्राह्मण गृहपतियों में से भी कुछ भगवान् को प्रणाम कर एक तरफ बैठ गये। कुछ प्रणाम करते हुए कुशल मङ्गल भी पूछते रहे। कुछ कुशल मङ्गल एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रश्न भी पूछते हुए एक ओर बैठ गये। और कुछ अपना नाम गोत्र सुनाते हुए और कुछ विना कुछ कहे सुने चुपचाप एक तरफ बैठ गये। उस समय, उन एक लाख बीस हजार ब्राह्मण गृहपतियों के मन में यह विचार उठा—''इन दोनों में, क्या ऊरुवेल काश्यप इन महाश्रमण का शिष्य है? या फिर महाश्रमण ही ऊरुवेल काश्यप के शिष्य हैं?''

तब भगवान् ने उन...श्रमण ब्राह्मण गृहपतियों के मन की बात अपने मन से जानकर आयुष्मान् ऊरुवेलकाश्यप से गाथाओ के माध्यम से यह कहा—

"रूपे च सद्दे च अथो रसे च कामित्थियो चाभिवदन्ति यञ्ञा।
एतं मलं ति उपधीसु ञत्वा तस्मा न यिट्ठे न हुते अरञ्जिं" ति॥

"एत्थेव ते मनो न रमित्थ (कस्सपा ति—भगवा) रूपेसु सद्देसु अथो रसेसु।
अथ को चरहि देवमनुस्सलोके रतो मनो, कस्सप, ब्रूहि मेतं" ति॥

[B.47] "दिस्वा पदं सन्तमनूपधीकं अकिञ्चनं कामभवे असत्तं।
अनञ्ञथाभाविमनञ्ञनेय्यं तस्मा न यिट्ठे न हुते अरञ्जिं॥" ति॥

५७. अथ खो आयस्मा उरुवेलकस्सपो उट्ठायासना एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा भगवतो पादेसु सिरसा निपतित्वा भगवन्तं एतदवोच—"सत्था मे, भन्ते, भगवा, सावकोहमस्मि; सत्था मे, भन्ते, भगवा, सावकोहमस्मी" ति। अथ खो तेसं द्वादसनहुतानं मागधिकानं ब्राह्मणगहपतिकानं एतदहोसि—"उरुवेलकस्सपो महासमणे ब्रह्मचरियं चरती" ति।

[R.37] अथ खो भगवा तेसं द्वादसनहुतानं मागधिकानं ब्राह्मणगहपतिकानं चेतसा चेतोपरिवितक्कमञ्ञाय अनुपुब्बि कथं कथेसि, सेय्यथीदं—दानकथं सीलकथं सग्गकथं.... पे०.... सामुक्कंसिका धम्मदेसना, तं पकासेसि—दुक्खं, समुदयं, निरोधं, मग्गं। सेय्यथापि नाम सुद्धं वत्थं अपगतकाळकं सम्मदेव रजनं पटिग्गण्हेय्य, एवमेव एकादसनहुतानं मागधिकानं ब्राह्मणगहपतिकानं बिम्बिसारप्पमुखानं तस्मिंयेव आसने विरजं वीतमलं धम्मचक्खुं उदपादि—यं किञ्चि समुदयधम्मं, सब्बं तं निरोधधम्मं ति। एकनहुतं उपासकत्तं पटिवेदेसि।

"हे ऊरुवेलवासिन्! तपःकृशकाय! धर्मोपदेशक! तुमने क्या समझ कर अपनी अग्निहोत्रप्रधान तपस्या का परित्याग किया? भोः काश्यप! मैं तुमसे यही पूछ रहा हूँ कि तुमने अपना अग्निहोत्र कर्म क्यों छोड़ दिया?"

(ऊरुवेल काश्यप ने उत्तर दिया—) "याजक लोग रूप, शब्द एवं रस रूपी कामभोगों में, स्त्रियो के रूप, शब्द एवं रस मे हवन करते हैं। कामभोगों के रूप, शब्द एवं रस में ये कामेष्टि यज्ञ किये जाते है। 'ये रागादि उपधियाँ (मनोविकार) मल हैं'—मैंने ऐसा जानकर यज्ञ एवं हवन करना छोड़ दिया। उन से मेरा मन सर्वथा उचट गया।"

(भगवान् ने पूछा—"काश्यप!) जब तुम्हारा मन इन यज्ञों एवं हवनों से उचट गया, जब इनमें तुम्हारा मन नहीं रमा तो काश्यप! मुझे अब यह बताओ कि देव मनुष्य लोक में अब तुम्हारा मन कहाँ लग रहा है?"

(काश्यप बोले—) "शान्त, रागादिरहित, निर्लेप एवं कामभोगों मे निरासक्त, निर्विकार (अविनाशी) तथा दूसरों की सहायता से पार न होने वाले निर्वाणपद को देखकर मैं यज्ञ एवं होम क्रियाओं में अनासक्त हुआ।"

५७. उस समय ऊरुवेल काश्यप आसन से उठकर उत्तरासङ्ग को एक कन्धे पर कर, भगवान् के श्रीचरणों मे अपना शिर रखते हुए भगवान् से यों निवेदन करने लगे—"भन्ते! भगवान् (आप) ही मेरे गुरु हैं। मै आपका शिष्य हूँ। भन्ते! भगवान् ही मेरे गुरु हैं, मैं तो आपका शिष्य हूँ।" तब (यह सुनकर) उन....ब्राह्मण गृहपतियों को विश्वास हुआ कि 'यहां ये भगवान् ही गुरु हैं, उरुवेलकाश्यप तो इनका शिष्य है।'

५८. अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो दिट्ठधम्मो पत्तधम्मो विदितधम्मो परियोगाळ्हधम्मो तिण्णविचिकिच्छो विगतकथङ्कथो वेसारज्जप्पत्तो अपरप्पच्चयो सत्थुसासने भगवन्तं एतदवोच—"पुब्बे मे, भन्ते, कुमारस्स सतो पञ्च अस्सासका अहेसुं, ते मे एतरहि समिद्धा। १. पुब्बे मे, भन्त, कुमारस्स सतो एतदहोसि—'अहो वत मं रज्जे अभिसिञ्चेय्युं' ति, अयं खो मे, भन्ते, पठमो अस्सासको अहोसि, सो मे एतरहि समिद्धो। २. 'तस्स [N.37] च मे विजितं अरहं सम्मासम्बुद्धो ओक्कमेय्या' ति, अयं खो मे, भन्ते, दुतियो अस्साको अहोसि, सो मे एतरहि समिद्धो। ३. 'तं चाहं भगवन्तं पयिरुपासेय्यं' ति, अयं खो मे, [B.48] भन्ते, ततियो अस्सासको अहोसि, सो मे एतरहि समिद्धो। ४. 'सो च मे भगवा धम्मं देसेय्या' ति, अयं खो मे, भन्ते, चतुत्थो अस्साको अहोसि, सो मे एतरहि समिद्धो। ५. 'तस्स चाहं भगवतो धम्मं आजानेय्यं' ति, अयं खो मे, भन्ते, पञ्चमो अस्सासको अहोसि, सो मे एतरहि समिद्धो। पुब्बे मे, भन्ते, कुमारस्स सतो इमे पञ्च अस्सासका अहेसुं, ते मे एतरहि समिद्धा। अभिक्कन्तं, भन्ते, अभिक्कन्तं, भन्ते सेय्यथापि, भन्ते, निक्कुज्जितं वा उक्कुज्जेय्य, पटिच्छन्नं वा विवरेय्य, मूळ्हस्स वा मग्गं आचिक्खेय्य, अन्धकारे वा तेलपज्जोतं धारेय्य चक्खुमन्तो रूपानि दक्खिन्ती ति—एवमेव भगवता अनेकपरियायेन धम्मो पकासितो। एसाहं, भन्ते, भगवन्तं सरणं गच्छामि, धम्मं च, भिक्खुसङ्घं च। उपासकं मं, भन्ते, भगवा धारेतु.... पे०....स्वातनाय भत्तं सद्धिं भिक्खुसङ्घेना" ति। अधिवासेसि भगवा [R.38] तुण्हीभावेन। अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो भगवतो अधिवासनं विदित्वा उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि।

अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो तस्सा रत्तिया अच्चयेन पणीतं खादनीयं भोजनीयं पटियादापेत्वा भगवतो कालं आरोचापेसि—"कालो, भन्ते, निट्ठितं भत्तं" ति।

तब भगवान् ने उन...मगधवासी ब्राह्मण एवं गृहस्थों के चित्त की बात समझकर उनके लिये क्रमशः धर्मदेशना प्रारम्भ की; जैसे—दानकथा, शीलकथा, स्वर्गकथा....पूर्ववत्....यह धर्मचक्षु उत्पन हुआ। उस समय उन श्रमण ब्राह्मणों में दश हजार ने भगवान् का उपासकत्व स्वीकार किया।

५८. तब राजा मागध श्रेणिय बिम्बिसार ने धर्म को जानकर....पूर्ववत्....भगवान् से निवेदन किया—"भन्ते! पहले कुमारावस्था में मेरी पाँच इच्छाएँ थीं—१. 'क्या ही अच्छा होता कि मेरा राज्याभिषेक हो जाता'—यह मेरी पहली इच्छा थी जो पूर्ण हो गयी। २. 'क्या ही अच्छा होता कि मेरे राज्य में ज्ञानी जन चारिका करते रहे'—यह मेरी दूसरी इच्छा थी, जो आज आपके कारण पूर्ण हो गयी। ३. 'क्या ही अच्छा होता कि मैं आप भगवान् की सेवा (पर्युपासना) करता—यह मेरी तीसरी इच्छा थी, वह भी आज पूर्ण हो गयी। ४. 'क्या ही अच्छा होता कि भगवान् मुझे धर्मदेशना करते'—यह चौथी इच्छा थी, वह भी पूर्ण हो गयी। ५. 'क्या ही अच्छा होता कि मैं भगवान् के उस धर्म की गम्भीरता समझ पाता'—यह पाँचवीं इच्छा थी वह भी अब पूर्ण हो गयी। भन्ते! पहले कौमार्यावस्था में मेरी ये पाँच इच्छाएँ थी जो सभी आज पूर्ण हो गयीं। आश्चर्य है, भन्ते! अद्भुत है, भन्ते!....पूर्ववत्. .। भिक्षु सङ्घसहित कल का भोजन मेरे यहाँ स्वीकार करें। भगवान् ने मौन रह कर स्वीकार किया। तब मागध राजा श्रेणिय विम्बिसार भगवान् की स्वीकृति जान, आसन से उठ, भगवान् को प्रणाम-प्रदक्षिणा कर अपने महल को वापस लौट गया।

५९. अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय राजगहं पाविसि महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं भिक्खुसहस्सेन सब्बेहेव पुराणजटिलेहि। तेन खो पन समयेन सक्को देवानमिन्दो माणवकवण्णं अभिनिम्मिनित्वा बुद्धप्पमुखस्स भिक्खुसङ्घस्स पुरतो पुरतो गच्छति इमा गाथायो गायमानो—

"दन्तो दन्तेहि सह पुराणजटिलेहि विप्पमुत्तो विप्पमुत्तेहि।
सिङ्गीनिक्खसुवण्णो राजगहं पाविसि भगवा॥ १॥
"मुत्तो मुत्तेहि सह पुराणजटिलेहि विप्पमुत्तो विप्पमुत्तेहि।
सिङ्गीनिक्खसुवण्णो राजगहं पाविसि भगवा॥ २॥
"तिण्णो तिण्णेहि सह पुराणजटिलेहि विप्पमुत्तो विप्पमुत्तेहि।
[B.49] सिङ्गीनिक्खसुवण्णो राजगहं पाविसि भगवा॥ ३॥
"सन्तो सन्तेहि सह पुराणजटिलेहि विप्पमुत्तो विप्पमुत्तेहि।
सिङ्गीनिक्खसुवण्णो राजगहं पाविसि भगवा॥ ४॥
[N.38] "दसवासो दसबलो दसधम्मविदू दसभि चुपेतो।
सो दससतपरिवारो राजगहं पाविसि भगवा"॥ ति॥ ५॥

मनुस्सा सक्कं देवानमिन्दं पस्सित्वा एवं आहंसु—"अभिरूपो वतायं माणवको, दस्सनीयो वतायं माणवको, पासादिको वतायं माणवको। कस्स नु खो अयं माणवको" ति? एवं वुत्ते सक्को देवानमिन्दो ते मनुस्से गाथाय अज्झभासि—

"यो धीरो सब्बधि दन्तो सुद्धो अप्पटिपुग्गलो।
अरहं सुगतो लोके तस्साहं परिचारको"॥ ति॥

तब राजा....बिम्बिसार ने उस रात्रि के बीतने पर, उत्तम रुचिकर खाद्य, भोज्य बनवा कर भगवान् को सूचित किया—"भन्ते! भोजन का समय हो गया है। भोजन भी बन चुका है।"

५९ तब भगवान् पूर्वाह्न में ठीक से वस्त्र पहनकर, पात्र और चीवर लेकर, सभी एक सहस्र पुराने जटिलो से बने भिक्षु सङ्घ के साथ राजगृह मे प्रविष्ट हुए। उस समय देवेन्द्र शक्र माणवक (वटुक) का रूप धरकर, बुद्धप्रमुख भिक्षुसङ्घ के आगे आगे चलता हुआ ये गाथाएँ बोलने लगा—

"मुक्त एवं संयमी पुराणजटिलो को साथ लिये हुए वे संयमी, मुक्त, शुद्ध सुवर्णतुल्य शरीर प्रभा वाले भगवान् (बुद्ध) राजगृह में प्रवेश कर रहे है।। १-२।।

भवसागर को पार किये अतः शान्तचित्त पुराणजटिलों को अनुगामी बनाये हुए....राजगृह में प्रवेश कर रहे हैं।। ३-४।।

"दश आर्यवास, दश बल एवं दश धर्म (कर्मपथ को जाननेवाले एवं दश अशैक्ष्य धर्मों से युक्त तथा दश सौ (१०००) परिवार (भिक्षुसङ्घ) से युक्त भगवान् बुद्ध राजगृह में प्रवेश कर रहे हैं।" (५)

नगरवासी जनता उस देवेन्द्र शक्र को माणवक के रूप में देखकर (आश्चर्यचकित होती हुई) परस्पर यों बात करने लगी—"अरे! यह माणवक तो बहुत सुन्दर है, यह दर्शनीय भी है, और अत्यन्त मनोमोहक है! यह किसका माणवक है?"

जनता द्वारा बार बार ऐसा पूछा जाने पर, देवेन्द्र शक्र ने उस जनता को गाथाबद्ध ही उत्तर दिया—

६०. अथ खो भगवा येन रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स निवेसनं तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि सद्धिं भिक्खुसङ्घेन। अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो बुद्धप्पमुखं भिक्खुसङ्घं पणीतेन खादनीयेन भोजनीयेन सहत्था सन्तप्पेत्वा सम्पवारेत्वा भगवन्तं भुत्ताविं ओनीतपत्तपाणिं एकमन्तं निसीदि। एकमन्त [R.39] निसिन्नस्स खो रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स एतदहोसि—"कत्थ नु खो भगवा विहरेय्य? यं अस्स गामतो नेव अविदूरे न च अच्चासन्ने, गमनागमनसम्पन्नं, अत्थिकानं अत्थिकानं मनुस्सानं अभिक्कमनीयं, दिवा अप्पाकिण्णं, रत्तिं अप्पसद्दं अप्पनिग्घोसं विजनवातं, मनुस्सराहसेय्यकं, पटिसल्लानसारुप्पं" ति। अथ खो रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स एतदहोसि—"इदं खो अम्हाकं वेळुवनं उय्यानं गामतो नेव अविदूरे....पे०.... [B.50] पटिसल्लानसारुप्पं। यन्नूनाहं वेळुवनं उय्यानं बुद्धप्पमुखस्स भिक्खुसङ्घस्स ददेय्यं" ति। अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो सोवण्णमयं भिङ्कारं गहेत्वा भगवतो ओणोजेसि—"एताहं, भन्ते, वेळुवनं उय्यानं बुद्धप्पमुखस्स भिक्खुसङ्घस्स दम्मी" ति। पटिग्गहेसि भगवा आरामं। अथ खो भगवा राजानं मागधं सेनियं बिम्बिसारं धम्मिया कथाय सन्दस्सेत्वा समादपेत्वा समुत्तेजेत्वा सम्पहंसेत्वा उट्ठायासना पक्कामि।

अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**अनुजानामि, भिक्खवे, आरामं**" ति॥

बिम्बिसारसमागमकथा निट्ठिता॥

"जो धीर, सबसे अधिक बुद्धिमान्, संयमी, शुद्ध एवं लोक में अनुपम पुरुष हैं, जो लोक में सर्वश्रेष्ठ अर्हत् एवं सुगत हैं, उनका मैं एक परिचारक (सेवक) हूँ।।"

मगधराज द्वारा वेणुवन का दान— ६०. तब भगवान् राजा....बिम्बिसार के आवास पर पहुँचे। पहुँचकर विछे आसन पर, भिक्षुसङ्घ सहित विराजे। तब राजा बिम्बिसार ने भिक्षुसङ्घसहित भगवान् बुद्ध को उत्तम एवं रुचिकर खाद्य भोज्य पदार्थ अपने हाथ से परोसे। अन्त में भगवान् को पात्र से एकान्तत: हाथ हटाया हुआ देखकर उन्हें तृप्त हुआ जानकर राजा एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठे राजा.. बिम्बिसार के मन में यह विचार उठा—"अब भगवान् कहाँ रहकर साधना करें? वह साधनास्थल ऐसा होना चाहिये जो ग्राम से न अधिक दूर हो न अधिक समीप ही, वहाँ जाना चाहने वाली धर्मप्राण जनता के लिये वहाँ आना जाना सुविधाजनक हो, दिन में जहाँ अधिक भीड़ (जनसम्मर्द) न हो और रात्रि में अधिक कोलाहल न हो, साधना के लिये एकान्त स्थल हो तथा एकान्तवास के योग्य हो।" फिर राजा ने सोचा—"तो क्यों न मैं अपना वेणुवन उद्यान बुद्धप्रमुख भिक्षुसङ्घ को दान कर दूँ।" तब राजा.. बिम्बिसार ने जलपूर्ण सुवर्णपात्र लेकर भगवान् को दान का सङ्कल्प किया—"भन्ते! मैं यह वेणुवन आज से आपसहित भिक्षुसङ्घ को दान करता हूँ।" भगवान् ने वह आराम (उद्यान) स्वीकार किया। तब भगवान् ने राजा बिम्बिसार को (दान शील विषय की) धर्म-कथाएँ कहकर धर्म के प्रति सावधान, उत्साहित, समुत्तेजित एवं सम्प्रहृष्ट किया फिर आसन से उठकर चल दिये।

तदनन्तर भगवान् ने इस प्रसङ्ग में भिक्षुओं को सम्बोधित किया—"**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ आराम का दान लेने की।**"

बिम्बिसारसमागमकथा पूर्ण।।

१७. सारिपुत्त-मोग्गल्लानपब्बज्जाकथा

६१. तेन खो पन समयेन सञ्चयो परिब्बाजको राजगहे पटिवसति महतिया परिब्बाजकपरिसाय सद्धिं अड्ढतेय्येहि परिब्बाजकसतेहि। तेन खो पन समयेन सारिपुत्तमोग्गल्लाना सञ्चये परिब्बाजके ब्रह्मचरियं चरन्ति। तेहि कतिका कता होति—"यो पठमं अमतं अधिगच्छति, सो इतरस्स आरोचेतू" ति। अथ खो आयस्मा अस्सजि पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय राजगहं पिण्डाय पाविसि पासादिकेन अभिक्कन्तेन पटिक्कन्तेन आलोकितेन विलोकितेन सम्मिञ्जितेन पसारितेन, ओक्खित्तचक्खु इरियापथ-[N.39] सम्पन्नो। अद्दसा खो सारिपुत्तो परिब्बाजको आयस्मन्तं अस्सजिं राजगहे पिण्डाय चरन्तं पासादिकेन अभिक्कन्तेन....पे०.... ओक्खित्तचक्खुं इरियापथसम्पन्नं। दिस्वानस्स एतदहोसि—"ये वत लोके अरहन्तो वा अरहत्तमग्गं वा समापन्ना, अयं तेसं भिक्खु [R.40] अञ्ञतरो। यन्नूनाहं इमं भिक्खुं उपसङ्कमित्वा पुच्छेय्यं—'कंसि त्वं, आवुसो, [B.51] उद्दिस्स पब्बजितो? को वा ते सत्था? कस्स वा त्वं धम्मं रोचेसी' " ति? अथ खो सारिपुत्तस्स परिब्बाजकस्स एतदहोसि—"अकालो खो इमं भिक्खुं पुच्छितुं, अन्तरघरं पविट्ठो पिण्डाय चरति। यन्नूनाहं इमं भिक्खुं पिट्ठितो पिट्ठितो अनुबन्धेय्यं, अत्थिकेहि उपञ्ञातं मग्गं" ति। अथ खो आयस्मा अस्सजि राजगहे पिण्डाय चरित्वा पिण्डपातं आदाय पटिक्कमि। अथ खो सारिपुत्तो पि परिब्बाजको येनायस्मा अस्सजि तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा आयस्मता अस्सजिना सद्धिं सम्मोदि, सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो सारिपुत्तो परिब्बाजको आयस्मन्तं अस्सजिं एतदवोच—

---

१७. सारिपुत्र–मौद्गल्यायन–प्रव्रज्याकथा

६१. उस समय सञ्जय परिव्राजक विशाल परिव्राजकसमूह के साथ जिसमें कि ढाई सौ परिव्राजक थे, राजगृह में रहता था। सारिपुत्र एवं मौद्गल्यायन उसी सञ्जय परिव्राजक के शिष्य बनकर धर्मसाधना कर रहे थे। उन लोगों ने परस्पर प्रण (कतिका) कर रखा था—"हम में से जो पहले अमृत प्राप्त कर लेगा वह दूसरे को बता देगा।" उस समय आयुष्मान् अश्वजित् पूर्वाह्ण के समय, वस्त्र पहनकर, पात्र–चीवर साथ लेकर राजगृह में भिक्षा हेतु जा रहे थे, उस समय उन का रूप लुभावना और सुन्दर लग रहा था, चाल–ढाल तथा रास्ते में उनकी चलन क्रिया, उनका इधर–उधर देखना बहुत ही समझदारी से भरपूर था। अतएव उनकी दृष्टि एवं शारीरिक गतिविधि साधुजनोचित एवं सयत थी। सारिपुत्र परिव्राजक ने आयुष्मान् अश्वजित् को भिक्षुवेष में, उपर्युक्त गुणों के साथ...पूर्ववत्... राजगृह में भिक्षा के लिये घूमते देखा। उन्हें देखकर सारिपुत्र परिव्राजक के मन में विचार आया—"लोक में जो अर्हत् या अर्हत्–मार्ग पर आरूढ़ पुरुष हैं, उनमे से ये एक हैं। अत. क्यों न मैं इस भिक्षु के पास जाकर पूछूँ कि आयुष्मन्! तुम किस को गुरु मानकर उपसम्पन्न हुए हो? या किस से तुमने यह धर्म–दीक्षा ली है?" परन्तु फिर सारिपुत्र परिव्राजक के मन मे यह विचार आया—"भिक्षु से ये बातें पूछने का यह उचित समय नहीं है, इस समय ये भिक्षा के लिये घर–घर घूम रहे हैं। क्यों न मैं इस भिक्षु के पीछे–पीछे लगा रहूँ। चाहने वालो को रास्ता मिल ही जाया करता है।" तब आयुष्मान् अश्वजित् घर से भिक्षा लेकर लौटे। तब सारिपुत्र परिव्राजक भी जहाँ आयुष्मान् अश्वजित् थे, वहाँ पहुँचकर कुशलक्षेम पूछते हुए एक ओर खडे हो गये। एक ओर खडे हुए सारिपुत्र परिव्राजक ने अयुष्मान् अश्वजित् को पूछा—"आयुष्मन्! आप की इन्द्रियाँ बहुत शान्त और प्रसन्न

''विप्पसन्नानि खो ते, आवुसो, इन्द्रियानि, परिसुद्धो छविवण्णो परियोदातो। कंसि त्वं, आवुसो, उद्दिस्स पब्बजितो? को वा ते सत्था? कस्स वा त्वं धम्मं रोचेसी'' ति?'' अत्थावुसो, महासमणो सक्यपुत्तो सक्यकुला पब्बजितो, ताहं भगवन्तं उद्दिस्स पब्बजितो, सो च मे भगवा सत्था, तस्स चाहं भगवतो धम्मं रोचेमी'' ति। ''किंवादी पनायस्मतो सत्था, किमक्खायी'' ति?'' अहं खो, आवुसो, नवो अचिरपब्बजितो, अधुनागतो इमं धम्मविनयं, न ताहं सक्कोमि वित्थारेन धम्मं देसेतुं, अपि च ते सङ्खित्तेन अत्थं वक्खामी'' ति। अथ खो सारिपुत्तो परिब्बाजको आयस्मन्तं अस्सजिं एतदवोच—''होतु, आवुसो—

'अप्पं वा बहुं वा भासस्सु अत्थं येव मे ब्रूहि।
अत्थेनेव मे अत्थो किं काहसि ब्यञ्जनं बहुं' ति॥

अथ खो आयस्मा अस्सजि सारिपुत्तस्स परिब्बाजकस्स इमं धम्मपरियायं अभासि—

''ये धम्मा हेतुप्पभवा तेसं हेतुं तथागतो आह।
तेसं च यो निरोधो एवंवादी महासमणो'' ति॥

अथ खो सारिपुत्तस्स परिब्बाजकस्स इमं धम्मपरियायं सुत्वा विरजं वीतमलं धम्मचक्खुं उदपादि—'यं किञ्चि समुदयधम्मं, सब्बं तं निरोधधम्मं' ति।

''एसेव धम्मो यदि तावदेव पच्चब्यत्थ पदमसोकं। [B.52]
अदिट्ठं अब्भतीतं बहुकेहि कप्पनहुतेही''॥ ति॥

६२. अथ खो सारिपुत्तो परिब्बाजको येन मोग्गल्लानो परिब्बाजको तेनुपसङ्कमि। अद्दसा खो मोग्गल्लानो परिब्बाजको सारिपुत्तं परिब्बाजकं दूरतो व आगच्छन्तं, दिस्वान

दिखायी दे रही हैं। आप की शरीर-प्रभा भी ओजस्विनी एवं परिशुद्ध है। आयुष्मन्! आप किसको गुरु मान कर प्रव्रजित हुए हैं? अथवा आपका शास्ता (धर्मोपदेशक) कौन है? आप किस का धर्म मानते हैं?'' ''आयुष्मन्! महाश्रमण शाक्यपुत्र, जो कि शाक्यकुल से निकलकर प्रव्रजित हुए हैं, मैं तो उन्हीं भगवान् को गुरु मानकर प्रव्रजित हुआ हूँ। उन्हीं का धर्म मुझे अच्छा लगा (जिसका मैं आचरण कर रहा हूँ)।'' ''आप के शास्ता का क्या मत है? वे अपने शिष्यों को क्या धर्म बताते हैं?'' ''आयुष्मन्! मुझे इस धर्म को स्वीकार किये बहुत दिन नहीं हुए, मैं तो अभी अभी नया ही प्रव्रजित हुआ हूँ। अतः मै उनके द्वारा उपदिष्ट धर्म को विस्तार से तो नहीं कह सकता, परन्तु तुम्हें मैं उनके धर्म का सार (संक्षेप में) बता सकता हूँ।'' तब यह सुनकर सारिपुत्र ने कहा—

''थोड़ा या बहुत, जो भी कह सको आप कहो। मैं तो उस धर्म का सार ही सुनना चाहता हूँ। मुझे उतने से ही प्रयोजन है। व्यर्थ के शब्दों की जोड़-तोड़ से क्या लाभ होगा?''

तब आयुष्मन् अश्वजित् ने सारिपुत्र परिव्राजक को स्वसम्प्रदायानुसारी यह धर्मपर्याय सुनाया—

''हमारे तथागत ने हेतु से उत्पन्न होने वाली वस्तुओं के हेतु का निर्देश किया है तथा उन का जो निरोध (नाश) है—उसको भी वे महाश्रमण बताते हैं।''

यह धर्मपर्याय सुनते ही सारिपुत्र परिव्राजक को यह शुद्ध निर्मल धर्मचक्षु उत्पन्न हो गया—''जो कुछ भी उत्पत्तिधर्मा वस्तु है वह विनाशशील है।''

उसे यह अनुभव हुआ कि यही वह धर्म-पद है जिससे शोकरहित स्थान (निर्वाण) प्राप्त किया जा सकता है। यह तो असङ्ख्य कल्पों से बहुत से ज्ञानियों की दृष्टि से भी ओझल ही पड़ा था।

६२. तब सारिपुत्र परिव्राजक जहाँ मौद्गल्यायन परिव्राजक थे वहाँ गये। मौद्गल्यायन परिव्राजक

सारिपुत्तं परिब्बाजकं एतदवोच—"विप्पसन्नानि खो ते, आवुसो, इन्द्रियानि, परिसुद्धो [N.40, R.41] छविवण्णो परियोदातो। कच्चि नु त्वं, आवुसो, अमतं अधिगतो" ति? "आमावुसो, अमतं अधिगतो" ति। "यथा कथं पन त्वं, आवुसो, अमतं अधिगतो" ति? "इधाहं, आवुसो, अद्दसं अस्सजिं भिक्खुं राजगहे पिण्डाय चरन्तं पासादिकेन अभिक्कन्तेन....पे०.... इरियापथसम्पन्नं। दिस्वान मे एतदहोसि—'ये वत लोके अरहन्तो वा अरहत्तमग्गं वा समापन्ना, अयं तेसं भिक्खु अञ्ञतरो। यन्नूनाहं इमं भिक्खुं उपसङ्कमित्वा पुच्छेय्यं—'कंसि त्वं, आवुसो.... पे०....धम्मं रोचेसी' " ति। तस्स मय्हं, आवुसो, एतदहोसि—"अकालो खो इमं भिक्खुं पुच्छितुं....पे०....अत्थिकेहि उपञ्ञातं मग्गं" ति। अथ खो, आवुसो, अस्सजि भिक्खु राजगहे पिण्डाय चरित्वा पिण्डपातं आदाय पटिक्कमि। अथ ख्वाहं, आवुसो, येन अस्सजि भिक्खु तेनुपसङ्कमिं, उपसङ्कमित्वा अस्सजिना भिक्खुना सद्धिं सम्मोदिं, सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं अट्ठासिं। एकमन्तं ठितो खो अहं, आवुसो, अस्सजिं भिक्खुं एतदवोचं—"विप्पसन्नानि खो ते, आवुसो, इन्द्रियानि, परिसुद्धो छविवण्णो परियोदातो। कंसि त्वं, आवुसो,....पे०....धम्मं रोचेसी' "ति? अत्था-[B.53] वुसो, महासमणो सक्यपुत्तो सक्यकुला पब्बजितो, ताहं भगवन्तं उद्दिस्स पब्बजितो....पे०....किं काहसि ब्यञ्जनं बहुं ति। अथ खो, आवुसो, अस्सजि भिक्खु इमं धम्मपरियायं अभासि—

"ये धम्मा हेतुप्पभवा तेसं हेतुं तथागतो आह।
तेसं च यो निरोधो एवंवादी महासमणो" ति॥

[R.42] अथ खो मोग्गल्लानस्स परिब्बाजकस्स इमं धम्मपरियायं सुत्वा विरजं वीतमलं धम्मचक्खुं उदपादि—'यं किञ्चि समुदयधम्मं, सब्बं तं निरोधधम्मं' ति।

"एसेव धम्मो यदि तावदेव पच्चब्यत्थ पदमसोकं।
अदिट्ठं अब्भतीतं बहुकेहि कप्पनहुतेही" ति॥

६३. अथ खो मोग्गल्लानो परिब्बाजको सारिपुत्तं परिब्बाजकं एतदवोच—"गच्छाम मयं, आवुसो, भगवतो सन्तिके, सो नो भगवा सत्था" ति। "इमानि खो, आवुसो, अड्ढतेय्यानि परिब्बाजकसतानि अम्हे निस्साय अम्हे सम्पस्सन्ता इध विहरन्ति, ते पि ताव अपलोकेम।

ने दूर से ही सारिपुत्र परिव्राजक को आते हुए देखा। देखकर सारिपुत्र परिव्राजक से कहा—"आयुष्मन्! तुम्हारी इन्द्रियाँ बहुत प्रसन्न दिखायी दे रही हैं, तुम्हारी शरीरप्रभा भी शुद्ध तथा निर्मल दीख रही हैं, क्या तुमने अमृत तो नहीं पा लिया है!"

"हाँ, आयुष्मन्! अमृत पा लिया।" "आयुष्मन्! तुमने यह अमृत कैसे प्राप्त कर लिया?"

(सारिपुत्र परिव्राजक ने कहा—) "आयुष्मन्! आज मैंने राजगृह में आयुष्मान् अश्वजित् को भिक्षा के लिये....पूर्ववत्....यह तो असङ्ख्य कल्पों से आज तक बहुत से ज्ञानियों की दृष्टि से भी ओझल ही पड़ा था।

६३ तब मौद्गल्यायन परिव्राजक सारिपुत्र परिव्राजक से यों बोले—"आयुष्मन्! चलो, भगवान् की सेवा में चले। आज से वही हमारे शास्ता है।" (सारिपुत्र ने कहा—) "और ये जो ढाई सौ परिव्राजक हमारे सहारे, हमें देखकर यहाँ साधना कर रहे हैं, इन्हें भी बता दें कि हम यह आश्रम—

यथा ते मञ्ञिस्सन्ति, तथा करिस्सन्ती'' ति। अथ खो सारिपुत्तमोग्गल्लाना येन ते परिब्बाजका तेनुपसङ्कमिंसु, उपसङ्कमित्वा ते परिब्बाजके एतदवोचुं—''गच्छाम मयं, आवुसो, भगवतो सन्तिके, सो नो भगवा सत्था'' ति। ''मयं आयस्मन्ते निस्साय आयस्मन्ते सम्पस्सन्तो इध विहराम, सचे आयस्मन्ता महासमणे ब्रह्मचरियं चरिस्सन्ति, सब्बेव मयं महासमणे ब्रह्मचरियं चरिस्सामा'' ति। अथ खो सारिपुत्तमोग्गल्लाना येन सञ्जयो परिब्बाजको तेनुपसङ्कमिंसु, उपसङ्कमित्वा सञ्जयं परिब्बाजकं एतदवोचुं—''गच्छाम मयं, आवुसो, भगवतो सन्तिके, सो नो भगवा सत्था'' ति। ''अलं, आवुसो, मा अगमित्थ, सब्बेव तयो इमं गणं परिहरिस्सामा'' ति। दुतियं पि खो सारिपुत्तमोग्गल्लाना....पे०....परिहरिस्सामा ति। [N.41] ततियं पि खो सारिपुत्तमोग्गल्लाना सञ्जयं परिब्बाजकं एतदवोचुं—''गच्छाम [B.54] मयं, आवुसो....पे०...सब्बेव तयो इमं गणं परिहरिस्सामा'' ति। अथ खो सारिपुत्तमोग्गल्लाना तानि अड्ढतेय्यानि परिब्बाजकसतानि आदाय येन वेळुवनं तेनुपसङ्कमिंसु। सञ्जयस्स पन परिब्बाजकस्स तत्थेव उण्हं लोहितं मुखतो उग्गञ्छि।

अद्दसा खो भगवा सारिपुत्तमोग्गल्लाने दूरतो व आगच्छन्ते, दिस्वान भिक्खू आमन्तेसि—''एते, भिक्खवे, द्वे सहायका आगच्छन्ति—कोलितो, उपतिस्सो च। एतं मे सावकयुगं भविस्सति अग्गं भद्दयुगं'' ति।

गम्भीरे ञाणविसये अनुत्तरे उपधिसङ्खये।
विमुत्ते अप्पत्ते वेळुवनं अथ ने सत्था ब्याकासि॥
''एते द्वे सहायका आगच्छन्ति कोलितो उपतिस्सो च।
एतं मे सावकयुगं भविस्सति अग्गं भद्दयुगं'' ति॥

धर्म छोड़ रहे हैं अब वे चाहें वैसा करें।'' यों विचार कर वे दोनों उन ढाई सौ परिव्राजकों के पास गये और बोले—''आयुष्मानो! हम तो भगवान् के पास जा रहे हैं, वे ही आज से हमारे गुरु हैं।'' ''आयुष्मानो! हम तो आपके सहारे से ही इस धर्म में साधना कर रहे थे, यदि आप लोग उन भगवान् से दीक्षा लेंगे तो हम भी आप लोगों के साथ ही उन भगवान् से दीक्षा लेंगे।'' तब वे सारिपुत्र एवं मौद्गल्यायन सञ्जय परिव्राजक के पास गये और उससे यह बोले—''आयुष्मन्! हम लोग तो भगवान् के पास जा रहे हैं, वे ही आज से हमारे शास्ता हैं।'' ''नहीं आयुष्मानो! ऐसा न करो। आज से हम तीनो मिल कर इस गण का सञ्चालन करेंगे।'' दूसरी बार भी सञ्जय को सारिपुत्र मौद्गल्यायन ने कहा....पूर्ववत्....। तीसरी बार भी....।

तब वे सारिपुत्र मौद्गल्यायन उन ढाई सौ परिव्राजकों को साथ लेकर वेणुवन की तरफ चल दिये। परन्तु सञ्जय परिव्राजक (भगवान् का विरोध करने के कारण) मुँह से खून फैंकने लगा।

भगवान् ने सारिपुत्र मौद्गल्यायन को, दूर से ही, आते हुए देखा। उन्हें देखकर पास बैठे भिक्षुओं को बताया—''भिक्षुओ! ये दो साथी आ रहे हैं, इनमें से एक का नाम है कोलित और दूसरे का नाम है उपतिस्स। ये मेरे दो मुख्य शिष्य उत्तम युगल (जोड़ी) के रूप में होंगे।''

वेणुवन में भगवान् बुद्ध ने गम्भीर ज्ञान वाले इन दोनों के अनुपम, भावनायुक्त और दुर्लभ निर्वाण के विषय में भविष्यवाणी की—

'कोलित और उपतिष्य—ये दो मित्र आ रहे हैं। ये दोनो उत्तम (श्रेष्ठ) युगल के रूप में, मेरे प्रमुख शिष्य होंगे।''

[R.43] अथ खो सारिपुत्तमोग्गल्लाना येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु, उपसङ्कमित्वा भगवतो पादेसु सिरसा निपतित्वा भगवन्तं एतदवोचुं—"लभेय्याम मयं, भन्ते, भगवतो सन्तिके पब्बज्जं, लभेय्याम उपसम्पदं" ति। "एथ, भिक्खवो"—ति भगवा अवोच—"स्वाक्खातो धम्मो, चरथ ब्रह्मचरियं सम्मा दुक्खस्स अन्तकिरियाया" ति। सा व तेसं आयस्मन्तानं उपसम्पदा अहोसि।

अभिञ्ञातानं पब्बज्जा

६४. तेन खो पन समयेन अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता मागधिका कुलपुत्ता भगवति ब्रह्मचरियं चरन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—"अपुत्तकताय पटिपन्नो समणो गोतमो, वेधब्याय पटिपन्नो समणो गोतमो, कुलुपच्छेदाय पटिपन्नो समणो गोतमो, इदानि अनेन जटिलसहस्सं पब्बाजितं, इमानि च अड्ढतेय्यानि परिब्बाजकसतानि सञ्चेय्यानि पब्बाजितानि। इमे च अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता मागधिका कुलपुत्ता समणे गोतमे ब्रह्म-
[B.52] चरियं चरन्ती" ति। अपिस्सु भिक्खू दिस्वा इमाय गाथाय चोदेन्ति—

"आगतो खो महासमणो मागधानं गिरिब्बजं।
सब्बे सञ्जये नेत्वान कंसु दानि नयिस्सती" ति॥

अस्सोसुं खो भिक्खू तेसं मनुस्सानं उज्झायन्तानं खिय्यन्तानं विपाचेन्तानं। अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "न, भिक्खवे, सो सद्दो चिरं भविस्सति, सत्ताहमेव
[N.42] भविस्सति, सत्ताहस्स अच्चयेन अन्तरधायिस्सति। तेन हि, भिक्खवे, ये तुम्हे इमाय गाथाय चोदेन्ति—

उसी समय शारिपुत्र और मौद्गल्यायन, जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ गये। जाकर भगवान् के श्रीचरणों में अपना शिर नवाकर बोले—"अच्छा हो, भन्ते! हम दोनों आप से प्रव्रज्या पावें, उपसम्पदा पावें।" "आओ, भिक्षुओ!"—भगवान् ऐसा कहकर फिर बोले—"आप लोगों के लिये यह धर्म सुव्याख्यात है। इसका तुम आचरण करो, इसकी साधना करो। यही तुम लोगो के दुःखक्षय का कारक होगा।" यही उन आयुष्मानों की उपसम्पदाविधि हुई।।

प्रसिद्ध जनों की प्रव्रज्या

६४. उस समय प्रसिद्ध प्रसिद्ध मगधवासी कुलपुत्र भगवान् के शिष्य होते जा रहे थे। यह देखकर मगध के नागरिक उद्विग्न होते, दुःखी होते एवं व्यग्रचित्त होते थे—"यह श्रमण तो (इस मगध देश को) अपुत्रक बनाने पर उद्यत हैं। नारियो को विधवा बनाता जा रहा है। कुलनाश के लिये सन्नद्ध है। अभी इसने हजारों जटिलों को अपना शिष्य बनाया था; अब फिर साढे बारह सौ सञ्जयमतानुयायी परिव्राजको को अपने धर्म में मिला लिया। ये प्रसिद्ध प्रसिद्ध मगधदेशवासी कुलपुत्र श्रमण गौतम के धर्म को स्वीकार करते जा रहे हैं।" भिक्षुओं को भी लोगों ने ये व्यङ्ग्य वचन कहे—

"यह महाश्रमण मागधो के गिरव्रज (राजगृह) में आया है। इसने सञ्जय के चेलों को तो अपना बना ही लिया, अब पता नही, किस किस को अपना और बनायगा!"

"भिक्षुओं ने उन लोगो की ये उद्वेग, हैरान, परेशान करने वाली बातें सुनीं। भिक्षुओं ने भगवान् के पास जाकर ये सब बातें सुनायी। (भगवान् ने कहा—) "भिक्षुओ! ये व्यङ्ग्य वचन तुम्हे बहुत

'आगतो खो महासमणो मागधानं गिरिब्बजं।
सब्बे सञ्जये नेत्वान कंसु दानि नयिस्सती''॥ ति॥

ते तुम्हे इमाय गाथाय पटिचोदेथ—

'नयन्ति वे महावीरा सद्धम्मेन तथागता।
धम्मेन नीयमानानं का उसूया विजानतं' '' ति॥

तेन खो पन समयेन मनुस्सा भिक्खू दिस्वा इमाय गाथाय चोदेन्ति—

''आगतो खो महासमणो मागधानं गिरिब्बजं।
सब्बे सञ्जये नेत्वान कंसु दानि नयिस्सती''॥ ति॥

भिक्खू ते मनुस्से'इमाय गाथाय पटिचोदेन्ति—

''नयन्ति वे महावीरा सद्धम्मेन तथागता।
धम्मेन नीयमानानं का उसूया विजानतं'' ति॥

मनुस्सा ''धम्मेन किर समणा सक्यपुत्तिया नेन्ति, नो अधम्मेना'' ति [R.44] सत्ताहमेव सो सद्दो अहोसि, सत्ताहस्स अच्चयेन अन्तरधायि।

सारिपुत्तमोग्गल्लानपब्बज्जाकथा निट्ठिता॥

चतुत्थभाणवारो निट्ठितो॥

१८. उपज्झायवत्तकथा

६५. तेन खो पन समयेन भिक्खू अनुपज्झायका अनाचरियका अनोवदिय-[B.56] माना अननुसासियमाना दुन्निवत्था दुप्पारुता अनाकप्पसम्पन्ना पिण्डाय चरन्ति; मनुस्सानं

अधिक दिन तक सुनने को नहीं मिलेंगे। कुछ दिन (सप्ताह भर) लोग ऐसा कहेंगे, फिर चुप हो जाँयेगे। इसलिये भिक्षुओ! अभी तुम इन व्यङ्गय वचनों का उत्तर यों दो। जो तुम्हें ऐसा कहते हैं—

'यह महाश्रमण मागधो के गिरिव्रज में...कितनों को अपना और बनायगा!' उन्हें तुम यह गाथा कहकर उत्तर दो—

'महावीर तथागत तो धर्मप्राण लोगों को सद्धर्म के मार्ग पर ले जा रहे है। धर्म की तरफ जाते हुओं के लिये लोगों को ईर्ष्या क्यों हो रही है!' ''

तब से जब भी कोई भिक्षुओ को यह कहता था कि ''यह महाश्रमण राजगृह में आकर सञ्जयमतानुयायी परिव्राजकों को तो नष्ट कर ही चुका है, अब पता नहीं किसकी पारी है?'' तो वे भिक्षु उसको यही उत्तर देते थे कि ''महावीर तथागत तो धर्मप्राण जनता को सद्धर्म की तरफ ले जा रहे हैं। इन सद्धर्म की तरफ बढ़ने वालों के लिये लोगों को ईर्ष्या क्यों हो रही है!''

तब जनता ने समझ लिया कि ''ये शाक्यपुत्रीय श्रमण तो लोगों को सद्धर्म की तरफ ही ले जा रहे हैं, असद्धर्म की तरफ नहीं।'' यों फिर महाश्रमण गौतम के विषय में उठाया गया वह मिथ्या प्रवाद कुछ ही दिन (सप्ताह भर) सुनायी दिया, फिर नहीं।

सारिपुत्र-मौद्गल्यायनप्रव्रज्याकथा पूर्ण।।

चतुर्थ भाणवार समाप्त।।

१८. उपाध्यायवर्तकथा

६५ उस समय भिक्षु विना किसी उपाध्याय एवं आचार्य के अनुशासन या उपदेश के ही, विना ठीक से वस्त्र पहने, विना शरीर को ठीक से ढके, चाल–ढाल में विना किसी ढग के भिक्षा के

भुञ्जमानानं, उपरिभोजने पि उत्तिट्ठपत्तं उपनामेन्ति, उपरिपानीये पि उत्तिट्ठपत्तं उपनामेन्ति; सामं सूपं पि ओदनं पि विञ्ञापेत्वा भुञ्जन्ति; भत्तग्गे पि उच्चासद्दा महासद्दा विहरन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—"कथं हि नाम समणा सक्यपुत्तिया दुन्निवत्था दुप्पारुता अनाकप्पसम्पन्ना पिण्डाय चरिस्सन्ति; मनुस्सानं भुञ्जमानानं, उपरिभोजने पि उत्तिट्ठपत्तं उपनामेस्सन्ति, उपरिखादनीये पि उत्तिट्ठपत्तं उपनामेस्सन्ति, उपरिसायनीये पि उत्तिट्ठपत्तं उपनामेस्सन्ति, उपरिपानीये पि उत्तिट्ठपत्तं उपनामेस्सन्ति; सामं सूपं पि ओदनं [N.43] पि विञ्ञापेत्वा भुञ्जिस्सन्ति; भत्तग्गे पि उच्चासद्दा महासद्दा विहरिस्सन्ति सेय्यथापि ब्राह्मणा ब्राह्मणभोजने" ति।

अस्सोसुं खो भिक्खू तेसं मनुस्सानं उज्झायन्तानं खिय्यन्तानं विपाचेन्तानं। ये ते भिक्खू अप्पिच्छा सन्तुट्ठा लज्जिनो कुक्कुच्चका सिक्खाकामा, ते उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—"कथं हि नाम भिक्खू दुन्निवत्था दुप्पारुता अनाकप्पसम्पन्ना पिण्डाय चरिस्सन्ति; मनुस्सानं भुञ्जमानानं, उपरिभोजने पि उत्तिट्ठपत्तं उपनामेस्सन्ति, उपरिखादनीये पि उत्तिट्ठपत्तं उपनामेस्सन्ति, उपरिसायनीये पि उत्तिट्ठपत्तं उपनामेस्सन्ति, उपरिपानीये पि उत्तिट्ठपत्तं उपनामेस्सन्ति; सामं सूपं पि ओदनं पि विञ्ञापेत्वा भुञ्जिस्सन्ति; भत्तग्गे पि उच्चासद्दा महासद्दा विहरिस्सन्ती" ति। अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।

अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे भिक्खुसङ्घं सन्निपातापेत्वा भिक्खू [R.45] पटिपुच्छि—"सच्चं किर, भिक्खवे, भिक्खू दुन्निवत्था...पे०....उच्चासद्दा महासद्दा [B.57] विहरन्ती" ति? "सच्चं भगवा" ति। विगरहि बुद्धो भगवा—"अननुच्छविकं,

---

लिये निकल पड़ते थे। वे भोजन करते लोगों के बीच में से भी भिक्षा के लिये आगे बढ़ जाते थे, भोजन की थाली पर से भी, उच्छिष्ट पात्रों पर से, खाने पीने की वस्तुओं के पात्रों को लाँघ कर भी चले जाते थे। वे स्वयं दाल भात माँगकर भी खाते थे, भिक्षा दिये जाते समय भी जोर जोर से बोलते रहते थे। उस समय, सभ्य पुरुष इन भिक्षुओं की ये अशोभनीय बातें देखकर दु:खी उद्विग्न तथा व्यग्र होते थे कि ये शाक्यपुत्रीय श्रमण....पूर्ववत्....भिक्षा के समय इतना चिल्लाते क्यों है! उधर, भिक्षुओं में भी जो निर्लोभ (अल्पेच्छ), यथालाभसन्तुष्ट, लज्जालु (जानकर अपराध न करने वाले, अपराध होने पर उसे न छिपाने वाले तथा अगम्य मार्ग पर न जाने वाले), सङ्कोची एवं शिक्षा हेतु लालायित रहने वाले भिक्षु थे वे भी यह सब देख-सुनकर दु:खी, उद्विग्न तथा व्यग्र होते थे कि ये (असभ्य) भिक्षु ...भिक्षा के समय चिल्लाना आदि समाज में अशोभनीय मानी जाने वाली बातें क्यों करते हैं! (अन्त में) उन भिक्षुओं ने भगवान् के सम्मुख यह प्रसङ्ग रखा।

तब भगवान् ने इस प्रसङ्ग में, इस प्रकरण में भिक्षुसङ्घ को एकत्र कर भिक्षुओं से पूछा— "भिक्षुओ! क्या वस्तुतः कुछ भिक्षु ठीक से विना वस्त्र पहने....पूर्ववत्....भिक्षा के समय चिल्लाते रहते हैं?" "हाँ, वस्तुतः, भगवन्!" तब भगवान् ने इस सब क्रिया-कलाप की गर्हणा (निन्दा) करते हुए कहा—"भिक्षुओ! उन मूर्खों का यह कार्य भिक्षुओं की शोभा के अनुकूल तथा अनुरूप नहीं है। यह श्रमणधर्म के विरुद्ध है, अकरणीय है। ऐसी बातों की इस धर्म में कल्पना भी नहीं की जा सकती। फिर कैसे ये भिक्षु मूर्खता करते हुए, विना ठीक ढंग से पहने....भिक्षा लेते समय जोर से चिल्लाते रहते हैं! भिक्षुओ! उन की यह आचरण तो उनसे अप्रसन्नों को और अधिक प्रसन्नता (अश्रद्धा) कारक नहीं सिद्ध होगा तथा यह भी हो सकता है कि आज जो श्रद्धालु हैं, उनकी, उनका यह मिथ्या आचरण

भिक्खवे, तेसं मोघपुरिसानं अननुलोमिकं अप्पटिरूपं अस्सामणकं अकप्पियं अकरणीयं। कथं हि नाम ते, भिक्खवे, मोघपुरिसा दुन्निवत्था....पे०....उच्चासद्दा महासद्दा विहरिस्सन्ति। नेतं, भिक्खवे, अप्पसन्नानं वा पसादाय, पसन्नानं वा भिय्योभावाय। अथ ख्वेतं, भिक्खवे, अप्पसन्नानं चेव अप्पसादाय, पसन्नानं च एकच्चानं अञ्ञथत्ताया'' ति। अथ खो भगवा ते भिक्खू अनेकपरियायेन विगरहित्वा दुब्भरताय दुप्पोसताय महिच्छताय असन्तुट्ठिताय सङ्गणिकाय कोसज्जस्स अवण्णं भासित्वा अनेकपरियायेन सुभरताय सुपोसताय अप्पिच्छस्स सन्तुट्ठस्स सल्लेखस्स धुतस्स पासादिकस्स अपचयस्स वीरियारम्भस्स वण्णं भासित्वा भिक्खूनं तदनुच्छविकं तदनुलोमिकं धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—

६६. ''**अनुजानामि, भिक्खवे, उपज्झायं। उपज्झायो, भिक्खवे, सद्धिविहारिकम्हि पुत्तचित्तं उपट्ठपेस्सति, सद्धिविहारिको उपज्झायम्हि पितुचित्तं उपट्ठपेस्सति। एवं ते अञ्ञमञ्ञं सगारवा सप्पतिस्सा सभागवुत्तिनो विहरन्ता इमस्मिं धम्मविनये वुड्ढिं विरुळ्हिं वेपुल्लं आपज्जिस्सन्ति।**

एवं च पन, भिक्खवे, उपज्झायो गहेतब्बो—एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा पादे वन्दित्वा उक्कुटिकं निसीदित्वा अञ्जलिं पग्गहेत्वा एवमस्स वचनीयो—'उपज्झायो मे, भन्ते, होहि; उपज्झायो मे, भन्ते, होहि; उपज्झायो मे, भन्ते, होही' ति। 'साहू' ति वा, 'लहू' ति वा, 'ओपायिकं' ति, 'पतिरूपं' ति वा, 'पासादिकेन सम्पादेही' ति वा कायेन विञ्ञापेति, वाचाय विञ्ञापेति, कायेन वाचाय विञ्ञापेति, गहितो होति उपज्झायो। न कायेन [N.44] विञ्ञापेति, न वाचाय विञ्ञापेति, न कायेन वाचाय विञ्ञापेति, न गहितो [R.46, B.58] होति उपज्झायो।

देखकर, उनके प्रति अश्रद्धा बढ़ जाय। भिक्षुओ! उन भिक्षुओं की यह असत्क्रिया तो अश्रद्धालुओं को और अधिक अश्रद्धा उत्पन्न करेगी तथा हो सकता है कि आज जो उनके प्रति श्रद्धालु हैं उन में से कुछ की श्रद्धा उनके प्रति कम हो जाय।'' तब भगवान् ने उस असदाचारी भिक्षुओ की नाना प्रकार से निन्दा करते हुए उनकी दुर्भरता, दुष्पोषता, महेच्छता (लोभ), असन्तोष, सङ्गणिका (समाज से घिरे रहने की इच्छा) एवं कौषीद्य (आलस्य) की निन्दा करते हुए नाना प्रकार से सुभरता, सुपोषता, अल्पेच्छता, सन्तोष, एकान्तप्रियता (तप), त्याग, श्रद्धा, मितव्ययिता एवं उद्योग की प्रशंसा करते हुए भिक्षुओं को तदनुकूल तथा तदनुरूप धार्मिक कथाओं का प्रवचन करते हुए सम्बोधित किया—

६६. ''भिक्षुओ! उपाध्याय करने की अनुमति देता हूँ। भिक्षुओ! उपाध्याय को सहविहारिक (अनुगामी या शिष्य) में पुत्रबुद्धि रखनी चाहिये। इसी तरह सहविहारी को उपाध्याय मे पितृबुद्धि रखनी चाहिये। इस तरह वे दोनो परस्पर गौरव तथा सहमति (ऐकमत्य) देते हुए, समान वृत्ति से रहने वाले होकर, इस (हमारे) धर्मविनय में वृद्धि, विरूढि (दृढ़मूल) एवं वैपुल्य (विशालता) प्राप्त करेंगे।

''और, भिक्षुओ! उपाध्याय का ग्रहण इस प्रकार करना चाहिये—एक कन्धे पर उत्तरासङ्ग कर, पैरों में प्रणाम कर, उकड़ूँ बैठकर, हाथ जोड़कर यो कहना चाहिये—'भन्ते! आप मेरे उपाध्याय हो जाँय, भन्ते! आप मेरे उपाध्याय हो जाँय, भन्ते! आप मेरे उपाध्याय हो जायँ।' उस समय यदि उपाध्याय शरीर के सकेत से—'ठीक है', 'अच्छा है', 'युक्त है', 'उचित है', या 'श्रद्धायुक्त होकर यह कार्य-सम्पादन करो' कहे; वाणी से; या शरीर के सकेत तथा वाणी—दोनों से सूचित करे तो समझना चाहिये कि उसका उपाध्याय के रूप में ग्रहण हो गया। यदि (उपाध्याय) न काया से, न वाणी से, न

६७. ''सद्धिविहारिकेन, भिक्खवे, उपज्झायम्हि सम्मा वत्तितब्बं। तत्रायं सम्मावत्तना—

''कालस्सेव वुट्ठाय उपाहना आमुञ्चित्वा एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा दन्तकट्ठं दातब्बं, मुखोदकं दातब्बं, आसनं पञ्ञापेतब्बं। सचे यागु होति, भाजनं धोवित्वा यागु उपनामेतब्बा। यागुं पीतस्स उदकं दत्वा भाजनं पटिग्गहेत्वा नीचं कत्वा साधुकं अप्पटिघंसन्तेन धोवित्वा पटिसामेतब्बं। उपज्झायम्हि वुट्ठिते आसनं उद्धरितब्बं। सचे सो देसो उक्लापो होति, सो देसो सम्मज्जितब्बो।

''सचे उपज्झायो गामं पविसितुकामो होति, निवासनं दातब्बं, पटिनिवासनं पटिग्गहेतब्बं, कायबन्धनं दातब्बं, सगुणं कत्वा सङ्घाटियो दातब्बा, धोवित्वा पत्तो सउदको दातब्बो। सचे उपज्झायो पच्छासमणं आकङ्खति, तिमण्डलं पटिच्छादेन्तेन परिमण्डलं निवासेत्वा कायबन्धनं बन्धित्वा सगुणं कत्वा सङ्घाटियो पारुपित्वा गण्ठिकं पटिमुञ्चित्वा धोवित्वा पत्तं गहेत्वा उपज्झायस्स पच्छासमणेन होतब्बं। नातिदूरे गन्तब्बं, नाच्चासन्ने गन्तब्बं, पत्तपरियापन्नं पटिग्गहेतब्बं। न उपज्झायस्स भणमानस्स अन्तरन्तरा कथा ओपातेतब्बा। उपज्झायो आपत्तिसामन्ता भणमानो निवारेतब्बो।

''निवत्तन्तेन पठमतरं आगन्त्वा आसनं पञ्ञापेतब्बं, पादोदकं पादपीठं पादकथलिकं उपनिक्खिपितब्बं, पच्चुग्गन्त्वा पत्तचीवरं पटिग्गहेतब्बं, पटिनिवासनं दातब्बं, निवासनं

काया और वाणी—दोनो से ही सूचित करता है तो उसका उपाध्याय के रूप में ग्रहण करना नहीं समझा जायगा।

सम्यग्वर्तना— ६७.''भिक्षुओ! सहविहारिक (शिष्य) को उपाध्याय के साथ निरन्तर सद्व्यहार करना चाहिये। इस सद्व्यवहार (सम्मावत्तना) का विस्तार यों है—

समय से उठ (जाग) कर, जूता उतार कर, उत्तरासङ्ग को एक कन्धे पर कर, दातुन देनी चाहिये। मुख धोने के लिये जल देना चाहिये, आसन बिछाना चाहिये। यदि खिचडी या कोई तरल पदार्थ हो तो पात्र धोकर, उसमें वह खिचड़ी या तरल पदार्थ डालना चाहिये। खिचडी पी लेने के बाद जल देकर, पात्र धोकर, उलटकर, ठीक से धोये हुए पात्र को एक तरफ रख देना चाहिये। उपाध्याय के उठ जाने पर आसन उठा देना चाहिये। स्थान (गन्दा हो गया हो तो) साफ कर देना चाहिये।

उपाध्याय यदि ग्राम में प्रविष्ट होना चाहे तो पहनने के लिये वस्त्र देने चाहिये। कायबन्धन देना चाहिये, दोहराकर सङ्घाटि देनी चाहिये। पात्र धोकर जल से भर कर देना चाहिये। यदि उपाध्याय किसी को साथ चलने की बात कहें तो तीन स्थानों को ढकते हुए घेरादार चीवर पहन कर, कायबन्धन बाँध, चौपौती सङ्घाटि पहन, गाँठ खोलकर, धोए पात्र को लेकर, उपाध्याय का अनुगामी बन जाना चाहिये। चलते समय न तो उनसे बहुत दूर चलना चाहिये, न बहुत समीप ही। मिली भिक्षा को पात्र में ग्रहण करना चाहिये। उपाध्याय द्वारा बोलते समय, बीच बीच में कोई अन्य प्रसङ्ग नहीं उठाना चाहिये। हाँ, यदि ऐसा लगे कि उपाध्याय आपत्तिजनक (सदोष) बात बोल रहे हैं तो उन्हें रोक देना चाहिये।

गाँव से पुनः आराम में लौटते समय, उपाध्याय से पहले आकर, उनका आसन विछा देना, पैर धोने का जल, पादपीठ, पादकठली (पैर घिसने के लिये लकड़ी का टुकडा) रख देना चाहिये। आगे बढ़कर उपाध्याय के हाथ से पात्र चीवर लेना चाहिये। दूसरा वस्त्र देना चाहिये। पहला वस्त्र

पटिग्गहेतब्बं। सचे चीवरं सिन्नं होति, मुहुत्तं उण्हे ओतापेतब्बं, न च उण्हे चीवरं निदहितब्बं; चीवरं सङ्घरितब्बं, चीवरं सङ्घरन्तेन चतुरङ्गुलं कण्णं उस्सादेत्वा चीवरं सङ्घरितब्बं—मा मज्झे भङ्गो अहोसी ति। ओभोगे कायबन्धनं कातब्बं।

"सचे पिण्डपातो होति, उपज्झायो च भुञ्जितुकामो होति, उदकं दत्वा पिण्डपातो उपनामेतब्बो। उपज्झायो पानीयेन पुच्छितब्बो। भुत्ताविस्स उदकं दत्वा पत्तं पटिग्गहेत्वा नीचं कत्वा साधुकं अप्पटिघंसन्तेन धोवित्वा वोदकं कत्वा मुहुत्तं उण्हे ओतापेतब्बो, [B.59] न च उण्हे पत्तो निदहितब्बो। पत्तचीवरं निक्खिपितब्बं। पत्तं निक्खिपन्तेन एकेन हत्थेन पत्तं गहेत्वा एकेन हत्थेन हेट्ठामञ्चं वा हेट्ठापीठं वा परामसित्वा पत्तो निक्खिपितब्बो। [R.47] न च अनन्तरहिताय भूमिया पत्तो निक्खिपितब्बो। चीवरं निक्खिपन्तेन एकेन हत्थेन चीवरं गहेत्वा एकेन हत्थेन चीवरवंसं वा चीवररज्जुं वा पमज्जित्वा पारतो अन्तं ओरतो भोगं कत्वा चीवरं निक्खिपितब्बं। उपज्झायम्हि वुट्ठिते आसनं उद्धरितब्बं, पादोदकं पादपीठं [N.45] पादकथलिकं पटिसामेतब्बं। सचे सो देसो उक्लापो होति, सो देसो सम्मज्जितब्बो।

"सचे उपज्झायो नहायितुकामो होति, नहानं पटियादेतब्बं। सचे सीतेन अत्थो होति, सीतं पटियादेतब्बं। सचे उण्हेन अत्थो होति, उण्हं पटियादेतब्बं।

"सचे उपज्झायो जन्ताघरं पविसितुकामो होति, चुण्णं सन्नेतब्बं, मत्तिका तेमेतब्बा, जन्ताघरपीठं आदाय उपज्झायस्स पिट्ठितो पिट्ठितो गन्त्वा जन्ताघरपीठं दत्वा चीवरं पटिग्गहेत्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं, चुण्णं दातब्बं, मत्तिका दातब्बा। सचे उस्सहति, जन्ताघरं पविसितब्बं।

ले लेना चाहिये। वस्त्र में यदि पसीना लग गया हो तो उसे छाया में सुखा देना चाहिये। वस्त्र को धूप में नहीं सुखाना चाहिये। फिर वस्त्र को समेट कर रख देना चाहिये। वस्त्र को समेटते समय चार अंगुल किनारा छोड़कर वस्त्र को समेटना चाहिये ताकि वस्त्र के बीच में कोई दोष न आ जाय। कायबन्धन को भी समेटे हुए वस्त्रों में ही रख देना चाहिये।

यदि भिक्षान्न (पिण्डपात) हो और उपाध्याय भोजन करना चाहें, तो जल रखकर भोजन परोसना चाहिये। बीच मे उपाध्याय को जल भी पूछना चाहिये। भोजन कर चुकने के बाद जल देकर उच्छिष्ट पात्र लेकर उसे औंधा कर, विना घिसे अच्छी तरह धो-पोंछकर, मुहूर्त भर धूप में सुखा देना चाहिये। धूप में पात्र अधिक गरम नही करना चाहिये। पात्र चीवर रख देना चाहिये। पात्र रखते समय एक हाथ से पात्र पकड़ कर दूसरे हाथ से मञ्च के नीचे या मञ्च के ऊपर (जहाँ पात्र रखना हो) स्थान देखकर ही पात्र रखना चाहिये। इसी तरह चीवर रखते समय एक हाथ से चीवर पकडकर दूसरे हाथ से चीवर टांगने का बाँस या रस्सी को इस किनारे से उस किनारे तक पोंछकर तब चीवर डालना चाहिये। उपाध्याय द्वारा भोजन करके उठ जाने के बाद, आसन उठा देना चाहिये। पादोदक, पादपीठिका, पादकठलिका भी पुनः यथास्थान रख देनी चाहिये। भोजन करने से वह स्थान अस्वच्छ हो गया हो तो उसे पुनः साफ कर देना चाहिये।

उपाध्याय यदि स्नान करना चाहें तो उन्हें स्नानहेतु जल रख देना चाहिये। यदि वे शीत जल चाहें तो शीत तथा उष्ण जल चाहें तो उष्ण देना चाहिये।

यदि उपाध्याय जन्ताघर (यन्त्रगृह) में जाकर वाष्पस्नान करना चाहें तो स्नानचूर्ण ले जाना चाहिये, मिट्टी ले जानी चाहिये। जन्ताघर का पीढा लेकर उपाध्याय के पीछे-पीछे जाकर जन्ताघर मे पीढ़ा रख कर, चीवर एक तरफ रख देना चाहिये। चूर्ण और मिट्टी भी दे देनी चाहिये। यदि उपाध्याय

जन्ताघरं पविसन्तेन मत्तिकाय मुखं मक्खेत्वा पुरतो च पच्छतो च पटिच्छादेत्वा जन्ताघरं पविसितब्बं। न थेरे भिक्खू अनुपखज्ज निसीदितब्बं। न नवा भिक्खू आसनेन पटिबाहेतब्बा। जन्ताघरे उपज्झायस्स परिकम्मं कातब्बं। जन्ताघरा निक्खमन्तेन जन्ताघरपीठं आदाय पुरतो च पच्छतो च पटिच्छादेत्वा जन्ताघरा निक्खमितब्बं।

"उदके पि उपज्झायस्स परिकम्मं कातब्बं। नहातेन पठमतरं उत्तरित्वा अत्तनो गत्तं वोदकं कत्वा निवासेत्वा उपज्झायस्स गत्ततो उदकं पमज्जितब्बं, निवासनं दातब्बं, सङ्घाटि दातब्बा, जन्ताघरपीठं आदाय पठमतरं आगन्त्वा आसनं पञ्ञापेतब्बं, पादोदकं पादपीठं पादकथलिकं उपनिक्खिपितब्बं, उपज्झायो पानीयेन पुच्छितब्बो। सचे उद्दिसापेतुकामो होति, उद्दिसापेतब्बो। सचे परिपुच्छितुकामो होति, परिपुच्छितब्बो।

"यस्मिं विहारे उपज्झायो विहरति, सचे सो विहारो उक्लापो होति, सचे उस्सहति, [B.60] सोधेतब्बो। विहारं सोधेन्तेन पठमं पत्तचीवरं नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं। निसीदनपच्चत्थरणं नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं। भिसिबिम्बोहनं नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं। मञ्चो नीचं कत्वा साधुकं अप्पटिघंसन्तेन, असंघट्टन्तेन कवाटपिट्ठं, नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बो। पीठं नीचं कत्वा साधुकं अप्पटिघंसन्तेन, असंघट्टन्तेन कवाटपिट्ठं, नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं। मञ्चपटिपादका नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बा। खेळमल्लको नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बो। अपस्सेनफलकं नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं। भुम्मत्थरणं यथापञ्ञत्तं सल्लक्खेत्वा नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं।

चाहें तो जन्ताघर में जाना चाहिये। जन्ताघर में जाते समय मृत्तिका मुँह पर मल कर, आगे पीछे छिपाकर, जाना चाहिये। स्थविर भिक्षुओं को आगे खड़े होकर व्यवधान कर नहीं खड़े होना चाहिये। न नये भिक्षुओं को आसन से उठाना चाहिये। जन्ताघर में उपाध्याय का परिकर्म (व्यवस्था) करना चाहिये। जन्ताघर से निकलते समय जन्ताघर का पीढ़ा लेकर आगे-पीछे से बन्द करके निकलना चाहिये।

(नदी के) जल में स्नान करते समय सहविहारिक को उपाध्याय की व्यवस्था करनी चाहिये। उपाध्याय द्वारा नदी में उतरने से पहले ही अपने शरीर का जल वस्त्र से सुखाकर, कुछ वस्त्र पहनकर, उपाध्याय के शरीर को मलना पोंछना चाहिये। (पहनने के लिये) वस्त्र देना चाहिये। सङ्घाटि देनी चाहिये। जन्ताघर से पीढ़ा लेकर पहले आकर आसन बिछा देना चाहिये। पैर धोने का जल, पैर रखने के लिये पीढ़ा, पादकथलिका रख देनी चाहिये। उपाध्याय को जल पूछना चाहिये। यदि वे कुछ कहना (पढ़ाना) चाहें तो उससे सुनना चाहिये। वे कुछ पूछना चाहें तो उसे सुनना चाहिये।

जिस आवास (विहार) में उपाध्याय रहते हों वह विहार यदि मैला हो और सामर्थ्य हो तो उसे (झाड़ू आदि से) साफ कर देना चाहिये। विहार की सफाई करते समय सर्वप्रथम पात्र-चीवर को लेकर एक तरफ रख देना चाहिये। बैठने बिछाने के वस्त्र (गद्दा-चादर आदि) निकाल कर एक ओर रख देना चाहिये। तकिया भी....। चारपाई खड़ी कर सावधानी से झड़काकर, किवाड़ों से न भिड़ाते हुए बाहर निकालनी चाहिये। चारपाई पादपीठ भी....। चारपाई के पायों के नीचे लगाये काठ के टुकड़े भी निकाल कर एक तरफ रखने चाहिये। पीकदान को भी निकाल कर एक ओर रख देना चाहिये। अपाश्रयण (सहारे के लिये रखा गया) फलक भी बाहर रख देना चाहिये। दरी (भुम्मत्थरण) निकालकर बाहर रख देनी चाहिये। यदि विहार में मकड़ी के जाले लगे हों तो जाला साफ करने

सचे विहारे सन्तानकं होति, उल्लोका पठमं ओहारेतब्बं आलोकसन्धि कण्णभागः पमज्जितब्बा सचे गेरुकपरिकम्मकता भित्ति कण्णकिता होति, चोळकं तेमेत्वा पीळेत्वा पमज्जितब्बा। सचे काळवण्णकता भूमि कण्णकिता होति, चोळकं तेमेत्वा पीळेत्वा पमज्जितब्बा। सचे अकता होति भूमि, उदकेन परिप्फोसित्वा सम्मज्जितब्बा। 'मा विहारो रजेन ऊहञ्ञी'ति सङ्कारं विचिनित्वा एकमन्तं छड्डेतब्बं।

"भुम्मत्थरणं ओतापेत्वा साधेत्वा पप्फोटेत्वा अतिहरित्वा यथापञ्ञत्तं [N.46] पञ्ञापेतब्बं। मञ्चपटिपादका ओतापेत्वा पमज्जित्वा अतिहरित्वा यथाठाने ठपेतब्बा। मञ्चो ओतापेत्वा सोधेत्वा पप्फोटेत्वा नीचं कत्वा साधुकं अप्पटिघंसन्तेन, असंघट्टन्तेन कवाटपिट्ठं, अतिहरित्वा यथापञ्ञत्तं पञ्ञापेतब्बो। पीठं ओतापेत्वा सोधेत्वा पप्फोटेत्वा नीचं कत्वा साधुकं अप्पटिघंसन्तेन, असंघट्टन्तेन कवाटपिट्ठं, अतिहरित्वा यथापञ्ञत्तं पञ्ञापेतब्बं। भिसिबिम्बोहनं ओतापेत्वा सोधेत्वा पप्फोटेत्वा अतिहरित्वा यथापञ्ञत्तं पञ्ञापेतब्बं। खेळमल्लको ओतापेत्वा पमज्जित्वा अतिहरित्वा यथाठाने ठपेतब्बो। अपस्सेनफलकं ओतापेत्वा पमज्जित्वा अतिहरित्वा यथाठाने ठपेतब्बं। पत्तचीवरं निक्खिपितब्बं। पत्तं निक्खिपन्तेन एकेन हत्थेन पत्तं गहेत्वा एकेन हत्थेन हेट्ठामञ्चं वा हेट्ठापीठं वा परामसित्वा पत्तो निक्खिपितब्बो। न च अनन्तरहिताय भूमिया पत्तो निक्खिपितब्बो। चीवरं [B.61] निक्खिपन्तेन एकेन हत्थेन चीवरं गहेत्वा एकेन हत्थेन चीवरंसं वा चीवररज्जुं वा पमज्जित्वा पारतो अन्तं ओरतो भोगं कत्वा चीवरं निक्खिपितब्बं।

"सचे पुरत्थिमा सरजा वाता वायन्ति, पुरत्थिमा वातपाना थकेतब्बा। सचे पच्छिमा सरजा वाता वायन्ति, पच्छिमा वातपाना थकेतब्बा। सचे उत्तरा सरजा वाता वायन्ति, उत्तरा वातपाना थकेतब्बा। सचे दक्खिणा सरजा वाता वायन्ति, उत्तरा वातपाना थकेतब्बा। [R.49] सचे दक्खिणा सरजा वाता वायन्ति, दक्खिणा वातपाना थकेतब्बा। सचे सीतकालो होति, दिवा वातपाना विवरितब्बा, रत्तिं थकेतब्बा। सचे उण्हकालो होति, दिवा वातपाना थकेतब्बा, रत्तिं विवरितब्बा।

वाली झाडू से पहले कोने (कोण) साफ कर देना चाहिये। यदि दीवार पर कहीं गेरु के छींटे पड़े हों या कमरे का फर्श (धरातल) गन्दा हो या फर्श पर किसी चीज के कोई काले पीले धब्बे पड़ गये हों तो उन्हें पुराना कपड़ा जल से भिगोकर उससे पोंछ देना चाहिये। यदि धरातल (फर्श) अधिक मैला हो तो उसे जल से धो देना चाहिये। विहार उड़ी हुई धूल से पुनः गन्दा न हो जाय—अतः इकट्ठे किये कूड़े को बाहर फेंक देना चाहिये।

फर्श पर बिछाने वाली दरी को धूप में सुखाकर, साफ कर, झड़का कर, लाकर, पुनः पहले की तरह बिछा देनी चाहिये। चारपाई के पायों के नीचे लगने वाले काठ को....चारपाई को....पीठ को....तकिया को....गद्दा–चादर को....पीकदान को....चारपाई के आवरण (मच्छरदानी) को....पहले की तरह रख देना चाहिये। पात्र को....समतल भूमि कर रखना चाहिये। चीवर को....समेटकर रखना चाहिये।

"यदि पूरबी धूलभरी तेज हवा चल रही हो तो पूरब की खिड़की बन्द कर देनी चाहिये। यदि पश्चिमी तेज हवा चल रही हो तो पश्चिम की खिड़की बन्द कर देना चाहिये। यदि उत्तर की....यदि

"सचे परिवेणं उक्लापं होति, परिवेणं सम्मज्जितब्बं। सचे कोट्ठको उक्लापो होति, कोट्ठको सम्मज्जितब्बो। सचे उपट्ठानसाला उक्लापा होति, उपट्ठानसाला सम्मज्जितब्बा। सचे अग्गिसाला उक्लापा होति, अग्गिसाला सम्मज्जितब्बा। सचे वच्चकुटी उक्लापा होति, वच्चकुटी सम्मज्जितब्बा। सचे पानीयं न होति, पानीयं उपट्ठापेतब्बं। सचे परिभोजनीयं न होति, परिभोजनीयं उपट्ठापेतब्बं। सचे आचमनकुम्भिया उदकं न होति, आचमनकुम्भिया उदकं आसिञ्चितब्बं।

"सचे उपज्झायस्स अनभिरति उप्पन्ना होति, सद्धिविहारिकेन वूपकासेतब्बा, वूपकासापेतब्बा, धम्मकथा वास्स कातब्बा। सचे उपज्झायस्स कुक्कुच्चं उप्पन्नं होति, सद्धिविहारिकेन विनोदेतब्बं, विनोदापेतब्बं, धम्मकथा वास्स कातब्बा। सचे उपज्झायस्स दिट्ठिगतं उप्पन्नं होति, सद्धिविहारिकेन विवेचेतब्बं, विवेचापेतब्बं, धम्मकथा वास्स कातब्बा। [N.47] सचे उपज्झायो गरुधम्मं अज्झापन्नो होति परिवासारहो, सद्धिविहारिकेन उस्सुक्कं कातब्बं—'किन्ति नु खो सङ्घो उपज्झायस्स परिवासं ददेय्या' ति। सचे उपज्झायो मूलाय पटिकस्सनारहो होति, सद्धिविहारिकेन उस्सुक्कं कातब्बं—'किन्ति नु खो सङ्घो उपज्झायं मूलाय पटिकस्सेय्या' ति। सचे उपज्झायो मानत्तारहो होति, सद्धिविहारिकेन उस्सुक्कं कातब्बं—'किन्ति नु खो सङ्घो उपज्झायस्स मानत्तं ददेय्या' ति। सचे उपज्झायो अब्भानारहो होति, सद्धिविहारिकेन उस्सुक्कं कातब्बं—'किन्ति नु खो सङ्घो उपज्झायं अब्भेय्या' ति। [B.62] सचे सङ्घो उपज्झायस्स कम्मं कत्तुकामो होति तज्जनीयं वा नियस्सं वा पब्बाजनीयं वा पटिसारणीयं वा उक्खेपनीयं वा, सद्धिविहारिकेन उस्सुक्कं कातब्बं—'किन्ति नु खो सङ्घो उपज्झायस्स कम्मं न करेय्य लहुकाय वा परिणामेय्या' ति। कतं वा पनस्स होति सङ्घेन कम्मं तज्जनीयं वा नियस्सं वा पब्बाजनीयं वा पटिसारणीयं वा उक्खेपनीयं वा, सद्धिविहारिकेन उस्सुक्कं कातब्बं—'किन्ति नु खो उपज्झायो सम्मा वत्तेय्य, लोमं पातेय्य, नेत्थारं वत्तेय्य, सङ्घो तं कम्मं पटिप्पस्सम्भेय्या' ति।

दक्षिण की....। शरदृतु में दिन में खिड़की खोल देनी चाहिये, परन्तु रात्रि को बन्द कर देना चाहिये। यदि गर्मी के दिन हों तो दिन में खिड़की बन्द रखनी चाहिये, रात को खोल देना चाहिये।

यदि परिवेण (आवास के सामने का खुला स्थान) गन्दा हो तो उसे....यदि कोठा गन्दा हो तो....यदि उपस्थानशाला (सेवाभवन)...यदि अग्निशाला...यदि शौचालय (वच्चकुटी) गन्दा हो तो उसे साफ कर देना चाहिये। . ..यदि जल न हो तो जल रख देना चाहिये। भोज्य पदार्थ न हों तो वे भी रख देने चाहिये। यदि हाथ मुँह धोने (शौच) के घड़े में जल न हो तो उसे भी जल से भर देना चाहिये।

"यदि उपाध्याय को किसी तरह की उदासी (अनभिरति) हो, तो या कोई शङ्का (सन्देह) या कौकृत्य या कोई विरुद्धमति उत्पन्न हो जाय तो उन्हें उस प्रसङ्ग की धार्मिक कथाएँ कहकर निवृत्त कर देना चाहिये। यदि उपाध्याय से परिवासयोग्य (द्र०--चुल्लवग्ग, २--३ स्क०) गुरु प्रमाद हो गया हो तो सहविहारिक को प्रयत्न कर सङ्घ से परिवास दिलाना चाहिये। यदि उपाध्याय मूलाय प्रतिकर्षण...मानत्व...आह्वान . तर्जनीय.. न्यस्स...प्रवाजनीय. प्रतिसारणीय. ..उत्क्षेपणीय कर्म के कारण प्रमाद के घेरे में आ गये हो तो सहविहारी को प्रयास करना चाहिये कि उसका उपाध्याय सही मार्ग पकड़ ले, नम्रता स्वीकार करे उससे निस्तार (छूट) के अनुकूल व्यवहार करे जिससे सङ्घ उसको दिये जाने वाले दण्ड को स्थगित कर दे या क्षमा कर दे।

''सचे उपज्झायस्स चीवरं धोवितब्बं होति, सद्धिविहारिकेन धोवितब्बं, उस्सुक्कं वा कातब्बं—''किन्ति नु खो उपज्झायस्स चीवरं धोवियेथा' ति। सचे उपज्झायस्स [R.50] चीवरं कातब्बं होति, सद्धिविहारिकेन कातब्बं, उस्सुक्कं वा कातब्बं—'किन्ति नु खो उपज्झायस्स चीवरं करियेथा' ति। सचे उपज्झायस्स रजनं पचितब्बं होति, सद्धिविहारिकेन पचितब्बं, उस्सुक्कं वा कातब्बं—'किन्ति नु खो उपज्झायस्स चीवरं करियेथा' ति। सचे उपज्झायस्स रजनं पचितब्बं होति, सद्धिविहारिकेन पचितब्बं, उस्सुक्कं वा कातब्बं—'किन्ति नु खो उपज्झायस्स रजनं पचियेथा' ति। सचे उपज्झायस्स चीवरं रजितब्बं होति, सद्धिविहारिकेन रजितब्बं, उस्सुक्कं वा कातब्बं—'किन्ति नु खो उपज्झायस्स चीवरं रजियेथा ति। चीवरं रजन्तेन साधुकं सम्परिवत्तकं सम्परिवत्तकं रजितब्बं, न च अच्छिन्ने थेवे पक्कमितब्बं।

''न उपज्झायं अनापुच्छा एकच्चस्स पत्तो दातब्बो, न एकच्चस्स पत्तो पटिग्गहेतब्बो; न एकच्चस्स चीवरं दातब्बं, न एकच्चस्स चीवरं पटिग्गहेतब्बं; न एकच्चस्स परिक्खारो दातब्बो, न एकच्चस्स परिक्खारो पटिग्गहेतब्बो; न एकच्चस्स केसा छेदेतब्बा, न एकच्चेन केसा छेदापेतब्बा; न एकच्चस्स परिकम्मं कातब्बं, न एकच्चेन परिकम्मं कारापेतब्बं; न एकच्चस्स वेय्यावच्चो कातब्बो, न एकच्चेन वेय्यावच्चो कारापेतब्बो; न एकच्चस्स पच्छासमणेन होतब्बं, न एकच्चो पच्छासमणो आदातब्बो; न एकच्चस्स पिण्डपातो नीहरितब्बो, न एकच्चेन पिण्डपातो नीहरापेतब्बो; न उपज्झायं अनापुच्छा गामो पविसितब्बो; न सुसानं गन्तब्बं; न दिसा पक्कमितब्बा। सचे उपज्झायो गिलानो होति, यावजीवं उपट्ठातब्बो; [B.63] वुट्ठानमस्स आगमेतब्बं'' ति॥

उपज्झायवत्तं निट्ठितं॥

''यदि उपाध्याय का चीवर धुलने योग्य हो गया हो तो...धो देना चाहिये या प्रयत्न करना चाहिये कि वह धुल जाय। यदि उपाध्याय को नया चीवर कराना हो....यदि उपाध्याय को चीवर हेतु रङ्ग पकाना हो....चीवर रङ्गना हो तो उसे रङ्ग देना चाहिये। चीवर को रङ्गते समय अच्छी तरह उलट–पुलट कर पूरा रङ्गना चाहिये। कहीं बीच में खाली (विना रङ्ग के) न छूट जाय।

''उपाध्याय को विना पूछे न किसी को पात्र देना चाहिये, न किसी से पात्र लेना चाहिये।. .न किसी को चीवर देना चाहिये, न किसी से लेना चाहिये।....न किसी को परिष्कार (उपयोग की वस्तु) देना चाहिये, न लेना चाहिये।....न किसी के बाल काटने चाहिये, न किसी से कटवाने चाहिये।....न किसी के देह का मर्दन (मालिश) करना चाहिये, न किसी से करवाना चाहिये।....न किसी की सेवा करनी चाहिये, न किसी से करवानी चाहिये।.....न किसी का अनुगामी (पच्छा समण) भिक्षु बनना चाहिये, न किसी को बनाना चाहिये।....न किसी का भिक्षान्न ले आना चाहिये, न किसी से लिवा कर आना चाहिये। न उपाध्याय से पूछे विना गाँव में प्रवेश करना चाहिये, न श्मशान की तरफ जाना चाहिये।....न किसी अन्य दिशा में जाना चाहिये। यदि उपाध्याय किसी रोग से आक्रान्त हो जाय तो (जब तक वह रोग शान्त न हो तब तक) जीवनपर्यन्त उसकी सेवा करनी चाहिये। उसके रोग की शान्ति की कामना करते रहना चाहिये।।

उपाध्यायवर्त समाप्त।।

१९. सद्धिविहारिकवत्तकथा

[N.48] ६८. 'उपज्झायेन, भिक्खवे, सद्धिविहारिकम्हि सम्मा वत्तितब्बं। तत्रायं **सम्मावत्तना**

"उपज्झायेन, भिक्खवे, सद्धिविहारिको सङ्गहेतब्बो अनुग्गहेतब्बो उद्देसेन परिपुच्छाय ओवादेन अनुसासनिया। सचे उपज्झायस्स पत्तो होति, सद्धिविहारिकस्स पत्तो न होति, उपज्झायेन सद्धिविहारिकस्स पत्तो दातब्बो, उस्सुक्कं वा कातब्बं—'किन्ति नु खो सद्धिविहारिकस्स पत्तो उप्पज्जियेथा' ति। सचे उपज्झायस्स चीवरं होति, सद्धिविहारिकस्स चीवरं न होति, उपज्झायेन सद्धिविहारिकस्स चीवरं दातब्बं, उस्सुक्कं वा कातब्बं—'किन्ति नु खो सद्धिविहारिकस्स चीवरं उप्पज्जियेथा' ति। सचे उपज्झायस्स परिक्खारो होति, सद्धिविहारिकस्स परिक्खारो न होति, उपज्झायेन सद्धिविहारिकस्स परिक्खारो दातब्बो, [R.51] उस्सुक्कं वा कातब्बं—'किन्ति नु खो सद्धिविहारिकस्स परिक्खारो उप्पज्जियेथा' ति।

"सचे सद्धिविहारिको गिलानो होति, कालस्सेव उट्ठाय दन्तकट्ठं दातब्बं, मुखोदकं दातब्बं, आसनं पञ्ञापेतब्बं। सचे यागु होति, भाजनं धोवित्वा यागु उपनामेतब्बा। यागुं पीतस्स उदकं दत्वा भाजनं पटिग्गहेत्वा नीचं कत्वा साधुकं अप्पटिघंसन्तेन धोवित्वा पटिसामेतब्बं। सद्धिविहारकम्हि वुट्ठिते आसनं उद्धरितब्बं। सचे सो देसो उक्लापो होति, सो देसो सम्मज्जितब्बो।

"सचे सद्धिविहारिको गामं पविसितुकामो होति, निवासनं दातब्बं, पटिनिवासनं पटिग्गहेतब्बं, कायबन्धनं दातब्बं, सगुणं कत्वा सङ्घाटियो दातब्बा, धोवित्वा पत्तो सउदको [B.64] दातब्बो। 'एत्तावता निवत्तिस्सती' ति आसनं पञ्ञापेतब्बं, पादोदकं पादपीठं पादकथलिकं उपनिक्खिपितब्बं, पच्चुग्गन्त्वा पत्तचीवरं पटिग्गहेतब्बं, पटिनिवासनं दातब्बं, निवासनं पटिग्गहेतब्बं। सचे चीवरं सिन्नं होति, मुहुत्तं उण्हे ओतापेतब्बं, न च उण्हे चीवरं निदहितब्बं; चीवरं सङ्घरितब्बं, चीवरं सङ्घरन्तेन चतुरङ्गुलं कण्णं उस्सादेत्वा चीवरं सङ्घरितब्बं—मा मज्झे भङ्गो अहोसी ति। ओभोगे कायबन्धनं कातब्बं।

---

१९. सहविहारिवर्तकथा

सहविहारी के साथ आचरणनियम— ६८. "भिक्षुओ! उपाध्याय को भी अपने सहविहारी (शिष्य) के साथ सही व्यवहार (सम्यग्वर्तना) करना चाहिये। वह सही व्यवहार यह है—

भिक्षुओ! उपाध्याय द्वारा सहविहारी का संग्रह करना चाहिये। उस पर अनुग्रह (कृपा) करना चाहिये—अध्यापन कर, शङ्का सन्देह मिटा कर, उपदेश देकर या अनुशासन (धार्मिक नियन्त्रण) कर। यदि उपाध्याय के पास पात्र हो तथा सहविहारिक के पास पात्र न हो तो उसे पात्र देना चाहिये या फिर ऐसा प्रयत्न करना चाहिये कि उसके पास पात्र हो जाय। यदि उपाध्याय के पास चीवर हो...सहविहारी को भी चीवर मिल जाय। यदि उपाध्याय के पास दैनिक उपयोगी वस्तु हो....सहविहारी को भी वह वस्तु मिल जाय।

"यदि सहविहारी, कभी रोगाक्रान्त हो जाय तो समय से ही उठकर उसे दतुअन, मुँह धोने को जल, तथा हाथ-पैर धोने हेतु पीढ़ा देना चाहिये।...पूर्ववत्....।

"सचे पिण्डपातो होति, सद्धिविहारिको च भुञ्जितुकामो होति, उदकं दत्वा पिण्डपातो उपनामेतब्बो। सद्धिविहारिको पानीयेन पुच्छितब्बो। भुत्ताविस्स उदकं दत्वा पत्तं पटिग्गहेत्वा नीचं कत्वा साधुकं अप्पटिघंसन्तेन धोवित्वा वोदकं कत्वा मुहुत्तं उण्हे ओतापेतब्बो, न च उण्हे पत्तो निदहितब्बो। पत्तचीवरं निक्खिपितब्बं। पत्तं निक्खिपन्तेन एकेन हत्थेन पत्तं गहेत्वा एकेन हत्थेन हेट्ठामञ्चं वा हेट्ठापीठं वा परामसित्वा पत्तो निक्खिपितब्बो। न च अनन्तरहिताय भूमिया पत्तो निक्खिपितब्बो। चीवरं निक्खिपन्तेन एकेन हत्थेन चीवरं गहेत्वा एकेन हत्थेन चीवरवंसं वा चीवररज्जुं वा पमज्जित्वा पारतो अन्तं ओरतो भोगं कत्वा चीवरं निक्खिपितब्बं। सद्धिविहारिकम्हि वुट्ठिते आसनं उद्धरितब्बं, पादोदकं पादपीठं पादकथलिकं पटिसामेतब्बं। सचे सो देसो उक्लापो होति, सो देसो सम्मज्जितब्बो। [N.49]

"सचे सद्धिविहारिको नहायितुकामो होति, नहानं पटियादेतब्बं। सचे सीतेन अत्थो [R.52] होति, सीतं पटियादेतब्बं। सचे उण्हेन अत्थो होति, उण्हं पटियादेतब्बं।

"सचे सद्धिविहारिको जन्ताघरं पविसितुकामो होति, चुण्णं सन्नेतब्बं, मत्तिका तेमेतब्बा, जन्ताघरपीठं आदाय गन्त्वा जन्ताघरपीठं दत्वा चीवरं पटिग्गहेत्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं, चुण्णं दातब्बं, मत्तिका दातब्बा। सचे उस्सहति, जन्ताघरं पविसितब्बं। जन्ताघरं पविसन्तेन मत्तिकाय मुखं मक्खेत्वा पुरतो च पच्छतो च पटिच्छादेत्वा जन्ताघरं पविसितब्बं। न थेरे भिक्खू अनुपखज्ज निसीदितब्बं। न नवा भिक्खू आसनेन पटिबाहेतब्बा। जन्ताघरे सद्धिविहारिकस्स परिकम्मं कातब्बं। जन्ताघरा निक्खमन्तेन जन्ताघरपीठं आदाय पुरतो च पच्छतो च पटिच्छादेत्वा जन्ताघरा निक्खमितब्बं।

"उदके पि सद्धिविहारिकस्स परिकम्मं कातब्बं। नहातेन पठमतरं उत्तरित्वा [B.65] अत्तनो गत्तं वोदकं कत्वा निवासेत्वा सद्धिविहारिकस्स गत्ततो उदकं पमज्जितब्बं, निवासनं दातब्बं, सङ्घाटि दातब्बा। जन्ताघरपीठं आदाय पठमतरं आगन्त्वा आसनं पञ्ञापेतब्बं, पादोदकं पादपीठं पादकथलिकं उपनिक्खिपितब्बं। सद्धिविहारिको पानीयेन पुच्छितब्बो।

"यस्मिं विहारे सद्धिविहारिको विहरति, सचे सो विहारो उक्लापो होति, सचे उस्सहति, सोधेतब्बो। विहारं सोधेन्तेन पठमं पत्तचीवरं नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं; निसीदनपच्चत्थरणं नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं; भिसिबिम्बोहनं नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं; मञ्चो नीचं कत्वा साधुकं अप्पटिघंसन्तेन, असङ्घट्टन्तेन कवाटपिट्ठं, नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं; मञ्चपटिपादका नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बा; खेळमल्लको नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बो; अपस्सेनफलकं नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं; भुम्मत्थरणं यथापञ्ञत्तं सल्लक्खेत्वा नीहरित्वा एकमन्तं निक्खिपितब्बं। सचे विहारे सन्तानकं होति, उल्लोका पठमं ओहारेतब्बं, आलोकसन्धिकण्णभागा पमज्जितब्बा। सचे काळवण्णकता भूमि कण्णकिता होति, चोळकं तेमेत्वा पीळेत्वा पमज्जितब्बा। सचे अकता होति भूमि,

---

[यहाँ से अन्त तक उपाध्यायवर्तकथा में आये हुए मूल पाठ का, प्रसङ्गानुसार 'उपाध्याय' शब्द के स्थान पर 'सहविहारी' शब्द लगाकर, सरलता से हिन्दी रूपान्तर कर लिया जाय ।]

उदकेन परिप्फोसित्वा सम्मज्जितब्बा। 'मा विहारो रजेन ऊहञ्ञी' ति सङ्कारं विचिनित्वा एकमन्तं छड्डेतब्बं।

"भुम्मत्थरणं ओतापेत्वा सोधेत्वा पप्फोटेत्वा अतिहरित्वा यथापञ्ञत्तं पञ्ञापेतब्बं। मञ्चपटिपादका ओतापेत्वा पमज्जित्वा अतिहरित्वा यथाठाने ठपेतब्बा। मञ्चो ओतापेत्वा सोधेत्वा पप्फोटेत्वा नीचं कत्वा साधुकं अप्पटिघंसन्तेन, असङ्घट्टन्तेन कवाटपिट्ठं, अतिहरित्वा [N.50] यथापञ्ञत्तं पञ्ञापेतब्बो। पीठं ओतापेत्वा सोधेत्वा पप्फोटेत्वा नीचं कत्वा साधुकं अप्पटिघंसन्तेन, असङ्घट्टन्तेन कवाटपिट्ठं, अतिहरित्वा यथापञ्ञत्तं पञ्ञापेतब्बं। भिसि-[B.66] बिम्बोहनं ओतापेत्वा सोधेत्वा पप्फोटेत्वा अतिहरित्वा यथापञ्ञत्तं पञ्ञापेतब्बं। निसीदनपच्चत्थरणं ओतापेत्वा सोधेत्वा पप्फोटेत्वा अतिहरित्वा यथापञ्ञत्तं पञ्ञापेतब्बं। खेळमल्लको ओतापेत्वा पमज्जित्वा अतिहरित्वा यथाठाने ठपेतब्बो। अपस्सेनफलकं ओतापेत्वा पमज्जित्वा अतिहरित्वा यथाठाने ठपेतब्बं। पत्तचीवरं निक्खिपितब्बं। पत्तं निक्खिपन्तेन एकेन हत्थेन पत्तं गहेत्वा एकेन हत्थेन हेट्ठामञ्चं वा हेट्ठापीठं वा परामसित्वा पत्तो निक्खिपितब्बो। न च अनन्तरहिताय भूमिया पत्तो निक्खिपितब्बो। चीवरं निक्खिपन्तेन एकेन हत्थेन चीवरं गहेत्वा एकेन हत्थेन चीवरवंसं वा चीवररज्जुं वा पमज्जित्वा पारतो अन्तं ओरतो भोगं कत्वा चीवरं निक्खिपितब्बं।

"सचे पुरत्थिमा सरजा वाता वायन्ति, पुरत्थिमा वातपाना थकेतब्बा। सचे पच्छिमा सरजा वाता वायन्ति, पच्छिमा वातपाना थकेतब्बा। सचे उत्तरा सरजा वाता वायन्ति, उत्तरा वातपाना थकेतब्बा। सचे दक्खिणा सरजा वाता वायन्ति, दक्खिणा वातपाना थकेतब्बा। सचे सीतकालो होति, दिवा वातपाना विवरितब्बा, रत्तिं थकेतब्बा। सचे उण्हकालो होति, दिवा वातपाना थकेतब्बा, रत्तिं विवरितब्बा।

"सचे परिवेणं उक्लापं होति, परिवेणं सम्मज्जितब्बं। सचे कोट्ठको उक्लापो होति, कोट्ठको सम्मज्जितब्बो। सचे उपट्ठानसाला उक्लापा होति, उपट्ठानसाला सम्मज्जितब्बा। सचे अग्गिसाला उक्लापा होति, अग्गिसाला सम्मज्जितब्बा। सचे वच्चकुटी उक्लापा होति, वच्चकुटी सम्मज्जितब्बा। सचे पानीयं न होति, पानीयं उपट्ठापेतब्बं। सचे परिभोजनीयं न होति, परिभोजनीयं उपट्ठापेतब्बं। सचे आचमनकुम्भिया उदकं न होति, आचमनकुम्भिया उदकं आसिञ्चितब्बं।

"सचे सद्धिविहारिकस्स अनभिरति उप्पन्ना होति, उपज्झायेन वूपकासेतब्बा, वूपकासापेतब्बा, धम्मकथा वास्स कातब्बा। सचे सद्धिविहारिकस्स कुक्कुच्चं उप्पन्नं होति, उपज्झायेन विनोदेतब्बं, विनोदापेतब्बं, धम्मकथा वास्स कातब्बा। सचे सद्धिविहारिकस्स दिट्ठिगतं उप्पन्नं होति, उपज्झायेन विवेचेतब्बं, विवेचापेतब्बं, धम्मकथा वास्स कातब्बा। सचे सद्धिविहारिको गरुधम्मं अज्झापन्नो होति परिवासारहो, उपज्झायेन उस्सुक्कं कातब्बं—'किन्ति नु खो सङ्घो सद्धिविहारिकस्स मानत्तं ददेय्या' ति। सचे सद्धिविहारिको अब्भानारहो [N.51, R.53] होति, उपज्झायेन उस्सुक्कं कातब्बं—'किन्ति नु खो सङ्घो सद्धिविहारिकं अब्भेय्या' ति। सचे सङ्घो सद्धिविहारिकस्स कम्मं कत्तुकामो होति, तज्जनीयं वा नियस्सं

वा पब्बाजनीयं वा पटिसारणीयं वा उक्खेपनीयं वा, उपज्झायेन उस्सुक्कं कातब्बं—'किन्ति नु खो सङ्घो सद्धिविहारिकस्स कम्मं न करेय्य, लहुकाय वा परिणामेय्या' ति। कतं वा पनस्स होति सङ्घेन कम्मं, तज्जनीयं वा नियस्सं वा पब्बाजनीयं वा पटिसारणीयं वा उक्खेपनीयं वा, उपज्झायेन उस्सुक्कं कातब्बं—'किन्ति नु खो सद्धिविहारिको सम्मा वत्तेय्य, लोमं पातेय्य, नेत्थारं वत्तेय्य, सङ्घो तं कम्मं पटिप्पसस्सम्भेय्या' ति।

''सचे सद्धिविहारिकस्स चीवरं धोवितब्बं होति, उपज्झायेन आचिक्खितब्बं एवं धोवेय्यासी ति, उस्सुक्कं वा कातब्बं—'किन्ति नु खो सद्धिविहारिकस्स चीवरं धोवियेथा' ति। सचे सद्धिविहारिकस्स चीवरं कातब्बं होति, उपज्झायेन आचिक्खितब्बं—'एवं करेय्यासी' ति, उस्सुक्कं वा कातब्बं—'किन्ति, नु खो सद्धिविहारिकस्स चीवरं करियेथा ति। सचे सद्धिविहारिकस्स रजनं पचितब्बं होति, उपज्झायेन आचिक्खितब्बं—'एवं पचेय्यासी' ति, उस्सुक्कं वा कातब्बं—'किन्ति नु खो सद्धिविहारिकस्स रजनं पचियेथा' ति। सचे सद्धिविहारिकस्स चीवरं रजितब्बं होति, उपज्झायेन आचिक्खितब्बं—'एवं रजेय्यासी' ति, उस्सुक्कं वा कातब्बं—'किन्ति नु खो सद्धिविहारिकस्स चीवरं रजियेथा' ति। चीवरं रजन्तेन साधुकं सम्परिवत्तकं सम्परिवत्तकं रजितब्बं। न च अच्छिन्ने थेवे पक्कमितब्बं।

सचे सद्धिविहारिको गिलानो होति, यावजीवं उपट्ठातब्बो, वुट्ठानमस्स आगमेतब्बं'' ति॥

सद्धिविहारिकवत्तं निट्ठितं॥

२०. पणामितकथा

६९. तेन खो पन समयेन सद्धिविहारिका उपज्झायेसु न सम्मा वत्तन्ति। ये [B.68] ते भिक्खू अप्पिच्छा....पे०....ते उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—''कथं हि नाम सद्धिविहारिका उपज्झायेसु न सम्मा वत्तिस्सन्ती'' ति। अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं....पे०....''सच्चं किर, भिक्खवे, सद्धिविहारिका उपज्झायेसु न सम्मा वत्तन्ती'' ति? ''सच्चं, भगवा'' ति। विगरहि बुद्धो भगवा....पे०....''कथं हि नाम, भिक्खवे,

---

यदि रुग्ण सहविहारी का चीवर (मैला होने के कारण) धोने योग्य हो गया हो तो उपाध्याय द्वारा सहविहारी को उसका सङ्केत करना चाहिये या फिर अन्यथा ऐसा प्रयत्न करना चाहिये कि उसका चीवर धुल जाय। ऐसे सह विहारी को चीवर पहनना हो तो उपाध्याय द्वारा वैसा सङ्केत करना चाहिये या फिर अन्यथा प्रयत्न करना चाहिये कि वह सहविहारी सरलता से चीवर पहन सके। सहविहारी का चीवर रङ्गना हो तो उपाध्याय द्वारा....पूर्ववत्...कहीं खाली (रङ्ग के विना) न रह जाय। रुग्ण सह विहारी की उसके स्वस्थ होने तक परिचर्या करनी चाहिये।।

सह विहारीवर्त समाप्त।।

२०. प्रणामितकथा

६९. उस समय (कुछ) सहविहारी उपाध्यायों के साथ ठीक व्यवहार नहीं करते थे। (यह देखकर) जो भिक्षु अल्पेच्छ....पूर्ववत्....वे उद्विग्न, व्यग्र एव दु:खी होते थे कि क्यों ये सहविहारी

सद्धिविहारिका उपज्झायेसु न सम्मा वत्तिस्सन्ती'' ति। विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—''न, भिक्खवे, सद्धिविहारिकेन उपज्झायम्हि न सम्मा वत्तितब्बं। यो न सम्मा वत्तेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा'' ति।.... नेव सम्मा वत्तन्ति।.... भगवतो एतमत्थं [R.54] आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे असम्मावत्तन्तं पणामेतुं।**

[N.52] एवं च पन, भिक्खवे, पणामेतब्बो—'पणामेमि तं' ति वा, 'मायिध पटिक्कमी' ति वा, 'नीहर ते पत्तचीवरं' ति वा, 'नाहं तया उपट्ठातब्बो' ति वा, कायेन विञ्ञापेति, वाचाय विञ्ञापेति, कायेन वाचाय विञ्ञापेति; पणामितो होति सद्धिविहारिको। न कायेन विञ्ञापेति, न वाचाय विञ्ञापेति, न कायेन वाचाय विञ्ञापेति, न पणामितो होति सद्धिविहारिको ति।

तेन खो पन समयेन सद्धिविहारिका पणामिता न खमापेन्ति। भगवन्तो एतमत्थं आरोचेसुं। ''अनुजानामि, भिक्खवे, खमापेतुं'' ति। नेव खमापेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **''न, भिक्खवे, पणामितेन न खमापेतब्बो। यो न खमापेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा''** ति।

'तेन खो पन समयेन उपज्झाया खमापियमाना न खमन्ति। भगवतो भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। ''अनुजानामि, भिक्खवे, खमितुं'' ति। नेव खमन्ति। सद्धिविहारिका पक्कमन्ति पि विब्भमन्ति पि तित्थियेसु पि सङ्कमन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **''न, भिक्खवे, खमापियमानेन न खमितब्बं। यो न खमेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा''** ति।

उपाध्यायो के साथ ठीक से व्यवहार नहीं करते? तब उन भिक्षुओं ने भगवान् को यह बात बतायी।....पूर्ववत्.... ''भिक्षुओ! क्या सचमुच ये सहविहारी उपाध्यायों के साथ ठीक से व्यहार नहीं करते?'' ''वस्तुतः भगवन्!'' भगवान् ने निन्दा करके धार्मिक कथा कहते हुए भिक्षुओं को बताया— **''भिक्षुओ! यह अनुचित है कि कोई सहविहारी अपने उपाध्याय के साथ सम्मानजनक व्यवहार न करे। जो ठीक व्यवहार न करेगा उसको दुष्कृत की आपत्ति (दोष) होगी।''**

फिर भी ये ठीक व्यवहार नहीं ही करते थे। भगवान् से फिर कहा गया। भगवान् ने कहा— **''भिक्षुओ! उपाध्यायों के साथ असम्मानजनक व्यवहार करने वालों को हटा देने की अनुमति देता हूँ।''**

''और भिक्षुओ! उन्हें यों कह कर प्रणामित करना (दूर भगाना) चाहिये—'दूर हटाता हूँ', 'यहाँ फिर लौटकर नहीं आना', 'उठा यहाँ से अपना पात्र–चीवर', 'मुझे तेरी सेवा नहीं चाहिये'—इस प्रकार उपाध्याय शरीर से संकेत करता है, वाणी से सकेत करता है, शरीर वाणी—दोनों से संकेत करता है तो सहविहारी हटाया हुआ मान लिया जाता है। यदि उपाध्याय न शरीर से, न वाणी से, न शरीर वाणी—दोनों से उपर्युक्त प्रकार का सङ्केत करता है तो वह सहविहारी हटाया हुआ नहीं माना जायगा। (१)

उस समय (कुछ) सहविहारी प्रमाद होने पर उपाध्यायों से क्षमायाचना नहीं करते थे। भगवान् के सम्मुख यह प्रश्न गया। (भगवान् ने कहा—) **भिक्षुओ! मैं क्षमायाचना की अनुमति देता हूँ।**

फिर भी वे लोग क्षमायाचना नहीं करते थे। भगवान् के सामने फिर यह बात रखी गयी। (भगवान् ने कहा—) **''क्षमायाचना की अनुमति देता हूँ। जो न करे उसे दुष्कृत दोष लगेगा।''** (२)

''उस समय कुछ उपाध्याय क्षमायाचना करने पर भी सहविहारियों को क्षमा नहीं करते थे। भगवान् से निवेदन किया गया। (उन्होंने कहा—) **''अनुज्ञा देता हूँ, भिक्षुओ! क्षमा करने की।''** फिर भी उपाध्याय नहीं माने। सहविहारी इससे असन्तुष्ट होकर सङ्घ छोड़ देते थे, गृहस्थ हो जाते थे, या

तेन खो पन समयेन उपज्झाया सम्मावत्तन्तं पणामेन्ति, असम्मावत्तन्तं न पणामेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**न, भिक्खवे, सम्मावत्तन्तो पणामेतब्बो। यो पणामेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। न च, भिक्खवे, असम्मावत्तन्तो न पणामेतब्बो। यो न** [B.69] **पणामेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा**" ति।

"पञ्चहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतो सद्धिविहारिको पणामेतब्बो। उपज्झायम्हि नाधिमत्तं पेमं होति, नाधिमत्तो पसादो होति, नाधिमत्ता हिरी होति, नाधिमत्तो गारवो होति, नाधिमत्ता भावना होति—"इमेहि खो, भिक्खवे, पञ्चहङ्गेहि समन्नागतो सद्धिविहारिको पणामेतब्बो।

"पञ्चहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतो सद्धिविहारिको न पणामेतब्बो। उपज्झायम्हि अधिमत्तं पेमं होति, अधिमत्तो पसादो होति, अधिमत्ता हिरी होति, अधिमत्तो गारवो होति, अधिमत्ता भावना होति—इमेहि खो, भिक्खवे, पञ्चहङ्गेहि समन्नागतो सद्धिविहारिको न पणामेतब्बो।

"पञ्चहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतो सद्धिविहारिको अलं पणामेतुं। उपज्झायम्हि [R.55] नाधिमत्तं पेमं होति....पे०....नाधिमत्ता भावना होति—इमेहि खो, भिक्खवे, पञ्चहङ्गेहि समननगतो सद्धिविहारिको अलं पणामेतुं।

"पञ्चहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतो सद्धिविहारिको नालं पणामेतुं। उपज्झायम्हि अधिमत्तं पेमं होति, अधिमत्तो पसादो होति, अधिमत्ता हिरी होति, अधिमत्तो गारवो होति, अधिमत्ता भावना होति—इमेहि खो, भिक्खवे, पञ्चहङ्गेहि समन्नागतो सद्धिविहारिको नालं पणामेतुं।

फिर अन्य तीर्थिकों का साथ पकड़ लेते थे। तब भगवान् के ध्यान में फिर यह बात लायी गयी। "**भिक्षुओ! क्षमा माँगने पर क्षमा न करना उचित नहीं। जो न करे उस को 'दुष्कृत' दोष लगेगा।**" (३)

उस समय कुछ उपाध्याय ऐसे सहविहारियो को हटा देते थे जो सही ढंग का व्यवहार करते थे तथा ऐसो को नहीं हटाते थे जो उनके साथ सही ढंग का व्यवहार नहीं करते थे। भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने कहा—) "**भिक्षुओ! सही ढंग से व्यवहार करने वाले को नहीं हटाना चाहिये। जो हटायगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा। और भिक्षुओ! ठीक ढंग से व्यवहार न करने वाले को हटा ही देना चाहिये; जो नहीं हटायगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा।**"

"भिक्षुओ! जो इन पाँच दुर्गुणो से युक्त हो ऐसे सहविहारी को हटा देना चाहिये, जैसे—१. जो उपाध्याय में अधिक प्रेम नहीं रखता, २. श्रद्धा नहीं रखता, ३. अधिक लज्जाशील नहीं होता, ४. अधिक गौरव नहीं करता एवं ५. ध्यान आदि की अधिक भावना नहीं करता। इन पाँच दुर्गुणों से युक्त को हटा देना चाहिये।

"भिक्षुओ! पाँच गुणों से युक्त सहविहारी को नहीं हटाना चाहिये; जैसे— १. जो उपाध्याय में अधिक प्रेम, २. अधिक श्रद्धा, ३. अधिक लज्जा (सङ्कोच), ४. अधिक गौरव तथा अधिक भावना रखता हो—ऐसे सहविहारी को नहीं हटाना चाहिये।

"भिक्षुओ! पाँच दुर्गुणों से युक्त सहविहारी को हटाया जा सकता है; जैसे— १. अधिक प्रेम न रखता हो....पूर्ववत्....५. अधिक भावना न करता हो।

"पञ्चहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतं सद्धिविहारिकं अप्पणामेन्तो उपज्झायो [N.53] सातिसारो होति, पणामेन्तो अनतिसारो होति। उपज्झायम्हि नाधिमत्तं पेमं होति....पे०....नाधिमत्ता भावना होति—इमेहि खो, भिक्खवे, पञ्चङ्गेहि समन्नागतं सद्धि-[B.70] विहारिकं अप्पणामेन्तो उपज्झायो सातिसारो होति, पणामेन्तो अनतिसारो होति।

"पञ्चहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतं सद्धिविहारिकं पणामेन्तो उपज्झायो सातिसारो होति, अप्पणामेन्तो अनतिसारो होति। उपज्झायम्हि अधिमत्तं पेमं होति....पे०....अधिमत्ता भावना होति—इमेहि खो, भिक्खवे, पञ्चहङ्गेहि समन्नागतं सद्धिविहारिकं पणामेन्तो उपज्झायो सातिसारो होति, अप्पणामेन्तो अनतिसारो होती ति।

२१. ञत्तिचतुत्थककम्मउपसम्पदा

७०. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो ब्राह्मणो (राधो नाम) भिक्खू उपसङ्कमित्वा पब्बज्जं याचि। तं भिक्खू न इच्छिंसु पब्बाजेतुं। सो भिक्खूसु पब्बज्जं अलभमानो किसो अहोसि लूखो दुब्बण्णो उप्पण्डुप्पण्डुकजातो धमनिसन्थतगत्तो। अद्दसा खो भगवा तं ब्राह्मणं किसं लूखं दुब्बण्णं उप्पण्डुप्पण्डुकजातं धमनिसन्थतगत्तं। दिस्वान भिक्खू आमन्तेसि— "किं नु खो सो, भिक्खवे, ब्राह्मणो किसो लूखो दुब्बण्णो उप्पण्डुप्पण्डुकजातो धमनिसन्थगतत्तो" ति? "एसो, भन्ते, ब्राह्मणो भिक्खू उपसङ्कमित्वा पब्बज्जं याचि। तं भिक्खू न इच्छिंसु पब्बाजेतुं। सो भिक्खूसु पब्बज्जं अलभमानो किसो लूखो दुब्बण्णो उप्पडुप्पण्डुकजातो धमनिसन्थतगत्तो" ति।

"भिक्षुओ! पाँच दुर्गुणों से युक्त को भी नहीं हटाना चाहिये– १. उपाध्याय में अधिक प्रेम रखने वाला, ...अधिक भावना...नहीं हटाना चाहिये।

"भिक्षुओ! इन पाँच अङ्गों से युक्त सहविहारी को न हटाने वाला उपाध्याय (इस धर्मविनय की) सीमा का उल्लङ्घन करता है तथा हटा देने वाला सीमा का उल्लङ्घन नहीं करता। जैसे–१. उपाध्याय में अधिक प्रेम नहीं रखता ...पूर्ववत्....५. भावना नहीं करता—इन पाँच दुर्गुणों वाले सहविहारी को न हटाने वाला सीमोल्लङ्घक होता है तथा हटा देने वाला भी सीमोल्लङ्घक नहीं होता।

तथा भिक्षुओ! इन पाँच गुणों से युक्त सहविहारी को हटाने वाला उपाध्याय सीमोल्लङ्घक होता है; न हटाने वाला सीमोल्लङ्घन का दोषी नहीं होता। जैसे—१. जो उपाध्याय में अधिक प्रेम रखता है,....पूर्ववत्.....५. अधिक भावना करता है—इन पाँच अङ्गों से युक्त को हटाने वाला....सीमोल्लङ्घक होता है और न हटाने वाला उक्त दोषभाक् नहीं होता।

२१. ज्ञप्तिचतुर्थककर्म—उपसम्पदाकथा

उपसम्पदाविधि– ७०. उस समय कोई (राध नामक) ब्राह्मण भिक्षुओं के पास जाकर प्रव्रज्या की दीक्षा माँगने लगा। भिक्षु उसको दीक्षा नहीं देना चाहते थे। भिक्षुओं से प्रव्रज्या न पाने के कारण वह (उसका शरीर) दुर्बल, रूखा, दुर्वर्ण, पीला, हड्डी हड्डी दिखायी देने वाला तथा उभरी हुई नसों वाला हो गया। भगवान् ने ऐसी दशा में पहुँचे उस ब्राह्मण को देखा। देखकर भिक्षुओं से पूछा– "भिक्षुओ! यह ब्राह्मण ऐसा दुर्बल....क्यों दिखायी दे रहा है?" भिक्षुओं ने बताया–"यह ब्राह्मण भिक्षुओं से प्रव्रज्या की दीक्षा चाहता था, परन्तु भिक्षुओं ने इसको दीक्षित नहीं किया। तब यह प्रव्रज्या न पाने के कारण हो रही चिन्ता एवं दुःख से पीड़ित होकर इतना दुर्बल....हो गया है।"

अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"को नु खो, भिक्खवे, तस्स ब्राह्मणस्स अधिकारं सरती" ति ? एवं वुत्ते आयस्मा सारिपुत्तो भगवन्तं एतदवोच—"अहं खो, भन्ते, तस्स ब्राह्मणस्स अधिकारं सरामी" ति। "किं पन त्वं, सारिपुत्त, तस्स ब्राह्मणस्स अधिकारं सरसी" ति ? "इध मे, भन्ते, सो ब्राह्मणो राजगहे पिण्डाय चरन्तस्स कटच्छुभिक्खं दापेसि। इमं खो अहं, भन्ते, तस्स ब्राह्मणस्स अधिकारं सरामी" ति। "साधु [R.56] साधु, सारिपुत्त, कतञ्ञुनो हि, सारिपुत्त, सप्पुरिसा कतवेदिनो। तेन हि त्वं, सारिपुत्त, तं ब्राह्मणं पब्बाजेहि उपसम्पादेही" ति। "कथाहं, भन्ते, तं ब्राह्मणं पब्बाजेमि उपसम्पादेमी" ति ? अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—. "या सा, भिक्खवे, मया तीहि सरणगमनेहि उपसम्पदा अनुञ्ञाता, ताहं अज्जतग्गे पटिक्खिपामि। **अनुजानामि, भिक्खवे, ञत्तिचतुत्थेन कम्मेन उपसम्पादेतुं।** [B.71]

एवं च पन, भिक्खवे, उपसम्पादेतब्बो। ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—

७१. 'सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। अयं इत्थन्नामो इत्थन्नामस्स आयस्मतो उपसम्पदापेक्खो। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो इत्थन्नामं उपसम्पादेय्य इत्थन्नामेन उपज्झायेन। [N.54] एसा ञत्ति।

'सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। अयं इत्थन्नामो इत्थन्नामस्स आयस्मतो उपसम्पदापेक्खो। सङ्घो इत्थन्नामं उपसम्पादेति इत्थन्नामेन उपज्झायेन। यस्सायस्मतो खमति इत्थन्नामस्स उपसम्पदा इत्थन्नामेन उपज्झायेन, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य।

'दुतियं पि एतमत्थं वदामि—सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। अयं इत्थन्नामो इत्थन्नामस्स

तब भगवान् ने भिक्षुओं (को एकत्र कर उन) से पूछा—"भिक्षुओ! तुम में से किसी को इस ब्राह्मण का किया हुआ कोई उपकार (सत्कर्म) स्मरण है?" ऐसा पूछा जाने पर आयुष्मान् सारिपुत्र ने कहा—"हाँ भन्ते! मुझे इसके द्वारा किया उपकार स्मरण है।" "सारिपुत्र! वह कौन सा उपकार है?" "भन्ते! राजगृह में भिक्षा के लिये घूमते समय, इस ब्राह्मण ने एक कलछी भर भात दिया था। भन्ते! मैं इस ब्राह्मण का यह उपकार स्मरण करता हूँ।" "साधु साधु सारिपुत्र! सत्पुरुष इसी तरह कृतज्ञ (कृतवेदी) हुआ करते हैं। तो सारिपुत्र! तुम ही इस ब्राह्मण को प्रव्रजित करो, उपसम्पन्न करो।" "तो भन्ते! मैं इस ब्राह्मण को किसी विधि से प्रव्रजित तथाउपसम्पन्न करूँ?" तब इस प्रकरण तथा प्रसङ्ग में धार्मिक कथा कहकर भिक्षुओं को बताया—"भिक्षुओ! आज तक मैंने जो तुम लोगो को तीन शरणगमनो से प्रव्रज्या देने की आज्ञा दे रखी थी, उसे आज से स्थगित करता हूँ तथा उसके स्थान पर उक्त **तीनों अनुश्रावणों (सूचनाओं) में एक चतुर्थ ज्ञप्ति (घोषणा) कर्म को मिलाकर उपसम्पदा की अनुमति देता हूँ।** अब, भिक्षुओ! प्रत्याशी को इस विधि से उपसम्पन्न करना चाहिये—

ज्ञप्तिकर्म—७१. 'भन्ते! सङ्घ मेरी (बात) सुने। यह इस.....नाम का प्रत्याशी इस.....नाम के आयुष्मान् से उपसम्पदा की अपेक्षा रखता है। यदि सङ्घ चार बातों से उचित समझे तो सङ्घ अमुक नाम के प्रत्याशी को अमुक नाम के उपाध्यायत्व में उपसम्पन्न करे।'—यह **ज्ञप्ति** है।

(अनुश्रावण)— 'भन्ते सङ्घ मुझे सुने। अमुक नामक प्रत्याशी अमुक नामक के आयुष्मान् से उपसम्पदापेक्षी है। सङ्घ इस नाम वाले को इस नाम के उपाध्याय से उपसम्पन्न कराता है। जिस आयुष्मान् को इस नाम के प्रत्याशी की इस नाम के उपाध्याय से उपसम्पदा स्वीकार हो वह चुप रहे। जिसे स्वीकार न हो वह बोले।'

आयस्मतो उपसम्पदापेक्खो। सङ्घो इत्थन्नामं उपसम्पादेति इत्थन्नामेन उपज्झायेन। यस्सायस्मतो खमति इत्थन्नामस्स उपसम्पदा इत्थन्नामेन उपज्झायेन, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य।

'ततियं पि एतमत्थं वदामि—सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। अयं इत्थन्नामो इत्थन्नामस्स आयस्मतो उपसम्पदापेक्खो। सङ्घो इत्थन्नामं उपसम्पादेति इत्थन्नामेन उपज्झायेन। यस्सायस्मतो खमतिइत्थन्नामस्स उपसम्पदा इत्था न्नामेन उपज्झायेन, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य।

'उपसम्पन्नो सङ्घेन इत्थन्नामो इत्थन्नामेन उपज्झायेन। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धारयामी' " ति।

७२. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो भिक्खु उपसम्पन्नसमनन्तरा अनाचारं आचरति। भिक्खू एवमाहंसु—"मा, आवुसो, एवरूपं अकासि, नेतं कप्पती" ति। सो एवं आह—"नेवाहं आयस्मन्ते याचिं—'उपसम्पादेथ मं' ति। किस्स मं तुम्हे अयाचित्ता उपसम्पादित्था" [B.72] ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "न, भिक्खवे, अयाचित्तेन उपसम्पादेतब्बो। यो [R.57] उपसम्पादेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। **अनुजानामि, भिक्खवे, याचितेन उपसम्पादेतुं।**

एवं च पन, भिक्खवे, याचितब्बो। तेन उपसम्पदापेक्खेन सङ्घं उपसङ्कमित्वा एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा भिक्खूनं पादे वन्दित्वा उक्कुटिकं निसीदित्वा अञ्जलिं पग्गहेत्वा एवमस्स वचनीयो—"सङ्घं, भन्ते, उपसम्पदं याचामि, उल्लुम्पतु मं, भन्ते, सङ्घो अनुकम्पं उपादाया" ति। दुतियं पि याचितब्बो। ततियं पि याचितब्बो। ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—

'दूसरी बार भी मैं यही बोल रहा हूँ– भन्ते सङ्घ मेरी सुने। यह अमुक नामक प्रत्याशी अमुक नामक आयुष्मान् का उपसम्पदापेक्षी है। जिस.....पूर्ववत्....वह बोले।'

'तीसरी बार भी मैं यही बोलता हूँ–....पूर्ववत्....वह बोले।

(धारणा–) 'अमुक नामक (प्रत्याशी) को अमुक नाम वाले उपाध्याय उपसम्पन्न करे–यह सङ्घ को स्वीकार है अतएव सङ्घ चुप है। ऐसा मैं समझता हूँ।

७२. उस समय कोई भिक्षु उपसम्पदा–प्राप्ति के बाद भी, उपसम्पदा के विरुद्ध ही आचरण करता था। (उसे देखकर) भिक्षुओं ने कहा–"आयुष्मन्! आप ऐसा न करें, यह तुम्हें शोभा नहीं देता।" वह यों बोला–"मैंने आप लोगों से उपसम्पदा की याचना नहीं की थी आप मुझे उपसम्पन्न करें। आप लोगों ने क्यो मुझे, विना याचना किये, उपसम्पन्न किया था?" भिक्षुओं ने भगवान् से जाकर यह बात कही। भगवान् ने कहा–"भिक्षुओ! अयाचित को उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। जो उपसम्पदा देगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा। अतः **आज से याच्ञा करने वाले को ही उपसम्पदा की अनुमति देता हूँ।**

और भिक्षुओ! वह याचना ऐसे करनी चाहिये–उस उपसम्पदापेक्षी पुरुष को सङ्घ के सम्मुख उपस्थित होकर, एक कन्धे पर उत्तरासङ्ग कर, भिक्षुओं की चरण–वन्दना कर, उकड़ूँ बैठकर, हाथ जोड़कर, यो निवेदन करना चाहिये–"भन्ते! सङ्घ से मैं उपसम्पदा की याचना करता हूँ। भन्ते! मुझे उपसम्पदा देकर मेरा उद्धार करें।" दूसरी बार भी....तीसरी बार भी....मेरा उद्धार करें।

तब किसी कुशल, योग्य एवं समर्थ भिक्षु द्वारा सङ्घ को यों सूचित किया जाना चाहिये–

७३. "सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। अयं इत्थन्नामो इत्थन्नामस्स आयस्मतो उपसम्पदापेक्खो। इत्थन्नामो सङ्घं उपसम्पदं याचति इत्थन्नामेन उपज्झायेन। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो इत्थन्नामं उपसम्पादेय्य इत्थन्नामेन उपज्झायेन। एसा ञत्ति।

"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। अयं इत्थन्नामो इत्थन्नामस्स आयस्मतो उपसम्पदापेक्खो। इत्थन्नामो सङ्घं उपसम्पदं याचति इत्थन्नामेन उपज्झायेन। सङ्घो इत्थन्नामं उपसम्पादेति इत्थन्नामेन उपज्झायेन। यस्सायस्मतो खमति इत्थन्नामस्स उपसम्पदा इत्थन्नामेन [N.55] उपज्झायेन, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य। दुतियं पि एतमत्थं वदामि.....पे०.... ततियं पि एतमत्थं वदामि.....पे०....।

'उपसम्पन्नो सङ्घेन इत्थन्नामो इत्थन्नामेन उपज्झायेन। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धारयामी' " ति।

२२. चत्तारो निस्सया

७४. तेन खो पन समयेन राजगहे पणीतानं भत्तानं भत्तपटिपाटि अट्ठिता होति। अथ खो अञ्ञतरस्स ब्राह्मणस्स एतदहोसि—"इमे खो समणा सक्यपुत्तिया सुखसीला सुखसमाचारा, सुभोजनानि भुञ्जित्वा निवातेसु सयनेसु सयन्ति। यन्नूनाहं समणेसु सक्यपुत्तियेसु पब्बजेय्यं" ति। अथ खो सो ब्राह्मणो भिक्खू उपसङ्कमित्वा पब्बज्जं याचि। तं भिक्खू पब्बाजेसुं उपसम्पादेसुं। तस्मिं पब्बजिते भत्तपटिपाटि खीयित्थ। भिक्खू एवं आहंसु—"एहि दानि, आवुसो, पिण्डाय चरिस्सामा" ति। सो एवं आह—"नाहं, आवुसो, एतङ्कारणा

---

७३. **ज्ञप्ति**— "भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। यह इस नाम का प्रत्याशी इस नाम के आयुष्मान् से उपसम्पदा चाहता है। इस नाम वाला प्रत्याशी सङ्घ से इस नाम के उपाध्यायत्व द्वारा उपसम्पदा चाहता है। यदि सङ्घ चार बातों से उचित (पत्तकल्ल[1]) समझे तो इस नाम वाले को सङ्घ इस नाम वाले उपाध्याय से उपसम्पन्न करावे। यह ज्ञप्ति (सूचना) है।

अनुश्रावण— 'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। अमुक नाम वाला यह अमुक नाम वाले आयुष्मान् से उपसम्पदा चाहता है। सङ्घ अमुक नाम वाले को अमुक नाम वाले भिक्षु के उपाध्यायत्व में उपसम्पदा देता है। जिसको यह (बात) स्वीकार हो वह चुप रहे, जिसको स्वीकार न हो वह बोले।"

दूसरी बार भी इस बात को बोलता हूँ—'भन्ते!.....।

तीसरी बार भी.........।

धारणा— 'सङ्घ ने अमुक नाम वाले प्रत्याशी को अमुक नाम वाले भिक्षु के उपाध्यायत्व में उपसम्पदा दे दी। सङ्घ को यह स्वीकार है, इसी लिये चुप है—ऐसा मैं मान लेता हूँ।"

भिक्षुत्व के चार निश्रय (साधन)

७४. इस समय राजगृह में (भिक्षुओं के लिये) अच्छे अच्छे उत्तम खाद्य देने का क्रम (परम्परा=परिपाटी) चल पड़ा था। यह देखकर किसी ब्राह्मण के मन में विचार आया—"ये शाक्यपुत्रीय श्रमण बहुत सुख से रहते हैं, सुन्दर सुन्दर भोजन करके एकान्त में शान्त शय्याओं पर सोते हैं। क्यों न मैं भी शाक्यपुत्रीय भिक्षुओं में मिल जाऊँ।" तब उस ब्राह्मण ने भिक्षुओं के पास जाकर भिक्षुत्व

---

१. उपोसथो[1], यावतिका[2] च भिक्खू कम्मप्पत्ता, सभागापत्तियो[3] च न विज्जन्ति।
वज्जनीया[4] च पुग्गला तस्मिं न होन्ति, पत्तकल्लं ति वुच्चति।।
(—स० पा० तृ० भा०; पृ० २१२२)

[B.73] पब्बजितो—'पिण्डाय चरिस्सामी' ति। सचे मे दस्सथ भुञ्जिस्सामि, नो चे मे दस्सथ विब्भमिस्सामी'' ति। ''किं पन त्वं, आवुसो, उदरस्स कारणा पब्बजितो'' ति? [R.58] ''एवं, आवुसो'' ति। ये ते भिक्खू अप्पिच्छा...., ते उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—''कथं हि नाम भिक्खु एवं स्वाक्खाते धम्मविनये उदरस्स कारणा पब्बजिस्सती'' ति। ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।

''सच्चं किर त्वं, भिक्खु, उदरस्स कारणा पब्बजितो'' ति? ''सच्चं भगवा'' ति। विगरहि बुद्धो भगवा—''सच्चं किर त्वं, भिक्खु, उदरस्स कारणा पब्बजितो'' ति? ''सच्चं भगवा'' ति। विगरहि बुद्धो भगवा—''कथं हि नाम त्वं, मोघपुरिस, एवं स्वाक्खाते धम्मविनये उदरस्स कारणा पब्बजिस्ससि। नेतं, मोघपुरिस, अप्पसन्नानं वा पसादाय पसन्नानं वा भिय्योभावाय''....पे०....विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—''**अनुजानामि, भिक्खवे, उपसम्पादेन्तेन चत्तारो निस्सये आचिक्खितुं—१. पिण्डियालोपभोजनं निस्साय पब्बज्जा, तत्थ ते यावजीवं उस्साहो करणीयो; अतिरेकलाभो—सङ्घभत्तं, उद्देसभत्तं, निमन्तनं, सलाकभत्तं, पक्खिकं, उपोसथिकं, पाटिपदिकं।**

२. पंसुकूलचीवरं निस्साय पब्बज्जा, तत्थ ते यावजीवं उस्साहो करणीयो; अतिरेकलाभो—खोमं, कप्पासिकं, कोसेय्यं, कम्बलं, साणं, भङ्गं।

(प्रव्रज्या) के लिये प्रार्थना की। उन भिक्षुओं ने उस को प्रव्रज्या उपसम्पदा दे दी। उसके प्रव्रजित होने के कुछ समय बाद, राजगृह में वह भोजनपरम्परा क्षीण हो गयी। किसी दिन भिक्षुओं ने उसको कहा—''आयुष्मन्! चलो भिक्षा करने चलें।'' उस ब्राह्मण ने कहा—''आयुष्मानो! मैं इसलिये तो भिक्षु नहीं बना था कि मैं भिक्षा करके खाऊँगा। यदि आप लोग लाकर न देंगे तो मैं पुनः गृहस्थ हो जाऊँगा।'' (भिक्षुओं ने उससे पूछा—) ''क्या आयुष्मन्! तुम पेट भरने के लिये भिक्षु बने हो।'' ''हाँ, आयुष्मन्''। तब (वहाँ) जो अल्पेच्छ.....थे, वे उद्विग्न, दुःखी एवं व्यग्रचित्त हुए कि कैसे कोई भिक्षु इस प्रकार के सुन्दर पद्धति से व्याख्यात धर्मविनय में प्रव्रज्या ले सकता है?'' अतः उन भिक्षुओं ने इस प्रकरण की चर्चा भगवान् से की।

भगवान् ने उस भिक्षु से पूछा—''भिक्षु! क्या वस्तुतः ही उदरपोषण के लिये तूँ भिक्षु बना है?'' ''हाँ, भगवन्''। तब भगवान् ने इस बात के लिये उसे धिक्कारते हुए कहा—''अरे मूर्ख! कैसे तू इस सुव्याख्यात धर्मविनय में उदर पोषण मात्र के लिये प्रव्रज्या लेगा! तेरा यह दुष्कृत न तो इस धर्म के प्रति अश्रद्धालुओं में श्रद्धा उत्पन्न कर पायगा, न श्रद्धालुओं की श्रद्धा बढ़ा पायगा। इसके विपरीत यह न हो कि तेरे उस दुष्कृत्य के प्रभाव से इस धर्म के प्रति अश्रद्धालुओं की अश्रद्धा और बढ़ जाय तथा श्रद्धालुओं की वर्तमान श्रद्धा भी घटने लगे।'' यों उसे धिक्कारते हुए भगवान् ने इस प्रसङ्ग में धार्मिक कथाएँ कहते आदेश दिया—''भिक्षुओ! भिक्षुत्व के अभिलाषुक को उपसम्पदा देते समय ही जीवननिर्वाह के ये चार निःश्रय (आलम्बन) बता देना चाहिये—

१. 'तुम्हारी यह प्रव्रज्या भिक्षा में मिले भोजन के सहारे से चलेगी। इसके लिये तुम्हें जीवन भर उत्साहित रहना पड़ेगा। हाँ! यह दूसरी बात है कि तुम्हें कभी यह भी मिल जाय—(क) सङ्घभोज (समष्टि भण्डारा), (ख) किसी सद्गृहस्थ के घर पर तुम्हारे निमित्त बना भोजन, (ग) निमन्त्रण, (घ) शलाका—भोजन (कुछ परिमित व्यक्तियों के लिये बना भोजन, जिसको ग्रहण करने वालों का निर्णय शलाका द्वारा निर्धारित होता था), (ङ) पाक्षिक भोजन, (च) उपोसथ निमित्त बनाया भोजन तथा प्रतिपद् के बाद (उपोसथ के दूसरे दिन) का भोजन। यह सब कुछ तुम्हारा अतिरिक्त लाभ होगा।

३. रुक्खमूलसेनासनं निस्साय पब्बज्जा, तत्थ ते यावजीवं उस्साहो करणीयो; अतिरेकलाभो—विहारो, अड्ढयोगो, पासादो, हम्मियं, गुहा।

४. पूतिमुत्तभेसज्जं निस्साय पब्बज्जा, तत्थ ते यावजीवं उस्साहो करणीयो; अतिरेकलाभो— सप्पि, नवनीतं, तेलं, मधु, फाणितं'' ति॥

उपज्झायवत्तभाणवारं निट्ठितं पञ्चमं॥

२३. आचरियवत्तकथा

७५. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो माणवको भिक्खू उपसङ्कमित्वा पब्बज्जं [N.56] याचि। तस्स भिक्खू पटिकच्चेव निस्सये आचिक्खिंसु। सो एवं आह—''सचे मे, भन्ते, पब्बजिते निस्सये आचिक्खेय्याथ, अभिरमेय्यामहं। न दानाहं, भन्ते, पब्बजिस्सामि; जेगुच्छा मे निस्सया पटिकूला'' ति। भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **''न, भिक्खवे,** [B.74] **पटिकच्चेव निस्सया आचिक्खितब्बा। यो आचिक्खेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, उपसम्पन्नसमनन्तरा निस्सये आचिक्खितुं'' ति।**

तेन खो पन समयेन भिक्खू दुवग्गेन पि तिवग्गेन पि गणेन उपसम्पादेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **''न, भिक्खवे, ऊनदसवग्गेन गणेन उपसम्पादेतब्बो। यो**

---

२. फटे चीथड़ों से बनाये चीवर के सहारे से वस्त्र का काम चलाने हेतु तुम्हें यह प्रव्रज्या दी गयी है। इसके पालन में तुम्हें जीवनपर्यन्त उत्साहित रहना है। समय समय पर गृहस्थों से मिले क्षौम (अलसी की छाल का बना कपड़ा), कौशेय (रेशमी वस्त्र) कम्बल, (ऊनी वस्त्र), सण से बने वस्त्र तथा भङ्ग (छाल, रेशम तथा रूई से मिश्रित) वस्त्र अतिरेक लाभ के रूप में माने जाँयगें।

३. इस प्रव्रज्या के बाद वृक्षों के नीचे वास करना ही तुम्हारा निद्रा या शरीरसुख के विषय में आलम्बन होगा। इसी के लिये तुम्हें जीवनपर्यन्त आशा रखनी चाहिये। यह अतिरेक लाभ के रूप में माना जायगा कि कभी तुम्हें विहार, गृहस्थों की झरोखेदार हवेलियाँ, प्रासाद (महल), दुमँजले या तिमँजले मकान अथवा पहाड़ों की कन्दराएँ रहने को मिल जायँ।

४. इस प्रवज्या के बाद कभी रोगी होने पर औषध के लिये प्रमुख रूप से गोमूत्र की औषध से ही जीवनपर्यन्त काम चलाना पड़ेगा। फिर भले ही अतिरिक्त लाभ के रूप में कभी कभी घी, मक्खन, तैल, मधु या शर्करा ही क्यों न मिलती रहे।।''

पञ्चम उपाध्यायवर्त भाणवार सम्पन्न।।

२३. आचार्यवर्तकथा

७५. इस समय कोई माणवक (ब्राह्मणकुमार) भिक्षुओं के पास आकर प्रव्रज्या की दीक्षा माँगने लगा। भिक्षुओं ने उसको दीक्षा से पूर्व ही उक्त चारों निःश्रय बता दिये। तब वह माणवक बोला—''भन्ते! ये निःश्रय मुझे दीक्षा के बाद बताये जाते तो अधिक अच्छा रहता। अब मैं प्रव्रज्या नहीं लूँगा। मुझे इन निःश्रयों से ग्लानि है; क्योंकि ये मेरे लिये अरुचिकर हैं, अतः प्रतिकूल हैं।'' भिक्षुओं ने यह बात भगवान् को बतायी। (भगवान् ने कहा—) ''भिक्षुओ! उपसम्पदापेक्षी को ये चारों निःश्रय उपसम्पदा से पूर्व नहीं बताने चाहिये। जो बतायागा वह 'दुष्कृत' दोष से ग्रस्त होगा। अतः **मैं अनुज्ञा देता हूँ दीक्षा के बाद ही प्रत्याशी को ये निःश्रय बताने की।''**

उस समय दो भिक्षुओं के समूह से भी, तीन भिक्षुओं के समूह से भी उपसम्पदा के प्रत्याशियों का दीक्षा दी जाने लगी। भगवान् को यह बात बतायी गयी। (भगवान् ने इस पर यह प्रतिबन्ध लगाया)

उपसम्पादेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, दसवग्गेन वा अतिरेकदस-
[R.59] वग्गेन वा गणेन उपसम्पादेतुं'' ति।

७६. तेन खो पन समयेन भिक्खू एकवस्सा पि दुवस्सा पि सद्धिविहारिकं उपसम्पादेन्ति। आयस्मा पि उपसेनो वङ्गन्तपुत्तो एकवस्सो सद्धिविहारिकं उपसम्पादेसि। सो वस्संवुट्ठो दुवस्सो एकवस्सं सद्धिविहारिकं आदाय येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। आचिण्णं खो पनेतं बुद्धानं भगवन्तानं आगन्तुकेहि भिक्खूहि सद्धिं पटिसम्मोदितुं। अथ खो भगवा आयस्मन्तं उपसेनं वङ्गन्तपुत्तं एतदवोच— ''कच्चि, भिक्खु, खमनीयं, कच्चि यापनीयं, कच्चि त्वं अप्पकिलमथेन अद्धानं आगतो'' ति? ''खमनीयं, भगवा, यापनीयं, भगवा। अप्पकिलमथेन मयं, भन्ते, अद्धानं आगता'' ति।

१. जानन्ता पि तथागता पुच्छन्ति, जानन्ता पि न पुच्छन्ति, २. कालं विदित्वा पुच्छन्ति, कालं विदित्वा न पुच्छन्ति; ३. अत्थसंहितं तथागता पुच्छन्ति; नो अनत्थसंहितं। अनत्थसंहिते सेतुघातो तथागतानं। ४. द्वीहि आकारेहि बुद्धा भगवन्तो भिक्खू पटिपुच्छन्ति— ''धम्मं वा देसेस्साम, सावकानं वा सिक्खापदं पञ्ञापेस्सामा'' ति।

अथ खो भगवा आयस्मन्तं उपसेनं वङ्गन्तपुत्तं एतदवोच—''कतिवस्सोसि त्वं, भिक्खू'' ति? ''दुवस्सोहं, भगवा'' ति। ''अयं पन भिक्खु कतिवस्सो'' ति? ''एकवस्सो,

---

–भिक्षुओं! दश सङ्ख्या से कम भिक्षुओं के समूह द्वारा दीक्षा नहीं देनी चाहिये। जो दीक्षा दे उसे दुष्कृत दोष लगेगा। अतः अनुमति देता हूँ– दश या दश से अधिक भिक्षुओं के समूह द्वारा ही प्रव्रज्या–उपसम्पदा की दीक्षा देने की।''

७६. उस समय ऐसे भिक्षु भी उपसम्पदा–दीक्षा देने लगे जिनको स्वयं भी इस भिक्षुसङ्घ में प्रव्रजित हुए एक वर्ष या दो वर्ष ही बीते थे। आयुष्मान् उपसेन वङ्गन्तपुत्र ने भी, जिसे कि स्वयं भिक्षुभाव प्राप्त किये एक ही वर्ष हुआ था, अपने सहविहारी को उपसम्पन्न किया। (दूसरा) वर्षावास समाप्त कर लेने पर वह (उपसेन) दो वर्ष का (भिक्षु) होकर एक वर्ष के (भिक्षु बने अपने) सहविहारी को साथ लेकर, जहाँ भगवान् थे वहाँ गया। जाकर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठा। आगन्तुक भिक्षुओं के साथ कुशलप्रश्न पूछना भगवान् बुद्ध का स्वभाव है। अतः (तब) भगवान् ने आयुष्मान् उपसेन से पूछा–''कहो भिक्षु! कुशल से तो हो? मार्ग में कोई कष्ट तो नहीं पाये?'' ''सब कुछ ठीक ही रहा, भन्ते! मार्ग में भी कोई कष्ट नहीं हुआ।''

(१) जानते हुए भी तथागत पूछते हैं, जानते हुए तथागत नहीं भी पूछते।

(२) (पूछने का) समय जान कर पूछते हैं, (पूछने का) समय जानकर भी नहीं पूछते।

(३) तथागत सार्थक बात ही पूछते हैं, निरर्थक बात नहीं करते; क्योंकि निरर्थक बातों से तथागतों का मर्यादाभङ्ग (सेतुभङ्ग) होता है।

(४) बुद्ध भगवान् दो कारणों से प्रश्न पूछते हैं–(क) शिष्यों को धर्मोपदेश हेतु या (ख) भिक्षुओं के भिक्षुनियम (शिक्षापद) बनाने के लिये।

तब भगवान् ने आयुष्मान् उपसेन....से पूछा–''भिक्षु! तूँ कितने वर्ष का भिक्षु है?'' ''मैं दो वर्ष का हूँ, भन्ते!'' ''और यह भिक्षु कितने वर्ष का (भिक्षु) है?'' एक वर्ष का है, भन्ते!'' ''यह भिक्षु

भगवा'', ति। ''किं तायं भिक्खु होती'' ति? ''सद्धिविहारिको मे, भगवा'' ति। विगरहि बुद्धो भगवा—''अननुच्छविकं, मोघपुरिस, अननुलोमिकं अप्पटिरूपं अस्सामणकं अकप्पियं अकरणीयं। कथं हि नाम त्वं, मोघपुरिस, अञ्ञेहि ओवदियो अनुसासियो अञ्ञं ओवदितुं अनुसासितुं मञ्ञिस्ससि। अतिलहु खो त्वं मोघपुरिस, बाहुल्लाय आवत्तो, यदिदं गणबन्धिकं। नेतं, मोघपुरिस, अप्पसन्नानं वा पसादाय पसन्नानं वा भिय्योभावाय''.....पे०.....विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—''न, **भिक्खवे, ऊनदसवस्सेन** [B.68] **उपसम्पादेतब्बो। यो उपसम्पादेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, दसवस्सेन वा अतिरेकदसवस्सेन वा उपसम्पादेतुं**'' ति। [N.57]

(१०) इन पाँच अङ्गो से युक्त भिक्षु को निःश्रय के विना भी वास करना चाहिये—(क) जो आपवि को जानता है, (क) जो अनापत्ति को जानता है, (ग) जो छोटी आपत्ति या (घ) बडी आपत्ति को जानता है तथा (ङ) जो पाँच वर्ष से अधिक समय का भिक्षु बना हो। इन पॉच अङ्गों से युक्त भिक्षु को निःश्रय के विना भी वास करना चाहिये।

पञ्चकदशवार पूर्ण॥

१०५. (क) .....पूर्ववत्....।

समन्नागतो होति, ६. पञ्चवस्सो वा होति अतिरेकपञ्चवस्सो वा—इमेहि खो, भिक्खवे, छहङ्गेहि समन्नागतेन भिक्खुना अनिस्सितेन वत्थब्बं।

[B.114] (३) "अपरेहि पि, भिक्खवे, छहङ्गेहि समन्नागतेन भिक्खुना न अनिस्सिततेन वत्थब्बं। १. अस्सद्धो होति, २. अहिरिको होति, ३. अनोत्तप्पी होति, ४. कुसीतो होति, ५. मुट्ठस्सति होति, ६. ऊनपञ्चवस्सो होति—इमेहि खो, भिक्खवे, छहङ्गेहि समन्नागतेन भिक्खुना न अनिस्सितेन वत्थब्बं।

(४) "छहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतेन भिक्खुना अनिस्सितेन वत्थब्बं। १. सद्धो होति, २. हिरिमा होति, ३. ओत्तप्पी होति, ४. आरद्धवीरियो होति, ५. उपट्ठितस्सति होति, ६. पञ्चवस्सो वा होति अतिरेकपञ्चवस्सो वा—इमेहि खो, भिक्खवे, छहङ्गेहि समन्नागतेन भिक्खुना अनिस्सितेन वत्थब्बं।

(५) "अपरेहि पि, भिक्खवे, छहङ्गेहि समन्नागतेन भिक्खुना न अनिस्सितेन वत्थब्बं। १. अधिसीले सीलविपन्नो होति, २. अज्झाचारे आचारविपन्नो होति, ३. अतिदिट्ठिया दिट्ठिविपन्नो होति, ४. अप्पस्सुतो होति, ५. दुप्पञ्ञो होति, ६. ऊनपञ्चवस्सो होति—इमेहि खो, भिक्खवे, छहङ्गेहि समन्नागतेन भिक्खुना न अनिस्सितेन वत्थब्बं।

(६) "छहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतेन भिक्खुना अनिस्सितेन वत्थब्बं। १. न अधिसीले सीलविपन्नो होति, २. न अज्झाचारे आचारविपन्नो होति, ३. न अतिदिट्ठिया दिट्ठिविपन्नो होति, ४. बहुस्सुतो होति, ५. पञ्ञवा होति, ६. पञ्चवस्सो वा होति अतिरेकपञ्चवस्सो वा—इमेहि खो, भिक्खवे, छहङ्गेहि समन्नागतेन भिक्खुना अनिस्सितेन वत्थब्बं।

(७) "अपरेहि पि, भिक्खवे, छहङ्गेहि समन्नागतेन भिक्खुना न अनिस्सितेन वत्थब्बं। १. आपत्तिं न जानाति, २. अनापत्तिं न जानाति, ३. लहुकं आपत्तिं न जानाति, ४. गरुकं आपत्तिं न जानाति, ५. उभयानि खो पनस्स पातिमोक्खानि वित्थारेन न स्वागतानि होन्ति न सुविभत्तानि न सुप्पवत्तीनि न सुविनिच्छितानि सुत्तसो अनुब्यञ्जनसो, ६. ऊनपञ्चवस्सो होति—इमेहि खो, भिक्खवे, छहङ्गेहि समन्नागतेन भिक्खुना न अनिस्सितेन वत्थब्बं।

(८) "छहि, भिक्खवे, अङ्गेहि समन्नागतेन भिक्खुना अनिस्सितेन वत्थब्बं। १. आपत्तिं जानाति, २. अनापत्तिं जानाति, ३. लहुकं आपत्तिं जानाति, ४. गरुकं आपत्तिं जानाति, ५. उभयानि खो पनस्स पातिमोक्खानि वित्थारेन स्वागतानि होन्ति सुविभत्तानि सुप्पवत्तीनि सुविनिच्छितानि सुत्तसो अनुब्यञ्जनसो, ६. पञ्चवस्सो वा होति अतिरेकपञ्चवस्सो [N.86, B.115] वा— इमेहि खो, भिक्खवे, छहङ्गेहि समन्नागतेन भिक्खुना अनिस्सितेन वत्थब्बं" ति।

अभयूवरभाणवारे निट्ठितो अट्ठमो॥

[ऊपर कहे पञ्चकवार के प्रत्येक पञ्चक में जो बातें कहीं हैं उनमें 'पाँच वर्ष से कम या पाँच वर्ष से अधिक'—यह छठी बात जोड़कर षट्कदशावतार बना लेने चाहिये।]

अष्टम अभयोपरिभाणवार समाप्त॥

४६. राहुलवत्थु

१०६. अथ खो भगवा राजगहे यथाभिरन्तं विहरित्वा येन कपिलवत्थु तेन [R.82] चारिकं पक्कामि। अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन कपिलवत्थु तदवसरि। तत्र सुदं भगवा सक्केसु विहरति कपिलवत्थुस्मिं निग्रोधारामे। अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरं आदाय येन सुद्धोदनस्स सक्कस्स निवेसनं तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। अथ खो राहुलमाता देवी राहुलं कुमारं एतदवोच—"एसो ते, राहुल, पिता। गच्छस्सु, दायज्जं याचाही" ति। अथ खो राहुलो कुमारो येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवतो पुरतो अट्ठासि—"सुखा ते, समण, छाया" ति। अथ खो भगवा उट्ठायासना पक्कामि। अथ खो राहुलो कुमारो भगवन्तं पिट्ठितो पिट्ठितो अनुबन्धि—"दायज्जं मे, समण, देहि; दायज्जं मे, समण, देही" ति। अथ खो भगवा आयस्मन्तं सारिपुत्तं आमन्तेसि—"तेन हि त्वं, सारिपुत्त, राहुलं कुमारं पब्बाजेही" ति। "कथाहं, भन्ते, राहुलं कुमारं पब्बाजेमी" ति? अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**अनुजानामि, भिक्खवे, तीहि सरणगमनेहि सामणेरपब्बज्जं। एवं च पन, भिक्खवे, पब्बाजेतब्बो—**

पठमं केसमस्सुं ओहारापेत्वा कासायानि वत्थानि अच्छादापेत्वा एकंसं उत्तरासङ्गं कारापेत्वा भिक्खूनं पादे वन्दापेत्वा उक्कुटिकं निसीदापेत्वा अञ्जलिं पग्गण्हापेत्वा "एवं वदेही" ति वत्तब्बो—"बुद्धं सरणं गच्छामि, धम्मं सरणं गच्छामि, सङ्घं सरणं गच्छामि; दुतियं पि बुद्धं सरणं गच्छामि, दुतियं पि धम्मं सरणं गच्छामि, दुतियं पि सङ्घं सरणं

---

४६. राहुलवस्तु

१०६. उस समय, भगवान् राजगृह में इच्छानुकूल चारिका करते हुए, कपिलवस्तु की तरफ चारिका के लिये निकल पड़े। तथा क्रमशः चारिका करते हुए कपिलवस्तु पहुँचे। वहाँ भगवान् शाक्यो द्वारा निर्मापित न्यग्रोधाराम में साधनहेतु विराजे। तब भगवान् पूर्वाह्णकाल मे ठीक से वस्त्र पहिन कर, पात्र-चीवर लेकर जहाँ शुद्धोदन शाक्य का आवास था, वहाँ पहुँचे। पहुँचकर बिछे आसन पर विराजे। तब राहुलमाता देवी राहुल कुमार को यों बोली—"राहुल! ये तुम्हारे पिता हैं, जाओ! इनसे अपना उत्तराधिकार (दायाद्य) माँगो।" तब राहुल कुमार जहाँ भगवान् थे, वहाँ गये। जाकर भगवान् के आगे खड़े हो गये। और बोले—"श्रमण! आप की छाया सुखप्रद है।" तब भगवान् आसन से उठकर चलने लगे। तब राहुल कुमार भगवान् के पीछे-पीछे चलने लगे, और कहते रहे—"श्रमण! मुझे मेरा उत्तराधिकार दो। श्रमण! मुझे मेरा उत्तराधिकार दो।" तब भगवान् ने आयुष्मान् सारिपुत्र से कहा—"तो सारिपुत्र! इस राहुल कुमार को प्रव्रज्या दो" "भन्ते! मै राहुल कुमार को कैसे प्रव्रज्या दूँ?" तब भगवान् ने इस प्रकरण में, इस प्रसङ्ग में धार्मिक कथाएँ कहकर भिक्षुओं को बताया—"**भिक्षुओ! मैं तीन शरण-गमनों से श्रामणरों को प्रव्रज्या की अनुमति देता हूँ।** भिक्षुओ! इस (श्रामणेर) को यो प्रव्रजित करना चाहिये—

"पहले उसके (शिर के) बाल एवं दाढ़ी कटवाकर, काषाय वस्त्र पहनाकर, एक कन्धे पर उत्तरासङ्ग कराकर, भिक्षुओ की चरणवन्दना कराकर, उकड़ूँ बैठाकर, हाथ जुडवाकर 'यों बोलो' कहकर, फिर कहलवाना चाहिये—"बुद्ध की शरण जाता हूँ, धर्म की शरण जाता हूँ, सङ्घ की शरण जाता है।" दूसरी बार भी—'बुद्ध की शरण जाता हूँ, धर्म की शरण जाता हूँ, सङ्घ की शरण जाता

[B.1.16] गच्छामि; ततियं पि बुद्धं सरणं गच्छामि, ततियं पि धम्मं सरणं गच्छामि, ततियं पि सङ्घं सरणं गच्छामी'' ति। अनुजानामि, भिक्खवे, इमेहि तीहि सरणगमनेहि सामणेरपब्बज्जं'' ति। अथ खो आयस्मा सारिपुत्तो राहुलं कुमारं पब्बाजेसि।

अथ खो सुद्धोदनो सक्को येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सुद्धोदनो सक्को भगवन्तं एतदवोच—''एकाहं, भन्ते, भगवन्तं वरं याचामी'' ति। ''अतिक्कन्तवरा खो, गोतम, तथागता'' ति। ''यं च, भन्ते, कप्पति, यं च अनवज्जं'' ति। ''तं वदेहि, गोतमा'' ति। ''भगवति मे, भन्ते, पब्बजिते अनप्पकं दुक्खं अहोसि, तथा नन्दे, अधिमत्तं राहुले। पुत्तपेमं, भन्ते, छविं छिन्दति, [R.83] छविं छेत्वा चम्मं छिन्दति, चम्मं छेत्वा मंसं छिन्दति, मंसं छेत्वा न्हारुं छिन्दति, [N.87] न्हारुं छेत्वा अट्ठिं छिन्दति, अट्ठिं छेत्वा अट्ठिमिञ्जं आहच्च तिट्ठति। साधु, भन्ते, अय्या अननुञ्ञातं मातापितूहि पुत्तं न पब्बाजेय्युं'' ति। अथ खो भगवा सुद्धोदनं सक्कं धम्मिया कथाय सन्दस्सेसि समादपेसि समुत्तेजेसि सम्पहंसेसि। अथ खो सुद्धोदनो सक्को भगवता धम्मिया कथाय सन्दस्सितो समादपितो समुत्तेजितो सम्पहंसितो उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—''**न, भिक्खवे, अननुञ्ञातो मातापितूहि पुत्तो पब्बाजेतब्बो। यो पब्बाजेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा**'' ति।

अथ खो भगवा कपिलवत्थुस्मिं यथाभिरन्तं विहरित्वा येन सावत्थि तेन चारिकं पक्कामि। अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन सावत्थि तदवसरि। तत्र सुदं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तेन खो पन समयेन आयस्मतो सारिपुत्तस्स

हूँ।'' तीसरी बार भी—बुद्ध की शरण जाता हूँ, धर्म की शरण जाता हूँ, सङ्घ की शरण जाता हूँ। भिक्षुओ! इन तीन शरणगमनों से श्रामणेर की प्रव्रज्या की अनुज्ञा देता हूँ।'' तब आयुष्मान् सारिपुत्र ने राहुल कुमार को प्रव्रजित किया।

तब शुद्धोदन शाक्य जहाँ भगवान् थे वहाँ गये। जाकर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे शुद्धोदन शाक्य यों बोले—''भन्ते! मैं भगवान् से एक वर माँगना चाहता हूँ।'' ''भो गौतम! तथागत तो वर देने से दूर हो चुके हैं।'' ''भन्ते! मेरी माँग तो उचित भी है और निर्दोष भी।'' ''तो बोलो, गोतम!'' ''भन्ते! भगवान् के प्रव्रजित होने पर मेरा चित्त अत्यधिक क्लान्त हुआ था, उसी तरह नन्द के प्रव्रजित होने पर भी; इस राहुल के प्रव्रजित होने पर तो बहुत ही अधिक कष्ट हुआ। भन्ते! पुत्रवियोग मेरी छवि विनष्ट (छिन्न–भिन्न) कर रहा है। छवि विनष्ट होने से चर्म, चर्म से मांस, मांस से स्नायु, स्नायु से अस्थि, अस्थि से मज्जा तक छेदता हुआ यह चला जा रहा है। अच्छा हो, भन्ते! आर्य जन (आप लोग) माता–पिता की विना अनुज्ञा (अनुमति) लिये किसी पुत्र को प्रव्रजित न करें।'' तब शुद्धोदन शाक्य को भगवान् ने धार्मिक कथाएँ कहकर सन्दृष्ट... किया। फिर वह भगवान् को प्रणाम तथा प्रदक्षिणा कर अपने आवास को वापस लौट गये। इसी प्रसङ्ग में धार्मिक कथाएँ सुनाते हुए भिक्षुओं को सम्बोधित किया—''भिक्षुओ! माता–पिता की अनुमति के विना पुत्र को प्रव्रजित नहीं करना चाहिये। जो करेगा उसको दुष्कृत (पाप) दोष लगेगा।''

तब भगवान् कपिलवस्तु में इच्छानुसार साधना करते हुए पुनः श्रावस्ती की तरफ चारिका हेतु चल पडे। क्रमशः चारिका करते हुए श्रावस्ती पहुँचे। श्रावस्ती में भगवान् अनाथपिण्डक द्वारा

उपट्ठाककुलं आयस्मतो सारिपुत्तस्स सन्तिके दारकं पाहेसि—"इमं दारकं थेरो पब्बाजेतू" ति। अथ खो आयस्मतो सारिपुत्तस्स एतदहोसि—"भगवता पञ्ञत्तं 'न एकेन द्वे सामणेरा उपट्ठापेतब्बा' ति। अयं च मे राहुलो सामणेरो। कथं नु खो मया पटिपज्जितब्बं" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसि। "**अनुजानामि, भिक्खवे, ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन एकेन द्वे सामणेरे उपट्ठापेतुं, यावतके वा पन उस्सहति ओवदितुं अनुसासितुं तावतके उपट्ठापेतुं**" ति। [B.117]

४७. सिक्खापदकथा

१०७. अथ खो सामणेरानं एतदहोसि—"कति नु खो अम्हाकं सिक्खापदानि, कत्थ च अम्हेहि सिक्खितब्बं" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**अनुजानामि, भिक्खवे, सामणेरानं दस सिक्खापदानि, तेसु च सामणेरेहि सिक्खितुं—**

१. पाणातिपाता वेरमणी, २. अदिन्नादाना वेरमणी, ३. अब्रह्मचरिया वेरमणी, ४. मुसावादा वेरमणी, ५. सुरामेरयमज्जमादपट्ठाना वेरमणी, ६. विकालभोजना वेरमणी, ७. नच्चगीतवादितविसूकदस्सना वेरमणी, ८. मालागन्धविलेपनधारणमण्डनविभूसनट्ठाना वेरमणी, ९. उच्चासयनमहासयना वेरमणी, १०. जातरूपरजतपटिग्गहणा वेरमणी। [R.84] **अनुजानामि, भिक्खवे, सामणेरानं इमानि दस सिक्खापदानि, इमेसु च सामणेरेहि सिक्खितुं**" ति।

४८. दण्डकम्मवत्थु

१०८. तेन खो पन समयेन सामणेरा भिक्खूसु अगारवा अप्पतिस्सा असभागवुत्तिका विहरन्ति। भिक्खू उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—"कथं हि नाम सामणेरा भिक्खूसु अगारवा अप्पतिस्सा असभागवुत्तिका विहरिस्सन्ती" ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।

निर्मापित जेतवनाराम मे आ विराजे। उस समय आयुष्मान् सारिपुत्र के पास उनके एक उपस्थायक कुल ने एक बालक श्रामणेर-प्रव्रज्या के लिये भेजा। तब सारिपुत्र के मन मे यह विचार आया—"भगवान् का आदेश है—'एक ही भिक्षु को दो श्रामणेर सेवा में नहीं रखने चाहिये।' उन्होंने भगवान् के सम्मुख अपनी यह समस्या रखी। (भगवान् ने कहा—) "**अनुज्ञा देता हूँ, कुशल एवं समर्थ भिक्षु को एक या दो श्रामणेर रखने की। या जितनों को वह एक साथ शिक्षा दे सके या अनुशासन में रख सके, उतने श्रामणेर रखने की।**"

४७. शिक्षापदकथा

१०७. तब श्रामणेरों को यह विचार हुआ—"हम लोगों के कितने शिक्षापद (आचार-नियम) हैं, हमें क्या-क्या सीखना चाहिये?"

भिक्षुओं ने भगवान् से यह बात कही। (भगवान् ने कहा—)

"**भिक्षुओं! अनुमति देता हूँ, श्रामणेरों को ये दश शिक्षापद सीखने की, जिन्हें श्रामणेर सीखें।**

१. प्राणिहिंसा से दूर रहना; २. अदत्तादान (चौरी) से दूर रहना; ३. व्यभिचार से दूर रहना; ४. मृषावाद (असत्यभाषण) से दूर रहना; ५. सर्वविध मद्यपान से दूर रहना; ६. विकाल भोजन से दूर रहना; ७ नृत्य-गीत-वादित्र-नाटक आदि से दूर रहना; ८. माला-गन्ध-विलेपन-मण्डन से दूर

"**अनुजानामि, भिक्खवे, पञ्चहङ्गेहि समन्नागतस्स सामणेरस्स दण्डकम्मं कातुं।** १. [N.88] भिक्खूनं अलाभाय परिसक्कति, २. भिक्खूनं अनत्थाय परिसक्कति, ३. भिक्खूनं अवासाय परिसक्कति, ४. भिक्खू अक्कोसति परिभासति, ५. भिक्खू भिक्खूहि भेदेति— **अनुजानामि, भिक्खवे, इमेहि पञ्चहङ्गेहि समन्नागतस्स सामणेरस्स दण्डकम्मं कातुं"** ति।

अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि— "किं नु खो दण्डकम्मं कातब्बं" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**अनुजानामि, भिक्खवे, आवरणं कातुं**" ति।

तेन खो पन समयेन भिक्खू सामणेरानं सब्बं सङ्घारामं आवरणं करोन्ति। सामणेरा [B.118] आरामं पविसितुं अलभमाना पक्कमन्ति पि, विब्भमन्ति पि, तित्थियेसु पि सङ्कमन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, सब्बो सङ्घारामो आवरणं कातब्बो। यो करेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, यत्थ वा वसति, यत्थ वा पटिक्कमति, तत्थ आवरणं कातुं** ति।

तेन खो पन समयेन भिक्खू सामणेरानं मुखद्वारिकं आहारं आवरणं करोन्ति। मनुस्सा यागुपानं पि सङ्घभत्तं पि करोन्ता सामणेरे एवं वदेन्ति—"एथ, भन्ते, यागुं पिवथ; एथ भन्ते, भत्तं भुञ्जथा" ति। सामणेरा एवं वदेन्ति—"नावुसो, लब्भा। भिक्खूहि आवरणं

रहना; ९. ऊँची और मँहगी शय्याओं पर न सोना; १०. सोना–चान्दी आदि के ग्रहण का सर्वथा परित्याग। अनुमति देता हूँ श्रामणेरों को इन दश शिक्षापदों को सीखने की।"

४८. दण्डकर्मवस्तु

१०८. उस समय श्रामणेर भिक्षुओं के साथ गौरव और प्रतिष्ठा का व्यवहार न रखते हुए विरुद्धवृत्तिक हो रहे थे। भिक्षु यह देखकर खिन्न, व्यग्र एवं उद्विग्न होते थे कि कैसे ये श्रामणेर भिक्षुओं के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं? भगवान् से यह बात बतायी गयी। (भगवान् ने कहा–)

"भिक्षुओ! इन पाँच अङ्गों से युक्त ऐसे श्रामणेर को दण्ड देने की अनुमति देता हूँ, (१) जो भिक्षुओं के अलाभ का प्रयास करता है, (२)....अनर्थ का...., (३) भिक्षुओं को उजाडने (आवासरहित करने) का...., (४) भिक्षुओं की निन्दा करता है; (५) भिक्षुओं में परस्पर वैमनस्य फैलाता है। **भिक्षुओ! इन पाँच अङ्गों से युक्त श्रामणेर को दण्ड देने की अनुमति देता हूँ।**

तब भिक्षुओं को यह ध्यान आया–"यह दण्ड कर्म क्या होना चाहिये?" (भगवान् से पूछा गया; भगवान् ने बताया–) "**अनुमति देता हूँ ऐसे श्रामणेरों को आवास में न घुसने देने की।**"

तब भिक्षुओं ने ऐसे श्रामणेरों का अपने सम्पूर्ण आवासों (आरामों) में प्रवेश निषिद्ध कर दिया। प्रवेश निषिद्ध हो जाने से उन श्रामणेरों में से कुछ जहाँ तहाँ चले जाते थे, या गृहस्थ हो जाते थे या फिर दूसरे सम्प्रदायों में मिल जाते थे। भिक्षु इन बातों से भी दु:खी होने लगे। उन्होंने भगवान् को यह बात बतायी। (भगवान् ने कहा–) "**भिक्षुओ! श्रामणेरों के लिये समग्र सङ्घाराम में प्रवेश निषिद्ध नहीं करना चाहिये। जो करे वह दुष्कृत दोषग्रस्त होगा। केवल वहाँ का प्रवेश निषिद्ध करने की अनुमति देता हूँ जहाँ वह भिक्षु रहता हो या जहाँ चंक्रमण करता हो।**

उस समय कुछ भिक्षु श्रामणेरों को भोजन करते समय मुख भी बन्द कर देते थे। जब कोई मनुष्य उन श्रामणेरों को यागुपान या भात खाने के लिये श्रामणेरों को लाकर देते और उन्हें पीने खाने के लिये कहते तो श्रामणेर उन्हें बताते थे कि भिक्षुओं ने उन का मुख बन्द कर रखा है। तब वे मनुष्य व्यग्र खिन्न तथा उद्विग्न होते थे कि कैसे ये माननीय भदन्त श्रामणेरों पर खाने पीने का भी प्रतिबन्ध

कतं'' ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—''कथं हि नाम भदन्ता सामणेरानं मुखद्वारिकं आहारं आवरणं करिस्सन्ती'' ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। ''**न, भिक्खवे, मुखद्वारिको आहारो आवरणं कातब्बो। यो करेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति॥

दण्डकम्मवत्थु निट्ठितं॥

४९. अनापुच्छावरणवत्थु

१०९. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू उपज्झाये अनापुच्छा [R.85] सामणेरानं आवरणं करोन्ति। उपज्झाया गवेसन्ति—कथं नु खो अम्हाकं सामणेरा न दिस्सन्ती ति। भिक्खू एवमाहंसु—''छब्बग्गियेहि, आवुसो, भिक्खूहि आवरणं कतं'' ति। उपज्झाया उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—''कथं हि नाम छब्बग्गिया भिक्खू अम्हे अनापुच्छा अम्हाकं सामणेरानं आवरणं करिस्सन्ती'' ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। ''**न, भिक्खवे, उपज्झाये अनापुच्छा आवरणं कातब्बं। यो करेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

५०. अपलाळनवत्थु

११०. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू थेरानं भिक्खूनं सामणेरे अपळाळेन्ति। थेरा सामं दन्तकट्ठं पि मुखोदकं पि गण्हन्ता किलमन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न भिक्खवे, अञ्ञस्स परिसा अपलाळेतब्बा। यो अपलाळेय्य, आपत्ति** [B.119] **दुक्कटस्सा** ति।

५१. कण्डकसामणेरवत्थु

१११. तेन खो पन समयेन आयस्मतो उपनन्दस्स सक्यपुत्तस्स कण्डको [N.89] नाम सामणेरो कण्डकिं नाम भिक्खुनिं दूसेसि। भिक्खू उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—

लगा सकते हैं! उन मनुष्यों ने भगवान् से निवेदन किया। (भगवान् ने कहा—) ''**भिक्षुओ! श्रामणेरों का, भोजन के लिये; मुखद्वार बन्द नहीं करना चाहिये। जो करे उसको 'दुष्कृत' दोष लगेगा॥**

दण्डकर्मवस्तुवर्णन समाप्त॥

४९. अनापृच्छावरणवस्तु

१०९. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु उपाध्यायों से विना पूछे ही, श्रामणेरो का आराम में प्रवेश निषिद्ध कर देते थे। उपाध्याय उन्हें न देखकर उद्विग्न होते थे कि श्रामणेर कहाँ गये? दिखायी नहीं दे रहे हैं? उन्होंने भगवान् से यह घटना कही। (भगवान् ने आज्ञा दी—) ''**भिक्षुओ! उपाध्यायों से पूछे विना श्रामणरों का आराम में प्रवेश निषेध नहीं करना चाहिये। जो करेगा उसको 'दुष्कृत' दोष होगा॥**

५०. अपलालनवत्थु

११०. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु स्थविर भिक्षुओं के श्रामणेरों को बहका-फुसला लेते थे।.....भगवान् से यह बात कही।.....**भिक्षुओ! दूसरों के श्रामणेरों (अनुगामियों) को नहीं बहकाना चाहिये। जो बहकायगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा।**

५१. कण्डकश्रामणेरवस्तु

१११. उस समय आयुष्मान् शाक्यपुत्र **उपनन्द** के **कण्डक** नामक श्रामणेर ने कण्डकी नाम की भिक्षुणी को दूषित किया। जब वृद्ध भिक्षुओं ने यह सुना तो वे बहुत व्यग्र एवं खिन्न हुए कि

"कथं हि नाम सामणेरो एवरूपं अनाचारं आचरिस्सती" ति! भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, दसहङ्गेहि समन्नागतं सामणेरं नासेतुं**। १. पाणातिपाती होति, २. अदिन्नादायी होति, ३. अब्रह्मचारी होति, ४. मुसावादी होति, ५. मज्जपायी होति, ६. बुद्धस्स अवण्णं भासति, ७. धम्मस्स अवण्णं भासति, ८. सङ्घस्स अवण्णं भासति, ९. मिच्छादिट्ठिको होति, १०. भिक्खुनीदूसको होति—**अनुजानामि भिक्खवे, इमेहि दसहङ्गेहि समन्नागतं सामणेरं नासेतुं**" ति।

५२. पण्डकवत्थु

११२. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो पण्डको भिक्खूसु पब्बजितो होति। सो दहरे दहरे भिक्खू उपसङ्कमित्वा एवं वदेति—"एथ, मं आयस्मन्तो दूसेथा" ति। भिक्खू अपसादेन्ति—"नस्स, पण्डक, विनस्स, पण्डक, को तया अत्थो" ति। सो भिक्खूहि अपसादितो महन्ते महन्ते मोळिगल्ले सामणेरे उपसङ्कमित्वा एवं वदेति—"एथ, मं आयस्मन्तो दूसेथा" ति। सामणेरो अपसादेन्ति—"नस्स, पण्डक, विनस्स, पण्डक, को तया अत्थो" [R.86] ति। सो सामणेरेहि अपसादितो हत्थिभण्डे अस्सभण्डे उपसङ्कमित्वा एवं वदेति—"एथ, मं, आवुसो, दूसेथा" ति। हत्थिभण्डा अस्सभण्डा दूसेसुं। ते उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—"पण्डका इमे समणा सक्यपुत्तिया। ये पि इमेसं न पण्डका, ते पि इमे पण्डके दूसेन्ति। एवं इमे सब्बे व अब्रह्मचारिनो" ति। अस्सोसुं खो भिक्खू तेसं हत्थिभण्डानं अस्सभण्डानं उज्झायन्तानं खिय्यन्तानं विपाचेन्तानं। अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**पण्डको, भिक्खवे, अनुपसम्पन्नो न उपसम्पादेतब्बो, उपसम्पन्नो नासेतब्बो** ति।

(न-उपसम्पादेतब्बं-वारं १)

कैसे कोई श्रामणेर किसी भिक्षुणी को दूषित कर रहा है! उन्होंने भगवान् से यह बात कही। भगवान् ने अनुज्ञा दी—"भिक्षुओ! इन दश अङ्गो से युक्त भिक्षु को सङ्घ से निकाल देना चाहिये; जैसे— (१) प्राणिहिंसाकारक को, (२) अदत्तादायी (चौर) को, (३) व्यभिचारी को, (४) मृषावादी को, (५) मद्यपायी को, (६) बुद्ध की निन्दा करने वाले को, (७) धर्म की निन्दा करने वाले को, (८) सङ्घ की निन्दा करने वाले को, (९) मिथ्यादृष्टि को एव (१०) भिक्षुणीदूषक को। **भिक्षुओ! इन दश अङ्गों से युक्त श्रामणेर को सङ्घ से निकालने की अनुमति देता हूँ॥**"

५२. पण्डकवस्तु

११२. उस समय एक पण्डक (नपुंसक=तृतीया प्रकृति) भिक्षुओं में (आकर) प्रव्रजित हो गया। वह युवा भिक्षुओं के पास जाकर कहता—"आओ! मेरे साथ दुराचार (मैथुनधर्म) करो।" वे भिक्षु उसे फटकार देते थे कि "भाग जा नपुसक! हट जा नपुंसक! हमसे तुम्हारा क्या प्रयोजन है!" भिक्षुओं के फटकारने पर वह श्रेष्ठ श्रामणेरों के पास.....। श्रामणेरो के फटकारने पर वह हाथीवानों एव साइसों के पास गया,....उन्होंने उसको दूषित किया। परन्तु उन हाथीवानों और साईसों को भी ग्लानि हुई कि "ये श्रमणशाक्यपुत्रीय पण्डक हैं, इनमें जो पण्डक नहीं हैं उनको भी ये पण्डक जाकर दूषित करते होंगे। यों ये सभी व्यभिचारी हैं।" जब भिक्षुओं ने यह सब कुछ सुना तो बहुत दुःखी हुए। भगवान् को यह बात बतायी गयी। (भगवान् ने कहा—) "**भिक्षुओ! पण्डकों (नपुंसकों) को सङ्घ में प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये। यदि प्रव्रज्या दे दी गयी हो तो उसे भगा देना चाहिये।**"

नउपसम्पादयितव्यवार समाप्त १॥

५३. थेय्यसंवासकवत्थु

११३. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो पुराणकुलपुत्तो खीणकोलञ्ञो [B.120] सुखुमालो होति। अथ खो तस्स पुराणकुलपुत्तस्स खीणकोलञ्ञस्स एतदहोसि—"अहं खो सुकुमालो, न पटिबलो अनधिगतं वा भोगं अधिगन्तुं, अधिगतं वा भोगं फातिं कातुं। केन नु खो अहं उपायेन सुखं च जीवेय्यं, न च किलमेय्यं" ति? अथ खो तस्स पुराणकुलपुत्तस्स खीणकोलञ्ञस्स एतदहोसि—"इमे खो समणा सक्यपुत्तिया सुखसीला सुखसमाचारा, सुभोजनानि भुञ्जित्वा निवातेसु सयनेसु सयन्ति। यन्नूनाहं सामं पत्तचीवरं पटियादेत्वा केसमस्सुं ओहारेत्वा कासायानि वत्थानि अच्छादेत्वा आरामं गन्त्वा भिक्खूहि सद्धिं संवसेय्यं" ति। अथ खो सो पुराणकुलपुत्तो खीणकोलञ्ञो सामं पत्तचीवरं पटियादेत्वा केसमस्सुं ओहारेत्वा कासायानि वत्थानि अच्छादेत्वा आरामं गन्त्वा भिक्खू अभि-[N.90] वादेति। भिक्खू एवमाहंसु—"कतिवस्सो सि त्वं, आवुसो" ति? "किं एतं, आवुसो, 'कतिवस्सो नामा' " ति? "को पन ते, आवुसो, उपज्झायो" ति? "किं एतं, आवुसो, 'उपज्झायो नामा' " ति? भिक्खू आयस्मन्तं उपालिं एतदवोचुं—"इङ्घावुसो उपालि, इमं पब्बजितं अनुयुञ्जाही" ति। अथ खो सो पुराणकुलपुत्तो खीणकोलञ्ञो आयस्मता उपालिना अनुयुञ्जियमानो एतमत्थं आरोचेसि। आयस्मा उपालि भिक्खूनं एतमत्थं आरोचेसि। भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**थेय्यसंवासको, भिक्खवे, अनुपसम्पन्नो न उपसम्पादेतब्बो, उपसम्पन्नो नासेतब्बो**" ति। "**तित्थियपक्कन्तको, भिक्खवे, अनुपसम्पन्नो न उपसम्पादेतब्बो, उपसम्पन्नो नासेतब्बो**" ति।

(न उपसम्पादेतब्ब वारं २-३)

---

५३. स्तेयसंवासकवस्तु

११३. उस समय कोई पुराणकुलपुत्र, जो अपनी कुलीनता (सम्पत्ति) से च्युत हो चुका था, अत्यन्त सुकुमार था। उस क्षीणकौलीन्य पुराणकुलपुत्र के मन में कभी यह विचार उठा—"मैं अत्यन्त सुकुमार हूँ, मैं कोई परिश्रम का कार्य नहीं कर सकता। क्यों न मैं भी इन सुखप्रकृति, सुखजीवी श्रमण शाक्यपुत्रीयों में मिलकर सुख से जीवन बिताऊँ। अच्छे आरामों में वास करूँ और प्रतिदिन उत्तम भोजन करूँ। इसका एक ही उपाय है कि मैं बाल-दाढ़ी मुँड़वाकर, काषायवस्त्र पहनकर, पात्र-चीवर लेकर आराम में जाकर इन भिक्षुओ के साथ रहता हुआ सुखमय जीवन-निर्वाह करूँ।" तब उस क्षीणकौलीन्य पुराणकुलपुत्र ने स्वयं ही पात्र चीवर लेकर बाल दाढ़ी मुँड़वाकर, काषाय वस्त्र पहनकर किसी आराम में जाकर भिक्षुओं को प्रणाम किया। भिक्षुओं ने पूछा—"आयुष्मन्! तुम कितने वर्ष के हो?" उसने कहा—"कितने वर्ष' से आप का क्या तात्पर्य है?" फिर किसी भिक्षु ने उससे पूछा—"आयुष्मन्! तुम्हारा उपाध्याय कौन है?" उसने कहा—"उपाध्याय' से आपका क्या तात्पर्य है?" तब भिक्षुओं ने आयुष्मान् उपालि से कहा—"तुम इस प्रवजित से वास्तविकता का पता लगाओ।" आयुष्मान् उपालि द्वारा उससे पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि वह तो कोई पुराण कुलपुत्र अपने कौलीन्य से च्युत होकर चौरी से काषाय वस्त्र पहन कर भिक्षुभाव का आडम्बर (अभिनय) कर रहा है। आयुष्मान् उपालि ने भिक्षुओं को सब बातें बतायीं। भिक्षुओं ने भगवान् के पास जाकर बताया। (भगवान् ने कहा—) "**भिक्षुओ! ऐसे स्तेयसंवासक (चौरी से काषाय वस्त्र धारण कर**

५४. तिरच्छानगतवत्थु

[R.87] ११४. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो नागो नागयोनियो अट्टीयति हरायति जिगुच्छति। अथ खो तस्स नागस्स एतदहोसि—"केन नु खो अहं उपायेन नागयोनिया च परिमुच्चेय्यं खिप्पं च मनुस्सत्तं पटिलभेय्यं" ति। अथ खो तस्स नागस्स एतदहोसि—"इमे खो समणा [B.121] सक्यपुत्तिया धम्मचारिनो ब्रह्मचारिनो सच्चवादिनो सीलवन्तो कल्याणधम्मा। सचे खो अहं समणेसु सक्यपुत्तियेसु पब्बजेय्यं, एवाहं नागयोनिया च परिमुच्चेय्यं, खिप्पं च मनुस्सत्तं पटिलभेय्यं" ति। अथ खो सो नागो माणवकवण्णेन भिक्खू उपसङ्कमित्वा पब्बज्जं याचि। तं भिक्खू पब्बाजेसुं, उपसम्पादेसुं।

तेन खो पन समयेन सो नागो अञ्ञतरेन भिक्खुना सद्धिं पच्चन्तिमे विहारे पटिवसति। अथ खो सो भिक्खु रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय अज्झोकासे चङ्कमति। अथ खो सो नागो तस्स भिक्खुनो निक्खन्ते विस्सट्ठो निद्दं ओक्कमि। सब्बो विहारो अहिना पुण्णो, वातपानेहि भोगा निक्खन्ता होन्ति। अथ खो सो भिक्खु 'विहारं पविसिस्सामी' ति कवाटं पणामेन्तो अद्दस सब्बं विहारं अहिना पुण्णं, वातपानेहि भोगे निक्खन्ते, दिस्वान भीतो विस्सरं अकासि। भिक्खू उपधावित्वा तं भिक्खुं एतदवोचुं—"किस्स त्वं, आवुसो, विस्सरं अकासी" ति? "अयं, आवुसो, सब्बो विहारो अहिना पुण्णो, वातपानेहि भोगा निक्खन्ता" ति। अथ खो

भिक्षु बनने वाले) को उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। यदि (प्रमादवश) उसे उपसम्पदा मिल ही जाय तो भी उसे सङ्घ से निकाल देना चाहिये।"

"भिक्षुओ! अन्य सम्प्रदाय के अनुयायी के पास चले जाने वाले अनुपसम्पन्न को भी उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। यदि भूल से उसे उपसम्पदा दी जा चुकी हो तो भी उसे सङ्घ से निकाल देना चाहिये।"

न उपसम्पादयितव्य वार–२–३ ।।

५४. तिर्यग्गतवस्तु

११४. उस समय किसी नाग (सर्प) को अपनी नागयोनि से ही ग्लानि, सङ्कोच, एवं घृणा हो गयी। तब उस नाग के मन में विचार आया—"किस उपाय से मैं अपनी इस नाग योनि से मुक्त होकर शीघ्र ही मनुष्य योनि प्राप्त कर पाऊँ" तब उस नाग को सूझा—"ये शाक्यपुत्रीय श्रमण धर्म का सतत आचरण करने वाले ..शीलवान् शुभकर्मकारी हैं। यदि मैं शाक्यपुत्रीय श्रमणों में प्रव्रजित हो जाऊँ तो शीघ्र ही अपनी इस हीन नागयोनि से मुक्त हो सकता हूँ।" तब उस नाग ने माणवक (तरुण ब्राह्मण) का रूप धारण कर भिक्षुओं के पास जाकर प्रव्रज्या माँगी। भिक्षुओ ने उसको प्रव्रज्या एवं उपसम्पदा दी।

उस समय वह नाग एक भिक्षु के साथ प्रत्यन्त (सीमान्त के) विहार में रहता था। वह भिक्षु (कभी) रात्रि बीतने पर प्रातःकाल उठकर चंक्रमण करने लगा। उस भिक्षु के बाहर निकल जाने पर वह नाग अपने वास्तविक रूप में प्रकट होकर सुख की नींद सोने लगा। और समग्र विहार साँपों से भर गया। खिडकियों (वातपानो) से फण ही फण निकले दिखायी देने लगे। उस भिक्षु ने भी विहार में पुनः प्रवेश करते ही देखा कि सारा विहार साँपों से भरा हुआ है। और साँप खिडकियों से फण निकाल रहे है। भिक्षु यह सब देखकर चिल्लाया। चिल्लाहट सुनकर अन्य भिक्षु भी वहाँ एकत्र हुए। और पूछने लगे—"आयुष्मन्! तुम क्यों चिल्ला रहे हो?" "आयुष्मानो! मेरा यह सम्पूर्ण विहार सापो से भरा

सो नागो तेन सद्देन पटिबुज्झित्वा सके आसने निसीदि। भिक्खू एवं आहंसु—"कोसि त्वं, आवुसो" ति? "अहं, भन्ते, नागो" ति। "किस्स पन त्वं, आवुसो, एवरूपं अकासी" ति? अथ खो सो नागो भिक्खूनं एतमत्थं आरोचेसि। भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे भिक्खुसङ्घं सन्निपातापेत्वा तं नागं एतदवोच— "तुम्हे खत्थ नागा अविरुळ्हिधम्मा इमस्मिं धम्मविनये। गच्छ त्वं, नाग, तत्थेव, चातुद्दसे पन्नरसे अट्ठमिया च पक्खस्स उपोसथं उपवस, एवं त्वं नागयोनिया च परिमुच्चिस्ससि, खिप्पं च मनुस्सत्तं पटिलभिस्ससी" ति। अथ खो सो नागो अविरुळ्हिधम्मो [N.91] किराहं इमस्मिं धम्मविनये ति दुक्खी दुम्मनो अस्सूनि पवत्तयमानो विस्सरं करित्वा पक्कामि। अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"द्वेमे, भिक्खवे, पच्चया नागस्स सभावपातुकम्माय। यदा च सजातिया मेथुनं धम्मं पटिसेवति, यदा च विस्सट्ठो निद्दं ओक्कमति—इमे खो, भिक्खवे, द्वे पच्चया नागस्स सभावपातुकम्माय। **तिरच्छानगतो, भिक्खवे, अनुपसम्पन्नो न उपसम्पादेतब्बो, उपसम्पन्नो नासेतब्बो**" ति। [R.88]

(न उपसम्पादेतब्बं वारं ४)

५५. मातुघातकवत्थु

११५. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो माणवको मातरं जीविता वोरोपेसि। सो तेन पापकेन कम्मेन अट्टीयति हरायति जिगुच्छति। अथ खो तस्स माणवकस्स [B.122] एतदहोसि—"केन नु खो अहं उपायेन इमस्स पापकस्स कम्मस्स निक्खन्तिं करेय्यं" ति?

हुआ है।" तब वह नाग उस भिक्षु की चिल्लाहट सुनकर पुनः मानवरूप में अपने आसन पर गया। भिक्षुओं ने उससे पूछा—"आयुष्मन्! तुम कौन हो?" (नाग ने कहा—) " मैं नाग हूँ।" "आयुष्मन्! तुमने ऐसा क्यों किया?" तब उस नाग ने उन भिक्षुओं को नागयोनि के प्रति अपनी ग्लानि वाली बात बता दी। भिक्षुओं ने भगवान् के पास जाकर यह बात बतायी। भगवान् ने इस सम्बन्ध में इस प्रकरण में भिक्षुसङ्घ को एकत्र कर नाग से यह कहा—

"तुम इस धर्मविनय के योग्य नहीं; क्योंकि तुम नाग हो। जाओ नाग! वहीं अपने लोक में। चतुर्दशी, पूर्णिमा और अष्टमी तथा पक्ष के उपोसथ के दिन उपवास करो। इस प्रकार तुम नागयोनि से मुक्त हो जाओगे। तथा शीघ्र ही मनुष्यत्व प्राप्त कर लोगे।"

तब वह नाग—"मैं मनुष्य योनि के योग्य नहीं हूँ"—यह सोच दुःखी, दुर्मना हो कर आँसू बहाता हुआ चीत्कार कर चला गया। तब भगवान् ने भिक्षुओं को सम्बोधित किया—"भिक्षुओ! नाग अपना स्वभाव दो समय में प्रकट करते है— (१) मैथुन के समय, तथा (२) निर्भीकता से (खुलकर) नींद लेते समय। भिक्षुओ! ये दो समय नाग के स्वभाव प्रकट करने के है। **भिक्षुओ! तिर्यग्गत (सर्प आदि) योनियों को यदि वे अनुपसम्पन्न हों तो उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। यदि किसी कारणवश वे उपसम्पन्न हो चुके हों तो उन्हें सङ्घ से निकाल (भगा) देना चाहिये।**

(न उपसम्पादयितव्य वार ४)

५५. मातृघातकवस्तु

११५. उस समय किसी माणवक ने अपनी माता को जान से मार डाला। उस पाप कर्म से मन में अत्यधिक ग्लानि एव पश्चात्ताप करने लगा। तब उस माणवक को यह विचार आया—"किस

अथ खो तस्स माणवकस्स, तदहोसि—"इमे खो समणा सक्यपुत्तिया धम्मचारिनो समचारिनो ब्रह्मचारिनो सच्चवादिनो सीलवन्तो कल्याणधम्मा। सचे खो अहं समणेसु सक्यपुत्तियेसु पब्बजेय्यं, एवाहं इमस्स पापकस्स कम्मस्स निक्खन्तिं करेय्यं" ति। अथ खो सो माणवको भिक्खू उपसङ्कमित्वा पब्बज्जं याचि। भिक्खू आयस्मन्तं उपालिं एतदवोचुं—"पुब्बे पि खो, आवुसो उपालि, नागो माणवकवण्णेन भिक्खूसु पब्बजितो। इङ्घावुसो उपालि, इमं माणवकं अनुयुञ्जाही" ति। अथ खो सो माणवको आयस्मता उपालिना अनुयुञ्जियमानो एतमत्थं आरोचेसि। आयस्मा उपालि भिक्खूनं एतमत्थं आरोचेसि। भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**मातुघातको, भिक्खवे, अनुपसम्पन्नो न उपसम्पादेतब्बो, उपसम्पन्नो नासेतब्बो**" ति।

(न उपसम्पादेतब्बं वारं ५)

५६. पितुघातकवत्थु

११६. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो माणवको पितरं जीविता वोरोपेसि। सो तेन पापकेन कम्मेन अट्टीयति हरायति जिगुच्छति....पे०....भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**पितुघातको, भिक्खवे, अनुपसम्पन्नो न उपसम्पादेतब्बो, उपसम्पन्नो नासेतब्बो**" ति।

(न उपसम्पादेतब्बं वारं ६)

५७. अरहन्तघातकवत्थु

[B.123] ११७. तेन खो पन समयेन सम्बहुला भिक्खू साकेता सावत्थिं अद्धानमग्ग-पटिपन्ना होन्ति। अन्तरामग्गे चोरा निक्खमित्वा एकच्चे भिक्खू अच्छिन्दिंसु, एकच्चे भिक्खू

उपाय से मैं इस पापकर्म से मुक्त होऊँ।" तब उसने यह निश्चय किया—"ये शाक्यपुत्रीय श्रमण धर्मपूर्वक आचरण करने वाले...कल्याणकारी हैं। क्यों न मैं भी इन शाक्यपुत्रीय श्रमणों में प्रव्रजित हो जाऊँ। तभी मेरा इस पाप से प्रायश्चित्त हो पायगा!" तब वह माणवक भिक्षुओं के पास जाकर प्रव्रज्या माँगने लगा। तब भिक्षुओं ने आयुष्मान् उपालि से कहा—"आयुष्मन्! अभी कुछ समय पूर्व एक नाग (रूप बदल कर) भिक्षु आ बना था। अब यह माणवक आया है। इससे पूछकर देखो कि वस्तुतः यह कौन है?" तब उस माणवक ने आयुष्मान् उपालि द्वारा पूछे जाने पर सचाई बता दी। आयुष्मान् उपालि ने भिक्षुओं को बताया। भिक्षुओं ने भगवान् के पास जाकर बताया। (भगवान् ने कहा—) **"भिक्षुओ! अनुपसम्पन्न मातृघातक को, उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। यदि किसी कारण वह उपसम्पदा प्राप्त कर ले, तो (उस का दोष ज्ञात होने पर) उसे सङ्घ से निकाल देना चाहिये।"**

(न उपसम्पादयितव्यवार ५)

५६. पितृघातकवस्तु

११६. उस समय किसी माणवक ने अपने पिता का जान से मार डाला। वह उस पापकर्म स मन में...पूर्ववत्....। भिक्षुओं ने भगवान् से यह बात कही। (भगवान् ने कहा—) **"भिक्षुओ! अनुपसम्पन्न पितृघातक को उपसम्पन्न नहीं करना चाहिये। यदि किसी कारण से वह उपसम्पन्न हो जाय तो (उसका पाप कर्म ज्ञात होने पर) उसे सङ्घ से निकाल देना चाहिये।**

(न उपसम्पादयितव्य वार ६)

हनिंसु। सावत्थिया राजभटा निक्खमित्वा एकच्चे चोरे अग्गहेसुं, एकच्चे चोरा [N.92] पलायिंसु। ये ते पलायिंसु ते भिक्खूसु पब्बाजिंसु, ये ते गहिता ते वधाय ओनीयन्ति। अद्दसंसु खो ते पब्बजिता ते चोरे वधाय ओनीयमाने, दिस्वान एवमाहंसु—"साधु खो मयं पलायिम्हा, सचज्ज मयं गहेय्याम, मयं पि एवमेव हञ्ञेय्यामा" ति। भिक्खू [R.89] एवमाहंसु—"किं पन तुम्हे, आवुसो, अकत्था" ति? अथ खो ते पब्बजिता भिक्खूनं एतमत्थं आरोचेसुं। भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "अरहन्तो एते, भिक्खवे, भिक्खू। **अरहन्तघातको, भिक्खवे, अनुपसम्पन्नो न उपसम्पादेतब्बो, उपसम्पन्नो नासेतब्बो**" ति।

(न उपसम्पादेतब्बं वारं ७)

५८. भिक्खुनीदूसकादिवत्थूनि

११८. तेन खो पन समयेन सम्बहुला भिक्खुनियो साकेता सावत्थिं अद्धानमग्गपटिपन्ना होन्ति। अन्तरामग्गे चोरा निक्खमित्वा एकच्चा भिक्खुनियो अच्छिन्दिंसु, एकच्चा भिक्खुनियो दूसेसुं। सावत्थिया राजभटा निक्खमित्वा एकच्चे चोरे अग्गहेसुं.... पे०...भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**भिक्खुनीदूसको, भिक्खवे, अनुपसम्पन्नो न उपसम्पादेतब्बो, उपसम्पन्नो नासेतब्बो**" ति।

"**सङ्घभेदको, भिक्खवे, अनुपसम्पन्नो न उपसम्पादेतब्बो, उपसम्पन्नो नासे-**

---

५७. अर्हद्घातकवस्तु

११७. उस समय बहुत से भिक्षु साकेत से श्रावस्ती की तरफ रास्ते में जा रहे थे। रास्ते में चोरों ने निकल कर उनमें से कुछ भिक्षुओं को काट डाला, तथा कुछ को मार डाला। तब श्रावस्ती के राजपुरुषों (सिपाहियों) ने आकर उनमें से कुछ चौरों को पकड़ लिया और कुछ चौर भागने में सफल हो गये। वे भागे हुए चौर भिक्षुओं में जाकर प्रव्रजित हो गये। उधर जो चौर राजपुरुषों द्वारा पकड़े गये थे उन्हें वध के लिये ले जाते हुए उन प्रव्रजित चौरों ने देखा। उन्हें देखकर उन (प्रव्रजित) चौरों ने परस्पर में कहा—"अच्छा हुआ कि उस दिन हम भाग आये और इन राजपुरुषों की पकड़ में न आ सके। अन्यथा आज हमारा भी इसी प्रकार वध हो जाता।" तब, भिक्षुओं ने उनके इस वार्तालाप को सुन लिया। भिक्षुओं के पूछने पर उन चौर प्रव्रजितों ने सब घटना सुना दी। भिक्षुओं ने भगवान् से यह सब बताया। (भगवान् ने आज्ञा दी—) "**भिक्षुओ! अनुपसम्पन्न अर्हद्–घातक को उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। यदि वह उपसम्पन्न हो जाय तो उसे सङ्घ से निकाल देना चाहिये।**

(नउपसम्पादयितव्य वार ७ पूर्ण।।)

५८. भिक्षुणीदूषकादिवस्तुएँ

११८. उस समय कुछ भिक्षुणियाँ साकेत से श्रावस्ती जाने वाले मार्ग पर जा रही थीं। मार्ग में चौरों ने निकल कर उनमें से कुछ (भिक्षुणियों) को लूटा और किन्हीं को मार डाला। श्रावस्ती के राजपुरुषों ने आकर उनमें कुछ चौरों को पकड़ लिया; परन्तु कुछ चौर भाग गये। वे भागे हुए चौर भिक्षुओं में जाकर प्रव्रजित हो गये। जो चौर पकड़े गये थे उन्हें राजपुरुष वध के लिये ले जाने लगे।....पूर्ववत्....। "**भिक्षुओ! यदि कोई भिक्षुणीदूषक अनुपसम्पन्न हो तो उसे उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। तथा यदि वह उपसम्पन्न हो जाय तो उसे सङ्घ से निकाल देना चाहिये।**"

तब्बो'' ति। **''लोहितुप्पादको, भिक्खवे, अनुपसम्पन्नो न उपसम्पादेतब्बो, उपसम्पन्नो नासेतब्बो''** ति।

(न उपसम्पादेतब्बं वारं ८-१०)

५९. उभतोब्यञ्जनकवत्थु

[B.124] ११९. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो उभतोब्यञ्जनको भिक्खूसु पब्बजितो होति। सो करोति पि कारापेति पि। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **उभतोब्यञ्जनको, भिक्खवे, अनुपसम्पन्नो न उपसम्पादेतब्बो, उपसम्पन्नो नासेतब्बो''** ति।

(न उपसम्पादेतब्बं वारं ११)

६०. अनुपज्झायकादिवत्थूनि

१२०. तेन खो पन समयेन भिक्खू अनुपज्झायकं उपसम्पादेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, अनुपज्झायको उपसम्पादेतब्बो। यो उपसम्पादेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

तेन खो पन समयेन भिक्खू सङ्घेन उपज्झायेन उपसम्पादेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, सङ्घेन उपज्झायेन उपसम्पादेतब्बो। यो उपसम्पादेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

[N.93] तेन खो पन समयेन भिक्खू गणेन उपज्झायेन उपसम्पादेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, गणेन उपज्झायेन उपसम्पादेतब्बो। यो उपसम्पादेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

...''भिक्षुओ! यदि सङ्घभेदक अनुपसम्पन्न हो तो उसे उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। यदि वह किसी कारणवश उपसम्पन्न हो जाय तो उसे सङ्घ से निकाल देना चाहिये।''

....''भिक्षुओ! यदि लोहितोत्पादक अनुपसम्पन्न हो तो उसे उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। और यदि वह किसी कारणवश उपसम्पन्न हो जाय तो उसे सङ्घ से निकाल देना चाहिये।

(न उपसम्पादयितव्य वार ८-१०)

५९. उभतोव्यञ्जनकवस्तु

११९. उस समय कोई स्त्री-पुरुष दो के चिह्नों वाला पुद्गल भिक्षुओं में प्रव्रजित हो गया था। वह (व्यभिचार) करता भी था कराता भी था।....भगवान् को यह बात बतायी गयी। (भगवान् ने कहा-) **''भिक्षुओ! स्त्री-पुरुष के दोनों चिह्नों वाले पुद्गल को, यदि वह उपसम्पन्न न हुआ हो तो उसे उपसम्पन्न नहीं करना चाहिये। यदि उपसम्पन्न हुआ हो तो उसे सङ्घ से निकाल देना चाहिये।**

६०. अनुपाध्यायकादि वस्तुएँ

१२०. उस समय भिक्षु किसी किसी को उपाध्याय के विना ही उपसम्पदा करा देते थे। भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने कहा-) **''भिक्षुओ! उपाध्याय के विना किसी की भी उपसम्पदा नहीं करनी चाहिये। जो उपसम्पदा करे उसको 'दुष्कृत' दोष लगेगा।**

उस समय भिक्षु समग्र सङ्घ को 'उपाध्याय' बनाकर किसी को उपसम्पदा दे देते थे।..(भगवान् ने कहा-) **''भिक्षुओ! सङ्घ को उपाध्याय बना कर उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। जो उपसम्पदा देगा उसे दुष्कृत दोष होगा।**

तेन खो पन समयेन भिक्खू पण्डकुपज्झायेन उपसम्पादेन्ति....पे०....थेय्यसंवासकुपज्झायेन उपसम्पादेन्ति....पे०....तिरच्छानगतुपज्झायेन उपसम्पादेन्ति....पे०....मातुघातकुपज्झायेन उपसम्पादेन्ति....पे०.... पितुघातकुपज्झायेन उपसम्पादेन्ति....पे०....अरहन्तघातकुपज्झायेन उपसम्पादेन्ति....पे०....भिक्खुनीदूसकुपज्झायेन उपसम्पादेन्ति...पे०.... उभतोब्यञ्जनकुपज्झायेन उपसम्पादेन्ति....पे०....भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, पण्डकुपज्झायेन उपसम्पादेतब्बो....पे०.....न, भिक्खवे, थेय्यसंवासकुपज्झायेन उपसम्पादेतब्बो....पे०....न, भिक्खवे, तित्थियपक्कन्तकुपज्झायेन उपसम्पादेतब्बो.... पे०....न भिक्खवे, तिरच्छानगतुपज्झायेन उपसम्पादेतब्बो....पे०....न, भिक्खवे, मातुघातकुपज्झायेन उप सम्पादेतब्बो....पे०....न, भिक्खवे, पितुघात-**[B.90] **कुपज्झायेन उपसम्पादेतब्बो....पे०....न, भिक्खवे, अरहन्तघातकुपज्झायेन उपसम्पादेतब्बो.....पे०.....न, भिक्खवे, भिक्खुनीदूसकुपज्झायेन उपसम्पादेतब्बो.... पे०.....न, भिक्खवे, सङ्घभेदकुपज्झायेन उपसम्पादेतब्बो ..... पे०.... न, भिक्खवे,**

उस समय भिक्षु किसी गण (भिक्षुसमूह) को उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा देते थे।....! (भगवान् ने कहा—)

''भिक्षुओ! गण को उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। जो उपसम्पदा देगा उसे दुष्कृत दोष होगा।''

उस समय भिक्षु पण्डक को भी उपाध्याय बनाकर किसी को उपसम्पदा देते थे।....।

''भिक्षुओ! पण्डक को उपाध्याय बनाकर किसी को उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये।.....।

उस समय भिक्षु स्तेयसवासक को भी उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा देते थे।.....

''भिक्षुओ! स्तेयसंवासक को उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये।....

उस समय भिक्षु अन्य सम्प्रदाय में गये (तीर्थिक) को भी उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा....।

''भिक्षुओ! अन्य सम्प्रदाय में गये भिक्षु को उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये....।''

...तिर्यग्गत को भी उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा....।

''भिक्षुओ! तिर्यग्गत को उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा नहीं.....।

....मातृघातक को भी उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा .. ।

''भिक्षुओ! मातृघातक को उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा नहीं.....।

... पितृघातक को भी उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा......।

''भिक्षुओ! पितृघातक को उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा नहीं....।

.....अर्हद्घातक को भी उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा....।

''भिक्षुओ! अर्हद्घातक को उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा नहीं.....।

.. ..भिक्षुणीदूषक को भी उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा.....।

''भिक्षुओ! भिक्षुणीदूषक को भी उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा नहीं.....।

....सङ्घभेदक को भी उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा.. ...।

''भिक्षुओ! सङ्घभेदक को उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा नहीं....।

...लोहितोत्पादक को भी उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा.....।

''भिक्षुओ! लोहितोत्पादक को उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा नहीं.....।

[B.125] **लोहितुप्पादकुपज्झायेन उपसम्पादेतब्बो....पे०....न, भिक्खवे, उभतोब्यञ्जनकुपज्झायेन उपसम्पादेतब्बो। यो उपसम्पादेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

(न उपसम्पादेतब्बवारं १२-१५)

६१. अपत्तकादिवत्थु

१२१. तेन खो पन समयेन भिक्खू अपत्तकं उपसम्पादेन्ति। हत्थेसु पिण्डाय चरन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—"सेय्यथापि तित्थिया" ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**न, भिक्खवे, अपत्तको उपसम्पादेतब्बो। यो उपसम्पादेय्य, आपत्ति, दुक्कटस्सा** ति।

तेन खो पन समयेन भिक्खू अचीवरकं उपसम्पादेन्ति। नग्गा पिण्डाय चरन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—सेय्यथापि तित्थिया ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, अचीवरको उपसम्पादेतब्बो। यो उपसम्पादेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

तेन खो पन समयेन भिक्खू अपत्तचीवरकं उपसम्पादेन्ति। नग्गा हत्थेसु पिण्डाय चरन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—" ....सेय्यथापि तित्थिया ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, अपत्तचीवरको उपसम्पादेतब्बो। यो उपसम्पादेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

[N.94] तेन खो पन समयेन भिक्खू याचितकेन पत्तेन उपसम्पादेन्ति। उपसम्पन्ने पत्तं पटिहरन्ति। हत्थेसु पिण्डाय चरन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—सेय्यथापि तित्थिया ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, याचितकेन पत्तेन उपसम्पादेतब्बो। यो उपसम्पादेय्य आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

.....उभतोव्यञ्जनक को भी उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा....।

"भिक्षुओ! उभतोव्यञ्जनक को उपाध्याय बनाकर उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। जो देगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा।"

(न उपसम्पादेतब्ब वार ११-१५)

६१. अपात्रकादिवस्तु

१२१ उस समय भिक्षु विना पात्र वाले को भी उपसम्पदा दे देते थे। वे अन्य सम्प्रदाय वालों की तरह हाथ में ही भिक्षा लेते थे। यह देखकर मनुष्य खिन्न तथा उद्विग्न चिव होते थे। वे कहते थे कि ये तो अन्य सम्प्रदाय वालों की तरह भिक्षा करने लग गये।....। (भगवान् ने कहा—) **"भिक्षुओ! विना पात्रवाले को उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। जो देगा उसे 'दुष्कृत' (पाप) दोष लगेगा।**

उस समय कुछ भिक्षु (प्रत्याशी को) चीवर के विना ही उपसम्पदा देते थे।.... **"भिक्षुओ! चीवर के विना (प्रत्याशी को) उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। जो देगा उसे दुष्कृत दोष लगेगा।**

उस समय कुछ भिक्षु उपसम्पदा चाहने वालों को पात्र एवं चीवर के विना ही उपसम्पदा देते थे।....(भगवान् ने आज्ञा दी—) **"भिक्षुओ! पात्र–चीवर के विना उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये।.....।**

उस समय कुछ भिक्षु माँगे हुए पात्र के सहारे से उपसम्पदा लेते थे। उपसम्पदा के बाद भिक्षु अपना पात्र लौटा लेते थे। अतः नवक भिक्षु को हाथों में ही भिक्षा लेनी पड़ती थी।.....।

तेन खो पन समयेन भिक्खू याचितकेन चीवरेन उपसम्पादेन्ति। उपसम्पन्ने चीवरं पटिहरन्ति। नग्गा पिण्डाय चरन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—सेय्यथापि तित्थिया ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**न, भिक्खवे, याचितकेन चीवरेन उपसम्पादेतब्बो।** यो उपसम्पादेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा ति।

तेन खो पन समयेन भिक्खू याचितकेन पत्तचीवरेन उपसम्पादेन्ति। [B.126] उपसम्पन्ने पत्तचीवरं पटिहरन्ति। नग्गा हत्थेसु पिण्डाय चरन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति [R.91] खिय्यन्ति विपाचेन्ति—सेय्यथापि तित्थिया ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**न, भिक्खवे, याचितकेन पत्तचीवरेन उपसम्पादेतब्बो।** यो उपसम्पादेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा ति।

(न-उपसम्पादेतब्ब-वारं १६-२१)

न-उपसम्पादेतब्बेकवीसति-वारं निट्ठितं॥

६२. न-पब्बाजेतब्ब-द्वत्तिंसवारं

१२२. तेन खो पन समयेन भिक्खू हत्थच्छिन्नं पब्बाजेन्ति....पे०....पादच्छिन्नं पब्बाजेन्ति....पे०....हत्थपादच्छिन्नं पब्बाजेन्ति....पे०....कण्णच्छिन्नं पब्बाजेन्ति....पे०.... नासच्छिन्नं पब्बाजेन्ति.....पे०.....कण्णनासच्छिन्नं पब्बाजेन्ति....पे०....अङ्गुलिच्छिन्नं पब्बाजेन्ति ....पे०....अळच्छिन्नं पब्बाजेन्ति..... पे०.....कण्डरच्छिन्नं पब्बाजेन्ति.....

"भिक्षुओ! माँगे हुए पात्र के सहारे उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये.....।

उस समय कुछ भिक्षु माँगे हुए चीवर के सहारे से उपसम्पदा......।

"भिक्षुओ! माँगे हुए चीवर के सहारे से उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये.....।

उस समय कुछ भिक्षु माँगे हुए पात्र–चीवरों के सहारे से.....।"भिक्षुओ! माँगे हुए पात्र–चीवर के सहारे से उपसम्पदा नहीं.....।

(न उपसम्पादयितव्य वार १६–२१)

(न उपसम्पादयितव्य–एकवीसतिवार निष्ठित)

६२. न प्रवाजयितव्यद्वात्रिंशद्वार

१२२. (१) उस समय भिक्षु हाथ कटे हुए को भी प्रव्रज्या देते थे।.....

"भिक्षुओ! हाथ कटे हुए को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये।.....

(२) उस समय भिक्षु पैर कटे हुए को भी प्रव्रज्या देते थे......

"भिक्षुओ! पैर कटे हुए को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये।.....

(३) उस समय भिक्षु हाथ–पैर कटे हुए को भी प्रव्रज्या देते थे. ...

"भिक्षुओ! हाथ–पैर कटे हुए को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये.....।

(४) उस समय भिक्षु कान कटे हुए को भी प्रव्रज्या देते थे.....

"भिक्षुओ! कान कटे हुए को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये......।

(५) उस समय नाक कटे हुए को प्रव्रज्या दे देते थे......

"भिक्षुओ! नाक कटे हुए को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये....।

(६) उस समय भिक्षु कान–नाक कटे हुए को भी प्रव्रज्या दे दिया करते थे ....

"भिक्षुओ! कान–नाक कटे हुए प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये....।

(७) उस समय भिक्षु अङ्गुलि कटे हुए को भी प्रव्रज्या देतेथे

पे०....फणहत्थकं पब्बाजेन्ति....पे०....खुज्जं पब्बाजेन्ति....पे०....वामनं पब्बाजेन्ति....पे०.... गलगण्डिं पब्बाजेन्ति....पे०....लक्खणाहतं पब्बाजेन्ति....पे०....कसाहतं पब्बाजेन्ति....पे०.... लिखितकं पब्बाजेन्ति....पे०....सीपदिं पब्बाजेन्ति....पे०....पापरोगिं पब्बाजेन्ति....पे०.... परिसदूसकं पब्बाजेन्ति....पे०....काणं पब्बाजेन्ति....पे०....कुणिं पब्बाजेन्ति....पे०....खञ्जं पब्बाजेन्ति....पे०....पक्खहतं पब्बाजेन्ति...पे०...छिन्निरियापथं पब्बाजेन्ति....पे०....जरादुब्बलं

''भिक्षुओ! अङ्गुलि कटे हुए को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये.....।

(८) उस समय भिक्षु अङ्गुलियों के पोर कटे हुए को भी प्रवज्या देते थे.....

''भिक्षुओ! अङ्गुलियों के पोर कटे हुए को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये।.....

(९) उस समय भिक्षु अङ्गुलियों के नोक कटे हुए को प्रवज्या दे देते थे ....

''भिक्षुओ! अङ्गुलियों के नोक कटे हुए को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये....।

(१०) उस समय फण जैसे (अङ्गुलिरहित) हाथ वाले को भी प्रव्रज्या देते थे.....

''भिक्षुओ! फण जैसे हाथ वाले को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये....।

(११) उस समय भिक्षु कुब्ज (कुबड़े) पुरुष को प्रव्रज्या दे देते थे.....

''भिक्षुओ! कुब्ज को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये.....।

(१२) उस समय वामन (बौने) पुरुष को भी प्रव्रज्या दे देते थे....

''भिक्षुओ! वामन (बौने) पुरुष को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये.....।

(१३) उस समय गलगण्ड (घेंघा) रोग वाले को भी प्रव्रज्या दे देते थे......

''भिक्षुओ! गलगण्ड रोगी को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये.....।

(१४) उस समय भिक्षु तपे लोहे से दागे गये (लक्षणाहत) को भी प्रव्रज्या दे देते थे.....

''भिक्षुओ! तपे लौह से दागे गये (लक्षणाहत) को प्रव्रज्या नहीं.....।

(१५) उस समय भिक्षु कोड़ों से पीटे गये (कशाहत) को भी प्रव्रज्या दे देते थे.....

''भिक्षुओ! कशाहत को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये....।

(१६) उस समय भिक्षु नामी चौर (लिखितक) को भी प्रव्रज्या दे देते थे......

''भिक्षुओ! लिखितक को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये......।

(१७) उस समय भिक्षु श्लीपद (फील पाँव) रोगी को भी प्रव्रज्या दे देते थे. ....

''भिक्षुओ! श्लीपद रोगी को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये......।

(१८) उस समय भिक्षु पाप रोगी (असाध्य रोगी) को भी प्रव्रज्या दे देते थे....

''भिक्षुओ! पापरोगी को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये....।

(१९) उस समय भिक्षु परिषद्– दूषक (वितण्डावादी) को भी प्रव्रज्या दे देते थे.....

''भिक्षुओ! वितण्डावादी को प्रव्रज्या नहीं देना चाहिये.....।

(२०) उस समय एक आँख से काणे को भी भिक्षु प्रव्रज्या दे देते थे....

''भिक्षुओ! एक आँख से काणे को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये.....।

(२१) उस समय भिक्षु दोनों हाथो से लूले को प्रव्रज्या दे देते थे. ...

''भिक्षुओ! दोनों हाथों से लूले को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये.....।

(२२) उस समय भिक्षु लंगड़े को प्रव्रज्या दे देते थे......

''भिक्षुओ! लंगड़े को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये.....।

(२३) उस समय पक्षाघातरोगी को भी प्रव्रज्या दे देते थे...

''भिक्षुओ! पक्षाघाती को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये......।

पब्बाजेन्ति....पे०....अन्धं पब्बाजेन्ति....पे०....मूगं पब्बाजेन्ति....पे०....बधिरं पब्बाजेन्ति....पे०....अन्धमूगं पब्बाजेन्ति...पे०....अन्धबधिरं पब्बाजेन्ति....पे०....मूगबधिरं पब्बाजेन्ति....पे०....अन्धमूगबधिरं पब्बाजेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, हत्थच्छिन्नो पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे, पादच्छिन्नो पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे, हत्थपादच्छिन्नो पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे कण्णच्छिन्नो पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे, नासच्छिन्नो पब्बाजेतब्बो**...पे०....**न, भिक्खवे, कण्णनासच्छिन्नो पब्बाजेतब्बो**....पे०.... **न, भिक्खवे, अङ्गुलिच्छिन्नो पब्बाजेतब्बो** ....पे०.... [N.95] **न, भिक्खवे, अळच्छिन्नो पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे, कण्डरच्छिन्नो पब्बाजेतब्बो** ....पे०....**न, भिक्खवे, फणहत्थको पब्बाजेतब्बो**.....पे०....**न, भिक्खवे, खुज्जो पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे, वामनो पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे, गलगण्डी पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे, लक्खणाहतो पब्बाजेतब्बो** [B.127] ....पे०....**न, भिक्खवे, कसाहतो पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न भिक्खवे, लिखितको पब्बाजेतब्बो**.....पे०.... **न, भिक्खवे, सीपदी पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे, पापरोगी पब्बाजेतब्बो**...पे०.... **न, भिक्खवे, कुणी पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे, खञ्जो पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे, पक्खहतो पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे, छिन्निरियापथो पब्बाजेतब्बो** ....पे०....**न, भिक्खवे, मूगो पब्बाजेतब्बो** ....पे०....**न, भिक्खवे, बधिरो पब्बाजेतब्बो** ....पे०....**न, भिक्खवे, अन्धमूगो पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे, अन्धबधिरो पब्बाजेतब्बो**....पे०....**न, भिक्खवे,**

---

(२४) उस समय भिक्षु ईर्यापथरहित (गन्दी चालचलन वाले) को भी प्रव्रज्या दे देते थे.....

''भिक्षुओ! ईर्यापथरहित को प्रव्रज्या नहीं देना चाहिये......।

(२५) उस समय भिक्षु बुढापे से दुर्बल को भी प्रव्रज्या दे देते थे.....

''भिक्षुओ! बुढापे से दुर्बल को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये.....।

(२६) उस समय भिक्षु अन्धे को भी प्रव्रज्या दे देते थे.....

''भिक्षुओ! अन्धे को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये.....।

(२७) उस समय भिक्षु गूँगे पुरुष को भी प्रवज्या दे देते थे ....

''भिक्षुओ! गूँगे पुरुष को प्रव्रज्या नहीं देना चाहिये.....।

(२८) उस समय भिक्षु बहरे पुरुष को भी प्रव्रज्या दे देते थे.... .।

''भिक्षुओ! बहरे पुरुष को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये.....।

(२९) उस समय भिक्षु अन्धे–गूँगे पुरुष को भी प्रव्रज्या दे देते थे....

''भिक्षुओ! अन्धे–गूँगे पुरुष को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये....।

(३०) उस समय भिक्षु अन्धे और बहरे पुरुष को भी प्रव्रज्या देते थे....

''भिक्षुओ! अन्धे–बहरों को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये....।

(३१) उस समय भिक्षु गूँगे और बहरों को भी प्रव्रज्या दे देते थे

''भिक्षुओ! गूँगे और बहरो को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये.....।

(३२) उस समय भिक्षु अन्धे–गूँगे–बहरो को भी प्रव्रज्या दे देते थे

मूगबधिरो पब्बाजेतब्बो....पे०....**न, भिक्खवे, अन्धमूगबधिरो पब्बाजेतब्बो। यो पब्बाजेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

न पब्बाजेतब्ब-द्वत्तिसवारं निट्ठितं॥

दायज्जभाणवारो निट्ठितो नवमो॥

६३. अलज्जिनिस्सयवत्थूनि

१२३. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू अलज्जीनं निस्सयं देन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, अलज्जीनं निस्सयो दातब्बो। यो ददेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

तेन खो पन समयेन भिक्खू अलज्जीनं निस्साय वसन्ति। ते पि न चिरस्सेव अलज्जिनो होन्ति पापभिक्खू। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, अलज्जीनं निस्साय वत्थब्बं। यो वसेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि—"भगवता पञ्ञत्तं—'न अलज्जीनं निस्सयो दातब्बो, न अलज्जीनं निस्साय वत्थब्बं' ति। कथं नु खो मयं जानेय्याम लज्जिं वा अलज्जिं वा" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, चतूहपञ्चाहं आगमेतुं याव भिक्खुसभागतं जानामी** ति।

६४. गमिकादिनिस्सयवत्थूनि

[N.96, B.128, R.92] १२४. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो भिक्खु कोसलेसु जनपदे

"भिक्षुओ! अन्धे–गूँगे–बहरों को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये। जो प्रव्रज्या देगा उसे को 'दुष्कृत ' दोष लगेगा।"

नप्रव्राजयितव्यद्वित्रिंशद्वार निष्ठित।।

नवम दायाद्य भाणवार समाप्त।।

६३. अलज्जिनिःश्रयवस्तु

१२३. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु अलज्जियों (जान कर अपराध करने वाले, अपराध को छिपाने वाले, अगम्य मार्गों पर जाने वाले) को निःश्रय देते थे। भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने कहा–) **भिक्षुओ! अलज्जियों को निःश्रय नहीं देना चाहिये। जो दे उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा।**

उस समय भिक्षु लज्जाहीनों (अलज्जियों) का निःश्रय लेकर वास करते थे।....(भगवान् ने कहा–) **"भिक्षुओ! लज्जाहीनों का निःश्रय लेकर वास नहीं करना चाहिये। जो वास करेगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा।**

तब भिक्षुओं को यह विचार हुआ–"भगवान् का आदेश है कि अलज्जियों को निश्रय नहीं देना चाहिये। और यह भी कहा है–लज्जाहीनों का निःश्रय लेकर वास नहीं करना चाहिये।

परन्तु हम इन लज्जाशील तथा लज्जाहीनों को कैसे जानेंगे?" तब भिक्षुओ ने यही बात भगवान् से पूछी। (भगवान् ने कहा–) **"भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ चार पाँच दिन प्रतीक्षा करनी चाहिये, ताकि उनके स्वभाव का ज्ञान हो जाय।**

६४. गमिकादिनिःश्रयवस्तुएँ

१२४ उस समय कोई भिक्षु कोसल देश में रास्ते चला जा रहा था। उस समय उस भिक्षु

अद्धानमग्गपटिपन्नो होति। अथ खो तस्स भिक्खुनो एतदहोसि—"भगवता पञ्ञत्तं—'न अनिस्सितेन वत्थब्बं' ति। अहं चम्हि निस्सयकरणीयो अद्धानमग्गपटिपन्नो, कथं नु खो मया पटिपज्जितब्बं" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**अनुजानामि, भिक्खवे, अद्धानमग्गपटिपन्नेन भिक्खुना निस्सयं अलभमानेन अनिस्सितेन वत्थुं**" ति। (१)

तेन खो पन समयेन द्वे भिक्खू कोसलेसु जनपदे अद्धानमग्गपटिपन्ना होन्ति। ते अञ्ञतरं आवासं उपगच्छिंसु। तत्थ एको भिक्खु गिलानो होति। अथ खो तस्स गिलानस्स भिक्खुनो एतदहोसि—"भगवता पञ्ञत्तं—'न अनिस्सितेन वत्थब्बं' ति। अहं चम्हि निस्सयकरणीयो गिलानो, कथं नु खो मया पटिपज्जितब्बं" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**अनुजानामि, भिक्खवे, गिलानेन भिक्खुना निस्सयं अलभमानेन अनिस्सितेन वत्थुं**" ति। (२)

अथ खो तस्स गिलानुपट्ठाकस्स भिक्खुनो एतदहोसि—"भगवता पञ्ञत्तं—'न अनिस्सितेन वत्थब्बं' ति। अहं चम्हि निस्सयकरणीयो, अयं च भिक्खु गिलानो, कथं नु खो मया पटिपज्जितब्बं" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**अनुजानामि, भिक्खवे, गिलानुपट्ठाकेन भिक्खुना निस्सयं अलभमानेन याचियमानेन अनिस्सितेन वत्थुं**" ति। (३)

तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो भिक्खु अरञ्ञे विहरति। तस्स च तस्मिं सेनासने फासु होति। अथ खो तस्स भिक्खुनो एतदहोसि—"भगवता पञ्ञत्तं—'न अनिस्सितेन वत्थब्बं' ति। अहं चम्हि निस्सयकरणीयो अरञ्ञे विहरामि, मय्हं च इमस्मिं सेनासने फासु

के मन में यह हुआ—"भगवान् का आदेश है कि किसी को निःश्रय लिये विना वास नहीं करना चाहिये; जबकि मैं अभी मार्ग में चल रहा हूँ, निःश्रययोग्य होते हुए भी किससे निःश्रय लूँ? अब मुझे क्या करना चाहिये?" भगवान् ने इस विषय में निवेदन किया गया। (भगवान् ने कहा—) "**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ—रास्ते में चलते (यात्रा करते) समय, भिक्षु को निःश्रय न पाने पर निःश्रय के विना ही वास करने की।** (१)

उस समय दो भिक्षु कोसल देश में रास्ते पर चल रहे थे। वे (यात्रा के बीच में ही) एक आवास पर गये। वहाँ एक भिक्षु किसी रोग से पीड़ित हो गया। तब उस रोगी के भिक्षु के मन में यह विचार उठा—"भगवान् का आदेश है कि निःश्रय के विना वास नहीं करना चाहिये। और मुझे निःश्रय चाहिये, परन्तु मैं रोगाक्रान्त हूँ। अब मुझे क्या करना चाहिये?" भिक्षुओं ने भगवान् के सम्मुख यह प्रश्न रखा। (भगवान् ने कहा—) "**भिक्षुओ! रास्ते में जाते हुए रोगी भिक्षुको, निःश्रय न पाने पर निःश्रय पाये विना भी आवास में रहने की अनुमति देता हूँ।**" (२)

तब उस रोगी के उपस्थापक (परिचारक) भिक्षु को विचार हुआ—"भगवान् का आदेश है—'अनिःशृत को वास नहीं करना चाहिये।' और मैं निःश्रय करना चाहता हूँ तथा यह भिक्षु रोगी है, यहाँ मुझे अब क्या करना चाहिये?" समय आने पर भगवान् के सामने यह समस्या रखी गयी। (भगवान् ने कहा—) "**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ रोगी के परिचारक भिक्षु को, इच्छा रखते हुए भी निःश्रय न पाने पर, निःश्रय के विना ही रहने की।**" (३)

उस समय एक भिक्षु जङ्गल में रहता था। यद्यपि वहाँ रहना उसको अनुकूल पड़ रहा था। तब उस भिक्षु के मन में यह विचार आया—"भगवान् का आदेश है—"अनिःशृत को वास नहीं करना

होति, कथं नु खो मया पटिपज्जितब्बं'' ति ? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। ''**अनुजानामि, भिक्खवे, आरञ्ञिकेन भिक्खुना फासुविहारं सल्लक्खेन्तेन निस्सयं अलभमानेन अनिस्सितेन वत्थुं— यदा पटिरूपो निस्सयदायको आगच्छिस्सति, तदा तस्स निस्साय वसिस्सामी**'' ति। (४)

६५. गोत्तेन अनुस्सावनानुजानना

[B.129] १२५. तेन खो पन समयेन आयस्मतो महाकस्सपस्स उपसम्पदापेक्खो होति। अथ खो आयस्मा महाकस्सपो आयस्मतो आनन्दस्स सन्तिके दूतं पाहेसि—''आगच्छतु आनन्दो इमं अनुस्सावेस्सतू'' ति। आयस्मा आनन्दो एवमाह—''नाहं उस्सहामि थेरस्स [R.93] नामं गहेतुं, गरु मे थेरो'' ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। ''**अनुजानामि, भिक्खवे, गोत्तेन पि अनुस्सावेतुं**'' ति।

६६. द्वेउपसम्पदापेक्खादिवत्थु

१२६. तेन खो पन समयेन आयस्मतो महाकस्सपस्स द्वे उपसम्पदापेक्खा होन्ति। [N.97] ते विवदन्ति—''अहं पठमं उपसम्पज्जिस्सामि, अहं पठमं उपसम्पज्जिस्सामी'' ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। ''**अनुजानामि, भिक्खवे, द्वे एकानुस्सावने कातुं**'' ति। (१)

तेन खो पन समयेन सम्बहुलानं थेरानं उपसम्पदापेक्खा होन्ति। ते विवदन्ति— ''अहं पठमं उपसम्पज्जिस्सामि, अहं पठमं उपसम्पज्जिस्सामी'' ति। थेरा एवं आहंसु—

चाहिये।' मुझे निश्रय चाहिये और यद्यपि यह स्थान मुझे अनुकूल है परन्तु यह साथ का भिक्षु रोगी है। मुझे ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिये?'' भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने कहा–) **भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ आरण्यक (जङ्गल में रहने वाले) भिक्षु को जङ्गल में रहना अनुकूल होने पर, निःश्रय न पाने पर अनिःशृत रूप में ही रहने की।''** (४)

६५. स्थविर भिक्षु को गोत्रनाम से आह्वान की अनुमति

१२५. उस समय आयुष्मान् महाकाश्यप को किसी को उपसम्पदा दिलवानी थी। अतः उन्होंने आयुष्मान् आनन्द के पास दूत भेजा–''आनन्द आवें और इस उपसम्पदापेक्षी का अनुश्रावण (सङ्घ के सम्मुख उसपसम्पदापेक्षी, उपाध्याय तथा आचार्य का नाम उच्च स्वर से लेना) करें।'' यह सुनकर आयुष्मान् आनन्द ने कहा–''आयुष्मान् महाकाश्यप मुझ से ज्येष्ठ हैं, अतः परिषद् (सङ्घ) में उनका विना विशेषण के नाम लेने का मुझमें साहस नहीं है।'' भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् न कहा–) ''**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ– (ज्येष्ठ भिक्षु को) गोत्र–नाम से आह्वान करने की।**''

६६. अनेकउपसम्पदापेक्षवस्तु

१२६. उस समय आयुष्मान् महाकाश्यप के पास एक साथ दो उपसम्पदा चाहने वाले आ गये। पहले किसका उपसम्पदा दिलायी जाय–इस पर वे दोनों विवाद करने लगे। भगवान् को यह बात बतायी गयी। (भगवान् ने कहा–)

''**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ एक साथ दो के अनुश्रावण की।**'' (१)

उस समय बहुत से स्थविर भिक्षुओं के पास एक साथ ही बहुत से उपसम्पदापेक्षी आ गये। वे ''मैं पहले उपसम्पदा लूँगा, मैं पहले उपसम्पदा लूँगा'–इस तरह विवाद करने लगे।'' भगवान् के सम्मुख यह विवाद रखा गया। (भगवान् ने कहा–)

"हन्द, मयं, आवुसो, सब्बेव एकानुस्सावने करोमा" ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **"अनुजानामि, भिक्खवे, द्वे तयो एकानुस्सावने कातुं, तं च खो एकेन उपज्झायेन, न त्वेव नानुपज्झायेना"** ति। (२)

६७. गब्भवीसूपसम्पदानुजानना

१२७. तेन खो पन समयेन आयस्मा कुमारकस्सपो गब्भवीसो उपसम्पन्नो अहोसि। अथ खो आयस्मतो कुमारकस्सपस्स एतदहोसि—"भगवता पञ्ञत्तं—'न ऊनवीसतिवस्सो पुग्गलो उपसम्पादेतब्बो' ति। अहं चम्हि गब्भवीसो उपसम्पन्नो। उपसम्पन्नो नु खोम्हि, न नु खो उपसम्पन्नो" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **"यं, भिक्खवे, मातुकुच्छिस्मिं पठमं चित्तं उप्पन्नं, पठमं विञ्ञाणं पातुभूतं, तदुपादाय सा वस्स जाति। अनुजानामि, भिक्खवे, गब्भवीसं उपसम्पादेतुं"** ति।

६८. उपसम्पदाविधि

१२८. तेन खो पन समयेन उपसम्पन्ना दिस्सन्ति कुट्ठिका, पि, गण्डिका [B.130] पि, किलासिका पि, सोसिका पि, अपमारिका पि। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, उपसम्पादेन्तेन तेरस[1] अन्तरायिके धम्मे पुच्छितुं।** एवं च पन, भिक्खवे, पुच्छितब्बो—

"सन्ति ते एवरूपा आबाधा—कुट्ठं, गण्डो, किलासो, सोसो, अपमारो? मनुस्सोसि? पुरिसोसि? भुजिस्सोसि? अनणोसि? नसि राजभटो? अनुञ्ञातोसि मातापितूहि?

"अनुमति देता हूँ, भिक्षुओ! एक ही अनुश्रावण में दो या तीन उपसम्पदापेक्षियों के अनुश्रावण की; यदि उन दोनों या तीनों का एक ही उपाध्याय हो, अनेक न हों।"

६७. गर्भ में बीस वर्ष वाले को उपसम्पदा की अनुज्ञा

१२७. उस समय आयुष्मान् कुमारकाश्यप गर्भ में आने से बीस वर्ष गिनकर ही उपसम्पन्न हो गये। तब आयुष्मान् कुमारकाश्यप को यह विचार हुआ—"भगवान् का आदेश है—बीस वर्ष से कम आयु वाले को उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। जबकि मेरी उपसम्पदा गर्भ से बीस वर्ष गिनकर हुई है। अतः मेरी यह उपसम्पदा वैध (भगवान् की प्रज्ञप्ति के अनुसार) है, या नहीं?" भगवान् से यह बात पूछी गयी।.....

"भिक्षुओ! जब माता की कोंख में सर्वप्रथम चित्त तथा विज्ञान उत्पन्न हुआ तभी से जन्म माना जाता है। अतः, भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ गर्भ से बीस वर्ष वाले को उपसम्पदा देने की।"

६८. उपसम्पदाविधि

१२८. उस समय (सङ्घ) में कई (गलित) कुष्ठ के रोगी भी उपसम्पन्न दिखायी देते थे, कई गण्डमाल के रोगी भी, कई किलास (श्वेत कुष्ठ) के रोगी और कई शोष (क्षय) के रोगी भी तथा कई अपस्मार रोगी भी। भगवान् के सामने यह समस्या रखी गयी। (भगवान् ने उत्तर दिया—) **"भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ उपसम्पदा चाहने वाले से ये तेरह आन्तरायिक (विघ्नकारक) बातें पूछने की।**

भिक्षुओ! उस उपसम्पदापेक्षी से यों पूछना चाहिये—क्या तुम्हें ऐसा कोई रोग है, जैसे— (१) गलित कुष्ठ, (२) गण्डमाल, (३) किलास (त्वचा पर स्थान–स्थान पर सफेद चिह्न), (४) शोष (क्षय

---

१. तस्स—रो. पोत्थके पाठो।

परिपुण्णवीसतिवस्सोसि ? परिपुण्णं ते पत्तचीवरं ? किन्नामोसि ? कोनामो ते उपज्झायो''ति ?

तेन खो पन समयेन भिक्खू अननुसिट्ठे उपसम्पदापेक्खे अन्तरायिके धम्मे पुच्छन्ति। उपसम्पदापेक्खा वित्थायन्ति, मङ्कू होन्ति, न सक्कोन्ति विस्सज्जेतुं। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। [R.94] **अनुजानामि, भिक्खवे, पठमं अनुसासित्वा पच्छा अन्तरायिके धम्मे पुच्छितुं** ति।

तत्थेव सङ्घमज्झे अनुसासन्ति। उपसम्पदापेक्खा तथेव वित्थायन्ति, मङ्कू होन्ति, न सक्कोन्ति विस्सज्जेतुं। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, एकमन्तं अनुसासित्वा सङ्घमज्झे अन्तरायिके धम्मे पुच्छितुं।**

एवं च पन, भिक्खवे, अनुसासितब्बो—

१२९. पठमं उपज्झं गाहापेतब्बो। उपज्झं गाहापेत्वा पत्तचीवरं आचिक्खितब्बं— [N.98] 'अयं ते पत्तो, अयं सङ्घाटि, अयं उत्तरासङ्गो, अयं अन्तरवासको। गच्छ, अमुम्हि ओकासे तिट्ठाही' ति।

बाला अब्यत्ता अनुसासन्ति। दुरनुसिट्ठा उपसम्पदापेक्खा वित्थायन्ति, मङ्कू होन्ति, न सक्कोन्ति विस्सज्जेतुं। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, बालेन अब्यत्तेन अनुसासितब्बो। यो अनुसासेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति। **अनुजानामि, भिक्खवे, ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन अनुसासितुं** ति।

रोग) तथा (५) अपस्मार (मृगी)? (६) तूँ मनुष्य है (नाग आदि तो नहीं)? (७) तूँ पुरुष है? (८) तूँ स्वतन्त्र (भुजिष्य) है (दास तो नहीं)?, (९) तुझ पर किसी का ऋण तो नहीं? (१०) तू राजा का भट (सैनिक) तो नहीं है?, (११) तेरे माता–पिता ने तुझको प्रव्रजित होने की आज्ञा दे दी है? (१२) तूँ पूरे बीस वर्ष का है? (१३) तेरे पास पात्र चीवर हैं, तेरा क्या नाम है और तेरे उपाध्याय का क्या नाम है?

उस समय भिक्षु लोग अनुशासन किये विना ही उपसम्पदापेक्षको से ये आन्तरायिक बातें पूछने लगे। तब उपसम्पदापेक्षक या तो चुप हो जाते थे, या मूक रह जाते थे या फिर इनका उत्तर नहीं देना चाहते थे। भगवान् से इस विषय में निवेदन किया। (भगवान् ने उत्तर दिया–)

''भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ पहले अनुशासन (शिक्षा) देकर पीछे इन आन्तरायिक (उपसम्पदा में बाधक) बातों को पूछने की।''

भिक्षु उपसम्पदापेक्षकों को सङ्घ के बीच में ही अनुशासन (शिक्षा) करने लगे। वे उपसम्पदा चाहने वाले फिर उसी तरह चुप रह जाते थे। .....उत्तर नहीं दे पाते थे।...... **भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ, उपसम्पदापेक्षक को एक तरफ ले जाकर इन आन्तरायिक बातों को बताने की। तब फिर सङ्घ के बीच में पूछने की।**

भिक्षुओ! शिक्षा (अनुशासन) देने का क्रम यह है–

१२९. पहले उपाध्याय ग्रहण कराना चाहिये। उपाध्याय का ग्रहण कराकर पात्र–चीवर के विषय में बताना चाहिये कि यह तेरा पात्र है, यह सङ्घाटी है, यह उत्तरासङ्ग है, यह अन्तरवासक है। जा, उस स्थान पर जाकर खड़ा हो।

उस समय बाल (मूर्ख) एवं अव्यक्त (अकुशल) भिक्षु भी अनुशासन करने लगे थे। (परिणाम

असम्मता अनुसासन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, असम्मतेन अनुसासितब्बो। यो अनुसासेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति। **अनुजानामि,** [B.131] **भिक्खवे, सम्मतेन अनुसासितुं।**

एवं च पन, भिक्खवे, सम्मन्नितब्बो—अत्तना व अत्तानं सम्मन्नितब्बं, परेन वा परो सम्मन्नितब्बो।

कथं च अत्तना व अत्तानं सम्मन्नितब्बो? ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। इत्थन्नामो इत्थन्नामस्स आयस्मतो उपसम्पदापेक्खो। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, इत्थन्नामो इत्थन्नामं अनुसासेय्या" ति। एवं अत्तना व अत्तानं सम्मन्नितब्बं।

कथं च पन परेन परो सम्मन्नितब्बो? ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। इत्थन्नामो इत्थन्नामस्स आयस्मतो उपसम्पदापेक्खो। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, अहं इत्थन्नामं अनुसासेय्या" ति। एवं परेन परो सम्मन्नितब्बो।

तेन सम्मतेन भिक्खुना उपसम्पदापेक्खो उपसङ्कमित्वा एवमस्स वचनीयो—"सुणसि, इत्थन्नाम, अयं ते सच्चकालो भूतकालो। यं जातं तं सङ्घमज्झे पुच्छन्ते सन्तं अत्थीति वत्तब्बं, असन्तं नत्थीति वत्तब्बं। मा खो वित्थासि, मा खो मङ्कु अहोसि। एवं तं पुच्छिस्सन्ति—

यह हुआ कि) ठीक से अनुशासन न होने के कारण उपसम्पदापेक्षी (पूछने पर) या तो चुप रह जाते या मूक बन जाते थे। भगवान् को यह स्थिति बतायी गयी।....

"भिक्षुओ! मूर्ख एवं अकुशल भिक्षु अनुशासन न करें। जो अनुशासन करेंगे उनको दुष्कृत दोष होगा। अतः **भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ चतुर एवं कुशल भिक्षुओं द्वारा अनुशासन करने की।**

उस समय कुछ भिक्षु सम्मति के विना ही अनुशासन करने लगे। भगवान् के सामने यह बात रखी गयी।...

"भि॰ • ' **सम्मति के विना कोई भिक्षु अनुशासन न करे। जो करेगा उसे दुष्कृत दोष लगेगा। अतः भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ सम्मति प्राप्त भिक्षु को ही अनुशासन करने की।**

"भिक्षुओ! यह सम्मति दो प्रकार से प्राप्त की जा सकती है; (१) अपने लिये या फिर (२) दूसरे के लिये। अपने लिये सम्मति प्राप्त करने की यह विधि है—चतुर व समर्थ भिक्षु सङ्घ को यों सूचित करे—

'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने—यह अमुक नाम वाला, अमुक नाम वाले आयुष्मान् से उपसम्पदापेक्षी है। यदि सङ्घ उचित समझे तो मैं इस नाम वाला भिक्षु इस नाम वाले पुरुष का अनुशासन करूँ।'

कैसे दूसरे के लिये सम्मति लेनी चाहिये? चतुर और समर्थ भिक्षु सङ्घ को यों सूचित करे—

ज्ञप्ति— 'भन्ते! सङ्घ मेरी बात सुने। यह इस नाम वाला पुरुष इस नाम वाले आयुष्मान् का उपसम्पदापेक्षी (शिष्य) है। यदि सङ्घ उचित समझे तो इस नाम वाला भिक्षु इस नाम वाले पुरुष को उपसम्पदा का अनुशासन करे।'—इस प्रकार दूसरे के लिये सम्मति लेनी चाहिये।

तब उस सम्ममति प्राप्त भिक्षु उपसम्पदापेक्षी के पास जाकर यों कहना चाहिये—

अनुशासन— 'भो अमुक नाम वाले! सुनते हो! यह सत्य बोलने का समय है। जैसा हुआ हो वैसा ही कह देने का समय है। जो हुआ—उसे सङ्घ के बीच में, तुमसे पूछे जाते समय, तुम्हे बताना

"सन्ति ते एवरूपा आबाधा—कुट्ठं, गण्डो, किलासो, सोसो, अपमारो ? मनुस्सोसि ? पुरिसोसि ? भुजिस्सोसि ? अनणोसि ? नसि राजभटो ? अनुञ्ञातोसि मातापितूहि ? परिपुण्णवीसतिवस्सोसि ? परिपुण्णं ते पत्तचीवरं ? किन्नामोसि ? कोनामो ते उपज्झायो" ति ?

एकतो आगच्छन्ति। न, भिक्खवे, एकतो आगन्तब्बं। अनुसासकेन पठमतरं आगन्त्वा सङ्घो ञापेतब्बो—'सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। इत्थन्नामो इत्थन्नामस्स आयस्मतो उपसम्पदापेक्खो। अनुसिट्ठो सो मया। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, इत्थन्नामो आगच्छेय्या' ति। 'आगच्छाही' [B.95] ति वत्तब्बो।

एकंसं उत्तरासङ्गं कारापेत्वा भिक्खूनं पादे वन्दापेत्वा उक्कुटिकं निसीदापेत्वा अञ्जलिं पग्गण्हापेत्वा उपसम्पदं याचापेतब्बो—"सङ्घं, भन्ते, उपसम्पदं याचामि। उल्लुम्पतु मं, भन्ते, सङ्घो अनुकम्पं उपादाय। दुतियं पि, भन्ते, सङ्घं उपसम्पदं याचामि। उल्लुम्पतु मं, भन्ते, सङ्घो अनुकम्पं उपादाय। ततियं पि, भन्ते, सङ्घं उपसम्पदं याचामि। उल्लुम्पतु मं, [N.99, B.132] भन्ते, सङ्घो अनुकम्पं उपादाया" ति। ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—

"सुणातु मे,भन्ते, सङ्घो। अयं इत्थन्नामो इत्थन्नामस्स आयस्मतो उपसम्पदापेक्खो। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, अहं इत्थन्नामं अन्तरायिके धम्मे पुच्छेय्यं" ति ? सुणसि, इत्थन्नाम, अयं ते सच्चकालो भूतकालो। यं जातं तं पुच्छामि। सन्तं अत्थीति वत्तब्बं, असन्तं नत्थी ति

चाहिये। यदि हुआ हो तो 'हाँ' कहना। यदि न हुआ हो तो 'ना' कहना। झूठ नहीं बोलना, न चुप ही रहना। वे तुम से यह पूछेंगे—तुम्हें ऐसा कोई रोग तो नहीं है; जैसे— कुष्ठ, गलगण्ड, किलास, शोष या अपस्मार? तुम मनुष्य तो हो? तुम पुरुष हो (हिंजड़े तो नहीं)? तुम स्वतन्त्र हो (दास तो नहीं)? तुम ऋणमुक्त तो हो? तुम राजसेवक तो नहीं रहे हो? माता–पिता ने तुमक को प्रव्रजित होने की अनुज्ञा दे दी है? तुम बीस वर्ष के हो चुके हो? तुम्हारे पास पूरे पात्र–चीवर हैं? तुम्हारा क्या नाम है? तथा तुम्हारे उपाध्याय का क्या नाम है?'

उस समय उपसम्पदापेक्षी एवं उपाध्याय—दोनों एक साथ आते थे। (भगवान् ने कहा—) "भिक्षुओ! दोनों को एक साथ नहीं आना चाहिये। (अपितु) अनुशासक पहले आकर सङ्घ को सूचित करे—'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। यह इस नाम का पुरुष इस नाम वाले आयुष्मान् से उपसम्पदा चाहता है। मैंने उसको अनुशासन किया है। यदि सङ्घ चार बातों से उचित समझे तो इस नाम वाला (उपसम्पदापेक्षी) पुरुष सङ्घ के बीच आवे।'

तब सङ्घ को 'आओ' कहना चाहिये। फिर एक कन्धे पर उत्तरासङ्ग कराकर, भिक्षुओं के चरण–वन्दन कराकर, उकड़ूँ बैठा कर, हाथ जुड़वाकर, उससे यों उपसम्पदा मँगवानी चाहिये— "भन्ते! सङ्घ से मैं उपसम्पदा (दीक्षा) चाहता हूँ। पूज्य सङ्घ कृपा करके मेरा उद्धार करें।' दूसरी बार भी.. तीसरी बार भी याचना करवानी चाहिये—'पूज्य सङ्घ से मैं उपसम्पदा चाहता हूँ। पूज्य सङ्घ कृपा कर मेरा उद्धार करे।'

फिर चतुर एवं समर्थ भिक्षु सङ्घ को ज्ञापित करे—'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने—यह इस नाम वाला पुरुष इस नाम वाले आयुष्मान् का उपसम्पदा चाहनेवाला (शिष्य) है। यदि सङ्घ चार बातों से उचित समझे तो इस नामवाले इस प्रत्याशी से तेरह आन्तरायिक बातो के विषय में प्रश्न करूँ?

वत्तब्बं। सन्ति ते एवरूपा आबाधा—'कुट्ठं, गण्डो,....पे०...कोनामो ते उपज्झायो ति? ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—

१३०. "सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। अयं इत्थन्नामो इत्थन्नामस्स आयस्मतो उपसम्पदा-पेक्खो, परिसुद्धो, अन्तरायिकेहि धम्मेहि, परिपुण्ण स्स पत्तचीवरं। इत्थन्नामो सङ्घं उपसम्पदं याचति इत्थन्नामेन उपज्झायेन। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो इत्थन्नामं उपसम्पादेय्य इत्थन्नामेन उपज्झायेन। एसा ञत्ति।

'सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। अयं इत्थन्नामो इत्थन्नामस्स आयस्मतो उपसम्पदापेक्खो, परिसुद्धो अन्तरायिकेहि धम्मेहि, परिपुण्णस्स पत्तचीवरं। इत्थन्नामो सङ्घं उपसम्पदं याचति इत्थन्नामेन उपज्झायेन। सङ्घो इत्थन्नामं उपसम्पादेति इत्थन्नामेन उपज्झायेन। यस्सायस्मतो खमति इत्थन्नामस्स उपसम्पदा इत्थन्नामेन उपज्झायेन, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य।

"दुतियं पि एतमत्थं वदामि—सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। अयं इत्थन्नामो इत्थन्नामस्स आयस्मतो उपसम्पदापेक्खो, परिसुद्धो अन्तरायिकेहि धम्मेहि, परिपुण्णस्स पत्तचीवरं। इत्थन्नामो सङ्घं उपसम्पदं याचति इत्थन्नामेन उपज्झायेन। सङ्घो इत्थन्नामं उपसम्पादेति इत्थन्नामेन उपज्झायेन। यस्सायस्मतो खमति इत्थन्नामस्स उपसम्पदा इत्थन्नामेन उपज्झायेन, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य।

"ततियं पि एतमत्थं वदामि—सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। अयं इत्थन्नामो [B.133] इत्थन्नामस्स आयस्मतो उपसम्पदापेक्खो, परिसुद्धो अन्तरायिकेहि धम्मेहि, परिपुण्णस्स पत्तचीवरं। इत्थन्नामो सङ्घं उपसम्पदं याचति इत्थन्नामेन उपज्झायेन। सङ्घो इत्थन्नामं उपसम्पादेति इत्थन्नामेन उपज्झायेन। यस्सायस्मतो खमति इत्थन्नामस्स उपसम्पदा इत्थन्नामेन उपज्झायेन, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य।

सुनते हो अमुक नाम वाले!....पूर्ववत्....तुम्हारे उपाध्याय का क्या नाम है?

फिर समर्थ एवं चतुर भिक्षु सङ्घ को सूचित करे—

१३०. (ज्ञप्ति—) 'भन्ते! सङ्घ मेरी बात सुने। यह इस नाम वाला पुरुष इस नाम आयुष्मान् का उपसम्पदापेक्षी तेरह विघ्नकारक बातों से परिशुद्ध है। इसके पात्र–चीवर परिपूर्ण हैं। यह इस नाम वाला इस नाम वाले को उपाध्याय बनाकर सङ्घ से उपसम्पदा चाहता है। यदि सङ्घ चार बातों से उचित समझे तो इस नाम वाले पुरुष को इस नाम वाले आयुष्मान् के उपाध्यायत्व मे उपसम्पदा दे'—यह सूचना है।

(अनुश्रावण—) 'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। यह इस नामवाला पुरुष इस नाम वाले आयुष्मान् का उपसम्पदापेक्षी शिष्य तेरह आन्तरायिक बातों से परिशुद्ध है। इसके पात्र–चीवर पूर्ण है। इस नाम वाला पुरुष इस नामवाले आयुष्मान् द्वारा सङ्घ से उपसम्पदा चाहता है। सङ्घ इस नाम वाले को इस नाम के उपाध्याय द्वारा उपसम्पन्न करता है। जिस आयुष्मान् को इस नाम वाले पुरुष की इस नाम के उपाध्याय द्वारा उपसम्पदा स्वीकार हो वह चुप रहे तथा जिसे स्वीकार न हो वह बोले।'

'दूसरी बार भी यह कहता हूँ—....पूर्ववत्....वह बोले।'

तीसरी बार भी कहता हूँ—. ...पूर्ववत्.....वह बोले।'

''उपसम्पन्नो सङ्घेन इत्थन्नामो इत्थन्नामेन उपज्झायेन। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धारयामी'' ति॥

उपसम्पदाकम्मं निट्ठितं॥

६९. चत्तारो निस्सया

[N.100] १३१. तावदेव छाया मेतब्बा, उतुपमाणं आचिक्खितब्बं, दिवसभागो आचि-
[R.96] क्खितब्बो, सङ्गीति आचिक्खितब्बा, चत्तारो निस्सया आचिक्खितब्बा—

(१) ''पिण्डियालोपभोजनं निस्साय पब्बज्जा। तत्थ ते यावजीवं उस्साहो करणीयो। अतिरेकलाभो—सङ्घभत्तं, उद्देसभत्तं, निमन्तनं, सलाकभत्तं, पक्खिकं, उपोसथिकं, पाटिपदिकं।

(२) ''पंसुकूलचीवरं निस्साय पब्बज्जा। तत्थ ते यावजीवं उस्साहो करणीयो। अतिरेकलाभो—खोमं, कप्पासिकं, कोसेय्यं, कम्बलं, साणं, भङ्गं।

(३) ''रुक्खमूलसेनासनं निस्साय पब्बज्जा। तत्थ ते यावजीवं करणीयो। अतिरेकलाभो—विहारो, अड्ढयोगो, पासादो, हम्मियं, गुहा।

(४) ''पूतिमुत्तभेसज्जं निस्साय मब्बज्जा। तत्थ ते यावजीवं उस्साहो करणीयो। अतिरेकलाभो—सप्पि, नवनीतं, तेलं, मधु, फाणितं'' ति।

चत्तारो निस्सया निट्ठिता॥

(धारणा—) सङ्घ ने इस नाम वाले पुरुष को इस नाम के उपाध्याय द्वारा उपसम्पदा दे दी—यह सङ्घ को स्वीकार है, अतएव चुप है—ऐसी मेरी धारणा है।।

उपसम्पदाकर्मवर्णन समाप्त।।

६९. चार निःश्रय

उपसम्पन्न के लिये आवश्यक ज्ञातव्य बातें— १३१. (उपसम्पन्न को समय जानने के लिये) (१) छाया नापना बताना चाहिये; (२) ऋतुओ का प्रमाण बताना चाहिये; (३) दिन का भाग बताना चाहिये; (४) इन सब (चारों) को मिला कर—जिसे 'सङ्गीति' कहते हैं—भी गताना चाहिये। (५) चारों निःश्रय बताने चाहिये। चार निःश्रय ये हैं—

(१) यह प्रव्रज्या भिक्षा में मिले भोजन के सहारे से ही चलेगी। इसके लिये तुम्हे जीवनपर्यन्त उत्साहित रहना चाहिये। हो सकता है तुम्हें ये अतिरिक्त लाभ भी मिलते रहें— १. सङ्घ–भोज, २ कहीं तुम्हारे उद्देश्य से बना भोजन, ३. निमन्त्रण, ४. शलाका–भोजन, ५. पाक्षिक भोजन, ६. उपोसथ के दिन का भोजन, ७. प्रतिपद् का भोजन।

(२) रास्ते में पडे फटे–पुराने चिथड़ों से बनाये गये चीवर के निःश्रय से तुम्हारी यह प्रव्रज्या है। यहाँ तुम्हें....। हाँ, तुम्हें यह अतिरिक्त लाभ भी मिल सकता है— क्षौम, कपास, कौषेय, कम्बल, सण तथा इन सबके मिश्रण (भङ्ग) से बने हुए वस्त्र।

(३) वृक्षमूल के नीचे शयनासन के निःश्रय से ही तुम्हारी यह प्रव्रज्या है। इसके पालन में तुम्हें जीवनभर उत्साहित रहना चाहिये। यह दूसरी बात है कि तुम्हें इस शयनासन के लिये यह अतिरिक्त लाभ भी मिलता रहे; जैसे— विहार, बरामदे वाले मकान, हवेली, प्रासाद या पर्वत की गुफाएँ।

७०. चत्तारि अकरणीयानि

१३२. तेन खो पन समयेन भिक्खू अञ्ञतरं भिक्खुं उपसम्पादेत्वा एककं [B.134] ओहाय पक्कमिंसु। सो पच्छा एकको व आगच्छन्तो अन्तरामग्गे पुराणदुतियिकाय समागच्छि। सा एवं आह—"किं दानि पब्बजितोसी" ति? "आम, पब्बजितोम्ही" ति। "दुल्लभो खो पब्बजितानं मेथुनो धम्मो; एहि, मेथुनं धम्मं पटिसेवा" ति। सो तस्सा मेथुनं धम्मं पटिसेवित्वा चिरेन अगमासि। भिक्खू एवं आहंसु—"किस्स त्वं, आवुसो, एवं चिरं अकासी" ति? अथ खो सो भिक्खु भिक्खूनं एतमत्थं आरोचेसि। भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, उपसम्पादेत्वा दुतियं दातुं, चत्तारि च अकरणीयानि आचिक्खितुं—**

"उपसम्पन्नेन भिक्खुना मेथुनो धम्मो न पटिसेवितब्बो, अन्तमसो तिरच्छानगताय पि। यो भिक्खु मेथुनं धम्मं पटिसेवति, अस्समणो होति असक्यपुत्तियो। सेय्यथापि नाम पुरिसो सीसच्छिन्नो अभब्बो तेन सरीरबन्धेन जीवितुं, एवमेव भिक्खु मेथुनं धम्मं पटिसेवित्वा अस्समणो होति असक्यपुत्तियो। तं ते यावजीवं अकरणीयं। (१)

"उपसम्पन्नेन भिक्खुना अदिन्नं थेय्यसङ्खातं न आदातब्बं, अन्तमसो तिणसलाकं उपादाय। यो भिक्खु पादं वा पादारहं वा अतिरेकपादं वा अदिन्नं थेय्यसङ्खातं आदियति, अस्समणो होति असक्यपुत्तियो। सेय्यथापि नाम पण्डुपलासो बन्धना पमुत्तो अभब्बो हरितत्ताय,

---

(४) गोमूत्र की ओषधि के सहारे से तुम्हें यह प्रव्रज्या निभानी है। जीवन भर इस नियम के पालन में तुम्हें उत्साहित रहना है। हाँ, कभी-कभी तुम्हें इस विषय में अतिरिक्त लाभ भी मिल सकता है; जैसे—१. घी, २. मक्खन, ३. तैल, ४. मधु एवं ५. शर्करा (चीनी)।

चार निःश्रय समाप्त॥

७०. चार अकर्तव्य

१३२. उस समय कुछ भिक्षु किसी को उपसम्पदा देकर उसे एकाकी (अकेला) छोड़कर (अन्यत्र) चले गये। बाद में वह अकेला ही जब रास्ते जा रहा था, वहाँ उसे उसकी पुरानी स्त्री मिली। उसने पूछा— "क्या प्रव्रजित हो गये हो?" "हाँ, प्रव्रजित हो गया हूँ।" "प्रव्रजितों के लिये स्त्री-समागम बहुत दुर्लभ है, आओ, (एक बार तो) मैथुन धर्म का सेवन कर लो।" वह उसके साथ मैथुन धर्म सेवन कर विलम्ब से गन्तव्य स्थल पर पहुँचा। भिक्षुओं ने पूछा—"आयुष्मन्! इतना विलम्ब कहाँ और कैसे लग गया? तब उस नव उपसम्पन्न भिक्षु ने सत्य घटना बता दी। भिक्षुओं ने भगवान् के सम्मुख यह बात रखी। (भगवान् ने कहा—) "**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ— उपसम्पन्न कर एक दूसरा साथी देने की और उसे चार अकर्तव्यों के विषय में बताने की।**" वे चार अकर्तव्य ये हैं—

(१) उपसम्पन्न भिक्षु को पशु तक से भी मैथुन धर्म का सेवन नहीं करना चाहिये। जो भिक्षु मैथुन धर्म का सेवन करेगा वह शाक्यपुत्रीय श्रमण कहलाने योग्य नहीं रह जायगा। जैसे शिर कटा हुआ पुरुष जीवित नहीं रह पाता, उसी तरह मैथुन धर्म सेवन करने वाला, पुरुष 'शाक्यपुत्रीय श्रमण' कहलाने की योग्यता खो बैठता है। अतः तेरे लिये यह (मैथुन धर्म का सैवन) जीवनपर्यन्त न करने योग्य है।

(२) उपसम्पन्न भिक्षु को न दी हुई वस्तु को, जिसे चौरी की ही कहा जायगा, नहीं लेना चाहिये। जो भिक्षु पाद (पाँच मासा) या पाद के बराबर या उससे कुछ ही अधिक वस्तु को भी, जिसे

एवमेव भिक्खु पादं वा पादारहं वा अतिरेकपादं वा अदिन्नं थेय्यसङ्खातं आदियित्वा अस्समणो [R.97] होति असक्यपुत्तियो। तं ते यावजीवं अकरणीयं। (२)

[N.101] ''उपसम्पन्नेन भिक्खुना सञ्चिच्च पाणो जीविता न वोरोपेतब्बो, अन्तमसो कुन्थकिपिल्लिकं उपादाय। यो भिक्खु सञ्चिच्च मनुस्सविग्गहं जीविता वोरोपेति, अन्तमसो गब्भपातनं उपादाय, अस्समणो होति असक्यपुत्तियो। सेय्यथापि नाम पुथुसिला द्वेधा भिन्ना अप्पटिसन्धिका होति, एवमेव भिक्खु सञ्चिच्च मनुस्सविग्गहं जीविता वोरोपेत्वा अस्समणो होति असक्यपुत्तियो। तं ते यावजीवं अकरणीयं। (३)

[B.135] ''उपसम्पन्नेन भिक्खुना उत्तरिमनुस्सधम्मो न उल्लपितब्बो, अन्तमसो 'सुञ्ञागारे अभिरमामी' ति। यो भिक्खु पापिच्छो इच्छापकतो असन्तं अभूतं उत्तरिमनुस्सधम्मं उल्लपति झानं वा विमोक्खं वा समाधिं वा समापत्तिं वा मग्गं वा फलं वा, अस्समणो होति असक्यपुत्तियो। सेय्यथापि नाम तालो मत्थकच्छिन्नो अभब्बो पुन विरुळ्हिया, एवमेव भिक्खु पापिच्छो इच्छापकतो असन्तं अभूतं उत्तरिमनुस्सधम्मं उल्लपित्वा अस्समणो होति असक्यपुत्तियो। तं ते यावजीवं अकरणीयं'' ति। (४)

चत्तारि अकरणीयानि निट्ठितानि॥

७१. आपत्तिया अदस्सने उक्खित्तकवत्थूनि

१३३. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो भिक्खु आपत्तिया अदस्सने उक्खित्तको विब्भमि। सो पुन पच्चागन्त्वा भिक्खू उपसम्पदं याचि। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।

''इध पन, भिक्खवे, भिक्खु आपत्तिया अदस्सने उक्खित्तको विब्भमति। सो पुन

चोरी की ही समझा जायगा, यदि विना स्वामी के दिये लेता है जो वह शाक्यपुत्रीय श्रमण नहीं रह जायगा। जैसे वृक्ष का पीला पत्ता शाखावृन्त से पृथक् होने पर फिर कभी हरा नहीं हो पाता, उसी तरह कोई भिक्षु भी पाद या पाद के समान या उससे कुछ ही अधिक विना स्वामी के दी हुई वस्तु को ले कर, जो कि चौरी की कहलाती है, शाक्यपुत्रीय श्रमण कहलाने योग्य नहीं रह जाता। अतः यह कर्म (विना दी हुई चीज को लेना) तुम्हें जीवन भर नहीं करना है।

(३) उपसम्पन्न भिक्षु को जान–बूझ कर किसी प्राणी का प्राण नहीं हरना चाहिये, भले ही फिर वह छोटी चींटी ही क्यों न हो। जो भिक्षु जान–बूझकर किसी मनुष्य के प्राणो को हरता है या फिर कोई गर्भपात करता है तो वह शाक्यपुत्रीय श्रमण कहलाने योग्य नहीं रह जायगा। जैसे–कोई मोटी शिला दो टुकड़े में हो जाने पर पुनः नहीं जुड़ पाती; इसी तरह भिक्षु जान–बूझ कर किसी प्राणी के प्राण हरकर, शाक्यपुत्रीय (श्रमण) नहीं रह जाता। अतः यह (दूसरे प्राणी के प्राण लेना) कर्म जीवन भर के लिये न करने योग्य है।

(४) उपसम्पन्न भिक्षु को अपने ध्यान, समाधि आदि में प्राप्त सिद्धि की साधारण मनुष्यों में वृथा आत्मप्रशंसा नहीं करनी चाहिये। यहाँ तक कि लोगों के सामने यह भी नहीं कहना चाहिये कि 'मैं तो शून्यागार में रहता हूँ।' जो भिक्षु पाप की इच्छा से या लोभ के वश में होकर अपने में अविद्यमान, अतएव असत्य दिव्यशक्ति, ध्यान, विमोक्ष, समाधि, समापत्ति, मार्ग या फल को अपने में विद्यमान बताता है वह शाक्यपुत्रीय श्रमण नहीं रह जाता। जैसे– शिर कटा ताड पुनः बढ़ने योग्य नहीं रह जाता, वैसे ही पापेच्छुक, लोभी एवं असत्यभाषी भिक्षु लोगो में अपनी दिव्य शक्ति का ढिंढोरा पीटने

पच्चागन्त्वा भिक्खू उपसम्पदं याचति। सो एवमस्स वचनीयो—"पस्सिस्ससि तं आपत्तिं" ति? सचाहं पस्सिस्सामी ति, पब्बाजेतब्बो। सचाहं न पस्सिस्सामी ति, न पब्बाजेतब्बो। पब्बाजेत्वा वत्तब्बो—'पस्सिस्ससि तं आपत्तिं' ति? सचाहं पस्सिस्सामी ति, उपसम्पादेतब्बो। सचाहं न पस्सिस्सामी ति, न उपसम्पादेतब्बो। उपसम्पादेत्वा वत्तब्बो—'पस्सिस्ससि तं आपत्तिं' ति? सचाहं पस्सिस्ससामी ति, ओसारेतब्बो। सचाहं न पस्सिस्सामी ति, न ओसारेतब्बो। ओसारेत्वा वत्तब्बो—'पस्ससि तं आपत्तिं' ति? सचे पस्सति, इच्चेतं कुसलं। नो चे पस्सति, लब्भमानाय सामग्गिया पुन उक्खिपितब्बो। अलब्भमानाय सामग्गिया अनापत्ति सम्भोगे संवासे। (१)

"इध पन, भिक्खवे, भिक्खु आपत्तिया अप्पटिकम्मे उक्खित्तको विब्भमति। सो पुन पच्चागन्त्वा भिक्खू उपसम्पदं याचति। सो एवमस्स वचनीयो—'पटिकरिस्ससि तं आपत्तिं' ति? सचाहं पटिकरिस्सामी ति, पब्बाजेतब्बो। सचाहं न पटिकरिस्सामी [R.98] ति, न पब्बाजेतब्बो। पब्बाजेत्वा वत्तब्बो—"पटिकरिस्ससि तं आपत्तिं" ति? स चाहं पटिकरिस्सामी ति, उपसम्पादेतब्बो। सचाहं न पटिकरिस्सामी ति, न उपसम्पादेतब्बो। उपसम्पादेत्वा वत्तब्बो—"पटिकरिस्ससि तं आपत्तिं" ति? सचाहं पटिकरिस्सामी [B.136] ति, ओसारेतब्बो। सचाहं न पटिकरिस्सामी ति, न ओसारेतब्बो। ओसारेत्वा वत्तब्बो—"पटिकरोही तं आपत्तिं" ति। सचे पटिकरोति, इच्चेतं कुसलं। नो चे पटिकरोति [N.102] लब्भमानाय सामग्गिया पुन उक्खिपितब्बो। अलब्भमानाय सामग्गिया अनापत्ति सम्भोगे संवासे। (२)

वाला 'शाक्यपुत्रीय श्रमण' कहलाने योग्य नहीं रह जाता। अतः यह तेरे लिये जीवनपर्यन्त न करने योग्य कार्य है।

चार अकर्त्तव्यों का वर्णन समाप्त।।

आपत्ति के अभाव में उत्क्षिप्तक वस्तुएँ

१३३. उस समय कोई भिक्षु आपत्ति (दोष) को न मानने के अपराध में उत्क्षिप्तक (आरोपित) होकर सङ्घ छोड़कर चला गया। कुछ समय बाद उसने फिर आकर सङ्घ से उपसम्पदा माँगी। भगवान् से उसकी यह स्थिति बतायी गयी। (भगवान् ने कहा—)

"भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु आपत्ति को न मानने के कारण भिक्षुओं द्वारा उत्क्षिप्तक होकर सङ्घ छोड़कर चला जाय। वह पुनः आकर यदि भिक्षुओं से उपसम्पदा माँगें तो उसे यह कहना चाहिये—"तुम अपने दोष को मान रहे हो?" यदि वह कहे—'मान रहा हूँ', तो उसे प्रव्रज्या देनी चाहिये। यदि वह कहे—'नहीं मान रहा हूँ' तो उसको प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये। प्रव्रजित होने के बाद भी उससे पूछना चाहिये—'वह उस आपत्ति (दोष) को मान रहा है?'। यदि वह कहे—"मैं मान रहा हूँ' तो उसे उपसम्पदा देनी चाहिये। यदि वह कहे कि मैं नहीं मान रहा हूँ' तो उसे उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। उपसम्पदा देकर भी उससे पूछना चाहिये—'तुम अपना वह दोष मान रहे हो?'। यदि वह कहे—'मान रहा हूँ' तो उस का अवसारण (पुनर्नियुक्ति) करनी चाहिये; यदि कहे—'नहीं मान रहा हूँ' तो उसकी पुनर्नियुक्ति नहीं करनी चाहिये। अवसारण करके भी पूछना चाहिये—क्या तुम उस आपत्ति को मान रहे हो? यदि वह कहे कि 'मान रहा हूँ', तब तो ठीक है। यदि कहे—'नहीं मानता हूँ', तो

"इध पन, भिक्खवे, भिक्खु पापिकाय दिट्ठिया अप्पटिनिस्सग्गे उक्खित्तको विब्भमति। सो पुन पच्चागन्त्वा भिक्खू उपसम्पदं याचति। सो एवमस्स वचनीयो– 'पटिनिस्सज्जिस्ससि तं पापिकं दिट्ठिं' ति? सचाहं पटिनिस्सज्जिस्सामी ति, पब्बाजेतब्बो। सचाहं न पटिनिस्सज्जिस्सामी ति, न पब्बाजेतब्बो। पब्बाजेत्वा वत्तब्बो–'पटिनिस्सज्जिस्ससि तं पापिकं दिट्ठिं' ति? सचाहं पटिनिस्सज्जिस्सामी ति, उपसम्पादेतब्बो। सचाहं न पटिनिस्सज्जिस्सामी ति, न उपसम्पादेतब्बो। उपसम्पादेत्वा वत्तब्बो–'पटिनिस्सज्जिस्ससि तं पापिकं दिट्ठिं' ति? सचाहं पटिनिस्सज्जिस्सामी ति, ओसारेतब्बो। सचाहं न पटिनिस्सज्जिस्सामी ति, न ओसारेतब्बो। ओसारेत्वा वत्तब्बो–'पटिनिस्सज्जेहि तं पापिकं दिट्ठिं' ति। सचे पटिनिस्सज्जति, इच्चेतं कुसलं। नो चे पटिनिस्सज्जति, लब्भमानाय सामग्गिया पुन उक्खिपितब्बो। अलब्भमानाय सामग्गिया अनापत्ति सम्भोगे संवासे ति॥ (३)

महाखन्धको पठमो॥

७२. तस्सुद्दानं

१३४. विनयम्हि महत्थेसु पेसलानं सुखावहे।
निग्गहानं च पापिच्छे लज्जीनं पग्गहेसु च॥ १॥

एकमत (सामग्री) होने पर उसे पुनः उत्क्षिप्त (आरोपित) कर देना चाहिये। यदि सङ्घ में एकमत न हो तो उसके साथ भोजन और निवास में दोष नहीं।

"भिक्षुओ! लगायी गयी आपत्ति (दोष) का प्रतिकार न करने पर आरोपित (उत्क्षिप्तक) भिक्षु यदि सङ्घ छोड़कर चला जाय और पुनः समय पाकर भिक्षुओं से प्रव्रज्या माँगे तो उससे पूछना चाहिये– 'क्या तुम उस आपत्ति का प्रतिकार करोगे?"; यदि वह कहे–'हाँ, प्रतिकार करूँगा', तब तो प्रव्रज्या देनी चाहिये। यदि कहे कि 'नहीं प्रतिकार करूँगा' तो प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिये। प्रव्रज्या देकर भी पूछना चाहिये–'क्या तुम उस दोष का प्रतिकार करोगे?'; यदि वह कहे 'हाँ', तो उसको उपसम्पदा देनी चाहिये; यदि 'नाँ' कहे तो नही देनी चाहिये। उपसम्पदा देकर पूछना चाहिये–'क्या तुम लगाये दोष का प्रतिकार करोगे?'; यदि वह 'हाँ' कहे तो उसका अवसारण करना चाहिये; यदि 'ना' कहे तो नहीं करना चाहिये। अवसारण करके भी....यदि वह प्रतिकार करना चाहे तो ठीक है; यदि न करना चाहे तो उसे एकमत होकर सङ्घ द्वारा पुनः उत्क्षिप्त कर देना चाहिये। यदि सङ्घ एकमत न हो तो उसके साथ भोजन और वास में दोष नहीं।

"भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु पापमय दृष्टि (धारणा) का त्याग न करने के कारण, आरोपित होकर सङ्घ से निकल (चला) जाता है और कुछ समय बाद वह पुनः आकर उपसम्पदा माँगता है तो पहले उससे पूछना चाहिये–'क्या तुम अपनी उस पापमय दृष्टि का त्याग करोगे? यदि वह 'हाँ' कहे तो उसको प्रव्रज्या देनी चाहिये; यदि 'ना' कहे तो नहीं देनी चाहिये। प्रव्रज्या देने के बाद उससे फिर पूछना चाहिये–'क्या तुम अपनी.....पूर्ववत्....उपसम्पदा नहीं देनी चाहिये। उपसम्पदा देकर भी उससे फिर पूछना चाहिये–क्या तुम....पूर्ववत्....अवसारण नहीं करना चाहिये। अवसारण करने के बाद भी उससे फिर पूछना चाहिये....यदि वह 'ना' कहे तो सङ्घ के एकमत होने पर उसे सङ्घ से पुनः उत्क्षिप्त कर देना चाहिये। यदि सङ्घ एकमत न हो पाये तो उसके साथ भोजन तथा वास में कोई आपत्ति नहीं है॥

महास्कन्धक प्रथम समाप्त॥

सासनाधारणे चेव सब्बञ्ञुजिनगोचरे।
अनञ्ञविसये खेमे सुपञ्ञत्ते असंसये॥ २॥
खन्धके विनये चेव परिवारे च मातिके।
यथात्थकारी कुसलो पटिपज्जति योनिसो॥ ३॥
यो गवं न विजानाति न सो रक्खति गोणं। [B.137]
एवं सीलं अजानन्तो किं सो रक्खेय्य संवरं॥ ४॥
पमुट्ठम्हि च सुत्तन्ते अभिधम्मे च तावदे। [R.99]
विनये अविनट्ठम्हि पुन तिट्ठति सासनं॥ ५॥
तस्मा सङ्गाहणाहेतुं उद्दानं अनुपुब्बसो।
पवक्खामि यथाञायं सुणाथ मम भासतो॥ ६॥
वत्थु निदानं आपत्ति नया पेय्यालमेव च।
दुक्करं तं असेसेतुं, नयतो तं विजानथा' ति॥ ७॥
बोधि राजायतनं च अजपालो सहम्पति। [N.103]
ब्रह्मा आळारो उदको भिक्खु च उपको इसि॥ ८॥

---

७२. उसका उदान

१३४. सदाचारी भिक्षुओं के बड़े से बड़े प्रयोजनों की सिद्धि में सुखदायक (सरलता लाने वाले), पापात्माओं के लिये निग्रहकारक तथा लज्जी (पाप को न छिपाने वाले) भिक्षुओं को सहारा देने वाले इस विनय (धर्मानुशासन) में।। १।।

जो कि इस शासन का आधार है, तथा सर्वतोभावेन केवल सर्वज्ञ एवं सम्यक्सम्बुद्ध द्वारा ही साक्षात्कृत है, दूसरों द्वारा याथातथ्येन अज्ञेय, क्षेमङ्कर, (भगवान् द्वारा) सुप्रज्ञप्त एवं असन्दिग्ध है।। २।।

स्कन्धक, परिवार एवं मातृकाओं में विभक्त इस विनयपिटक में अर्थ को यथातथ रूप से जानने वाला कुशल साधक ही सूक्ष्मतया विश्लेषण कर सकता है।। ३।।

जो गौओं के विषय में सब कुछ भलीभाँति नहीं जानता वह गौओं की रक्षा क्या कर पायगा! इसी तरह शील को न जानने वाला उसके संवर (संयम) को क्या रख पायगा! ।। ४।।

सूत्रपिटक को विरोधियों (अज्ञानियों) द्वारा प्रमृष्ट कर (मसल) दिये जाने पर या इसी तरह अभिधर्मपिटक के प्रमृष्ट होने पर भी, यदि विनयपिटक यथास्थित (सुरक्षित) है तो समझो कि शासन सुरक्षित है! ।। ५।।

अतः उसका क्रमशः भलीभाँति संग्रह करने हेतु मैं इसमें वर्णित उदानों (भगवान् की अनुज्ञाओं) का सूचीसमूह यथाविधि आप लोगों के सम्मुख प्रस्तुत कर रहा हूँ। इसे आप लोग ध्यानपूर्वक सुनें।। ६।।

(यद्यपि) वस्तु (कथा), निदान (उत्पत्ति), आपत्ति (दोष), नय (विधि), पेय्याल (पाठ की पुनरावृत्ति) आदि का भी सूचीसमूह बनाना चाहिये। परन्तु इन सब विषयों का सूचीसमूह बनाना बहुत दुष्कर है उसे तो नय से ही जानना पड़ेगा।। ७।।

इस स्कन्ध में आगत वे उदान (भगवान् की अनुज्ञाएँ=भगवदुक्तियाँ) क्रमशः इस प्रकार हैं—

बोधि, राजायतन, अजपाल, सहम्पति, ब्रह्मयाचन, आळार (कालाम), उद्दक, भिक्षु (पञ्चवर्गीय), उपक (आजीवक), ऋषिपतन।। ८।।

कोण्डञ्ञो वप्पो भद्दियो महानामो च अस्सजि।
यसो चत्तारो पञ्ञास सब्बे पेसेसि सो दिसा॥ ९॥
वत्थु मारेहि तिंसा च उरुवेलं तयो जटी।
अग्यागारं महाराजा सक्को ब्रह्मा च केवला॥ १०॥
पंसुकूलं पोक्खरणी सिला च ककुधो सिला।
जम्बु अम्बो च आमलो पारिपुप्फं च आहरि॥ ११॥
फालियन्तु उज्जलन्तु विज्झायन्तु च कस्सप।
निमुज्जन्ति मुखी मेघो गया लट्ठि च मागधो॥ १२॥
उपतिस्सो कोलितो च अभिञ्ञाता च पब्बजुं।
दुन्निवत्था पणामना किसो लूखो च ब्राह्मणो॥ १३॥
अनाचारं आचरति उदरं माणवो गणो।
वस्सं बालेहि पक्कन्तो दस वस्सानि निस्सयो॥ १४॥
न वत्तन्ति पणामेतुं बाला पस्सद्धि पञ्च छ।
यो सो अञ्ञो च नग्गो च अच्छिन्नजटिलसाकियो॥ १५॥
मगधेसु पञ्चाबाधा एको राजा च अङ्गुलि।
मागधो च अनुञ्ञासि कारा लिखि कसाहतो॥ १६॥
लक्खणा इणा दासो च भण्डुको उपालि अहि। [B.138]
सद्धं कुलं कण्डको च आहुन्दरिकमेव च॥ १७॥

कौण्डिन्य, वप्र, भद्रिय, महानाम, अश्वजित्, यश तथा उसके विमल सुबाहु आदि ये चार, पचास (यश के गृहस्थ साथी)–इन सबको भगवान् ने अपने अमृतमय वचनों से निर्वाणमार्ग की तरफ प्रेरित कर जनोपदेश हेतु चारों दिशाओं में भेजा।। ९।।

वस्तु, मार (के साथ दो संवाद), तीस भद्रवर्गीय, उरुवेल (में प्रातिहार्य), तीनों जटिल, अग्न्यागार, चार महाराज (दिक्पाल), देवेन्द्र शक्र, ब्रह्मा।। १०।।

पंसुकूल, पुष्करिणी, शिला (पंसुकूल धोने के लिये), ककुध वृक्ष, शिला (पांशुकूल सुखाने के लिये), जम्बुफल, आम्रफल, आमलकी फल, पारिजातपुष्प का लाना।। ११।।

लकड़ियाँ फटें, अग्नियाँ जलें, अग्नियों का शमन, मन्दामुखी (अंगीठी), मेघ, गयाशीर्ष, यष्टिवन (राजगृह), मागध (राजा बिम्बिसार) ।। १२।।

उपतिष्य (सारिपुत्र), कौलित (मौद्गल्यायन), प्रख्यात भिक्षुओं की प्रव्रज्या, ठीक ढंग से वस्त्र पहनना, संघ से निष्कासन (प्रणामना), कृश, रूक्ष (राध) ब्राह्मण।। १३।।

अनाचार का आचरण, उदर–पोषण के लिये प्रव्रज्या, माणवक प्रव्रज्या, गणप्रव्रज्या, उपसम्पदा में वर्ष की सीमा।। १४।।

बाल–अव्यक्त की प्रव्रज्या, श्रमणों को न निकालना, पाँच निःश्रयप्रतिप्रश्रब्धि, छह निश्रयप्रतिप्रब्धि, नग्न, अमुण्डित, जटिल एवं शाक्य की प्रव्रज्या।। १५।।

पाँच महारोग, राजभट, अङ्गुलिमाल, बिम्बिसार की आज्ञा, कारभेदक चौर, लिखितक, कसाहत।। १६।।

वत्थुम्हि दारको सिक्खा विहरन्ति च किं नु खो।
सब्बं मुखं उपज्झायो अपलाळन कण्डको॥ १८॥
पण्डको थेय्यपक्कन्तो अहि च मातरी पिता।
अरहन्तभिक्खुनीभेदा रुहिरेन च व्यञ्जनं॥ १९॥
अनुपज्झाय सङ्घेन गणपण्डकपत्तको।
अचीवरं तदुभयं याचितेन पि ये तयो॥ २०॥
हत्था पादा हत्थपादा कण्णा नासा तदूभयं।
अङ्गुलि अळकण्डरं फणं खुज्जं च वामनं॥ २१॥
गलगण्डी लक्खणा चेव कसा लिखितसीपदी। [N.104]
पापरिसदूसी च काणं कुणि तथेव च॥ २२॥
खञ्जं पक्खहतं चेव सच्छिन्नइरियापथं। [R.100]
जरान्धमूगबधिरं अन्धमूगं च यं तहिं॥ २३॥
अन्धबधिरं यं वुत्तं मूगबधिरमेव च।
अन्धमूगबधिरं च अलज्जीनं च निस्सयं॥ २४॥
वत्थब्बं च तथाद्धानं याचमानेन पेक्खना।
आगच्छतु विवदन्ति एकुपज्झायेन कस्सपो॥ २५॥
दिस्सन्ति उपसम्पन्ना आबाधेहि च पीळिता।
अननुसिट्ठा वित्थेन्ति तत्थेव अनुसासना॥ २६॥

लक्षणाहत, ऋणग्रस्त, दास (गुलाम), कर्मारभण्डु, उपालि, अहिवातक (महामारी) से ग्रस्त श्रद्धालु कुल का श्रामणेर, कण्डक, आहुन्दरिक (भिक्षुओं का अधिक जमाव)।। १७।।

निःश्रयमोचन, राहुल (दारक), शिक्षापद, भोजन (मुख) का आवरण, उपाध्याय से पूछे विना श्रामणेरों का आवरण, अपलाडन, कण्डकश्रामणेर।। १८।।

पण्डक, स्तेयसंवासक, नाग (सर्प), मातृघातक, पितृघातक, अर्हद्-घातक, भिक्षुणीदूषक, लोहितोत्पादक, उभयतोव्यञ्जनक।। १९।।

अनुपाध्याय, सङ्घ, गण, पण्डक, अपत्तक, अचीवरक, अपात्र-अचीवरक, याचितक (पात्र), याचितक चीवर, याचितक (पात्र-चीवर)।। २०।।

हस्तछिन्न, पादच्छिन्न, हस्त-पादच्छिन्न, कर्णछिन्न, नासाच्छिन्न, कर्ण-नासाच्छिन्न, अङ्गुलिच्छिन्न, अडच्छिन्न, कण्डरा (स्नायु) च्छिन्न, फण जैसे हाथ वाला, कुब्ज, वामन।। २१।।

गलगण्डरोगी, लक्षणाहत, कशाहत, लिखितक (इनामी चौर), श्लीपदरोगी (फीलपाँव वाला), पापरोगी, परिषद्-दूषक, काण, कुणी (लूला)।। २२।।

खन् (लँगड़ा), पक्षहत (पक्षाघात), टेढ़ी-मेढ़ी चालवाला, बुढ़ापे से दुर्बल, अन्धा, मूक (गूंगा), बहरा, अन्धमूक।। २३।।

अन्ध-वधिर, मूकबधिर, अन्धमूक-वधिर, अलज्जि-निःश्रय।। २४।।

प्रतीक्षा करना, गमिकादिनिश्रय, गोत्र से अनुश्रावणा, प्रथम उपसम्पदा का विवाद, सामूहिक उपसम्पदा, कुमारकाश्यप का वर्षजन्म।। २५।।

पाँच महारोगों से आक्रान्त के प्रति देशना, अनुशासनविहीन उपसम्पन्नों के प्रति देशना।। २६।।

सङ्घे पि च अथो बाला असम्मता च एकतो।
उल्लुम्पतुपसम्पदा निस्सयो एकको तयो ति॥ २७॥
इमम्हि खन्धके वत्थूनि एकसतं च द्वासत्तति।

महाखन्धकं निट्ठितं॥

बाल अव्यक्तों द्वारा उपसम्पदा, भिक्षुद्वारा...., सम्मत भिक्षुओ द्वारा उपसम्पदा, साथ में (एकत) आना, अनुकम्पापूर्वक उद्धारउपसम्पदा, चार निश्रय, नवभिक्षु को एकाकी छोड़ना, एवं तीन उत्क्षिप्तक वस्तुएँ।। २७।।

इस तरह इस स्कन्धक में एक सौ बहत्तर वस्तु (कथाएँ) हैं।

प्रथम महास्कन्धक पूर्ण हुआ।।

२. उपोसथक्खन्धकं

१. सन्निपातानुजानना

१. तेन खो पन समयेन बुद्धो भगवा राजगहे विहरति [N.105, B.139, R.101] गिज्झकूटे पब्बते। तेन खो पन समयेन अञ्ञतित्थिया परिब्बाजका चातुद्दसे पन्नरसे अट्ठमिया च पक्खस्स सन्निपतित्वा धम्मं भासन्ति। ते मनुस्सा उपसङ्कमन्ति धम्मस्सवनाय। ते लभन्ति अञ्ञतित्थियेसु परिब्बाजकेसु पेमं, लभन्ति पसादं, लभन्ति अञ्ञतित्थिया परिब्बाजका पक्खं।

अथ खो रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि—"एतरहि खो अञ्ञतित्थिया परिब्बाजका चातुद्दसे पन्नरसे अट्ठमिया च पक्खस्स सन्निपतित्वा धम्मं भासन्ति। ते मनुस्सा उपसङ्कमन्ति धम्मस्सवनाय। ते लभन्ति अञ्ञतित्थियेसु परिब्बाजकेसु पेमं, लभन्ति पसादं, लभन्ति अञ्ञतित्थिया परिब्बाजका पक्खं। यन्नून अय्या पि चातुद्दसे पन्नरसे अट्ठमिया च पक्खस्स सन्निपतेय्युं" ति। अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो भगवन्तं एतदवोच—"इध मय्हं, भन्ते, रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि 'एतरहि खो अञ्ञतित्थिया परिब्बाजका चातुद्दसे पन्नरसे अट्ठमिया च पक्खस्स सन्निपतित्वा धम्मं भासन्ति। ते मनुस्सा उपसङ्कमन्ति धम्मस्सवनाय। ते लभन्ति अञ्ञतित्थियेसु परिब्बाजकेसु पेमं, लभन्ति पसादं, लभन्ति अञ्ञतित्थिया परिब्बाजका पक्खं। यन्नून अय्या पि चातुद्दसे पन्नरसे अट्ठमिया च पक्खस्स सन्निपतेय्युं' ति। साधु, भन्ते, अय्या पि चातुद्दसे पन्नरसे अट्ठमिया च पक्खस्स सन्निपतेय्युं" ति।

---

२. उपोसथस्कन्धक

१. सन्निपातानुजानना

१. एकत्र होकर उपोसथकर्म की अनुमति

१. उस समय भगवान् बुद्ध राजगृह के गृध्रकूट पर्वत पर साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय दूसरे सम्प्रदायों के परिव्राजक चतुर्दशी, पूर्णिमा एवं पक्ष की अष्टमी के दिन एकत्र होकर धर्मचर्चा करते थे। उस धर्मचर्चा को सुनने के लिये श्रद्धालु जन उनके पास आते थे। इससे उस साधारण जनता का उन अपर सम्प्रदाय वालों में प्रेम एवं श्रद्धा बढ़ती थी, तथा वे अन्य सम्प्रदाय वाले उस जनता में से अपने मत के लिये अनुयायी भी प्राप्त कर लेते थे।

तब कभी एकान्त में बैठे राजा मागध....बिम्बिसार के मन में यह विचार उठा—"आज कल ये दूसरे सम्प्रदायों के परिव्राजक चतुर्दशी...पूर्ववत्...अनुयायी भी प्राप्त कर लेते हैं। तो क्यों न हमारे आर्य (पूज्य बौद्ध भिक्षु) जन भी चतुर्दशी, पूर्णिमा एवं पक्ष की अष्टमी को एकत्र होकर धर्मचर्चा करें।" तब राजा ..बिम्बिसार जहाँ भगवान् विराजमान थे, वहाँ पहुँचे। पहुँच कर भगवान् को प्रणाम कर एक तरफ बैठ गये। एक तरफ बैठे राजा....बिम्बिसार ने भगवान् से यों निवेदन किया—"भन्ते! आज

अथ खो भगवा राजानं मागधं सेनियं बिम्बिसारं धम्मिया कथाय सन्दस्सेसि समादपेसि समुत्तेजेसि सम्पहंसेसि। अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो भगवता [R.102] धम्मिया कथाय सन्दस्सितो समादपितो समुत्तेजितो सम्पहंसितो उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे [B.140] धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**अनुजानामि, भिक्खवे, चातुद्दसे पन्नरसे अट्ठमिया च पक्खस्स सन्निपतितुं**"ति।

तेन खो पन समयेन भिक्खू–भगवता अनुञ्ञातं चातुद्दसे पन्नरसे अट्ठमिया च पक्खस्स सन्निपतितुं ति—चातुद्दसे पन्नरसे अट्ठमिया च पक्खस्स सन्निपतित्वा तुण्हीनिसीदन्ति। ते मनुस्सा उपसङ्कमन्ति धम्मस्सवनाय। ते उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—"कथं हि नाम समणा सक्यपुत्तिया चातुद्दसे पन्नरसे अट्ठमिया च पक्खस्स सन्निपतित्वा तुण्ही निसीदिस्सन्ति, सेय्यथापि मूगसूकरा। ननु नाम सन्निपतितेहि धम्मो भासितब्बो" ति। [N.106] अस्सोसुं खो भिक्खू तेसं मनुस्सानं उज्झायन्तानं खिय्यन्तानं विपाचेन्तानं। अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**अनुजानामि, भिक्खवे, चातुद्दसे पन्नरसे अट्ठमिया च पक्खस्स सन्निपतित्वा धम्मं भासितुं**" ति।

२. पातिमोक्खुद्देसानुजानना

२. अथ खो भगवतो रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि— "यन्नूनाहं यानि मया भिक्खूनं पञ्ञत्तानि सिक्खापदानि, तानि नेसं पातिमोक्खुद्देसं अनुजानेय्यं।

एकान्त में बैठे मुझको यह विचार....पूर्ववत्....एकत्र होकर धर्म–चर्चा करें।' अच्छा हो, भन्ते! आप आर्यजन भी इन्हीं दिनों में धर्मचर्चा हेतु एकत्र, हुआ करें।"

तब भगवान् ने राजा....बिम्बिसार का धार्मिक चर्चा द्वारा सन्दर्शन, समुत्तेजन, समादपन एवं सम्प्रहर्षण किया। यों वह राजा....बिम्बिसार धार्मिक चर्चा से....सम्प्रहृष्ट होकर, आसन से उठकर भगवान् को प्रणाम–प्रदक्षिणा कर (अपने प्रासाद को पुनः) लौट गया। तब भगवान् ने इसी कारण से, इसी प्रसङ्ग में धर्मचर्चा करते हुए भिक्षुओं को आदेश दिया—"**भिक्षुओ! मैं आदेश देता हूँ कि आज से आप लोग चतुर्दशी, पूर्णिमा एवं पक्ष की अष्टमी के दिन (एक स्थान पर) एकत्र हुआ करें।**" (१)

तब भिक्षु लोग; क्योंकि भगवान् की अनुज्ञा थी कि चतुर्दशी, पूर्णिमा एवं पक्ष की अष्टमी के दिन एक स्थान पर एकत्र होवें, अतः वे उन दिनों में एकत्र होकर बैठ तो जाते थे, परन्तु चुपचाप बैठे रहते थे। उस समय जनता उनसे धर्मश्रवण हेतु आने लगी। परन्तु वहाँ भिक्षुओं को चुप बैठे देखकर बहुत व्यग्र, खिन्न तथा उद्विग्न होने लगी कि "कैसे ये भिक्षु धर्मचर्चा के लिये.....एकत्र होकर भी चुप–चाप बैठे रहते हैं। जैसे कोई मूक सूअर बैठे हों। अरे! भिक्षुओं के यों एकत्र होकर बैठने पर धर्मचर्चा तो होनी ही चाहिये!" तब उन श्रद्धालु जनों की व्यग्रता एवं खिन्नता भरी ये बातें भिक्षुओं ने भी सुनी। भिक्षुओं ने भगवान् से यह सब कहा। तब भगवान् ने इसी प्रकरण में धर्मचर्चा करते हुए उन भिक्षुओं को आदेश दिया—"**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ चतुर्दशी, पूर्णिमा एवं पक्ष की अष्टमी के दिन एकत्र होकर धर्मचर्चा करने की।**" (२)

२. प्रातिमोक्ष की आवृत्ति की अनुज्ञा

२. तब एकान्त में ध्यानमग्न बैठे भगवान् के मन में यह विचार उठा—"क्यों न मैं भिक्षुओं को

सो नेसं भविस्सति उपोसथकम्मं'' ति। अथ खो भगवा सायण्हसमयं पटिसल्लाना वुट्ठितो एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—''इध मय्हं, भिक्खवे, रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि—'यन्नूनाहं यानि मया भिक्खूनं पञ्ञत्तानि सिक्खापदानि, तानि नेसं पातिमोक्खुद्देसं अनुजानेय्यं। सो नेसं भविस्सति उपोसथकम्मं' ति। **अनुजानामि, भिक्खवे, पातिमोक्खं उद्दिसितुं।**

एवं च पन, भिक्खवे, उद्दिसितब्बं।

३. ''ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो उपोसथं करेय्य, पातिमोक्खं उद्दिसेय्य। किं सङ्घस्स [R.103] पुब्बकिच्चं? पारिसुद्धिं आयस्मन्तो आरोचेथ। पातिमोक्खं उद्दिसिस्सामि। तं सब्बेव [B.141] सन्ता साधुकं सुणोम मनसि करोम। यस्स सिया आपत्ति, सो आविकरेय्य। असन्तिया आपत्तिया तुण्हीभवितब्बं। तुण्हीभावेन खो पनायस्मन्ते, 'परिसुद्धा' ति वेदिस्सामि। यथा खो पन पच्चेकपुट्ठस्स वेय्याकरणं होति, एवमेव एवरूपाय परिसाय यावततियं अनुस्सावितं होति। यो पन भिक्खु यावततियं अनुस्सावियमाने सरमानो सन्तिं आपत्तिं नाविकरेय्य, सम्पजानमुसावादस्स होति। सम्पजानमुसावादो खो पनायस्मन्तो अन्तरायिको धम्मो वुत्तो भगवता। तस्मा, सरमानेन भिक्खुना आपन्नेन विसुद्धापेक्खेन सन्ती आपत्ति आविकातब्बा; आविकता हिस्स फासु होती'' ति।

४. **पातिमोक्खं** ति आदिमेतं मुखमेतं पमुखमेतं कुसलानं धम्मानं। तेन वुच्चति

उन शिक्षापदो (भिक्षुनियमों) की आवृत्ति करने की अनुमति दूँ, जिनका कि मैंने इनके लिये प्रज्ञापन किया है। यही इनका उपोसथकर्म हो जायगा।'' तब भगवान् सायङ्काल ध्यानभावना से उठकर, इसी निदान में, इसी प्रकरण में धार्मिक कथाएँ कहते हुए भिक्षुओं से बोले—''भिक्षुओ! अभी आज ध्यानभावना करते हुए मेरे मन में विचार उठा कि क्यों न मैं....पूर्ववत्....कर्म हो जायगा। अत. **भिक्षुओ! मेरी अनुज्ञा है कि तुम लोग प्रातिमोक्ष की आवृत्ति किया करो।**

और, भिक्षुओ! यह प्रातिमोक्ष की आवृत्ति इस प्रकार करनी चाहिये—

३. चतुर एवं समर्थ भिक्षु सङ्घ को ज्ञापित करें—

ज्ञप्ति— ''भन्ते सङ्घ मेरी सुने। यदि सङ्घ उचित समझे तो उपोसथ करे तथा प्रातिमोक्ष की आवृत्ति करे। सङ्घ का पूर्वकृत्य क्या है? आयुष्मानो! आप लोग अपनी परिशुद्धि (मन-कर्म-वचन की निर्दोषता) पर ध्यान दें। अब मैं प्रातिमोक्ष की आवृत्ति करूँगा। हम सब शान्तचित्त होकर भलीभाँति सुनें और मन में धारण करें। हममें से जिस भिक्षु से भी इन नियमों के विरुद्ध कोई भूल (प्रमाद) हुई हो तो वह उसे सङ्घ के सम्मुख स्पष्ट करे। यदि न हुई हो तो चुप रहे। (आप लोगों के) चुप रहने से, 'आप लोग परिशुद्ध हैं'—ऐसा मैं मान लूँगा।

जैसे प्रत्येक पुरुष से प्रश्न करने पर एक एक पुरुष को ही पृथक् पृथक् उत्तर देना आवश्यक होता है, उसी प्रकार ऐसी परिषदों में तीन बार तक पूछा (समूहरूप मे पुकारा) जाता है। जो भिक्षु तीन बार तक पूछे जाने पर, स्मरण रहते हुए भी, स्वयङ्कृत किसी प्रमाद को सङ्घ के सम्मुख प्रकट नहीं करता, उस को 'जान बूझकर असत्य भाषण' का दोष लगता है। (आप लोग जानते ही हैं कि) भगवान् ने 'जान बूझकर असत्य भाषण' निर्वाण प्राप्ति में अत्यधिक विघ्नकारक दोष बताया है। अतः भिक्षु को स्वकृत प्रमाद का स्मरण करते हुए, उससे मुक्त होने की भावना से, उसे स्वीकार कर लेना चाहिये। यों स्वकृत प्रमाद को स्वीकार कर लेना उसके अपने लिये हितकर ही होगा।

पातिमोक्खं ति। **आयस्मन्तो** ति पियवचनमेतं गरुवचनमेतं सगारवसप्पतिस्साधिवचनमेतं आयस्मन्तो ति। **उद्दिसिस्सामी** ति आचिक्खिस्सामि देसेस्सामि पञ्ञापेस्सामि पट्ठपेस्सामि विवरिस्सामि विभजिस्सामि उत्तानीकरिस्सामि पकासेस्सामि। **तं** ति पातिमोक्खं वुच्चति। **सब्बेव सन्ता** ति यावतिका तस्सा परिसाय थेरा च नवा च मज्झिमा च, एते वुच्चन्ति सब्बेव सन्ता ति। **साधुकं सुणोमा** ति अट्ठिं कत्वा मनसिकत्वा सब्बं चेतसा समन्नाहराम। [N.107] **मनसिकरोमा** ति एकग्गचित्ता अविक्खित्तचित्ता अविसाहटचित्ता निसामेम। **यस्स सिया आपत्ती** ति थेरस्स वा नवस्स वा मज्झिमस्स वा, पञ्चन्नं वा आपत्तिक्खन्धानं अञ्ञतरा आपत्ति, सत्तन्नं वा आपत्तिक्खन्धानं अञ्ञतरा आपत्ति। **सो आविकरेय्या** ति सो देसेय्य, सो विवरेय्य, सो उत्तानीकरेय्य, सो पकासेय्य सङ्घमज्झे वा गणमज्झे वा एकपुग्गले वा। **असन्ती** नाम **आपत्ति** अनज्झापन्ना वा होति, आपज्जित्वा वा वुट्ठिता। **तुण्ही भवितब्बं** ति अधिवासेतब्बं न ब्याहरितब्बं। **परिसुद्धा ति वेदिस्सामी** ति जानिस्सामि धारेस्सामि। **यथा खो पन पच्चेकपुट्ठस्स वेय्याकरणं होती** ति तथा एकेन एको पुट्ठो ब्याकरेय्य. एवमेव तस्सा परिसाय जानितब्बं-मं पुच्छती ति। **एवरूपा** नाम **परिसा** भिक्खुपरिसा वुच्चति। **यावततियं अनुस्सावितं होती** ति सकिं पि अनुस्सावितं होति, दुतियं पि अनुस्सावितं [B.142] होति, ततियं पि अनुस्सावितं होति। **सरमानो** ति जानमानो सञ्जानमानो। **सन्ती**

---

४. (व्याख्या-) **पातिमोक्ख** का अर्थ है– यह कुशल धर्मों का आदि है, मुख्य है, प्रमुख है। इसलिये इसे 'प्रातिमोक्ष' कहते हैं। **आयस्मन्तो**– यह प्रिय (स्नेह) बोधक एवं गौरवबोधक शब्द है। यह उसके लिये प्रयुक्त होता है जिसके लिये श्रद्धा या प्रतिष्ठा द्योतित करनी हो। **उद्दिसिस्सामीति**– कहूँगा, देशना करूँगा, प्रज्ञपित करूँगा, प्रस्थापित करूँगा, इसका विस्तार करूँगा, विभाजन करूँगा, स्पष्ट करूँगा, प्रकाशित करूँगा। **तं**– **'प्रातिमोक्ष'** के लिये प्रयुक्त हुआ है। **सब्बे व सन्ता**– (सभी शान्तचित्त रहते हुए)। इस शब्द के द्वारा उस समग्र परिषद् को समझना चाहिये जहाँ उस प्रातिमोक्ष के पाठ (आवृत्ति) हेतु जो नये या पुराने (स्थविर) भिक्षु एकत्र हुए हों। वे सभी 'सब्बे' में परिगणित हो जाते हैं। **साधुकं सुणोम**– ध्यान देकर सुनें। मन लगाकर सुनें। पाठ में आये हुए सब कुछ को मन से ग्रहण कर लें। **मनसि करोम**– एकाग्रचित्त दूसरे किसी विषय में अव्यापृतचित्त होकर तथा अविक्षिप्तचित्त होकर सुनें। **यस्स सिया आपत्ति**– जिसके (मन में) दोष हो। फिर भले ही वह स्थविर भिक्षु हो, नया भिक्षु हो या फिर मध्यम भिक्षु हो। 'आपत्ति' से तात्पर्य है विनय में बताये गये पाँच या सात आपत्तिस्कन्धों में से कोई आपत्ति। **सो आविकरेय्य**– वह सङ्घ के सामने, गण (समूह) के सामने या फिर एक ही भिक्षु के सामने कह दे, स्पष्ट कर दे, विस्तारपूर्वक बता दे, प्रकाशित कर दे (छिपाये नहीं)। **असन्तिया आपत्तिया**– अर्थात् ऐसी आपत्ति जो या तो हुई न हो या फिर होकर विस्मृत हो गयी हो। **तुण्हीभवितब्बं**– सुन लेना चाहिये, उसका उत्तर नहीं देना (चुप रहना) चाहिये। **परिसुद्धा ति वेदिस्सामि**– 'आप लोग परिशुद्ध हैं'–ऐसा जानूँगा, समझूँगा। **यथा खो पन पच्चेकपुट्ठस्स वेय्याकरणं होति**– जैसे किसी एक के द्वारा किसी एक को पूछने पर वह उत्तर देता है, इसी तरह उस परिषद् से जानने के लिये यह पूछा जा रहा है। **एवरूपा परिसा**– ऐसी परिषद्, अर्थात् भिक्षुपरिषद् (सङ्घ)। **यावततियं अनुस्सावितं होति**– सकृत् (एक बार) भी सुनाया जाता है, दूसरी बार भी....तीसरी बार भी सुनाया जाता है। **सरमानो**– स्मरण करता हुआ, जानता हुआ, सही ढग से जानता हुआ। **सन्ती आपत्ति**– ऐसी आपत्ति जो या तो हुई हो और या होकर विस्मृत न हुई हो। **नाविकरेय्य**– वह सङ्घ

नाम **आपत्ति** अज्झापन्ना वा होति, आपज्जित्वा वा अवुट्ठिता। **नाविकरेय्या** ति न देसेय्य, न विवरेय्य, न उत्तानीकरेय्य, न पकासेय्य सङ्घमज्झे वा गणमज्झे वा एकपुग्गले [R.104] वा। **सम्पजानमुसावादस्स होती** ति। सम्पजानमुसावादे किं होति? दुक्कटं होति। **अन्तरायिको धम्मो वुत्तो भगवता** ति। किस्स अन्तरायिको? पठमस्स झानस्स अधिगमाय अन्तरायिको, दुतियस्स झानस्स अधिगमाय अन्तरायिको, ततियस्स झानस्स अधिगमाय अन्तरायिको, चतुत्थस्स झानस्स अधिगमाय अन्तरायिको, झानानं विमोक्खानं समाधीनं समापत्तीनं नेक्खम्मानं निस्सरणानं पविवेकानं कुसलानं धम्मानं अधिगमाय अन्तरायिको। **तस्मा** ति तङ्कारणा। **सरमानेना** ति जानमानेन सञ्जानमानेन। **विसुद्धापेक्खेना** ति वुट्ठातुकामेन विसुज्झितुकामेन। **सन्ती** नाम **आपत्ति** अज्झापन्ना वा होति, आपज्जित्वा वा अवुट्ठिता। **आविकातब्बा** ति आविकातब्बा सङ्घमज्झे वा गणमज्झे वा एकपुग्गले वा। **आविकता हिस्स फासु होती** ति। किस्स फासु होति? पठमस्स झानस्स अधिगमाय फासु होति, दुतियस्स झानस्स अधिगमाय फासु होति, ततियस्स झानस्स अधिगमाय फासु होति, चतुत्थस्स झानस्स अधिगमाय फासु होति, झानानं विमोक्खानं समाधीनं समापत्तीनं नेक्खम्मानं निस्सरणानं पविवेकानं कुसलानं धम्मानं अधिगमाय फासु होती ति।

५. तेन खो पन समयेन भिक्खू—भगवता पातिमोक्खुद्देसो अनुञ्ञातो ति—देवसिकं पातिमोक्खं उद्दिसन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, देवसिकं पातिमोक्खं उद्दिसितब्बं। यो उद्दिसेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, उपोसथे पातिमोक्खं उद्दिसितुं** ति।

तेन खो पन समयेन भिक्खू—'भगवता उपोसथे पातिमोक्खुद्देसो अनुञ्ञातो' ति—पक्खस्स तिक्खत्तुं पातिमोक्खं उद्दिसन्ति, चातुद्दसे पन्नरसे अट्ठमिया च पक्खस्स। भगवतो

के सम्मुख, गण के सम्मुख या एक ही भिक्षु के सम्मुख न कहे, न स्पष्ट करे, न विस्तारपूर्वक बतावे, न प्रकाशित करे (छिपा ले)। **सम्पजानमुसावादस्स होति**—इसको 'जानबूझ कर असत्य-भाषण' का आरोप लगता है। यह 'सम्प्रजानन मृषावाद' क्या होता है? दुष्कृत (पापदोष) होता है। **अन्तरायिको धम्मो वुत्तो भगवता**— भगवान् ने विघ्नकारक धर्म बतलाया है। किस का विघ्नकारक? प्रथम ध्यान की प्राप्ति के लिये विघ्नकारक होता है, द्वितीय ध्यान की....तृतीय ध्यान की....चतुर्थ ध्यान की प्राप्ति के विघ्नकारक होता है; ध्यान, विमोक्ष, समाधि, समापत्ति, नैष्कर्म्य, निःसरण (त्याग), प्रविवेक आदि कुशल धर्मों की अधिगति (प्राप्ति) के लिये विघ्नकारक है। **तस्मा**—उस कारण से। **सरमानेन**— स्मरण करते हुए, जानते हुए, भलीभाँति जानते हुए से। **विसुद्धापेक्खेन**— विशुद्धि चाहने वाले द्वारा, ऊपर उठने की चाह रखने वाले द्वारा। **सन्ती आपत्ति**— ऐसी आपत्ति जो या तो हो चुकी हो, या होकर विस्मृत न हुई हो। **आविकातब्बा**— सङ्घ या समूह या एक पुद्गल के सामने कह दे, स्पष्ट कर दे, विस्तारपूर्वक बता दे, प्रकाशित कर दे (छिपाये नहीं)। **आविकता हिस्स फासु होति।** इसके स्वीकार कर लेने से भिक्षु का हित ही सम्पादित होगा। कैसे इसका हित होगा? प्रथम ध्यान...द्वितीय ध्यान.....,तृतीय ध्यान....चतुर्थ ध्यान की प्राप्ति के लिये हितकर होगा। ध्यान, विमोक्ष, समाधि, समापत्ति, नैष्कर्म्य, निःसरण एवं प्रविवेक आदि कुशल धर्मों की प्राप्ति के लिये हितकर होगा। (व्याख्या पूर्ण)

५. उस समय भिक्षुजन— 'भगवान् ने प्रातिमोक्ष के पाठ की आज्ञा दी है'—इसलिये प्रतिदिन प्रातिमोक्ष की आवृत्ति करने लगे।....भगवान् से यह बात कही गयी। ....''**भिक्षुओ! दैनिक प्रातिमोक्ष**

[N.108] एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, पक्खस्स तिक्खत्तुं पातिमोक्खं उद्दिसितब्बं। यो उद्दिसेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, सकिं पक्खस्स चातुद्दसे वा पन्नरसे वा पातिमोक्खं उद्दिसितुं** ति।

[B.143] तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू यथापरिसाय पातिमोक्खं उद्दिसन्ति [R.105] सकाय सकाय परिसाय। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, यथापरिसाय पातिमोक्खं उद्दिसितब्बं सकाय सकाय परिसाय। यो उद्दिसेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, समग्गानं उपोसथकम्मं** ति।

अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि—"भगवता पञ्ञत्तं—'समग्गानं उपोसथकम्मं' ति। कित्तावता नु खो समग्गी होति, यावता एकावासो, उदाहु सब्बा पठवी" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, एत्तावता सामग्गी यावता एकावासो** ति।

३. महाकप्पिनवत्थु

६. तेन खो पन समयेन आयस्मा महाकप्पिनो राजगहे विहरति मद्दकुच्छिम्हि मिगदाये। अथ खो आयस्मतो महाकप्पिनस्स रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि—"गच्छेय्यं वाहं उपोसथं न वा गच्छेय्यं, गच्छेय्यं वाहं सङ्घकम्मं न वा गच्छेय्यं, अथ ख्वाहं विसुद्धो परमाय विसुद्धिया" ति?

का पाठ नहीं करना चाहिये। जो करे उसे दुष्कृत दोष लगेगा। **अतः भिक्षुओ! उपोसथ के दिन ही प्रातिमोक्ष की आवृत्ति करने की आज्ञा देता हूँ।** (५)

उस समय भिक्षुजन–'भगवान् ने उपोसथ के दिन प्रातिमोक्ष का पाठ करना चाहिये'– ऐसी आज्ञा दी है, अतः वे पक्ष में तीन बार प्रातिमोक्ष की आवृत्ति करने लगे–चतुर्दशी, पूर्णिमा तथा पक्ष की अष्टमी के दिन। भगवान् के सम्मुख यह प्रश्न रखा गया। (भगवान् ने कहा–) भिक्षुओ! पक्ष में तीन बार प्रातिमोक्ष की आवृत्ति नहीं करनी चाहिये। जो करे उसको 'दुष्कृत' दोष हो। अतः **भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ–पक्ष में एक बार (सकृत्) चतुर्दशी या पूर्णिमा को ही प्रातिमोक्ष की आवृत्ति करो।** (६)

उक्त समय षड्वर्गीय भिक्षु परिषदों के अनुसार अपनी अपनी परिषद् बनाकर प्रातिमोक्ष की आवृत्ति करने लगे। भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने कहा–) "भिक्षुओ! परिषद् बनाकर अपनी–अपनी परिषद् के लिये प्रातिमोक्ष की आवृत्ति नहीं करनी चाहिये। जो करे उसको दुष्कृत दो लगेगा। **अतः भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ–सङ्घ को एकत्र (समग्र) होकर उपोसथ कर्म करने की।** (७)

तब भिक्षुओं को यह हुआ–"भगवान् ने एकत्र (समग्र) होकर सङ्घ को उपोसथ कर्म की अनुमति दी है, तो यह समग्रता क्या है, कहाँ तक हम 'समग्रता' समझें? क्या एक भिक्षु–आवास में जितने भिक्षु रहते हों उनकी समग्रता? या समस्त पृथ्वी पर रहने वाले भिक्षुओं की समग्रता? भगवान् के सम्मुख यह प्रश्न रखा गया (भगवान् ने कहा–) "**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ एक वासस्थान में जितने भिक्षु हों उन्हीं को 'समग्र' मानने की।** (८)

३. महाकप्पिनवस्तु

६. उस समय आयुष्मान् महाकप्पिन राजगृह के मद्रकुक्षि नामक मृगदाव (मृगारण्य) में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। तब कभी एकान्त में ध्यानमग्न बैठे आयुष्मान् महाकप्पिन को मन में यह

अथ खो भगवा आयस्मतो महाकप्पिनस्स चेतसा चेतोपरिवितक्कमञ्ञाय—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो समिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं समिञ्जेय्य, एवमेव—गिज्झकूटे पब्बते अन्तरहितो मद्दकुच्छिम्हि मिगदाये आस्मतो महाकप्पिनस्स सम्मुखे पातुरहोसि। निसीदि भगवा पञ्ञत्ते आसने। आयस्मा पि खो महाकप्पिनो भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो आयस्मन्तं महाकप्पिनं भगवा एतदवोच—"ननु ते, कप्पिन, रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि—गच्छेय्यं वाहं उपोसथं न वा गच्छेय्यं, गच्छेय्यं वाहं सङ्घकम्मं न वा गच्छेय्यं, अथ ख्वाहं विसुद्धो परमाय विसुद्धिया" ति ?"एवं, भन्ते।""तुम्हे चे ब्राह्मणा उपोसथं न सक्करिस्सथ न गरुकरिस्सथ न मानेस्सथ न पूजेस्सथ, अथ को चरहि उपोसथं सक्करिस्सति गरुकरिस्सति मानेस्सति पूजेस्सति ? गच्छ त्वं, ब्राह्मण, उपोसथं, मा नो अगमासि। गच्छत्वं सङ्घकम्मं, मा नो अगमासी" ति। "एवं, भन्ते" ति खो आयस्मा महाकप्पिनो भगवतो [B.140] पच्चस्सोसि।

अथ खो भगवा आयस्मन्तं महाकप्पिनं धम्मिया कथाय सन्दस्सेत्वा समादपेत्वा समुत्तेजेत्वा सम्पहंसेत्वा—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो समिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं समिञ्जेय्य, एवमेव—मद्दकुच्छिम्हि मिगदाये आयस्मतो महाकप्पिनस्स पमुखे अन्तरहितो गिज्झकूटे पब्बते पातुरहोसि। [N.109]

४. सीमानुजानना

७. अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि—"भगवता पञ्ञत्तं—'एत्तावता सामग्गी [R.106]

विचार हुआ—"मैं उपोसथ में सम्मिलित होऊँ, या न होऊँ? सङ्घकर्म के लिये जाऊँ या न जाऊँ? क्योंकि मैं तो अब परम विशुद्धि से सम्पन्न हो चुका हूँ।"

तब आयुष्मान् महाकप्पिन के इस चिन्तन को अपने मन से वैसे ही जानकर, जैसे कोई बलवान् पुरुष अपनी पसरी हुई बाँह को सिकोड़ ले, या सिकुड़ी हुई बाहु को पसार दे, इस प्रकार भगवान् गृध्रकूट पर्वत से अन्तर्हित होकर मद्रकुक्षि मृगदाव में आयुष्मान् महाकप्पिन के सम्मुख प्रकट हुए....भगवान् प्रज्ञप्त आसन पर विराजे। आयुष्मान् महाकप्पिन भी भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे आयुष्मान् महाकप्पिन से भगवान् ने पूछा—"क्या कप्पिन एकान्त में ध्यानमग्न बैठे हुए तुम्हारे मन में वस्तुतः यह विचार उठा था कि मैं उपोसथ में....पूर्ववत्....सम्पन्न हो चुका हूँ?" (कप्पिन ने कहा—) "हाँ, भन्ते!"

(भगवान् ने कहा—) (कप्पिन!) यदि तुम्हारे जैसे (प्रतिष्ठित) ब्राह्मण उपोसथ का सत्कार, गौरव, सम्मान एवं पूजा नहीं करेंगे तो फिर कौन उपोसथ का सत्कार.....पूजा करेगा? ब्राह्मण! तुम भी उपोसथ में जाया करो! ऐसा न हो कि तुम न जाओ! सङ्घकर्म में भी सम्मिलित हुआ करो! ऐसा न हो कि तुम उसमें सम्मिलित न होओ।" "अच्छा, भन्ते!" कहकर आयुष्मान् महाकप्पिन ने भगवान् को उत्तर दिया।

तब भगवान् आयुष्मान् महाकप्पिन को धार्मिक कथाओं द्वारा सन्दृष्ट.... सम्प्रहृष्ट कर....मद्रकुक्षि मृगदाव में आयुष्मान् महाकप्पिन के सामने अन्तर्हित होकर पुनः गृध्रकूट पर्वत पर प्रकट हुए।

४. उपोसथ—सीमा की अनुज्ञा

७. तब भिक्षुओ के मन में यह विचार उठा—"भगवान् ने एक आवास में जितने भिक्षु हो

यावता एकावासो' ति, कित्तावता नु खो एकावासो होती'' ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, सीमं सम्मन्नितुं।** एवं च पन, भिक्खवे, सम्मन्नितब्बा—

पठमं निमित्ता कित्तेतब्बा—पब्बतनिमित्तं, पासाणनिमित्तं, वननिमित्तं, रुक्खनिमित्तं, मग्गनिमित्तं, वम्मिकनिमित्तं, नदीनिमित्तं, उदकनिमित्तं। निमित्ते कित्तेत्वा ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—

८. ''सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। यावता समन्ता निमित्ता कित्तिता। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो एतेहि निमित्तेहि सीमं सम्मन्नेय्य समानसंवासं एकुपोसथं। एसा ञत्ति।

''सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। यावता समन्ता निमित्ता कित्तिता। सङ्घो एतेहि निमित्तेहि सीमं सम्मन्नति समानसंवासं एकुपोसथं। यस्सायस्मतो खमति एतेहि निमित्तेहि सीमाय सम्मुति समानसंवासाय एकुपोसथाय, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य। सम्मता सीमा सङ्घेन एतेहि निमित्तेहि समानसंवासा एकुपोसथा। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धारयामी'' ति।

९. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू—भगवता सीमासम्मुति अनुञ्ञाता ति—अतिमहतियो सीमायो सम्मन्नन्ति, चतुयोजनिका पि, पञ्चयोजनिका पि, छयोजनिका पि। भिक्खू उपोसथं आगच्छन्ता उद्दिस्समाने पि पातिमोक्खे आगच्छन्ति, उद्दिट्ठमत्ते पि [B.145] आगच्छन्ति, अन्तरा पि परिवसन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।''**न, भिक्खवे,**

उतनों को 'समग्र' कहा जाय, किन्तु यह एक 'आवास' कितने (भिक्षुओं) का होता है?'' भगवान् के सम्मुख यह प्रश्न रखा गया। (भगवान् ने आज्ञा दी—) ''**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ सीमा का निर्णय करने की।** (९)

''भिक्षुओ! इस सीमा का निर्णय इस प्रकार करना चाहिये— (१) सर्वप्रथम कोई चिह्न, निर्धारित करना चाहिये; जैसे कोई पर्वतचिह्न, शिलाचिह्न, वनचिह्न, विशालवृक्षचिह्न, मार्ग (सड़क) चिह्न, वल्मीक-(दीमकों के बिल की मिट्टी का ढेर) चिह्न, नदीचिह्न, या काई उदक (जलप्रताप आदि) का चिह्न। इन चिह्नों में से कोई चिह्न बताकर चतुर तथा समर्थ भिक्षु सङ्घ को यों सूचित (ज्ञापित) करें—

८. **ज्ञप्ति**— 'भन्ते! सङ्घ मेरी बात सुने। सीमाबोधक चारों तरफ के चिह्न बता दिये गये हैं। यदि सङ्घ उचित समझे तो इन चिह्नों वाली सीमा को एक उपोसथ हेतु एक 'वासस्थान' स्वीकार करे।' यह ज्ञप्ति (सूचना) है।

अनुश्रावण— 'भन्ते! सङ्घ मेरी बात सुने। (सीमाबोधक) जितने चारों तरफ चिह्न बतलाये गये हैं, सङ्घ इन चिह्नों वाली सीमा को एक उपोसथ वाला एक 'वासस्थान' स्वीकार करता है। जिस आयुष्मान् को ऐसी चिह्नित सीमा का एक उपोसथवाला एक 'वासस्थान' मानना उचित लगता हो वह चुप रहे। परन्तु जिसको उचित न लगता हो वह बोले—

धारणा— एक उपोसथ के लिये एक 'आवास' वाली इन चिह्नों से युक्त सीमा से सङ्घ सहमत है। सङ्घ को यह स्वीकार है, इसीलिये चुप है। ऐसी मेरी धारणा है।

९. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु, यह सोचकर कि, भगवान् ने सीमानिर्णय की अनुमति दे दी है, बहुत लम्बी—चार योजन, पाँच योजन या छह योजन तक की सीमाएँ निर्धारित कर देते थे। तब, दूर होने के कारण, भिक्षु प्रातिमोक्ष के लिये चल देने पर भी पाठ के प्रारम्भ होने के बाद पहुँचते थे;

अति महती सीमा सम्मन्नितब्बा, चतुयोजनिका वा पञ्चयोजनिका वा छयोजनिका वा। यो सम्मन्नेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, तियोजनपरमं सीमं सम्मन्नितुं ति।

तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू नदीपारं सीमं सम्मन्नन्ति। उपोसथं आगच्छन्ता भिक्खू पि वुय्हन्ति, पत्ता पि वुय्हन्ति, चीवरानि पि वुय्हन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**न, भिक्खवे, नदीपारसीमा सम्मन्नितब्बा। यो सम्मन्नेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, यत्थस्स धुवनावा वा, धुवसेतु वा, एवरूपं नदीपारं सीमं सम्मन्नितुं**" ति।

५. उपोसथागारकथा

१०. तेन खो पन समयेन भिक्खू अनुपरिवेणियं पातिमोक्खं उद्दिस्सन्ति [R.107] असङ्केतेन आगन्तुका भिक्खू न जानन्ति—'कत्थ वा अज्जुपोसथो करीयिस्सती' ति। [N.110] भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, अनुपरिवेणियं पातिमोक्खं उद्दिसितब्बं असङ्केतेन। यो उद्दिसेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, उपोसथागारं सम्मन्नित्वा उपोसथं कातुं, यं सङ्घो आकङ्खति विहारं वा अड्ढयोगं वा पासादं वा हम्मियं वा गुहं वा।**

एवं च पन, भिक्खवे, सम्मन्नितब्बं। ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—

या अन्त में पहुँचते थे, या फिर दूर होने के कारण बीच में ही रुक जाते थे। भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने कहा—) "**भिक्षुओ! चार, पाँच, छह योजन लम्बी सीमाएँ नहीं रखनी चाहिये। जो रखेगा उसे दुष्कृत दोष लगेगा। अधिक से अधिक तीन योजन की सीमा रखनी चाहिये—ऐसी मैं अनुमति देता हूँ।**" (१०)

उस समय षड्वर्गीय भिक्षु नदी के उस पार तक की सीमा निश्चित कर देते थे। (इस कारण) उपोसथ में सम्मिलित होने के लिये आते हुए भिक्षु या तो स्वयं या उनके पात्र या चीवर नदी में डूब जाते थे। भगवान् को यह बात बतायी गयी। (भगवान् ने कहा—) "**भिक्षुओ! प्रातिमोक्ष उद्देश्य के लिये नदी पार की सीमा नहीं रखनी चाहिये। जो रखेगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा। अतः भिक्षुओ! मैं वहाँ के लिये ही नदी-पार की सीमानिर्धारण की अनुमति देता हूँ जहाँ नदी पर कोई स्थायी दृढ़ पुल बना हो, या नदी-पार आने जाने के लिये किसी नाव का स्थायी प्रबन्ध हो।**" (११)

५. उपोसथागारकथा

१०. उस समय भिक्षु क्रमशः परिवेणों (विशाल आँगनों) में, विना कोई सूचना (सङ्केत) दिये प्रातिमोक्ष का पाठ करने लगे। उस क्षेत्र में नये आने वाले भिक्षु नहीं जान पाते थे कि 'आज कहाँ प्रातिमोक्ष का पाठ होगा?' भगवान् के सामने यह समस्या रखी गयी। (भगवान् ने कहा—) "भिक्षुओ! परिवेणों में विना कोई सूचना दिये प्रातिमोक्ष का पाठ नहीं करना चाहिये। जो करेगा उसको दुष्कृत दोष लगेगा। अतः **भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ— विहार, अटारी (हवेली), प्रासाद (महल) हर्म्य या गुफा—इनमें से जिस किसी को सङ्घ चाहे, उपोसथागार के लिये सम्मति लेकर उसमें उपोसथ करने की।** (१२)

"भिक्षुओ! यह सम्मति इस तरह लेनी चाहिये—वहाँ कोई चतुर एवं समर्थ भिक्षु सङ्घ को ज्ञापित (सूचित) करे—

"सुणातु मे, भन्ते सङ्घो। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो इत्थन्नामं विहारं उपोसथागारं सम्मन्नेय्य। एसा ञत्ति।

"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। सङ्घो इत्थन्नामं विहारं उपोसथागारं सम्मन्निति। यस्सायस्मतो खमति इत्थन्नामस्स विहारस्स उपोसथागारस्स सम्मुति, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य। सम्मतो सङ्घेन इत्थन्नामो विहारो उपोसथागारं। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धारयामी" ति।

तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्मिं आवासे द्वे उपोसथागारानि सम्मतानि होन्ति। भिक्खू उभयत्थ सन्निपतन्ति—इध उपोसथो करीयिस्सति, इध उपोसथो करीयिस्सती ति। [B.146] भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, एकस्मिं आवासे द्वे उपोसथागारानि सम्मन्नितब्बानि। यो सम्मन्नेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, एकं समूहनित्वा एकत्थ उपोसथं कातुं।**

"एवं च पन, भिक्खवे, समूहन्तब्बं। ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—

"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो इत्थन्नामं उपोसथागारं समूहनेय्य। एसा ञत्ति।

"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। सङ्घो इत्थन्नामं उपोसथागारं समूहनति। यस्सायस्मतो खमति इत्थन्नामस्स उपोसथागारस्स समुग्घातो, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य।

"समूहतं सङ्घेन इत्थन्नामं उपोसथागारं। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धायामी" ति।

ज्ञप्ति— 'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने—यदि सङ्घ उचित समझे तो इस नाम वाले विहार को उपोसथागार घोषित करे।—यह ज्ञप्ति है।

अनुश्रावण— भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। सङ्घ इस नाम वाले विहार को उपोसथागार घोषित करता है। जिस आयुष्मान् को इस नाम वाले विहार का उपोसथागार घोषित करना अनुकूल प्रतीत हो रहा हो, वह चुप रहे। जिसे अनुकूल प्रतीत न हो रहा हो वह बोले।

धारणा— सङ्घ को इस नाम वाले विहार का उपोसथागार घोषित करना अनुकूल है, अतः चुप हैं— मैं ऐसा समझता हूँ।'

उस समय एक ही आवास (भिक्षुविहार) में दो उपोसथागार घोषित कर दिये जाते थे। भिक्षु दोनों स्थानों पर एकत्र हाते थे कि यहाँ उपोसथ करेंगे और यहाँ भी। भगवान् के सम्मुख यह बात रखी गयी। (भगवान् ने कहा—) "**भिक्षुओ! एक ही आवास में दो उपोसथागार नहीं घोषित किये जाने चाहिये। जो घोषित करे उसे 'दुष्कृत' दोष हो। अतः भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ उनमें से एक उपोसथागार के त्याग की।**" (१३)

और, भिक्षुओ! उनमें से एक उपोसथागार के त्याग की विधि यह है— चतुर या समर्थ कोई भिक्षु सङ्घ को सूचित करे—

ज्ञप्ति— भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। यदि सङ्घ उचित समझे तो इस नाम वाले उपोसथागार को त्याग दे। यह ज्ञप्ति है।

अनुश्रावण— भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। सङ्घ इस नाम वाले उपोसथागार को त्यागता है। जिस आयुष्मान् को यह त्याग अनुकूल हो वह चुप रहे। जिसको अनुकूल न हो वह बोले।

६. उपोसथप्पमुखानुजानना

११. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्मिं आवासे अतिखुद्दकं उपोसथागारं सम्मतं होति। तदहुपोसथे महाभिक्खुसङ्घो सन्निपतितो होति। भिक्खु असम्मताय भूमिया निसिन्ना पातिमोक्खं अस्सोसुं। अथ खो तेसं भिक्खूनं एतदहोसि—"भगवता पञ्ञत्तं—'उपोसथागारं सम्मन्नित्वा उपोसथो कातब्बो' ति। मयं चम्हा असम्मताय भूमिया निसिन्ना [R.108] पातिमोक्खं अस्सुम्हा। कतो नु खो अम्हाकं उपोसथो, अकतो नु खो" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **सम्मताय वा, भिक्खवे, भूमिया निसिन्नो असम्मताय वा, यतो पातिमोक्खं सुणाति कतो वस्स उपोसथो। तेन हि, भिक्खवे, सङ्घो याव महन्तं उपोसथप्पमुखं आकङ्खति तावमहन्तं उपोसथप्पमुखं सम्मन्नतु।** एवं च पन, भिक्खवे, सम्मन्नितब्बं। पठमं निमित्ता कित्तेतब्बा। निमित्ते कित्तेत्वा ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन [N.111] सङ्घो ञापेतब्बो—

"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। यावता समन्ता निमित्ता कित्तिता। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो एतेहि निमित्तेहि उपोसथप्पमुखं सम्मन्नेय्य। एसा ञत्ति।

सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। यावता समन्ता निमित्ता कित्तिता। सङ्घो एतेहि निमित्तेहि उपोसथप्पमुखं सम्मन्नति। यस्सायस्मतो खमति एतेहि निमित्तेहि उपोसथप्पमुखस्स [B.147] सम्मुत्ति, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य।

सम्मतं सङ्घेन एतेहि निमित्तेहि उपोसथप्पमुखं। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धारयामी" ति।

धारणा— मैं समझता हूँ कि इस नाम वाले उपोसथागार का सङ्घ ने त्याग कर दिया है, इसीलिये चुप है—ऐसी मेरी धारणा है।

६. उपोसथ के प्रमुख (स्थान) के लिये अनुज्ञा

११. उस समय, किसी आवास में बहुत छोटा उपोसथागार घोषित किया जाता था। उपोसथ के दिन बहुत अधिक भिक्षु एकत्र हो जाते थे। तो कुछ भिक्षु असम्मत स्थान में बैठकर भी प्रातिमोक्ष का पाठ सुनते थे। तब उन भिक्षुओं को यह विचार हुआ—"भगवान् का आदेश है कि उपोसथागार की सम्मति लेकर ही उसमें उपोसथ करना चाहिये। जबकि हमने असम्मत भूमि में बैठकर प्रातिमोक्ष का पाठ सुना। क्या हमारा यह उपोसथ शुद्ध (उचित) हुआ या अशुद्ध?" भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने कहा—) "**भिक्षुओ! उपोसथागार में सम्मत या असम्मत किसी भी भूमि में बैठकर प्रातिमोक्ष का पाठ पुण्यफलप्रद ही होता है। परन्तु, भिक्षुओ! सङ्घ जितना लम्बा चौड़ा स्थान (बरामदा) उपोसथ के लिये चाहता है उतना स्थान (बरामदा=लम्बा स्थान) पहले से ही निश्चित कर लेना चाहिये।** (१४)

स्थान—निश्चय की विधि यह है—वहाँ पहले चिह्नों को घोषित करना चाहिये। इन चिह्नों को घोषित कर चतुर एवं समर्थ भिक्षु सङ्घ को सूचित करे—

ज्ञप्ति—'भन्ते! सङ्घ मेरी बात सुने। चारों ओर जिन चिह्नों की सीमा बतायी गयी है उन चिह्नों से अङ्कित स्थान को सङ्घ यदि उपोसथ के योग्य समझे तो उसे वैसा घोषित करे। यह सूचना है।

अनुश्रावण— 'भन्ते! सङ्घ मेरी बात सुने। चारों ओर जिन चिह्नों की सीमा बतायी गयी है उन चिह्नों से अङ्कित स्थान को सङ्घ उपोसथ के उपयुक्त घोषित करता है। यह....घोषणा जिसको उचित लगे वह चुप रहे। जिसको उचित न लगे वह बोले।

तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्मिं आवासे तदहुपोसथे नवका भिक्खू पठमतरं सन्निपतित्वा—न ताव थेरा आगच्छन्ती ति—पक्कमिंसु। उपोसथो विकाले अहोसि। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**अनुजानामि, भिक्खवे, तदहुपोसथे थेरेहि भिक्खूहि पठमतरं सन्निपतितुं**" ति।

तेन खो पन समयेन राजगहे सम्बहुला आवासा समानसीमा होन्ति। तत्थ भिक्खू विवदन्ति—'अम्हाकं आवासे उपोसथो करीयतु, अम्हाकं आवासे उपोसथो करीयतू' ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "इध पन, भिक्खवे, सम्बहुला आवासा समानसीमा होन्ति। तत्थ भिक्खू विवदन्ति—'अम्हाकं आवासे उपोसथो करीयतु', 'अम्हाकं आवासे उपोसथो करीयतू' ति। **तेहि, भिक्खवे, भिक्खूहि सब्बेहेव एकज्झं सन्निपतित्वा उपोसथो कातब्बो। यत्थ वा पन थेरो भिक्खु विहरति, तत्थ सन्निपतित्वा उपोसथो कातब्बो, न त्वेव वग्गेन सङ्घेन उपोसथो कातब्बो। यो करेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा**" ति।

७. अविप्पवाससीमानुजानना

[R.109] १२. तेन खो पन समयेन आस्मा महाकस्सपो अन्धकविन्दा राजगहं उपोसथं आगच्छन्तो अन्तरामग्गे नदिं तरन्तो मनं वूळ्हो अहोसि, चीवरानिस्स अल्लानि। भिक्खू आयस्मन्तं महाकस्सपं एतदवोचुं—"किस्स ते, आवुसो, चीवरानि अल्लानी" ति? "इधाहं, आवुसो, अन्धकविन्दा राजगहं उपोसथं आगच्छन्तो अन्तरामग्गे नदिं तरन्तो मनम्हि वूळ्हो। तेन मे चीवरानि अल्लानी" ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**या सा, भिक्खवे, सङ्घेन**

धारणा— 'इन चिह्नों से युक्त स्थान को उपोसथ के लिये उपयुक्त घोषित करना सङ्घ को स्वीकार है, अतः चुप है—ऐसी मेरी धारणा है।' "

उस समय किसी एक आवास में, उपोसथ के दिन नये भिक्षु पहले आ गये वे पुराने (स्थविर) भिक्षुओं की कुछ समय प्रतीक्षा कर, पुनः अपने आवास में लौट गये। यों उपोसथ विकाल (अनुचित समय) में हुआ। भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् का आदेश हुआ—) "**भिक्षुओ! आदेश देता हूँ कि उपोसथ में स्थविर भिक्षु पहले से उपस्थित रहा करें।** (१५)

उस समय राजगृह में बहुत से आवासों की एक सीमा थी, जिसके लिये भिक्षु विवाद करते थे कि हमारे आवास में ही उपोसथ किया जाय। भगवान् के सामने यह विवाद रखा गया। (भगवान् ने निर्णय दिया—) "**यदि, भिक्षुओ! बहुत से आवासों की एक सीमा हो, जिससे भिक्षु—'हमारे आवास में ही उपोसथ किया जाय'—यह विवाद करने लगे तो भिक्षुओ! उन सभी भिक्षुओं को एक स्थान पर एकत्र हो उपोसथ करना चाहिये। अथवा जहाँ स्थविर भिक्षु रहते हों वहाँ एकत्र होकर उपोसथ करना चाहिये। पृथक् पृथक् समूह में सङ्घ को उपोसथ नहीं करना चाहिये। जो करे उसको 'दुष्कृत' दोष लगे।** (१६)

७. अविप्रवाससीमानुज्ञा

१२. उस समय आयुष्मान् महाकाश्यप उपोसथ के लिये अन्धकविन्द से राजगृह आते हुए, रास्ते में नदी—पार करते समय फिसल गये, जिससे उनके चीवर गीले हो गये। भिक्षुओं ने आयुष्मान् महाकाश्यप से पूछा—"भन्ते! आप के ये चीवर क्यों गीले हो गये?" "आयुष्मानो! मैं उपोसथ के लिये अन्धकविन्द से राजगृह आ रहा था। नदी—पार करते समय मैं उसमें फिसल गया। इसी कारण मेरे ये चीवर गीले हो गये।" भिक्षुओं ने भगवान् को यह घटना बतायी। (भगवान् ने कहा—) "**भिक्षुओ!**

सीमा सम्मता समानसंवासा एकुपोसथा, सङ्घो तं सीमं तिचीवरेन अविप्पवासं सम्मन्नतु। एवं च पन, भिक्खवे, सम्मन्नितब्बा। ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—

"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। या सा सङ्घेन सीमा सम्मता समानसंवासा [B.148] एकुपोसथा, यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं सङ्घो तं सीमं तिचीवरेन अविप्पवासं सम्मन्नेय्य। एसा ञत्ति।

सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। या सा सङ्घेन सीमा सम्मता समानसंवासा एकुपोसथा, सङ्घो तं सीमं तिचीवरेन अविप्पवासं सम्मन्नति। यस्सायस्मतो खमति एतिस्सा [N.112] सीमाय तिचीवरेन अविप्पवासाय सम्मुति, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य। सम्मता सा सीमा सङ्घेन तिचीवरेन अविप्पवासा। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धारयामी" ति।

तेन खो पन समयेन भिक्खू 'भगवता तिचीवरेन अविप्पवाससम्मुति अनुञ्ञाता' ति अन्तरघरे चीवरानि निक्खिपन्ति। तानि चीवरानि नस्सन्ति पि डय्हन्ति पि उन्दुरेहि पि खज्जन्ति। भिक्खू दुच्चोळा होन्ति लूखचीवरा। भिक्खू एवमाहंसु—"किस्स तुम्हे, आवुसो, दुच्चोळा लूखचीवरा" ति? "इध मयं, आवुसो, भगवता तिचीवरेन अविप्पवाससम्मुति अनुञ्ञाता ति अन्तरघरे चीवरानि निक्खिपिम्हा। तानि चीवरानि नट्ठानि पि दड्ढानि पि, उन्दुरेहि पि खायितानि, तेन मयं दुच्चोळा लूखचीवरा" ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।

एक उपोसथ वाले एक वासस्थान की जो सीमा सङ्घ ने घोषित की है, सङ्घ उस सीमा को तीन चीवरों का नियम न रखकर घोषित करे। (१७)

भिक्षुओ! यह घोषणा इस प्रकार करें— चतुर एवं समर्थ भिक्षु द्वारा सङ्घ ज्ञापित किया जाना चाहिये—

ज्ञप्ति— 'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। यह जो सङ्घ ने एक उपोसथ वाले एक निवासस्थान की सीमा घोषित की है, यदि सङ्घ उचित समझे तो वह उस सीमा को तीन चीवर का नियम न रखकर घोषित करे। यह ज्ञप्ति है।

अनुश्रावण— 'भन्ते! सङ्घ ....तीन चीवर का नियम न रखकर घोषित करता है। जिसको ....वह चुप रहे।

धारणा— 'सङ्घ को उस सीमा को तीन चीवर का नियम न रख कर घोषित करना स्वीकार है। इसी लिये सङ्घ चुप है— ऐसी मेरी धारणा है।' "

उस समय कुछ भिक्षु यह सोचकर कि भगवान् ने तीन चीवर के नियम का न होना घोषित कर दिया है, तो वे अपने चीवरों को गृहस्थो के घर मे छोड़ आते थे जहाँ वे चीवर खो भी जाते थे, या उन्हें चूहे भी काट देते थे। तब भिक्षुओं के पास चीवर रह ही नहीं जाते थे, या फिर चूहों द्वारा कटे–फटे होते थे। जब दूसरे भिक्षु उनसे इस विषय में पूछते कि आयुष्मानो! आप लोग कम या रूखे चीवरों वाले क्यों हैं? तो उनका उत्तर यह होता था—

"आयुष्मानो! हमने सोचा कि भगवान् ने तीन चीवर वाला नियम शिथिल कर दिया है, अतः हम अपने चीवर गृहस्थों के घर छोड़ जाते थे। वहाँ वे चीवर या तो खो गये, या जल गये या फिर चूहो ने खा डाले। यों, हम कम या रूखे चीवरों वाले हो गये।"

भगवान् को यह बात स्थविर भिक्षुओं द्वारा बतायी गयी। (भगवान् बोले) "**भिक्षुओ! सङ्घ**

"या सा, भिक्खवे, सङ्घेन सीमा सम्मता समानसंवासा एकुपोसथा, सङ्घो तं सीमं तिचीवरेन अविप्पवासं सम्मन्नतु, ठपेत्वा गामं च गामूपचारं च। एवं च पन, भिक्खवे, सम्मन्नितब्बा। ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—

१३. "सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। या सा सङ्घेन सीमा सम्मता समानसंवासा एकुपोसथा, यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो तं सीमं तिचीवरेन अविप्पवासं सम्मन्नेय्य, ठपेत्वा गामं च गामूपचारं च। एसा ञत्ति।

[R.110] सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। या सा सङ्घेन सीमा सम्मता समानसंवासा एकुपोसथा, [B.149] सङ्घो तं सीमं तिचीवरेन अविप्पवासं सम्मन्नति, ठपेत्वा गामं च गामूपचारं च। यस्सायस्मतो खमति एतिस्सा सीमाय तिचीवरेन अविप्पवासाय सम्मुति, ठपेत्वा गामं च गामूपचारं च, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य।

सम्मता सा सीमा सङ्घेन तिचीवरेन अविप्पवासा, ठपेत्वा गामं च गामूपचारं च। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धारयामी" ति।

८. सीमासमूहननं

१४. "सीमं, भिक्खवे, सम्मन्नन्तेन पठमं समानसंवाससीमा सम्मन्नितब्बा, पच्छा तिचीवरेन अविप्पवासो सम्मन्नितब्बो। सीमं, भिक्खवे, समूहनन्तेन पठमं तिचीवरेन अविप्पवासो समूहन्तब्बो, पच्छा समानसंवाससीमा समूहन्तब्बा।

एवं च पन, भिक्खवे, तिचीवरेन अविप्पवासो समूहन्तब्बो।

ने जो यह एक उपोसथ वाले एक वासस्थान की सीमा घोषित की है, सङ्घ उस सीमा को ग्राम या ग्राम के किसी मोहल्ले को अपवाद बनाकर ही तीन चीवर का नियम न होने की घोषणा करे। (१८)

भिक्षुओ! यह घोषणा इस प्रकार करनी चाहिये। कोई चतुर तथा समर्थ भिक्षु सङ्घ को यों सूचित करे—

१३. **ज्ञप्ति**— 'भन्ते! सङ्घ मेरी बात सुने। सङ्घ ने जो एक उपोसथ वाले एक वासस्थान की सीमा निर्धारित की है, यदि सङ्घ उचित समझे तो गाँव या गाँव के किसी मोहल्ले को अपवाद मानकर ही उस सीमा को तीन चीवर के नियम–बन्धन से मुक्त करने की घोषणा करे—यह सूचना है।

अनुश्रावण— 'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने—सङ्घ ने जो....नियम–बन्धन से मुक्त करने की घोषणा की है, जिसे यह घोषणा उचित लग रही हो, वह चुप रहे। जिसे उचित न लग रही हो, वह बोले।

धारणा— 'सङ्घ को अमुक गाँव या गाँव के अमुक मोहल्ले को अपवाद मान कर ही उस सीमा को तीन चीवर के नियम–बन्धन से मुक्त करना स्वीकार है, अतः चुप है—ऐसी मेरी धारणा है।' "

८. सीमा का समूहनन (त्याग)

१४. भिक्षुओ! सीमा की घोषणा करते समय, पहले एक निवास की सीमा की घोषणा करनी चाहिये, फिर तीन चीवर का नियम न रहने की घोषणा करनी चाहिये। और इसी तरह, भिक्षुओ! सीमा के त्याग की घोषणा करते समय पहले तीन चीवर का नियम न रहने का त्याग करना चाहिये, तब फिर एक निवासस्थान की सीमा के त्याग की घोषणा करनी चाहिये। (१९)

"भिक्षुओ! तीन चीवर का नियम न रहने को इस प्रकार त्यागना चाहिये। कोई चतुर एवं समर्थ भिक्षु सङ्घ को यों सूचित करे—

ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। यो सो सङ्घेन तिचीवरेन अविप्पवासो सम्मतो, यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो तं तिचीवरेन अविप्पवासं समूहनेय्य। एसा ञत्ति।

सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। यो सो सङ्घेन तिचीवरेन अविप्पवासो सम्मतो, सङ्घो तं तिचीवरेन अविप्पवासं समूहनति। यस्सायस्मतो खमति एतस्स तिचीवरेन अविप्पवासस्स समुग्घातो, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य।

समूहतो सो सङ्घेन तिचीवरेन अविप्पवासो। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धारयामी" ति।

१५. एवं च पन, भिक्खवे, सीमा समूहन्तब्बा। [N.113]

ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। या सा सङ्घेन सीमा सम्मता समानसंवासा एकुपोसथा, यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो तं सीमं समूहनेय्य समानसंवासं एकुपोसथं। एसा ञत्ति।

सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। या सा सङ्घेन सीमा सम्मता समानसंवासा एकुपोसथा, सङ्घो तं सीमं समूहनति समानसंवासं एकुपोसथं। यस्सायस्मतो खमति एतिस्सा सीमाय समानसंवासाय एकुपोसथाय समुग्घातो, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य। समूहता सा सीमा सङ्घेन समानसंवासा एकुपोसथा। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धारयामी" ति।

९. गामसीमादि

१६. "असम्मताय, भिक्खवे, सीमाय अट्ठपिताय, यं गामं वा निगमं वा [B.150] उपनिस्साय विहरति, या तस्स वा गामस्स गामसीमा, निगमस्स वा निगमसीमा, [R.111]

ज्ञप्ति— "भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। जो वह सङ्घ ने तीन चीवर के नियम के न रहने की घोषणा की थी, यदि सङ्घ उचित समझे तो उसे त्याग दे।' यह सूचना है।

अनुश्रावण— 'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। जो वह सङ्घ ने तीन चीवर का नियम न रहने की घोषणा की थी सङ्घ उसे त्यागता है। जिस आयुष्मान् को यह तीन चीवरों के नियम न रहने का त्याग स्वीकार है वह चुप रहे। जिसे स्वीकार न हो वह बोले।'

धारणा— सङ्घ को....त्याग स्वीकार है अतः चुप है। इस मौन से ऐसा समझा जाता है।

१५. "और इस तरह तब भिक्षुओ! सीमा का त्याग करना चाहिये— चतुर एवं समर्थ भिक्षु सङ्घ को सूचित करे—

ज्ञप्ति— 'सङ्घ मेरा निवेदन सुने। जो यह सङ्घ ने एक उपोसथ के लिये एक वासस्थान की सीमा की घोषणा की थी, यदि सङ्घ उचित समझे तो उस.....सीमा का त्याग कर दे। यह ज्ञप्ति है।

अनुश्रावण— 'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। सङ्घ ने जो वह एक उपोसथ के लिये एक वासस्थान की सीमा की घोषणा की थी, सङ्घ उस सीमा का त्याग करता है। जिस आयुष्मान् को....वह बोले।'

धारणा— 'संङ्घ ने उस....सीमा को त्याग दिया। सङ्घ को यह रुचिकर है इसीलिये चुप है— ऐसी मेरी धारणा है।' "

९. ग्रामसीमादि

१६. भिक्षुओ! सङ्घ द्वारा सीमा के असम्मत एवं अस्थापित होने पर, भिक्षु (क) जिस ग्राम या निगम का सहारा लेकर साधना कर रहा हो वही उसकी ग्राम की ग्रामसीमा या निगम की

अयं तत्थ सामनसंवासा एकुपोसथा। सब्बा, भिक्खवे, नदी असीमा; सब्बो समुद्दो असीमो; सब्बो जातस्सरो असीमो। नदिया वा, भिक्खवे, समुद्दे वा जातस्सरे वा यं मज्झिमस्स पुरिसस्स समन्ता उदकुक्खेपा, अयं तत्थ समानसंवासा एकुपोसथा ति।

१७. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू सीमाय सीमं सम्भिन्दन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "येसं, भिक्खवे, सीमा पठमं सम्मता तेसं तं कम्मं धम्मिकं अकुप्पं ठानारहं। येसं, भिक्खवे, सीमा पच्छा सम्मता तेसं तं कम्मं अधम्मिकं कुप्पं अट्ठानारहं। **न, भिक्खवे, सीमाय सीमा सम्भिन्दितब्बा। यो सम्भिन्देय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू सीमाय सीमं अज्झोत्थरन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "येसं, भिक्खवे, सीमा पठमं सम्मता तेसं तं कम्मं धम्मिकं अकुप्पं ठानारहं। येसं, भिक्खवे, सीमा पच्छा सम्मता तेसं तं कम्मं अधम्मिकं कुप्पं अट्ठानारहं। **न, भिक्खवे, सीमाय सीमा अज्झोत्थरितब्बा। यो अज्झोत्थरेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति। **अनुजानामि, भिक्खवे, सीमं सम्मन्नन्तेन सीमन्तरिकं ठपेत्वा सीमं सम्मन्नितुं"** ति।

१०. उपोसथभेदादि

१८. अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि— "कति नु खो उपोसथा" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**द्वेमे, भिक्खवे, उपोसथा—चातुद्दसिको च पन्नरसिको च। इमे, खो, भिक्खवे, द्वे उपोसथा"** ति।

निगमसीमा है। वही एक उपोसथवाला एकवासस्थान है। (ख) ग्राम में न रहकर अरण्य में रहने वाले के लिये, अरण्य के चारों ओर जो सात अवकाश हैं वे ही वहाँ एक उपोसथ के लिये एक आवास की सीमा है। (ग) भिक्षुओ! सभी नदियाँ असीम हैं, सभी समुद्र असीम हैं, सभी स्वाभाविक सरोवर (झील) असीम हैं। भिक्षुओ! नदी, समुद्र या झील में मध्यम (न अधिक छोटा न अधिक बड़ा) पुरुष के चारों तरफ जो जल का घिराव होता है वही वहाँ एक उपोसथ के लिये एक आवास की सीमा है। (२०)

१७. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु सीमा के अन्दर (एक अन्य) सीमा का आरोप कर देते थे। भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने कहा—) "भिक्षुओ! जिनकी सीमा पहले घोषित की गयी है उनका कार्य धर्मानुकूल, स्थिर एवं यथार्थ है। तथा जिनकी सीमा बाद में (पश्चात्) निर्धारित की गयी है उनका वह कार्य धर्मप्रतिकूल, अस्थिर एवं अयथार्थ है। अतः **भिक्षुओ! सीमा में सीमा आरोपित नहीं करनी चाहिये। जो करे उसे दुष्कृत दोष होगा।** (२१)

उस समय षड्वर्गीय भिक्षु अपनी सीमा को दूसरों की सीमा के अन्दर तक बढ़ाकर घोषित कर देते थे। भगवान् को उनके इस कर्म की सूचना दी गयी। (भगवान् निर्णय दिया—) "भिक्षुओ! जिनकी सीमा पहले घोषित हुई है उसके अनुसार उनके द्वारा किया गया कार्य ही धार्मिक, स्थिर एवं यथार्थ है। तथा जिनकी सीमा बाद में घोषित हुई है, तदनुसार कृत कार्य धर्मप्रतिकूल, अस्थिर एवं अयथार्थ होता है। अतः **भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ—सीमा बनाते समय दोनों सीमाओं के मध्य कुछ अन्तर रख कर ही सीमा के निर्धारण करो।"** (२२)

१०. उपोसथभेद आदि

१८. तब भिक्षुओं को यह विचार हुआ—"उपोसथ कितने हैं?" भगवान् से यह बात पूछी गयी। "**भिक्षुओ! उपोसथ दो होते हैं— (१) चतुर्दशी का एवं (२) पञ्चदशी (पूर्णिमा) का। भिक्षुओ! ये दो उपोसथ हैं।** (२३)

अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि—"कति नु खो उपोसथकम्मानी" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।

"चत्तारिमानि, भिक्खवे, उपोसथकम्मानि—१. अधम्मेन वग्गं उपोसथकम्मं, अधम्मेन समग्गं उपोसथकम्मं, ३. धम्मेन वग्गं उपोसथकम्मं, ४. धम्मेन समग्गं [N.114] उपोसथकम्मं ति। तत्र, भिक्खवे, यदिदं अधम्मेन वग्गं उपोसथकम्मं, न, भिक्खवे, [B.151] एवरूपं उपोसथकम्मं, कातब्बं। न च मया एवरूपं उपोसथकम्मं अनुञ्ञातं। तत्र, भिक्खवे, यदिदं अधम्मेन समग्गं उपोसथकम्मं, न, भिक्खवे, एवरूपं उपोसथकम्मं कातब्बं। [R.112] न च मया एवरूपं उपोसथकम्मं अनुञ्ञातं। तत्र, भिक्खवे, यदिदं धम्मेन समग्गं उपोसथकम्मं, एवरूपं, भिक्खवे, उपोसथकम्मं कातब्बं, एवरूपं च मया उपोसथकम्मं अनुञ्ञातं। तस्मातिह, **भिक्खवे, 'एवरूपं उपोसथकम्मं करिस्साम यदिदं धम्मेन समग्गं' ति—एवञ्हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं**" ति।

११. सङ्खित्तेन पातिमोक्खुद्देसादि

१९. अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि—"कति नु खो पातिमोक्खुद्देसा" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**पञ्चिमे, भिक्खवे, पातिमोक्खुद्देसा—१. निदानं उद्दिसित्वा अवसेसं सुतेन सावेतब्बं। अयं पठमो पातिमोक्खुद्देसो। २. निदानं उद्दिसित्वा चत्तारि पाराजिकानि उद्दिसित्वा अवसेसं सुतेन सावेतब्बं। अयं दुतियो पातिमोक्खुद्देसो। ३. निदानं उद्दिसित्वा चत्तारि पाराजिकानि उद्दिसित्वा तेरस सङ्घादिसेसे उद्दिसित्वा अवसेसं**

तब भिक्षुओं को उपोसथ कर्मों के विषय में चिन्ता हुई कि "उपोसथकर्म कितने हैं?" भगवान् से यह बात पूछी गयी। (भगवान् ने उत्तर दिया—) "**भिक्षुओ! ये चार उपोसथकर्म हैं—**

(१) सङ्घ के कुछ भाग का धर्म(नियम)विरुद्ध उपोसथकर्म;

(२) समग्र सङ्घ का धर्म(नियम)विरुद्ध उपोसथ कर्म;

(३) सङ्घ के कुछ भाग का धर्मानुकूल उपोसथ कर्म; तथा

(४) समग्र सङ्घ का धर्मानुकूल उपोसथ कर्म।

(१) भिक्षुओ! सङ्घ के कुछ भाग का इनमें जो यह प्रथम धर्मविरुद्ध उपोसथ कर्म है, भिक्षुओं को ऐसा उपोसथ कर्म नहीं करना चाहिये; क्योंकि मैंने ऐसे उपोसथ कर्म की अनुमति नहीं दी है। (२) और भिक्षुओ! समग्र सङ्घ द्वारा कृत धर्माविरुद्ध उपोसथ कर्म भी निषिद्ध है; क्योकि इसकी अनुमति भी मैंने नहीं दी है। (३) और भिक्षुओ! सङ्घ के कुछ भाग द्वारा कृत धर्मानुकूल उपोसथकर्म भी नियमविरुद्ध ही समझो; क्योंकि इसकी अनुमति भी मैंने नहीं दी है। तथा (४) भिक्षुओ! जो समग्र सङ्घ द्वारा कृत धर्मानुकूल उपोसथकर्म है, वही करना चाहिये; क्योंकि इसकी अनुमति मैंने दी है।

अतः **भिक्षुओ! तुम्हें 'यह धर्मानुकूल समग्र सङ्घ का उपोसथकर्म ही करूँगा'—ऐसा सीखना चाहिये।** (२४)

११. संक्षेप में प्रातिमोक्षपाठ आदि

१९. तब भिक्षुओं के मन में विचार आया—"प्रातिमोक्ष के कितने पाठ हैं?" भगवान् से यह पूछा गया। (भगवान् ने कहा—)

"भिक्षुओ! प्रातिमोक्ष की पाँच पाठ–विधि है— (१) निदान का पाठ कर अवशिष्ट को सुने के अनुसार सुनाना चाहिये—यह प्रथम प्रातिमोक्ष–पाठ है। (२) निदान तथा पाराजिक का पाठ कर अवशिष्ट को सुने के अनुसार सुनाना चाहिये। यह द्वितीय प्रातिमोक्ष–पाठ विधि है। (३) निदान,

सुतेन सावेतब्बं। अयं ततियो पातिमोक्खुद्देसो। ४. निदानं उद्दिसित्वा चत्तारि पाराजिकानि उद्दिसित्वा तेरस सङ्घादिसेसे उद्दिसित्वा द्वे अनियते उद्दिसित्वा अवसेसं सुतेन सावेतब्बं। अयं चतुत्थो पातिमोक्खुद्देसो। वित्थारेनेव पञ्चमो। इमे खो, भिक्खवे, पञ्च पातिमोक्खुद्देसा ति।

तेन खो पन समयेन भिक्खू—भगवता सङ्खित्तेन पातिमोक्खुद्देसो अनुञ्ञातो' ति—सब्बकालं सङ्खित्तेन पातिमोक्खं उद्दिसन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, सङ्खित्तेन पातिमोक्खं उद्दिसितब्बं। यो उद्दिसेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

[B.152] तेन खो पन समयेन कोसलेसु जनपदे अञ्ञतरस्मिं आवासे तदहुपोसथे सवरभयं अहोसि। भिक्खू नासक्खिसु वित्थारेन पातिमोक्खं उद्दिसितुं। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **"अनुजानामि, भिक्खवे, सति अन्तराये सङ्खित्तेन पातिमोक्खं उद्दिसितुं"** ति।

तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू असति पि अन्तराये सङ्खित्तेन पातिमोक्खं उद्दिसन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "न, भिक्खवे, असति अन्तराये सङ्खित्तेन पातिमोक्खं उद्दिसितब्बं। यो उद्दिसेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। **अनुजानामि, भिक्खवे, सति अन्तराये सङ्खित्तेन पातिमोक्खं उद्दिसितुं।** तत्रिमे अन्तराया—१. राजन्तरायो, २. चोरन्तरायो, ३. अग्यन्तरायो, ४. उदकन्तरायो, ५. मनुस्सन्तरायो, ६. अमनुस्सन्तरायो, ७. बाळन्तरायो, ८. [R.113] सरीसपन्तरायो, ९. जीवितन्तरायो, १०. ब्रह्मचरियन्तरायो ति। **अनुजानामि,**

पाराजिक तथा तेरह सङ्घादिशेष का पाठ करके अवशिष्ट को सुने के.....। यह तृतीय प्रातिमोक्ष-पाठविधि है। (४) निदान, पाराजिक तेरह सङ्घादिशेष एवं दो अनियतों का पाठ करके अवशिष्ट को....। यह चतुर्थ प्रातिमोक्ष-पाठविधि है। (५) और पाँचवीं विधि है—प्रातिमोक्ष का विस्तार से पाठ। भिक्षुओ! ये पाँच प्रातिमोक्ष-पाठविधियाँ हैं। (२५)

उस समय भिक्षु—'भगवान् से संक्षेप में प्रातिमोक्ष का पाठ करने का आदेश दे रखा है'—ऐसा सोचकर सर्वदा संक्षेप में ही प्रातिमोक्ष का पाठ किया करते थे। भगवान् को यह बात बतायी गयी। (भगवान् ने आदेश दिया—) **"भिक्षुओ! प्रातिमोक्ष का पाठ (सर्वदा) संक्षेप में ही नहीं करना चाहिये। जो करेगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा।** (२६)

उस समय कोसल प्रदेश के किसी भिक्षु आवास में उपोसथ के दिन शबरों (किरातों=भीलों) के आक्रमण का भय उपस्थित हो गया था। इसलिये वहाँ भिक्षुओं द्वारा विस्तार से प्रातिमोक्ष का पाठ नहीं हो पाया। भगवान् को यह कारण बताया गया। (भगवान् ने आदेश दिया—) **"भिक्षुओ! किसी विघ्न के उपस्थित होने पर संक्षेप में भी प्रातिमोक्षपाठ की अनुमति देता हूँ।** (२७)

उस समय षड्वर्गीय भिक्षु कोई विघ्न का कारण उपस्थित न होने पर भी, प्रातिमोक्ष का पाठ संक्षेप में ही करने लगे। भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने आदेश दिया—) **"भिक्षुओ! कोई विघ्न का कारण न होने पर, प्रातिमोक्ष-पाठ संक्षेप में नहीं करना चाहिये। जो करेगा उसे दुष्कृत दोष लगेगा। अतः कोई विघ्न उपस्थित होने पर ही प्रातिमोक्ष का पाठ संक्षेप में करना चाहिये।** ये दश विघ्न कारण हैं— १. राजा द्वारा उपस्थित की गयी बाधा, २. चौरों द्वारा उपस्थित की गयी बाधा, ३. अग्नि द्वारा...., ४. जल द्वारा....५. मनुष्यों द्वारा...., ६. अमनुष्यों (भूत-प्रेत, देवता आदि) द्वारा...., ७. हिंसक जन्तुओं द्वारा....., ८. साँप-विच्छु आदि द्वारा....., ९. जीवन पर आये सङ्कट द्वारा बाधा, १०. ब्रह्मचर्य (धर्मपालन) में आयी बाधा। **भिक्षुओ! ऐसे विघ्नों के उपस्थित होने पर संक्षेप में ही**

भिक्खवे, एवरूपेसु अन्तरायेसु सङ्खित्तेन पातिमोक्खं उद्दिसितुं, असति [N.115] **अन्तराये वित्थारेना''** ति।

तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू सङ्घमज्झे अनज्झिट्ठा धम्मं भासन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। ''**न, भिक्खवे, सङ्घमज्झे अनज्झिट्ठेन धम्मो भासितब्बो। यो भासेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, थेरेन भिक्खुना सामं वा धम्मं भासितुं परं वा अज्झेसितुं**'' ति।

१२. विनयपुच्छनकथा

२०. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू सङ्घमज्झे असम्मता विनयं पुच्छन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। ''न, भिक्खवे, सङ्घमज्झे असम्मतेन विनयो पुच्छितब्बो। यो पुच्छेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। **अनुजानामि, भिक्खवे, सङ्घमज्झे सम्मतेन विनयं पुच्छितुं।**

एवं च पन, भिक्खवे, सम्मन्नितब्बो— अत्तना अत्तानं सम्मन्नितब्बं, परेन वा परो सम्मन्नितब्बो—

कथं च अत्तना व अत्तानं सम्मन्नितब्बं? ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—''सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, अहं इत्थन्नामं विनयं [B.153] पुच्छेय्यं'' ति। एवं अत्तना व अत्तानं सम्मन्नितब्बं।

कथं च परेन परो सम्मन्नितब्बो? ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—

''सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, इत्थन्नामो इत्थन्नामं विनयं पुच्छेय्या'' ति। एवं परेन परो सम्मन्नितब्बो ति।

प्रातिमोक्ष के पाठ की अनुमति देता हूँ। तथा ऐसी बाधाएँ न होने पर, विस्तार से ही पाठ करना चाहिये। (२८)

उस समय षड्वर्गीय भिक्षु सम्मति के विना ही सङ्घ को बीच में धर्मोपदेश करने लगते थे। भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने आदेश दिया–) ''**भिक्षुओ! याच्ञा किये विना सङ्घ के बीच में धर्मोपदेश नहीं करना चाहिये। जो करे उसे 'दुष्कृत' दोष लगे। भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ स्थविर भिक्षु द्वारा स्वयं उपदेश करने की, या दूसरों से इसकी याच्ञा करने की।**'' (२९)

१२. विनयपृच्छाकथा

२०. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु विना सम्मति के सङ्घ के बीच में विनय–विषयक प्रश्न पूछने लगते थे। भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने कहा–) ''**भिक्षुओ! विना सम्मति के सङ्घ के बीच में विनयविषयक प्रश्न नहीं करना चाहिये। जो करे उसको 'दुष्कृत' दोष हो। भिक्षुओ! सहमति होने पर ही सङ्घ के बीच में विनयविषयक प्रश्न पूछने की अनुमति देता हूँ।**'' (३०)

और भिक्षुओ! यह सहमति इस प्रकार लेनी चाहिये– (१) स्वयं अपने लिये या (२) दूसरे को दूसरे के लिये।

(१) कैसे स्वय अपने लिये सम्मति लेनी चाहिये? चतुर एवं समर्थ भिक्षु सङ्घ को सूचित करे–

ज्ञप्ति– 'भन्ते! सङ्घ मेरी बात सुने। यदि सङ्घ उचित समझे तो यह इस नाम का भिक्षु इस नाम के भिक्षु से विनयविषयक प्रश्न पूछे।'

(२) इसी तरह दूसरे को दूसरे के लिये सहमति लेनी चाहिये।

तेन खो पन समयेन पेसला भिक्खू सङ्घमज्झे सम्मता विनयं पुच्छन्ति। छब्बग्गिया भिक्खू लभन्ति आघातं, लभन्ति अप्पच्चयं, वधेन तज्जेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, सङ्घमज्झे सम्मतेन पि परिसं ओलोकेत्वा पुग्गलं तुलयित्वा विनयं पुच्छितुं** ति।

१३. विनयविस्सज्जनकथा

२१. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू सङ्घमज्झे असम्मता विनयं विस्सज्जेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**न, भिक्खवे, सङ्घमज्झे असम्मतेन विनयो विस्सज्जेतब्बो। यो विस्सज्जेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स।** "**अनुजानामि, भिक्खवे, सङ्घमज्झे सम्मतेन विनयं विस्सज्जेतुं।** 'एवं च पन, भिक्खवे, सम्मन्नितब्बो। अत्तना व अत्तानं सम्मन्नितब्बं, परेन वा परो वा परो सम्मन्नितब्बो।

[R.114] कथं च अत्तना व अत्तानं सम्मन्नितब्बं? ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, अहं इत्थन्नामेन विनयं पुट्ठो विस्सज्जेय्यं" ति। एवं अत्तना व अत्तानं सम्मन्नितब्बं।

[N.116] कथं च परेन परो सम्मन्नितब्बो? ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—

"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, इत्थन्नामो इत्थन्नामेन विनयं पुट्ठो विस्सज्जेय्या" ति। एवं परेन परो सम्मन्नितब्बो ति।

उस समय अच्छे (सदाचारी) भिक्षु सङ्घ के बीच में सहमति ले कर ही विनयविषयक प्रश्न पूछने लगे। इससे षड्वर्गीय भिक्षुओं को प्रतिकूलता, अप्रसन्नता होने लगी जिससे कारण वे सङ्घ के बीच में ही उन भिक्षुओ को मारने–पीटने का भय दिखाने लगे। तब भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने कहा–) **भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ–सङ्घ के बीच में उस की सम्मति लेकर भी, परिषद् का भाव समझते हुए, सामने वाले व्यक्ति को तौलते हुए ही विनयविषयक प्रश्न पूछा जाय।**" (३१)

१३. वि[illegible]विसर्जनकथा

२१. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु सङ्घ के बीच मे, सहमति के विना ही, विनयविषयक प्रश्न का उत्तर देने लगते थे। भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने आज्ञा दी–) **भिक्षुओ! सङ्घ के बीच में, विना सहमति के किसी को विनयविषयक प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहिये। जो देगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा। अतः अनुमति देता हूँ, भिक्षुओ! सहमति के बाद ही विनयविषयक प्रश्न का उत्तर देने की।**

यहाँ स्वयं के लिये भी स्वयं सहमति [illegible] सक[illegible] है, या फिर दूसरे के लिये दूसरा भी सहमति ले सकता है।

(१) "कैसे स्वयं को स्व के लिये सहमति लेनी चाहिये? कुशल एवं समर्थ भिक्षु सङ्घ इस तरह ज्ञापित किया जाना चाहिये–'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। यदि सङ्घ उचित समझे तो मैं इस नाम के भिक्षु द्वारा पूछे गये विनय–विषयक प्रश्न का उत्तर दूँ।' इस तरह स्वयं को स्व के लिये अनुमति लेनी चाहिये।

(२) दूसरे को दूसरे के लिये कैसे अनुमति लेनी चाहिये? कुशल एवं समर्थ भिक्षु द्वारा सङ्घ को यों सूचित किया जाना चाहिये–'पूज्य सङ्घ मेरी सुने। यदि सङ्घ उचित समझे तो यह इस नाम का भिक्षु इस नाम के भिक्षु द्वारा पूछे गये प्रश्न का उत्तर दे।' इस प्रकार दूसरे को दूसरे के लिये सङ्घ से सहमति लेनी चाहिये। (३२)

तेन खो पन समयेन पेसला भिक्खू सङ्घमज्झे सम्मता विनयं विस्सज्जेन्ति। [B.154] छब्बग्गिया भिक्खू लभन्ति आघातं, लभन्ति अप्पच्चयं, वधेन तज्जेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, सङ्घमज्झे सम्मतेन पि परिसं ओलोकेत्वा पुग्गलं तुलयित्वा विनय विस्सज्जेतुं** ति।

१४. चोदनाकथा

२२. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू अनोकासकतं भिक्खुं आपत्तिया चोदेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, अनोकासकतो भिक्खु आपत्तिया चोदेतब्बो।** यो चोदेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। **अनुजानामि, भिक्खवे, ओकासं कारापेत्वा आपत्तिया चोदेतुं—करोतु आयस्मा ओकासं, अहं तं वत्तुकामो** ति।

तेन खो पन समयेन पेसला भिक्खू छब्बग्गिये भिक्खू ओकासं कारापेत्वा आपत्तिया चोदेन्ति। छब्बग्गिया भिक्खू लभन्ति आघातं, लभन्ति अप्पच्चयं, वधेन तज्जेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, कते पि ओकासे पुग्गलं तुलयित्वा आपत्तिया चोदेतुं** ति।

तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू—पुरम्हाकं पेसला भिक्खू ओकासं कारापेन्ती' ति—पटिकच्चेव सुद्धानं भिक्खूनं अनापत्तिकानं अवत्थुस्मिं अकारणे ओकासं कारापेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, सुद्धानं भिक्खूनं अनापत्तिकानं अवत्थुस्मिं**

उस समय अच्छे भिक्षु सहमति लेकर ही सङ्घ के बीच में पूछे गये विनयविषयक प्रश्नों का उत्तर देते थे। इससे षड्वर्गीय भिक्षुओ को प्रतिकूलता एवं अप्रसन्नता होती ..। (भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् बोले–) **''भिक्षुओ! मेरी अनुज्ञा है कि सहमति प्राप्त भिक्षु भी पूछे गये विनयविषयक प्रश्न का उत्तर, परिषद् की मनोदशा जाँच–परख कर, भलीभाँति तुलना करके ही दे।''** (३३)

१४. प्रेरणाकथा

२२. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु विना अवसर दिये ही सीधे भिक्षुओं पर किसी भी तरह का दोषारोपण कर देते थे। भगवान् को यह बात बतायी गयी। (भगवान् ने आज्ञा दी–) ''भिक्षुओ! विना अवसर दिये भिक्षुओ पर दोषारोप नहीं करना चाहिये। जो करे उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा। **अतः भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ अवसर प्राप्त करके ही दोषारोप करने की।** (३४)

अवसर लेने की विधि यह है कि उसे (आरोपी को) कहना चाहिये कि 'आयुष्मन्! मुझे इसके लिये अवकाश दें, मैं आपसे कुछ कहना चाहता हूँ।''

उस समय भले भिक्षु षड्वर्गीय भिक्षुओ से अवकाश करा कर ही उन पर दोषारोमण करते थे। इतने पर भी उन षड्वर्गीयों को कुण्ठा, प्रतिकूलता एवं अप्रसन्नता होने लगी और वे उन भिक्षुओं को मारने–पीटने का भय दिखाने लगे। भगवान् से फिर यह बात कही गयी। (भगवान् ने कहा–) **''भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ–अवकाश मिल जाने पर भी परिषद् का रुख देखकर और आरोप्य भिक्षु की सही ढंग से समीक्षा करके ही उसे आरोपित करने की।** (३५)

उस समय षड्वर्गीय भिक्षु,यह सोचकर कि–भले भिक्षु हमसे पहले ही अवकाश करा लेते है, उनसे भी पूर्व आपत्तिरहित शुद्ध भिक्षुओ को व्यर्थ निष्कारण अवकाश करा लेते थे। भगवान् से यह बात भी कही गयी। (भगवान् ने कहा–) **भिक्षुओ! आपत्तिरहित शुद्ध भिक्षुओं को व्यर्थ, निष्कारण**

अकारणे ओकासो कारापेतब्बो। यो कारापेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, पुग्गलं तुलयित्वा ओकासं कारापेतुं ति।

१५. अधम्मकम्मपटिक्कोसनादि

२३. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू सङ्घमज्झे अधम्मकम्मं करोन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न,भिक्खवे, सङ्घमज्झे अधम्मकम्मं कातब्बं। यो करेय्य,** [R.115] **आपत्ति दुक्कटस्सा** ति। करोन्ति येव अधम्मकम्मं। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**अनुजानामि, भिक्खवे, अधम्मकम्मे कयिरमाने पटिक्कोसितुं**" ति।

[B.155] तेन खो पन समयेन पेसला भिक्खू छब्बग्गियेहि भिक्खूहि अधम्मकम्मे कयिरमाने पटिक्कोसन्ति। छब्बग्गिया भिक्खू लभन्ति आघातं, लभन्ति अप्पच्चयं, वधेन तज्जेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**अनुजानामि, भिक्खवे, दिट्ठिं पि आविकातुं**" ति।

[N.117] तेसं येव सन्तिके दिट्ठिं आविकरोन्ति। छब्बग्गिया भिक्खू लभन्ति आघातं, लभन्ति अप्पच्चयं, वधेन तज्जेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, चतूहि पञ्चहि पटिक्कोसितुं, द्वीहि तीहि दिट्ठिं आविकातुं, एकेन अधिट्ठातुं—'न मेतं खमती'** ति।

तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू सङ्घमज्झे पातिमोक्खं उद्दिसमाना सञ्चिच्च न सावेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, पातिमोक्खुद्देसकेन सञ्चिच्च न सावेतब्बं। यो न सावेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

अवकाश नहीं करना चाहिये। जो करायेगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा। (अत:) भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ व्यक्ति की भलीभाँति समीक्षा करके ही अवकाश कराने की।" (३६)

१५. नियमविरुद्ध कार्य के लिये धिक्कार आदि

२३. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु सङ्घ के बीच में परिषद् के नियमों के विरुद्ध (अधार्मिक) कार्य करते थे। भगवान् को यह बात भी बतायी गयी। (भगवान् ने आदेश दिया–) **भिक्षुओ! नियमविरुद्ध कार्य नहीं करना चाहिये। जो करेगा, उसे दुष्कृत दोष लगेगा।** (३७)

उतने पर भी वे नहीं माने। नियमविरुद्ध कार्य करते ही रहे। भगवान् को ज्ञात हुआ। (भगवान् ने कहा–) "**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ नियमविरुद्ध कार्य करने वाले को धिक्कारने (फटकारने) की।** (३८)

उस समय शुद्ध भिक्षु, नियमविरुद्ध कार्य करने पर षड्वर्गीय भिक्षुओं को धिक्कारने लगे। तब षड्वर्गीय उन शुद्ध भिक्षुओं को मारने–पीटने का भय दिखाने लगे। भगवान् से यह बात भी कही गयी। (भगवान् ने आदेश दिया–) "**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ देखे को प्रकट करने की।** (३९)

तब वे शुद्ध भिक्षु उन षड्वर्गीयों का पास उनके द्वारा किये गये दृष्ट कार्यों को प्रकट करने लगे, उससे वे षड्वर्गीय भिक्षु अप्रसन्न होने लगे, उनसे द्रोह करने लगे तथा वध या मारपीट का भय दिखाने लगे। तब भगवान् से यह भी बात कही गयी। **भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ चार पाँच भिक्षुओं द्वारा धिक्कारने की, दो तीन द्वारा देखे को प्रकट करने की तथा एक को यह कहने की कि आपका यह कार्य मुझे अच्छा नहीं लगा।** (४०)

उस समय षड्वर्गीय भिक्षु सङ्घ के बीच में प्रातिमोक्ष का पाठ करते हुए (बीच बीच में) जानबूझ कर नहीं सुनाते थे। भगवान् को यह बात बतायी गयी। (भगवान् ने कहा–) **भिक्षुओ!**

तेन खो पन समयेन आयस्मा उदायी सङ्घस्स पातिमोक्खुद्देसको होति काकस्सरको। अथ खो आयस्मतो उदायिस्स एतदहोसि—"भगवता पञ्ञत्तं—'पातिमोक्खुद्देसकेन सावेतब्बं' ति, अहं चम्हि काकस्सरको, कथं नु खो मया पटिपज्जितब्बं" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**अनुजानामि, भिक्खवे, पातिमोक्खुद्देसकेन वायमितुं—'कथं सावेय्यं' ति। वायमन्तस्स अनापत्ती** ति।

तेन खो पन समयेन देवदत्तो सगहट्ठाय परिसाय पातिमोक्खं उद्दिसति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, सगहट्ठाय परिसाय पातिमोक्खं उद्दिसितब्बं। यो उद्दिसेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू सङ्घमज्झे अनज्झिट्ठा पातिमोक्खं उद्दिसन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**न, भिक्खवे, सङ्घमज्झे अनज्झिट्ठेन पातिमोक्खं उद्दिसितब्बं। यो उद्दिसेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स।** "**अनुजानामि, भिक्खवे, थेराधिकं पातिमोक्खं**" ति।

अञ्ञतितित्थिय (एकादसम) भाणवारो निट्ठितो।

१६. पातिमोक्खुद्देसकअज्झेसनादि

२४. अथ खो भगवा राजगहे यथाभिरन्तं विहरित्वा येन चोदनावत्थु तेन [B.156] चारिकं पक्कामि। अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन चोदनावत्थु तदवसरि। तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्मिं आवासे सम्बहुला भिक्खू विहरन्ति। तत्थ थेरो भिक्खु बालो होति

प्रातिमोक्ष का पाठ करने वाले को जानबूझ कर ऐसा नहीं करना चाहिये कि वह बीच बीच में प्रातिमोक्ष का पाठ न सुनावे। जो ऐसा करेगा वह 'दुष्कृत' दोष का भागी होगा। (४१)

उस समय आयस्मा उदायी सङ्घ को प्रातिमोक्ष का पाठ सुनाने वाले थे। उनका स्वर कौए जैसा था। तब आयुष्मान् उदायी को यह विचार हुआ—"भगवान् ने प्रातिमोक्ष का पाठ करने वाले को जोर से सुनाने का विधान किया है। और मेरा स्वर कौए की तरह का है। मुझे क्या करना चाहिये? भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने कहा—) **भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ—प्रातिमोक्ष पाठ करने वाले को उच्च स्वर से सुनाने का प्रयास करने की। ऐसा प्रयास करनेवाले का कोई दोष नहीं।** (४२)

उस समय देवदत्त गृहस्थसहित परिषद् में बैठकर प्रातिमोक्ष का पाठ करता था। भगवान् को यह बात बतायी गयी। (भगवान् ने कहा—) **भिक्षुओ! गृहस्थयुक्त परिषद् में बैठकर प्रातिमोक्ष का पाठ नहीं करना चाहिये। जो करे उसे 'दुष्कृत' दोष लगे।** (४३)

उस समय षड्वर्गीय भिक्षु विना प्रार्थना किये ही सङ्घ के बीच में प्रातिमोक्ष का पाठ करने लगते थे। भगवान् को यह बात बतायी गयी। (भगवान् बोले—) "**भिक्षुओ! सङ्घ के बीच में विना प्रार्थना किये प्रातिमोक्ष का पाठ नहीं करना चाहिये। जो करे उसे दुष्कृत दोष लगे। अतः भिक्षुओ! किसी स्थविर के सहारे से ही प्रातिमोक्ष का पाठ करना चाहिये—यह अनुमति देता हूँ।** (४४)

अन्यतीर्थिक (एकादशम) भाणवार समाप्त।।

१६. प्रातिमोक्षपाठक से प्रार्थना आदि

२४. उस समय भगवान् राजगृह में इच्छानुकूल साधना करने के बाद, चारिका करते हुए चोदनावस्तु में पहुँचे। उस समय वहाँ किसी आवास में बहुत से भिक्षु साधना हेतु ठहरे हुए थे। वहाँ

[R.116] अब्यत्तो। सो न जानाति उपोसथं वा उपोसथकम्मं वा, पातिमोक्खं वा पातिमोक्खुद्देसं वा। अथ खो तेसं भिक्खूनं एतदहोसि—"भगवता पञ्ञत्तं—'थेराधिकं पातिमोक्खं' ति, अयं च अम्हाकं थेरो बालो अब्यत्तो, न जानाति उपोसथं वा उपोसथकम्मं वा, पातिमोक्खं वा पातिमोक्खुद्देसं वा। कथं नु खो अम्हेहि पटिपज्जितब्बं" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **"अनुजानामि, भिक्खवे, यो तत्थ भिक्खु ब्यत्तो पटिबलो तस्साधेय्यं पातिमोक्खं"** ति।

तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्मिं आवासे तदहुपोसथे सम्बहुला भिक्खू विहरन्ति बाला अब्यत्ता। ते न जानन्ति उपोसथं वा उपोसथकम्मं वा, पातिमोक्खं वा पातिमोक्खुद्देसं वा। ते थेरं अज्झेसिंसु—"उद्दिसतु, भन्ते, थेरो पातिमोक्खं" ति। सो एवमाह—"न मे, आवुसो, वत्तती" ति। दुतियं थेरं अज्झेसिंसु—"उद्दिसतु, भन्ते, थेरो पातिमोक्खं" ति। सो पि एवमाह—"न मे, आवुसो वत्तती" ति। ततियं थेरं अज्झेसिंसु—"उद्दिसतु, भन्ते, थेरो [N.118] पातिमोक्खं" ति। सो पि एवमाह—"न मे, आवुसो, वत्तती" ति। एतेनेव उपायेन याव सङ्घनवकं अज्झेसिंसु—"उद्दिसतु आयस्मा पातिमोक्खं" ति। सो पि एवमाह—"न मे, भन्ते, वत्तती" ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।

इध पन, भिक्खवे, अञ्ञतरस्मिं आवासे तदहुपोसथे सम्बहुला भिक्खू विहरन्ति बाला अब्यत्ता। ते न जानन्ति उपोसथं वा उपोसथकम्मं वा, पातिमोक्खं वा पातिमोक्खुद्देसं वा। ते थेरं अज्झेसन्ति—"उद्दिसतु, भन्ते, थेरो पातिमोक्खं" ति। सो एवं वदेति—"न मे, आवुसो, वत्तती" ति। दुतियं थेरं अज्झेसन्ति—"उद्दिसतु, भन्ते, थेरो पातिमोक्खं" ति। सो पि एवं वदेति—"न मे, आवुसो, वत्तती" ति। ततियं थेरं अज्झेसन्ति—"उद्दिसतु,

---

सबसे स्थविर भिक्षु मूर्ख एवं अयोग्य था। वह न उपोसथ जानता था, न उपोसथकर्म। न प्रातिमोक्ष के विषय में कुछ जानता था, न प्रातिमोक्ष के पाठ के विषय में। तब उन भिक्षुओं को यह विचार हुआ—"भगवान् का आदेश है—प्रातिमोक्ष के पाठ में कम से कम एक स्थविर भिक्षु रहना चाहिये, जबकि हमारा यह स्थविर भिक्षु मूर्ख .पूर्ववत्.... पात के विषय में। अब हमें इस विषय मे क्या करना चाहिये?" उन्होने भगवान् के सम्मुख अपनी समस्या रखी। (भगवान् ने कहा—) **"भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ, उस आवास में जो भी चतुर एवं समर्थ भिक्षु हो उसी के आश्रय में प्रातिमोक्ष हो।"** (४५)

उस समय किसी आवास मे उपोसथ के दिन बहुत से मूर्ख एवं अव्यक्त भिक्षु ठहरे हुए थे। वे उपोसथ या उपोसथकर्म....प्रातिमोक्ष–पाठ भी नहीं जानते थे। उन्होंने स्थविर से प्रार्थना की—"भन्ते! आप स्थविर प्रातिमोक्ष पाठ करें। उसने उत्तर दिया—"मुझे यह सब स्मरण नहीं है।" दूसरे स्थविर से....तीसरे स्थविर से प्रार्थना की—"भन्ते! आप स्थविर ...स्मरण नही है। इसी प्रकार सङ्घ में जो सबसे नया भिक्षु था उससे भी प्रार्थना की गयी—"आयुष्मन्! आप ही प्रातिमोक्ष पाठ करें।" तो उसने भी वही उत्तर दिया—"मुझे स्मरण नहीं है।" अन्त में, भगवान् के सम्मुख यह समस्या रखी गयी। (भगवान् ने कहा—)

"यदि भिक्षुओ! एक आवास में बहुत से मूर्ख एवं अव्यक्त भिक्षु रहते हो, और वे सभी उपोसथ.....प्रातिमोक्षपाठ से अनभिज्ञ हों। वे स्थविर भिक्षु से प्रार्थना करते हैं—'भन्ते! आप प्रातिमोक्ष पाठ करें', और वह ऐसा कहे—'मुझे यह सब स्मरण नहीं है।' इसी प्रकार सङ्घ के सब से नये भिक्षु

भन्ते, थेरो पातिमोक्खं'' ति। सो पि एवं वदेति—''न मे, आवुसो, वत्तती'' ति। [B.157] एतेनेव उपायेन याव सङ्घनवकं अज्झेसन्ति—''उद्दिसतु आयस्मा पातिमोक्खं'' ति। सो पि एवं वदेति—''न मे, भन्ते, वत्तती'' ति। **तेहि, भिक्खवे, भिक्खूहि एको भिक्खू सामन्ता आवासा सज्जुकं पाहेतब्बो—गच्छावुसो, सङ्खित्तेन वा वित्थारेन वा पातिमोक्खं परियापुणित्वान आगच्छाही** ति।

अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि—''केन नु खो पाहेतब्बो'' ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, थेरेन भिक्खुना नवं भिक्खुं आणापेतुं** ति। थेरेन आणत्ता नवा भिक्खू न गच्छन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, थेरेन आणत्तेन अगिलानेन न गन्तब्बं। यो न गच्छेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति। [R.117]

१७. पक्खगणनादिउग्गहणानुजानना

२५. अथ खो भगवा चोदनावत्थुस्मिं यथाभिरन्तं विहरित्वा पुनदेव राजगहं पच्चागञ्छि।

तेन खो पन समयेन मनुस्सा भिक्खू पिण्डाय चरन्ते पुच्छन्ति—''कतिमी, भन्ते, पक्खस्सा'' ति? भिक्खू एवमाहंसु—''न खो मयं, आवुसो, जानामा'' ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—''पक्खगणनमत्तमपिमे समणा सक्यपुत्तिया न जानन्ति, किं पनिमे अञ्ञं किञ्चि कल्याणं जानिस्सन्ती'' ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, पक्खगणनं उग्गहेतुं ति।**

से प्रार्थना करते हैं—'आयुष्मन्! आप प्रातिमोक्ष-पाठ करें', यदि वह भी कहे—'मुझे यह सब स्मरण नहीं है', तो भिक्षुओ! उन भिक्षुओं को एक भिक्षु को यह कहकर चारों ओर के किसी आवास में भेजना चाहिये—'जाओ, आयुष्मन्! वहाँ संक्षेप या विस्तार से प्रातिमोक्ष को कण्ठस्थ करके आओ।''

तब भिक्षुओं को यह विचार हुआ—''किस के द्वारा यह भेजा जाना चाहिये?'' भगवान् से पूछा गया। (भगवान् ने कहा—) **''भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ स्थविर भिक्षु द्वारा नये भिक्षु को आज्ञा देने की।''** (४६)

स्थविर के द्वारा ऐसी आज्ञा देने पर भी नये भिक्षु नहीं जाते थे। भगवान् को यह सूचित किये जाने पर, भगवान् ने कहा—''**भिक्षुओ! स्थविर भिक्षु द्वारा आज्ञा दी जाने पर, यदि नया भिक्षु रोगाक्रान्त न हो तो उसको वहाँ जाना अनिवार्य है।** जो जाने से 'ना' करे उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा। (४७)

१७. पक्षगणनादि का ज्ञान आवश्यक

२५. तब भगवान् चोदनावस्तु में इच्छानुकूल साधनारत रह कर पुनः राजगृह पधारे। उस समय भिक्षाटन करने वाले भिक्षुओ से उपासक पूछते थे— ''भन्ते! आज पक्ष की कौन तिथि है?'' भिक्षु कहतेथे—''आयुष्मानो! हमें ज्ञात नहीं है।'' यह सुनकर लोग हैरान होते थे—''ये शाक्यपुत्रीय श्रमण पक्ष की तिथिगणना तक भी नही जानते तो अन्य अच्छी बात क्या जानेंगे?'' अन्त में भगवान् के सम्मुख यह बात रखी गयी। (भगवान् ने कहा—) **भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ पक्ष की गणना सीखने की।** (४८)

अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि—"केन नु खो पक्खगणना उग्गहेतब्बा" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, सब्बेहेव पक्खगणनं उग्गहेतुं** ति।

२६. तेन खो पन समयेन मनुस्सा भिक्खू पिण्डाय चरन्ते पुच्छन्ति—"कीवतिका, भन्ते, भिक्खू" ति? भिक्खू एवमाहंसु—"न खो मयं, आवुसो, जानामा" ति। मनुस्सा [N.119] उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—"अञ्ञमञ्ञं पिमे समणा सक्यपुत्तिया न जानन्ति, किं पनिमे अञ्ञं किञ्चि कल्याणं जानिस्सन्ती" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, भिक्खू गणेतुं** ति।

[B.158] अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि—"कदा नु खो भिक्खू गणेतब्बा" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, तदहुपोसथे नामग्गेन वा गणेतुं, सलाकं वा गाहेतुं** ति।

२७. तेन खो पन समयेन भिक्खू अजानन्ता 'अज्जुपोसथो' ति दूरं गामं पिण्डाय चरन्ति। ते उद्दिस्समाने पि पातिमोक्खे आगच्छन्ति, उद्दिट्ठमत्ते पि आगच्छन्ति। भगवतो एतमत्तं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, आरोचेतुं—'अज्जुपोसथो'** ति।

अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि— "केन नु खो आरोचेतब्बो" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, थेरेन भिक्खुना कालवतो आरोचेतुं** ति।

तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो थेरो कालवतो नस्सरति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, भत्तकाले पि आरोचेतुं।**

भत्तकाले पि नस्सरति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, यं कालं सरति, तं कालं आरोचेतुं** ति।

उस समय भिक्षुओं को यह विचार हुआ कि पक्षगणना किसे सीखनी चाहिये? भगवान् से यह बात कही गयी। **भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ सभी को पक्षगणना सीखने की।** (४९)

२६. उस समय लोग भिक्षाटन करते भिक्षुओं से पूछते थे—"भन्ते! भिक्षु कितने हैं?" भिक्षु कहते थे—"आयुष्मानो! हमें ज्ञात नहीं"। लोगों ने व्यग्र एव उद्विग्न भव से भगवान् के सम्मुख यह बात रखी। (भगवान् ने) "**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ सभी को गणना सीखने की।**" (५०)

अवकाश न करने पर स्थगन— उस समय उन षड्वर्गीय भिक्षुओं को, भगवान् के उपर्युक्त आदेश के अनुसार, अवकाश कराया जाता था तो वे अवकाश (आज्ञा माँगना) नहीं करना चाहते थे। भगवान् से उनका यह अपराध बताया गया। (भगवान् ने कहा—) **''भिक्षुओ! ऐसे भिक्षु की प्रवारणा स्थगित करने की अनुमति देता हूँ जो अवकाश न करना चाहता हो।**

ऐसे **प्रवारणा—स्थगन की विधि** यह होगी—चतुर्दशी या पञ्चदशी की उस प्रवारणा को उस पुद्गल के उपस्थित रहने पर सङ्घ के बीच में यों कहना चाहिये—'भन्ते! सङ्घ मेरा निवेदन सुने। अमुक नाम वाला व्यक्ति दोषयुक्त है, उसकी प्रवारणा स्थगित करता हूँ। सामने होने पर भी उसकी प्रवारणा नहीं करनी चाहिये।'' इस तरह प्रवारणा स्थगित हो जाती है।

तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू—''पुरम्हाकं पेसला भिक्खू [N.190] पवारणं ठपेन्ती'' ति—पटिकच्चेव सुद्धानं भिक्खूनं अनापत्तिकानं अवत्थुस्मिं अकारणो पवारणं ठपेन्ति, पवारितानं पि पवारणं ठपेन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, सुद्धानं भिक्खूनं अनापत्तिकानं अवत्थुस्मि अकारणे पवारणा ठपेतब्बा। यो ठपेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। न, भिक्खवे, पवारितानं पि पवारणा ठपेतब्बा। यो ठपेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स।**

३१. एवं खो, भिक्खवे, ठपिता होति पवारणा एवं अट्ठपिता। कथं च, भिक्खवे, अट्ठपिता होति पवारणा? तेवाचिकाय चे, भिक्खवे, पवारणाय भासिताय लपिताय परियोसिताय पवारणं ठपेति, अट्ठपिता होति पवारणा। द्वेवाचिकाय चे, भिक्खवे,..... एकवाचिकाय चे, भिक्खवे,.....समानवस्सिकाय चे, भिक्खवे, पवारणाय भासिताय लपिताय परियोसिताय पवारणं ठपेति, अट्ठपिता होति पवारणा। एवं खो, भिक्खवे, [B.254, R.171] अट्ठपिता होति पवारणा।

कथं च, भिक्खवे, ठपिता होति पवारणा? तेवाचिकाय, चे, भिक्खवे, पवारणाय भासिताय लपिताय अपरियोसिताय पवारणं ठपेति, ठपिता होति पवारणा। द्वेवाचिकाय चे, भिक्खवे,.....एकवाचिकाय चे, भिक्खवे.....समानवस्सिकाय चे, भिक्खवे, पवारणाय भासिताय, लपिताय अपरियोसिताय पवारणं ठपेति, ठपिता होति पवारणा। एवं खो, भिक्खवे, ठपिता होति पवारणा।

३२. इध पन, भिक्खवे, तदहुपवारणाय भिक्खु भिक्खुस्स पवारणं ठपेति। तं चे भिक्खुं अञ्ञे भिक्खू जानन्ति—''अयं खो आयस्मा अपरिसुद्धकायसमाचारो,

---

अनुचित स्थगन– उस समय षड्वर्गीय भिक्षु यह सोचकर कि ये अच्छे सदाचारी भिक्षु भी हमारी प्रवारणा स्थगित करते हैं—इस ईर्ष्या से वे भी उन निर्दोष शुद्ध भिक्षुओं की प्रवारणा को अकारण मिथ्या आरोप लगाकर स्थगित कर देते थे। इतना ही नहीं, जिनकी प्रवारणा हो गयी होती उसे भी स्थगित कर देते थे। भगवान् के सम्मुख यह समस्या रखी गयी। (भगवान् ने कहा–)

''भिक्षुओ! निर्दोष शुद्ध भिक्षुओं की प्रवारणा अकारण या झूठा आरोप लगाकर स्थगित नहीं करना चाहिये। जो ऐसा करे उसे 'दुष्कृत' दोष लगता है। तथा, भिक्षुओ! जिनकी प्रवारणा हो चुकी है उन की प्रवारणा स्थगित नहीं की जानी चाहिये। जो स्थगित करे उसे दुष्कृत दोष लगेगा।

स्थगन–प्रकार– ३१. ''भिक्षुओ! प्रवारणा के स्थगन या अस्थगन की विधि यह है--

(क) भिक्षुओ! प्रवारणा कैसे अस्थगित मानी जाती है? यदि भिक्षुओ! तीन वार प्रवारणा को बोलकर, कहकर समाप्त की गयी प्रवारणा को कोई स्थगित करे तो भी वह 'अस्थगित' ही मानी जाती है। भिक्षुओ! दो बार बोलकर, कहकर समाप्त की गयी प्रवारणा....। भिक्षुओ! उसी वर्ष वाली प्रवारणा को बोल कर कहकर समाप्त की गयी प्रवारणा को यदि कोई स्थगित करे तो भी वह 'अस्थगित' ही मानी जाती है।

(ख) ''कैसे भिक्षुओ! प्रवारणा स्थगित होती है? यदि भिक्षुओ! तीन बार बोली गयी, कही गयी प्रवारणा को समाप्त न होते उसे कोई स्थगित करे तो वह 'स्थगित' मानी जाती है। दो बार ..एक बार...उसी वर्ष वाली...। इस प्रकार भिक्षुओ! प्रवारणा स्थगित होती है।

तिरस्कृत कर प्रवारणा पूर्ण कराना– ३२ ''यदि, भिक्षुओ! प्रवारणा के दिन कोई भिक्षु

अपरिसुद्धवचीसमाचारो अपरिसुद्धाजीवो, बालो, अब्यत्तो, न पटिबलो अनुयुञ्जीयमानो अनुयोगं दातुं'' ति—''अलं, भिक्खु, मा भण्डनं, मा कलहं, मा विग्गहं, मा विवादं'' ति ओमद्दित्वा सङ्घेन पवारेतब्बं।

इध पन, भिक्खवे, तदहुपवारणाय भिक्खु भिक्खुस्स पवारणं ठपेति। तं चे भिक्खुं अञ्ञे भिक्खू जानन्ति—''अयं खो आयस्मा परिसुद्धकायसमाचारो, अपरिसुद्धवचीसमाचारो, अपरिसुद्धाजीवो, बालो, अब्यत्तो, न पटिबलो अनुयुञ्जीयमानो अनुयोगं दातुं ति—'अलं, भिक्खु, मा भण्डनं, मा कलहं, मा विग्गहं, मा विवादं'' ति ओमद्दित्वा सङ्घेन पवारेतब्बं।

इध पन, भिक्खवे, तदहुपवारणाय भिक्खु भिक्खुस्स पवारणं ठपेति। तं चे भिक्खुं अञ्ञे भिक्खू जानन्ति—''अयं खो आयस्मा परिसुद्धकायसमाचारो, परिसुद्धवचीसमाचारो, अपरिसुद्धाजीवो, बालो, अब्यत्तो, न पटिबलो अनुयुञ्जीयमानो अनुयोगं दातुं ति—'अलं, भिक्खु, मा भण्डनं, मा कलहं, मा विग्गहं, मा विवादं'' ति ओमद्दित्वा सङ्घेन पवारेतब्बं।

इध पन, भिक्खवे, तदहुपवारणाय भिक्खु भिक्खुस्स पवारणं ठपेति। तं चे भिक्खुं अञ्ञे भिक्खू जानन्ति—''अयं खो आयस्मा परिसुद्धकायसमाचारो, अपरिसुद्धवचीसमाचारो, अपरिसुद्धाजीवो, बालो, अब्यत्तो, न पटिबलो अनुयुञ्जीयमानो अनुयोगं दातुं ति—'अलं, भिक्खु, मा भण्डनं, मा कलहं, मा विग्गहं, मा विवादं'' ति ओमद्दित्वा सङ्घेन पवारेतब्बं।

इध पन, भिक्खवे, तदहुपवारणाय भिक्खु भिक्खुस्स पवारणं ठपेति। तं चे भिक्खुं अञ्ञे भिक्खू जानन्ति—''अयं खो आयस्मा परिसुद्धकायसमाचारो, परिसुद्धवचीसमाचारो, अपरिसुद्धाजीवो, बालो, अब्यत्तो, न पटिबलो अनुयुञ्जीयमानो अनुयोगं दातुं ति—'अलं, भिक्खु, मा भण्डनं, मा कलहं, मा विग्गहं, मा विवादं'' ति ओमद्दित्वा सङ्घेन पवारेतब्बं।

किसी दूसरे भिक्षु की प्रवारणा को स्थगित करता है और उस स्थगित करने वाले भिक्षु के विषय में अन्य सभी भिक्षु जानते हो कि इस आयुष्मान् का कायिक एवं वाचिक चरित्र ठीक नहीं, न इसकी आजीविका ही शुद्ध है, यह तो मूर्ख एव अज्ञानी है, प्रेरित करने पर अनुयोग (बात को प्रमाणित करने) में भी समर्थ नही है। ऐसी स्थिति में उस भिक्षु को—'नहीं, भिक्षु! भण्डन (कलह), विग्रह एवं विवाद न कर'—ऐसे फटकारते (तिरस्कृत करते) हुए सङ्घ को प्रवारणा पूर्ण करनी चाहिये।

''यदि, भिक्षुओ! प्रवारणा के दिन कोई भिक्षु.....पूर्ववत्.. इसका कायिक आचार तो शुद्ध है; परन्तु इसका वाचसिक आचार एवं आजीविका शुद्ध नही है ...ऐसे फटकारते हुए सङ्घ को प्रवारणा पूर्ण करनी चाहिये।

''यदि, भिक्षुओ! प्रवारणा के दिन कोई भिक्षु....पूर्ववत् ..आजीविका शुद्ध नहीं है....ऐसे फटकारते हुए सङ्घ को प्रवारणा पूर्ण करनी चाहिये।

''यदि, भिक्षुओ! प्रवारणा के दिन कोई भिक्षु. .पूर्ववत्. ..आजीविका भी शुद्ध है, परन्तु यह मूर्ख अज्ञानी है....ऐसे फटकारते हुए सङ्घ को प्रवारणा पूर्ण करनी चाहिये।

दण्ड देकर प्रवारणा पूर्ण करना— यदि भिक्षुओ! प्रवारणा के दिन कोई भिक्षु. ...पूर्ववत्.... अन्य भिक्षु जानते हैं कि यह आयुष्मान् कायकर्म एवं वाक्कर्म तथा आजीविका पक्ष से तो परिशुद्ध है ही; परन्तु यह पण्डित भी है, ज्ञानी भी है, प्रेरित करने पर यह अनुयोग भी कर सकता है, तो उससे यों कहा (पूछा) जाना चाहिये—''आयुष्मन्! तुमने इस भिक्षु की जो प्रवारणा स्थगित की वह किस कारण

इध पन, भिक्खवे, तदहुपवारणाय भिक्खु भिक्खुस्स पवारणं ठपेति। तं चे भिक्खुं अञ्ञे भिक्खू जानन्ति—"अयं खो आयस्मा परिसुद्धकायसमाचारो, परिसुद्धवची-[N.191] समाचारो, परिसुद्धाजीवो, बालो, अब्यत्तो, न पटिबलो अनुयुञ्जीयमानो अनुयोगं दातुं ति—'अलं, भिक्खु मा भण्डनं, मा कलहं, मा विग्गहं, मा विवादं" ति ओमद्दित्वा [B.255] सङ्घेन पवारेतब्बं।

इध पन, भिक्खवे, तदहुपवारणाय भिक्खु भिक्खुस्स पवारणं ठपेति। तं चे भिक्खुं अञ्ञे भिक्खू जानन्ति—"अयं खो आयस्मा परिसुद्धकायसमाचारो, परिसुद्धवचीसमाचारो, परिसुद्धाजीवो, पण्डितो, ब्यत्तो, पटिबलो अनुयुञ्जीयमानो अनुयोगं दातुं" ति—सो एवमस्स वचनीयो—"यं खो त्वं, आवुसो, इमस्स भिक्खुनो पवारणं ठपेसि, किम्हि नं ठपेसि, सीलविपत्तिया वा ठपेसि, आचारविपत्तिया वा ठपेसि, दिट्ठिविपत्तिया वा ठपेसी" [R.172] ति? सो चे एवं वदेय्य—"सीलविपत्तिया वा ठपेमि, आचारविपत्तिया वा ठपेमि, दिट्ठिविपत्तिया वा ठपेमी" ति, सो एवमस्स वचनीयो—"जानाति पनायस्मा सीलविपत्तिं, जानाति आचारविपत्तिं, जानाति दिट्ठिविपत्तिं" ति? सो चे एवं वदेय्य—"जानामि खो अहं, आवुसो, सीलविपत्तिं, जानामि आचारविपत्तिं, जानामि दिट्ठिविपत्तिं" ति, सो एवमस्स वचनीयो—"कतमा पनावुसो, सीलविपत्ति, कतमा आचारविपत्ति, कतमा दिट्ठिविपत्ती" ति? सो चे एवं वदेय्य—"चत्तारि पाराजिकानि, तेरस सङ्घादिसेसा—अयं सीलविपत्ति; थुल्लच्चयं, पाचित्तियं, पाटिदेसनीयं, दुक्कटं, दुब्भासितं—अयं आचारविपत्ति; मिच्छादिट्ठि अन्तग्गाहिकादिट्ठि—अयं दिट्ठिविपत्ती" ति।

से की? क्या इसमें शीलसम्बन्धी दोष है, या आचारसम्बन्धी, या दृष्टि (धारणा) सम्बन्धी? यदि वह ऐसा कहे—'शीलसम्बन्धी दोष से....आचारसम्बन्धी दोष से....दृष्टिसम्बन्धी दोष से स्थगित की है।' तो उससे पूछना चाहिये—'क्या तुम (स्वयं) शीलसम्बन्धी, आचारसम्बन्धी, दृष्टिसम्बन्धी दोष को जानते हो?' तो उससे पूछना चाहिये—'आयुष्मन्! ये शील ...आचार... दृष्टिसम्बन्धी दोष क्या है?' यदि वह ऐसा कहे—'चार पाराजिक, तेरह सङ्घादिशेष—ये शीलसम्बन्धी दोष हैं, स्थूलात्यय, प्रायश्चित्तीय, प्रतिदेशनीय, दुष्कृत एवं दुर्वचन—ये आचारसम्बन्धी दोष हैं; तथा मिथ्यादृष्टि, अन्तग्राहिका दृष्टि—ये दृष्टिसम्बन्धी दोष हैं।'

तो उससे फिर पूछना चाहिये—'आयुष्मन्! जो तुमने इस भिक्षु की प्रवारणा स्थगित की है वह किसी दृष्ट अपराध से की है, या श्रुत अपराध से या किसी अपराध की शङ्का से ही की है?' यदि वह कहे—'मैंने दृष्ट अपराध के कारण की है, या श्रुत या किसी अपराध की शङ्का के कारण ही स्थगित की है। तब उससे यह पूछा जाना चाहिये—'आयुष्मन्! यदि तुमने इस भिक्षु की प्रवारणा दृष्ट दोष के कारण स्थगित की है तो तुमने क्या देखा? कैसे देखा? कब देखा? कहाँ देखा कि उसने पाराजिक का अपराध किया है या सङ्घादिशेष का या स्थूलात्यय का, प्रायश्चित्तीय का, प्रातिदेशनीय का, दुष्कृत, दुर्भाषण का अपराध किया है? उस समय तुम कहाँ थे? और यह भिक्षु कहाँ था? तुम क्या कर रहे थे? और यह भिक्षु क्या कर रहा था? यदि वह ऐसा कहे—'आयुष्मानो! मैं इस भिक्षु की प्रवारणा दृष्ट अपराध से स्थगित नहीं करता, अपितु श्रुत अपराध से स्थगित करता हूँ। तो उससे पूछना चाहिये—'आयुष्मन्! यदि तुम इस भिक्षु की प्रवारणा श्रुत अपराध से स्थगित कर रहे हो तो तुमने क्या सुना,

सो एवमस्स वचनीयो—"यं खो त्वं, आवुसो, इमस्स भिक्खुनो पवारणं टपेसि, दिट्ठेन वा ठपेसि, सुतेन वा ठपेमि, परिसङ्काय वा ठपेसि" ति? सोचे एवं वदेय्य—"दिट्ठेन वा ठपेमि, सुतेन का ठपेमि, परिसङ्काय वा ठपेमी ति, सो एवमस्स वचनीयो—"यं खो त्वं, आवुसो, इमस्स भिक्खुनो दिट्ठेन पवारणं ठपेसि, किन्ते दिट्ठं, किन्ति ते दिट्ठं, कदा ते दिट्ठं, कत्थ ते दिट्ठं, पाराजिकं अज्झापज्जन्तो दिट्ठो, सङ्घादिसेसं अज्झापज्जन्तो दिट्ठो, थुल्लच्चयं..... पाचित्तियं.....पाटिदेसनीयं.....दुक्कटं.....दुब्भासितं अज्झापज्जन्तो दिट्ठो, कत्थ च त्वं अहोसि, कत्थ चायं भिक्खु अहोसि, किं च त्वं करोसि, किञ्चायं भिक्खु करोती" ति? सो चे एवं वदेय्य—"न खो अहं, आवुसो, इमस्स भिक्खुनो दिट्ठेन पवारणं ठपेमि, अपि च सुतेन पवारणं ठपेमी" ति, सो एवमस्स वचनीयो—"यं खो त्वं, आवुसो, इमस्स [B.256] भिक्खुनो सुतेन पवारणं ठपेसि, किं ते सुतं, किं ति ते सुतं, कदा ते सुतं, कत्थ ते सुतं, पाराजिकं अज्झापन्नो ति सुतं, सङ्घादिसेसं अज्झापन्नो ति सुतं, थुल्लच्चयं.....पाचित्तियं....पाटिदेसनीयं.... दुक्कटं.....दुब्भासितं अज्झापन्नो ति सुतं, भिक्खुस्स सुतं, भिक्खुनिया सुतं, सिक्खमानाय सुतं, सामणेरस्स सुतं, सामणेरिया सुतं, उपासकस्स [N.192] सुतं, उपासिकाय सुतं, राजूनं सुतं, राजमहामत्तानं सुतं, तित्थियानं सुतं, तित्थियसावकानं सुतं" ति? सो चे एवं वदेय्य—"न खो अहं, आवुसो, इमस्स भिक्खुनो सुतेन पवारणं ठपेमि, अपि च परिसङ्काय पवारणं ठपेमी" ति। सो एवमस्स वचनीयो—"यं खो त्वं, आवुसो, इमस्स भिक्खुनो परिसङ्काय पवारणं ठपेसि, किं परिसङ्कसि, किं ति [R.173] परिसङ्कसि, कदा परिसङ्कसि, कत्थ परिसङ्कसि, पाराजिकं अज्झापन्नो ति परिसङ्कसि, सङ्घादिसेसं अज्झापन्नो ति परिसङ्कसि, सङ्घादिसेसं अज्झापन्नो ति परिसङ्कसि, थुल्लच्चयं.....पाचित्तियं....पाटिदेसनीयं....दुक्कटं.....दुब्भासितं अज्झापन्नो ति परिसङ्कसि,

---

कैसे सुना? कब सुना? कहाँ सुना कि इसने पाराजिक....दुर्भाषण का अपराध किया? भिक्षु से सुना या भिक्षुणी से? या शिक्षमाणा से, या श्रामणेर से सुना या श्रामणेरी से? उपासक से या उपासिका से सुना? राजा से सुना या राजा के महामात्य से? तीर्थिकों से सुना या उनके अनुयायियों से सुना?' यदि वह यह कहे—'मैं तो इस भिक्षु की प्रवारणा दृष्ट या श्रुत अपराध से नहीं, अपितु सन्देह (शङ्का) से स्थगित करता हूँ।' तब उससे यह पूछा जाना चाहिये—'आयुष्मन्! तुमने इस भिक्षु की प्रवारणा को सन्देह से स्थगित किया है तो तूँ क्या सन्देह करता है? कैसे सन्देह करता है? कब, कहाँ सन्देह करता है कि इसने पाराजिक....दुर्वचन का अपराध किया? भिक्षु से सुनकर सन्देह करता है .... या तीर्थिकों से या उनके अनुयायियों से सुनकर सन्देह करता है? यदि वह ऐसा कहे—'आयुष्मानो! मैं इस भिक्षु की प्रवारणा किसी सन्देह से स्थगित नहीं करता, अपितु मुझे स्वयं ज्ञात नहीं है कि मैं क्यों इसकी प्रवारणा स्थगित कर रहा हूँ?

यदि भिक्षुओ! वह दोषारोपक भिक्षु अपने प्रत्युत्तर (अनुयोग) से उन जानकार सब्रह्मचारी भिक्षुओं को सन्तुष्ट न कर सके तो उसको कह देना चाहिये कि उसका दोषारोपण ठीक नहीं। यदि भिक्षुओ! वह दोषारोपक भिक्षु अपने प्रत्युत्तर से अपने सब्रह्मचारियों को सन्तुष्ट कर दे तो उन्हें कहना चाहिये कि उसका दोषारोपण उचित है। तब यदि भिक्षुओ! वह दोषारोपक भिक्षु उस भिक्षु पर निर्मूल पाराजिक दोष लगाना स्वीकार करे तो उस पर सङ्घादिशेष दोष का आरोप कर सङ्घ को प्रवारणा करनी चाहिये। यदि वह निर्मूल सङ्घादिशेष दोष लगाना स्वीकार करे तो उस पर धर्मानुसार दण्ड

भिक्खुस्स सुत्वा परिसङ्कसि, भिक्खुनिया सुत्वा परिसङ्कसि, सिक्खमानाय सुत्वा परिसङ्कसि, सामणेरस्स सुत्वा परिसङ्कसि, सामणेरिया सुत्वा परिसङ्कसि, उपासकस्स सुत्वा परिसङ्कसि, उपासिकाय सुत्वा परिसङ्कसि, राजूनं सुत्वा परिसङ्कसि, राजमहामत्तानं सुत्वा परिसङ्कसि, तित्थियानं सुत्वा परिसङ्कसि, तित्थियसावकानं सुत्वा परिसङ्कसी'' ति? सो चे एवं वदेय्य—''न खो अहं, आवुसो, इमस्स भिक्खुनो परिसङ्काय पवारणं ठपेमि, अपि च अहं पि न जानामि केन पनाहं इमस्स भिक्खुनो पवारणं ठपेमी'' ति।

सो चे, भिक्खवे, चोदको भिक्खु अनुयोगेन विञ्ञूनं सब्रह्मचारीनं चित्तं न आराधेति, 'अननुवादो चुदितो भिक्खू' ति अलं वचनाय। सो चे, भिक्खवे, चोदको भिक्खु अनुयोगेन विञ्ञूनं सब्रह्मचारीनं चित्तं आराधेति, 'सानुवादो चुदितो भिक्खू' ति अलं वचनाय। सो चे, भिक्खवे, चोदको भिक्खु अमूलकेन पाराजिकेन अनुद्धंसितं पटिजानाति, सङ्घादिसेसं आरोपेत्वा सङ्घेन पवारेतब्बं। सो चे भिक्खवे, चोदको भिक्खु अमूलकेन सङ्घादिसेसेन अनुद्धंसितं पटिजानाति, यथाधम्मं कारापेत्वा सङ्घेन पवारेतब्बं। सो चे, भिक्खवे, [B.257] चोदको भिक्खु अमूलकेन थुल्लच्चयेन.....पाचित्तियेन.....पाटिदेसनीयेन.....दुक्कटेन..... दुब्भासितेन अनुद्धंसितं पटिजानाति, यथाधम्मं कारापेत्वा सङ्घेन पवारेतब्बं।

सो चे, भिक्खवे, चुदितो भिक्खु सङ्घादिसेसं अज्झापन्नो ति पटिजानाति, सङ्घादिसेसं आरोपेत्वा सङ्घेन पवारेतब्बं। सो चे, भिक्खवे, चुदितो भिक्खु थुल्लच्चयं.....पाचित्तियं ...... पाटिदेसनीयं....दुक्कटं .....दुब्भासितं अज्झापन्नो ति पटिजानाति, यथाधम्मं कारापेत्वा सङ्घेन पवारेतब्बं।

२३. थुल्लच्चयवत्थुकादि

३३. इध पन, भिक्खवे, भिक्खु तदहुपवारणाय थुल्लच्चयं अज्झापन्नो होति। एकच्चे भिक्खू थुल्लच्चयदिट्ठिनो होन्ति, एकच्चे भिक्खू सङ्घादिसेसदिट्ठिनो होन्ति। ये ते, भिक्खवे, भिक्खू थुल्लच्चयदिट्ठिनो, तेहि सो, भिक्खवे, भिक्खु एकमन्तं अपनेत्वा यथाधम्मं कारापेत्वा सङ्घं उपसङ्कमित्वा एवमस्स वचनीयो—''यं खो सो, आवुसो, भिक्खु आपत्तिं आपन्नो, सास्स यथाधम्मं पटिकता। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो पवारेय्या'' ति।

करवा कर....। निर्मूल स्थूलात्यय. दुर्वचन दोष लगाना स्वीकार करे तो धर्मानुसार दण्ड करवाकर सङ्घ को प्रवारणा करनी चाहिये।

यदि, भिक्षुओ! वह भिक्षु, जिस पर दोषारोप किया गया है, स्वयं को पाराजिक दोष का अपराधी स्वीकार करता है तो उसे सदा के लिये सङ्घ से निकलकर सङ्घ को प्रवारणा करनी चाहिये।... सङ्घादिशेष का.. स्थूलात्यय का ....दुर्भाषण का दोषी स्वीकार करता है तो उसे धर्मानुसार दण्ड देकर सङ्घ को प्रवारणा करनी चाहिये।

२३. स्थूलात्ययवस्तु आदि

३३. यदि भिक्षुओ! किसी भिक्षु ने प्रवारणा के दिन स्थूलात्यय अपराध किया हो तब कुछ भिक्षु जो उसका स्थूलात्यय अपराध ही समझते हों और कुछ सङ्घादिशेष; तो भिक्षुओ! उन्हे उन स्थूलात्ययवादियों को उस भिक्षु को एक तरफ ले जाकर धर्मानुसार दण्ड देकर सङ्घ से यो कहना

इध पन, भिक्खवे, भिक्खु तदहुपवारणाय थुल्लच्चयं अज्झापन्नो होति। एकच्चे [N.193] भिक्खू थुल्लच्चयदिट्ठिनो होन्ति, एकच्चे पाचित्तियदिट्ठिनो होन्ति.....पे०....एकच्चे [R.174] भिक्खू थुल्लच्चयदिट्ठिनो होन्ति, एकच्चे भिक्खू दुक्कटदिट्ठिनो होन्ति....एकच्चे भिक्खू थुल्लच्चयदिट्ठिनो होन्ति, एकच्चे भिक्खू दुब्भासितदिट्ठिनो होन्ति। ये ते, भिक्खवे, भिक्खू थुल्लच्चयदिट्ठिनो, तेहि सो, भिक्खवे, भिक्खु एकमन्तं अपनेत्वा यथाधम्मं कारापेत्वा सङ्घं उपसङ्कमित्वा एवमस्स वचनीयो—"यं खो सो, आवुसो, भिक्खु आपत्तिं आपन्नो, सास्स यथाधम्मं पटिकता। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो पवारेय्या" ति।

इध पन, भिक्खवे, भिक्खु तदहुपवारणाय पाचित्तियं अज्झापन्नो होति....पे०..... पाटिदेसनीयं अज्झापन्नो होति....दुक्कटं अज्झापन्नो होति.....दुब्भासितं अज्झापन्नो होति। एकच्चे भिक्खू दुब्भासितदिट्ठिनो होन्ति, एकच्चे भिक्खू सङ्घादिसेसदिट्ठिनो होन्ति। ये ते, [B.258] भिक्खवे, भिक्खू दुब्भासितदिट्ठिनो, तेहि सो, भिक्खवे, भिक्खु एकमन्तं अपनेत्वा यथाधम्मं कारापेत्वा सङ्घं उपसङ्कमित्वा एवमस्स वचनीयो—"यं खो सो, आवुसो, भिक्खु आपत्तिं आपन्नो, सास्स यथाधम्मं पटिकता। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो पवारेय्या" ति।

इध पन, भिक्खवे, भिक्खु तदहुपवारणाय दुब्भासितं अज्झापन्नो होति। एकच्चे भिक्खू दुब्भासितदिट्ठिनो होन्ति, एकच्चे भिक्खू थुल्लच्चयदिट्ठिनो होन्ति.....पे०.....एकच्चे भिक्खू दुब्भासितदिट्ठिनो होन्ति, एकच्चे भिक्खू पाचित्तियदिट्ठिनो होन्ति.....एकच्चे भिक्खू दुब्भासितदिट्ठिनो होन्ति, एकच्चे भिक्खू पाटिदेसनीयदिट्ठिनो होन्ति....एकच्चे भिक्खू दुब्भासितदिट्ठिनो होन्ति, एकच्चे भिक्खू दुक्कटदिट्ठिनो होन्ति। ये ते, भिक्खवे, भिक्खू दुब्भासितदिट्ठिनो, तेहि सो, भिक्खवे, भिक्खु एकमन्तं अपनेत्वा यथाधम्मं कारापेत्वा सङ्घं

चाहिये—'आयुष्मानो! इस भिक्षु ने जो अपराध किया था उसका धर्मानुसार प्रतीकार करवा दिया गया है, अब यदि सङ्घ उचित समझे तो प्रवारणा करे।'

यदि, भिक्षुओ! कोई भिक्षु प्रवारणा के दिन स्थूलात्यय दोषयुक्त हो जाय तो वहाँ कुछ भिक्षु उसे स्थूलात्यय दोषापन्न समझें और इसी तरह कुछ भिक्षु उसे प्रायश्चित्तीय दोष का अपराधी समझते हो. .पूर्ववत्. ..कुछ भिक्षु उसे प्रातिदेशनीय का और कुछ भिक्षु स्थूलात्यय का या कुछ भिक्षु दुष्कृत दोष का अपराधी समझते हो. ..कुछ भिक्षु स्थूलात्यय का एव कुछ भिक्षु दुर्वचन दोष का अपराधी समझते हों; तो वहाँ भी जो भिक्षु उसे स्थूलात्यय दोष का अपराधी समझते हों वे उसे एकान्त में ले जाकर धर्मानुसार दण्ड देकर फिर सङ्घ से यो कहे -'आयुष्मानो! इस भिक्षु ने जो अपराध किया था उसका धर्मानुसार प्रतीकार करवा दिया गया है, अब यदि सङ्घ उचित समझे तो प्रवारणा करे।'

"यदि भिक्षुओ! किसी भिक्षु ने प्रवारणा के दिन प्रायश्चित्तीय दोष. . । प्रतिदेशनीय दोष । दुष्कृत दोष.. ।....दुर्भाषण दोष किया हो तब कोई भिक्षु उसके दोष को दुर्भाषण दोष माने और कोई सङ्घादिशेष माने .पूर्ववत् ..प्रवारणा करे।

"यदि, भिक्षुओ! कोई भिक्षु प्रवारणा के दिन दुर्भाषण दोष से युक्त हो जाय, तब उसे कुछ भिक्षु दुर्भाषितदोषयुक्त समझे और कुछ स्थूलात्यय दोष से ग्रस्त, पूर्ववत् . कुछ उस का वह दोष दुर्भाषण का मानते हों, कुछ प्रायश्चित्तीय का कुछ भिक्षु दुर्भाषण दोष ही मानते हो और कुछ प्रतिदेशनीय कुछ भिक्षु दुर्भाषित मानते हो तो कुछ दुष्कृत। तब वहाँ जो भिक्षु दुर्भाषित दोष मानने वाले है भिक्षुओ! वे भिक्षु उस भिक्षु को एक तरफ ले जाकर धर्मानुसार दण्ड दकर पुन आकर सङ्घ

उपसङ्कमित्वा एवमस्स वचनीयो—"यं खो सो, आवुसो, भिक्खु आपत्तिं आपन्नो, सास्स यथाधम्मं पटिकता। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो पवारेय्या" ति।

२४. वत्थुठपनादि

३४. इध पन, भिक्खवे, भिक्खु तदहुपवारणाय सङ्घमज्झे उदाहरेय्य—"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। इदं वत्थु पञ्ञायति, न पुग्गलो। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, वत्थुं ठपेत्वा सङ्घो पवारेय्या" ति। सो एवमस्स वचनीयो—"भगवता खो, आवुसो, विसुद्धानं पवारणा पञ्ञत्ता। सचे वत्थु पञ्ञायति, न पुग्गलो, इदानेव नं वदेही" ति।

इध पन, भिक्खवे, भिक्खु तदहुपवारणाय सङ्घमज्झे उदाहरेय्य—"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। अयं पुग्गलो पञ्ञायति, न वत्थु। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, पुग्गलं ठपेत्वा सङ्घो पवारेय्या" ति। सो एवमस्स वचनीयो—"भगवता खो, आवुसो, समग्गानं पवारणा पञ्ञत्ता। सचे पुग्गलो पञ्ञायति, न वत्थु, इदानेव नं वदेही" ति।

इध पन, भिक्खवे, भिक्खु तदहुपवारणाय सङ्घमज्झे उदाहरेय्य—"सुणातु [N.194] मे, भन्ते, सङ्घो। इदं वत्थु च पुग्गलो च पञ्ञायति। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, वत्थुं च पुग्गलं च ठपेत्वा सङ्घो पवारेय्या" ति। सो एवमस्स वचनीयो—"भगवता खो, आवुसो, [B.259] विसुद्धानं च समग्गानं च पवारणा पञ्ञत्ता। सचे वत्थु च पुग्गलो च पञ्ञायति, इदानेव नं वदेही" ति।

पुब्बे चे, भिक्खवे, पवारणाय वत्थु पञ्ञायति, पच्छा पुग्गलो, कल्लं वचनाय। पुब्बे च, भिक्खवे, पवारणाय पुग्गलो पञ्ञायति, पच्छा वत्थु, कल्लं वचनाय। पुब्बे चे,

---

से कहें—'आयुष्मानो! यह भिक्षु जिस दोष से युक्त था, उसका धर्मानुसार प्रतीकार कर दिया है; अब यदि सङ्घ उचित समझे तो प्रवारणा करे।'

२४. वस्तु या व्यक्ति का स्थगन

३४ "भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु प्रवारणा के दिन सङ्घ के बीच में यह घोषणा करे—'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। मुझे यह वस्तु (अपराध) तो जान पड़ रही है, परन्तु (उसका कर्ता) पुद्गल नहीं। अतः यदि सङ्घ उचित समझे तो वस्तु का स्थगन कर प्रवारणा करे।' तब सङ्घ की तरफ से उसे यह उत्तर दिया जाना चाहिये—'आयुष्मन्! भगवान् ने विशुद्ध भिक्षुओं की प्रवारणा की ही अनुमति दी है। यदि तुम्हें वस्तु जान पडती है, पुद्गल नहीं तो उसकी इसी समय घोषणा करो।'

"भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु....पूर्ववत् ..मुझे पुद्गल तो जान पड रहा है परन्तु वस्तु नहीं; अतः यदि सङ्घ उचित समझे तो पुद्गल का स्थगन कर प्रवारणा करे उसे सङ्घ की तरफ से यह उत्तर दिया जाना चाहिये....तो उसकी इसी समय घोषणा करो। "भिक्षुओ! यदि कोई भिक्षु प्रवारणा के दिन सङ्घ के बीच (बैठकर) यह कहे—'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। मुझे यह वस्तु और पुद्गल—दोनों जान पड़ते हैं। अतः सङ्घ यदि उचित समझे तो दोनों का ही स्थगन कर प्रवारणा करे।' तब उसको यह कहा जाना चाहिये—'आयुष्मन्!......उसको इसी समय हमें बताओ।'

"यदि, भिक्षुओ! प्रवारणा से पहले वस्तु (अपराध) जान पड़े और बाद में पुद्गल (अपराधी), तो दोष को बताना उचित है। और यदि भिक्षुओ! प्रवारणा से पहले पुद्गल जान पड़े और वस्तु बाद मे तो भी दोष का बतलाना उचित है। परन्तु यदि प्रवारणा से पहले वस्तु और पुद्गल—दोनो जान पडें,

[R.175] भिक्खवे, पवारणाय वत्थु च पुग्गलो च पञ्ञायति, तं चे कताय पवारणाय उक्कोटेति, उक्कोटनकं पाचित्तियं ति।

२५. भण्डनकारकवत्थु

३५. तेन खो पन समयेन सम्बहुला सन्दिट्ठा सम्भत्ता भिक्खू कोसलेसु जनपदे अञ्ञतरस्मिं आवासे वस्सं उपगच्छिंसु। तेसं सामन्ता अञ्ञे भिक्खू भण्डनकारका कलहकारका विवादकारका भस्सकारका सङ्घे अधिकरणकारका वस्सं उपगच्छिंसु— 'मयं तेसं भिक्खूनं वस्संवुट्ठानं पवारणाय पवारणं ठपेस्सामा' ति। अस्सोसुं खो ते भिक्खू— "अम्हाकं किर सामन्ता अञ्ञे भिक्खू भण्डनकारका कलहकारका विवादकारका भस्सकारका सङ्घे अधिकरणकारका वस्सं उपगता—मयं तेसं भिक्खूनं वस्संवुट्ठानं पवारणाय पवारणं ठपेस्सामा" ति। कथं नु खो अम्हेहि पटिपज्जितब्बं ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।

"इध पन, भिक्खवे, सम्बहुला सन्दिट्ठा सम्भत्ता भिक्खू अञ्ञतरस्मिं आवासे वस्सं उपगच्छन्ति। तेसं सामन्ता अञ्ञे भिक्खू भण्डनकारका कलहकारका विवादकारका भस्सकारका सङ्घे अधिकरणकारका वस्सं उपगच्छन्ति—मयं तेसं भिक्खूनं वस्संवुट्ठानं पवारणाय पवारणं ठपेस्सामा ति। **अनुजानामि, भिक्खवे, तेहि भिक्खूहि द्वे तयो उपोसथे चातुद्दसिके कातुं—कथं मयं तेहि भिक्खूहि पठमतरं पवारेय्यामा** ति।

ते चे, भिक्खवे, भिक्खू भण्डनकारका कलहकारका विवादकारका भस्सकारका सङ्घे अधिकरणकारका तं आवासं आगच्छन्ति, तेहि, भिक्खवे, आवसिकेहि भिक्खूहि [B.260] लहुं लहुं सन्निपतित्वा पवारेतब्बं, पवारेत्वा वत्तब्बा— "पवारिता खो मयं,

---

और आरोपक उस का प्रवारणा के बाद आरोप (उत्कोटन) करे तो उस (आरोपक) को 'उत्कोटनक पाचित्तिय' दोष होता है।

२५. कलहकारकों से बचने का उपाय

३५. उस समय कोसल जनपद के किसी भिक्षुआवास में बहुत से प्रसिद्ध एवं प्रतिष्ठित भिक्षु वर्षावास कर रहे थे। उनके आसपास कुछ कलहप्रिय, विवादकर्ता और कोलाहल करने वाले तथा सङ्घ में परस्पर अभियोग लगाने वाले भिक्षु भी यह सोचकर वर्षावास करने पहुँच गये कि– 'हम उन भिक्षुओं के वर्षावास कर लेने पर प्रवारणा के दिन उनकी प्रवारणा स्थगित कर देंगे।' उन सम्भ्रान्त भिक्षुओं ने सुना कि हमारे पास में दूसरे कलहप्रिय, विवादकारक....प्रवारणा स्थगित करेंगे' तब उन्होंने सोचा कि अब हमें क्या करना चाहिये? (भगवान् ने आदेश दिया–)

"यदि, भिक्षुओ! किसी आवास में प्रसिद्ध, प्रतिष्ठित एव परस्पर मैत्रीभाव रखने वाले (सम्भक्त) भिक्षु वर्षावास कर रहे हों और उनके पास कुछ कलहप्रिय एवं विवादी तथा अकारण दोषारोपण करने वाले भिक्षु इसलिये वर्षावास करने के लिये आ जाँय कि 'वर्षावास के बाद प्रवारणा के दिन इन भिक्षुओं की प्रवारणा स्थगित करेंगे' तो ऐसी स्थिति में, **भिक्षुओ! मैं अनुमति देता हूँ उन भिक्षुओं को दो–तीन चतुर्दशी के उपोसथ करने की, जिससे वे सम्भ्रान्त भिक्षु किसी तरह उन भिक्षुओं से पहले ही प्रवारणा कर सकें।**

यदि भिक्षुओ! वे विग्रहकारी, कलहकारी, विवादकारी एवं वकवादी तथा सज्जन भिक्षुओ पर दोष लगाने वाले भिक्षु उस आवास में आते हैं तो उन आवासवासी भिक्षुओं को जल्दी जल्दी एकत्र

आवुसो; यथायस्मन्ता मञ्ञन्ति तथा करोन्तू'' ति। ते चे, भिक्खवे, भिक्खू भण्डनकारका कलहकारका विवादकारका भस्सकारका सङ्घे अधिकरणकारका असंविहिता तं आवासं आगच्छन्ति, तेहि, भिक्खवे, आवासिकेहि भिक्खूहि आसनं पञ्ञापेतब्बं, पादोदकं पादपीठं पादकथलिकं उपनिक्खिपितब्बं, पच्चुग्गन्त्वा पत्तचीवरं पटिग्गहेतब्बं, पानीयेन परिपुच्छितब्बा; ते संविक्खित्वा निस्सीमं गन्त्वा पवारेतब्बं, पवारेत्वा वत्तब्बा—''पवारिता खो मयं, आवुसो; यथायस्मन्ता मञ्ञन्ति तथा करोन्तू'' ति। एवं चेतं लभेथ, इच्चेतं कुसलं। नो चे [N.195] लभेथ, आवासिकेन भिक्खुना ब्यत्तेन पटिबलेन आवासिका भिक्खू ञापेतब्बा—

''सुणन्तु मे, आयस्मन्तो, आवासिका। यदायस्मन्तानं पत्तकल्लं, इदानि उपोसथं करेय्याम, पातिमोक्खं उद्दिसेय्याम, आगमे काळे पवारेय्यामा'' ति। ते चे, भिक्खवे, भिक्खू भण्डनकारका कलहकारका विवादकारका भस्सकारका सङ्घे अधिकरणकारका ते भिक्खू एवं वदेय्युं—''साधावुसो, इदानेव नो पवारेथा'' ति, ते एवमस्सु वचनीया—''अनिस्सरा खो तुम्हे, आवुसो, अम्हाकं पवारणाय; न ताव मयं पवारेय्यामा'' ति। ते च, भिक्खवे, भिक्खू भण्डनकारका कलहकारका विवादकारका भस्सकारका सङ्घे अधिकरणकारका तं काळं अनुवसेय्युं, आवासिकेन, भिक्खवे, भिक्खुना ब्यत्तेन पटिबलेन आवासिका भिक्खू ञापेतब्बा—

''सुणन्तु मे, आयस्मन्तो, आवासिका। यदायस्मन्तानं पत्तकल्लं, इदानि उपोसथं करेय्याम, पातिमोक्खं उद्दिसेय्याम, आगमे जुण्हे पवारेय्यामा'' ति। ते चे, भिक्खवे, भिक्खू

होकर पहले ही प्रवारणा कर लेनी चाहिये। यों प्रवारणा कर उन भिक्षुओं को उन कलहकारी भिक्षुओं से कह देना चाहिये कि 'आयुष्मानो! हमने तो प्रवारणा कर ली है, अब आप लोग अपनी प्रवारणा के विषय में जैसा उचित समझें करें।

यदि, भिक्षुओ! वे कलहकारी.....भिक्षु विना सूचना दिये, आवास में आवें तो आवासवासी भिक्षुओं को उनके लिये आसन बिछा देना चाहिये, पैर धोने के जल, पीढा, कठली रख देना चाहिये। और आगे बढकर उनका पात्र, चीवर ले लेना चाहिये। जल के लिये पूछना चाहिये। फिर उन्हें बताकर, सीमा के बाहर जाकर प्रवारणा कर लेनी चाहिये। प्रवारणा करके उनसे कहना चाहिये—'आयुष्मानो! हमने तो प्रवारणा कर ली, आप लोगो को अपनी प्रवारणा के विषय में जैसा उचित लगे, करे।' यदि इतने से कलहकारी भिक्षु मान जॉय तो ठीक, अन्यथा (आश्रमवासियों में से) किसी चतुर एव समर्थ भिक्षु द्वारा अपने सब्रह्मचारियों से कहा जाना चाहिये—'आयुष्मन् आवासवासि भिक्षुओ! आप मेरी सुने। यदि आप उचित समझे तो आज हम उपोसथ एवं प्रातिमोक्ष का पाठ ही करें तथा आगामी अमावस्या के दिन प्रवारणा करे। यदि इस पर वे कलहकारी ..भिक्षु ऐसा कहें—'नही, आयुष्मानो! अच्छा होगा कि हम लाग अभी (आज ही) प्रवारणा करें।' तब उनको यह उत्तर दिया जाना चाहिये—'आयुष्मानो! हमारी प्रवारणा के लिये तुम लोग अधिकृत नहीं हो। हम अभी प्रवारणा नहीं करेंगे।' तब यदि वे कलहकारी भिक्षु आगामी अमावस्या तक आवास में रुके रहें तो आवासिक भिक्षुओं में से किसी समर्थ एव चतुर भिक्षु द्वारा आवासिक भिक्षुओं को यो ज्ञापित करना चाहिये—

'आयुष्मानो! आप मेरे कथन पर ध्यान दे। यदि आप लोग उचित समझे तो आज हम लोग उपोसथ एव प्रातिमोक्ष पाठ ही करें। आगामी पूर्णिमा का प्रवारणा करेंगे।'... .पूर्ववत् ... । हम प्रवारणा नहीं करेंगे।

भण्डनकारका कलहकारका विवादकारका भस्सकारका सङ्घे अधिकरणकारका ते भिक्खू एवं वदेय्युं—"साधावुसो, इदानेव नो पवारेय्याथा" ति, ते एवमस्सु वचनीया—"अनिस्सरा खो तुम्हे, आवुसो, अम्हाकं पवारणाय, न ताव मयं पवारेय्यामा" ति। ते चे, भिक्खवे, [B.261] भिक्खू भण्डनकारका कलहकारका विवादकारका भस्सकारका सङ्घे अधिकरणकारका तं पि जुण्हं अनुवसेय्युं, तेहि, भिक्खवे, भिक्खूहि सब्बेहेव आगमे जुण्हे कोमुदिया चातुमासिनिया अकामा पवारेतब्बं।

(१) तेहि च, भिक्खवे, भिक्खूहि पवारियमाने गिलानो अगिलानस्स पवारणं ठपेति, सो एवमस्स वचनीयो—"आयस्मा खो गिलानो। गिलानो च अननुयोगक्खमो वुत्तो भगवता। आगमेहि, आवुसो, याव अरोगो होसि। अरोगो आकङ्खमानो चोदेस्ससी" ति। एवं चे वुच्चमानो चोदेति, अनादरिये पाचित्तियं। (२) तेहि चे, भिक्खवे, भिक्खूहि पवारियमाने अगिलानो गिलानस्स पवारणं ठपेति, सो एवमस्स वचनीयो—"अयं खो, आवुसो, यावायं भिक्खु अरोगो होति। अरोगं आकङ्खमानो चोदेस्ससी" ति। एवं चे वुच्चमानो चोदेति, अनादरिये पाचित्तियं। (३) तेहि चे, भिक्खवे, भिक्खूहि पवारियमाने गिलानो गिलानस्स पवारणं ठपेति, सो एवमस्स वचनीयो—"आयस्मन्ता खो गिलाना। गिलानो च अननुयोगक्खमो वुत्तो भगवता। आगमेहि, आवुसो, याव अरोगा होथ। अरोगो अरोगं आकङ्खमानो चोदेस्ससी" ति। एवं चे वुच्चमानो चोदेति, अनादरिये पाचित्तियं। [N.196] (४) तेहि चे, भिक्खवे, भिक्खूहि पवारियमाने अगिलानो अगिलानस्स पवारणं ठपेति, उभो सङ्घेन समनुयुञ्जित्वा समनुगाहित्वा यथाधम्मं कारोपेत्वा सङ्घेन पवारेतब्बं ति।

२६. पवारणासङ्गहो

[R.177] ३६. तेन खो पन समयेन सम्बहुला सन्दिट्ठा सम्भत्ता भिक्खू कोसलेसु जनपदे अञ्ञतरस्मिं आवासे वस्सं उपगच्छिंसु। तेसं समग्गानं सम्मोदमानानं अविवदमानानं विहरतं

"यदि भिक्षुओ! वे कलहकारी. ..भिक्षु उस पूर्णिमा तक भी वहाँ ठहरे रहें तो, भिक्षुओ! सभी भिक्षुओं को मिलकर वर्षावास समाप्ति की अन्तिम तिथि, चन्द्रिकायुक्त शरत्पूर्णिमा (आश्विन पूर्णिमा) को न चाहते हुए भी प्रवारणा करनी चाहिये।

"यदि, भिक्षुओ! उन भिक्षुओ के प्रवारणा करते समय एक रोगी भिक्षु किसी दूसरे स्वस्थ भिक्षु की प्रवारणा स्थगित करे तो उससे ऐसा कहना चाहिये—'आयुष्मन्! आप रोगी हैं, तथा रोगी भिक्षु को भगवान् ने दोषारोपण (अनुयोग) के लिये अयोग्य ठहराया है। अतः आयुष्मन्! आप तब तक प्रतीक्षा करें जब तक कि नीरोग न हो जाँय। नीरोग होने पर यदि आप की इच्छा हो तो इस पर दोषारोपण करना।' ऐसा कहने पर भी यदि वह रोगी भिक्षु दोषारोपण करता ही रहे तो उसे अनादरसम्बन्धी पाचित्तिय दोष लगेगा। (१)

"यदि, भिक्षुओ! प्रवारणा करते समय कोई स्वस्थ भिक्षु किसी रोगी भिक्षु की प्रवारणा स्थगित करे.. उसे अनादरसम्बन्धी पाचित्तिय दोष लगेगा। (२)

"यदि, भिक्षुओ! प्रवारणा करते समय कोई रोगी भिक्षु किसी रोगी भिक्षु की प्रवारणा स्थगित करे.... पाचित्तिय दोष लगेगा। (३)

यदि, भिक्षुओ! प्रवारणा करते समय कोई स्वस्थ भिक्षु किसी स्वस्थ भिक्षु की प्रवारणा

अञ्ञतरो फासुविहारो अधिगतो होति। अथ खो तेसं भिक्खूनं एतदहोसि—"अम्हाकं खो समग्गानं सम्मोदमानानं अविवदमानानं विहरतं अञ्ञतरो फासुविहारो अधिगतो। [B.262] सचे मयं इदानि पवारेस्साम, सिया पि भिक्खू पवारेत्वा चारिकं पक्कमेय्युं। एवं मयं इमम्हा फासुविहारा परिबाहिरा भविस्साम। कथं नु खो अम्हेहि पटिपज्जितब्बं" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।

"इध पन, भिक्खवे, सम्बहुला सन्दिट्ठा सम्भत्ता भिक्खू अञ्ञतरस्मिं आवासे वस्सं उपगच्छन्ति। तेसं समग्गानं सम्मोदमानानं अविवदमानानं विहरतं अञ्ञतरो फासुविहारो अधिगतो होति। तत्र चे भिक्खूनं एवं होति—"अम्हाकं खो समग्गानं सम्मोदमानानं अविवदमानानं विहरतं अञ्ञतरो फासुविहारो अधिगतो। सचे मयं इदानि पवारेस्साम, सिया पि भिक्खू पवारेत्वा चारिकं पक्कमेय्युं। एवं मयं इमम्हा फासुविहारा परिबाहिरा भविस्सामा" ति, **अनुजानामि, भिक्खवे, तेहि भिक्खूहि पवारणासङ्गहं कातुं।**

एवं च पन, भिक्खवे, कातब्बो। सब्बेहेव एकज्झं सन्निपतितब्बं—सन्निपतित्वा ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—

"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। अम्हाकं समग्गानं सम्मोदमानानं अविवदमानानं विहरतं अञ्ञतरो फासुविहारो अधिगतो। सचे मयं इदानि पवारेस्साम, सिया पि भिक्खू पवारेत्वा चारिकं पक्कमेय्युं। एवं मयं इमम्हा फासुविहारा परिबाहिरा भविस्साम। यदि सङ्घस्स

स्थगित करे तो उन दोनों को ही, सूक्ष्म विवेचना के बाद बात कर के ठीक पता लगाकर वहाँ धर्मानुसार दण्ड करवा कर प्रवारणा करनी चाहिये। (४)

२६. प्रवारणा का संग्रह (आगे बढ़ाना)

३६. उस समय कोसल जनपद के किसी भिक्षुआवास में बहुत से प्रसिद्ध, प्रतिष्ठित भिक्षु वर्षावास कर रहे थे। उनका एकमत, विवादरहित तथा प्रसन्नतापूर्वक रहते हुए धर्मसाधना में बहुत अच्छा मन लग रहा था। तब उन भिक्षुओं के मन में यह हुआ—हमें यहाँ एकमत, निर्विवाद तथा प्रसन्नतापूर्वक रहते हुए साधना में गति मिली है, यदि हम ऐसी स्थिति में इसी समय प्रवरणा कर लेंगे तो, हो सकता है, कुछ भिक्षु अन्यत्र चारिका कर जाँय। उससे हमारी साधना में कुछ विघ्न आ सकता है, तो हमें ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिये? उन्होंने अपनी यह समस्या भगवान् के सम्मुख रखी। (भगवान् ने कहा—)

"यहाँ, भिक्षुओ! किसी आवास में बहुत से प्रसिद्ध, प्रतिष्ठित एवं सम्मानित भिक्षु एक साथ मिल-बैठकर प्रसन्नतापूर्वक मैत्रीभाव से वर्षावास कर रहे हों और वहाँ उनका मन धर्मसाधना में भी अधिक लग रहा हो, तो इस धर्मसाधना में विघ्न निवारण हेतु यदि ये अपनी प्रवारणा का समय कुछ और आगे बढ़ाना चाहें तो, भिक्षुओ! मैं ऐसे प्रवारणा संग्रह (आगे बढ़ाना) की अनुमति देता हूँ।

भिक्षुओ! यह संग्रह इस प्रकार करना चाहिये—सब भिक्षुओं को एकत्र कर कोई चतुर समर्थ भिक्षु यों कहे—

ज्ञप्ति— 'भन्ते! सङ्घ मेरी बात सुने, हमें एकमत, विवादरहित एवं मोदयुक्त रहते हुए धर्मसाधना का बहुत अच्छा अवसर मिला है, यदि हम अभी प्रवारणा कर लेंगे तो हो सकता है कुछ भिक्षु चारिका करने चले जाँय। इससे हमारी इस साधना में विघ्न पड़ जाय और ऐसा सुअवसर आगे

पत्तकल्लं, सङ्घो पवारणासङ्गहं करेय्य, इदानि उपोसथं करेय्य, पातिमोक्खं उद्दिसेय्य, आगमे जुण्हे कोमुदिया चातुमासिनिया पवारेय्य। एसा ञत्ति।

"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। अम्हाकं समग्गानं सम्मोदमानानं अविवदमानानं विहरतं अञ्ञतरो फासुविहारो अधिगतो। सचे मयं इदानि पवारेस्साम, सिया पि भिक्खू पवारेत्वा चारिकं पक्कमेय्युं। एवं मयं इमम्हा फासुविहारा परिबाहिरा भविस्साम। सङ्घो पवारणासङ्गहं करोति, इदानि उपोसथं करिस्सति, पातिमोक्खं उद्दिसिस्सति, आगमे जुण्हे कोमुदिया चातुमासिनिया पवारेस्सति। यस्सायस्मतो खमति पवारणासङ्गहस्स करणं, इदानि उपोसथं करिस्सति, पातिमोक्खं उद्दिसिस्सति, आगमे जुण्हे कोमुदिया चातुमासिनिया पवारेस्सति, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य।

[N.197, B.263] "कतो सङ्घेन पवारणासङ्गहो, इदानि उपोसथं करिस्सति, पातिमोक्खं उद्दिसिस्सति, आगमे जुण्हे कोमुदिया चातुमासिनिया पवारेस्सति। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धारयामी" ति।

तेहि चे, भिक्खवे, भिक्खूहि कते पवारणासङ्गहे अञ्ञतरो भिक्खु एवं वदेय्य— "इच्छामहं, आवुसो, जनपदचारिकं पक्कमितुं; अत्थि मे जनपदे करणीयं" ति, सो एवमस्स [R.178] वचनीयो—"साधावुसो, पवारेत्वा गच्छाही" ति। सो चे, भिक्खवे, भिक्खु पवारयमानो अञ्ञतरस्स भिक्खुनो पवारणं ठपेति, सो एवमस्स वचनीयो—"अनिस्सरो खो मे त्वं, आवुसो, पवारणाय, न तावाहं पवारेस्सामी" ति। तस्स चे, भिक्खवे, भिक्खुनो पवारयमानस्स अञ्ञतरो भिक्खु तस्स भिक्खुनो पवारणं ठपेति, उभो सङ्घेन समनुयुञ्जित्वा समनुगाहित्वा यथाधम्मं कारापेतब्बा। सो चे, भिक्खवे, भिक्खु जनपदे तं करणीयं तीरेत्वा पुनदेव अन्तो कोमुदिया चातुमासिनिया तं आवासं आगच्छति, तेहि चे, भिक्खवे, भिक्खूहि पवारियमाने अञ्ञतरो भिक्खु तस्स भिक्खुनो पवारणं ठपेति, सो एवमस्स वचनीयो— "अनिस्सरो खो मे त्वं, आवुसो, पवारणाय; पवारितो अहं" ति। तेहि चे, भिक्खवे,

---

कुछ दिन न मिले। अतः सङ्घ यदि उचित समझे तो प्रवारणा का सग्रह (समय आगे बढाना) करे, इस समय हम केवल उपोसथ करें और प्रातिमोक्ष-पाठ करे तथा आगामी चातुर्मास्यसमाप्ति की कौमुदी-पूर्णिमा (शरत्पूर्णिमा=आश्विन पूर्णिमा) को प्रवारणा करे। यह ज्ञप्ति (सूचना) है।

अनुश्रावण— 'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। हमे एकमत, विवादरहित मोदयुक्त रहते धर्मसाधना का सुअवसर मिला हुआ है। यदि हम कौमुदी पूर्णिमा को प्रवारणा करे। जिस आयुष्मान् को मेरा यह प्रवारणासग्रह का प्रस्ताव उचित लगे वह चुप रहे और यह जिसे उचित न लगता हो वह बोले।

धारणा— 'सङ्घ ने प्रवारणासग्रह स्वीकार किया कि अभी वह केवल उपोसथ करेगा, प्रातिमोक्षपाठ करेगा और आगामी शरत्पूर्णिमा को प्रवारणा करेगा। सङ्घ को यह प्रस्ताव उचित लग रहा है, इसीलिये चुप है—ऐसी मेरी धारणा (निश्चय) है।'

"भिक्षुओ! यों प्रवारणासग्रह किये जाने पर यदि कोई भिक्षु यो कहे—'आयुष्मानो! मै तो देश मे चारिका करना चाहता हूँ। देश मे मुझे कुछ कार्य भी है।' तो उससे कहना चाहिये—'अच्छा तो भिक्षु! प्रवारणा कर लो, फिर चले जाना।' भिक्षुओ! यदि वह भिक्षु प्रवारणा करते समय किसी अन्य भिक्षु की प्रवारणा स्थगित करता है तो उससे उस भिक्षु द्वारा यों कहा जाना चाहिये—'आयुष्मन्! आप

भिक्खूहि पवारियमाने सो भिक्खु अञ्ञतरस्स भिक्खुनो पवारणं ठपेति, उभो सङ्घेन समनुयुञ्जित्वा समनुगाहित्वा यथाधम्मं कारापेत्वा सङ्घेन पवारेतब्बं ति॥

पवारणाक्खन्धकं निट्ठितं चतुत्थं॥

२७. तस्सुद्दानं

वस्संवुट्ठा कोसलेसु अगमुं सत्थुदस्सनं।
अफासुं पसुसंवासं अञ्ञमञ्ञानुलोमता॥ १॥
पवारेन्ता पणामञ्च कम्मं गिलानञातका।
राजा चोरा च धुत्ता च भिक्खुपच्चत्थिका तथा॥ २॥
पञ्च चतु तयो द्वेको आपन्नो वेमति सरि।
सब्बो सङ्घो वेमतिको बहू समा च थोकिका॥ ३॥
आवासिका चातुद्दस लिङ्गसंवासका उभो। [B.264]
गन्तब्बं न निसिन्नाय छन्ददाने पवारणा॥ ४॥

मेरी प्रवारणा के स्वामी नहीं है, मेरी प्रवारणा तुम्हारे साथ नहीं होगी। भिक्षुओ! यदि उस समय, जब वह भिक्षु प्रवारणा कर रहा हो तो दूसरा भिक्षु उसकी प्रवारणा स्थगित करना चाहे तो सङ्घ को दोनों की बातें समझते हुए धर्मानुसार (दण्ड) करके प्रवारणा करा देनी चाहिये।''

प्रवारणास्कन्धक समाप्त॥

इस स्कन्धक का उदान

कौसल जनपद में वर्षावासी भिक्षु वर्षावास के बाद भगवान् के दर्शन करने गये। पूछने पर उन्होंने भगवान् से निवेदन किया कि उन्होंने वर्षावास का समस्त समय मौन रहकर धर्मसाधना में लगाया। इतने लम्बे समय तक परस्पर कोई सम्भाषण नहीं किया। यह सुनकर भगवान् ने उन भिक्षुओं को बहुत धिक्कारा और कहा– अरे मूर्ख भिक्षुओ! इस तरह का व्यवहार तो साथ रहने वाले पशु भी परस्पर नहीं करते। साथ ही यह भी कहा कि साथ रहने वाले भिक्षुओं को परस्पर सम्मान करना चाहिये, तथा परस्पर के सुख–दुःख में सहभागी रहना चाहिये।। १।।

प्रवारणा करते समय प्रवारणा के भेद, प्रवारणा करने की पद्धति, सङ्घप्रवारणाविषयक ज्ञान, आपत्तिकर्म, रोगी भिक्षु की प्रवारणा विधि जाननी चाहिये।। २।।

प्रवारणा के समय नाते–रिश्तेदारों, राजा और, धूर्त या विरोधी भिक्षुओं द्वारा विघ्न उपस्थित किया जाय तो प्रवारणा रोक देनी चाहिये।। ३।।

पाँच, चार, तीन, दो या एक भिक्षु को भी सङ्घ मान कर प्रवारणा की जा सकती है। आपत्तिग्रस्त को अपनी आपत्ति के विषय में सन्देह होने पर स्मरण आने पर उसके लिये प्रवारणा करे। समग्र सङ्घ वेमतिक हो तो तदर्थ उपाय बताया गया है। आवासिक भिक्षुओं के प्रवारणा के समय आगन्तुक भिक्षुओं के तीन भेद किये गये हैं– आवासिकों से अधिक, बराबर या कम।

आगन्तुक विरोधी भिक्षुओं द्वारा प्रवारणा में विरोध की आशङ्का हो तो आवासी भिक्षुओं को चतुर्दशी के दिन ही प्रवारणा कर लेनी चाहिये। इसी तरह भिक्षु आवास में प्रवेश के समय लिङ्ग आदि चिह्नों से भिक्षुआवास की पहचान बतायी गयी है। भिक्षुपरिषद् बैठी हो तो बीच में उठकर नहीं जाना चाहिये। प्रवारणा के देने में सभी भिक्षु स्वतन्त्र हैं, किसी का किसी अन्य पर आग्रह (दबाव) नहीं।। ४।।

सवरेहि खेपिता मेघो अन्तरा च पवारणा।
न इच्छन्ति पुरम्हाकं अट्ठपिता च भिक्खुनो॥ ५॥
किम्हि वा ति कतमं च दिट्ठेन सुतसङ्काय।
चोदको चुदितको च थुल्लच्चयं वत्थु भण्डनं।
पवारणासङ्गहो च अनिस्सरो पवारये ति॥ ६॥

इमम्हि खन्धके वत्थूनि छचत्तारीसा ति॥

चतुत्थं पवारणाक्खन्धकं निट्ठितं॥

शबरों (जङ्गली कौल, भीलों) द्वारा बाधा उपस्थित की जाय या वर्षा आनेवाली हो ऐसे समयों में प्रवारणा संक्षिप्त या स्थगित की जा सकती है। विरोधियों के सामने भिक्षु का प्रवारणादान आवश्यक नहीं॥ ५॥

प्रवारणा में किसी के प्रति आपत्ति प्रकट करने वाले से सङ्घ को सूक्ष्मता से पूछना चाहिये कि उसने इस भिक्षु को आपत्तिग्रस्त होते हुए कब, कहाँ, कैसे देखा सुना है, या किसने उसको बताया है। ऐसे अपराधी भिक्षु को स्थूलात्यय से दण्डित करना चाहिये। प्रकरण, विशेष कारण उपस्थित होने पर स्थगित भी की जा सकती है। पवारणा के समय झगड़ालु का दृढ़ता से प्रतीकार करना चाहिये। धर्मसाधना में दृढ़ता लाने के लिये प्रवारणाकाल आगे भी बढ़ाया जा सकता है। निष्कर्ष यह है कि प्रवारणा–दान स्वच्छन्द प्रक्रिया है॥ ६॥

इस स्कन्धक में छयालीस प्रकरण हैं॥

प्रवारणास्कन्धक समाप्त॥

५. चम्मक्खन्धकं

१. सोणकोळिविसवत्थु

१. तेन समयेन बुद्धो भगवा विहरति गिज्झकूटे पब्बते। [N.199, B.265, R.179] तेन खो पन समयेन राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो असीतिया गामसहस्सेसु इस्सरियाधिपच्चं रज्जं कारेति। तेन खो पन समयेन चम्पायं सोणो नाम कोळिविसो सेट्ठिपुत्तो सुखुमालो होति। तस्स पादतलेसु लोमानि जातानि होन्ति। अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो तानि असीतिं गामिकसहस्सानि सन्निपातापेत्वा केनचिदेव करणीयेन सोणस्स कोळिविसस्स सन्तिके दूतं पाहेसि—"आगच्छतु सोणो, इच्छामि सोणस्स आगतं" ति। अथ खो सोणस्स कोळिविसस्स मातापितरो सोणं कोळिविसं एतदवोचुं—"राजा ते, तात सोण, पादे दक्खितुकामो। मा खो त्वं, तात सोण, येन राजा तेन पादे अभिप्पसारेय्यासि। रञ्ञो पुरतो पल्लङ्केन निसीद। निसिन्नस्स ते राजा पादे दक्खिस्सती" ति। अथ खो सोणं कोळिविसं सिविकाय आनेसुं। अथ खो सोणो कोळिविसो येन राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा राजानं मागधं सेनियं बिम्बिसारं अभिवादेत्वा रञ्ञो पुरतो पल्लङ्केन निसीदि। अद्दसा खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो सोणस्स कोळिविसस्स पादतलेसु लोमानि जातानि।

अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो तानि असीतिं गामिकसहस्सानि दिट्ठधम्मिके अत्थे अनुसासित्वा उय्योजेसि—"तुम्हे ख्वत्थ, भणे, मया दिट्ठधम्मिके अत्थे अनुसासिता; गच्छथ, तं भगवन्तं पयिरुपासथ; सो नो भगवा सम्परायिके अत्थे अनुसासिस्सती" ति।

---

५. चर्मस्कन्धक

१. सोणकोटिवीसवस्तु

१. उस समय भगवान् बुद्ध राजगृह के गृध्रकूट पर्वत पर साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय मगधराज श्रेणिय बिम्बिसार अस्सी हजार ग्रामों का अधिपति (स्वामी) था। उसी समय चम्पानगरी (वर्तमान में—भागलपुर, बिहार) में सोण नामक एक सुकुमार बीस करोड़ धन के स्वामी श्रेष्ठि का पुत्र था। उसके पैरों के तलुओं में रोएँ उगे थे। तब राजा बिम्बिसार ने अपने उन अस्सी हजार ग्रामो के प्रधानों को एकत्र कर किसी कार्यविशेष से सोण कोटिबीस के पास दूत भेजा—"सोण! आप आवें। मैं आपका यहाँ आगमन चाहता हूँ।" तब उस सोण कोटिवीस के माता-पिता ने उससे कहा—"तात सोण! राजा तेरे पैरों को देखना चाहता है। अतः, तात सोण! तूँ राजा की तरफ पैर न फैलाना, (क्योंकि इससे उसका अपमान होगा); अपितु राजा के सामने पालथी आसन (बैठने की विधि), लगाकर बैठ जाना। ऐसे बैठे हुए तेरे पैर वह देख लेगा।" तब (कहार लोग) उस सोण कोटिवीस को पालकी से (राजगृह) ले गये। सोण कोटिवीस जहाँ राजा थे, वहाँ गया। जा कर राजा बिम्बिसार को प्रणाम कर राजा के सामने पद्म (पालथी) आसन लगाकर बैठ गया। उस समय मगध राजा बिम्बिसार ने सोण कोटिवीस के पैरों में उगे रोम देखे।

तब मगध राज बिम्बिसार ने उन अस्सी हजार ग्राम-प्रधानों को लौकिक (व्यावहारिक) बातों का उपदेश कर प्रेरित किया—"अरे भई! मैंने तुम लोगों को इन व्यावहारिक बातो का उपदेश कर

२. अथ खो तानि असीति गामिकसहस्सानि येन गिज्झकूटो पब्बतो तेनुपसङ्कमिंसु। तेन खो पन समयेन आयस्मा सागतो भगवतो उपट्ठाको होति। अथ खो तानि असीति [B.266] गामिकसहस्सानि येनायस्मा सागतो तेनुपसङ्कमिंसु, उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं [R.180] सागतं एतदवोचुं—"इमानि, भन्ते, असीति गामिकसहस्सानि इधूपसङ्कन्तानि भगवन्तं दस्सनाय; साधु मयं, भन्ते, लभेय्याम भगवन्तं दस्सनाया" ति। "तेन हि तुम्हे आयस्मन्तो मुहुत्तं इधेव ताव होथ, यावाहं भगवन्तं पटिवेदेमी" ति। अथ खो आयस्मा सागतो तेसं असीतिया गामिकसहस्सानं पुरतो पेक्खमानानं पाटिकाय निमिज्जित्वा भगवतो पुरतो उम्मुज्जित्वा भगवन्तं एतदवोच—"इमानि, भन्ते, असीति गामिकसहस्सानि इधूपसङ्कन्तानि भगवन्तं दस्सनाय; यस्स दानि, भन्ते, भगवा कालं मञ्ञती" ति। "तेन हि त्वं, सागत, विहारपच्छायायं आसनं पञ्ञापेही" ति। "एवं, भन्ते", ति खो आयस्मा सागतो भगवतो पटिस्सुणित्वा पीठं गहेत्वा भगवतो पुरतो निमुज्जित्वा तेसं असीतिया गामिकसहस्सानं पुरतो पेक्खमानानं पाटिकाय उम्मुज्जित्वा विहारपच्छायायं आसनं पञ्ञापेसि। [N.200] अथ खो भगवा विहारा निक्खमित्वा विहारपच्छायायं पञ्ञत्ते आसने निसीदि।

अथ खो तानि असीति गामिकसहस्सानि येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। अथ खो तानि असीति गामिकसहस्सानि आयस्मन्तं येव सागतं समन्नाहरन्ति, नो तथा भगवन्तं। अथ खो भगवा तेसं असीतिया गामिकसहस्सानं चेतसा चेतोपरिवितक्कं अञ्ञाय आयस्मन्तं सागतं आमन्तेसि—"तेन हि त्वं, सागत, भिय्योसोमत्ताय उत्तरिमनुस्सधम्मं इद्धिपाटिहारियं दस्सेही" ति। "एवं, भन्ते," ति खो आयस्मा सागतो भगवतो पटिस्सुणित्वा वेहासं अब्भुग्गन्त्वा आकासे अन्तलिक्खे चङ्कमति

दिया। इससे आगे तुम उन भगवान् की सेवा (उपासना) में जाओ। वे तुम्हें पारलौकिक सुख-प्राप्ति का मार्ग बतायँगे।"

२ तब वे अस्सी हजार ग्रामों के प्रधान जहाँ गृध्रकूट पर्वत था वहाँ गये। उस समय आयुष्मान् स्वागत भगवान् के उपस्थायक (सेवक) थे। उन अस्सी हजार ग्रामप्रधानों ने आयुष्मान् स्वागत के पास जाकर पूछा—"भन्ते! हम अस्सी हजार ग्रामप्रधान भगवान् के दर्शनहेतु यहाँ आये हैं। अच्छा हो, भन्ते! हमें भगवान् के दर्शन हो जाँय।"

"तो तुम आयुष्मानो! क्षण भर यहीं ठहरो, मैं भगवान् से निवेदन करता हूँ।" तब आयुष्मान् स्वागत उन अस्सी हजार ग्रामप्रधानों के देखते-देखते पाटिका (अर्धचन्द्रपाषाण) में अन्तर्धान होकर भगवान् के सामने प्रकट हो, यह बोले—"भन्ते! ये अस्सी हजार ग्रामप्रधान भगवान् के दर्शनहेतु आये हैं, आप जैसा उचित समझें, उन्हें उत्तर दूँ।"

"तो, स्वागत! विहार की छाया मे आसन बिछा दे।" "अच्छा, भन्ते!" यों भगवान् से कहकर आयुष्मान् स्वागत ने मञ्चपीठ लेकर भगवान् के सम्मुख से अन्तर्हित होकर , उन अस्सी हजार ग्रामवासियो के देखते-देखते विहार की छाया में उस मञ्चपीठ पर आसन बिछाया। तब भगवान् साधनाकुटी से निकलकर विहार की छाया मे बिछे आसन पर विराजे।

तब वे अस्सी हजार ग्रामप्रधान जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ पहुँचे। पहुँचकर भगवान् को प्रणाम कर एक तरफ बैठ गये। फिर भी वे ग्रामप्रधान आयुष्मान् स्वागत की तरफ ही देखते रहे, भगवान की तरफ उन्होंने विशेष ध्यान नही दिया। तब भगवान् ने उन ग्रामप्रधानों के चित्त का भाव

पि, तिट्ठति पि, निसीदति पि, सेय्यं पि कप्पेति, धूमायति पि, पज्जलति पि, अन्तरधायति पि। अथ खो आयस्मा सागतो आकासे अन्तलिक्खे अनेकविहितं उत्तरिमनुस्सधम्मं इद्धिपाटिहारियं दस्सेत्वा भगवतो पादेसु सिरसा निपतित्वा भगवन्तं एतदवोच—"सत्था मे, भन्ते, भगवा; सावकोहमस्मि। सत्था मे, भन्ते, भगवा; सावकोहमस्मी" ति। अथ खो तानि असीति गामिकसहस्सानि—"अच्छरियं वत भो, अब्भुतं वत भो, सावको पि नाम एवं महिद्धिको भविस्सति, एवं महानुभावो, अहो नून सत्था" ति—भगवन्तं येव समन्नाहरन्ति, नो तथा आयस्मन्तं सागतं।

३. अथ खो भगवा तेसं असीतिया गामिकसहस्सानं चेतसा चेतोपरिवितक्कं [B.267] अञ्ञाय अनुपुब्बिं कथं कथेसि, सेय्यथीदं—दानकथं सीलकथं सग्गकथं, कामानं [R.181] आदीनवं, ओकारं, सङ्किलेसं, नेक्खम्मे आनिसंसं पकासेसि। यदा ते भगवा अञ्ञासि कल्लचित्ते, मुदुचित्ते, विनीवरणचित्ते, उदग्गचित्ते, पसन्नचित्ते, अथ या बुद्धानं सामुक्कंसिका धम्मदेसना, तं पकासेसि—दुक्खं, समुदयं, निरोधं, मग्गं। सेय्यथापि नाम सुद्धं वत्थं अपगतकाळकं सम्मदेव रजनं पटिग्गहेय्य, एवमेव तेसं असीतिया गामिकसहस्सानं तस्मिं येव आसने विरजं वीतमलं धम्मचक्खुं उदपादि—'यं किञ्चि समुदयधम्मं, सब्बं तं निरोधधम्मं' ति। ते दिट्ठधम्मा पत्तधम्मा विदितधम्मा परियोगाळ्हधम्मा तिण्णविचिकिच्छा विगतकथङ्कथा

जानकर आयुष्मान् स्वागत को सम्बोधित किया—"तो स्वागत (इन ग्रामप्रधानों की) और भी अधिक प्रसन्नता बढ़ाने के लिये तू कुछ दिव्यशक्तिसम्पन्न (अलौकिक) ऋद्धिप्रातिहार्य (चमत्कार) दिखा।" "अच्छा, भन्ते!" यो भगवान् को उत्तर देकर आयुष्मान् स्वागत आकाश में जाकर टहलते भी रहे, खड़े भी होते रहे, बैठते भी रहे, लेटते भी रहे, कभी धुआँ देते थे, कभी प्रज्वलित होते थे, या फिर रहते रहते अन्तर्धान भी हो जाते थे। यों, आयुष्मान् स्वागत ने अनेक प्रकार के अलौकिक चमत्कार दिखा कर भगवान् के श्रीचरणो में अपना शिर रखते हुए भगवान् से निवेदन किया—

"भन्ते! भगवान् ही इस विषय में मेरे गुरु हैं , मैं तो आपका शिष्य हूँ। भन्ते! भगवान् ही.....आपका शिष्य हूँ।" तब उन ग्रामप्रधानों को यह विचार हुआ "कितने आश्चर्य की बात है, यह कितना अद्भुत है कि जिनका शिष्य ही इतना ऋद्धिसम्पन्न है तो फिर उसके शास्ता का तो कहना ही क्या!" यह सोचकर तब वे सभी भगवान् की तरफ आकृष्ट हुए तथा उन्होंने स्वागत को देखना छोड़ा।

३. तब भगवान् ने उन....ग्रामप्रधानों के मनोभावों को जानकर, आनुपूर्वी कथा कहना प्रारम्भ किया; जैसे— दानकथा, शीलकथा, स्वर्गकथा, कामभागो के दुष्परिणाम, दूसरों के प्रति किये गये अपकार, मनोमालिन्य एव कामभागो से दूर रहने के सुपरिणाम विस्तार से बताये। यों (इस कथा के प्रभाव से) जब भगवान् ने उन ..प्रधानो के चित्त को मृदु, आवरणरहित, आह्लादित एवं प्रसन्न देखा तो उनको बुद्धों द्वारा जनता को उत्कर्ष की तरफ ले जाने वाला (आर्य–सत्यचतुष्टय) उपदेश दिया; जैसे—दुःख, दुःख का कारण, दुःख का नाश, एवं दुख के नाश का उपाय। जैसे स्वच्छ, कालिमारहित श्वेत वस्त्र किसी भी रंग को भलीभाँति पकड़ता है; इसी प्रकार उन. .ग्रामप्रधानों को उसी आसन पर बैठे बैठे 'जो कुछ उत्पन्न हुआ है वह सब एक न एक दिन विनष्ट होने लगा है'—यह निर्मल धर्मज्ञान उत्पन्न हो गया। यों वे धर्म का साक्षात्कार, उसकी उपलब्धि, उसका ज्ञान, एवं उसका अवगाहन कर उसके प्रति सन्देहरहित, वाद–विवादरहित एवं वैशारदय (निपुणता) प्राप्त करते हुए भगवान् के उपदेश में अत्यधिक निष्ठावान् होते हुए, भगवान् से यो निवेदन करने लगे—आश्चर्य है, भन्ते! अद्भुत है, भन्ते!

वेसारज्जप्पत्ता अपरप्पच्चया सत्थुसासने भगवन्तं एतदवोचुं—"अभिक्कन्तं, भन्ते, अभिक्कन्तं, भन्ते। सेय्यथापि, भन्ते, निक्कुज्जितं वा उक्कुज्जेय्य, पटिच्छन्नं वा विवरेय्य, मूळ्हस्स वा मग्गं आचिक्खेय्य, अन्धकारे वा तेलपज्जोतं धारेय्य—चक्खुमन्तो रूपानि दक्खिन्ती ति, एवमेव भगवता अनेकपरियायेन धम्मो पकासितो। एते मयं, भन्ते, भगवन्तं सरणं गच्छाम, धम्मं च, भिक्खुसङ्घं च। उपासके नो भगवा धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेते सरणं गते" ति।

२. सोणस्स पब्बज्जा

४. अथ खो सोणस्स कोळिविसस्स एतदहोसि—"यथा यथा खो अहं भगवता [N.201] धम्मं देसितं आजानामि, नयिदं सुकरं अगारं अज्झावसता एकन्तपरिपुण्णं एकन्तपरिसुद्धं सङ्खलिखितं ब्रह्मचरियं चरितुं; यन्नूनाहं केसमस्सुं ओहारेत्वा कासायानि वत्थानि अच्छादेत्वा अगारस्मा अनगारियं पब्बजेय्यं" ति। अथ खो तानि असीति गामिकसहस्सानि भगवतो भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कमिंसु। अथ खो सोणो कोळिविसो अचिरप्पक्कन्तेसु तेसु असीतिया गामिकसहस्सेसु येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सोणो कोळिविसो भगवन्तं एतदवोच—"यथा यथाहं, भन्ते, भगवता धम्मं देसितं आजानामि, नयिदं सुकरं अगारं अज्झावसता [B.268] एकन्तपरिपुण्णं एकन्तपरिसुद्धिं सङ्खलिखितं ब्रह्मचरियं चरितुं। इच्छामहं, भन्ते, केसमस्सुं ओहारेत्वा कासायानि वत्थानि अच्छादेत्वा अगारस्मा अनगारियं पब्बजितुं। [R.182] पब्बाजेतु मं, भन्ते, भगवा" ति। अलत्थ खो सोणो कोळिविसो भगवतो सन्तिके

जैसे कोई औंधे को सीधा कर दे, ढके को उघाड दे, भूले को रास्ता बता दे, अन्धेरे में तैल भरा दीपक जला कर रख दे कि आँखों वाले लोग मार्ग को भलीभाँति देख लें; ऐसे ही आप भगवान् ने नाना प्रकार से धर्म का उपदेश किया। इससे आप में अत्यधिक श्रद्धान्वित होकर हम भगवान् की, धर्म एवं सङ्घ की शरण में जाते हैं। आज से आप भगवान् हमें अपना यावज्जीवन अञलिबद्ध शरणागत उपासक समझें।

२. सोण की प्रव्रज्या

४. तब सोण कोटिवीस के मन में यह विचार आया—"जैसे-जैसे मैंने भगवान् द्वारा उपदिष्ट धर्म को समझा है उससे मुझे यही समझ में आ रहा है कि यह धर्म सर्वथा परिपूर्ण, सर्वथा परिशुद्ध, खरादे हुए शङ्ख या उज्ज्वल है। इसका पालन घर में रहते हुए अत्यन्त दुष्कर है। क्यों न मैं भी शिर-दाढ़ी मुँड़वाकर काषाय वस्त्र पहनकर, घर से बेघर हो प्रव्रजित हो जाऊँ।"

उस समय वे.. ग्रामप्रधान भगवान् के भाषण का अभिनन्दन अनुमोदन कर, आसन से उठ, अभिवादन-प्रदक्षिणा कर चले गये। तब सोण कोटिवीस, उन....ग्रामप्रधानों के चले जाने के कुछ देर बाद, जहाँ भगवान् थे वहाँ गया। जाकर भगवान् का अभिवादन कर एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे उस सोण कोटिवीस ने भगवान् से निवेदन किया—"भगवान् द्वारा उपदिष्ट धर्म को जितना समझ पाया हूँ उससे मुझे यही अनुभव हो रहा है कि यह...शङ्खवत् उज्ज्वल धर्म, गृहस्थ में रहकर, साधना करने में अत्यन्त कठिन है। अतः, भन्ते! मैं शिर-दाढ़ी मुँड़वाकर, काषायवस्त्र धारण कर, घर झोड़कर बेघर हे प्रव्रजित होना चाहता हूँ (अतः) भगवान् मुझे भी प्रव्रज्यादीक्षा देने की कृपा करें।" तब सोण कोटिवीस ने भगवान् से प्रव्रज्या एवं उपसम्पदा दीक्षा प्राप्त की। उपसम्पन्न होने के कुछ

पब्बज्जं, अलत्थ उपसम्पदं। अचिरुपसम्पन्नो च पनायस्मा सोणो सीतवने विहरति। तस्स अच्चारद्धवीरियस्स चङ्कमतो पादा भिज्जिंसु। चङ्कमो लोहितेन फुटो होति, सेय्यथापि गवाघातनं। अथ खो आयस्मतो सोणस्स रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि—"ये खो केचि भगवतो सावका आरद्धवीरिया विहरन्ति, अहं तेसं अञ्ञतरो। अथ च पन मे नानुपादाय आसवेहि चित्तं विमुच्चति। संविज्जन्ति खो पन मे कुले भोगा; सक्का भोगे च भुञ्जितुं, पुञ्ञानि च कातुं। यन्नूनाहं हीनायावत्तित्वा भोगे च भुञ्जेय्यं, पुञ्ञानि च करेय्यं" ति। अथ खो भगवा आयस्मतो सोणस्स चेतसा चेतोपरिवितक्कं अञ्ञाय—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य एवमेव—गिज्झकूटे पब्बते अन्तरहितो सीतवने पातुरहोसि। अथ खो भगवा सम्बहुलेहि भिक्खूहि सद्धिं सेनासनचारिकं आहिण्डन्तो येनायस्मतो सोणस्स चङ्कमो तेनुपसङ्कमि। अद्दसा खो भगवा आयस्मतो सोणस्स चङ्कमं लोहितेन फुटं, दिस्वान भिक्खू आमन्तेसि—"कस्स न्वायं, भिक्खवे, चङ्कमो लोहितेन फुटो, सेय्यथापि गवाघातनं" ति? "आयस्मतो, भन्ते, सोणस्स अच्चारद्धवीरियस्स चङ्कमतो पादा भिज्जिंसु। तस्सायं चङ्कमो लोहितेन फुटो, सेय्यथापि गवाघातनं" ति।

५. अथ खो भगवा येनायस्मतो सोणस्स विहारो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। आयस्मा पि खो सोणो भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो आयस्मन्तं सोणं भगवा एतदवोच—"ननु ते, सोण, रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि—"ये खो केचि भगवतो सावका आरद्धवीरिया विहरन्ति,

---

समय बाद ही आयुष्मान् सोण शीतवन में वास करते हुए धर्मसाधना में लग गये। उनके, बहुत श्रमपूर्वक अधिक चंक्रमण करने से, पैर फट गये। चंक्रमणस्थान रक्त से भर गया, जैसे गो–वधस्थल रक्त से भरा रहता है। तब आयुष्मान् सोण के मन में यह विचार उठा—"भगवान् के जितने भी श्रम एवं निष्ठा पूर्वक धर्मसाधना करने वाले शिष्य हैं उनमें मैं भी एक हूँ। तो भी मेरा चित्त आस्रवों (विकारों) से युक्त नहीं हो पा रहा है। मेरे घर में तो अटूट भोग–सामग्री है, उसके सहारे से मैं कामों का भी भोग कर सकता हूँ तथा दान करता हुआ पुण्योपार्जन भी कर सकता हूँ। अतः क्यों न मैं पुनः गृहस्थ में जाकर भोगों का भी भोग करूँ और साथ ही दानादि के द्वारा पुण्योपार्जन भी करूँ।" तब भगवान् आयुष्मान् शोण के मन का यह भाव अपने चित्त से जानकर, बलवान् पुरुष द्वारा सिमटी हुई बाहु को अनायास फैलाने की तरह गृध्रकूट पर्वत से अन्तर्हित होकर शीतवन में प्रकट हुए। तब भगवान् बहुत से (सम्बहुल) भिक्षुओं के साथ आश्रम में टहलते हुए वहाँ पहुँचे जहाँ आयुष्मान् सोण चंक्रमण किया करते थे। भगवान् ने आयुष्मान् सोण का चंक्रमणस्थल रक्त से भरा हुआ देखा। देखकर भगवान् ने भिक्षुओं से पूछा—"भिक्षुओ! यह किसका चंक्रमण–स्थल रक्तप्लावित है, जैसे कोई गोवधस्थल हो।" (भिक्षुओं ने बताया—) "भन्ते! यहाँ आयुष्मान् सोण चंक्रमण करते हैं। बहुत श्रम करके चंक्रमण करने से उनके पैर फट गये, उसी से यह ऐसा रक्तप्लावन हो रहा है, जैसे कोई गोवधस्थल हो।"

५. तब भगवान् आयुष्मान् सोण की साधनाकुटी में गये। जाकर विछे आसन पर विराजे। आयुष्मान् सोण भी भगवान् को प्रणाम कर एक तरफ बैठ गये। एक तरफ बैठे सोण को भगवान् ने पूछा—"सोण! क्या निश्चय ही अभी, कुछ समय पूर्व तुम्हारे मन में यह विचार उठा था—"भगवान् के जितने भी उद्योगपरायण शिष्य हैं उनमें.. .करूँ।" "हाँ, भन्ते!" "तो क्या मानता है, सोण! क्या तूँ

अहं तेसं अञ्ञतरो। अथ च पन मे नानुपादाय आसवेहि चित्तं विमुच्चति। संविज्जन्ति खो पन मे कुले भोगा; सक्का भोगे च भुञ्जितुं, पुञ्ञानि च कातुं। यन्नूनाहं हीनायावत्तित्वा भोगे च भुञ्जेय्यं, पुञ्ञानि च करेय्यं'' ति ? ''एवं, भन्ते'' ति। ''तं किं मञ्ञसि, सोण, कुसलो [N.202, B.269] त्वं पुब्बे अगारिकभूतो वीणाय तन्तिस्सरे'' ति ? ''एवं, भन्ते,'' ति। ''तं किं मञ्ञसि, सोण, यदा ते वीणाय तन्तियो अच्चायता होन्ति, अपि नु ते वीणा तस्मिं समये सरवती वा होति, कम्मञ्ञा वा'' ति ? ''नो हेतं, भन्ते'', ति। ''तं किं मञ्ञसि, सोण, यदा ते वीणाय तन्तियो अतिसिथिला होन्ति, अपि नु ते वीणा तस्मिं समये सरवती वा होति, कम्मञ्ञा वा'' ति ? ''नो हेतं, भन्ते,'' ति। ''तं किं मञ्ञसि, सोण, यदा ते वीणाय तन्तियो नेव अच्चायता होन्ति नातिसिथिला, समे गुणे पतिट्ठिता, अपि नु ते वीणा तस्मिं समये सरवती वा होति, कम्मञ्ञा वा'' ति ? ''एवं, भन्ते,'' ति। ''एवमेव खो, [R.183] सोण, अच्चारद्धवीरियं उद्धच्चाय संवत्तति, अतिलीनवीरियं कोसज्जाय संवत्तति। तस्मातिह त्वं, सोण, वीरियसमतं अधिट्ठह, इन्द्रियानं च समतं पटिविज्झ, तत्थ च निमित्तं गण्हाही'' ति। ''एवं, भन्ते'' ति खो आयस्मा सोणो भगवतो पच्चस्सोसि।

अथ खो भगवा आयस्मन्तं सोणं इमिना ओवादेन ओवदित्वा—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य, एवमेव—सीतवने आयस्मतो सोणस्स सम्मुखे अन्तरहितो गिज्झकूटे पब्बते पातुरहोसि। अथ खो आयस्मा सोणो अपरेन समयेन वीरियसमतं अधिट्ठासि, इन्द्रियानं च समतं पटिविज्झि, तत्थ च निमित्तं अग्गहेसि। अथ खो आयस्मा सोणो, एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी

पहले गृहस्थ में रहते समय वीणावादन में कुशल था?'' ''हाँ, भन्ते!'' ''तो क्या मानता है, सोण! जब तेरी वीणा के तार बहुत अधिक खिच जाते थे तो क्या उस समय वह वीणा मधुर स्वर वाली होती थी; कार्य सम्पन्न करने वाली होती थी?'' ''नहीं, भन्ते!'' ''तो क्या मानता है, सोण! जब तेरी उस वीणा के तार ढीले होते थे तब भी वह मधुर एवं मनोज्ञ स्वर दे पाती थी?'' ''नही, भन्ते!'' ''तो क्या मानता है, सोण! जब तेरी वीणा के तार न बहुत अधिक खिचे होते थे और न बहुत ढीले ही, तब वह वीणा मधुर एवं मनोज्ञ स्वर दे पाती थीं?'' ''हाँ, भन्ते!'' ''इसी प्रकार, सोण! अधिक श्रम (उद्योग=वीर्य) औद्धत्य का उत्पादक होता है। तथा अधिक शिथिलता कौसीदय (आलस्य) उत्पन्न करती है। अत सोण! इस धर्मसाधना में श्रम करते समय भी समता का ध्यान रख इन्द्रियो के सम्बन्ध मे भी इसी समता का ग्रहण कर और वहाँ कारण को समझ।'' ''अच्छा, भन्ते!'' कहकर आयुष्मान् सोण ने भगवान् का आदेश स्वीकार किया।

तब भगवान् आयुष्मान् सोण को यह उपदेश देकर बलवान् पुरुष द्वारा सिमटी बाहु को अनायास पसारने के समान शीतवन में आयुष्मान् सोण के सामने अन्तर्हित होकर गृधकूट पर्वत पर आ विराजे।

फिर आयुष्मान् सोण ने भी, भगवान् के उपदेशानुसार, साधना-उदयोग में तथा इन्द्रियों के सम्बन्ध में समता ग्रहण करते हुए वहाँ कारण को ग्रहण किया। यों आयुष्मान् सोण ने एकान्त मे प्रमादरहित, उदयोगयुक्त एव आत्मसयमपूर्वक साधना करते हुए कुछ ही समय में उस अनुपम धर्मसाधना के अन्त (निर्वाण) को, जिसके लिये कुलपुत्र घर से बेघर हो प्रव्रजित होते है इसी जन्म

पहितत्तो विहरन्तो, न चिरस्सेव—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति—तदनुत्तरं ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहासि। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति अभिञ्ञासि। अञ्ञतरो च पनायस्मा सोणो अरहतं अहोसि।

६. अथ खो आयस्मतो सोणस्स अरहत्तप्पत्तस्स एतदहोसि—"यन्नूनाहं भगवतो सन्तिके अञ्ञं ब्याकरेय्यं" ति। अथ खो आयस्मा सोणो येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा सोणो भगवन्तं एतदवोच—"यो सो, भन्ते, भिक्खु अरहं खीणासवो वुसितवा कतकरणीयो ओहितभारो अनुप्पत्तसदत्थो परिक्खीणभवसंयोजनो सम्मदञ्ञाविमुत्तो, सो छ ठानानि अधिमुत्तो होति—नेक्खम्माधिमुत्तो होति, पविवेकाधिमुत्तो होति, अब्यापज्जाधिमुत्तो [B.270] होति, उपादानक्खयाधिमुत्तो होति, तण्हक्खयाधिमुत्तो होति, असम्मोहाधिमुत्तो होति। (१)

"सिया खो पन, भन्ते, इधेकच्चस्स आयस्मतो एवमस्स—'केवलं सद्धामत्तकं नून अयं आयस्मा निस्साय नेक्खम्माधिमुत्तो' ति, न खो पनेतं, भन्ते, एवं दट्ठब्बं। खीणासवो, भन्ते, भिक्खु, वुसितवा, कतकरणीयो, करणीयमत्तानं असमनुपस्सन्तो कतस्स वा पटिचयं खया रागस्स वीतरागत्ता नेक्खम्माधिमुत्तो होति, खया दोसस्स वीतदोसत्ता नेक्खम्माधिमुत्तो होति, खया मोहस्स वीतमोहत्ता नेक्खम्माधिमुत्तो होति। (२) [N.203]

"सिया खो पन, भन्ते, इधेकच्चस्स आयस्मतो एवमस्स—'लाभसक्कारसिलोकं

में प्राप्त कर लिया स्वयं साक्षात्कार कर लिया। वे जान गये कि 'उनकी जन्म–मरणपरम्परा क्षीण हो चुकी है, धर्मसाधना पूर्ण (सफल) हो चुकी है, अब उसका कोई अन्य कर्त्तव्य अवशिष्ट नहीं रहा।' यों वे आयुष्मान् सोण अपने समय के अर्हतों (ज्ञानियों) में एक (विशिष्ट) हुए।

अर्हत्त्व–वर्णन— ६. इस तरह अर्हत्त्व प्राप्त कर लेने के बाद आयुष्मान् सोण के मन में यह विचार हुआ कि क्यों न मैं जाकर भगवान् के सम्मुख अपनी ज्ञान–प्राप्ति का वर्णन करूँ (जिससे इसमें कोई कमी रह गयी हो तो उसे पूर्ण किया जा सके)। तब आयुष्मान् सोण जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ गये। जाकर भगवान् को प्रणाम कर एक तरफ बैठ गये। एक तरफ बैठे आयुष्मान् सोण ने भगवान् से यों निवेदन करना प्रारम्भ किया—"भन्ते! जो भिक्षु क्षीणास्रव एवं धर्मसाधना को पूर्ण कर लेने वाला, कर्त्तव्यों से मुक्त, भारमुक्त, निर्वाणप्राप्त, भवबन्धनक्षीण एवं सम्यग्ज्ञान प्राप्ति के सहारे विमुक्तिप्राप्त अतएव अर्हत् हो चुका हो, वह इन छह स्थानों से मुक्त होता है—१. निष्कर्मता से मुक्त, २. एकान्त चिन्तन (प्रविवेक) से मुक्त, ३. द्रोह (अव्यापाद)–रहित होने से मुक्त, ४. विषयग्रहणक्षय से मुक्त, ५. तृष्णाक्षय से मुक्त एवं ६. मोहनाश से मुक्त होता है। (१)

"भन्ते! सम्भवतः किसी आयुष्मान् को ऐसा लगे कि वह अर्हत् हुआ आयुष्मान् भिक्षु केवल श्रद्धामात्र से निष्कामता के कारण मुक्त हो जाता है; किन्तु वस्तुतः ऐसा नहीं है। भन्ते! जिसका चित्तमल क्षीण हो चुका है, जिसने धर्मसाधना (ब्रह्मचर्यवास) पूर्ण कर ली है, जो अपने कर्त्तव्य कर्मों को पूर्ण कर चुका है, अब वह किसी कर्त्तव्य को नहीं देखता हुआ कृतकर्मों का सञ्चय न देखने से, तथा रागक्षय के कारण वीतराग होने से विवेक (एकान्त–चिन्तन) के कारण; द्वेष के क्षय से द्वेषरहित हो निष्कामता के कारण, मोह के क्षय से मोहरहित हो विवेक के कारण मुक्त होता है। (२)

[R.184] नून अयमायस्मा निकामयमानो पविवेकाधिमुत्तो' ति। न खो पनेतं, भन्ते, एवं दट्ठब्बं। खीणासवो, भन्ते, भिक्खु, वुसित्वा, कतकरणीयो, करणीयमत्तानं असमनुपस्सन्तो कतस्स वा पटिचयं, खया रागस्स वीतरागत्ता पविवेकाधिमुत्तो होति, खया दोसस्स वीतदोसत्ता पविवेकाधिमुत्तो होति, खया मोहस्स वीतमोहत्ता पविवेकाधिमुत्तो होति। (३)

''सिया खो पन, भन्ते, इधेकच्चस्स आयस्मतो एवमस्स—'सीलब्बतपरामासं नून अयमायस्मा सारतो पच्चागच्छन्तो अब्यापज्जाधिमुत्तो' ति। न खो पनेतं, भन्ते, एवं दट्ठब्बं। खीणासवो, भन्ते, भिक्खु, वुसितवा, कतकरणीयो, करणीयमत्तानं असमनुपस्सन्तो कतस्स वा पटिचयं, खया रागस्स वीतरागत्ता अब्यापज्जाधिमुत्तो होति, खया दोसस्स वीतदोसत्ता अब्यापज्जाधिमुत्तो होति, खया मोहस्स वीतमोहत्ता अब्यापज्जाधिमुत्तो होति। (४)

[B.271] ''.....खया रागस्स वीतरागत्ता उपादानक्खयाधिमुत्तो होति, खया दोसस्स वीतदोसत्ता उपादानक्खयाधिमुत्तो होति, खया मोहस्स वीतमोहत्ता उपादानक्खयाधिमुत्तो होति। (५)

''....खया रागस्स वीतरागत्ता तण्हक्खयाधिमुत्तो होति, खया दोसस्स वीतदोसत्ता तण्हक्खयाधिमुत्तो होति, खया मोहस्स वीतमोहत्ता तण्हक्खयाधिमुत्तो होति। (६)

''.....खया रागस्स वीतरागत्ता असम्मोहाधिमुत्तो होति, खया दोसस्स वीतदोसत्ता असम्मोहाधिमुत्तो होति, खया मोहस्स वीतमोहत्ता असम्मोहाधिमुत्तो होति। (७)

''एवं सम्माविमुत्तचित्तस्स, भन्ते, भिक्खुनो भुसा चे पि चक्खुविञ्ञेय्या रूपा चक्खुस्स आपाथं आगच्छन्ति, नेवस्स चित्तं परियादियन्ति। अमिस्सीकतमेवस्स चित्तं

''भन्ते! सम्भवतः किसी आयुष्मान् को ऐसा लगे कि यह अर्हत् हुआ आयुष्मान् एकान्त सेवन (विवेक) करता हुआ लाभ–सत्कार एवं प्रशंसा की तृष्णा से मुक्त हुआ; परन्तु वस्तुतः ऐसा नहीं है। जिसके चित्तविकार क्षीण हो चुके हैं, जिसने अपना ब्रह्मचर्यवास पूर्ण कर लिया है, जो कर्त्तव्य कर्म पूर्ण कर चुका है, अतः वह अपना कोई कर्त्तव्य कर्म न देखते हुए कृतकर्म का सञ्चय न करने से तथा रागक्षय के कारण वीतराग होने से; द्वेष के क्षय होने से...मोह के क्षय हाने से मोहरहित होकर विवेक के कारण मुक्त होता है। (३)

''भन्ते! सम्भवत: किसी आयुष्मान् को ऐसा लगे कि यह अर्हत् हुआ आयुष्मान् शीलव्रतपरामर्श को ही सार न समझता हुआ द्रोहरहित होकर मुक्त हुआ; परन्तु ऐसा भी नहीं है। ...पूर्ववत्.....रागक्षय के कारण, द्वेषक्षय के कारण, मोहक्षय के कारण वीतराग, वीतद्वेष एवं वीतमोह हुआ द्रोहमुक्त होता है। (४)

''.....रागद्वेष एव मोह क्षय के कारण वीतराग वीतद्वेष एव वीतमोह होने से उपादानक्षय हो जाने से मुक्त हो जाता है। (५)

''.....राग–द्वेष एवं मोहक्षय के कारण वीतराग...होने से तृष्णाक्षय हो जाने से मुक्त हो जाता है। (६)

''...राग द्वेष एवं मोह क्षय के कारण वीतराग....होने से मोहरहित हो जाने से मोहाधिमुक्त हो जाता है। (७)

भन्ते! यो सम्यग्विमुक्त भिक्षु के सम्मुख यदि चक्षु द्वारा देखे जाने योग्य रूप (विषय) बार-बार आवें तो भी वे उसके चित्त से सम्पृक्त नहीं हो सकते। उसका चित्त तो उनसे निर्लिप्त ही रहेगा।

होति, ठितं, आनेञ्जप्पत्तं, वयं चस्सानुपस्सति। भुसा चे पि सोतविञ्ञेय्या सद्दा....पे०......घानविञ्ञेय्या गन्धा.....जिव्हाविञ्ञेय्या रसा.....कायविञ्ञेय्या फोट्ठब्बा.....मनोविञ्ञेय्या धम्मा मनस्स आपाथं आगच्छन्ति, नेवस्स चित्तं परियादियन्ति; अमिस्सीकतमेवस्स चित्तं होति, ठितं, आनेञ्जप्पत्तं, वयं चस्सानुपस्सति। सेय्यथापि, भन्ते, सेलो पब्बतो अच्छिद्दो असुसिरो एकग्घनो, पुरत्थिमाय चे पि दिसाय आगच्छेय्य भुसा वातवुट्ठि, नेव नं सङ्कम्पेय्य न सम्पकम्पेय्य न सम्पवेधेय्य; पच्छिमाय चे पि दिसाय आगच्छेय्य भुसा वातवुट्ठि....पे०.....उत्तराय चे पि दिसाय....पे०....दक्खिणाय चे पि दिसाय आगच्छेय्य भुसा वातवुट्ठि, नेव नं सङ्कम्पेय्य न सम्पकम्पेय्य न सम्पवेधेय्य; एवमेव खो, भन्ते, एवं सम्माविमुत्तचित्तस्स भिक्खुनो भुसा चे पि चक्खुविञ्ञेय्या रूपा चक्खुस्स आपाथं आगच्छन्ति, नेवस्स चित्तं परियादियन्ति; अमिस्सीकतमेवस्स चित्तं होति, ठितं, आनेञ्जप्पत्तं, वयं चस्सानुपस्सति। भुसा चे पि सोतविञ्ञेय्या सद्दा.....पे०.....घानविञ्ञेय्या गन्धा....जिव्हाविञ्ञेय्या [N.204] रसा..... कायविञ्ञेय्या फोट्ठब्बा....मनोविञ्ञेय्या धम्मा मनस्स आपाथं आगच्छन्ति, नेवस्स चित्तं परियादियन्ति; अमिस्सीकतमेवस्स चित्तं होति, ठितं, आनेञ्जप्पत्तं, वयं चस्सानुपस्सती'' ति। (८)

''नेक्खम्मं अधिमुत्तस्स पविवेकं च चेतसो।
अब्यापज्जाधिमुत्तस्स उपादानक्खयस्स च॥
तण्हक्खयाधिमुत्तस्स असम्मोहं च चेतसो। [R.185]
दिस्वा आयतनुप्पादं सम्मा चित्तं विमुच्चति॥
तस्स सम्माविमुत्तस्स सन्तचित्तस्स भिक्खुनो। [B.272]
कतस्स पटिचयो नत्थि करणीयं न विज्जति॥

स्थिर एवं अचञ्चल ही रहेगा; क्योंकि वह इन (विषयों) का नाशवान् जानता है।..कान से सुनने योग्य शब्द.....घ्राण से सूँघने योग्य गन्ध....जिह्वा से स्वाद योग्य रस....काय से स्पर्श करने योग्य स्प्रष्टव्य विषय. ..मन से जानने योग्य धर्म मन के सामने बार बार आवें तो भी उनका चित्त उनसे निर्लिप्त ही रहेगा. ..नाशवान् जानता है। भन्ते! जैसे कोई छिद्ररहित, दरार रहित, ठोस, पथरीला पर्वत हो तो चाहे उसके पूर्वदिशा से.. पश्चिम दिशा से ..उत्तर दिशा से....दक्षिण दिशा से प्रबलतम वायु के झोके चले, भयङ्कर वृष्टि हो तब भी वे उसे हिला डुला नहीं सकते, कम्पा नहीं सकते; उसी तरह ''भन्ते! जिस भिक्षु का चित्त सभी दोषों से मुक्त हो चुका है वह उनसे निर्मल ही रहता है।...विषयो को नाशवान् समझता है।(८)

''निष्कामता से युक्त, विवेकमय चित्तवाले, अद्रोह के कारण अधिमुक्त चित्त वाले विषयों के उपादानों के क्षय से युक्त तृष्णाक्षयसम्पन्न असम्मुग्ध चित्तवाले पुरुष का चित्त आयतनों का उत्पाद व्यय देख कर उनसे निर्लिप्त रहता है।

''उस सम्यग्विमुक्त एवं शान्तचित्त भिक्षु के लिये न तो कृत कर्मों का सञ्चय आवश्यक रह जाता है, न कोई आगे कर्त्तव्य कर्म ही अवशिष्ट रह जाता है।

''जैसे कोई सुदृढ पर्वत किसी भी तरह की वायु के झोंके से यत्किञ्चित् भी प्रकम्पित नहीं होता; उसी तरह रूप, रस, शब्द, गन्ध, स्पर्श–ये सभी इष्ट अनिष्ट विषय अनित्य है, वे उस

सेलो यथा एकग्घनो वातेन न समीरति।
एवं रूपा रसा सद्दा गन्धा फस्सा च केवला॥
इट्ठा धम्मा अनिट्ठा च न पवेधेन्ति तादिनो।
ठितं चित्तं विप्पमुत्तं वयं चस्सानुपस्सती'' ति॥

३. दिगुणादिउपाहनपटिक्खेपो

७. अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''एवं खो, भिक्खवे, कुलपुत्ता अञ्ञं ब्याकरोन्ति, अत्थो च वुत्तो, अत्ता च अनुपनीतो। अथ च, पनिधेकच्चे मोघपुरिसा हसमानका, मञ्ञे, अञ्ञं ब्याकरोन्ति, ते पच्छा विघातं आपज्जन्ती'' ति। अथ खो भगवा आयस्मन्तं सोणं आमन्तेसि—''त्वं खोसि, सोण, सुखुमालो। **अनुजानामि ते, सोण, एकपलासिकं उपाहनं**'' ति। ''अहं खो, भन्ते, असीतिसकटवाहे हिरञ्ञं ओहाय अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो, सत्तहत्थिकं च अनीकं। अथाहं, भन्ते, एकपलासिकं चे परिहरिस्सामि, तस्स मे भविस्सन्ति वत्तारो 'सोणो कोळिविसो असीतिसकटवाहे हिरञ्ञं ओहाय अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो, सत्तहत्थिकं च अनीकं। सो दानायं एकपलासिकासु उपाहनासु सत्तो' ति। सचे भगवा भिक्खुसङ्घस्स अनुजानिस्सति अहं पि परिभुञ्जिस्सामि; नो चे भगवा भिक्खुसङ्घस्स अनुजानिस्सति, अहं पि न परिभुञ्जिस्सामी'' ति। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—''**अनुजानामि, भिक्खवे, एकपलासिकं उपाहनं। न, भिक्खवे, दिगुणा उपाहना धारेतब्बा। न तिगुणा**

सम्यग्विमुक्त (अर्हत्) भिक्षु के चित्त को किसी भी तरह अस्थिर नहीं कर सकते, उस का चित्त तो तब भी स्थिर एवं अप्रकम्पित ही रहता है; क्यो कि वह इन विषयों की अनित्यता तथा उत्पत्ति एवं विनाश को भलीभाँति समझ चुका है।''

तब भगवान् ने (सोण कोटिवीस की परोक्षतः प्रशंसा करते हुए) भिक्षुओं से कहा—''भिक्षुओ! इस प्रकार के कुलपुत्र ही स्वसाक्षात्कृत का वर्णन कर सकते हैं जिसमें कि आत्मप्रशंसा भी नहीं होती, और अपनी बात भी कह दी जाती है। अन्यथा कई मूर्ख तो परिहास सा करते हुए अपनी अर्हत्त्वप्राप्ति का वर्णन करते हैं और इस पाप के प्रभाव से अन्त में विनाश को प्राप्त होते हैं।''

३. दोहरे तिहरे तल्ले के जूता पहनने का निषेध

७. तब भगवान् ने आयुष्मान् सोण का सम्बोधित करते हुए कहा—''सोण! तूँ सुकुमार है। **सोण! मैं तुम्हें एक तल्ले का जूता पहनने की अनुमति देता हूँ।**'' (सोण बोले—) ''भन्ते! मैं तो अपने गृहस्थ में अस्सी गाडियों से ढोये जा सकने योग्य हिरण्य (सुवर्ण) छोड़कर, तथा (वाहन के लिये) छह हाथी एवं हथिनी (अनीक) को छोड़कर घर से बेघर हो प्रव्रजित हुआ हूँ। यदि, भन्ते! मैं अकेला ऐसे जूतों का प्रयोग करूँगा तो लोग मेरी निन्दा करते हुए कहने वाले कहेंगे—''सोण कोटिवीस अस्सी गाडी हिरण्य...पूर्ववत्...हुआ है; वह अब एक तल्ले जूते में आसक्त हुआ है। हाँ, यदि भगवान् समग्र भिक्षुसङ्घ के लिये अनुमति दे तो मैं भी इसका उपयोग कर लूँगा। यदि भगवान् समग्र भिक्षुसङ्घ को ऐसा जूता पहनने की अनुमति नहीं देंगे तो मैं भी इसका उपयोग नहीं करूँगा।''

एक तल्ले के जूते का विधान— तब भगवान् ने इस प्रसङ्ग की धार्मिक कथाएँ कहते हुए भिक्षुओं को आदेश दिया—''**भिक्षुओ! मैं तुम सबको एक तल्ले को जूता पहनने की अनुमति देता हूँ।**

उपाहना धारेतब्बा। न गणङ्गणुपाहना धारेतब्बा। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा'' ति।

४. सब्बनीलिकादिपटिक्खेपो

८. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू सब्बनीलिका उपाहनायो धारेन्ति... पे०.... सब्बपीतिका उपाहनायो धारेन्ति....सब्बलोहितिका उपाहनायो धारेन्ति.....[N.205] सब्बमहारङ्गरत्ता उपाहनायो धारेन्ति....सब्बमहानामरत्ता उपाहनायो धारेन्ति। मनुस्सा [B.273] उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—सेय्यथापि गिही कामभोगिनो ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, सब्बनीलिका उपाहना धारेतब्बा, न सब्बपीतिका उपाहना धारेतब्बा, न सब्बलोहितिका उपाहना धारेतब्बा, न सब्बमञ्जिट्ठिका उपाहना धारेतब्बा, न सब्बकण्हा उपाहना धारेतब्बा, न सब्बमहारङ्गरत्ता उपाहना धारेतब्बा, न सब्बमहानामरत्ता उपाहना धारेतब्बा। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

९. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू नीलकवद्धिका उपाहनायो [R.186] धारेन्ति, पीतकवद्धिका उपाहनायो धारेन्ति, लोहितकवद्धिका उपाहनायो धारेन्ति, मञ्जिट्ठिकवद्धिका उपाहनायो धारेन्ति, कण्हवद्धिका उपाहनायो धारेन्ति, महारङ्गरत्तवद्धिका उपाहनायो धारेन्ति, महानामरत्तवद्धिका उपाहनायो धारेन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—सेय्यथापि गिही कामभोगिनो ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, नीलकवद्धिका उपाहना धारेतब्बा, न पीतकवद्धिका उपाहना धारेतब्बा, न लोहितकवद्धिका उपाहना धारेतब्बा, न मञ्जिट्ठिकवद्धिका उपाहना धारेतब्बा, न कण्हवद्धिका उपाहना धारेतब्बा, न महारङ्गरत्तवद्धिका उपाहना धारेतब्बा, न महानामरत्तवद्धिका उपाहना धारेतब्बा। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

परन्तु किसी को भी दो तल्ले या तीन तल्ले के जूते नहीं पहनने चाहिये व अधिक तल्ले वाले जूते (गणङ्गणुपाहना) पहनने चाहिये। जो इन्हें धारण करेगा उसे दुष्कृत दोष का अपराध लगेगा।''

४. नील आदि रङ्गों से रङ्गे जूते पहनने का निषेध

८. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु ऐसे जूते पहनने लगे जो पूर्णतः नीले रङ्ग में रङ्गे होते थे...पूर्णतः पीले....लाल रङ्ग में रङ्गे होते थे....पूर्णतः मंजीठ रंग में.... पूर्णतः काले रङ्ग में....पूर्णतः महारङ्ग में....पूर्णतः महानाम रङ्ग में रङ्गे जूते पहनने लगे। (इन्हें देखकर--) साधारण जन खिन्न एवं दुःखी होने लगे कि ये शाक्यपुत्रीय श्रमण भी पूर्णतः नीले रङ्ग में....महानाम में रङ्गे जूते पहनने लगे जैसे कामभोगी गृहस्थ जन पहनते हैं। उन्होंने भगवान् से अपनी वेदना बतायी। (भगवान् ने कहा—) **''भिक्षुओ! पूर्णतः नीले.....पीले....लाल....मंजीठ....काले....महारङ्ग......महानाम रङ्ग में रङ्गे जूते नहीं पहनने चाहिये। जो पहनेगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा।**

९. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु चमड़े की नीली रस्सी (वर्धी) से बँधे. ..पीली रस्सी से....लाल रस्सी से....मञ्जीठ रङ्ग की रस्सी से.. काली रस्सी से. .महारङ्ग.. .महानाम रङ्ग से रङ्गी हुई रस्सी से बँधे जूते पहनने लगे। (इन्हें देखकर—) साधारण जन ..वेदना बतायी। (भगवान् ने कहा—) **''भिक्षुओ! किसी भी भिक्षु को नीले, पीले, लाल, मञ्जीठ, काली, महारङ्ग या महानाम रङ्ग से रङ्गी हुई रस्सी से बन्धे जूते नहीं पहनने चाहिये। जो पहनेगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा।**

१०. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू खल्लकबद्धा उपाहनायो धारेन्ति, पुटबद्धा उपाहनायो धारेन्ति, पालिगुण्ठिमा उपाहनायो धारेन्ति, तूलपुण्णिका उपाहनायो धारेन्ति, तित्तिरपत्तिका उपाहनायो धारेन्ति, मेण्डविसाणबद्धिका उपाहनामो धारेन्ति, अजविसाणवद्धिका उपाहनायो धारेन्ति, विच्छिकाळिका उपाहनायो धारेन्ति, मोरपिञ्छ-परिसिब्बिता उपाहनायो धारेन्ति, चित्रा उपाहनायो धारेन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—सेय्यथापि गिही कामभोगिनो ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, खल्लकबद्धा उपाहना धारेतब्बा, न पुटबद्धा उपाहना धारेतब्बा, न पालिगुण्ठिमा** [B.274] **उपाहना धारेतब्बा, न पुटबद्धा उपाहना धारेतब्बा, न तित्तिरपत्तिका उपाहना धारेतब्बा, न मेण्डविसाणवद्धिका उपाहना धारेतब्बा, न अजविसाणवद्धिका उपाहना धारेतब्बा, न विच्छिकाळिका उपाहना धारेतब्बा, न मोरपिञ्छपरिसिब्बिता उपाहना धारेतब्बा, न चित्रा उपाहना धारेतब्बा। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

११. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू सीहचम्मपरिक्खटा उपाहनायो धारेन्ति, [N.206] ब्यग्घचम्मपरिक्खटा उपाहनायो धारेन्ति, दीपिचम्मपरिक्खटा उपाहनायो धारेन्ति, उद्दचम्मपरिक्खटा उपाहनायो धारेन्ति, मज्जारचम्मपरिक्खटा उपाहनायो धारेन्ति, काळक-चम्मपरिक्खटा उपाहनायो धारेन्ति, उलूकचम्मपरिक्खटा उपाहनायो धारेन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—सेय्यथापि गिही कामभोगिनो ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, सीहचम्मपरिक्खटा उपाहना धारेतब्बा.....पे०.....न ब्यग्घ-चम्मपरिक्खटा उपाहना धारेतब्बा, न दीपिचम्मपरिक्खटा उपाहना धारेतब्बा, न अजिनचम्मपरिक्खटा उपाहना धारेतब्बा, न उद्दचम्मपरिक्खटा उपाहना धारेतब्बा, न मज्जारचम्मपरिक्खटा उपाहना धारेतब्बा, न काळकचम्मपरिक्खटा उपाहना धारे-तब्बा, न उलूकचम्मपरिक्खटा उपाहना धारेतब्बा। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

५. ओमुक्कगणङ्गणुपाहनानुजानना

१२. अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय राजगहं पिण्डाय

---

१०. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु थैले की तरह सिलकर बने हुए जूते...पुटबद्ध (यूनानी लोगों की तरह) जूते...पालिगुण्ठिम (आजकल के बूँटों की तरह) जूते...रुई भरे चमड़े के जूते....तीतर के पङ्खों से चित्रित जूते....मयूर पङ्ख से चित्रित जूते....भेड़ के सींग ... तथा बकरी के सींग बन्धे जूते ..विच्छू के डंक की तरह बनी नोंक वाले जूते...इसी तरह नाना प्रकार से चित्रित जूते पहनने लगे। इन्हें देखकर साधारण जनो ने ....वेदना बतायी। (भगवान् ने कहा–) **''भिक्षुओ! थैले की तरह सिलकर बने हुए....पुटबद्ध जूते....पालिगुण्ठिम जूते....रुई–भरे जूते....विच्छु के डंक के समान बनी नोक (अग्रभाग) वाले जूते नहीं धारण करने चाहिये। जो धारण करे उसे 'दुष्कृत' दोष हो।**

११. उस समय कुछ षड्वर्गीय भिक्षु सिंह चर्म से बने जूते पहनने लगे, व्याघ्रचर्म से.. द्वीपि (चीता) चर्म से...मृग चर्म से....उदबिलाव (जङ्गली बिल्ली) के चर्म से...बिल्ली के चर्म से....काले चर्म से....बने जूते पहनने लगे। यह देखकर साधारण नागरिक ..पूर्ववत्....वेदना कही। (भगवान् ने कहा–) **''भिक्षुओ! सिंहचर्म से बने....काले चर्म से बने जूते नहीं पहनने चाहिये। जो पहनेगा उसे दुष्कृत दोष लगेगा।''**

पाविसि, अञ्ञतरेन भिक्खुना पच्छासमणेन। अथ खो भिक्खु खञ्जमानो भगवन्तं पिट्ठितो पिट्ठितो अनुबन्धि। अद्दसा खो अञ्ञतरो उपासको गणङ्गणुपाहनं आरोहित्वा भगवन्तं दूरतो व आगच्छन्तं, दिस्वान उपाहना आरोहित्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा येन सो भिक्खु तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा तं भिक्खुं अभिवादेत्वा एतदवोच– "किस्स, भन्ते, अय्यो खञ्जती" ति? "पादा मे, आवुसो, फालिता" [B.275] ति। गण्ह, भन्ते उपाहनायो" ति। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे [R.187] धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि–"**अनुजानामि, भिक्खवे, ओमुक्कगणङ्गणुपाहनं। न, भिक्खवे, नवा गणङ्गणूपाहना धारेतब्बा। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा**" ति।

६. अज्झारामे उपाहनपटिक्खेपो

१३. तेन खो पन समयेन भगवा अज्झोकासे अनुपाहनो चङ्कमति। 'सत्था अनुपाहनो चङ्कमती' ति थेरा पि भिक्खू अनुपाहना चङ्कमन्ति। छब्बग्गिया भिक्खू, सत्थरि अनुपाहने चङ्कममाने, थेरेसु पि भिक्खूसु अनुपाहनेसु चङ्कममानेसु, सउपाहना चङ्कमन्ति। ये ते भिक्खू अप्पिच्छा,.....पे०.....ते उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति–"कथं हि नाम छब्बग्गिया भिक्खू, सत्थरि अनुपाहने चङ्कममाने, थेरेसु पि भिक्खूसु अनुपाहनेसु चङ्कममानेसु, सउपाहना चङ्कमिस्सन्ती" ति। अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। ....पे०....."सच्चं किर, भिक्खवे, छब्बग्गिया भिक्खू, सत्थरि अनुपाहने चङ्कममाने, थेरेसु पि भिक्खूसु

---

५. दूसरों द्वारा छोड़े गये जूते पहनने की अनुमति

१२. तब भगवान् पूर्वाह्न समय वस्त्र पहन कर पात्र-चीवर लेकर एक भिक्षु को अनुगामी बनाकर राजगृह में भिक्षा हेतु प्रविष्ट हुए। वह भिक्षु भी लँगड़ाता हुआ भगवान् के पीछे पीछे चला। वहाँ बहुत तल्ले वाला जूता पहने हुए एक उपासक ने भगवान् को आते हुए देखा। देखकर, जूते उतारकर, जहाँ भगवान् थे वहाँ गया। जाकर भगवान् को प्रणाम कर जहाँ वह भिक्षु था उसके पास गया। जाकर भिक्षु का भी अभिवादन कर उससे पूछा–"भन्ते! आर्य लँगड़ा क्यों रहे हैं?" (भिक्षु ने कहा–) "आयुष्मन्! मेरे पैर फट गये हैं।" (उपासक ने कहा–) "तो भन्ते! ये मेरे जूते ले लें।" "आयुष्मन्! रहने दो! भगवान् ने बहुत तल्ले वाले जूते पहनने की अनुमति नहीं दी है।" (भगवान् ने कहा–) "भिक्षु! ये जूते ले, ले।" तब भगवान् ने (आश्रम में आकर) इसी सम्बन्ध में इसी प्रकरण में धार्मिक कथा कहते हुए भिक्षुओं से कहा–"**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ। (किसी के द्वारा पहनकर) छोड़े हुए बहुत तल्लों वाले जूतों के उपयोग की। हाँ, भिक्षुओ! नया बहुत तल्लेवाला जूता नहीं पहनना चाहिये। जो पहनेगा, उसे 'दुष्कृत' दोष होगा।**"

६. आवास में जूता पहनने का निषेध

१३. उस समय भगवान् खुले स्थान में विना जूता पहने चंक्रमण कर रहे थे। स्थविर भिक्षु भी–'भगवान् खुले स्थान में नंगे पैर ही घूम रहे हैं'–यह सोचकर विना जूता पहने ही टहलने लगे। परन्तु षड्वर्गीय भिक्षु शास्ता तथा स्थविर भिक्षुओं को नंगे पैरों घूमते हुए देखकर भी जूता पहने हुए इधर-उधर टहलते थे। यह देखकर अल्पेच्छ भिक्षु खिन्न एवं दुःखी होते थे कि कैसे ये षड्वर्गीय भिक्षु....टहलते हैं! उन्होंने भगवान् से यह बात कही। (भगवान् ने कहा–) "क्या भिक्षुओ! सचमुच ये

अनुपाहनेसु चङ्कमनानेसु, सउपाहना चङ्कमन्ती'' ति ? ''सच्चं, भगवा'' ति। विगरहि बुद्धो भगवा....पे०.... कथं हि नाम ते, भिक्खवे, मोघपुरिसा, सत्थरि अनुपाहने चङ्कमभाने, [N.207] थेरेसु पि भिक्खूसु अनुपाहनेसु चङ्कममानेसु, सउपाहना चङ्कमिस्सन्ति। इमे हि नाम, भिक्खवे, गिही ओदातवसना अभिजीवनिकस्स सिप्पस्स कारणा आचरियेसु सगारवा सप्पतिस्सा सभागवुत्तिका विहरिस्सन्ति। इध खो तं, भिक्खवे, सोभेथ, यं तुम्हे एवं स्वाक्खाते धम्मविनये पब्बजिता समाना आचरियेसु आचरियमत्तेसु उपज्झायेसु उपज्झायमत्तेसु सगारवा सप्पतिस्सा सभागवुत्तिका विहरेय्याथ। नेतं, भिक्खवे, अप्पसन्नानं वा पसादाय....पे०....विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—''**न, भिक्खवे, आचरियेसु आचरियमत्तेसु उपज्झायेसु उपज्झायमत्तेसु अनुपाहनेसु चङ्कममानेसु सउपाहनेन चङ्कमितब्बं। यो चङ्कमेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। न च, भिक्खवे, अज्झारामे उपाहना धारेतब्बा। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्टस्सा**'' ति।

[B.276] १४. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्स पादखीलाबाधो होति। भिक्खू तं भिक्खुं परिग्गहेत्वा उच्चारं पि पस्सावं पि निक्खामेन्ति। अद्दसा खो भगवा सेनासनचारिकं आहिण्डन्तो [R.188] ते भिक्खू तं भिक्खुं परिग्गहेत्वा उच्चारं पि पस्सावं पि निक्खामेन्ते। दिस्वान येन ते भिक्खू तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा ते भिक्खू एतदवोच—''किं इमस्स, भिक्खवे, भिक्खुनो आबाधो'' ति ? ''इमस्स, भन्ते, आयस्मतो पादखीलाबाधो; इमं मयं परिग्गहेत्वा उच्चारं पि पस्सावं पि निक्खामेमा'' ति। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—''**अनुजानामि, भिक्खवे, यस्स पादा वा दुक्खा, पादा वा फलिता, पादखीलाबाधो वा, उपाहनं धारेतुं**'' ति।

षड्वर्गीय भिक्षु शास्ता तथा स्थविर भिक्षुओं को नङ्गे पैर घूमता हुआ देखकर भी स्वयं जूते पहनकर इधर उधर टहलते रहते हैं?'' ''हाँ भगवन्!'' तब भगवान् ने उनको फटकारते हुए कहा—''कैसे ये मोघपुरुष! शास्ता ....जूता पहनकर टहलते हैं? भिक्षुओ! ये श्वेतवस्त्रधारी गृहस्थजन भी अपनी जीविका के शिल्प के कारण अपने आचार्य में गौरव, विनययुक्त तथा एक वृत्तिवाले होते हैं; तब भिक्षुओ! यह कैसे शोभा देगा कि तुम इस प्रकार के सुव्याख्यात धर्मविनय मे दीक्षा लेकर भी अपने आचार्यों में, आचार्यकल्पो में, उपाध्यायों में तथा उपाध्यायसदृशों म–गौरव, आदर न करते हुए असमान वृत्तिवाले होकर व्यवहार करोगे? भिक्षुओ! यह मेरा कथन न अप्रसन्नों के प्रसन्न....पूर्ववत् ...। यों निन्दा कर, धार्मिक कथा कहते हुए भिक्षुओ को बताया—**भिक्षुओ! आचार्यों के, आचार्यकल्पों के, उपाध्यायों के, उपाध्यायकल्पों के विना जूता पहने हुए घूमते रहने पर स्वयं को जूता पहन कर नहीं घूमना चाहिये। जो ऐसा करेगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा। तथा भिक्षुओ! आराम (आवास) में भी जूते पहन कर नहीं रहना चाहिये। जो ऐसा करेगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा।''**

पैर सम्बन्धी रोगों में जूता पहनने की अनुमति— १४. उस समय किसी भिक्षु के पैर में पादकील रोग हो गया था। दूसरे भिक्षु उसे पकडकर शौच और मूत्रोंत्सर्जन के लिये ले जाते थे। किसी समय भगवान् उस विहार (आवास) का निरीक्षण कर रहे थे कि उनके ध्यान में यह बात आयी। तब भगवान् वहाँ गये, जाकर उन्होंने पूछा—''इस भिक्षु को क्या रोग है?'' (उन्होंने बताया—) ''भन्ते! इसको पादकील रोग हो गया है। यह स्वयं चल फिर नहीं सकता; अतः हम इसे शौच एवं मूत्रोत्सर्ग के लिये ले जाते हैं।'' तब भगवान् ने इस प्रसङ्ग मे धार्मिक कथाएँ सुनाते हुए भिक्षुओं से कहा—

तेन खो पन समयेन भिक्खू अधोतेहि पादेहि मञ्चं पि पीठं पि अभिरुहन्ति; चीवरं पि सेनासनं पि दुस्सति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, 'इदानि मञ्चं वा पीठं वा अभिरुहिस्सामी' ति उपाहनं धारेतुं''** ति।

तेन खो पन समयेन भिक्खू रत्तिया उपोसथग्गं पि सन्निसज्जं पि गच्छन्ता अन्धकारे खाणुं पि कण्टकं पि अक्कमन्ति; पादा दुक्खा होन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, अज्झारामे उपाहनं धारेतुं, उक्कं, पदीपं, कत्तरदण्डं** ति।

७. कट्ठपादुकादिपटिक्खेपो

१५. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय कट्ठपादुकायो अभिरुहित्वा अज्झोकासे चङ्कमन्ति, उच्चासद्दा महासद्दा खटखटसद्दा, अनेकविहितं तिरच्छानकथं कथेन्ता, सेय्यथिदं,—राजकथं, चोरकथं, महामत्तकथं, [N.208] सेनाकथं, भयकथं, युद्धकथं, अन्नकथं, पानकथं, वत्थकथं, सयनकथं, मालाकथं, गन्धकथं, ञातिकथं, यानकथं, गामकथं, निगमकथं, नगरकथं, जनपदकथं, इत्थिकथं, पुरिसकथं, सूरकथं, विसिखाकथं, कुम्भट्ठानकथं, पुब्बपेतकतं, मानत्तकथं, लोकक्खायिकं, समुद्दक्खायिकं, इति भवाभवकथं इति वा; कीटकं पि अक्कमित्वा मारेन्ति, भिक्खू पि समाधिम्हा चावेन्ति। ये ते भिक्खू अप्पिच्छा.....पे०....ते उज्झायन्ति खिय्यन्ति [B.277] विपाचेन्ति—''कथं हि नाम छब्बग्गिया भिक्खू रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय कट्ठपादुकायो

''भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ उसे आवास में भी जूता पहनने की, जिसे पादकील रोग हो। जिसके पैर फटे हों, या जिसके पैरों में भयङ्कर वेदना होती हो।''

उस समय कुछ भिक्षु विना पैर धोए ही, मञ्च या पीठ पर चढ़ जाते थे जिससे चीवर या मञ्च पर बिछी हुई चादर मैली हो जाती थी। भगवान् से यह बात बतायी गयी। (भगवा् ने कहा–) **''भिक्षुओ! यदि तुम्हें मञ्च या पीठ पर बैठना हो तो उससे पूर्व जूता पहनने की अनुमति देता हूँ।''**

उस समय, रात्रिकाल मे कुछ भिक्षु उपोसथस्थान या बैठने के स्थान पर जाते हुए अन्धकार में खड्डे मे भी गिर जाते थे, उन्हें काँटे भी चुभ जाते थे जिससे उन्हें पैरों में निष्प्रयोजन शारीरिक वेदना होती थी। भगवान् को यह बात बतायी गयी। (भगवान् ने कहा–) **''भिक्षुओ! आराम में इधर से उधर जाते समय भी जूता पहनने की अनुमति देता हूँ, साथ ही मशाल, दीपक तथा सहारे के लिये छड़ी रखने की भी।''**

७. आवास में काठ की खड़ाऊँ पहनने का निषेध

१५. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु रात्रि में बहुत प्रातः उठकर काठ की खडाऊँ पहन कर उनसे बहुत ऊँचे एवं कर्णकटु खट–खट शब्द करते हुए खुले मैदान मे टहलते थे और साथ ही नाना प्रकार की व्यर्थ बाते भी जोर–जोर से करते रहते थे। जैसे—राजकथा, चौरकथा, महामात्यकथा, सेनाविषयक कथा, भयोत्पादक कथाएँ, युद्धकथा, अन्नकथा, पानकथा, वस्त्रकथा, शयनकथा, मालाकथा, गन्धकथा ज्ञाति (सम्बन्धियो की) कथा, यानकथा, ग्रामकथा, जनपदकथा, नगरकथा, देशकथा, स्त्रीकथा, पुरुषकथा, शूरकथा, चौराहे (विशिखा) की कथा, पनघट (कुम्भस्थान) की कथा, पहले मरे हुओं की कथा, अपनी बड़ाई की बातें, लोक -कहानियाँ, समुद्री यात्रा की कथा—ऐसी हुई अनहुई (या

अभिरुहित्वा अज्झोकासे चङ्कमिस्सन्ति, उच्चासद्दा महासद्दा खटखटसद्दा, अनेकविहितं तिच्छानकथं कथेन्ता, सेय्यथिदं—राजकथं, चोरकथं.....पे०....इति भवाभवकथं इति वा, कीटकं पि अक्कमित्वा मारेस्सन्ति, भिक्खू पि समाधिम्हा चावेस्सन्ती'' ति। अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।....पे....सच्चं किर, भिक्खवे, छब्बग्गिया भिक्खू रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय कट्ठपादुकायो अभिरुहित्वा अज्झोकासे चङ्कमन्ति, उच्चासद्दा महासद्दा खटखटसद्दा, अनेकविहितं तिरच्छानकथं कथेन्ता, सेय्यथिदं,—राजकथं, चोरकथं ....पे०....इति भवाभवकथं इति वा, कीटकं पि अक्कमित्वा मारेन्ति, भिक्खू पि [R.189] समाधिम्हा चावेन्ती ति? सच्चं, भगवा ति....पे०....विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—''**न, भिक्खवे, कट्ठपादुका धारेतब्बा। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा**'' ति।

१६. अथ खो भगवा राजगहे यथाभिरन्तं विहरित्वा येन वाराणसी तेन चारिकं पक्कामि। अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन वाराणसी तदवसरि। तत्र सुदं भगवा वाराणसियं विहरति इसिपतने मिगदाये। तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू—भगवता कट्ठपादुका पटिक्खित्ता ति—तालतरुणे छेदापेत्वा तालपत्तपादुकायो धारेन्ति; तानि तालतरुणानि छिन्नानि मिलायन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—''कथं हि नाम समणा सक्यपुत्तिया तालतरुणे छेदापेत्वा तालपत्तपादुकायो धारेस्सन्ति; तानि तालतरुणानि छिन्नानि मिलायन्ति; एकिन्द्रियं समणा सक्यपुत्तिया जीवं विहेठेन्ती'' ति। अस्सोसुं खो भिक्खू तेसं मनुस्सानं उज्झायन्तानं खिय्यन्तानं विपचेन्तानं। अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। ....पे०....सच्चं किर, भिक्खवे, छब्बग्गिया भिक्खू तालतरुणे छेदापेत्वा तालपत्तपादुकायो धारेन्ति; तानि तालतरुणानि छिन्नानि मिलायन्ती ति? ''सच्चं, भगवा'' ति। विगरहि बुद्धो भगवा....पे०....कथं हि नाम ते, भिक्खवे, मोघपुरिसा तालतरुणे छेदापेत्वा तालपत्तपादुकायो

लौकिक अलौकिक) कथाएँ कहते हुए नीचे अपनी खड़ाउओं से कीडों को आहत भी करते थे, मारते भी थे तथा ध्यानमग्न भिक्षुओ की समाधि में विघ्न भी डालते थे। तब वहाँ जो अल्पेच्छ (शान्तप्रकृति) भिक्षु थे वे खिन्न, उद्विग्न एवं दुःखी होते थे कि कैसे ये षड्वर्गीय भिक्षु.....पूर्ववत्.....समाधि में विघ्न डालते हैं।'' उन्होंने भगवान् से यह बात कही। ..पूर्ववत्....भिक्षुओ! क्या वस्तुतः ये षड्वर्गीय भिक्षु.. विघ्न डालते हैं?'' ''सत्य ही, भगवन्!''. .पूर्ववत्. .निन्दा कर, धार्मिक कथाएँ सुना भिक्षुओं को आदेश दिया—**भिक्षुओ! काठ की खड़ाऊ नहीं पहननी चाहिये। जो पहने उसे दुष्कृत दोष लगे।**

ताड़पत्र की पादुका का निषेध— १६. तब भगवान् राजगृह मे यथेच्छ साधनाविहार का जिधर वाराणसी थी उधर चारिका करते हुए चल पडे। वे वहाँ वाराणसी के ऋषिपतन मृगदाव में आकर साधना हेतु विराजे। उस समय षड्वर्गीय भिक्षु—'भगवान् ने काठ की खड़ाऊँ पहनना निषिद्ध कर दिया है'—यह सोचकर छोटे–छोटे ताड़वृक्षों को कटवाकर उनके कोमल पत्तो से खडाऊँ बनवाते थे। इस तरह वे छोटे–छोटे ताड वृक्ष असमय में नष्ट–भ्रष्ट हो जाते थे। यह देखकर साधारण नागरिक बहुत खिन्न उद्विग्न एवं दुःखी होते थे कि ''कैसे ये शाक्यपुत्रीय भिक्षु छोटे–छोटे ताड़वृक्षों को कटवाकर उनके कोमल पत्तों से खड़ाऊँ बनवाते हैं। इस तरह तो एक दिन यहाँ का समग्र ताड़वन ही नष्ट हो जायगा। यों ये शाक्यपुत्रीय श्रमण एक इन्द्रिय वाले जीव की हिंसा के भी अपराधी बनते

धारेस्सन्ति; तानि तालतरुणानि छिन्नानि मिलायन्ति। जीवसञ्ञिनो हि, भिक्खवे, मनुस्सा रुक्खस्मिं। नेतं, भिक्खवे, अप्पसन्नानं वा पसादाय....पे०...विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**न, भिक्खवे, तालपत्तपादुका धारेतब्बा। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा**" ति।

तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू 'भगवता तालपत्तपादुका [N.209] पटिक्खित्ता' ति वेळुतरुणे छेदापेत्वा वेळुपत्तपादुकायो धारेन्ति। तानि वेळुतरुणानि छिन्नानि मिलायन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—"कथं हि नाम समणा सक्यपुत्तिया वेळुतरुणे छेदापेत्वा वेळुपत्तपादुकायो धारेस्सन्ति। तानि वेळुतरुणानि छिन्नानि मिलायन्ति। एकिन्द्रियं समणा सक्यपुत्तिया जीवं विहेठेन्ती" ति। अस्सोसुं खो भिक्खू तेसं मनुस्सानं उज्झायन्तानं खिय्यन्तानं विपाचेन्तानं। अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। .....पे०..... जीवसञ्ञिनो हि, भिक्खवे, मनुस्सा रुक्खस्मिं....पे०....**न, भिक्खवे, वेळुपत्तपादुका धारेतब्बा। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

१७. अथ खो भगवा वाराणसियं यथाभिरन्तं विहरित्वा येन भद्दियं तेन चारिकं पक्कामि। अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन भद्दियं तदवसरि। तत्र सुदं भगवा भद्दिये विहरति जातिया वने। तेन खो पन समयेन भद्दिया भिक्खू अनेकविहितं पादुकमण्डनानुयोग-मनुयुत्ता विहरन्ति, तिणपादुकं करोन्ति पि कारापेन्ति पि, मुञ्जपादुकं करोन्ति पि [R.190] कारापेन्ति पि, बब्बजपादुकं करोन्ति पि कारापेन्ति पि, हिन्तालपादुकं करोन्ति पि कारापेन्ति पि, कमलपादुकं करोन्ति पि कारापेन्ति पि, कम्बलपादुकं करोन्ति पि कारापेन्ति पि,

---

हैं।" कुछ भिक्षुओं ने उन नागरिकों का यह क्रन्दन सुना। तब उन भिक्षुओं ने भगवान् के सम्मुख यह समस्या रखी। .....पूर्ववत्...."क्या, भिक्षुओ! सचमुच ही ये षड्वर्गीय भिक्षु ताडपत्र की बनी पादुकाएँ पहनते हैं?" "हाँ, सत्य ही, भगवन्!" भगवान् ने उनके इस कर्म की निन्दा कर....पूर्ववत्....कैसे ये मूर्ख भिक्षु छोटे छोटे ताडवृक्षों को कटवा कर उनकी बनी खड़ाऊँ पहनते हैं। भिक्षुओ! कुछ मनुष्य वृक्षो में भी जीव मानते हैं। भिक्षुओ! मेरा यह आदेश अप्रसन्नों के प्रसाद के लिये नहीं है ...पूर्ववत्.....भिक्षुओं को कहा—"**भिक्षुओ! ताडपत्र की बनी पादुकाएँ भी नहीं पहननी चाहिये। जो पहनेगा उसे 'दुष्कृत' अपराध लगेगा।**"

बाँस की बनी पादुका का निषेध— उस समय षड्वर्गीय भिक्षु— 'भगवान् ने ताड़पत्र से बनी पादुका का निषेध कर दिया है।"—यह सोचकर बाँस के पौधों को कटवा कर उनसे बनी पादुका धारण करने लगे। यह देखकर.. ..पूर्ववत्.....कुछ मनुष्य वृक्षों में जीवसंज्ञा मानते है... **भिक्षुओ! बाँस के पत्तों से बनी पादुका भी नहीं पहिननी चाहिये।**

नानाविध पादुकाओं का निषेध— १७. तब भगवान् वाराणसी में यथेच्छ साधना करने के बाद **भद्दिया** (अङ्ग प्रदेश का एक जनपद) की तरफ चारिका हेतु चल पड़े। वहाँ भद्दिया में जाकर जातिवन में साधनाहेतु विराजे। उस समय भद्दियावासी भिक्षु नाना प्रकार की सजी–सजायी, अलङ्कृत पादुकाओं के बनाने बनवाने में ही लगे हुए थे। वे उस समय तृण की भी, बब्बज घास की भी, हिन्ताल (खजूर) के पत्तों की भी खड़ाऊँ बनवाते थे, कमल एवं कम्बल से बनी पादुकाएँ भी धारण करते थे।

रिञ्चन्ति उद्देसं परिपुच्छं अधिसीलं अधिसीलं अधिचित्तं अधिपञ्ञं। ये ते भिक्खू अप्पिच्छा....पे०.....ते उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—"कथं हि नाम भद्दिया भिक्खू अनेकविहितं पादुकमण्डनानुयोगमनुयुत्ता विहरिस्सन्ति, तिणपादुकं करिस्सन्ति पि कारापेस्सन्ति पि, मुञ्जपादुकं करिस्सन्ति पि कारापेस्सन्ति पि, बब्बजपादुकं करिस्सन्ति पि कारापेस्सन्ति पि, हिन्तालपादुकं करिस्सन्ति पि कारापेस्सन्ति पि, कमलपादुकं करिस्सन्ति पि कारापेस्सन्ति पि, कम्बलपादुकं करिस्सन्ति पि कारापेस्सन्ति पि, रिञ्चिस्सन्ति उद्देसं परिपुच्छं अधिसीलं अधिचित्तं अधिपञ्ञं" ति। अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आराचेसुं....पे०....सच्चं किर, भिक्खवे, भद्दिया भिक्खू अनेकविहितं पादुकमण्डनानुयोगमनुयुत्ता विहरन्ति, तिणपादुकं करोन्ति पि कारापेन्ति पि.....पे०....रिञ्चन्ति उद्देसं परिपुच्छं [B.279] अधिसीलं अधिचित्तं अधिपञ्ञं" ति? सच्चं, भगवा ति। विगरहि बुद्धो भगवा....पे०....कथं हि नाम ते, भिक्खवे, मोघपुरिसा अनेकविहितं पादुकमण्डनानुयोगमनुयुत्ता विहरिस्सन्ति, तिणपादुकं करिस्सन्ति पि कारापेस्सन्ति पि....पे०....रिञ्चिस्सन्ति उद्देसं परिपुच्छं अधिसीलं अधिचित्तं अधिपञ्ञं। नेतं, भिक्खवे, अप्पसन्नानं वा पसादाय....पे०....विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**न, भिक्खवे, तिणपादुका धारेतब्बा, न मुञ्जपादुका धारेतब्बा, न बब्बजपादुका धारेतब्बा, न हिन्तालपादुका धारेतब्बा, न कमलपादुका धारेतब्बा, न कम्बलपादुका धारेतब्बा,** [N.210] **न सोवण्णमया पादुका धारेतब्बा, न रूपियमया पादुका धारेतब्बा, न मणिमया पादुका धारेतब्बा, न वेळुरियमया पादुका धारेतब्बा, न फलिकमया पादुका धारेतब्बा, न कंसमया पादुका धारेतब्बा, न काचमया पादुका धारेतब्बा, न तिपुमया पादुका धारेतब्बा, न सीसमया पादुका धारेतब्बा, न तम्बलोहमया पादुका धारेतब्बा। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। न च, भिक्खवे, काचि सङ्कमनिया पादुका धारेतब्बा। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स।**

अनुजानामि, भिक्खवे, तिस्सो पादुका धुवट्ठानिया असङ्कमनियायो—वच्चपादुकं, पस्सावपादुकं, आचमनपादुकं" ति।

१८. अथ खो भगवा भद्दिये यथाभिरन्तं विहरित्वा येन सावत्थि तेन चारिकं

शील, चित्त एवं प्रज्ञा के विषय में सोचना–विचारना, पूछना–जाँचना– सब कुछ भूल बैठे थे। यह सब देखकर वहाँ के शान्त प्रकृतिवाले (अल्पेच्छ) भिक्षु बहुत खिन्न उद्विग्न एवं दुःखी होते थे कि कैसे भद्दियावासी भिक्षु ..पूर्ववत्.....सब कुछ भूल बैठे है। उन्होंने भगवान् से यह सब कथा कही। भगवान् ने पूछा–"सच ही, भिक्षुओ! ये भद्दियावासी भिक्षु.. पूर्ववत्....।" "**भिक्षुओ! तृणपादुकाएँ, मुञ्जपादुकाएँ, बल्बजपादुकाएँ, खर्जूरपत्र की पादुकाएँ, कमल से बनी पादुकाएँ, कम्बल, सुवर्ण, रजत, मणि, वैदूर्य, स्फटिक, कांस्य, काँच, राँगा, सीसा, ताम्र एवं लोह से बनी पादुकाएँ नहीं धारण करनी चाहिये। जो धारण करेगा उसे 'दुष्कृत' दोष की आपत्ति होगी।**

भिक्षुओ! **अनुमति देता हूँ तीन स्थानों पर खड़ाऊँ पहनने की– १. शौच–स्थान के लिये, २. मूत्रोत्सर्ग के लिये तथा ३. आचमनस्थान के लिये। परन्तु ये तीनों ही खडाऊँ अपने निश्चित स्थान से आगे नहीं ले जानी चाहिये।**

पक्कामि। अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन सावत्थि तदवसरि। तत्र सुदं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू अचिरवतिया नदिया गावीनं तरन्तीनं विसाणेसु पि गण्हन्ति, कण्णेसु पि गण्हन्ति, [R.191] गीवाय पि गण्हन्ति, छेप्पाय पि गण्हन्ति, पिट्ठिं पि अभिरुहन्ति, रत्तचित्ता पि अङ्गजातं छुपन्ति, वच्छतरिं पि ओगाहेत्वा मारेन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—"कथं हि नाम समणा सक्यपुत्तिया गावीनं तरन्तीनं विसाणेसु पि गहेस्सन्ति....पे०....सेय्यथापि गिही कामभोगिनो" ति। अस्सोसुं खो भिक्खू तेसं मनुस्सानं उज्झायन्तानं खिय्यन्तानं विपाचेन्तानं। अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं....पे०....सच्चं किर, भिक्खवे,....पे०....सच्चं भगवा ति....पे०.....विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**न, भिक्खवे, गावीनं विसाणेसु गहेतब्बं, न कण्णेसु गहेतब्बं, न गीवाय गहेतब्बं, न छेप्पाय गहेतब्बं, न पिट्ठि अभिरुहितब्बा। यो अभिरुहेय्य,** [B.280] **आपत्ति दुक्कटस्स। न च, भिक्खवे, रत्तचित्तेन अङ्गजातं छुपितब्बं। यो छुपेय्य, आपत्ति थुल्लच्चयस्स। न वच्छतरी मारेतब्बा। यो मारेय्य, यथाधम्मो कारेतब्बो**" ति।

८. यानादिपटिक्खेपो

१९. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू यानेन यायन्ति, इत्थियुत्तेन पि पुरिसन्तरेन, पुरिसयुत्तेन पि इत्थन्तरेन। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—सेय्यथापि गङ्गामहियाया ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। न, **भिक्खवे, यानेन यायितब्बं। यो यायेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

---

१८ तब भगवान् भद्दिया मे यथेच्छ साधनाविहार कर श्रावस्ती की तरफ चारिकाहेतु चल पड़े। वे क्रमश· चारिका करते हुए श्रावस्ती पहुँचे। वहाँ भगवान् अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जैत्रवनस्थ विहार मे साधनाहेतु विराजे। उस समय षड्वर्गीय भिक्षु अचिरवती नदी में तैरती हुई गायों के सींग भी पकड लेते थे, कान भी....और ग्रीवा भी .तथा पूँछ भी पकड लेते थे, कान भी.....और ग्रीवा भी ..तथा पूँछ भी पकड लेते थे। उनकी पीठ पर भी चढ जाते थे। रागयुक्त चित्त से उनकी योनि भी छूते थे, वछियो को डुबा कर मार डालते थे। यह देखने वाले लोग बहुत खिन्न उद्विग्न एव दु:खी होते थे कि कैसे ये शाक्यपुत्रीय श्रमण तैरती गायो के सीग. पूर्ववत्...मार डालते हैं कि जैसे कि साधारण गृहस्थ जन। यह बात भिक्षुओ ने सुनी। **भिक्षुओं ने भगवान् से कही.....सचमुच भिक्षुओ!.....भिक्षुओं को आदेश दिया—"भिक्षुओ! गायों को सींग से नहीं पकड़ना चाहिये, न उनको कान ग्रीवा या पूँछ से पकडना चाहिये। न उनकी पीठ पर चढना चाहिये, कामुक होकर उनकी योनि का स्पर्श भी नहीं करना चाहिये। जो ऐसा करेगा उसे 'स्थूलात्यय' दोष लगेगा। बछड़ी (गौ की वच्छी) नहीं मारनी चाहिये। जो मारे उसे धर्मानुसार दण्ड देना चाहिये।"**

८. यानारोहण आदि का निषेध

यानारोहण का निषेध— १९ उस समय षड्वर्गीय भिक्षु ऐसे यान पर यात्रा करने में नहीं सकुचाते थे जिस पर परपुरुषयुक्त स्त्री यात्रा कर रही हो या परस्त्रीयुक्त कोई पुरुष। साधारण मनुष्य भी यह देखकर उद्विग्न होते थे . भगवान् से यह बात कही गयी। भगवान् ने आदेश दिया—"**भिक्षुओ! किसी भी यान (गाडी) से यात्रा नहीं करनी चाहिये। जो करेगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा।"**

तेन खो पन सययेन अञ्ञतरो भिक्खु कोसलेसु जनपदे सावत्थिं गच्छन्तो भगवन्तं दस्सनाय अन्तरामग्गे गिलानो होति। अथ खो सो भिक्खु मग्गा ओक्कम्म अञ्ञतरस्मिं रुक्खमूले निसीदि। मनुस्सा तं भिक्खुं दिस्वा एतदवोचुं—"कहं, भन्ते, अय्यो गमिस्सती" ति? "सावत्थिं खो अहं, आवुसो, गमिस्सामि भगवन्तं दस्सनाया" ति। "एहि, भन्ते, गमिस्सामा" ति। "नाहं, आवुसो, सक्कोमि, गिलानोम्ही" ति। "एहि, भन्ते, यानं अभिरुहा" [N.211] ति। 'अलं, आवुसा, पटिक्खित्तं भगवता यानं' नाभिरुहि। अथ खो सो भिक्खू सावत्थिं गन्त्वा भिक्खूनं एतमत्थं आरोचेसि। भिक्खू भगवतो एतमत्थं आराचेसुं। [R.192] **अनुजानामि, भिक्खवे, गिलानस्स यानं** ति।

अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि—"इत्थियुत्तं नु खो? परिसयुत्तं नु खो" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, पुरिसयुत्तं हत्थवट्टकं** ति।

तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्स भिक्खुनो यानग्घातेन बाळ्हतरं अफासु अहोसि। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**अनुजानामि, भिक्खवे, सिविकं पाटङ्किं**" ति।

९. उच्चासयनमहासयनपटिक्खेपो

२०. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू उच्चासयनमहासयनानि धारेन्ति, सेय्यथिदं—आसन्दिं, पल्लङ्कं, गोनकं, चित्तकं, पटिकं, पटलिकं, तूलिकं, विकतिकं, उद्धलोमिं, एकन्तलोमिं, कट्टिस्सं, कोसेय्यं, कुत्तकं, हत्थत्थरं, अस्सत्थरं, रथत्थरं,

---

रोगी को यान के उपयोग की अनुमति— उस समय कोई भिक्षु कोसल देश में भगवान् के दर्शनहेतु श्रावस्ती जाते समय मार्ग में रोगाक्रान्त हो गया। अतः वह मार्ग से हटकर एक वृक्ष के नीचे बैठ गया। लोगों ने उसको देख कर पूछा—"भन्ते! आर्य कहाँ जॉयगें?" (उसने कहा—) "आयुष्मानों मैं भगवान् के दर्शनहेतु श्रावस्ती जाऊँगा।" "तो आइये, भन्ते! साथ चलें।" नहीं, आयुष्मन्! मैं नहीं चल सकता; क्योंकि मैं रोगी हूँ।" "तो भन्ते! यान पर बैठ लें।" "नहीं, आयुष्मन्! यान का उपयोग तो भिक्षु के लिये भगवान् ने निषिद्ध कर रखा है।" यों सङ्कोच करता हुआ वह उस यान पर नहीं चढ़ा। तब उस भिक्षु ने किसी तरह स्वस्थ होने के बाद भिक्षुओं से जाकर, यह बात कही। भिक्षुओं ने भगवान् के सम्मुख यह समस्या रखी। (भगवान् ने आदेश दिया—) "**भिक्षुओ! रोगी भिक्षु को यान से यात्रा करने की अनुमति देता हूँ।**"

तब भिक्षुओ को यह विचार हुआ कि भगवान् ने यह किस यान से यात्रा करने की अनुमति दी है—पुरुष से चलाये जाते हुए यान की, या स्त्री द्वारा चलाये जाते यान की? भगवान् से पूछा गया तो उन्होंने उत्तर दिया—"**पुरुष से चलाये जाते यान (हत्थवट्टक) की अनुमति देता हूँ।**"

कुछ अन्य अनुमत यान— उस समय किसी रोगी भिक्षु को यान से यात्रा करते समय यान के अधिक हिलने डुलने से अधिक पीड़ा हुई। भगवान् से कहे जाने पर उन्होंने कहा—"**अनुमति देता हूँ शिविका (डोली) या पालकी की।**"

९. उच्चासन तथा महाशयन का निषेध

२०. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु उच्चासन तथा महाशयनों का बहुलता से उपयोग करने लगे थे; जैसे—आसन्दी (कुर्सी), पर्यङ्क (पलङ्ग), गोनक (गलीचा), चित्रक, पटिक (किनारीदार विछाने का कम्बल), पटलिक, (ऊन का गलीचा), तूलिक (रूई का गद्दा), विकतिक (रंग-विरङ्गे) आसन,

अजिनप्पवेणिं कदलिमिगपवरपच्चत्थरणं, सउत्तरच्छन्दं, उभतोलोहितकूपधानं ति। [B.281] मनुस्सा विहारचारिकं आहिण्डन्ता पस्सित्वा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति...सेय्यथापि गिही कामभोगिनो ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**न, भिक्खवे, उच्चासयनमहासयनानि धारेतब्बानि, सेय्यथीदं—आसन्दि, पल्लङ्को, गोनको, चित्तको, पटिका, पटलिका, तूलिका, विकतिका, उद्धलोमि, एकन्तलोमि, कट्टिस्सं, कोसेय्यं, कुत्तकं, हत्थत्थरं, अस्सत्थरं, रथत्थरं, अजिनप्पवेणि, कदलिमिगपवरपच्चत्थरणं, सउत्तरच्छदं, उभतोलोहितकूपधानं। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा**" ति।

१०. सब्बचम्मपटिक्खेपो

२१. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू—'भगवता उच्चासयनमहासयनानि पटिक्खित्तानी' ति—महाचम्मानि धारेन्ति, सीहचम्मं ब्यग्घचम्मं दीपिचम्मं। तानि मञ्चप्पमाणेन पि छिन्नानि होन्ति, पीठप्पमाणेन पि छिन्नानि होन्ति, अन्तो पि मञ्चे पञ्ञत्तानि होन्ति, बहि पि मञ्चे पञ्ञत्तानि होन्ति, अन्तो पि पीठे पञ्ञत्तानि होन्ति, बहि पि पीठे पञ्ञत्तानि होन्ति। मनुस्सा विहारचारिकं आहिण्डन्ता पस्सित्वा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति... सेय्यथापि गिही कामभोगिनो ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**न, भिक्खवे, महाचम्मानि धारेतब्बानि, सीहचम्मं ब्यग्घचम्मं दीपिचम्मं। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा**" ति।

तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू—'भगवता महाचम्मानि पटिक्खित्तानी' ति— गोचम्मानि धारेन्ति। तानि मञ्चप्पमाणेन पि छिन्नानि होन्ति, पीठप्पमाणेन पि छिन्नानि

ऊर्ध्वलोमी (ऊँचे रोंये वाले गलीचे) एकान्तलोमी (एकतरफा उठे रोंए वाले गलीचे), कट्टिस्स, कौषेय (रेशमी वस्त्र), कुत्तक (ऊनी दरी), हाथी–घोड़े तथा रथ का आस्तरण (झूल), रथ का झूल, मृग–छाला, समूरी मृग की छाल का सुन्दर बिछौना, ऊपर की चादर, सिरहाने या पैरों की तरफ लाल तकियों का प्रयोग करते थे। विहार में घूमते समय लोग देखकर उद्विग्न होते थे कि कैसे ये शाक्यपुत्रीय श्रमण......लाल तकियों का प्रयोग करते हैं; जैसे कामभोगी गृहस्थ। (भगवान् से यह बात कही गयी)। (भगवान् ने कहा) "**भिक्षुओ! किसी भिक्षु को उच्च आसन तथा महाशयन का उपयोग नहीं करना चाहिये, जैसे–आसन्दी.....दोनों तरफ लाल तकिये धारण नहीं करना चाहिये। जो धारण करे उसको 'दुष्कृत' दोष लगेगा।**"

१०. सभी प्रकार के चर्म के प्रयोग का निषेध

२१. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु–"भगवान् ने उच्च आसन तथा महाशयन का निषेध किया है"–यह सोचकर महाचर्मों का उपयोग करने लगे, जैसे–सिंह, व्याघ्र एवं द्वीपियों का चर्म। वे चर्म इतने लम्बे–चौड़े होते थे कि सम्पूर्ण मञ्च या समग्र पीठ ढक जाता था। मञ्च और पीठ के अन्तर्भाग एवं बहिर्भाग में ये बिछाये जाते थे। विहार में घूमते समय दूसरे भिक्षु यह देख कर उद्विग्न होते थे कि ये षड्वर्गीय कैसे इन महाचर्मों का उपयोग करते हैं, जैसे गृहस्थ जन। भगवान् से यह बात बतायी गयी। (भगवान् ने आदेश दिया–) "**भिक्षुओ! महाचर्मों का उपयोग भिक्षुओं को नहीं करना चाहिये। जो करेगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा।**"

गोचर्म के उपयोग का निषेध– उस समय षड्वर्गीय भिक्षु–"भगवान् ने महाचर्मों के प्रयोग का निषेध किया है"–यह सोचकर गोचर्म का उपयोग करने लगे। ये गोचर्म भी इतने विस्तृत होते थे

होन्ति, अन्तो पि मञ्चे पञ्ञत्तानि होन्ति, बहि पि मञ्चे पञ्ञत्तानि होन्ति, अन्तो पि पीठे पञ्ञत्तानि होन्ति, बहि पि पीठे पञ्ञत्तानि होन्ति।

अञ्ञतरो पि पापभिक्खु अञ्ञतरस्स पापुपासकस्स कुलूपको होति। अथ खो सो पापभिक्खु पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन तस्स पापुपासकस्स निवेसनं [N.212] तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। अथ खो सा पापुपासको [R.193] येन सो पापभिक्खु तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा तं पापभिक्खुं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। तेन खो पन समयेन तस्स पापुपासकस्स वच्छको होति तरुणको अभिरूपो [B.282] दस्सनीयो पासादिको चित्रो, सेय्यथापि दीपिच्छापो। अथ खो सो पापभिक्खु तं वच्छकं सक्कच्चं उपनिज्झायति। अथ खो सो पापुपासको तं पापभिक्खुं एतदवोच—"किस्स, भन्ते, अय्यो इमं वच्छकं सक्कच्चं उपनिज्झायती" ति? "अत्थो मे, आवुसो, इमस्स वच्छकस्स चम्मेना" ति। अथ खो सो पापुपासको तं वच्छकं वधित्वा चम्मं विधुनित्वा तस्स पापभिक्खुनो पादासि। अथ खो सो पापभिक्खु तं चम्मं सङ्घाटिया पटिच्छादेत्वा अगमासि। अथ खो सा गावी वच्छगिद्धिनी तं पापभिक्खुं पिट्ठितो पिट्ठितो अनुबन्धि। भिक्खू एवमाहंसु—आवुसो, गावी पिट्ठितो पिट्ठितो अनुबद्धा ति? "अहं पि खो, आवुसो, न जानामि केन म्यायं गावी पिट्ठितो पिट्ठितो अनुबद्धा" ति। तेन खो पन समयेन तस्स पापभिक्खुनो सङ्घाटि लोहितेन मक्खिता होति। भिक्खू एवमाहंसु—"अयं पन ते, आवुसो, सङ्घाटि किं कता" ति? अथ खो सो पापभिक्खु भिक्खूनं एतमत्थं आरोचेसि। "किं पन

कि उन्हें मञ्च के प्रमाण का भी, पीठ (चौकी) के प्रमाण का भी काट पर बिछाया जा सकता था।.....पीठ (आसन) के बाहर तक भी बिछाया जा सकता था।

उस समय एक पापी (दुराचारी) भिक्षु एक अपने ही समान पापी उपासक के घर आने-जाने लगा था। किसी दिन वह दुराचारी भिक्षु पूर्वाह्न काल में वस्त्र पहनकर, पात्र-चीवर लेकर, अपने उस दुराचारी उपासक के घर पहुँचा। वहाँ जाकर वह बिछे आसन पर बैठ गया। तब वह दुराचारी उपासक दुराचारी भिक्षु के पास गया और उसे अभिवादन कर एक तरफ बैठ गया। उस समय उस दुराचारी उपासक के पास एक तरुण, सुन्दर, दर्शनीय, चित्ताह्लादक, चीते की तरह चितकबरा बछड़ा था। तब वह पापी भिक्षु उस बछड़े को अत्यधिक स्पृहा के साथ देखने लगा। तो उस पापी उपासक ने उस भिक्षु से पूछा—"भन्ते! आर्य मेरे बछड़े को इतनी स्पृहा (चाह) से क्यों देख रहे हैं?" "आयुष्मन्! मुझे इस बछड़े के चर्म का उपयोग करना है।" तब उस पापी उपासक ने उस बछडे को मार कर उस का चर्म उधेडकर उस पापी भिक्षु को दे दिया। तब वह पापी भिक्षु उस चर्म को सङ्घाटी से ढककर लेकर चल दिया। तब उस बछड़े पर स्नेह रखने वाली माता गौ ने उस पापी भिक्षु का पीछा किया। (यह देखकर) भिक्षुओं ने पूछा—"आयुष्मन्! यह गौ तुम्हारा पीछा क्यों कर रही है?" "आयुष्मानो! मैं नहीं जानता कि यह मेरा पीछा क्यो कर रही है।" उस समय उस पापी भिक्षु की सङ्घाटी रक्त से आप्लावित हो चली थी। (उसे देखकर) भिक्षुओ ने पूछा—"किन्तु, आयुष्मन्! तुम्हारी सङ्घाटी का यह रक्त वर्ण कैसा है?" तब उस पापी ने भयाक्रान्त होकर समग्र घटना सुना दी। सुनकर भिक्षुओं ने पूछा—"आयुष्मन्! क्या तुमने प्राणिहिंसा की प्रेरणा दी?" "हाँ, आयुष्मन्!" तब वहाँ जो शान्तचित्त श्रोता भिक्षु थे वे उद्विग्न.....हुए—"कैसे कोई भिक्षु प्राणिहिंसा की प्रेरणा करता है? भगवान् ने अनेक तरह प्राणिहिंसा की निन्दा की है, तथा प्राणिहिंसात्याग की प्रशंसा।" तब उन भिक्षुओं ने यह

त्वं, आवुसो, पाणातिपाते समादपेसी'' ति ? ''एवमावुसो'' ति। ये ते भिक्खू अप्पिच्छा ते उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—''कथं हि नाम भिक्खु पाणातिपाते समादपेस्सति, ननु भगवता अनेकपरियायेन पाणातिपातो गरहितो, पाणातिपाता वेरमणी पसत्था'' ति। अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे भिक्खुसङ्घं सन्निपातापेत्वा तं पापभिक्खुं पटिपुच्छि—''सच्चं किर त्वं, भिक्खु, पाणातिपाते समादपेसी'' ति ? ''सच्चं भगवा'' ति....पे०....''कथं हि नाम त्वं, मोघपुरिस, पाणातिपाते समादपेस्ससि, ननु मया, मोघपुरिस, अनेकपरियायेन पाणातिपातो गरहितो, पाणातिपाता वेरमणी पसत्था। नेतं, मोघपुरिस, अप्पसन्नानं वा पसादाय....पे०.....विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—''**न, भिक्खवे, पाणातिपाते समादपेतब्बं। यो समादपेय्य, यथाधम्मो कारेतब्बो। न, भिक्खवे, गोचम्मं धारेतब्बं। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। न च, भिक्खवे, किञ्चि चम्मं धारेतब्बं। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा**'' ति।

११. गिहिविकतानुञ्ञातादि

२२. तेन खो पन समयेन मनुस्सानं मञ्चं पि पीठं पि चम्मोनद्धानि [B.283, R.194] होन्ति, चम्मविनद्धानि। भिक्खू कुक्कुच्चायन्ता नाभिनिसीदन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। ''**अनुजानामि, भिक्खवे, गिहिविकतं अभिनिसीदितुं, न त्वेव अभिनिपज्जितुं**'' ति।

तेन खो पन समयेन विहारा चम्मबन्धेहि ओगुम्फियन्ति। भिक्खू कुक्कुच्चायन्ता नाभिनिसीदन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, बन्धनमत्तं** [N.213] **अभिनिसीदितुं** ति।

घटना भगवान् से कही। तब भगवान् ने इस सन्दर्भ में, इस प्रकरण में भिक्षुसङ्घ को एकत्र कराकर, उस पापी भिक्षु से पूछा—''क्या रे पापिन्! तूने सत्य ही प्राणिहिंसा के लिये प्रेरणा की?'' हाँ, भगवन्!'' तब भगवान् ने उस पापी भिक्षु का फटकारा—''रे मोघ पुरुष! कैसे तूने इस प्राणिहिंसा की प्रेरणा की? मैंने तो अनेक अवसरों पर प्राणिहिंसा की निन्दा तथा प्राणिहिंसात्याग की प्रशंसा ही की है। उस पर तूँ ने ध्यान नहीं दिया? मोघपुरुष! न यह अप्रसन्नों को प्रसन्न करने के लिये है.....पूर्ववत्.....। यों उस भिक्षु को फटकार कर प्रासङ्गिक धार्मिक कथा कहते हुए भिक्षुओं को सम्बोधित किया—''**भिक्षुओ! प्राणिहिंसा की प्रेरणा नहीं करनी चाहिये। भिक्षुओ! गौ का चर्म उपयोग में नहीं लाना चाहिये। जो उपयोग करे उसे 'दुष्कृत' दोष हो। भिक्षुओ! किसी भी चर्म का उपयोग नहीं करना चाहिये। जो उपयोग करे उसे 'दुष्कृत' दोष हो।**''

११. चर्मावृत शय्या आदि पर बैठा जा सकता है

२२. उस समय लोगों के घरों में काम में आने वाली चारपाइयाँ, चौकियाँ चमड़े से मँढ़ी होती थीं या चमडे से बँधी होती थीं। भिक्षु भगवान् की अनुमति न होने के कारण सङ्कोच करते हुए उन पर नहीं बैठते थे। भगवान् से इस विषय में पूछा गया। भगवान् ने कहा—''**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ गृहस्थों के चर्मावनद्ध विस्तर, चारपायी तथा चौकियों का उपयोग करने की। परन्तु यह बैठने मात्र के लिये अनुमति है, उन पर लेटने या सोने के लिये नहीं।**''

उस समय भिक्षुविहारों में (अस्थायी रूप से लगे तम्बू आदि में) भी चमड़े का कार्य हुआ

तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू सउपाहना गामं पविसन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति...सेय्यथापि गिही कामभोगिनो ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे, सउपाहनेन गामो पविसितब्बो। यो पविसेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो भिक्खु गिलानो होति, न सक्कोति विना उपाहनेन गामं पविसितुं। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, गिलानेन भिक्खुना सउपाहनेन गामं पविसितुं** ति।

१२. सोणकुटिकण्णवत्थु

तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्स भिक्खुनो गण्डाबाधो होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, सत्थकम्मं** ति। कसावोदकेन अत्थो होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, कसावोदकं** ति। तिलकक्केन अत्थो होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, तिलकक्कं** ति। कबळिकाय अत्थो होति। भगवतो एतमत्थं आरोचुसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, कबळिकं** ति। वणबन्धनचोलेन अत्थो होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, वणबन्धनचोलं** ति। वणो कण्डुवति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, सासपकुट्टेन फोसितुं** ति। वणो किलिज्जित्थ। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, धूमं कातुं** ति। वणमंसं वुट्ठाति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि,** [R.206] **भिक्खवे, लोणसक्खरिकाय छिन्दितुं** ति। वणो न रुहति। भगवतो एतमत्थ आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, वणतेलं** ति। तेलं गलति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, विकासिकं सब्बं वणपटिकम्मं** ति।

९. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो भिक्खु अहिना दट्ठो होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, चत्तारि महाविकटानि दातुं— गूथं, मुत्तं, छारिकं,**

इतने पर भी जब उनका रोग ठीक नहीं हुआ...–**''भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ शृङ्ग (विषाण) विधि से रक्त चूसने की।''**

पैर फटने की चिकित्सा– इस समय कभी आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ के पैर फट गये। भगवान् से पूछा गया। भगवान् ने कहा–**''अनुमति देता हूँ पैरों में मर्दन (मालिश) करने की।''** इससे जब वह रोग ठीक न हुआ तो भगवान् ने पादरोगों के लिये विशेष ओषधि के निर्माण की अनुमति दी।

शल्यचिकित्सा– उस समय किसी भिक्षु को व्रण (गण्ड) हो गया। भगवान् का सूचना दी गयी। (भगवान् ने बताया–) **''भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ इस व्रण पर शल्यचिकित्सा की।''** वहाँ व्रण धोनेके लिये (ओषधिमिश्रित) उष्ण जल की आवश्यकता हुई। ....**अनुमति देता हूँ उष्ण जल की।''**...तिल की पिट्ठी की आवश्यकता पड़ी।....भगवान् ने **तिलपिट्ठी की भी अनुमति दे दी।**.. व्रण पर लेप के लिये **ओषध–मिश्रित रूई** (कवळिका) की आवश्यकता हुई। भगवान् ने **उसकी भी अनुमति दे दी।**....भगवान् ने **व्रण पर पट्टी बाँधने की भी अनुमति दे दी।**....व्रण में खुजली होती थीं; भगवान् ने **सरसों की पिण्डी से सहलाने की अनुमति** दी। व्रण में पानी (लसीका) बहता था; भगवान् उसके प्रतीकार में **धुआँस देने की अनुमति दी।** व्रण में मांस का पिण्ड उभर आया था; भगवान् ने उसको **लवणक्षार से काटने की अनुमति दी** । व्रण भरता नहीं था, भगवान् ने वहाँ **व्रणरोपण तैल लगाने की अनुमति दी।** वहाँ लगा हुआ तैल बहता था; अतः भगवान् ने **उस पर पट्टी बाँधने की भी अनुमति दे दी** ।

सर्पविषचिकित्सा– ९. उस समय किसी भिक्षु को साँप ने काट लिया। ....**''भिक्षुओ! ऐसे समय में रोगी को चार महाविकटों के प्रयोग की अनुमति देता हूँ–१. गोबर, २. मूत्र, ३. राख एवं**

मत्तिकं ति। अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि—"अप्पटिग्गहितानि नु खो? उदाहु पटिग्गहेतब्बानी?" ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, सति कप्पियकारके पटिग्गहापेतुं, असति कप्पियकारके सामं गहेत्वा परिभुञ्जितुं** ति।

[B.299] तेन खो पन समयेन अञ्ञतरेन भिक्खुना विसं पीतं होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, गूथं पायेतुं** ति। अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि—[N.225] "अप्पटिग्गहितं नु खो उदाहु पटिग्गहेब्बो ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, यं करोन्तो पटिग्गण्हाति, स्वेव पटिग्गहो कतो, न पुन पटिग्गहेतब्बो** ति।

१०. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्स भिक्खुनो घरदिन्नकाबाधो होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, सीतालोळिं पायेतुं** ति।

तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो भिक्खु दुट्ठगहणिको होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, आमिसखारं पायेतुं** ति।

तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्स भिक्खुनो पण्डुरोगाबाधो होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, मुत्तहरीतकं पायेतुं** ति।

तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्स भिक्खुनो छविदोसाबाधो होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि भिक्खवे, गन्धालेपं कातुं** ति।

तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो भिक्खु अभिसन्नकायो होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, विरेचनं पातुं** ति।

अच्छकञ्जिया अत्थो होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, अच्छकञ्जिं** ति।

---

४. मिट्टी।" भिक्षुओ का सन्देह हुआ कि इन्हें दूसरे के देने पर लेना चाहिये या स्वयं ले लेना चाहिये? भगवान् ने कहा—"**अनुमति देता हूँ देने वाले के होने पर दिया हुआ लेने की; तथा उसके न होने पर स्वयं लेकर सेवन करने की।**"

उस समय किसी भिक्षु ने विष पी लिया था। भगवान् से इसकी चिकित्सा पूछी गयी। भगवान् ने ऐसे समय मे गोबर पिलाने की अनुमति दी। तब भी भिक्षुओ को यह विचार हुआ कि क्या यह दूसरे के लेने पर लेना चाहिये या स्वयं लेना चाहिये? भगवान् ने कहा—"**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ—जैसा करने से वह ग्रहण करे—** यही ग्रहण करने की विधि है। (कार्य सिद्ध होने पर) पुनः नहीं ग्रहण करना चाहिये।

मन्त्र–तन्त्र से रुग्ण की चिकित्सा— १०. उस समय किसी की वशीकरणहेतु अभिमन्त्रित औषध के पीने से (घरदिन्नक) रोग हो गया। भगवान् ने इसके लिये **हल से खोदी गयी खेत की मिट्टी के प्रयोग की अनुमति दी।**

ग्रहणी रोग चिकित्सा— उस समय किसी भिक्षु को ग्रहणी रोग हो गया। भगवान् से कहा गया तो भगवान् ने कहा—"**भिक्षुओ! ऐसे समय में आमिषक्षार (सूखा अनाज जलाकर उससे बनाया क्षार) पिलाने की अनुमति देता हूँ।**"

पाण्डुरोगचिकित्सा— उस समय किसी भिक्षु को पाण्डु रोग हो गया। भगवान् को यह

अकटयूसेन अत्थो होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, अकटयूसं** ति।

कटाकटेन अत्थो होति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, कटाकटं** ति।

पटिच्छादनीयेन अत्थो हाति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, पटिच्छादनीयं** ति।

३. पिलिन्दवच्छवत्थु

११. तेन खो पन समयेन आयस्मा पिलिन्दवच्छो राजगहे पब्भारं सोधापेति लेणं कत्तुकामो। अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो येनायस्मा पिलिन्दवच्छो [B.300] तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं पिलिन्दवच्छं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। [R.207] एकमन्तं निसिन्नो खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो आयस्मन्तं पिलिन्दवच्छं एतदवोच— "किं, भन्ते, थेरो कारापेती" ति? "पब्भारं, महाराज, सोधापेमि, लेणं कत्तुकामो" ति। "अत्थो, भन्ते, अय्यस्स आरामिकेना" ति? "न खो, महाराज, भगवता आरामिको अनुञ्ञातो" ति। "तेन हि, भन्ते, भगवन्तं पटिपुच्छित्वा मम आरोचेय्याथा" ति। "एवं, महाराजा" ति खो आयस्मा पिलिन्दवच्छो रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स पच्चस्सोसि।

बताया गया। (भगवान् ने कहा—) **"भिक्षुओ! ऐसे रोग में गोमूत्र मिश्रित हरीतकी (हर्रे) का प्रयोग करना चाहिये।"**

ज्वरपित्ती रोग चिकित्सा— उस समय किसी भिक्षु को ज्वरपित्ती (छविदोष—ज्वर के साथ सम्पूर्ण शरीर मे लाल ददोड़े हो जाना) रोग हो गया था....भगवान् ने कहा—**अनुमति देता हूँ इस पर गन्धक का लेप करने की।"**

शून्य रोग चिकित्सा— किसी का शरीर शून्य (रक्त का असञ्चरण) हो गया था। भगवान्....."**अनुमति देता हूँ विरेचन कर्म (जुलाब पीने) की।"**

किसी रोगी भिक्षु को स्वच्छ काँजी की आवश्यकता थी....."**अनुमति देता हूँ स्वच्छ काँजी का ग्रहण करने की।"**

किसी रोगी भिक्षु को स्वाभाविक यूस (जूस) की आवश्यकता थी। ...."**अनुमति देता हूँ अकृतयूष की।"**

किसी रोगी भिक्षु को कृत, अकृत (अस्वाभाविक, स्वाभाविक)—दोनों ही प्रकार के जूस की आवश्यकता थी। ...."**अनुमति देता हूँ दोनों ही प्रकार के जूस ग्रहण करने की।"**

किसी रोगी को कुछ ढकने के लिये किसी वस्तु की आवश्यकता ती। . ."**अनुमति देता हूँ ढकने के लिये किसी वस्तु का ग्रहण करने की।"**

३. पिलिन्दवच्छवस्तु

११. उस समय आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ राजगृह में एक लेण (गुफा) बनवाने लिये पहाड़ का कुछ हिस्सा साफ करा रहे थे। उस समय मगधराज श्रेणिय बिम्बिसार आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ के पास गया। जाकर उन्हें प्रणामकर एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे मगधराज...बिम्बिसार ने आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ से पूछा—"भन्ते! स्थविर आप क्या कर रहे हैं?" "महाराज! गुफा बनवाने के लिये पर्वत

अथ खो आयस्मा पिलिन्दवच्छो राजानं मागधं सेनियं बिम्बिसारं धम्मिया कथाय सन्दस्सेसि, समादपेसि, समुत्तेजेसि, सम्पहंसेसि। अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो आयस्मतो पिलिन्दवच्छेन धम्मिया कथाय सन्दस्सितो समादपितो समुत्तेजितो सम्पहंसितो उट्ठायासना आयस्मन्तं पिलिन्दवच्छं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि। अथ खो आयस्मा पिलिन्दवच्छो भगवतो सन्तिके दूतं पाहेसि–"राजा, भन्ते, मागधो सेनियो बिम्बिसारो आरामिकं दातुकामो। कथं नु खो, भन्ते, मया पटिपज्जितब्बं" ति? अथ खो [N.226] भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि–

"अनुजानामि, भिक्खवे, आरामिकं" ति।

दुतियं पि खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो येनायस्मा पिलिन्दवच्छो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं पिलिन्दवच्छं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो आयस्मन्तं पिलिन्दवच्छं एतदवोच–"अनुञ्ञातो, भन्ते, भगवता आरामिको" ति? "एवं, महाराजा" ति। "तेन हि भन्ते, अय्यस्स आरामिकं दम्मी" ति। अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो आयस्मतो पिलिन्दवच्छस्स आरामिकं पटिस्सुत्वा, विस्सरित्वा, चिरेन सतिं पटिलभित्वा, अञ्ञतरं सब्बत्थकं महामत्तं आमन्तेसि–"यो मया, भणे, अय्यस्स आरामिको पटिस्सुतो, दिन्नो सो आरामिको" ति? "न खो, देव, अय्यस्स आरामिको दिन्नो" ति। "कीव चिरं नु खो, भणे, इतो हि तं होति" ति? अथ खो [B.301] सो महामत्तो रत्तियो विगणेत्वा राजानं मागधं सेनियं बिम्बिसारं एतदवोच–"पञ्च, देव, रत्तिसतानी" ति। "तेन हि, भणे, अय्यस्स पञ्च आरामिकसतानि देही" ति।

का कुछ भाग साफ करवा रहा हूँ।" "भन्ते! क्या आपको आरामिक (सेवक) की आवश्यकता नहीं है?" "महाराज! भगवान् ने आरामिक रखने की अनुमति नहीं दी है।" "तो भन्ते! भगवान् से पुनः पूछकर बताइयेगा।" "अच्छा, महाराज!"– यों आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ ने राजा बिम्बिसार को उत्तर दिया।

तब आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ ने मगधराज बिम्बिसार को धार्मिक कथाएँ सुनाकर धर्म के प्रति समुत्तेजित सम्प्रहृष्ट तथा सन्तुष्ट किया। यों मगधराज बिम्बिसार आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ से धार्मिक कथाएँ सुनकर समुत्तेजित.....होकर, उन्हें प्रणाम–प्रदक्षिणा कर चला गया। तब आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ ने भगवान् के पास यह कहकर अपना एक सन्देशवाहक भेजा कि "भन्ते! राजा मागध बिम्बिसार मुझे एक आरामिक देना चाहता है। मुझे इस विषय में क्या निर्णय लेना चाहिये? तब भगवान् ने....कहा– **"भिक्षुओ! (दूसरों द्वारा दिये गये) आरामिक रखने की अनुमति देता हूँ।"**

दूसरी बार भी (कभी) राजा मागध....पूर्ववत् .। एक तरफ बैठे उसने आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ से पूछा–"क्या भन्ते! भगवान् ने आरामिक रखने की अनुमति दी?" "हाँ, महाराज! भगवान् ने अनुमति दे दी है।" "तो, महाराज! आपके लिये एक आरामिक देने का वचन देता हूँ।" यों, राजा मागध बिम्बिसार ने आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ का आरामिक वचन देकर महल में जाकर इस बात को भूल गया। कुछ दिन बाद इस बात का स्मरण आने पर, उसने अपने सर्वाधिकारी से पूछा–"अरे भाई! मैंने आर्य पिलिन्दवच्छ को कुछ समय पूर्व आरामिक देने की आज्ञा दी थी, क्या उन्हे वह दिया गया?" "नहीं, श्रीमन्! आर्य को अभी तक कोई आरामिक नहीं दिया गया।" "इस बात को हुए कितने दिन हो गये?" "देव! पाँच सौ रात्रियाँ तो बीत गयी होंगी।" "तो अब उन्हें पाँच सौ आरामिक

"एवं, देवा" ति खो सो महामत्तो रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स पटिस्सुत्वा आयस्मतो पिलिन्दवच्छस्स पञ्च आरामिकसतानि पादासि, पाटियेक्को गामो निविसि। आरामिकगामो ति पि नं आहंसु, पिलिन्दगामो ति पि नं आहंसु। [R.208]

१२. तेन खो समयेन आयस्मा पिलिन्दवच्छो तस्मिं गामके कुलूपको होति। अथ खो आयस्मा पिलिन्दवच्छो पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय पिलिन्दगामं पिण्डाय पाविसि। तेन खो पन समयेन तस्मिं गामके उस्सवो होति। दारका अलङ्कता मालाकिता कीळन्ति। अथ खो आयस्मा पिलिन्दवच्छो पिलिन्दगामके सपदानं पिण्डाय चरमानो येन अञ्ञतरस्स आरामिकस्स निवेसनं तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। तेन खो पन समयेन तस्सा आरामिकिनिया धीता अञ्ञे दारके अलङ्कते मालाकिते पस्सित्वा रोदति—'मालं मे देथ, अलङ्कारं मे देथा' ति। अथ खो आयस्मा पिलिन्दवच्छो तं आरामिकिनिं एतदवोच—"किस्सायं दारिका रोदती" ति? "अयं, भन्ते, दारिका अञ्ञे दारके अलङ्कते मालाकिते पस्सित्वा रोदति—'मालं मे देथ, अलङ्कारं मे देथा' ति। कुतो अम्हाकं दुग्गतानं माला, कुतो अलङ्कारो" ति? अथ खो आयस्मा पिलिन्दवच्छो अञ्ञतरं तिणण्डुपकं गहेत्वा तं आरामिकिनिं एतदवोच—"हन्दिमं तिणण्डुपकं तस्सा दारिकाय सीसे [N.227] पटिमुञ्चा" ति। अथ खो सा आरामिकिनी तं तिणण्डुपकं गहेत्वा तस्सा दारिकाय सीसे पटिमुञ्चि। सा अहोसि सुवण्णमाला अभिरूपा, दस्सनीया, पासादिका; नत्थि तादिसा रञ्ञो पि अन्तेपुरे सुवण्णमाला। मनुस्सा रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स आरोचेसुं—"अमुकस्स, देव, आरामिकस्स घरे सुवण्णमाला अभिरूपा, दस्सनीया, पासादिका; नत्थि

भेजो।" "अच्छा देव!" यों राजा ने कहकर उस सर्वाधिकारी ने आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ को पाँच सौ आरामिक भेजे। जिनका कि अलग से एक ग्राम ही बस गया जो 'आरामिक ग्राम' भी कहलाता था या फिर 'पिलिन्दग्राम' के नाम से भी लोग उस ग्राम को पुकारने लगे।

१२. उस समय कभी आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ ने उक्त ग्राम में भिक्षाटन हेतु जाने की इच्छा की। अत: पूर्वाह्न समय ठीक से वस्त्र पहनकर पात्र-चीवर लेकर पिलिन्दग्राम की तरफ चल पड़े। उस समय उस ग्राम में कोई उत्सव हो रहा था। बालक सुन्दर सुन्दर वस्त्रों एवं मालाओं से अलङ्कृत होकर इधर-उधर खेल रहे थे। तभी आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ, कहीं भी एक जगह न रुकते भिक्षा करते हुए अन्त में, किसी आरामिक के घर जा कर वहाँ बिछे आसन पर बैठ गये। उस समय उस आरामिक की लड़की पास-पड़ोस के दूसरे लडकों को सजा-धजा देखकर रोते हुए कह रही थी—"मुझे भी माला दो, मुझे भी अलंकृत करो!" तब आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ ने आरामिक की स्त्री से पूछा—"यह बच्ची क्यों रो रही है?" "भन्ते! पास पड़ोस के लड़को को अलङ्कृत देखकर हठ कर रही है कि मुझे भी माला दो, मुझे भी अलंङ्कृत करो। परन्तु भन्ते! हम अकिञ्चनों के पास कहाँ माला है या कहाँ अलङ्कार की अन्य सामग्री है!" तब आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ ने एक तृण उस स्त्री को देकर कहा—"यह तृण इस बच्ची के सिर पर रख दो।" तब उस आरामिक की स्त्री ने वह तृण लेकर बच्ची के सिर पर रख दिया। तत्काल ही यह तृण ऐसी सुवर्णमाला बन गया कि जो देखे उसी को सुन्दर, मनोहर एवं चित्ताह्लादक लगे। यहाँ तक कि वैसी सुन्दर सुवर्णमाला राजा के अन्त:पुर में भी उपलब्ध न थी। मेले में उस सुवर्णमाला से अलङ्कृत बालिका को देखकर लोगो ने राजा मागध बिम्बिसार से कह ही तो दिया—"देव! अमुक आरामिक के घर में हमने ऐसी सुन्दर माला देखी है जो राजाओं के

तादिसा देवस्स पि अन्तेपुरे सुवण्णमाला; कुतो तस्स दुग्गतस्स? निस्संसयं चोरिकाय आभता'' ति।

[B.302] अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो तं आरामिककुलं बन्धापेसि। दुतियं पि खो आयस्मा पिलिन्दवच्छो पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीरमादाय पिलिन्दगामं पिण्डाय पाविसि। पिलिन्दगामके सपदानं पिण्डाय चरमानो येन तस्स आरामिकस्स निवेसनं तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पटिविस्सके पुच्छि—''कहं इमं आरामिककुलं गतं'' ति? ''एतिस्सा, भन्ते, सुवण्णमालाय कारणा रञ्ञा बन्धापितं'' ति। अथ खो आयस्मा पिलिन्दवच्छो येन रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स निवेसनं तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो येनायस्मा पिलिन्दवच्छो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं पिलिन्दवच्छं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो राजानं मागधं सेनियं बिम्बिसारं आयस्मा पिलिन्दवच्छो [R.209] एतदवोच—''किस्स, महाराज, आरामिककुलं बन्धापितं'' ति? ''तस्स, भन्ते, आरामिकस्स घरे सुवण्णमाला अभिरूपा, दस्सनीया, पासादिका; नत्थि तादिसा अम्हाकं पि अन्तेपुरे सुवण्णमाला; कुतो तस्स दुग्गतस्स? निस्संसयं चोरिकाय आभता'' ति। अथ खो आयस्मा पिलिन्दवच्छो ''रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स पासादं सुवण्णं'' ति अधिमुच्चि; सो अहोसि सब्बसोवण्णमयो। ''इधं पन ते, महाराज, ताव बहुं सुवण्णं कुतो'' ति? ''अञ्ञातं, भन्ते, अय्यस्सेवेसो इद्धानुभावो'' ति तं आरामिककुलं मुञ्चापेसि।

मनुस्सा—''अय्येन किर पिलिन्दवच्छेन सराजिकाय परिसाय उत्तरिमनुस्सधम्मं इद्धिपाटिहारियं दस्सितं'' ति—अत्तमना अभिप्पसन्ना आयस्मतो पिलिन्दवच्छस्स पञ्च

अन्तःपुर में भी दुर्लभ है। हो न हो, अवश्य वह दरिद्र आरामिक उस माला को चुराकर लाया होगा। तब राजा मागध बिम्बिसार ने उस आरामिक के परिवार को पकड़वा लिया।

उधर दूसरे दिन भी आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ....भिक्षाटन कर उस आरामिक के घर पर पहुँचे। वहाँ घर के द्वार बन्द देखकर उन्होंने पड़ोसी लोगों से पूछा—''यह आरामिककुल आज कहाँ गया?'' ''भन्ते! वे तो चोरी की सुवर्णमाला रखने के अपराध में राजा द्वारा पकड़वा कर कारागार में डाल दिये गये।'' तब आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ राजा मागध बिम्बिसार में महल में पहुँच कर बिछे आसन पर विराजे। राजा भी आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ का आगमन सुन, वहाँ पहुँचकर उन्हे प्रणाम करते हुए एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे राजा से आयुष्मान् ने पूछा—''महाराज! आपने उस आरामिक के कुटुम्ब को किस कारण कारागार में डाल दिया?'' ''भन्ते! उस दरिद्र आरामिक के घर में एक ऐसी सुन्दर सुवर्णमाला मिली जैसी बड़े बड़े राजाओं के घर में मिलनी दुर्लभ है। अवश्य उसे वे कहीं से चुराकर लाये होंगे। तब आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ ने ''राजा मागध श्रेणिय बिम्बिसार का यह महल सुवर्णमय हो जाय''—यह सङ्कल्प किया। ऐसा सङ्कल्प करते ही वह समग्र राजमहल सुवर्णमय हो गया। तब आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ ने राजा से पूछा—''महाराज! यह इतना अधिक सोना आपके पास कहाँ से आया?'' (राजा ने कहा—) ''भन्ते! मैं जान गया। यह आप की ही ऋद्धि का चमत्कार है!'' यह समझते हुए राजा ने उस आरामिक के कुटुम्ब को कारामुक्त कर दिया।

भैषज्यों को सप्ताहपर्यन्त रखने की अनुज्ञा— इधर साधारण नागरिक भी यह चमत्कार देख कर ''आर्य पिलिन्दवच्छ ने ही राजा सहित राजपरिषद् (दरबार) के सामने यह अलौकिक चमत्कार

भेसज्जानि अभिहरिंसु, सेय्यथिदं—सप्पिं, नवनीतं, तेलं मधुं, फाणितं। पकतिया पि च आयस्मा पिलिन्दवच्छो लाभी होति पञ्चन्नं भेसज्जानं; लद्धं लद्धं परिसाय विस्सज्जेति। परिसा चस्स होति बाहुल्लिका; लद्धं लद्धं कोलम्बे पि, घटे पि, पूरेत्वा पाटिसामेति; परिस्सावनानि पि थविकायो पि, पूरेत्वा वातपानेसु लग्गेति। तानि ओलीनविलीनानि तिट्ठन्ति। उन्दूरेहि पि विहारा ओकिण्णविकिण्णा होन्ति। मनुस्सा विहारचारिकं आहिण्डन्ता पस्सित्वा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—"अन्तोकोट्ठागारिका इमे समणा सक्यपुत्तिया, [B.303] सेय्यथापि राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो" ति। अस्सोसुं खो भिक्खू तेसं [N.228] मनुस्सानं उज्झायन्तानं खिय्यन्तानं विपाचेन्तानं। ये ते भिक्खू अप्पिच्छा, ते उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति-"कथं हि नाम भिक्खू एवरूपाय बाहुल्लाय चेतेस्सन्ती" ति।

अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं.....पे०....."सच्चं किर, भिक्खवे, भिक्खू एवरूपाय बाहुल्लाय चेतेन्ती" ति ? "सच्चं, भगवा" ति....पे०....विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**यानि खो पन तानि गिलानानं भिक्खूनं पटिसायनीयानि भेसज्जानि, सेय्यथिदं—सप्पि, नवनीतं, तेलं, मधु, फाणितं, तानि पटिग्गहेत्वा सत्ताहपरमं सन्निधिकारकं परिभुञ्जितब्बानि। तं अतिक्कमयतो यथाधम्मो कारेतब्बो**" ति॥

भेसज्जानुञ्ञातभाणवारो पठमो निट्ठितो।।

४. गुळादिअनुजानना

१३. अथ खो भगवा सावत्थियं यथाभिरन्तं विहरित्वा येन राजगहं तेन [R.210]

दिखाया है" अत्यन्त सन्तुष्ट एवं प्रसन्न हुए। तब वे आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ के लिये पाँच भैषज्य, जैसे—घी, मक्खन, तैल, मधु एवं खाण्ड प्रचुर मात्रा में पाँच भैषज्य लाये। जब कि ये सभी चीजें आयुष्मान् पिलिन्दवच्छ को पहले ही इतनी अधिक उपलब्ध होती रहती थी कि उन्हें पास बैठी भिक्षुपरिषद् को बांटते रहना पड़ता था। धीरे–धीरे वह भिक्षुपरिषद् इतनी परिग्रही (इन चीजों को इकट्ठा कर रखने वाली) हो गयी कि उसने उन वस्तुओं से बड़े बड़े पात्र (कोलम्ब), घड़े भर–भर कर रख लिये। जलछक्के और थैलों में भरकर खूँटियों पर टाँग दिया। वहाँ भी रखने को जगह न मिली तो घर में ही नीचे ऊपर जहाँ तहाँ फैंकने लगे। परिणामस्वरूप समग्र विहार चूहो का विश्रामगृह हो गया। साधारण जन विहार में यह सब देखकर दुःखी एवं उद्विग्न होने लगे कि कैसे ये शाक्यपुत्रीय श्रमण भी इतने परिग्रही हो गये जैसे राजा मागध बिम्बिसार। वृद्ध भिक्षुओं ने लोगों के उस उद्वेग, दुःख पर ध्यान दिया। उन्हें भी कष्ट हुआ कि कब ये भिक्षु इस परिग्रह के दुष्परिणामों से चेतेंगे!

समय पाकर भिक्षुओं ने भगवान् से यह बात कही।....सचमुच भिक्षुओ! वे भिक्षु इस प्रकार परिग्रह करके भी इसके दोषों के प्रति सावधान नहीं होते?" "हाँ, भन्ते! ऐसा ही है।" ....फटकार कर धार्मिक कथाएँ कहते हुए भिक्षुओं से कहा–"**भिक्षुओ! वे जो रोगी भिक्षुओं के सेवन करने योग्य भैषज्य हैं जैसे घी, मक्खन, तैल, मधु एवं खाण्ड; उन्हें अधिक से अधिक सप्ताह भर पास रखकर सेवन करना चाहिये। इस समयावधि का अतिक्रमण करने पर उस परिग्रही भिक्षु को धर्मानुसार दण्डित करना चाहिये।**"

अनुज्ञात भैषज्य भाणवार प्रथम समाप्त।।

चारिकं पक्कामि। अद्दसा खो आयस्मा कङ्खारेवतो अन्तरामग्गे गुळकरणं, ओक्कमित्वा गुळे पिट्ठं पि छारिकं पि पक्खिपन्ते, दिस्वान—अकप्पियो गुळो सामिसो, न कप्पति गुळो विकाले परिभुञ्जितुं ति—कुक्कुच्चायन्तो सपरिसो गुळं न परिभुञ्जति। ये पिस्स सोतब्बं मञ्ञन्ति, ते पि गुळं न परिभुञ्जन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "किमत्थाय, भिक्खवे, गुळे पिट्ठं पि छारिकं पि पक्खिपन्ती" ति? "थद्धत्थाय भगवा" ति। "सचे, भिक्खवे, थद्धत्थाय गुळे पिट्ठं पि छारिकं पि पक्खिपन्ति, सो च गुळो त्वेव सङ्ख्यं गच्छति। **अनुजानामि, भिक्खवे, यथासुखं गुळं परिभुञ्जितुं** ति।

अद्दसा खो आयस्मा कङ्खारेवतो अन्तरामग्गे वच्चे मुग्गं जातं, पस्सित्वा—"अकप्पिया मुग्गा; पक्का पि मुग्गा जायन्ती" ति कुक्कुच्चायन्तो सपरिसो मुग्गं न परिभुञ्जति। ये पिस्स सोतब्बं मञ्ञन्ति, ते पि मुग्गं न परिभुञ्जन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "**सचे, भिक्खवे, पक्का पि मुग्गा जायन्ति, अनुजानामि, भिक्खवे ,यथासुखं मुग्गं परिभुञ्जितुं ति।**

[B.304] १४. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्स भिक्खुनो उदरवाताबाधो होति। सो लोणसोवीरकं अपायि। तस्स सो उदरवाताबाधो पटिप्पस्सम्भि। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, गिलानस्स लोणसोवीरकं; अगिलानस्स उदकसम्भिन्नं पानपरिभोगेन परिभुञ्जितुं** ति।

५. अन्तोवुत्थादिपटिक्खेपकथा

[N.299] १५. अथ खो भगवा अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन राजगहं तदवसरि। तत्र सुदं

---

४. गुड़ के उपयोग का विधान

१३. तब भगवान् श्रावस्ती में इच्छानुकूल साधना करने के बाद राजगृह की तरफ चारिका हेतु चल पड़े। आयुष्मान् कङ्खारेवत ने मार्ग में गुड़ बनाते समय उसमें आटा, क्षार आदि डालते देखा। देखकर सोचा—ऐसा गुड़ जिसमें आटा मिला गया हो, अविहित है। अपराह्न में भोजन के योग्य भी नहीं है। यों सन्देहयुक्त हो अपने साथी भिक्षुओं सहित गुड़ का प्रयोग नहीं करते थे। जो उनके प्रति श्रद्धालु थे, उनके कहे को मानकर वे भी गुड़ नहीं खाते थे। अन्त में भगवान् तक यह बात पहुँची। (सुनकर भगवान् ने उनसे पूछा—) "भिक्षुओ! किसलिये गुड़ में आटा तथा क्षार डालते हैं?" "उसकी पिण्डी बाँधने के लिये।" "**यदि भिक्षुओ! गुड़ में आटा या क्षार भी डाला जाता है तो भी वह गुड़ ही कहा जाता है। अतः भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ इच्छानुसार गुड़ खाने की।**"

मूंग के प्रयोग की अनुमति— आयुष्मान् कङ्खारेवत ने मार्ग में चलते हुए मल में उत्पन्न हुए मूँग देखे, वह मूँग पक भी गये थे। देखकर उन्होंने सोचा—"ऐसे स्थान में पैदा हुए मूँगों का उपयोग नहीं करना चाहिये, ये पक गये तो क्या हुआ, पैदा तो ये मल में ही हुए हैं!" यह सोचकर सन्देहयुक्त हो वे अपनी परिषद् के भिक्षुओं सहित मूग का उपयोग न करते थे, उनकी बात को मानने वाले उपासक भी मूंग का प्रयोग करने में हिचकिचाते थे। भगवान् से यह बात कही गयी। (भगवान् ने कहा—) "भले ही पकी मूंग (कहीं भी) उत्पन्न होती हो तो भी **अनुमति देता हूँ पकी मूंग का यथेच्छ उपयोग करने की।**"

१४. उस समय किसी भिक्षु को पेट में वायुगोलक रोग हो गया। उसने नमकीन सिरका का प्रयोग किया, उससे उसका वह रोग ठीक हो गया। भगवान् को जब यह बात बतायी गयी तो उन्होंने कहा—"**भिक्षुओ! रोगी भिक्षु को सिरका के उपयोग की अनुमति देता हूँ। परन्तु स्वस्थावस्था में भिक्षुओं को इसका प्रयोग जल मिलाकर पीने के लिये करना चाहिये।**"

भगवा राजगहे विहरति वेळुवने कलन्दकनिवापे। तेन खो पन समयेन भगवतो उदरवाताबाधो होति। अथ खो आयस्मा आनन्दो—"पुब्बे पि भगवतो उदरवाताबाधो तेकटुलयागुया फासु होती" ति—सामं तिलं पि, तण्डुलं पि, मुग्गं पि विञ्ञापेत्वा, अन्तो वासेत्वा, अन्तो सामं पचित्वा भगवतो उपनामेसि—"पिवतु भगवा तेकटुलयागुं" ति। जानन्ता पि तथागता पुच्छन्ति, जानन्ता पि न पुच्छन्ति; कालं विदित्वा पुच्छन्ति, कालं विदित्वा न पुच्छन्ति; अत्थसंहितं तथागता पुच्छन्ति, नो अनत्थसंहितं। अनत्थसंहिते सेतुघातो तथागतानं। द्वीहि आकारेहि बुद्धा भगवन्तो भिक्खू पटिपुच्छन्ति—'धम्मं वा देसेस्साम, सावकानं वा सिक्खापदं पञ्ञापेस्सामा' ति। अथ खो भगवा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि— "कुतायं, [R.211] आनन्द, यागू" ति? अथ खो आयस्मा आनन्दो भगवतो एतमत्थं आरोचेसि। विगरहि बुद्धो भगवा—"अननुच्छविकं, आनन्द, अननुलोमिकं, अप्पतिरूपं, अस्सामणकं, अकप्पियं, अकरणीयं। कथं हि नाम त्वं, आनन्द, एवरूपाय बाहुल्लाय चेतेस्ससि। यदपि, आनन्द, अन्तो वुत्थं तदपि अकप्पियं; यदपि अन्तो पक्कं तदपि अकप्पियं; यदपि सामं पक्कं, तदपि अकप्पियं। नेतं, आनन्द, अप्पसन्नानं वा पसादाय....पे०.....विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**न, भिक्खवे, अन्तो वुत्थं, अन्तो पक्कं, सामं पक्कं परिभुञ्जितब्बं। यो परिभुञ्जेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अन्तो चे, भिक्खवे, वुत्थं, अन्तो पक्कं, सामं पक्कं तं चे परिभुञ्जेय्य, आपत्ति तिण्णं दुक्कटानं। अन्तो चे, भिक्खवे, वुत्थं, अन्तो पक्कं,**

---

५. विहार में रखकर वस्तु के उपयोग का सर्वथा निषेध

राजगृह में— १५. तब भगवान् क्रमशः चारिका करते हुए राजगृह पहुँचे। वहाँ भगवान् वेणुवन के कलन्दकनिवाप में ठहरे। उस समय भगवान् को पेट में वायुगोला उठा। उस समय आनन्द को यह विचार आया—"पहले भी जब भगवान् पर इस रोग का आक्रमण होता था तो इन तीन चीजों से मिली खिचड़ी लाभ पहुँचती थी—तिल, चावल एवं मूंग। तो क्यों न आज भी इन तीनों को मिलाकर साथ ही पकाकर भगवान् को परोसूँ।" तब आनन्द ने उसी तरह पतली खिचड़ी बनाकर भगवान् के सामने रखकर निवेदन किया—"भन्ते! भगवान् इस त्रिकटुक यवागू का उपयोग करें।" भगवान् कभी बात को जानते हुए भी पूछ लेते हैं, कभी जानते हुए भी नहीं पूछते। समय देखकर पूछते हैं, समय देख कर कभी नहीं भी पूछते। भगवान् सार्थक बात ही पूछते हैं, निरर्थक नहीं पूछते; क्योंकि निरर्थक बात पूछने पर तथागतो का मर्यादाभङ्ग (=सेतुघात) होता है। दो कारणों से भगवान् किसी बात को पूछते है— १. या तो उसके सहारे धर्मदेशना करनी हो, या फिर २. भिक्षुओं को कोई शिक्षापद (आदेश) सुनाना हो। तब भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द से पूछा— "यह खिचडी कहाँ से आयी है?" तब आयुष्मान् ने भगवान् को सचाई बता दी। तब भगवान् ने आनन्द को फटकारते हुए कहा— "आनन्द! तुम्हारा यह कार्य सर्वथा अनुचित है, अयुक्त है, श्रमणनियमों के सर्वथा विरुद्ध है, अविहित है अतएव अकरणीय है। इस प्रकार के परिग्रह से तुम्हें क्या मिलेगा? आनन्द! जो कुछ भी विहार में रखा गया हो वह निषिद्ध है तथा जो विहार में रखकर पकाया गया है, वह भी निषिद्ध है; जो ऐसा एक साथ मिला कर पकाया है वह तो निषिद्ध है ही। आनन्द! मेरा यह कहना अप्रसन्नों (अश्रद्धालुओं) में श्रद्धोत्पाद के लिये नहीं...पूर्ववत्....फटकार कर धार्मिक कथा कहते हुए भिक्षुओं को यों समझाया— "**भिक्षुओ! अन्दर रखा हुआ, अन्दर पकाया हुआ तथा एक साथ मिलाकर पकाया हुआ नहीं खाना चाहिये। जो खायेगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा। उक्त तीनो प्रकार से बने हुए को खाने से त्रिविध**

अञ्ञेहि पक्कं, तं चे परिभुञ्जेय्य, आपत्ति द्विन्नं दुक्कटानं। अन्तो चे, भिक्खवे, वुत्थं, बहि पक्कं, सामं पक्कं, तं चे परिभुञ्जेय्य, आपत्ति द्विन्नं दुक्कटानं। अन्तो चे, भिक्खवे, वुत्थं, अन्तो पक्कं, सामं पक्कं तं चे परिभुञ्जेय, आपत्ति द्विन्नं दुक्कटानं। अन्तो चे, [B.305] **भिक्खवे, वुत्थं, बहि पक्कं, अञ्ञेहि पक्कं, तं चे परिभुञ्जेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। बहि चे, भिक्खवे, वुत्थं, अन्तो पक्कं, अञ्ञेहि पक्कं, तं चे परिभुञ्जेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। बहि चे, भिक्खवे, वुत्थं, बहि पक्कं, सामं पक्कं, तं चे परिभुञ्जेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। बहि चे, भिक्खवे, वुत्थं, बहि पक्कं, अञ्ञेहि पक्कं, तं चे परिभुञ्जेय्य, अनापत्ती''** ति।

तेन खो पन समयेन भिक्खू—''भगवता सामं पाको पटिक्खित्तो'' ति—पुन पाके कुक्कुच्चायन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, पुन पाकं पचितुं** ति।

तेन खो पन समयेन राजगहं दुब्भिक्खं होति। मनुस्सा लोणं पि, तेलं पि, तण्डुलं पि, खादनीयं पि आरामं आहरन्ति। तानि भिक्खू बहि वासेन्ति; उक्कपिण्डका पि खादन्ति, चोरा पि हरन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, अन्तो वासेतुं** [N.230] ति। अन्तो वासेत्वा बहि पाचेन्ति। दमका परिवारेन्ति। भिक्खू अविस्सट्ठा परिभुञ्जन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, अन्तो पचितुं** ति। दुब्भिक्खे कप्पियकारका बहुतरं हरन्ति, अप्पतरं भिक्खूनं देन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।

'दुष्कृत' दोष लगेंगे। अन्दर रखा हुआ हो अन्दर ही पकाया गया हो, परन्तु दूसरों द्वारा पकाया गया हो तो द्विविध 'दुष्कृत' लगेंगे। बाहर रखा हुआ था, उसे अन्दर लाकर पकाया गया, स्वयं ने पकाया उसे खाये तो भी द्विविध 'दुष्कृत' दोष होगा। अन्दर रखा हुआ, बाहर जाकर दूसरों से पकवा कर उपयोग में लाया जाय तो भी एक 'दुष्कृत' दोष तो लगेगा ही! बाहर रखा हुआ हो, फिर अन्दर लाकर दूसरों से पकवा कर खाया जाय तो भी एक 'दुष्कृत' दोष लगेगा। बाहर रखा हुआ हो, बाहर ही स्वयं पका,कर लाया जाय तो एक 'दुष्कृत' दोष लगेगा। हाँ, बाहर ही रखा हुआ बाहर से ही, दूसरों द्वारा पका कर लाये गये का उपयोग करने में कोई आपत्ति नहीं।

उस समय भिक्षु—''भगवान् ने स्वयम्पाक का निषेध किया है''—यह सोचकर दुबारा पकाने के विषय में सन्दिग्ध थे। भगवान् से इस विषय में पूछा गया। .....**''भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ फिर से पकाने की।''**

उस समय राजगृह में अकाल (दुर्भिक्ष) पड़ गया था। अतः मनुष्य नमक, तैल, चावल, या और कुछ खाद्य पदार्थ आवास में ले आते थे। उन्हें भिक्षु बाहर रखवा देते थे। उन्हें चूहे-बिल्ली (उक्कपिण्डका) भी खा जाते थे, चौर भी चुरा ले जाते (या फिर जूठा खाने वाले भिखारी ही ले जाते थे।) भगवान् से यह बात कही गयी। ....**''अनुमति देता हूँ, भिक्षुओ! ऐसे कुसमय में खाद्य वस्तुओं को आराम में रखने की।''**

तब भिक्षु वस्तुएँ आराम में रखकर भी बाहर दूसरों से पकवा कर आराम से बाहर ही खाने लगे। तब उन्हें याचक भिखारी घेर लेते थे। इससे भिक्षु निश्चिन्ततापूर्वक पूरी तरह नहीं खा पाते थे। ...**''भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ आराम में पकाने की।''**

ऐसे दुर्भिक्षकाल में दूसरे पकाने वाले (कल्प्यकारक) पकाये हुए खाद्य का अधिक भाग

अनुजानामि, भिक्खवे सामं पचितुं। अनुजानामि, भिक्खवे, अन्तो वुत्थं, [R.212] **अन्तो पक्कं, सामं पक्कं** ति।

६. उग्गहितपटिग्गहणा

१६. तेन खो पन समयेन सम्बहुला भिक्खू कासीसु वस्सं वुत्था राजगहं गच्छन्ता भगवन्तं दस्सनाय अन्तरामग्गे न लभिंसु लूखस्स वा पणीतस्स वा भोजनस्स यावदत्थं पारिपूरिं; बहुं च फलखादनीयं अहोसि; कप्पियकारको च न अहोसि। अथ खो ते भिक्खू किलन्तरूपा येन राजगहं वेळुवनं कलन्दकनिवापो, येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। आचिण्णं खो पनेतं बुद्धानं भगवन्तानं आगन्तुकेहि भिक्खूहि सद्धिं पटिसम्मोदितुं... अथ खो भगवा ते भिक्खू एतदवोच— "कच्चि, भिक्खवे, खमनीयं, कच्चि यापनीयं, कच्चित्थ अप्पकिलमथेन अद्धानं आगता; कुतो च तुम्हे, [B.306] भिक्खवे, आगच्छथा" ति? "खमनीयं भगवा, यापनीयं भगवा। इध मयं, भन्ते, कासीसु वस्सं वुत्था राजगहं आगच्छन्ता भगवन्तं दस्सनाय अन्तरामग्गे न लभिम्हा लूखस्स वा पणीतस्स वा भोजनस्स यावदत्थं पारिपूरिं; बहुं च फलखादनीयं अहोसि; कप्पियकारको च न अहोसि; तेन मयं किलन्तरूपा अद्धानं आगता" ति। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**अनुजानामि, भिक्खवे, यत्थ फलखादनीयं पस्सति, कप्पियकारको च न होति, सामं गहेत्वा, हरित्वा, कप्पियकारकं पस्सित्वा, भूमियं निक्खिपित्वा, पटिग्गहापेत्वा परिभुञ्जितुं। अनुजानामि, भिक्खवे, उग्गहितपटिग्गहितं" ति।**

स्वयं ले उड़ते थे, यों भिक्षुओं को बहुत कम मिल पाता था। भगवान् से यह स्थिति बतायी गयी।....''**अनुमति देता हूँ स्वयं पकाने की। तथा अनुमति देता हूँ वस्तुओं को आराम के अन्दर रखने की, अन्दर पकाने की तथा स्वयं पकाने की।**''

६. निर्जन स्थान में स्वयं फल आदि ग्रहण की अनुमति

१६. उस समय बहुत से भिक्षु ने काशी जनपद में वर्षावास कर, भगवान् के दर्शनहेतु राजगृह जाते समय मार्ग मे रूखा या चिकना— किसी प्रकार का भोजन पर्याप्त मात्रा मे नहीं पा सके। यद्यपि मार्ग मे खाने योग्य फल बहुत अधिक मिलते थे, परन्तु उन्हे उठाकर देने वाला (कप्पियकारक) कोई न होने से वे उनका भी उपयोग नहीं कर पाये। वे भिक्षु मार्ग में इसी तरह कष्ट सहन करते हुए किसी तरह राजगृह के वेणुवनस्थित कलन्दकनिवाप में विराजमान भगवान् के सम्मुख पहुँचे। पहुँचकर भगवान् को प्रणाम कर एक तरफ बैठ गये। भगवान् का यह स्वभाव है कि वे प्रत्येक आगन्तुक भिक्षु से उसका कुशल–मङ्गल अवश्य पूछते हैं.... अतः भगवान् ने उन आगन्तुक भिक्षुओं से यों पूछा—''भिक्षुओ! चारिका अच्छी तो रही! मार्ग में सब कुछ ठीक–ठाक तो बीत गया? किधर से आ रहे हो?'' ''अच्छी ही रही, भगवन्! मार्ग में भी सब कुछ ठीक ही बीता। हमलोग काशी जनपद में वर्षावास कर भगवान् के दर्शनहेतु राजगृह आये हैं।....रास्ते में कुछ कष्ट ही पाया।'' तब भगवान् ने उस सन्दर्भ में धर्मप्रवचन करते हुए कहा—''**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ कि इस तरह (चारिका करते हुए) मार्ग में खाने योग्य फल देखो तो वहाँ यदि कल्प्यकारक न हो तो स्वयं लेकर फिर उसे भूमि पर रख, कल्प्यकारक की कल्पना कर उस का दिया हुआ मानते हुए उठा कर खाने की। तथा उसे परस्पर लेने देने की भी अनुमति देता हूँ।**''

१७. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्स ब्राह्मणस्स नवा च तिला नवं च मधु उप्पन्ना होन्ति। अथ खो तस्स ब्राह्मणस्स एतदहोसि—"यन्नूनाहं नवे च तिले नवं च मधुं बुद्धप्पमुखस्स भिक्खुसङ्घस्स ददेय्यं" ति। अथ खो सो ब्राह्मणो येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवता सद्धिं सम्मोदि, सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो सो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—"अधिवासेतु मे भवं गोतमो [R.213] स्वातनाय भत्तं, सद्धिं भिक्खुसङ्घेना" ति। अधिवासेसि भगवा तुण्हीभावेन। अथ खो सो ब्राह्मणो भगवतो अधिवासनं विदित्वा पक्कामि। अथ खो सो ब्राह्मणो तस्सा [N.231] रत्तिया अच्चयेन पणीतं खादनीयं भोजनीयं पटियादापेत्वा भगवतो कालं आरोचापेसि—"कालो, भो गोतम, निट्ठितं भत्तं" ति। अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन तस्स ब्राह्मणस्स निवेसनं तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि, सद्धिं भिक्खुसङ्घेन। अथ खो सो ब्राह्मणो बुद्धप्पमुखं भिक्खुसङ्घं पणीतेन खादनीयेन भोजनीयेन सहत्था सन्तप्पेत्वा सम्पवारेत्वा भगवन्तं भुत्ताविं ओनीतपत्तपाणिं एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो तं ब्राह्मणं भगवा धम्मिया कथाय सन्दस्सेत्वा, समादपेत्वा, समुत्तेजेत्वा, सम्पहंसेत्वा उट्ठायासना पक्कामि।

[B.307] अथ खो तस्स ब्राह्मणस्स, अचिरपक्कन्तस्स भगवतो, एतदहोसि—"येसं खो मया अत्थाय बुद्धप्पमुखो भिक्खुसङ्घो निमन्तितो, 'नवे च तिले नवं च मधुं दस्सामी' ति, ते मया पमुट्ठा दातुं। यन्नूनाहं नवे च तिले नवं च मधुं कोलम्बेहि च घटेहि च आरामं हारापेय्यं" ति। अथ खो सो ब्राह्मणो नवे च तिले नवं च मधुं कोलम्बेहि च घटेहि च

भोजन के बाद लाये भक्ष्य के अनुमति— १७. उस समय किसी ब्राह्मण के घर में नये तिल और नया मधु कुछ अधिक मात्रा में आ गया था। ब्राह्मण के मन में यह विचार आया कि क्यों न मैं ये नये तिल और नया मधु बुद्धसहित भिक्षुसङ्घ को दान कर दूँ। तब ब्राह्मण भगवान् के पास गया, और जाकर कुशल–मङ्गल एवं स्वास्थ्य पूछकर एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठकर उसने भगवान् से यों निवेदन किया—"भन्ते! भगवान् भिक्षुसङ्घसहित कल का भोजन मेरे घर पर स्वीकार करें।" भगवान् ने ब्राह्मण का निवेदन मौन भाव से स्वीकार कर लिया। ब्राह्मण भगवान् द्वारा अपना निवेदन स्वीकार करना मानकर अपने घर वापस लौट गया। तब ब्राह्मण ने उस रात्रि के बीतने पर, अच्छे अच्छे प्रिय खादय पदार्थ बनवाकर भगवान् को भोजन के समय की सूचना दी। सूचना पाकर भगवान् वस्त्र पहनकर, पात्र–चीवर लेकर, ब्राह्मण के घर की तरफ चल दिये। जाकर ब्राह्मण के घर में भिक्षुसङ्घसहित बिछे आसन पर विराजे। तब ब्राह्मण बुद्धप्रमुख समग्र भिक्षुसङ्घ को अपने हाथ से अच्छे अच्छे नानाविध खादय पदार्थ परोस कर सन्तृप्त कर, भगवान् को पात्र से हाथ हटाया हुआ देखकर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे उस ब्राह्मण को भगवान् ने धार्मिक कथाएँ सुनाकर (धर्म के प्रति) समुत्तेजित, सन्तृप्त एवं सम्प्रहृष्ट किया। फिर वे अपने आवास को लौट गये।

भगवान् को गये कुछ ही समय हुआ था कि ब्राह्मण को स्मरण हुआ—"अरे! मैंने जिन नये तिल और मधु को खिलाने के लिये भगवान् को निमन्त्रित किया था उन्हें देना तो मैं भूल ही गया। तो क्यों न मैं इन्हें बड़े बड़े पात्रो (कोलम्बों) तथा घड़ों में भरवाकर आराम में भिजवा दूँ।" तब वह ब्राह्मण उन नये तिलों एवं मधु को बडे बड़े पात्रों तथा घडो मे भरवाकर जहाँ भगवान् थे वहाँ पहुँचा और बोला—"भो गोतम! जिन (नये तिल और मधु) को खिलाने के लिये मैंने आपको अपने आवास

आरामं हारापेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—"येसं खो मया, भो गोतम, अत्थाय बुद्धप्पमुखो भिक्खुसङ्घो निमन्तितो— 'नवे च तिले नवं च मधुं दस्सामी' ति, ते मया पमुट्ठा दातुं। पटिग्गण्हातु मे भवं गोतमो नवे च तिले च मधुं" ति। "तेन हि, ब्राह्मण, भिक्खूनं देही" ति। तेन खो पन समयेन भिक्खू दुब्भिक्खे अप्पमत्तके पि पवारेन्ति, पटिसङ्खा पि पटिक्खिपन्ति, सब्बो च सङ्घो पवारितो होति। भिक्खू कुक्कुच्चायन्ता न पटिग्गण्हन्ति। "**पटिग्गण्हथ, भिक्खवे, परिभुञ्जथ। अनुजानामि, भिक्खवे, ततो नीहटं भुत्ताविना पवारितेन अनतिरित्तं परिभुञ्जितुं**" ति।

७. पटिग्गहितादिअनुजानना

१८. तेन खो पन समयेन आयस्मतो उपनन्दस्स सक्यपुत्तस्स उपट्ठाककुलं सङ्घस्सत्थाय खादनीयं पाहेसि—"अय्यस्स उपनन्दस्स दस्सेत्वा सङ्घस्स दातब्बं" ति। तेन खो पन समयेन आयस्मा उपनन्दो सक्यपुत्तो गामं पिण्डाय पविट्ठो होति। अथ खो ते मनुस्सा आरामं गन्त्वा भिक्खू पुच्छिंसु—"कहं, भन्ते, अय्यो उपनन्दो" ति? "एसावुसो, आयस्मा उपनन्दो सक्यपुत्तो गामं पिण्डाय पविट्ठो" ति। 'इदं, भन्ते, खादनीयं अय्यस्स उपनन्दस्स दस्सेत्वा सङ्घस्स दातब्बं" ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। "तेन हि, भिक्खवे, पटिग्गहेत्वा निक्खिपथ याव उपनन्दो आगच्छती" ति। अथ खो आयस्मा उपनन्दो सक्यपुत्तो पुरेभत्तं कुलानि पयिरुपासित्वा दिवा आगच्छति। तेन खो पन समयेन भिक्खू दुब्भिक्खे अप्पमत्तके पि पवारेन्ति, पटिसङ्खा पि पटिक्खिपन्ति, सब्बो च सङ्घो पवारितो [N.232]

पर निमन्त्रित किया था, उन्हें तो आप को खिलाना मैं भूल ही गया था! अब आप, गौतम! इन नये तिल और मधु की मेरी भेंट स्वीकार करें।" (भगवान् ने कहा—) "तो, ब्राह्मण! (इन्हें) भिक्षुओ में बाँट दो।" उस समय भिक्षु दुर्भिक्षकाल जान कर थोड़ा खाकर अधिक लेने से विरत रहते थे। जानकर भी निषेध कर देते थे। और यों, समग्र सङ्घ ही सङ्कोचवश अपनी पूर्णता कह बैठा। (तब भगवान् ने भिक्षुओं को समझाया—) "**ले लो, भिक्षुओ! और खा डालो! आज से अनुमति देता हूँ वहाँ से लाये हुए को, भोजन कर चुकने के बाद निषेध करने पर भी, ग्रहण करने की।**

७. प्रतिगृहीत की अनुमति

१८. उस समय आयुष्मान् उपनन्द शाक्यपुत्र के उपासककुल ने अपने आदमियों के हाथ सङ्घ के लिये कुछ खाद्य पदार्थ भिजवाया। और कहलाया कि यह आर्य उपनन्द को दिखाकर सङ्घ में बाँट दें।" उस समय आर्य उपनन्द शाक्यपुत्र भिक्षाहेतु ग्राम मे गये हुए थे। तब वे मनुष्य आराम में जाकर भिक्षुओं से पूछने लगे—"भन्ते! आर्य उपनन्द कहाँ हैं?" "ये आयुष्मान् उपनन्द तो भिक्षाहेतु ग्राम में गये हुए हैं।" "तो भन्ते! यह कुछ खादय सामग्री है, इसे आर्य उपनन्द को दिखाकर भिक्षुओं में बाँट दें।" भिक्षुओं ने भगवान् से इसके लिये आज्ञा माँगी। (तब भगवान् ने कहा—) "तो भिक्षुओ! लेकर रख लो, जब तक उपनन्द न आवे।" कुछ समय बाद आयुष्मान् उपनन्द शाक्यपुत्र भोजनकाल से पहले अच्छे घरों में बैठकर आये। उस समय भिक्षु दुर्भिक्ष का समय होने के कारण ....पूर्ववत्.. सङ्कोचवश समग्र भिक्षुसङ्घ ही उस खाद्य पदार्थ को लेने का निषेध कर बैठा। (तब भगवान् ने आज्ञा दी—) "**ले**

होति, भिक्खू कुक्कुच्चायन्ता न पटिग्गण्हन्ति। **"पटिग्गण्हथ, भिक्खवे, परिभुञ्जथ। अनुजानामि, भिक्खवे, पुरेभत्तं पटिग्गहितं भुत्ताविना पवारितेन अनतिरित्तं परिभुञ्जितुं"** ति।

[B.308] १९. अथ खो भगवा राजगहे यथाभिरन्तं विहरित्वा येन सावत्थि तेन चारिकं पक्कामि। अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन सावत्थि तदवसरि। तत्र सुदं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तेन खो पन समयेन आयस्मतो सारिपुत्तस्स कायडाहाबाधो होति। अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो येनायस्मा सारिपुत्तो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं सारिपुत्तं एतदवोच—"पुब्बे ते, आवुसो सारिपुत्त, कायडाहाबाधो केन फासु होती" ति? "भिसेहि च मे, आवुसो, मुळालिकाहि चा" ति। अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य, एवमेव—जेतवने अन्तरहितो मन्दाकिनिया पोक्खरणिया तीरे पातुरहोसि। अद्दसा खो अञ्ञतरो नागो आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं दूरतो व आगच्छन्तं, दिस्वान आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं एतदवोच—एतु खो, भन्ते, मोग्गल्लानो। स्वागतं भन्ते, अय्यस्स महामोग्गल्लानस्स। केन, भन्ते, अय्यस्स अत्थो; किं दम्मी" ति? "भिसेहि च मे, आवुसो, अत्थो, मुळालिकाहि चा" ति। अथो सो नागो अञ्ञतरं नागं आणापेसि—"तेन हि, भणे, अय्यस्स भिसे च मुळालिकायो च यावदत्थं देही" ति। अथ खो सो नागो मन्दाकिनिं पोक्खरणिं ओगाहेत्वा, सोण्डाय भिसं च मुळालिकं च अब्बाहित्वा, सुविक्खालितं [R.215] विक्खालेत्वा, भण्डितं बन्धित्वा येनायस्मा महामोग्गल्लानो तेनुपसङ्कमि। अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो सम्मिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य,

---

लो भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ भोजन खाने के पहले गृहीत को, भोजनपूर्ति होने पर भी, यदि अधिक न पड़ता हो तो उसे खाने की।".

तालाब में उत्पन्न चीजों का उपयोग— १९. तब भगवान् राजगृह में यथाभिलषित साधना कर श्रावस्ती की तरफ चारिका हेतु चल पड़े। क्रमशः चारिका करते हुए भगवान् श्रावस्ती के जेतवन में अनाथपिण्डिक द्वारा निर्मापित आराम मे साधनाहेतु विराजे। उस समय आयुष्मान् सारिपुत्र को शरीर मे जलन (दाह) होने लगी। तब आयुष्मान् महामौद्गल्यायन आयुष्मान् सारिपुत्र के पास गये और उनसे पूछा—"आयुष्मन्! पहले कभी आप को यह शरीर मे जलन हुई थी तो किस औषध से शान्त हुई थी?" "आयुष्मान्! कमल की जड़ एवं कमलनाल से।" तब आयुष्मान् महामौद्गल्यायन जैसे बलवान् पुरुष अपनी बाहु को पसार देता है या समेट लेता है; उसी तरह जेतवन में अन्तर्हित होकर मन्दाकिनी नामक पुष्करिणी के किनारे जा कर प्रकट हुए। वहाँ एक नाग ने आयुष्मान् महामौद्गल्यायन को दूर से ही आते हुए देख लिया। देखकर वह उन्हें यों बोला—"आइये, भन्ते, आर्य मौद्गल्यायन! भन्ते आप आर्य का स्वागत है। आर्य आपको किस वस्तु की आवश्यकता है? मैं आपको क्या दूँ?" "मुझे कमल की जड़ एव कमलनाल से कुछ प्रयोजन है।" तब उस नाग ने दूसरे नाग को आज्ञा दी— "अरे भाई! आर्य को जितनी कमल की जड़ एवं कमलनाल की आवश्यकता हो दे दो।" तब वह दूसरा नाग पुष्करिणी से कमल की जड एवं कमलनाल उखाड लाया और उसने उन्हें अच्छी तरह धोकर, बांध कर, आयुष्मान् महामौद्गल्यायन के पास लाया। तब आयुष्मान् महामौद्गल्यायन जैसे ..पूर्ववत्. ...जेतवन में प्रकट हुए। उधर वह नाग भी पुष्करिणी से अन्तर्हित होकर जेतवन में

पसारितं वा बाहं सम्मिञ्जेय्य, एवमेव—मन्दाकिनिया पोक्खरणिया तीरे अन्तरहितो जेतवने पातुरहोसि। सो पि खो नागो मन्दाकिनिया पोक्खरणिया तीरे अन्तरहितो जेतवने पातुरहोसि। अथ खो सा नागो आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स भिसे च मुळालिकायो च पटिग्गहापेत्वा जेतवने अन्तरहितो मन्दाकिनिया पोक्खरणिया तीरे पातुरहोसि। अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो आयस्मतो सारिपुत्तस्स भिसे च मुळालिकायो च उपनामेसि। अथ खो आयस्मतो सारिपुत्तस्स भिसे च मुळालिकायो च परिभुत्तस्स कायडाहाबाधो [B.309] पटिप्पस्सम्भि। बहू भिसा च मुळालिकायो च अवसिट्ठा होन्ति। तेन खो पन समयेन भिक्खू दुब्भिक्खे अप्पमत्तके पि पवारेन्ति, पटिसङ्खा पि पटिक्खिपन्ति, सब्बो च सङ्घो पवारितो होति। भिक्खू कुक्कुच्चायन्ता न पटिग्गण्हन्ति। **''पटिग्गण्हथ, भिक्खवे, परिभुञ्जथ। अनुजानामि, भिक्खवे, वनट्ठं पोक्खरट्ठं भुत्ताविना पवारितेन अनतिरित्तं परिभुञ्जितुं''** ति।

तेन खो पन समयेन सावत्थियं बहुं फलखादनीयं उस्सन्नं होति, कप्पिय-[N.232] कारको च न होति। भिक्खू कुकुच्चायन्ता फलं न परिभुञ्जन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **''अनुजानामि, भिक्खवे, अबीजं निब्बत्तबीजं अकतकप्पं फलं परिभुञ्जितुं''** ति।

८. सत्थकम्मपटिक्खेपकथा

२०. अथ खो भगवा सावत्थियं यथाभिरन्तं विहरित्वा येन राजगहं तेन चारिकं पक्कामि। अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन राजगहं तदवसरि। तत्र सुदं भगवा राजगहे विहरति वेळुवने कलन्दकनिवापे। तेन खो पन समयेन अञ्ञतरस्स भिक्खुनो भगन्दलाबाधो होति। आकासगोत्तो वेज्जो सत्थकम्मं करोति। अथ खो भगवा सेनासनचारिकं आहिण्डन्तो

प्रकट हुआ। और वे कमल की जड़ एवं कमलनाल महामौद्गल्यायन को देकर पुनः मन्दाकिनी पुष्करिणी चला गया। तब आयुष्मान् मौद्गल्यायन ने वे दोनों वस्तुएँ (ओषधियाँ) आयुष्मान् सारिपुत्र को दीं। उन दोनों ओषधियों से आयुष्मान् सारिपुत्र का शरीरदाह शान्त हो गया। फिर भी वह कमल की जड़ एवं कमलनाल बहुत कुछ बच गयी। उसे उन्होंने भिक्षुओं को खाद्य पदार्थ के रूप में देना चाहा; परन्तु भिक्षु दुर्भिक्ष का समय देखते हुए सङ्कोचवश उन्हें स्वीकार नहीं कर रहे थे। (भगवान् को इस बात का पता लगा, तब उन्होंने आज्ञा दी–) ''**भिक्षुओ! ले लो, और इनका खाद्य के रूप मे प्रयोग करो। मैं जङ्गल या तालाब में पैदा हुई वस्तुओं का भोजन के बाद भी यथेच्छ उपयोग करने की अनुमति देता हूँ।**

स्वयं लेकर फल खाना– उस समय श्रावस्ती में बहुत अधिक खाने योग्य फल उगे थे। परन्तु कोई देने वाला (कल्प्यकारक) न होने से भिक्षु जन उन फलों को धर्म-भय से छूते ही नहीं थे। भगवान् से यह बात कही गयी। (उनकी यह आज्ञा हुई–) ''**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ– विना बीज वाले या बीज वाले का बीज निकाल कर, कल्प्यकारक न होते हुए भी, स्वयं फल खाने की।**''

८. गुप्ताङ्गों में शस्त्रकर्म का निषेध

२०. तब भगवान् श्रावस्ती में यथेच्छ विहार कर राजगृह की तरफ चारिकाहेतु चल पड़े। यों क्रमशः चारिका करते हुए भगवान् राजगृह के वेणुवन स्थित कलन्दकनिवाप में जाकर साधनाहेतु विराजे। उस समय किसी भिक्षु को भगन्दर रोग हो गया था। उसकी आकाशगोत्र नामक वैद्य शल्यचिकित्सा (शस्त्रकर्म) कर रहा था। तब भगवान् आराम मे शयनासनचारिका (निरीक्षण) करते

येन तस्स भिक्खुनो विहारो तेनुपसङ्कमि। अद्दसा खो आकासगोत्तो वेज्जो भगवन्तं वच्चमग्गं [R.216] पस्सतु, सेय्यथापि गोधामुखं'' ति। अथ खो भगवा—''ममं ख्वायं मोघपुरिसो उप्पण्डेती'' ति—ततो व पटिनिवत्तित्वा, एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे भिक्खुसङ्घं सन्निपातापेत्वा, भिक्खू पटिपुच्छि—''अत्थि किर, भिक्खवे, अमुकस्मिं विहारे भिक्खु गिलानो'' ति? ''अत्थि भगवा'' ति। ''किं तस्स, भिक्खवे, भिक्खुनो आबाधो'' ति? ''तस्स, भन्ते, आयस्मतो भगन्दलाबाधो, आकासगोत्तो वेज्जो सत्थकम्मं करोती'' ति। विगरहि बुद्धो भगवा—''अननुच्छविकं, भिक्खवे, तस्स मोघपुरिसस्स, अननुलोमिकं, अप्पतिरूपं, अस्सामणकं, अकप्पियं, अकरणीयं। कथं हि नाम सो, भिक्खवे, मोघपुरिसो [B.310] सम्बाधे सत्थकम्मं कारापेस्सति। सम्बाधे, भिक्खवे, सुखुमा छवि, दुरोपयो वणो, दुप्परिहारं सत्थं। नेतं, भिक्खवे, अप्पसन्नानं वा पसादाय.....पे०.....विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—''**न, भिक्खवे, सम्बाधे सत्थकम्मं कारापेतब्बं। यो कारापेय्य, आपत्ति थुल्लच्चयस्सा**'' ति।

तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू—भगवता सत्थकम्मं पटिक्खित्तं ति—वत्थिकम्मं कारापेन्ति। ये ते भिक्खू अप्पिच्छा, ते उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—''कथं हि नाम छब्बग्गिया भिक्खू वत्थिकम्मं कारापेस्सन्ती'' ति। अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। ''सच्चं किर, भिक्खवे, छब्बग्गिया भिक्खू वत्थिकम्मं कारापेन्ती'' ति? ''सच्चं, भगवा'' ति....पे०....विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू

हुए उस भिक्षु के प्रकोष्ठ में पहुँचे। आकाशगोत्र वैद्य ने भगवान् को दूर से ही आते हुए देख लिया। देखकर वह भगवान् से यों बोला—आइये श्रीमन् गौतम्! इस भिक्षु का गुदा-मार्ग (मलमार्ग) देखें, यह ऐसा फट गया है जैसे गोध (गोह=सर्प जाति का एक सरीसृप) का मुख।'' तब भगवान् ने यह सोच कर कि 'यह मूर्ख मुझसे ही परिहास (मजाक) कर रहा है'—वहाँ से लौटकर इस प्रकरण में भिक्षुओं को एकत्र कर भिक्षुओं से पूछा—''क्या, भिक्षुओ! इस आवास में कोई भिक्षु रोगाक्रान्त है?'' ''हाँ, भन्ते!'' ' उस भिक्षु को क्या रोग है?'' ''भन्ते! उस भिक्षु को भगन्दर रोग है। आकाशगोत्र वैद्य उस की चिकित्सा कर रहा है?'' भगवान् ने इस कार्य की निन्दा की, तथा कहने लगे—''भिक्षुओ! यह सर्वथा अनुचित है, उस मोघपुरुष के लिये सर्वथा अयोग्य है, अप्रतिरूप है, श्रमण-धर्म के विरुद्ध है, अविहित है, अकरणीय है।.कैसे भिक्षुओ! कोई मूर्ख अपने गुह्य स्थान की शल्य चिकित्सा करा सकता है? भिक्षुओ! उस गुह्य स्थान का चर्म कोमल होता है, वहाँ शस्त्रकर्म भी अत्यधिक कठिनाई से किया जा सकता है। व्रण भी बहुत कठिनता से भरता है। भिक्षुओ! यह बात मै अप्रसन्नों को प्रसन्न करने के लिये नहीं ...पूर्ववत्... य़ों निन्दा कर, धार्मिक कथा कहते हुए भिक्षुओ को भगवान् ने आदेश दिया—''**भिक्षुओ! गुप्त अङ्गों में शस्त्रकर्म नहीं कराना चाहिये। जो कराये उसे 'स्थूलात्यय' दोष लगेगा।**

उस समय, षड्वर्गीय भिक्षु ''भगवान् ने गुह्याङ्गों मे शस्त्रकर्म का निषेध किया है''—यह सोचकर उसके बदले में वस्ति-कर्म (गुदा आदि में पिचकारी से ओषधि डालना) कराने लगे। शान्तचित्त भिक्षु यह देखकर उद्विग्न (हैरान) होने लगे ये षड्वर्गीय भिक्षु वस्तिकर्म क्यों कराते है! उन भिक्षुओं ने भगवान् को यह बात बतायी। तब भगवान् ने अन्य भिक्षुओ से पूछा—''क्या भिक्षुओ! वस्तुत: षड्वर्गीय भिक्षु वस्तिकर्म कराते है?' ''हाँ, भगवन्! पूर्ववत् **भिक्षुओ! गुह्याङ्ग के दो अङ्गुलि**

आमन्तेसि—"**न, भिक्खवे, सम्बाधस्स सामन्ता द्वङ्गुला सत्थकम्मं वा वत्थिकम्मं वा कारापेतब्बं। यो कारापेय्य, आपत्ति थुल्लच्चयस्सा**" ति।

९. मनुस्समंसपटिक्खेपकथा

२१. अथ खो भगवा राजगहे यथाभिरन्तं विहरित्वा येन वाराणसी तेन चारिकं पक्कामि। अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन वाराणसी तदवसरि। तत्र सुदं भगवा [N.234] वाराणसियं विहरति इसिपतने मिगदाये। तेन खो पन समयेन वाराणसियं सुप्पियो च उपासको सुप्पिया च उपासिका उभतोपसन्ना होन्ति, दायका, कारका, सङ्घुपट्ठाका। अथ खो सुप्पिया उपासिका आरामं गन्त्वा विहारेन विहारं परिवेणेन परिवेणं उपसङ्कमित्वा भिक्खू पुच्छति—"को, भन्ते, गिलानो, कस्स किं आहरीयतू" ति? तेन खो पन समयेन अञ्ञतरेन भिक्खुना विरेचनं पीतं होति अथ खो सो भिक्खु सुप्पियं उपासिकं एतदवोच— "मया खो, भगिनि, विरेचनं पीतं। अत्थो मे पटिच्छादनीयेना" ति। "सुट्ठु, अय्य, [R.217] आहरियिस्सती" ति घरं गन्त्वा अन्तेवासिं आणापेसि—"गच्छ, भणे, पवत्तमंसं जानाही" ति। "एवं, अय्ये", ति खो सो पुरिसो सुप्पियाय उपासिकाय पटिस्सुणित्वा केवलकप्पं वाराणसिं आहिण्डन्तो न अद्दस पवत्तमंसं।

अथ खो सो पुरिसो येन सुप्पिया उपासिका तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा सुप्पियं उपासिकं एतदवोच—"नत्थय्ये, पवत्तमंसं। मा-घातो अज्जा" ति। अथ खो सुप्पियाय उपासिकाय एतदहोसि—"तस्स खो गिलानस्स भिक्खुनो पटिच्छादनीयं अलभन्तस्स

तक आस पास शस्त्रकर्म या वस्तिकर्म नहीं कराना चाहिये। जो करायगा उसे 'स्थूलात्यय' दोष लगेगा।"

९. मानव मांस के ग्रहण का निषेध

२१. उस समय भगवान् राजगृह में यथेच्छ साधना करते हुए वाराणसी की तरफ चारिका हेतु निकल पड़े। यों क्रमशः चारिका करते हुए वाराणसी के ऋषिपतन स्थित मृगदाव में जाकर साधनाहेतु विराजे। उस समय वाराणसी मे सुप्रिय नामक उपासक एवं सुप्रिया नाम की उपासिका दोनों धर्म के प्रति श्रद्धालु थे। वे भिक्षुओं के लिये सब कुछ देने को सन्नद्ध, उनके कार्य के लिये प्रतिक्षण तत्पर तथा सङ्घ के श्रद्धालु सेवक थे। सुप्रिया उपासिका प्रायः प्रतिदिन भिक्षुओं के विहार में जाकर एक कमरे से दूसरे कमरे में, एक परिवेण (आँगन) से दूसरे परिवेण में जाकर भिक्षुओं से पूछती रहती थी—"भन्ते! कौन रोगी है? किसको क्या चाहिये?" उस समय एक भिक्षु ने विरेचनकारक ओषधि ले रखी थी। अतः उस भिक्षु ने सुप्रिया उपासिका से कहा—"भगिनि! मैंने विरेचन ले रखा है मुझे प्रतिच्छादनीय (पथ्य) की आवश्यकता है।" "अच्छा, आर्य! लाया जायगा।" कहकर घर जाकर नौकर से बोली—"अरे भाई! जाओ! बाजार से तय्यार मास लेते आओ।" "अच्छा, आर्ये"—कहकर नौकर बाजार गया। परन्तु उसने प्रायः समग्र वाराणसी नगर में खोज डाला, कहीं भी तय्यार मांस नहीं मिला।

तब वह पुनः सुप्रिया उपासिका के पास लौट आया और बोला—"आज तो तय्यार मांस कहीं नहीं मिला, क्योंकि मास के बाजार की सभी दुकाने बन्द थीं। आज नया मास नहीं काटा गया। तब सुप्रिया उपासिका को यह विचार हुआ—उस रोगी भिक्षु को पथ्य न मिलने से उसका रोग बढ़ेगा या

[B.311] आबाधो वा अभिवड्डिस्सति, कालङ्किरिया वा भविस्सति; न खो मेतं पतिरूपं याहं पटिस्सुणित्वा न हरापेय्यं'' ति। पोत्थनिकं गहेत्वा ऊरुमंसं उक्कन्तित्वा दासिया अदासि— ''हन्द, जे, इमं मंसं सम्पादेत्वा अमुकस्मिं विहारे भिक्खु गिलानो, तस्स दज्जाहि। यो च मं पुच्छति, 'गिलाना' ति पटिवेदेही'' ति। उत्तरासङ्गेन उरुं वेठेत्वा ओवरकं पविसित्वा मञ्चे निपज्जि। अथ खो सुप्पियो उपासको घरं गन्त्वा दासिं पुच्छि—''कहं, सुप्पिया'' ति? ''एसाय्य, ओवरके निपन्ना'' ति। अथ खो सुप्पियो उपासको येन सुप्पिया उपासिका तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा सुप्पियं उपासिकं एतदवोच—''किस्स निपन्नासी'' ति? ''गिलानाम्ही'' ति। ''किं ते आबाधो'' ति? अथ खो सुप्पिया उपासिका सुप्पियस्स उपासकस्स एतमत्थं आरोचेसि।

अथ खो सुप्पियो उपासको—''अच्छरियं वत भो, अब्भुतं वत भो, याव सद्धायं सुप्पिया पसन्ना, यत्र हि नाम अत्तनो पि मंसानि परिच्चत्तानि, किं पनिमाय अञ्ञं किञ्चि अदेय्यं भविस्सती'' ति—हट्ठो उदग्गो येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सुप्पियो उपासको भगवन्तं एतदवोच— ''अधिवासेतु मे, भन्ते, भगवा स्वातनाय भत्तं, सद्धिं भिक्खुसङ्घेना'' ति। अधिवासेसि भगवा तुण्हीभावेन। अथ खो सुप्पियो उपासको भगवतो अधिवासनं विदित्वा उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि। अथ खो सुप्पियो उपासको तस्सा रत्तिया अच्चयेन पणीतं खादनीयं भोजनीयं पटियादापेत्वा भगवतो कालं आरोचापेसि— ''कालो, भन्ते, निट्ठितं भत्तं'' ति।

[N.235, R.218] अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन सुप्पियस्स

उसकी मृत्यु हो जायगी। तथा मेरे लिये भी यह लज्जा की बात होगी कि मैं वचन देकर भी उसे पथ्य नहीं पहुँचा सकी।'' यों उसने एक छुरी लेकर अपनी जाँघ का मांस काटकर दासी को यह कहकर दिया—''बहन! जा, इस मांस को तय्यार कर अमुक विहार में रोगाक्रान्त भिक्षु को दे आ। यदि वे मेरे विषय में पूछे तो कह देना—'रुग्ण है।''' फिर चादर से जाँघ पर पट्टी बांध कर कमरे मे जाकर शय्या पर लेट गयी। बाद में सुप्रिय उपासक ने घर में आकर दासी से पूछा— ''सुप्रिया कहाँ है?'' ''आर्य कमरे में लेटी हुई हैं।'' तब सुप्रिय उपासक जहाँ सुप्रिया उपासिका थी वहाँ गया। जाकर उससे पूछा—''कैसे लेटी हो?'' ''रुग्ण हूँ।'' 'तुम्हें क्या रोग है?'' सुप्रिया उपासिका ने तब सुप्रिय उपासक को सम्पूर्ण घटना सुना दी।

तब सुप्रिय उपासक इस तरह हृष्ट, प्रसन्न एवं गद्‌गद होता हुआ कि ''कितना आश्चर्य है, कितना अद्भुत है कि सुप्रिया को इस सीमा तक धर्म में श्रद्धा है कि उसने अपने शरीर का मांस भी धर्मरक्षाहेतु त्याग दिया। इसके लिये अब अन्य क्या अदेय रह गया!'' ऐसे प्रसन्नमन से वह भगवान् के श्रीचरणों में उपस्थित हुआ। तथा वहाँ प्रणाम कर एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे उसने भगवान् से निवेदन किया—''भन्ते! भगवान् भिक्षुसङ्घ के साथ कल का भोजन मेरे यहाँ स्वीकार करें।'' भगवान् ने मौन भाव से सुप्रिय का यह निवेदन स्वीकार कर लिया। भगवान् की इस तरह अनुमति जानकर सुप्रिय उपासक अपने घर लौट आया। तथा उस रात्रि के बीत जाने पर अपने घर पर अच्छे अच्छे खाद्य पदार्थ तय्यार करवाकर समय पर भगवान् के सम्मुख पहुँच कर उन्हें भोजनकाल की सूचना दी।

३०. अस्सोसुं खो वेसालिका लिच्छवी—'भगवा किर कोटिगामं अनुप्पत्तो' ति। अथ खो वेसालिका लिच्छवी भद्रानि भद्रानि यानानि योजापेत्वा भद्रं भद्रं यानं अभिरुहित्वा भद्रेहि भद्रेहि यानेहि वेसालिया निय्यासुं भगवन्तं दस्सनाय। अप्पेकच्चे लिच्छवी नीला होन्ति नीलवण्णा नीलवत्था नीलालङ्कारा, अप्पेकच्चे लिच्छवी पीता होन्ति पीतवण्णा पीतवत्था पीतालङ्कारा, अप्पेकच्चे लिच्छवी लोहितका होन्ति लोहितवण्णा लोहितवत्था लोहितालङ्कारा, अप्पेकच्चे लिच्छवी ओदाता होन्ति ओदातवण्णा ओदातवत्था ओदातालङ्कारा। अथ खो अम्बपाली गणिका दहरानं दहरानं लिच्छवीनं ईसाय ईसं युगेन युगं [N.247] चक्केन चक्कं अक्खेन अक्खं पटिवत्तेसि। अथ खो ते लिच्छवी अम्बपालिं गणिकं एतदवोचुं— "किस्स, जे अम्बपालि, दहरानं दहरानं लिच्छवीनं ईसाय ईसं युगेन [B.327, R.232] युगं चक्केन चक्कं अक्खेन अक्खं पटिवत्तेसी" ति? "तथा हि पन मया, अय्यपुत्ता, स्वातनाय बुद्धप्पमुखो भिक्खुसङ्घो निमन्तितो" ति। "देहि, जे अम्बपालि, अम्हाकं एतं भत्तं सतसहस्सेना" ति। "सचे पि मे, अय्यपुत्ता, वेसालिं साहारं दज्जेय्याथ, नेव दज्जाहं तं भत्तं" ति। अथ खो ते लिच्छवी अङ्गुलिं पोठेसुं—'जितम्हा वत, भो, अम्बकाय, पराजितम्हा वत, भो, अम्बकाया' ति।

अथ खो ते लिच्छवी येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु। अद्दसा खो भगवा ते लिच्छवी दूरतो व आगच्छन्ते, दिस्वान भिक्खू आमन्तेसि—"येहि, भिक्खवे, भिक्खूहि देवा तावतिंसा अदिट्ठपुब्बा, ओलोकेथ, भिक्खवे, लिच्छविपरिसं; अपलोकेथ, भिक्खवे, लिच्छविपरिसं; उपसंहरथ, भिक्खवे, लिच्छविपरिसं तावतिंसपरिसं" ति। अथ खो ते लिच्छवी यावतिका यानस्स भूमि यानेन गन्त्वा, याना पच्चोरोहित्वा पत्तिका व येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु,

---

१८. लिच्छविकथा

३०. वैशाली के लिच्छवियों ने भी सुना कि भगवान् कोटिग्राम में पधारे हैं, तो वे लिच्छवी उत्तम उत्तम यान....पूर्ववत्....भगवान् के दर्शनहेतु वैशाली से निकल पड़े। वहाँ कुछ लिच्छवि नीले, नीलवर्ण में, नीलवस्त्र पहने हुए नीले ही अलङ्कारों से अलङ्कृत थे कुछ पीले....कुछ रक्त.. कुछ श्वेत अलङ्कारों से अलङ्कृत थे। उस समय वापस लौटती हुई अम्बपाली गणिका ने तरुण तरुण लिच्छवियों के रथों के धुरों से धुरा, चक्कों से चक्का, जूए से जूआ टकराया। तब उन लिच्छवियो ने गणिका से पूछा—"अरी अम्बपालि! तूँ ऐसा क्यों कर रही है?" "आर्यपुत्रो! क्योंकि आज मैंने कल के भोजन के लिये भिक्षुसङ्घसहित भगवान् को निमन्त्रित किया है!" "अरी अम्बपालि! इस निमन्त्रण को सौ हजार लेकर भी तूँ हमें दे दे।" आर्यपुत्रो! यदि समग्र वैशाली जनपद भी मुझे दोगे तो भी मैं इस निमन्त्रण को तुम्हे नहीं दूँगी।" तब सभी लिच्छवि अपनी अंगुलियाँ कटकाने लगे और लज्जित होते हुए से बोले—"अरे इस अम्बिका ने हमको जीत लिया, हमें पराजित कर दिया!"

तब वे लिच्छवि जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ पहुँचे। भगवान् ने उन लिच्छवियों को आते हुए दूर से ही देख लिया। देखकर भिक्षुओं से कहा—"जिन्होंने त्रायस्त्रिंश देव न देखे हों वे इन लिच्छिवियों को देख ले। बार-बार देख लें। वे इन्हें (ऐश्वर्य में) त्रायस्त्रिंश देव ही समझें।" तब वे लिच्छवि रथों से न जाने योग्य भूमि मे रथों से उतर कर पैदल ही चलकर भगवान् के सम्मुख पहुँचे।

उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। एकमन्तं निसिन्ने खो ते लिच्छवी भगवा धम्मिया कथाय सन्दस्सेसि समादपेसि समुत्तेजेसि सम्पहंसेसि। अथ खो ते लिच्छवी, भगवता, धम्मिया कथाय सन्दस्सिता समादपिता समुत्तेजिता सम्पहंसिता भगवन्तं एतदवोचुं— "अधिवासेतु नो, भन्ते, भगवा स्वातनाय भत्तं सद्धिं भिक्खुसङ्घेना" ति। "अधिवुत्थोम्हि, लिच्छवी, स्वातनाय अम्बपालिया गणिकाय भत्तं" ति। अथ खो ते लिच्छवी अङ्गुलिं पोठेसुं— 'जितम्हा वत, भो अम्बकाय, पराजितम्हा वत, भो, अम्बकाया' ति! अथ खो ते लिच्छवी भगवतो भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कमिंसु।

अथ खो भगवा कोटिगामे यथाभिरन्तं विहरित्वा येन नातिका तेनुपसङ्कमि। तत्र सुदं भगवा नातिके विहरति गिञ्जकावसथे। अथ खो अम्बपाली गणिका तस्सा रत्तिया अच्चयेन सके आरामे पणीतं खादनीयं भोजनीयं पटियादापेत्वा भगवतो कालं आरोचापेसि— [B.328] "कालो, भन्ते, निट्ठितं भत्तं" ति। अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन अम्बपालिया गणिकाय परिवेसना तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते [R.233] आसने निसीदि सद्धिं भिक्खुसङ्घेन। अथ खो अम्बपाली गणिका बुद्धप्पमुखं भिक्खुसङ्घं पणीतेन खादनीयेन भोजनीयेन सहत्था सन्तप्पेत्वा सम्पवारेत्वा भगवन्तं भुत्ताविं [N.248] ओनीतपत्तपाणिं एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्ना खो अम्बपाली गणिका भगवन्तं एतदवोच—"इमाहं, भन्ते, अम्बवनं बुद्धप्पमुखस्स भिक्खुसङ्घस्स दम्मी" ति। पटिग्गहेसि भगवा आरामं। अथ खो भगवा अम्बपालिं गणिकं धम्मिया कथाय सन्दस्सेत्वा

पहुँचकर भगवान् को प्रणाम कर एक तरफ बैठ गये। एक तरफ बैठे उन लिच्छवियों को धार्मिक कथा सुनाकर भगवान् ने धर्म के प्रति समुत्तेजित एवं सम्प्रहृष्ट किया। इस तरह धर्म के प्रति समुत्तेजित वे लिच्छवि भगवान् से बोले—"भन्ते! कल का निमन्त्रण आप भिक्षुसङ्घ के साथ हमारा स्वीकार करें।" "लिच्छवियो! कल का निमन्त्रण तो मैं पहले ही अम्बपाली गणिका का स्वीकार कर चुका हूँ।" तब उन लिच्छवियों ने निराशा में भरकर अपनी अङ्गुलियाँ चटकायी और कहा—"अरे, इस अम्बिका (स्त्री) ने तो हमको जीत ही लिया, पराजित ही कर दिया। तब वे लिच्छवि भगवान् के भाषण का अभिनन्दन–अनुमोदन कर, आसन से उठ भगवान् को प्रणाम–प्रदक्षिणा करते हुए वापस अपने घरों को लौट गये।

तदनन्तर भगवान् कोटिग्राम से चाकिा करते हुए नातिका ग्राम के मृञ्जकावसथ में आकर विराजे। तब अम्बपालिगणिका ने उस रात्रि के बीत जाने पर, प्रातःकाल अपने आवास पर उत्तम उत्तम खादय भोज्य पदार्थ तय्यार कराकर भगवान् को सूचित किया—"भन्ते! भोजन का समय हो गया है, अब आप जैसा उचित समझें।" तब भगवान् पूर्वाह्न के समय वस्त्र पहनकर, पात्र चीवर साथ में ले, अम्बपालिगणिका के आवास पर सङ्घ के साथ पहुँचे तथा विछे आसन पर विराजे। तब अम्बपालिगणिका बुद्धप्रमुख भिक्षुसङ्घ को उत्तम उत्तम खादय पदार्थ अपने हाथ से परोसते हुए सन्तुष्ट एवं सन्तृप्त कर, भगवान् को पात्र से हाथ खींचा हुआ देखकर एक तरफ बैठ गयी। एक तरफ बैठी अम्बपाली गणिका ने भगवान् से यों निवेदन किया—"भन्ते! आज से मैं अपना यह आम्रवन बुद्धसहित भिक्षुसङ्घ के लिये दान करती हूँ।" भगवान् ने वह आम्रवन दान में स्वीकार कर लिया। तब भगवान् आम्रपाली गणिका को धार्मिक कथाएँ सुनाते हुए धर्म के प्रति समुत्तेजित एवं सम्प्रहृष्ट किया। यो उसे

समादपेत्वा समुत्तेजेत्वा सम्पहंसेत्वा उट्ठायासना येन महावनं तेनुपसङ्कमि। तत्र सुदं भगवा वेसालियं विहरति महावने कूटागारसालायं॥

लिच्छविभाणवारो निट्ठितो ततियो॥

१९. सीहसेनापतिवत्थु

३१. तेन खो पन समयेन अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता लिच्छवी सन्थागारे सन्निसिन्ना सन्निपतिता अनेकपरियायेन बुद्धस्स वण्णं भासन्ति, धम्मस्स वण्णं भासन्ति, सङ्घस्स वण्णं भासन्ति। तेन खो पन समयेन सीहो सेनापति निगण्ठसावको तस्सं परिसायं निसिन्नो होति। अथ खो सीहस्स सेनापतिस्स एतदहोसि— "निस्संसयं खो सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो भविस्सति, तथा हिमे अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता लिच्छवी सन्थागारे सन्निसिन्ना सन्निपतिता अनेकपरियायेन बुद्धस्स वण्णं भासन्ति, धम्मस्स वण्णं भासन्ति, सङ्घस्स वण्णं भासन्ति। यन्नूनाहं तं भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमेय्यं अरहन्तं सम्मासम्बुद्धं" ति। अथ खो सीहो सेनापति येन निगण्ठो नाटपुत्तो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा निगण्ठं नाटपुत्तं एतदवोच— "इच्छामहं, भन्ते, समणं गोतमं दस्सनाय उपसङ्कमितुं" ति। "किं, पन त्वं, सीह, किरियवादो समानो अकिरियवादं समणं गोतमं दस्सनाय उपसङ्कमिस्ससि? समणो हि, सीह, गोतमो अकिरियवादो अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती" ति। अथ खो [B.329] सीहस्स सेनापतिस्स यो अहोसि गमिकाभिसङ्खारो भगवन्तं दस्सनाय, सो पटिप्पस्सम्भि।

दुतियं पि खो अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता लिच्छवी सन्थागारे सन्निसिन्ना सन्निपतिता अनेकपरियानेन बुद्धस्स वण्णं भासन्ति, धम्मस्स वण्णं भासन्ति, सङ्घस्स वण्णं भासन्ति। दुतियं पि खो सीहस्स सेनापतिस्स एतदहोसि—"निस्संसयं खो सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो

समुत्तेजित, सम्प्रहृष्ट कर आसन से उठकर महावन की तरफ चल दिये। उस समय भगवान् वैशाली के महावन की कूटागारशाला में साधनाहेतु विराजमान थे।

तृतीय लिच्छविभाणवार समाप्त॥

१९. सिंहसेनापतिवस्तु

३१. उस समय सभाभवन में एकत्र हुए प्रसिद्ध प्रसिद्ध लिच्छवि नाना प्रकार से बुद्ध, धर्म एवं सङ्घ की प्रशंसा कर रहे थे। उस समय जैनों का श्रावक सिंह सेनापति भी उस सभा मे बैठा था। तब (यह सब सुनकर) सिंह सेनापति को विचार हुआ—"अवश्य ही वे भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध होंगे, तभी तो यहाँ एकत्र हुए ये प्रसिद्ध प्रसिद्ध लिच्छवि भी उनकी, उनके धर्म की, उनके सङ्घ की इस तह बढ़–चढ़कर प्रशंसा कर रहे हैं। क्यों न मैं उन भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध के दर्शनहेतु चलूँ।"

तब सिंह सेनापति पहले जहाँ निगण्ठ नाटपुत्त थे वहाँ गया। जाकर उनसे आज्ञा लेते हुए बोला—"भन्ते! श्रमण गौतम के दर्शन हेतु जाना चाहता हूँ।" (निगण्ठ नाटपुत्त ने कहा–) "अरे सिंह! तुम क्रियावाद सिद्धान्त को मानने वाले होकर भी उस अक्रियावादी श्रमण गौतम के पास जाकर क्या करोगे? वह तो अक्रियावादी है, अपने शिष्यों को अक्रियावाद सिद्धान्त का ही उपदेश करता है।" गुरु के ये वचन सुनकर सिंह सेनापति का भगवान् के दर्शनहेतु जाने का उत्साह ठण्डा पड़ गया।

दूसरी बार भी.... पूर्ववत्....तीसरी बार भी सभाभवन में एकत्र हुए प्रसिद्ध प्रसिद्ध लिच्छवि ...सङ्घ

भविस्सति, तथा हिमे अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता लिच्छवी सन्थागारे सन्निसिन्ना सन्निपतिता अनेकपरियायेन बुद्धस्स वण्णं भासन्ति, धम्मस्स वण्णं भासन्ति, सङ्घस्स वण्णं भासन्ति। यन्नूनाहं तं भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमेय्यं अरहन्तं सम्मासम्बुद्धं'' ति। दुतियं पि खो [R.234] सीहो सेनापति येन निगण्ठो नाटपुत्तो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा निगण्ठं नाटपुत्तं एतदवोच—''इच्छामहं, भन्ते, समणं गोतमं दस्सनाय उपसङ्कमितुं'' ति। ''किं पन त्वं, सीह, किरियवादो समानो अकिरियवादं समणं गोतमं दस्सनाय उपसङ्कमिस्ससि ? समणो हि, सीह, गोतमो अकिरियवादो अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेतीति। दुतियं [N.249] पि खो सीहस्स सेनापतिस्स यो अहोसि गमिकाभिसङ्खारो भगवन्तं दस्सनाय, सो पटिप्पस्सम्भि।

ततियं पि खो अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता लिच्छवी सन्थागारे सन्निसिन्ना सन्निपतिता अनेकपरियायेन बुद्धस्स वण्णं भासन्ति, धम्मस्स वण्णं भासन्ति, सङ्घस्स वण्णं भासन्ति। ततियं पि खो सीहस्स सेनापतिस्स एतदहोसि—''निस्संसयं खो सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो भविस्सति, तथा हिमे अभिञ्ञाता अभिञ्ञाता लिच्छवी सन्थागारे सन्निसिन्ना सन्निपतिता अनेकपरियायेन बुद्धस्स वण्णं भासन्ति, धम्मस्स वण्णं भासन्ति, सङ्घस्स वण्णं भासन्ति। किं हि मे करिस्सन्ति निगण्ठा अपलोकिता वा अनपलोकिता वा ? यन्नूनाहं अनपलोकेत्वा व निगण्ठे तं भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमेय्यं अरहन्तं सम्मासम्बुद्धं'' ति।

अथ खो सीहो सेनापति पञ्चहि रथसतेहि दिवा दिवस्स वेसालिया निय्यासि भगवन्तं दस्सनाय। यावतिका यानस्स भूमि, यानेन गन्त्वा याना पच्चोरोहित्वा पत्तिको व येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सीहो सेनापति भगवन्तं एतदवोच—''सुतं मेतं, भन्ते, 'अकिरियवादो समणो गोतमो अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति। ये ते, भन्ते, एवमाहंसु—'अकिरियवादो [B.330] समणो गोतमो, अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति। कच्चि ते, भन्ते, भगवतो वुत्तवादिनो, न च भगवन्तं अभूतेन अब्भाचिक्खन्ति, धम्मस्स च अनुधम्मं ब्याकरोन्ति, न च कोचि सहधम्मिको वादानुवादो गारय्हं ठानं आगच्छति ? अनब्भक्खातुकामा हि मयं, भन्ते, भगवन्तं'' ति।

की प्रशंसा करते हैं। मैं निगण्ठ नाटपुत्त को विना पूछे ही उन भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध के दर्शन के लिये चलूँ।"

तब सिंह सेनापति पाँच सौ रथों के साथ दिन ही दिन (दोपहर) में भगवान् के दर्शनहेतु वैशाली से निकला। यान से जाने का जितना मार्ग था उस पर यान से जाकर, फिर यान से उतर कर पैदल ही आराम में प्रविष्ट हुआ। और जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ जाकर भगवान् से यो बोला—"भन्ते! मैंने सुना है—'श्रमण गौतम अक्रियावादी है, अक्रिया के लिये धर्मोपदेश करता है उसी में शिष्यों को लगाता है।' भन्ते! जो ऐसा कहता है क्या वह भगवान् के विषय में ठीक ही कहता है? या फिर वह आप पर मिथ्या आरोप लगाता हुआ आपकी निन्दा तो नहीं करता? क्या वह धर्मानुसार ही धर्म को कहता है? कोई सहधार्मिक वादानुवाद तो इससे निन्दित नहीं होता? भन्ते! हम भगवान् की निन्दा करना नहीं चाहते!"

३२. ''अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य— 'अकिरियवादो समणो गोतमो, अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति। अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'किरियवादो समणो गोतमो किरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति। अत्थि, सीह, परियायो येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'उच्छेदवादो समणो गोतमो उच्छेदाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति। अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य— 'जेगुच्छी समणो गोतमो, जेगुच्छिताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति। अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'वेनयिको समणो गोतमो, विनयाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति। अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'तपस्सी समणो गोतमो, तपस्सिताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति। अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अपगब्भो समणो गोतमो, अपगब्भताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति। अत्थि, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अस्सत्थो समणो गोतमो, अस्सासाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

३३. ''कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो [N.250, R.235] वदेय्य—'अकिरियवादो समणो गोतमो, अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? अहं हि, सीह, अकिरियं वदामि कायदुच्चरितस्स वचीदुच्चरितस्स मनोदुच्चरितस्स; अनेकविहितानं पापकानं अकुसलानं धम्मानं अकिरियं वदामि। अयं खो, सीह, [B.331] परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अकिरियवादो समणो गोतमो, अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

''कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—''किरियवादो

---

३२. ''सिंह! ऐसा कारण है, जिस कारण से ठीक कहता हुआ कोई मेरे विषय में यह कह सकता है—'श्रमण गौतम अक्रियवादी है, अक्रिया के लिये धर्मोपदेश करता है, तथा शिष्यों को उधर ही प्रेरित करता है। सिंह! ऐसा भी कारण है जिस कारण से.....श्रमण गौतम क्रियावादी है...। सिंह! ऐसा भी कारण है, जिस कारण से....श्रमण गौतम उच्छेदवादी हैं....। सिंह! ऐसा भी कारण है, जिस कारण से....श्रमण गौतम वैनयिक है....। सिंह! ऐसा भी कारण है, जिस कारण से....श्रमण गौतम जुगुप्सु है....। सिंह! ऐसा भी कारण है, जिस कारण से....श्रमण गौतम वैनयिक है....। सिंह! ऐसा भी कारण है, जिस कारण से....श्रमण गौतम तपस्वी है....। सिंह! ऐसा भी कारण है जिस कारण से....श्रमण गौतम अपगर्भ....आश्वस्त है....तथा शिष्यों को भी उधर प्रेरित करता है।

३३. ''सिंह! वह कौन सा कारण है जिसके सहारे से कोई मेरे विषय में यथार्थ कहता हुआ यह कहे—''श्रमण गौतम अक्रियवादी है....शिष्यों को भी उधर ही प्रेरित करता है? क्योंकि, सिह! मैं काय, वाक् एवं मन से होने वाले दुश्चरितों की अक्रिया (उनसे विरति) का उपदेश करता हूँ, नानाविध पापकर्मों की अक्रिया का उपदेश करता हूँ। सिंह! यह कारण है जिसके सहारे से मुझे....'अक्रियावादी' कहा जा सकता है।

''और सिंह! कौन सा कारण है....यह कहे—'श्रमण गौतम क्रियावादी है, क्रियावाद का

समणो गोतमो, किरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? अहं हि, सीह, क़िरियं वदामि कायसुचरितस्स वचीसुचरितस्स मनोसुचरितस्स, अनेकविहितानं कुसलानं धम्मानं किरियं वदामि। अयं खो, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य— 'किरियवादो समणो गोतमो, किरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

"कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'उच्छेदवादो समणो गोतमो, उच्छेदाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? अहं हि, सीह, उच्छेदं वदामि रागस्स दोसस्स मोहस्स; अनेकविहितानं पापकानं अकुसलानं धम्मानं उच्छेदं वदामि। अयं खो, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'उच्छेदवादो समणो गोतमो उच्छेदाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

"कतमो च, सीह, परियायो येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'जेगुच्छी समणो गोतमो, जेगुच्छिताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? अहं हि, सीह, जिगुच्छामि कायदुच्चरितेन वचीदुच्चरितेन मनोदुच्चरितेन; अनेकविहितानं पापकानं अकुसलानं धम्मानं समापत्तिया जिगुच्छामि। अयं खो, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'जेगुच्छी समणो गोतमो, जेगुच्छिताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

"कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'वेनयिको समणो गोतमो, विनयाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? अहं हि, सीह, विनयाय [B.332] धम्मं देसेमि रागस्स दोसस्स मोहस्स; अनेकविहितानं पापकानं अकुसलानं धम्मानं विनयाय धम्मं देसेमि। अयं खो, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'वेनयिको समणो गोतमो, विनयाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

"कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'तपस्सी समणो गोतमो, तपस्सिताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? तपनीयाहं, सीह,

---

उपदेश करता है....शिष्यों को भी उधर ही प्रेरित करता है?' क्योंकि, सिंह! मैं काय, वाक् एवं मन से होने वाली कुशल क्रियाओं (सुचरितों) का उपदेश करता हूँ....। सिंह! यह भी कारण है....क्रियावादी कहा जा सकता है।

"और, सिह! कौन सा कारण....यह कहे—'श्रमण गौतम उच्छेदवादी है....प्रेरित करता है? क्योंकि, सिंह! मैं श्रद्धालु जनता को राग, द्वेष एवं मोह के उच्छेद की देशना करता हूँ,....प्रेरित करता हूँ। सिंह! यह भी कारण है....।

"और, सिंह! कौन सा कारण है....यह कहे—'श्रमण गौतम जुगुप्सु (निन्दा करने वाला) है, जुगुप्सा का उपदेश करता है....प्रेरित करता है? क्योंकि सिंह! मैं काय, वाक् एवं मन से हो सकने वाले दुश्चरितों की निन्दा (घृणा) का उपदेश करता हूँ....प्रेरित करता हूँ। सिंह! यह भी कारण है....कहा जा सकता है।

"और सिंह! कौन सा कारण है...यह कहे—'श्रमण गौतम वैनयिक है, विनय के लिये धर्मोपदेश करता है....प्रेरित करता हैय' क्योंकि, सिंह मैं राग, द्वेष एवं मोह के विनय (दमन) का उपदेश करता हूँ...कहा जा सकता है।

"और, सिंह! कौन सा कारण है जिसके सहारे से...यह कहे;—'श्रमण गौतम तपस्वी है,

पापके अकुसले धम्मे वदामि—कायदुच्चरितं वचीदुच्चरितं मनोदुच्चरितं। यस्स खो, सीह, तपनीया पापका अकुसला धम्मा पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा, तमहं 'तपस्सी' ति वदामि। तथागतस्स खो, सीह, तपनीया पापका अकुसला धम्मा पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा। [N.251] अयं खो, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'तपस्सी समणो गोतमो तपस्सिताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति। [R.236]

"कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अपगब्भो समणो गोतमो अपगब्भताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? यस्स खो, सीह, आयतिं गब्भसेय्या पुनब्भवाभिनिब्बत्ति पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा, तमहं अपगब्भो ति वदामि। तथागतस्स खो, सीह, आयतिं गब्भसेय्या पुनब्भवाभिनिब्बत्ति पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा। अयं खो, सीह, परियायो, तेन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अपगब्भो समणो गोतमो अपगब्भताय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति।

"कतमो च, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अस्सत्थो समणो गोतमो अस्सासाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' ति? अहं हि, सीह, अस्सत्थो परमेन अस्सासेन, अस्सासाय च धम्मं देसेमि, तेन च सावके विनेमि। अयं खो, सीह, परियायो, येन मं परियायेन सम्मा वदमानो वदेय्य—'अस्सत्थो समणो गोतमो अस्सासाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती' " ति।

३४. एवं वुत्ते सीहो सेनापति भगवन्तं एतदवोच—"अभिक्कन्तं, भन्ते,....[B.333] पे०.... उपासकं मं भगवा धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं" ति

तपस्विता के लिये धर्मोपदेश करता है....प्रेरित करता है? 'क्योंकि सिंह! मैं काय, वाक् एवं मन से होने वाले दुश्चरितों को अकुशल धर्मों को तपनीय (भस्म कर देने योग्य) मान कर वैसा ही उपदेश करता हूँ.. प्रेरणा करता हूँ। सिंह! जिसके ये तपनीय पापमय अकुशल धर्म प्रहीण हो चुके हैं, जड से उखड़ चुके हैं, जिनका अभाव हो चुका है, भविष्य में उनके उत्पाद की कोई स्थिति नहीं रह गयी है, उसको मैं 'तपस्वी' कहता हूँ। सिंह! क्योंकि तथागत के ये तपनीय पापमय...उत्पाद की कोई स्थिति नहीं रह गयी है, सिंह! यह कारण है , जिससे तथागत को 'तपस्वी' कहा जा सकता है।

और, सिंह! कौन सा कारण है जिसके सहारे से....यह कहे—'श्रमण गौतम अपगर्भ (पुनः जन्म न लेना वाला) है, अपगर्भ के लिये उपदेश....प्रेरित करता है?' क्योंकि, सिंह! मैं 'अपगर्भ' उसे कहता हूँ जिसका इस संसार में पुनर्भव (गर्भ में आना) क्षीण हो चुका है ..भविष्य में भी जिसके पुनरुत्पाद की आशा नहीं है। तथागत का पुनर्भव क्षीण हो चुका है.....भविष्य में भी पुनरुत्पाद की कोई आशा नहीं है, इस कारण से, सिंह! मुझको 'अपगर्भ' कहा जा सकता है।

'और, सिंह! कौन सा कारण है जिसके सहारे से....यह कहे—'श्रमण गौतम! आश्वस्त है, आश्वास के लिये ही वह उपदेश.. प्रेरित करता है?' क्योंकि, सिंह! मैं परम आश्वास से आश्वस्त हूँ अत. इस आश्वास के लिये ही उपदेश करता हूँ . प्रेरित करता हूँ। इस कारण से, सिह! मुझे 'आश्वस्त' कहा जा सकता है।"

३४. भगवान् द्वारा ऐसा कहे जाने पर, सिह सेनापति यह बोला— आश्चर्य है, भन्ते! कितना

"अनुविच्चकारं खो, सीह, करोहि, अनुविच्चकारो तुम्हादिसानं ञातमनुस्सानं साधु होती" ति।

"इमिनापाहं, भन्ते, भगवतो वचनेन भिय्योसोमत्ताय अत्तमनो अभिरद्धो, यं मं भगवा एवमाह—'अनुविच्चकारं खो, सीह, करोहि; अनुविच्चकारो तुम्हादिसानं ञातमनुस्सानं साधु होती' ति। ममं हि, भन्ते, अञ्ञतित्थिया सावकं लभित्वा केवलकप्पं वेसालिं पटाकं परिहरेय्युं—'सीहो खा अम्हाकं सेनापति सावकत्तं उपगतो' ति। अथ च पन मं भगवा एवमाह—'अनुविच्चकारं खो, सीह, करोहि; अनुविच्चकारो तुम्हादिसानं ञातमनुस्सानं साधु होती" ति। एसाहं, भन्ते, दुतियं पि भगवन्तं सरणं गच्छामि धम्मं च भिक्खुसङ्घं च। उपासकं मं भगवा धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं" ति।

"दीघरत्तं खो ते, सीह, निगण्ठानं ओपानभूतं कुलं, येन नेसं उपगतानं पिण्डकं दातब्बं मञ्ञेय्यासी" ति।

"इमिनापाहं, भन्ते, भगवतो वचनेन भिय्योसोमत्ताय अत्तमनो अभिरद्धो, यं मं भगवा एवमाह—"दीघरत्तं खो ते, सीह, निगण्ठानं ओपानभूतं कुलं, येन नेसं उपगतानं पिण्डकं दातब्बं मञ्ञेय्यासी" ति। सुतं मेतं, भन्ते, समणो गोतमो एवमाह—"मय्हमेव [N.252] दानं दातब्बं, न अञ्ञेसं दानं दातब्बं; मय्हमेव सावकानं दानं दातब्बं, न अञ्ञेसं [R.237] सावकानं दानं दातब्बं; मय्हमेव दिन्नं महप्फलं, न अञ्ञेसं दिन्नं महप्फलं;

अद्भुत है, भन्ते!....पूर्ववत्...आज से प्राण रहने तक भगवान् मुझ को अपना शरणागत उपासक समझें।"

"सिंह! जो कुछ करना है उसे पूर्णतः सोच समझ कर, विचार कर आगे पीछे की सोच कर तथा उसे तोल कर ही कोई निर्णय करो। इस तरह सोच विचार कर किये निर्णय से ही आप जैसे समाज में विख्यात पुरुषों का हित होगा।"

"भन्ते! आप के इस गम्भीर वचन से तो मैं आपमें पहले से भी अधिक श्रद्धालु हो गया हूँ कि आप मुझे अभी भी यही परामर्श दे रहे हैं कि जो कुछ करना हो सोच विचार कर करो। भन्ते! यदि मेरे जैसा समाज मे प्रतिष्ठित आदमी किसी अन्य धर्माचार्य के सम्मुख यह शरणगमन की बात कहता तो वह सुनते ही प्रमुदित होकर समग्र वैशाली में ध्वजा फहराता हुआ घोषणा करवा देता कि 'सिंह सेनापति जैसा प्रतिष्ठित पुरुष मेरा शिष्य बन गया है।' इसके विपरीत आप हैं कि मुझे सोच विचारकर निर्णय का परामर्श दे रहे हैं। अतः मैं, भन्ते! दूसरी बार भी भगवान् की, धर्म की एवं सङ्घ की शरण में आने की प्रार्थना करता हूँ।.....

"सिंह! तुम्हारा घर (कुल) दीर्घकाल से निगण्ठों के लिये (प्यासे के लिये) प्याऊ के समान रहा है। वहाँ से उनको निरन्तर भिक्षा मिलती रही है। अतः (मेरा उपासक बन जाने पर भी) 'निगण्ठों (के आने पर उन) को भिक्षा नहीं देनी चाहिये'—ऐसा विचार मन में न लाना।"

"भन्ते! आप के इस उपदेश से तो मैं और भी अधिक प्रसन्नमन एवं सन्तुष्टचित्त तथा आपके प्रति श्रद्धालु हो उठा हूँ....। भन्ते! मैंने तो लोगों को कहते सुना था—'श्रमण गौतम कहता है कि मुझको ही दान देना चाहिये, दूसरों को नहीं; मेरे ही शिष्यों को दान देना चाहिये, दूसरों को नहीं। मुझे... मेरे श्रावकों को दिये गये दान का ही फल होगा, अन्यों को दिये दान का कोई फल नहीं होगा।' जब कि भगवान् तो अभी भी मुझे निगण्ठों के लिये दान का उपदेश कर रहे हैं। मै आप के इस आदेश

मय्हमेव सावकानं दिन्नं महप्फलं, न अञ्ञेसं सावकानं दिन्नं महप्फलं'' ति। अथ च पन मं भगवा निगण्ठेसु पि दाने समादपेति। अपि च, भन्ते, मयमेत्थ कालं जानिस्साम। एसाहं, भन्ते, ततियं पि भगवन्तं सरणं गच्छामि धम्मं च भिक्खुसङ्घं च। उपासकं मं भगवा धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं ति।

अथ खो भगवा सीहस्स सेनापतिस्स अनुपुब्बिं कथं कथेसि, सेय्यथिदं—दानकथं.... पे०....अपरप्पच्चयो सत्थुसासने भगवन्तं एतदवोच—''अधिवासेतु मे, भन्ते, भगवा स्वातनाय भत्तं सद्धिं भिक्खुसङ्घेना'' ति। अधिवासेसि भगवा तुण्हीभावेन। अथ खो सीहो [B.334] सेनापति भगवतो अधिवासनं विदित्वा उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि।

३५. अथ खो सीहो सेनापति अञ्ञतरं पुरिसं आणापेसि—''गच्छ, भणे, पवत्तमंसं जानाही'' ति। अथ खो सीहो सेनापति तस्सा रत्तिया अच्चयेन पणीतं खादनीयं भोजनीयं पटियादापेत्वा भगवतो कालं आरोचापेसि—''कालो, भन्ते, निट्ठितं भत्तं'' ति। अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन सीहस्स सेनापतिस्स निवेसनं तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि सद्धिं भिक्खुसङ्घेन।

तेन खो पन समयेन सम्बहुला निगण्ठा वेसालियं रथिकाय रथिकं सिङ्घाटकेन सिङ्घाटकं बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति—''अज्ज सीहेन सेनापतिना थूलं पसुं वधित्वा समणस्स गोतमस्स भत्तं कतं, तं समणो गोतमो जानं उद्दिस्सकतं मंसं परिभुञ्जति पटिच्चकम्मं'' ति। अथ खो अञ्ञतरो पुरिसो येन सीहो सेनापति तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा सीहस्स सेनापतिस्स उपकण्णके आरोचेसि—''यग्घे, भन्ते, जानेय्यासि, एते सम्बहुला निगण्ठा वेसालियं रथिकाय रथिकं सिङ्घाटकेन सिङ्घाटकं बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति—'अज्ज सीहेन सेनापतिना थूलं पंसु वधित्वा समणस्स गोतमस्स भत्तं कतं, तं समणो गोतमो जानं उद्दिस्सकतं मंसं परिभुञ्जति

का निरन्तर ध्यान रखूँगा। परन्तु आपके इस हितकर आदेश से प्रभावित होकर मैं तीसरी बार भगवान् की, धर्म की तथा सङ्घ की शरण ग्रहण करता हूँ....।''

तब भगवान् ने सिंह सेनापति को आनुपूर्वी धर्म प्रवचन करना प्रारम्भ किया; जैसे दान के विषय में....पूर्ववत्....शास्ता के शासन में ही पूर्ण विश्वस्त (अपरप्पच्चयो) होकर भगवान् से यों निवेदन किया—''भन्ते! भिक्षुसङ्घ सहित भगवान् कल का भोजन मेरे घर पर स्वीकार करें।'' भगवान् ने मौनभाव से स्वीकृति दी। तब सिंह सेनापति, भगवान् की स्वीकृति जानकर आसन से उठकर, भगवान् को प्रणाम प्रदक्षिणा कर, अपने आवास पर लौट आया।

३५. सिंह सेनापति ने किसी नौकर को आज्ञा दी—''जाओ, देखो बाजार में प्रवृत्त (तय्यार) मांस की क्या स्थिति है?'' तब सिंह सेनापति ने उस रात्रि के व्यतीत होनेपर, उत्तम उत्तम खाद्य पदार्थ तय्यार कराकर भगवान् को भोजन के समय की सूचना दी। भगवान् पूर्वाह्न में चीवर पहनकर पात्र-चीवर लेकर जहाँ सिंह सेनापति का घर था, वहाँ गये। जाकर भिक्षुसङ्घ के साथ प्रज्ञप्त आसन पर विराजे। उस समय बहुत से जैन साधु एक गली से दूसरी गली एवं एक चौराहे से दूसरे चौराहे पर हाथ उठा उठा कर चिल्लाते हुए से बोल रहे थे—''अरे! देखो! इस सिंह सेनापति ने एक विशालकाय पशु मारकर उसके मास से श्रमण गौतम का भोजन तय्यार करवाया है। श्रमण गौतम अपने ही उद्देश्य से काटे गये पशु के मांस से बने भोजन की बात जान कर भी वहाँ भिक्षुसङ्घ के साथ

पटिच्चकम्मं' ति। ''अलं अय्यो, दीघरत्तं पि ते आयस्मन्ता अवण्णकामा बुद्धस्स, अवण्णकामा धम्मस्स, अवण्णकामा सङ्घस्स; न च पन ते आयस्मन्ता जीरन्ति तं भगवन्तं असता तुच्छा मुसा अभूतेन अब्भाचिक्खन्ता; न च मयं जीवितहेतु पि सञ्चिच्च पाणं जीविता वोरोपेय्यामा'' ति।

अथ खो सीहो सेनापति बुद्धप्पमुखं भिक्खुसङ्घं पणीतेन खादनीयेन भोजनीयेन [R.238] सहत्था सन्तप्पेत्वा सम्पवारेत्वा भगवन्तं भुत्ताविं ओनीतपत्तपाणिं एकमन्तं निसीदि। [N.253] एकमन्तं निसिन्नं खो सीहं सेनापतिं भगवा धम्मिया कथाय सन्दस्सेत्वा समादपेत्वा समुत्तेजेत्वा सम्पहंसेत्वा उट्ठायासना पक्कामि। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं [B.335] पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—**''न, भिक्खवे, जानं उद्दिस्स—कतं मंसं परिभुञ्जितब्बं। यो परिभुञ्जेय्य आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, तिकोटिपरिसुद्धं मच्छमंसं—अदिट्ठं, असुतं, अपरिसङ्कितं''** ति।

२०. कप्पियभूमिअनुजानना

३६. तेन खो पन समयेन वेसाली सुभिक्खा होति सुसस्सा सुलभपिण्डा, सुकरा उञ्छेन पग्गहेन यापेतुं। अथ खो भगवतो रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि—''यानि तानि मया भिक्खूनं अनुञ्ञातानि दुब्भिक्खे दुस्सस्से दुल्लभपिण्डे अन्तो वुत्थं अन्तो पक्कं सामं पक्कं उग्गहितपटिग्गहितकं ततो नीहटं पुरेभत्तं पटिग्गहितं वनट्ठं पोक्खरट्ठं, अज्जा पि नु खो तानि भिक्खू परिभुञ्जन्ती'' ति। अथ खो भगवा सायण्हसमयं

भोजन हेतु गये हैं।'' तब किसी आदमी ने सिंह सेनापति के कान में जाकर धीरे से उन जैन साधुओं का कथन सुनाया। सुनकर सिंह ने कहा—''जाने भी दो, आर्य! ये जैन तो बहुत समय से श्रमण गौतम पर नाना प्रकार के मिथ्या आरोप (लाञ्छन) लगाते आ रहे हैं। उनकी झूठी निन्दा करते आ रहे हैं। इन्हें इस कृत्य में कोई लज्जा सङ्कोच तो है नहीं। हम तो अपने प्राणों की रक्षार्थ भी किसी जीवित पशु को नहीं मार सकते!''

तब सिंह सेनापति ने बुद्धप्रमुख भिक्षुसङ्घ को अपने हाथ से उत्तम उत्तम खाद्य पदार्थ परोसते हुए पूर्णतः सन्तृप्त सन्तुष्ट किया। जब भगवान् को पात्र से हाथ हटाया हुआ देख लिया तो वह भी एक तरफ बैठ गया। तब भगवान् ने सिंह सेनापति को इस प्रसङ्ग में धार्मिक कथाएँ सुनाते हुए धर्म की ओर समुत्तेजित.....किया। बाद में वे अपने आराम में लौट आये।

(आराम में लौटकर भगवान् ने) इसी प्रसङ्ग में भिक्षुओं को एकत्र कर उन्हें आदेश दिया—**''भिक्षुओ! अपने उद्देश्य से काटे गये पशु के मांस को जानते-बूझते नहीं खाना चाहिये। भिक्षुओ! मैं तुम्हें जो न काटते देखा गया हो, न सुना गया हो एवं अपरिशङ्कित—यों त्रिकोटि (तीन तरफ से) परिशुद्ध मत्स्य मांस के उपयोग की ही अनुमति देता हूँ।''**

२०. कल्प्य भूमि की अनुज्ञा

दुर्भिक्ष काल के विधान सुभिक्ष में निषिद्ध— ३६. उस समय वैशाली नगरी में सुभिक्ष (धन-धान्य की समृद्धि) था। धान के खेत चारों ओर लहलहाने लगे थे। भिक्षा पाना सुलभ हो गया था। उञ्छ (खेत में गिरे दानों) से जीवनयापन सुगम हो गया था। तब एकान्त में चिन्तन करते भगवान् के मन में विचार उठा—''मैंने दुर्भिक्षकाल में भिक्षुओं के लिये जो नियम बनाये थे, जबकि भिक्षा मिलनी

पटिसल्लाना वुट्ठितो आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—"यानि तानि, आनन्द, मया भिक्खूनं अनुञ्ञातानि दुब्भिक्खे दुस्सस्से दुल्लभपिण्डे अन्तो वुत्थं अन्तो पक्कं सामं पक्कं उग्गहितपटिग्गहितकं ततो नीहटं पुरेभत्तं पटिग्गहितं वनट्ठं पोक्खरट्ठं, अज्जा पि नु खो तानि भिक्खू परिभुञ्जन्ती" ति? "परिभुञ्जन्ति, भगवा" ति। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**यानि तानि, भिक्खवे, मया भिक्खूनं अनुञ्ञातानि दुब्भिक्खे दुस्सस्से दुल्लभपिण्डे अन्तो वुत्थं अन्तो पक्कं सामं पक्कं उग्गहितपटिग्गहितकं ततो नीहटं पुरेभत्तं पटिग्गहितं वनट्ठं पोक्खरट्ठं, तानाहं अज्जतग्गे पटिक्खिपामि। न, भिक्खवे, अन्तो वुत्थं अन्तो पक्कं उग्गहितपटिग्गहितकं परिभुञ्जितब्बं। यो परिभुञ्जेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। न च, भिक्खवे, ततो नीहटं पुरेभत्तं पटिग्गहितं वनट्ठं पोक्खरट्ठं भुत्ताविना पवारितेन अनतिरित्तं परिभुञ्जितब्बं। यो परिभुञ्जेय्य, यथाधम्मो कारेतब्बो**" ति।

तेन खो पन समयेन जानपदा मनुस्सा बहुं लोणं पि, तेलं पि, तण्डुलं पि, खादनीयं पि सकटेसु आरोपेत्वा बहारामकोट्ठके सकटपरिवट्टं करित्वा अच्छन्ति—"यदा पटिपाटिं लभिस्साम, तदा भत्तं करिस्सामा" ति। महा च मेघो उग्गतो। अथ खो ते मनुस्सा [R.239] येनायस्मा बहुं लोणं पि, तेलं पि, तण्डुलं पि, खादनीयं पि सकटेसु आरोपिता तिट्ठन्ति, महा च मेघो उग्गतो; कथं नु खो, भन्ते, पटिपज्जितब्बं" ति? अथ खो आयस्मा [B.336] आनन्दो भगवतो एतमत्थं आरोचेसि। "**तेन हानन्द, सङ्घो पच्चन्तिमं विहारं कप्पियभूमिं**

दुर्लभ हो गयी थी, खेतों में कहीं धान का कण भी नहीं दिखायी दे रहा था; जैसे—अन्दर रखे का, अन्दर पकाये का, अपने हाथ से पकाये का, ग्रहण—प्रतिग्रहण का, बाहर से लाये का, भोजन से पहले के लिये का, वन का, पुष्करिणी का अन्न ग्रहण करना आदि; क्या भिक्षु आज भी उनका पालन करते हैं?" तब भगवान् ने सायङ्काल ध्यानभावना से निवृत्त होकर आयुष्मान् आनन्द से पूछा—"आनन्द! मैंने दुर्भिक्षकाल में भिक्षुओं के लिये जो नियम बनाये थे....पूर्ववत्....क्या वे उनका आज भी पालन करते हैं?" "हाँ, भन्ते! पालन करते हैं।" तब भगवान् ने इस कारण, इस प्रसङ्ग में धार्मिक कथा करते हुए अन्त में भिक्षुओं से कहा—"**भिक्षुओ! दुर्भिक्षकाल में मैंने तुम लोगों के लिये जो नियम प्रज्ञप्त किये थे; जैसे—....पूर्ववत्....उनका पालन आज से निषिद्ध करता हूँ। भिक्षुओ! भीतर रखे....उद्गृहीत खाद्य का उपयोग नहीं करना चाहिये। जो करेगा उसको 'दुष्कृत' दोष लगेगा। इसी तरह बाहर से लाये....पुष्करिणी से आहृत खाद्य का भोजन के बाद जो उपयोग करेगा उसे धर्मानुसार दण्ड देना चाहिये।**"

कल्प्यभूमि (भाण्डागार) का चयन— उस समय श्रद्धालु ग्रामवासी जन बहुत सा नमक, तैल, तण्डुल या ऐसे ही अन्य खाद्य पदार्थ गाड़ियों पर लादकर, भिक्षुआवास के बाहरी प्रकोष्ठ (बरामदा) में गाडियाँ खड़ी कर प्रतीक्षा करते थे कि "जब हमारा अवसर आयगा तो भिक्षुओं को भोजन (भत्तं) देंगे।" एक समय काली घटा उमड़ आयी। तब घबराकर वे ग्रामवासी आयुष्मान् आनन्द के पास गये और बोले—"भन्ते आनन्द! हम अपनी गाडियों में बहुत सा नमक तैल तण्डुल एवं ऐसा ही अन्य खादय पदार्थ लादे हुए प्रतीक्षा कर रहे हैं। परन्तु देख रहे हैं घटाएँ उमड़ आयी हैं; लगता है घनघोर वर्षा होगी। अब हमें क्या करना चाहिये, यों तो खुले आकाश में सब समान व्यर्थ हो जायगा।" तब आनन्द ने भगवान् से इस विषय में पूछा। "**तो, आनन्द! सङ्घ अन्तवाले विहार को**

सम्मन्नित्वा तत्थ वासेतु, यं सङ्घो आकङ्खति विहारं वा अड्ढयोगं वा पासादं वा हम्मियं वा गुहं वा।

एवं च पन, भिक्खवे, सम्मन्नितब्बा। ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो— [N.254] "सुणातु मे, भन्ते सङ्घो। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो इत्थन्नामं विहारं कप्पियभूमिं सम्मन्नेय्य, एसा ञत्ति।

"सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। सङ्घो इत्थन्नामं विहारं कप्पियभूमिं सम्मन्नति। यस्सायस्मतो खमति इत्थन्नामस्स विहारस्स कप्पियभूमिया सम्मुति, सो तुण्हस्स; यस्स नक्खमति, सो भासेय्य।

"सम्मतो सङ्घेन इत्थन्नामो विहारो कप्पियभूमि। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धारयामी" ति।

तेन खो पन समयेन मनुस्सा तत्थेव सम्मुतिया कप्पियभूमिया यागुयो पचन्ति, भत्तानि पचन्ति, सूपानि सम्पादेन्ति, मंसानि कोट्टेन्ति, कट्ठानि फालेन्ति। अस्सोसि खो भगवा रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय उच्चासद्दं महासद्दं काकोरवसद्दं, सुत्वान आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—"किं नु खो सो, आनन्द, उच्चासद्दो महासद्दो काकोरवसद्दो" ति? एतरहि, भन्ते, मनुस्सा तत्थेव सम्मुतिया कप्पियभूमिया यागुयो पचन्ति, भत्तानि पचन्ति, सूपानि सम्पादेन्ति, मंसानि कोट्टेन्ति, कट्ठानि फालेन्ति। सो एसो, भगवा, उच्चासद्दो महासद्दो काकोरवसद्दो ति। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**न, भिक्खवे, सम्मुति कप्पियभूमि परिभुञ्जितब्बा। यो परिभुञ्जेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, तिस्सो कप्पियभूमियो—उस्सावनन्तिकं, गोनिसादिकं, गहपतिं**" ति।

कल्प्यभूमि (भाण्डागार) बनाने का निर्णय (=सम्मति) करके वहाँ यह सामान (खाद्य पदार्थ) रखवा दे। सङ्घ जिस विहार, अटारी, प्रासाद, हर्म्य या गुफा—जिसको चाहे कल्प्यभूमि बना ले।

"भिक्षुओ! यह सम्मति लेने की विधि यह होगी। कोई चतुर समर्थ भिक्षु सङ्घ को यों सूचित करे—

ज्ञप्ति (सूचना)— "भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। यदि सङ्घ उचित समझे तो एतन्नामक विहार को कल्प्यभूमि बनाने की अनुमति दे। यह सूचना है।

अनुश्रावण— "भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। सङ्घ इस नामवाले विहार को कल्प्यभूमि होने का निर्णय करता है। जिस आयुष्मान् को यह निर्णय स्वीकार हो वह चुप रहे। जिसे स्वीकार न हो वह बोले।

धारणा— "सङ्घ को यह निर्णय स्वीकृत है, इसीलिये चुप है—ऐसी मेरी धारणा है।"

कल्प्यभूमि में भोजन पकाना निषिद्ध— उस समय साधारण जन सङ्घ द्वारा उस निर्णीत कल्प्यभूमि में ही यवागू (खिचड़ी), भात, सूप, मांस पकाते थे, लकडियाँ फाड़ते थे। रात्रि में बहुत सबेरे उठकर भगवान् वह उच्च महान् एवं कौओं के काँव-काँव की तरह शब्द का सुना। सुनकर आयुष्मान् आनन्द को बुलाया, पूछा—"यह कौओ की तरह काँव-काँव कौन कर रहे है?" "भन्ते! इस समय लोग उसी सङ्घ द्वरा निर्णीत भूमि में यवागू आदि पका रहे हैं। उन्हीं का यह कोलाहल है।"

"भिक्षुओ! निर्णीत कल्प्यभूमि में भोजन नहीं खाना पकाना चाहिये। जो खाये उसे 'दुष्कृत'

तेन खो पन समयेन आयस्मा यसोजो गिलानो होति। तस्सत्थाय भेसज्जानि आहरीयन्ति। तानि भिक्खू बहि वासेन्ति। उक्कपिण्डका पि खादन्ति, चोरा पि हरन्ति। [B.337] भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, सम्मुतिं कप्पियभूमिं परिभुञ्जितुं। अनुजानामि, भिक्खवे, चतस्सो कप्पियभूमियो**—[R.240] **उस्सावनन्तिकं, गोनिसादिकं, गहपतिं, सम्मुतिं** ति॥

सीहभाणवारो निट्ठितो चतुत्थो॥

२१. मेण्डकगहपतिवत्थु

३७. तेन खो पन समयेन भद्दियनगरे मेण्डको गहपति पटिवसति। तस्स एवरूपो इद्धानुभावो होति—सीसं नहायित्वा धञ्ञागारं सम्मज्जापेत्वा बहिद्वारे निसीदति, अन्तलिक्खा धञ्ञस्स धारा ओपतित्वा धञ्ञागारं पूरेति। भरियाय एवरूपो इद्धानुभावो होति—एकञ्ञेव आळ्हकथालिकं उपनिसीदित्वा एकं च सूपव्यञ्जनकं दासकम्मकरपोरिसं भत्तेन [N.255] परिविसति, न ताव तं खिय्यति याव सा न वुट्ठाति। पुत्तस्स एवरूपो इद्धानुभावो होति—एकं येव सहस्सथविकं गहेत्वा दासकम्मकरपोरिसस्स छम्मासिकं वेतनं देति, न ताव तं खिय्यति यावस्स हत्थगता। सुणिसाय एवरूपो इद्धानुभावो होति—एकं येव चतुदोणिकं पिटकं उपनिसीदित्वा दासकम्मकरपोरिसस्स छम्मासिकं भत्तं देति, न ताव तं खिय्यति

दोष लगे। अनुमति देता हूँ तीन प्रकार की कल्प्यभूमियाँ बनाने की—१. खम्भों पर उठी हुई, २. गौओं के लिये एवं ३. गृहस्थों के लिये।

चतुर्विध कल्प्यभूमियाँ— उस समय आयुष्मान् यशोज रोगाक्रान्त थे। उनके लिये ओषधियाँ लायी गयीं थीं। उन्हें भिक्षु बाहर ही रखते थे। अतः उन्हें चूहे आदि भी खा जाते या चोर भी चुरा ले जाते थे। भगवान् से यह बात कही गयी तो उन्होंने आज्ञा दी—"**भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ निर्णीत कल्प्यभूमि के उपयोग की भी। भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ चार प्रकार की कल्प्यभूमियाँ बनाने की—१. खम्भों पर उठी हुई, २. गायों के बैठने की, ३. गृहस्थों के ठहरने की एवं ४. निर्णीत कल्प्यभूमि॥**

सिंहभाणवार चतुर्थ समाप्त॥

२१. मेण्डकगृहपतिवस्तु

३७. उस समय भद्दिय (भद्रिका) नगर में मेण्डक नामक गृहपति (वैश्य) रहता था। उसके पास (पूर्व पुण्य प्रभाव से) ऐसा ऋद्धिबल था कि वह प्रातःकाल शिरः स्नान कर धान्यागार में सफाई (झाड़ू–बुहारू) करवाकर बाहर दरवाजे पर बैठ जाता था। तब आकाश से धान्य की इतनी वर्षा होती थी कि उस का पूरा धान्यागार धान्य से भर जाता था। इसी तरह उसी भार्या के पास ऐसा दिव्य बल था कि वह एक आढक (चार प्रस्थ) भर चावल की हाँड़ी एवं एक बर्तन में दाल पकाकर दास, दासी, कर्मकर सभी पुरुषों को पेट भर खिला देती थी। वह दाल–भात तब तक समाप्त नहीं होता था जब तक वह भण्डार से बाहर नहीं निकलती थी। उसके पुत्र का ऐसा ऋद्धिबल था कि वह थैली में एक हजार मुद्राएँ लेकर बैठता था; परन्तु अपने दास–दासी–कर्मकर आदि को छह छह मास का वेतन दे देता था, फिर भी उस थैली की मुद्राएँ तब तक समाप्त नहीं होती थी जब तक वह उस थैली को अपने हाथ से भूमि पर न रख दे। उसकी पुत्रवधू के पास भी ऐसा ऋद्धिबल था कि वह एक द्रोण के एक बडे टोकरे में धान भरकर दास–दासी कर्मकारों को उनके खाने के लिये छह मास तक न समाप्त होने वाला धान बाँट देती थी तो भी उस टोकरे का धान तब तक समाप्त नहीं होता था जब

याव सा न वुट्ठाति। दासस्स एवरूपो इद्धानुभावो होति—एकेन नङ्गलेन कसन्तस्स सत्त सीतायो गच्छन्ति।

३८. अस्सोसि खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो—"अम्हाकं किर विजिते भद्दियनगरे मेण्डको गहपति पटिवसति। तस्स एवरूपो इद्धानुभावो—सीसं नहायित्वा धञ्ञागारं सम्मज्जापेत्वा बहिद्वारे निसीदति, अन्तलिक्खा धञ्ञस्स धारा ओपतित्वा धञ्ञागारं पूरेति। भरियाय एवरूपो इद्धानुभावो—एकं येव आळ्हकथालिकं उपनिसीदित्वा एकं च सूपव्यञ्जनकं दासकम्मकरपोरिसं भत्तेन परिविसति, न ताव तं खिय्यति याव सा न वुट्ठति। पुत्तस्स एवरूपो इद्धानुभावो—एकं येव सहस्सथविकं गहेत्वा दासकम्मकरपोसिस्स [B.338] छम्मासिकं वेतनं देति, न ताव तं खिय्यति यावस्स हत्थगता। सुणिसाय एवरूपो इद्धानुभावो—एकं येव चतुदोणिकं पिटकं उपनिसीदित्वा दासकम्मकरपोरिसस्स छम्मासिकं भत्तं देति, न ताव तं खिय्यति याव सा न वुट्ठाति। दासस्स एवरूपो इद्धानुभावो—एकेन नङ्गलेन कसन्तस्स सत्त सीतायो गच्छन्ती" ति। अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो अञ्ञतरं सब्बत्थकं महामत्तं आमन्तेसि—"अम्हाकं किर, भणे, विजिते भद्दियनगरे मेण्डको [R.241] गहपति पटिवसति। तस्स एवरूपो इद्धानुभावो—सीसं नहायित्वा धञ्ञागारं सम्मपज्जापेत्वा बहिद्वारे निसीदति, अन्तलिक्खा धञ्ञस्स धारा ओपतित्वा धञ्ञागारं पूरेति। भरियाय....पे०.....पुत्तस्स....पे०.... सुणिसाय.... पे०......दासस्स....पे०....गच्छ, भणे, जानाहि। यथा मया सामं दिट्ठो, एवं तव दिट्ठो भविस्सती" ति।

३९. "एवं, देवा" ति खो सो महामत्तो रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स पटिस्सुणित्वा चतुरङ्गिनिया सेनाय येन भद्दियं तेन पायासि। अनुपुब्बेन येन भद्दियं येन मेण्डको गहपति तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा मेण्डकं गहपतिं एतदवोच—"अहं हि, गहपति, रञ्ञा आणत्तो 'अम्हाकं किर, भणे, विजिते भद्दियनगरे मेण्डको गहपति पटिवसति तस्स एवरूपो इद्धानुभावो....पे०.....भरियाय....पे०....पुत्तस्स....पे०....सुणिसाय....पे०....दासस्स ....पे०...."गच्छ, भणे, जानाहि। यथा मया सामं दिट्ठो, एवं तव दिट्ठो भविस्सती' ति। पस्साम ते, गहपति, इद्धानुभावं" ति।

तक वह उसे छोड़कर वहाँ से उठ न जाती थी। उसके हलवाहे का भी ऐसा दिव्य प्रभाव था कि वह एक हल की जुताई में सात-सात हलाई (सीताएँ) निकाल देता था।

राजा बिम्बिसार द्वारा परीक्षा— ३८. राजा मागध श्रेणिय बिम्बिसार ने जब सुना कि उसके द्वारा शासित भद्दिय नगर में मेण्डक गृहपति रहता है। उसके पास ऐसा ऋद्धिबल है कि....पूर्ववत्....सात-सात हलाइयाँ निकाल देता है, तब...बिम्बिसार ने एक सर्वार्थक महामात्य को बुलाकर कर आज्ञा दी—"भाई! हमारे राज्य के भद्दिय नगर में मेण्डक गृहपति रहता है। उस का ऐसा ऋद्धिबल है कि....पूर्ववत् ...हलाइयाँ निकाल देता है। तुम जाओ सत्यता का पता लगाओ। तुम्हारा देखा हुआ मैं अपने देखे हुए जैसा ही मानूँगा।"

३९. "अच्छा, देव!" यों वह महामात्य राजा को उत्तर देकर चतुरङ्गिणी सेना के साथ क्रमशः भद्दियनगर में मेण्डक गृहपति के घर पहुँचा। पहुँचकर वह मेण्डक गृहपति को यों बोला— "गृहपति! मुझे राजा बिम्बिसार ने आज्ञा दी है—"जाओ, देखो! हमारे राज्य के अन्तर्गत भद्दिय नगर

अथ खो मेण्डको गहपति सीसं नहायित्वा धञ्ञागारं सम्मपज्जापेत्वा बहिद्वारे [N.256] निसीदि, अन्तलिक्खा धञ्ञस्स धारा ओपतित्वा धञ्ञागारं पूरेसि। ''दिट्ठो ते, गहपति, इद्धानुभावो। भरियाय ते इद्धानुभावं पस्सिस्सामा'' ति।

अथ खो मेण्डको गहपति भरियं आणापेसि—''तेन हि चतुरङ्गिनिं सेनं भत्तेन परिविसा'' ति। अथ खो मेण्डकस्स गहपतिस्स भरिया एकं येव आळ्हकथालिकं उपनिसीदित्वा एकं च सूपव्यञ्जनकं चतुरङ्गिनिं सेनं भत्तेन परिविसि, न ताव तं खीयि याव सा न वुट्ठासि। ''दिट्ठो ते, गहपति, भरियाय पि इद्धानुभावो। पुत्तस्स ते इद्धानुभावं पस्सिस्सामा'' ति।

अथ खो मेण्डको गहपति पुत्तं आणापेसि—''तेन हि चतुरङ्गिनिया सेनाय छम्मासिकं वेतनं देही'' ति। अथ खो मेण्डकस्स गहपतिस्स पुत्तो एकं येव सहस्सथविकं गहेत्वा[B.339] चतुरङ्गिनिया सेनाय छम्मासिकं वेतनं अदासि, न ताव तं खीयि यावस्स हत्थगता। ''दिट्ठो ते, गहपति, पुत्तस्स पि इद्धानुभावो। सुणिसाय ते इद्धानुभावं पस्सिस्सामा'' ति।

अथ खो मेण्डको गहपति सुणिसं आणापेसि—''तेन हि चतुरङ्गिनिया सेनाय छम्मासिकं भत्तं देही'' ति। अथ खो मेण्डकस्स गहपतिस्स सुणिसा एकं येव चतुदोणिकं पिटकं उपनिसीदित्वा चतुरङ्गिनिया सेनाय छम्मासिकं भत्तं अदासि, न ताव तं खीयि याव सा न वुट्ठासि। ''दिट्ठो ते, गहपति, सुणिसाय पि इद्धानुभावो। दासस्स ते इद्धानुभावं पस्सिस्सामा'' ति।

''मय्हं खो, सामि, दासस्स इद्धानुभावो खेत्ते पस्सितब्बो'' ति। ''अलं, गहपति,

---

में मेण्डक गृहपति रहता है।....पूर्ववत्....तुम्हारा देखा मैं अपने देखे के समान ही समझूँगा। तो गृहपति! हम तुम्हारा वह दिव्यानुभाव देखना चाहते हैं।''

तब मेण्डक गृहपति शीर्षस्नान करके धान्य भाण्डागार को साफ करवा कर द्वार पर बैठा तो आकाश से धान्य की वर्षा होने लगी और भाण्डागार धान्य से भर गया। (यह देखकर सर्वार्थक महामात्य बोला—) ''गृहपति! तुम्हारा ऋद्धिबल देख लिया, अब आप की धर्मपत्नी का ऋद्धिबल देखना चाहते हैं''।

तब मेण्डक गृहपति ने अपनी पत्नी को आज्ञा दी—''देवि! महामात्य की चतुरङ्गिणी सेना को भोजन कराओ।'' तब मेण्डक गृहपति की पत्नी ने एक आढक भर चावल एक हाँड़ी में पकाया एक बर्तन भर दाल पकायी। चतुरङ्गिणी सेना को भोजन परोसा गया । वह तब तक भण्डार मे बैठी रही, जब तक चतुरङ्गिणी सेना भोजन कर तृप्त न हो गयी।

.....तब गृहपति ने पुत्र को आज्ञा दी—''तूँ इस चतुरङ्गिणी सेना को छह मास का वेतन दे।'' यह सुनकर गृहपतिपुत्र एक थैली में एक सहस्रमुद्रा भर कर बैठ गया और उसी से समग्र चतुरङ्गिणी सेना के सिपाहियों को छह मास का वेतन बाँट दिया। वह थैली जब तक उसके हाथ में रही उसमें मुद्रा कम नहीं हुई।

....गृहपति ने पुत्रवधू को आज्ञा दी उसने एक टोकरा भर कर उसी से समग्र चतुरङ्गिणी सेना को छह मास तक का धान बाँट दिया तो भी उस टोकरे का धान समाप्त नहीं हुआ।

....गृहपति ने अपने दास को अपना दिव्यबल दिखाने की आज्ञा दी तो उसने खेत में जाकर

दिट्ठो ते दासस्स पि इद्धानुभावो'' ति। अथ खो सा महामत्तो चतुरङ्गिनिया सेनाय पुनदेव राजगहं पच्चागच्छि। येन राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स एतमत्थं आरोचेसि।

[R.242] ४०. अथ खो भगवा वेसालियं यथाभिरन्तं विहरित्वा येन भद्दियं तेन चारिकं पक्कामि महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं अड्ढतेलसेहि भिक्खुसतेहि। अथ खो भगवा अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन भद्दियं तदवसरि। तत्र सुदं भगवा भद्दिये विहरति जातिया वने। अस्सोसि खो मेण्डको गहपति—''समणो खलु भो गोतमो सक्यपुत्तो सक्यकुला पब्बजितो भद्दियं अनुप्पत्तो भद्दिये विहरति जातिया वने। तं खो पन भगवन्तं गोतमं एवं-कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो—इति पि सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो विज्जाचरणसम्पन्नो सुगतो लोकविदू अनुत्तरो पुरिसदम्मसारथी सत्था देवमनुस्सानं बुद्धो भगवा' ति। सो इमं लोकं सदेवकं समारकं सब्रह्मकं सस्समणब्राह्मणिं पजं सदेवमनुस्सं सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा पवेदेति। सो धम्मं देसेति आदिकल्याणं मज्झेकल्याणं परियोसानकल्याणं सात्थं सब्यञ्जनं केवलपरिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं पकासेति। साधु खो पन तथारूपानं अरहतं दस्सनं होती'' ति।

[B.340] अथ खो मेण्डको गहपति भद्रानि भद्रानि यानानि योजापेत्वा भद्रं भद्रं यानं अभिरुहित्वा भद्रेहि भद्रेहि यानेहि भद्दिया निय्यासि भगवन्तं दस्सनाय। अद्दसंसु खो सम्बहुला तित्थिया मेण्डकं गहपतिं दूरतो व आगच्छन्तं, दिस्वान मेण्डकं गहपतिं एतदवोचुं—[N.257] ''कहं त्वं, गहपति, गच्छसी'' ति? '' गच्छामहं, भन्ते, समणं गोतमं दस्सनाया''

दिव्य बल दिखाने को कहा। तब सर्वार्थक अमात्य ने कहा—''रहने दो, गृहपति! तुम्हारे दास का भी (सात हलाइयों वाला) दिव्य बल देखा हुआ ही समझ लेता हूँ।'' तब वह महामात्य अपनी चतुरङ्गिणी सेना के साथ पुनः राजगृह लौट आया। और राजा श्रेणिय बिम्बिसार के पास जाकर उन्हें समग्र घटना सुनायी।

४० उधर भगवान् (बुद्ध) भी वैशाली में धर्मसाधनाहेतु यथाभीष्ट ठहरकर, साढ़े बारह सौ भिक्षुओं के सङ्घ के साथ भद्दिया (वर्तमान में बिहार में मुंगेर नगर) के लिये चारिका हेतु चल दिये। क्रमशः चारिका करते हुए वे भद्दिया में पहुँचे। वे वहाँ जातिकावन में जाकर साधनाहेतु विराजे। जब मेण्डक गृहपति ने सुना—''शाक्यकुल से प्रव्रजित शाक्यपुत्र श्रमण गौतम भद्दिया में पधारे हैं और जातियावन में विराजमान हैं। उन भगवान् गौतम का ऐसा कीर्ति—शब्द (यशोगान) चारों तरफ फैला हुआ है—'वे भगवान् अर्हत्, सम्यक्सम्बुद्ध विद्या एवं आचरण से युक्त, सुगत, लोकविद्, सर्वश्रेष्ठ, पुरुषों के दमनसारथि (अनुशासक), देव—मनुष्यों के उपदेशक, बुद्ध भगवान् हैं।' वे देव—मार एवं ब्रह्मा सहित इस लोक को, श्रमण—ब्राह्मण सहित एवं देव—मनुष्यसहित इस प्रजा को पहले स्वयं साक्षात्कार कर धर्म का उपदेश करते हैं तथा केवल (एकान्ततः) परिपूर्ण, परिशुद्ध ब्रह्मचर्य (धर्मसाधना) का प्रकाश करते हैं। ऐसे अर्हतों (ज्ञानियों) का दर्शन अत्युत्तम होता है।

तब मेण्डक गृहपति, अच्छे अच्छे रथ जुतवा कर, एक उत्तम रथ पर आरूढ़ हो, अच्छे—अच्छे रथों से घिरा हुआ भगवद्दर्शन हेतु भद्दिया नगरी से निकला। उस समय अन्य सम्प्रदाय के कई साधुओं ने दूर से ही आते हुए देख लिया। देखकर उसे रोककर पूछा—''गृहपति! इस समय तुम कहाँ

ति। "किं पन त्वं, गहपति, किरियवादो समानो अकिरियवादं समणं गोतमं दस्सनाय उपसङ्कमिस्सति? समणो हि, गहपति, गोतमो अकिरियवादो अकिरियाय धम्मं देसेति, तेन च सावके विनेती" ति। अथ खो मेण्डकस्स गहपतिस्स एतदहोसि—"निस्संसयं, खो सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो भविस्सति, यथयिमे तित्थिया उसूयन्ती" ति। यावतिका यानस्स भूमि, यानेन गन्त्वा याना पच्चोरोहित्वा पत्तिको व येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नस्स खो मेण्डकस्स गहपतिस्स भगवा अनुपुब्बिं कथं कथेसि, सेय्यथिदं—दानकथं.....पे०....अपरप्पच्चयो सत्थुसासने भगवन्तं एतदवोच—"अभिक्कन्तं, भन्ते....पे०....उपासकं मं भगवा धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं ति। अधिवासेतु च मे, भन्ते, भगवा स्वातनाय भत्तं [R.243] सद्धिं भिक्खुसङ्घेना" ति। अधिवासेसि भगवा तुण्हीभावेन। अथ खो मेण्डको गहपति भगवतो अधिवासनं विदित्वा उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि।

अथ खो मेण्डको गहपति तस्सा रत्तिया अच्चयेन पणीतं खादनीयं भोजनीयं पटिया-दापेत्वा भगवतो कालं आरोचापेसि— "कालो, भन्ते, निट्ठितं भत्तं" ति। अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीरमादाय येन मेण्डकस्स गहपतिस्स निवेसनं तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि सद्धिं भिक्खुसङ्घेन। अथ खो मेण्डकस्स गहपतिस्स भरिया च पुत्तो च सुणिसा च दासो च येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। तेसं भगवा अनुपुब्बि कथं कथेसि, सेय्यथिदं—दानकथं... पे०....अपरप्पच्चया सत्थुसासने भगवन्तं एतदवोचुं—"अभिक्कन्तं, भन्ते....पे०....एते मयं, भन्ते, भगवन्तं सरणं गच्छाम धम्मं च भिक्खुसङ्घं च। उपासके नो भगवा धारेतु अज्जतग्गे

जा रहे हो?" "श्रमण गौतम के दर्शन हेतु जा रहा हूँ।" "अरे गृहपति! तुम क्रियावादी होकर भी उस अक्रियावादी श्रमण गौतम के पास जा रहे हो? गृहपति! श्रमण गौतम तो अक्रियावादी है और अपने शिष्यों को भी अक्रियावाद के लिये प्रेरित करता है।" यह सुनकर मेण्डक गृहपति को विचार हुआ—"अवश्य ही वे भगवान् सम्यक्सम्बुद्ध होंगे; क्योंकि ये लोग उनसे ईर्ष्यावश उनकी निन्दा कर रहे हैं।" (तब वह उनकी बातों पर ध्यान न देता हुआ) जितना मार्गयान से जा सकने योग्य था उस पर यान से गया। बाकी मार्ग उसने यान से उतर कर पैदल चलकर ही पूर्ण किया और भगवान् के सम्मुख पहुँचा, पहुँचकर प्रणाम कर एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे मेण्डक गृहपति को भगवान् ने आनुपूर्वी कथा कहना प्रारम्भ किया; जैसे दानकथा....शास्ता के उपदेशों पर एकान्ततः श्रद्धा प्रकट करते हुए भगवान् से बोला—"आश्चर्य है, भन्ते!....शरणागत उपासक समझें। भन्ते! भगवान् भिक्षुसङ्घसहित कल मेरे घर पर भोजन स्वीकार करें।" भगवान् ने मौनभाव से स्वीकृत कर लिया। तब मेण्डक गृहपति भगवान् की स्वीकृति जानकर आसन से उठ कर भगवान् को प्रणाम प्रदक्षिणा कर अपने घर को चल दिया।

मेण्डक गृहपति ने, उस रात्रि के बीत जाने पर, अपने घर पर उत्तम उत्तम खाद्य–भोज्य पदार्थ बनवाकर भगवान् को सूचित कराया—"भन्ते! भोजन का समय हो गया है, आप जैसा उचित समझें। तब भगवान् पूर्वाह्न में वस्त्र पहनकर, पात्र–चीवर साथ में लेकर, मेण्डक गृहपति के घर पहुँचे। पहुँचकर बिछे आसन पर विराजे। तब मेण्डक गृहपति, उसकी भार्या, पुत्र, पुत्रवधू तथा दास सभी भगवान् के पास आये। आकर उन्हें प्रणाम कर एक तरफ बैठे। भगवान् ने आनुपूर्वी धर्मकथा

पाणुपेते सरणं गते" ति। अथ खो मेण्डको गहपति बुद्धप्पमुखं भिक्खुसङ्घं पणीतेन [B.341] खादनीयेन भोजनीयेन सहत्था सन्तप्पेत्वा सम्पवारेत्वा भगवन्तं भुत्ताविं ओनीतपत्तपाणिं एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो मेण्डको गहपति भगवन्तं एतदवोच—"याव, भन्ते, भगवा भद्दिये विहरति ताव अहं बुद्धप्पमुखस्स भिक्खुसङ्घस्स धुवभत्तेना" ति। अथ खो भगवा मेण्डकं गहपतिं धम्मिया कथाय सन्दस्सेत्वा समादपेत्वा समुत्तेजेत्वा सम्पहंसेत्वा उट्ठायासना पक्कामि।

२२. पञ्चगोरसादिअनुजानना

४१. अथ खो भगवा भद्दिये यथाभिरन्तं विहरित्वा मेण्डकं गहपतिं अनापुच्छा येन अङ्गुत्तरापो तेन चारिकं पक्कामि महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं अड्ढतेलसेहि भिक्खुसतेहि। अस्सोसि खो मेण्डको गहपति—"भगवा किर येन अङ्गुत्तरापो तेन चारिकं पक्कन्तो महता [N.258] भिक्खुसङ्घेन सद्धिं अड्ढतेलसेहि भिक्खुसतेही" ति। अथ खो मेण्डको गहपति दासे च कम्मकरे च आणापेसि—"तेन हि, भणे, बहुं लोणं ति, तेलं पि, तण्डुलं पि, खादनीयं पि सकटेसु आरोपेत्वा आगच्छथ, अड्ढतेलसानि च गोपालकसतानि अड्ढतेलसानि च धेनुसतानि आदाय आगच्छन्तु, यत्थ भगवन्तं पस्सिस्साम तत्थ धारुण्हेन खीरेन भोजस्सामा" ति। अथ को मेण्डको गहपति भगवन्तं अन्तरामग्गे कन्तारे सम्भावेसि। अथ [R.244] खो मेण्डको गहपति येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो मेण्डको गहपति भगवन्तं एतदवोच—"अधिवासेतु मे, भन्ते, भगवा स्वातनाय भत्तं सद्धिं भिक्खुसङ्घेना" ति। अधिवासेसि भगवा तुण्हीभावेन। अथ खो मेण्डको गहपति भगवतो अधिवासनं विदित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि।

सुनायी ..हम सबको आज से अपना शरणागत उपासक समझे। तब मेण्डक गृहपति ने भिक्षुसङ्घसहित भगवान् को अपने हाथ से उत्तम उत्तम खाद्य परोसते हुए सन्तृप्त एवं सन्तुष्ट किया। अन्त में पात्र से हाथ हटाया हुआ देखकर एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे मेण्डक गृहपति ने भगवान् से निवेदन किया—"भन्ते! भगवान् जब तक भद्दिया नगर में विराजें तब तक भिक्षुसङ्घसहित मेरे घर पर ही भोजन ग्रहण करें।" एतदनन्तर भगवान् मेण्डक गृहपति को धार्मिक कथाओं से धर्म के प्रति समुत्तेजित सम्प्रहर्षित कर आसन से उठकर (आश्रम की तरफ) चल दिये।

२२. पाँच गोरस आदि की अनुज्ञा

४१. तब भगवान् भद्दिया में इच्छानुसार साधना करते हुए, मेण्डक गृहपति को विना पूछे ही, साढे बारह सौ भिक्षुओं के सङ्घ के साथ अङ्गुत्तराप (मुँगेर जिले में गङ्गा नदी के उत्तर वाला भाग) की तरफ चारिका हेतु चल पड़े। जब मेण्डक गृहपति ने यह बात सुनी कि भगवान्.....चले गये तो उसने अपने दास-दासियों को आज्ञा दी—"भणे! तुम लोग बहुत सा नमक, तैल, मधु, तण्डुल और खाद्य पदार्थ गाडियों पर लादकर लाओ। साथ ही साढ़े बारह सौ ग्वाले भी साढ़े बारह सौ दूध देने वाली गौओं के साथ लेकर आवें। रास्ते में जहाँ हम भगवान् को देखेंगे वहाँ हम उन्हें धारोष्ण दुग्ध (स्तनों से तत्काल निकला हुआ दूध) के साथ भोजन करायेंगे।" इन सबके साथ चलते हुए मेण्डक गृहपति ने रास्ते मे एक जङ्गल में भगवान् को पाया। जहाँ भगवान् थे वहाँ गया। जाकर भगवान् को

अथ खो मेण्डको गहपति तस्सा रत्तिया अच्चयेन पणीतं खादनीयं भोजनीयं पटियादापेत्वा भगवतो कालं आरोचापेसि—"कालो, भन्ते, निट्ठितं भत्तं" ति। अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन मेण्डकस्स गहपतिस्स परिवेसना तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि सद्धिं भिक्खुसङ्घेन। अथ खो [B.342] मेण्डको गहपति अड्ढतेलसानि गोपालकसतानि आणापेसि—"तेन हि, भणे, एकमेकं धेनुं गहेत्वा एकमेकस्स भिक्खुनो उपतिट्ठथ धारुण्हेन खीरेन भोजस्सामा" ति। अथ खो मेण्डको गहपति बुद्धप्पमुखं भिक्खुसङ्घं पणीतेन खादनीयेन भोजनीयेन सहत्था सन्तप्पेसि सम्पवारेसि, धारुण्हेन च खीरेन। भिक्खू कुक्कुच्चायन्ता खीरं न पटिग्गण्हन्ति। "पटिग्गण्हथ, भिक्खवे, परिभुञ्जथा" ति। अथ खो मेण्डको गहपति बुद्धप्पमुखं भिक्खुसङ्घं पणीतेन खादनीयेन भोजनीयेन सहत्था सन्तप्पेत्वा सम्पवारेत्वा धारुण्हेन च खीरेन भगवन्तं भुत्ताविं ओनीतपत्तपाणिं एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो मेण्डको गहपति भगवन्तं एतदवोच—"सन्ति, भन्ते, मग्गा कन्तारा, अप्पोदका अप्पभक्खा, न सुकरा अपाथेय्येन गन्तुं। साधु, भन्ते, भगवा भिक्खूनं पाथेय्यं अनुजानातू" ति।

अथ खो भगवा मेण्डकं गहपतिं धम्मिया कथाय सन्दस्सेत्वा समादपेत्वा समुत्तेजेत्वा सम्पहंसेत्वा उट्ठायासना पक्कामि। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**अनुजानामि, भिक्खवे, पञ्च गोरसे—खीरं, दधिं, तक्कं, नवनीतं, सप्पिं।**

प्रणाम कर एक तरफ खडा हो गया। एक तरफ खड़े उसने भगवान् से निवेदन किया--"भन्ते! भगवान् कल का भोजन मेरे यहाँ स्वीकार करें। भगवान् ने मौन भाव से स्वीकार किया।....गृहपति चला गया।

तब मेण्डक गृहपति ने उस रात्रि के बीत जाने पर उत्तम उत्तम खाद्य–भोज्य पदार्थ बनवा कर भगवान् को भोजनकाल की सूचना दी कि भन्ते! भोजनकाल हो गया है, जैसा आप उचित समझें। तब भगवान् पूर्वाह्ण मे वस्त्र पहनकर.....बिछे आसन पर विराजे। तब मेण्डक गृहपति ने साढ़े बारह सौ गोपालकों को आदेश दिया—"भाइयो! आप लोग एक एक गौ लेकर एक एक भिक्षु के पास खड़े हो जाओ। हम धारोष्ण दुग्ध से इन्हें भोजन करायेंगे।" तब मेण्डक गृहपति ने सङ्घसहित भगवान् को अपने हाथ से उत्तम उत्तम खाद्य–भोज्य पदार्थ परोसते हुए सन्तृप्त एवं सन्तुष्ट किया। परन्तु भिक्षु उस धारोष्ण दुग्ध को स्वीकार करने में ननु–नच (सङ्कोच=आनाकानी) कर रहे थे। तब भगवान् ने आदेश दिया--"ग्रहण करो भिक्षुओ! इसका परिभोग करो।" यों, मेण्डक गृहपति सङ्घसहित भगवान् को अपने हाथ से धारोष्ण दुग्ध पिलाते हुए सन्तृप्त कर, अन्त मे सबको सन्तुष्ट हुआ जानकर एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे मेण्डक गृहपति ने भगवान् से निवेदन किया—"भन्ते! चारिका के समय मार्ग में ऐसे ऐसे बीहड़ जङ्गल भी मिल जाते हैं, वहाँ पाथेय के विना चलना सरल नहीं है। अच्छा हो, भन्ते! भगवान् पाथेय की अनुज्ञा दे दें।"

तब भगवान् मेण्डक गृहपति को धर्मोपदेश कर, आसन से उठकर चल पड़े।

(मार्ग में) भगवान् ने भिक्षुओं को इस प्रकरण में धर्मप्रवचन करते हुए उपदेश किया— **"भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ दूध या दूध से बनी पाँच चीजों के , जैसे–दूध, दही, तक्र (छाछ), नवनीत एवं घृत के उपयोग की।"**

सन्ति, भिक्खवे, मग्गा कन्तारा अप्पोदका अप्पभक्खा, न सुकरा अपाथेय्येन गन्तुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, पाथेय्यं परियेसितुं तण्डुलो तण्डुलत्थिकेन, मुग्गो मुग्गत्थिकेन, मासो मासत्थिकेन, लोणं लोणत्थिकेन, गुळो गुळत्थिकेन,** [R.245] **तेलं तेलत्थिकेन, सप्पि सप्पित्थिकेन।**

[N.259] सन्ति, भिक्खवे, मनुस्सा, सद्धा पसन्ना, ते कप्पिय वारकानं हत्थे हिरञ्ञं उपनिक्खिपन्ति–'इमिना अय्यस्स यं कप्पियं तं देथा' ति। **अनुजानामि, भिक्खवे, यं ततो कप्पियं तं सादितुं; न त्वेवाहं, भिक्खवे, केनचि परियायेन जातरूपरजतं सादितब्बं परियेसितब्बं ति वदामी**'' ति।

२३. केणियजटिलवत्थु

४२. अथ खो भगवा अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन आपणं तदवसरि। अस्सोसि खो केणियो जटिलो–''समणो खलु भो गोतमो सक्यपुत्तो सक्यकुला पब्बजितो आपणं अनुप्पत्तो, तं खो पन भवन्तं गोतमं एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो.....पे०.....साधु [B.343] खो पन तथारूपानं अरहतं दस्सनं होती'' ति। अथ खो केणियस्स जटिलस्स एतदहोसि–''किं नु खो अहं समणस्स गोतमस्स हरापेय्यं'' ति। अथ खो केणियस्स जटिलस्स एतदहोसि–''ये पि खो ते ब्राह्मणानं पुब्बका इसयो मन्तानं कत्तारो मन्तानं पवत्तारो, येसमिदं एतरहि ब्राह्मणा पोराणं मन्तपदं गीतं पवुत्तं समिहितं, तदनुगायन्ति

पाथेय का विधान– ''भिक्षुओ! किसी किसी जङ्गल में मार्ग इतने बीहड एवं दुर्गम होते हैं कि उनको पार करना सुगम नहीं होता; क्योंकि वहाँ बीच में न जल मिलता है न भोजन। **अतः ऐसे मार्गों में चारिका करते समय भिक्षुओं को अपने साथ पाथेय (रास्ते में खाने योग्य सरल भोज्य वस्तु) रखने की अनुमति देता हूँ। भिक्षुओ! चावल खाने वाला भिक्षु चावल का, मूँग खाने वाला मूँग का, उडद खाने वाला उड़द का, नमकीन खाने वाला नमकीन का, गुड खाने वाला गुड़ का, तैल चाहने वाला तैल का, घी चाहने वाला घी का पाथेय उपयोग में ला सकता है।**

''भिक्षुओ! कुछ श्रद्धालु उपासक ऐसे भी होते हैं जो भिक्षुओं के साथ चलने वाले कल्प्यकारकों को सोने के सिक्के इसलिये दे जाते हैं कि मार्ग में भिक्षुओं को, जिस खाद्य की आवश्यकता हो, खरीद कर दे देना। ऐसे अवसरों पर भिक्षुओं को उनसे खरीदवा कर खाद्य–भोज्य का उपयोग करना चाहिये।

इतने पर भी, **भिक्षुओं को इस बात की कभी अनुमति नहीं है कि इस कार्य के लिये वे स्वयं सोना–चान्दी अपने पास रखें।''**

२३. केणियजटिलवस्तु

४२. तब भगवान् क्रमशः चारिका करते हुए जहाँ आपण (छोटा बाजार=जहाँ साधारण उपयोग की वस्तुएँ व्यापारियो द्वारा विक्रय हेतु रखी जाती हैं। ऐसे गाँवो को विहार में आज भी 'बाजार' या 'बजरिया' कहते है) था वहाँ पहुँचे। वहाँ पहुँचने पर केणिय जटिल ने सुना–''शाक्यकुल से प्रव्रजित श्रमण गौतम शाक्यपुत्र आपण में पधारे हैं ... पूर्ववत् .. दर्शन अत्यन्त मङ्गलमय होता है।'' तब केणिय जटिल ने सोचा कि मैं श्रमण गौतम को भेंट में क्या ले चलूँ। तब केणिय जटिल के ध्यान में आया कि ये जो ब्राह्मणों के पूर्वज ऋषि हुए है, जो मन्त्रों के कर्ता भी थे, प्रवक्ता भी थे, साक्षात्कर्ता भी थे; आज के ब्राह्मण भी जिनके द्वारा कथित मन्त्रों का ही गायन, प्रवचन तथा समीक्षण करते हैं,

तदनुभासन्ति, भासितमनुभासन्ति, वाचितमनुवाचेन्ति, सेय्यथिदं—अट्ठको वामको वामदेवो वेस्सामित्तो यमतग्गि अङ्गीरसो भारद्वाजो वासेट्ठो कस्सपो भगु, रत्तूपरतो विरतो विकालभोजना, अरहति, समणो पि गोतमो एवरूपानि पानानि सादियितुं'' ति पहूतं पानं पटियादापेत्वा, काजेहि गाहापेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवता सद्धिं सम्मोदि, सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो केणियो जटिलो भगवन्तं एतदवोच—''पटिग्गण्हातु मे भवं गोतमो पानं'' ति। ''तेन हि, केणिय, भिक्खूनं देही'' ति। अथ खो केणियो जटिलो भिक्खूनं देति। भिक्खू कुक्कुच्चायन्ता न पटिग्गण्हन्ति। ''पटिग्गण्हथ, भिक्खवे, परिभुञ्जथा'' ति। अथ खो केणियो जटिलो बुद्धप्पमुखं भिक्खुसङ्घं पहूतेहि पानेहि सहत्था सन्तप्पेत्वा सम्पवारेत्वा भगवन्तं धोतहत्थं ओनीतपत्तपाणिं एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो केणियं जटिलं भगवा धम्मिया कथाय सन्दस्सेहि समादपेसि समुत्तेजेसि सम्पहंसेसि। [R.246]

अथ खो केणियो जटिलो भगवता धम्मिया कथाय सन्दस्सितो समादपितो समुत्तेजितो सम्पहंसितो भगवन्तं एतदवोच—''अधिवासेतु मे भवं गोतमो स्वातनाय भत्तं सद्धिं भिक्खुसङ्घेना'' ति। ''महा खो, केणिय, भिक्खुसङ्घो अड्ढतेलसानि भिक्खुसतानि, त्वं च ब्राह्मणेसु अभिप्पसन्नो'' ति। दुतियं पि खो केणियो जटिलो भगवन्तं एतदवोच—''किञ्चा पि खो, भो गोतम, महा भिक्खुसङ्घो अड्ढतेलसानि भिक्खुसतानि, अहं, च [N.260. B.344] ब्राह्मणेसु अभिप्पसन्नो, अधिवासेतु मे भवं गोतमो स्वातनाय भत्तं सद्धिं भिक्खुसङ्घेना'' ति। ''महा खो, केणिय, भिक्खुसङ्घो अड्ढतेलसानि भिक्खुसतानि, त्वं च ब्राह्मणेसु अभिप्पसन्नो'' ति। ततियं पि खो केणियो जटिलो भगवन्तं एतदवोच—''किञ्चा पि खो, भो गोतम, महा भिक्खुसङ्घो अड्ढतेलसानि भिक्खुसतानि, अहं च ब्राह्मणेसु अभिप्पसन्नो, अधिवासेतु भवं गोतमो स्वातनाय भत्तं सद्धिं भिक्खुसङ्घेना'' ति। अधिवासेसि

जैसे—अष्टक, वामक, वामदेव, विश्वामित्र, यमदग्नि, अङ्गीरस, भारद्वाज, वसिष्ठ, कश्यप, भृगु, ये सभी रात्रिभोजन से विरत रहते थे, विकाल भोजन भी नहीं करते थे, वे भी इस प्रकार का पान (पेय पदार्थ) ग्रहण करते थे। श्रमण गौतम भी रात्रिभोजन एवं विकाल भोजन से विरत रहते हैं, अतः वे भी यह पेयपदार्थ ग्रहण करना स्वीकार कर लेंगे। यह सोचकर वह जटिल अत्यधिक मात्रा में उक्त 'पान' तैयार करवा कर, बहँगी (काँवर) पर लदवा कर जहाँ भगवान् थे वहाँ पहुँचा। पहुँचकर भगवान् से कुशल मङ्गल पूछा। पूछकर एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे केणिय जटिल ने भगवान् से यों निवेदन किया—''श्रीमान् गौतम यह पेय पदार्थ स्वीकार करें।'' (भगवान् ने कहा—) 'तो, केणिय! (पहले) यह सब भिक्षुओ को दो।'' तब केणिय ने वह पेय पदार्थ भिक्षुओं को देना चाहा, परन्तु भिक्षुओं ने लेने में सङ्कोच किया। तब भगवान् ने आदेश दिया—''ले लो भिक्षुओ! इस का उपयोग करो।'' तब केणिय जटिल ने वह पेय पदार्थ समग्र भिक्षुसङ्घसहित भगवान् को अपने हाथों से नम्रतापूर्वक परोस कर पिलाया। भगवान् को पात्र से हाथ हटाया हुआ देखकर, उन्हें सन्तृप्त जानकर केणिय एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे केणिय जटिल को भगवान् ने अपने अनुपम धर्मप्रवचन से धर्म के प्रति समुत्तेजित...किया। तब केणिय जटिल ने भगवान् से निवेदन किया—''श्रीमान् गौतम कल का भोजन भिक्षुसङ्घ के साथ (मेरे यहाँ) स्वीकार करें।'' (भगवान् ने कहा—) ''जटिल! मेरे साथ साढ़े बारह सौ

भगवा तुण्हीभावेन। अथ खो केणियो जटिलो भगवतो अधिवासनं विदित्वा उट्ठायासना पक्कामि।

अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**अनुजानामि, भिक्खवे, अट्ठ पानानि—अम्बपानं जम्बुपानं चोचपानं मोचपानं मधुपानं मुद्दिकपानं सालुकपानं फारुसकपानं। अनुजानामि, भिक्खवे, सब्बं फलरसं ठपेत्वा धञ्ञफलरसं। अनुजानामि, भिक्खवे, सब्बं पत्तरसं ठपेत्वा डाकरसं। अनुजानामि, भिक्खवे, सब्बं पुप्फरसं ठपेत्वा मधुकपुप्फरसं। अनुजानामि, भिक्खवे, उच्छुरसं**" ति।

अथ खो केणियो जटिलो तस्सा रत्तिया अच्चयेन सके अस्समे पणीतं खादनीयं भोजनीयं पटियादापेत्वा भगवतो कालं आरोचापेसि—"कालो, भो गोतम, निट्ठितं भत्तं" ति। अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन केणियस्स जटिलस्स अस्समो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि सद्धिं भिक्खुसङ्घेन। अथ खो केणियो जटिलो बुद्धप्पमुखं भिक्खुसङ्घं पणीतेन खादनीयेन भोजनीयेन सहत्था सन्तप्पेत्वा सम्पवारेत्वा भगवन्तं भुत्ताविं ओनीतपत्तपाणिं एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो केणियं जटिलं भगवा इमाहि गाथाहि अनुमोदि—

"अग्गिहुत्तमुखा यञ्ञा सावित्ती छन्दसो मुखं।
राजा मुखं मनुस्सानं नदीनं सागरो मुखं॥
[R.247] नक्खत्तानं मुखं चन्दो आदिच्चो तपतं मुखं।
पुञ्ञं आकङ्खमानानं सङ्घो वे यजतं मुखं ति॥

की सङ्ख्या में बहुत बड़ा भिक्षुसङ्घ भी है, तथा तुम यहाँ के ब्राह्मणों के प्रति श्रद्धालु हो।" दूसरी बार भी .. जटिल ने कहा—"तो इससे क्या हुआ, भो गोतम! कि आपके साथ इतना बडा भिक्षुसङ्घ है, या मैं ब्राह्मणो में श्रद्धा रखता हूँ। आप कल का भोजन मेरे यहाँ स्वीकार करें।" दूसरी बार भी भगवान् ने कहा,...पूर्ववत्....। तीसरी बार भी । तब भगवान् ने केणिय जटिल का निमन्त्रण स्वीकार कर लिया। तब केणिय जटिल.. .चला गया। उसके जाने के बाद भगवान् ने भिक्षुओं को ... आदेश दिया— "**भिक्षुओ! इन आठ प्रकार के पान (पेय-पदार्थ) के उपयोग की अनुमति देता हूँ—आम, जामुन, चोच, केला (मोच), मधु, अंगूर, कोई की जड तथा फालसा का रस (पान)। अनुमति देता हूँ सभी फलरसों की; धान्य की फलियों के रस को छोडकर....केवल ढाक के पत्तों के रस को छोड़कर सभी प्रकार के पत्तों के रस की....महुआ के फूल के रस को छोड़कर सभी फूलों के रस की। अनुमति देता हूँ ईख के रस की।**

तब उस रात्रि के बीतने पर केणिय जटिल ने अपने आश्रम मे उत्तम उत्तम खाद्य, भोज्य तैयार करवा कर भगवान् को समय की सूचना दी। .तब भगवान् पूर्वाह्न में.. पूर्ववत्.. । केणिय जटिल के दान का भगवान् ने इन गाथाओं द्वारा अनुमोदन किया—

**"यज्ञों में प्रमुख है अग्निहोत्र, छन्दों में प्रमुख है सावित्री।
मनुष्यों में प्रमुख है राजा और नदियों में प्रमुख है सागर।।
नक्षत्रों में प्रमुख हैं चन्द्रमा और तपने वालों में प्रमुख है सूर्य।
पुण्याभिकांक्षियों में, यज्ञकर्ताओं के लिये सङ्घ को भोजन कराना प्रमुख है।।**

अथ खो भगवा केणियं जटिलं इमाहि गाथाहि अनुमोदित्वा उट्ठायासना पक्कामि।

२४. रोजमल्लवत्थु

[B.345] ४३. अथ खो भगवा आपणे यथाभिरन्तं विहरित्वा येन कुसिनारा तेन चारिकं पक्कामि महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं अड्ढतेळसेहि भिक्खुसतेहि। अस्सोसुं खो कोसिनारका मल्ला—"भगवा किर कुसिनारं आगच्छति महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं अड्ढतेलसेहि भिक्खुसतेही" ति। ते सङ्करं अकंसु—"यो भगवतो पच्चुग्गमनं न करिस्सति, पञ्चसतानिस्स दण्डो" ति। तेन खो पन समयेन रोजो मल्लो आयस्मतो आनन्दस्स सहायो होति। अथ खो भगवा अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन कुसिनारा तदवसरि। अथ खो कोसिनारका मल्ला भगवतो पच्चुग्गमनं अकंसु। अथ खो रोजो मल्लो भगवतो पच्चुग्गमनं करित्वा येनायस्मा आनन्दो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं आनन्दं अभिवादेत्वा एकमन्तं [N.261] अट्ठासि। एकमन्तं ठितं खो रोजं मल्लं आयस्मा आनन्दो एतदवोच—"उळारं खो ते इदं, आवुसो रोज, यं त्वं भगवतो पच्चुग्गमनं अकासी" ति। "नाहं, भन्ते आनन्द, बहुकतो बुद्धेन वा धम्मेन वा सङ्घेन वा; अपि च ञातीहि सङ्करो कतो—"यो भगवतो पच्चुग्गमनं न करिस्सति, पञ्चसतानिस्स दण्डो' ति; सो खो अहं, भन्ते आनन्द, ञातीनं दण्डभया एवाहं भगवतो पच्चुग्गमनं अकासिं" ति। अथ खो आयस्मा आनन्दो अनत्तमनो अहोसि—'कथं हि नाम रोजो मल्लो एवं वक्खती' ति? अथ खो आयस्मा आनन्दो येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—"अयं, भन्ते, रोजो मल्लो अभिञ्ञातो ञातमनुस्सो।

यों, भगवान् केणिय जटिल के दान का अनुमोदन कर आसन से उठकर चल दिये।

२४. रोजमल्लवस्तु

४३. तब भगवान् आपण में यथानुकूल विहार कर साढ़े बारह सौ भिक्षुओं को साथ लेकर कुसिनारा की तरफ चल पड़े। कुसीनारा के मल्लों ने जब सुना कि भगवान् साढ़े बारह सौ भिक्षुओं के सङ्घ के साथ कुसीनारा पधार रहे हैं, तो उन्होंने पञ्चायत करके नियम (सामूहिक निर्णय) बनाया—"जो भगवान् के आगमन पर उनके सम्मान (प्रत्युद्गमन) में नहीं पहुँचेगा उसे पाँच सौ (मुद्रा) दण्ड लगेगा।" उस समय रोज नामक मल्ल आयुष्मान् आनन्द का मित्र (भी वहाँ) था। भगवान् क्रमशः चारिका करते हुए कुसीनारा पधारे। कुसीनारा के मल्लों ने भगवान् के सम्मुख श्रद्धा से जाकर उनका सम्मान किया। रोज मल्ल भी भगवान् का प्रत्युद्गमन कर जहाँ आयुष्मान् आनन्द थे वहाँ गया। जाकर आयुष्मान् आनन्द को प्रणाम कर एक तरफ खड़ा हो गया। एक ओर खड़े रोज को आयुष्मान् आनन्द ने कहा—"आयुष्मन् रोज! यह तुम्हारा सौभाग्य है कि तुम इस तरह भगवान् का सम्मान करने आये हो। (रोज बोला—) "नहीं, भन्ते आनन्द! मैं यहाँ भगवान् के सम्मान में नहीं आया। मुझे तो ज्ञातिजनों के सर्वसम्मत निर्णय के कारण यहाँ आना पडा; क्योंकि उनका निर्णय था कि जो भगवान् के सम्मान में नहीं जायगा उसे पाँच सौ (मुद्रा) दण्ड देना पड़ेगा। इस दण्ड के भय से ही मुझे इस सम्मान में आना पड़ा।" आयुष्मान् आनन्द रोज मल्ल का यह कथन सुनकर असन्तुष्ट हुए कि रोज मल्ल जैसा मेरा मित्र भगवान् के विषय में ऐसा कह रहा है। तब आयुष्मान् आनन्द भगवान् के पास गये और उन्हें प्रणाम कर एक तरफ बैठकर उन्होंने कहा—"भन्ते! यह रोज मल्ल यहाँ का वैभवसम्पन्न प्रख्यात पुरुष है।

महत्थिको खो पन एवरूपानं ञातमनुस्सानं इमस्मिं धम्मविनये पसादो। साधु, भन्ते, भगवा तथा करोतु, यथा रोजो मल्लो इमस्मिं धम्मविनये पसीदेय्या'' ति। ''न खो तं, आनन्द, दुक्करं तथागतेन, यथा रोजो मल्लो इमस्मिं धम्मविनये पसीदेय्या'' ति। अथ खो भगवा रोजं मल्लं मेत्तेन चित्तेन फरित्वा उट्ठायासना विहारं पाविसि।

अथ खो रोजो मल्लो भगवता मेत्तेन चित्तेन फुट्ठो, सेय्यथापि नाम गावी तरुणवच्छा; एवमेव, विहारेन विहारं परिवेणेन परिवेणं उपसङ्कमित्वा भिक्खू पुच्छति—''कहं नु खो, [B.346] भन्ते, एतरहि सो भगवा विहरति अरहं सम्मासम्बुद्धो, दस्सनकामा हि मयं तं [R.248] भगवन्तं अरहन्तं सम्मासम्बुद्धं'' ति। ''एसावुसो रोज, विहारो संवुतद्वारो, तेन अप्पसद्दो उपसङ्कमित्वा अतरमानो आलिन्दं पविसित्वा उक्कसित्वा अग्गळं आकोटेहि, विवरिस्सति ते भगवा द्वारं'' ति। अथ खो रोजो मल्लो येन सो विहारो संवुतद्वारो, तेन अप्पसद्दो उपसङ्कमित्वा अतरमानो आलिन्दं पविसित्वा उक्कसित्वा अग्गळं आकोटेसि। विवरि भगवा द्वारं। अथ खो रोजो मल्लो विहारं पविसित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नस्स खो रोजस्स मल्लस्स भगवा अनुपुब्बिं कथं कथेसि, सेय्यथिदं—दानकथं....पे०.... अपरप्पच्चयो सत्थुसासने भगवन्तं एतदवोच—''साधु, भन्ते, अय्या ममं येव पटिग्गण्हेय्युं चीवरपिण्डपातसेनासनगिलानप्पच्चयभेसज्जपरिक्खारं, नो अञ्ञेसं'' ति। ''येसं खो, रोज, सेखेन ञाणेन सेखेन दस्सनेन धम्मो दिट्ठो सेय्यथापि तया, तेसं पि एवं होति—'अहो नून अय्या अम्हाकं येव पटिग्गण्हेय्युं चीवरपिण्डपातसेनासन-

---

इस प्रकार के प्रख्यात पुरुषों की इस धर्म के प्रति श्रद्धा होना अच्छी बात होगी। अच्छा हो, भन्ते! भगवान् वैसा करें कि जिससे रोज मल्ल इस (बुद्ध) धर्म में श्रद्धालु हो जाय।'' (भगवान् बोले—) ''आनन्द! तथागत के लिये यह दुष्कर नहीं है कि रोज मल्ल के हृदय में धर्म के प्रति श्रद्धोत्पाद हो जाय।'' तब भगवान् रोज मल्ल के चित्त को स्वकीय मैत्रीयुक्त चित्त से स्पर्श कर अपने साधनास्थल में चले गये।

तब भगवान् के मैत्रीचित्त से स्पृष्ट हुआ रोज मल्ल अपने बछड़े में मुग्ध गौ की तरह आराम के इस प्रकोष्ठ से उस प्रकोष्ठ में, इस परिवेण से उस परिवेण मे भगवान् को पूछता हुआ घूमने लगा कि ''भन्ते! इस समय भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध किस स्थान पर साधनाहेतु विराजमान हैं। हम उनके दर्शन करना चाहते हैं।'' (तब किसी ने बताया—) ''आयुष्मन् रोज! यह सामने भगवान् का विहारस्थल है, जिसके कपाट बन्द हैं। तुम शान्ति से, विना कोई शब्द करते हुए, आलिन्द (ड्योढी) में प्रवेश कर, खाँसते हुए जंजीर को खड़खड़ाना! तब भगवान् तुम्हारे लिये द्वार खोलेंगे। तब रोजमल्ल सामने के विहारस्थल.....भगवान् ने द्वार खोल दिया। रोजमल्ल विहार में प्रवेश कर भगवान् को प्रणाम कर एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे रोज मल्ल को भगवान् ने आनुपूर्वी (दान, शील आदि के माहात्म्य की) कथा. .पूर्ववत्....दूसरे किसी धर्म में श्रद्धा न रखने वाला, एवं एकान्ततः बुद्धशासन में ही श्रद्धा प्रकट करता हुआ भगवान् से यों बोला—''भन्ते! अच्छा हो कि आप आर्य जन (आज से) मेरे द्वारा दिये गये चीवर, पिण्डपात, शयनासन एवं ग्लानावस्था मे उपयोग में आनेवाली ओषधियाँ ही स्वीकार करें।'' (भगवान् बोले—) ''रोज! जिन अन्य उपासकों ने धर्मदर्शन कर लिया है उनकी भी यदि यही भावना हो जाय कि आर्यजन मेरे द्वारा दिये गये....ओषधियाँ ही स्वीकार करे, अन्य के द्वारा

गिलानप्पच्चयभेसज्जपरिक्खारं, नो अञ्ञेसं' ति। तेन हि रोज, तव चेव पटिग्गहिस्सन्ति अञ्ञेसं चा'' ति।

[N.262] ४४. तेन खो पन समयेन कुसिनारायं पणीतानं भत्तानं भत्तपटिपाटि अधिट्ठिता होति। अथ खो रोजस्स मल्लस्स पटिपाटिं अलभन्तस्स एतदहोसि—''यन्नूनाहं भत्तग्गं ओलोकेय्यं, यं भत्तग्गे नास्स तं पटियादेय्यं'' ति। अथ खो रोजो मल्लो भत्तग्गं ओलोकेन्तो द्वे नाद्दस—डाकं च, पिट्ठखादनीयं च। अथ खो रोजो मल्लो येनायस्मा आनन्दो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोच—''इध मे, भन्ते आनन्द, पटिपाटिं अलभन्तस्स एतदहोसि—'यन्नूनाहं भत्तग्गं ओलोकेय्यं, यं भत्तग्गे नास्स तं पटियादेय्यं' ति। सो खो अहं, भन्ते आनन्द, पटियादेय्यं डाकं च पिट्ठखादनीयं च, पटिग्गण्हेय्य मे भगवा'' ति? ''तेन हि, रोज, भगवन्तं पटिपुच्छिस्सामी' ति। अथ खो आयस्मा आनन्दो भगवतो एतमत्थं आरोचेसि। ''तेन हानन्द, पटियादेतू'' ति। ''तेन हि, रोज, पटियादेही'' ति। अथ खो रोजो मल्लो तस्सा रत्तिया अच्चयेन पहूतं डाकं च पिट्ठखादनीयं च पटियादापेत्वा भगवतो उपनामेसि— ''पटिग्गण्हातु मे, भन्ते, भगवा डाकं च पिट्ठखादनीयं चा'' ति। [B.347] ''तेन हि, रोज, भिक्खूनं देही'' ति। अथ खो रोजो मल्लो भिक्खूनं देति। भिक्खू कुक्कुच्चायन्ता न पटिग्गण्हन्ति। ''पटिग्गण्हथ, भिक्खवे, परिभुञ्जथा'' ति। अथ खो रोजो मल्लो बुद्धप्पमुखं भिक्खुसङ्घं पहूतेहि डाकेहि च पिट्ठखादनीयेहि च सहत्था सन्तप्पेत्वा सम्पवारेत्वा [R.249] भगवन्तं धोतहत्थं ओनीतपत्तपाणिं एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो रोजं मल्लं भगवा धम्मिया कथाय सन्दस्सेत्वा समादपेत्वा समुत्तेजेत्वा सम्पहंसेत्वा उट्ठायासना पक्कामि। अथ

प्रदत्त करें, तब क्या होगा! अतः, रोज! भिक्षुजन तुम्हारा दिया भी स्वीकार करेंगे तथा अन्य उपासकों द्वारा दिया हुआ भी।''

४४ उस समय कुशीनारा में भिक्षुओ के लिये उत्तम भोजन का तॉता (परिपाटी) लगा हुआ था। तब अवसर न मिलने पर रोज मल्ल को विचार हुआ कि क्यो न मैं भोजन करने बैठे हुए भिक्षुओ की पंक्ति (पंगत) के दर्शन करूँ। उस समय उनके पात्र मे जो खाद्य पदार्थ न दिखायी दे उसे तय्यार कराकर भिक्षुओ को खिलाऊँ। तब पंक्ति मे बैठे हुए भिक्षुओ के पात्रो में रोज मल्ल को दो वस्तुएँ नहीं दिखायी दी—१. डाक (खाने योग्य पौधे=सलाद) एवं २. आटे से बनी मिठाई (पिट्ठखादनिय)। तब रोज मल्ल जहाँ आयुष्मान् आनन्द थे वहाँ गया। जाकर आयुष्मान् आनन्द से यों बोला—''भन्ते! भोजनदान का अवसर न मिलने पर यों विचार हुआ—'....पूर्ववत्....पिट्ठखादनिय'। यदि भन्ते! मै उक्त दोनों खाद्य पदार्थ तय्यार कराऊँ तो भगवान् उन्हें स्वीकार करेंगे?'' ''तो, रोज! भगवान् से पूछकर बताऊँगा।'' तब आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् से पूछा—भगवान् ने कहा—''ठीक है, आनन्द! रोज इन्हे तय्यार करावे।'' आनन्द ने आकर रोज से कहा—''रोज! तय्यार कराओ!'' तब रोज मल्ल उस रात्रि के बीतने पर अत्यधिक परिमाण में डाक और आटे के लड्डू बनावाकर भगवान् के पास लें गया। निवेदन किया—''भन्ते! भगवान् ये डाक एवं लड्डू स्वीकार करें।'' (भगवान् बोले—) ''तो रोज! पहले भिक्षुओं को दो।'' परन्तु भिक्षु उन दोनो पदार्थों को लेने में सङ्कोच कर रहे थे। (भगवान् ने कहा—) ''भिक्षुओ! ले लो और खा लो।'' तब रोज मल्ल ने सङ्घसहित भगवान् को वह डाक और आटे के लड्डू अपने हाथ से परोसे। और उन्हें सन्तृप्त किया। अन्त में भगवान् को पात्र से हाथ हटाया हुआ

खो भगवा एतस्मिं निदाने एतस्मिं पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि— **"अनुजानामि, भिक्खवे, सब्बं च डाकं सब्बं च पिट्ठखादनीयं"** ति।

२५. वुड्ढपब्बजितवत्थु

४५. अथ खो भगवा कुसिनारायं यथाभिरन्तं विहरित्वा येन आतुमा तेन चारिकं पक्कामि महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं अड्ढतळसेहि भिक्खुसतेहि। तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो वुड्ढपब्बजितो आतुमायं पटिवसति नहापितपुब्बो। तस्स द्वे दारका होन्ति, मञ्जुका पटिभानेय्यका, दक्खा परियोदातसिप्पा सके आचरियके नहापितकम्मे। अस्सोसि खो सो वुड्ढपब्बजितो—"भगवा किर आतुमं आगच्छति महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं अड्ढतेळसेहि भिक्खुसतेही" ति। अथ खो सो वुड्ढपब्बजितो ते दारके एतदवोच—"भगवा किर, ताता, आतुमं आगच्छति महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं अड्ढतेळसेहि भिक्खुसतेहि। गच्छथ तुम्हे, ताता, खुरभण्डं आदाय नाळियावापकेन अनुघरकं अनुघरकं आहिण्डथ, लोणं पि, तेलं पि, तण्डुलं पि, खादनीयं पि संहरथ, भगवतो आगतस्स यागुपानं करिस्सामा" ति। "एवं, ताता" ति खो ते दारका तस्स वुड्ढपब्बजितस्स पटिस्सुणित्वा खुरभण्डं आदाय नाळियावापकेन [N.263] अनुघरकं अनुघरकं आहिण्डन्ति, लोणं पि, तेलं पि, तण्डुलं पि, खादनीयं पि संहरन्ता। मनुस्सा ते दारके मञ्जुके पटिभानेय्यके पस्सित्वा ये पि न कारापेतुकामा ते पि कारापेन्ति, कारापेत्वा पि बहुं देन्ति। अथ खो ते दारका बहुं लोणं पि, तेलं पि, तण्डुलं पि, खादनीयं पि संहरिंसु।

[B.348] अथ खो भगवा अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन आतुमा तदवसरि। तत्र सुदं

देखकर स्वयं भी एक तरफ बैठे। एक तरफ बैठे रोज मल्ल को भगवान् ने धार्मिक कथा द्वारा धर्म के प्रति समुत्तेजित एवं सम्प्रहर्षित किया।

तब भगवान् ने इसी सम्बन्ध में भिक्षुओं को धर्मप्रवचन के बाद अन्त में आदेश दिया— **"अनुमति देता हूँ, भिक्षुओ! सभी डाकों एवं सभी खाद्यपिष्टियों को खाने की।"**

२५. वृद्धप्रव्रजितभिक्षुकथा

४५. तब भगवान् कुसीनारा में इच्छानुकूल धर्मसाधना करते हुए जहाँ **आतुमा** थी, उधर चारिका हेतु.....चल पड़े। उस समय कोई एक वृद्धावस्था में प्रव्रजित हुआ पहले नाई जाति का भिक्षु आतुमा में रहता था। उसके दो पुत्र थे, दोनों ही रूप और विद्या में सुन्दर थे, वे प्रतिभाशाली, दक्ष एवं अपने शिल्प में परिशुद्ध थे। जब उस वृद्ध प्रव्रजित ने सुना कि भगवान् साढ़े बारह सौ भिक्षुओं के वृहत् सङ्घ के साथ आतुमा पधार रहे हैं तब उसने अपने दोनों पुत्रों से कहा—"पुत्रो! भगवान् आतुमा में पधार रहे हैं। तुम लोग क्षौरक्रिया (हजामत) का सामान लेकर प्रत्येक घर में जाओ तथा वहाँ से जो भी तैल, नामक, तण्डुल आदि खाद्य पदार्थ मिले उसे संगृहीत करो। आने पर भगवान् को यवागू का दान करेंगे।" "ठीक है, पिता जी!" कहकर उस वृद्ध प्रव्रजित के पुत्रों ने हजामत के साधन लेकर घर घर जाकर खाद्य-संग्रह प्रारम्भ किया। उन सुन्दर, मधुरभाषी एवं प्रतिभासम्पन्न लड़कों को देखकर जिनको क्षौर क्रिया न करानी थी वे भी करा लेते और अधिक से अधिक खाद्य वस्तु दे देते थे। जैसे—तैल....खाद्य पदार्थ।

तब भगवान् क्रमशः चारिका करते हुए आतुमा के भुसागार में आकर विराजे। रात्रि के बीत

भगवा आतुमायं विहरति भुसागारे। अथ खो सो वुड्डपब्बजितो तस्सा रत्तिया अच्चयेन पहूतं यागुं पटियादापेत्वा भगवतो उपनामेसि—"पटिग्गण्हातु मे, भन्ते, भगवा यागुं" ति। जानन्ता पि तथागता पुच्छन्ति....पे०....सावकानं वा सिक्खापदं पञ्ञापेस्सामा ति। अथ [R.250] खो भगवा तं वुड्डपब्बजितं एतदवोच—"कुतायं, भिक्खु, यागू" ति? अथ खो सो वुड्डपब्बजितो भगवतो एतमत्थं आरोचेसि। विगरहि बुद्धो भगवा, अननुच्छविकं, मोघपुरिस, अननुलोमिकं अप्पनिरूपं अस्सामणकं अकप्पियं अकरणीयं। कथं हि नाम त्वं, मोघपुरिस, पब्बजितो अकप्पिये समादपेसि। नेतं, मोघपुरिस, अप्पसन्नानं वा पसादाय....पे०.... विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**न, भिक्खवे, पब्बजितेन अकप्पिये समादपेतब्बं, यो समादपेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। न च, भिक्खवे, नहापितपुब्बेन खुरभण्डं परिहरितब्बं। यो परिहरेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

२६. फलखादनीयानुजानना

४६. अथ खो भगवा आतुमायं यथाभिरन्तं विहरित्वा येन सावत्थि तेन चारिकं पक्कामि। अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन सावत्थि तदवसरि। तत्र सुदं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तेन खो पन समयेन सावत्थियं बहुं फलखादनीयं उप्पन्नं होति। अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि—"किं नु खो भगवता फलखादनीयं अनुञ्ञातं, किं अननुञ्ञातं" ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **अनुजानामि, भिक्खवे, सब्बं फलखादनीयं** ति।

२७. सङ्घिकबीजानि

४७. तेन खो पन समयेन सङ्घिकानि बीजानि पुग्गलिकाय भूमिया रोपियन्ति, पुग्गलिकानि बीजानि सङ्घिकाय भूमिया रोपियन्ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।

जाने पर उस वृद्ध प्रव्रजित ने भगवान् के सामने अत्यधिक मात्रा में खिचड़ी लाकर रख दी और निवेदन किया—"भगवन्! इसे ग्रहण करें।" जानते हुए भी तथागत पूछा करते हैं....पूर्ववत्....कि शिष्यों को शिक्षा दी जाय। अतः भगवान् ने उस वृद्ध प्रव्रजित से पूछा—"यह इतनी यवागू कहाँ से ले आये?" वृद्ध ने भगवान् से सत्य घटना का वर्णन कर दिया। तब भगवान् ने उसको धमकाते हुए कहा—"रे मूर्ख! यह ऐसा कृत्य तुम जैसे प्रव्रजितो के लिये अकरणीय है, अनुकूल नहीं है, तुम्हारे लिये शोभानुरूप नहीं है। अरे अविवेकिन्! तुमने प्रव्रजित (भिक्षु) होकर यह अकरणीय क्यों किया? यह बात अप्रसन्नों को ..पूर्ववत्.. भिक्षुओं को सम्बोधित किया—"**भिक्षुओ! प्रव्रजित को अकरणीय नहीं करना चाहिये। जो करेगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा। तथा नाई जाति के भिक्षु को हजामत का सामान ग्रहण नहीं करना चाहिये। जो करे उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा।**"

२६. फलभक्षण की अनुमति

४७. उस समय भगवान् आतुमा में इच्छानुकूल विहरण कर श्रावस्ती की तरफ चारिका हेतु चल पड़े। यों क्रमशः चारिका करते हुए श्रावस्ती में पहुँचे। वहाँ जेतवन के अनाथपिण्डक के बनाये आराम में विराजे। उस समय श्रावस्ती मे बहुत अधिक खाने योग्य फल हुए थे। तब भिक्षुओं को यह हुआ—"क्या भगवान् ने फल खाने की अनुमति दी है, या नहीं दी?" भगवान् से यह बात पूछी गयी। (भगवान् ने कहा—) "**भिक्षुओ! खाने योग्य फलों के खाने की अनुमति देता हूँ।**"

"सङ्घिकानि, भिक्खवे, बीजानि पुग्गलिकाय भूमिया रोपितानि भागं दत्वा परिभुञ्जितब्बानि। पुग्गलिकानि बीजानि सङ्घिकाय भूमिया रोपितानि भागं दत्वा परिभुञ्जितब्बानी" ति।

२८. चतुमहापदेसकथा

४८. तेन खो पन समयेन भिक्खूनं किस्मिं चि किस्मिं चि ठाने कुक्कुच्चं उप्पज्जति— "किं नु भगतो अनुञ्ञातं, किं अननुञ्ञातं" ति ? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।" [N.264] १. "यं, भिक्खवे, मया 'इदं न कप्पती' ति अप्पटिक्खित्तं तं चे अकप्पियं अनु- [R.251] लोमेति, कप्पियं पटिबाहति, तं वो न कप्पति। २. यं, भिक्खवे, मया 'इदं न कप्पती' [B.349] ति अप्पटिक्खित्तं तं चे कप्पियं अनुलोमेति, अकप्पियं पटिबाहति, तं वो कप्पति। ३. यं, भिक्खवे, मया 'इदं कप्पती' अननुञ्ञातं, तं चे कप्पियं अनुलोमेति, अकप्पियं पटिबाहति, तं वो न कप्पति। ४. यं, भिक्खवे, मया 'इदं कप्पती' अननुञ्ञातं तं चे कप्पियं अनुलोमेति, अकम्पियं परिबाहति, तं वो कप्पती" ति।

अथ खो भिक्खूनं एतदहोसि—"कप्पति नु खो यावकालिकेन यामकालिकं" न नु खो कप्पति ? कप्पति नु खो यावकालिकेन सत्ताहकालिकं, न नु खो कप्पति ? कप्पति नु खो यावकालिकेन यावजीविकं; न नु खो कप्पति ?; कप्पति नु खो यामकालिकेन सत्ताहकालिकं, न नु खो कप्पति ? कप्पति नु खो यामकालिकेन यावजीविकं, न नु खो

---

२७. सङ्घ के बीज

४७. उस समय सङ्घ के लिये कुछ खेती जनता के खेतों में भी होती थी और जनता भी अपनी कुछ खेती विहार की भूमि में करती थी। भगवान् से इन खेतों में उत्पन्न अन्न के उपयोग की बात पूछी गयी। भगवान् ने कहा— "**जनता के खेतों में बोये बीज का (दसवाँ) भाग उसे देकर ही उपयोग करना चाहिये। इसी तरह जनता द्वारा विहार की भूमि में बोये बीज का (दसवाँ) भाग देकर ही उपयोग करना चाहिये।**"

२८. करणीय या अकरणीय के विषय में चार सिद्धान्त

४८. उस समय भिक्षुओं को कभी कभी किसी विषय पर सन्देह होने लगता था कि भगवान् ने ऐसा करने की अनुमति दी है या नहीं? भगवान् से इस विषय में स्पष्ट निर्णय पूछा गया। भगवान् ने साधारण समीक्षा करते हुए चार सिद्धान्त निर्दिष्ट किये, जिनके आधार पर कर्तव्याकर्तव्य का स्वयं निर्णय किया जा सके। जैसे—

१. यदि भिक्षुओ! किसी कार्य के लिये भगवान् ने प्रत्यक्षतः यह नहीं कहा है कि 'यह उचित नहीं है', वह यदि अकरणीय के अनुकूल हो और करणीय के प्रतिकूल हो तो समझ लो वह 'अकरणीय' है।

२. यदि भिक्षुओ! किसी कार्य के प्रति प्रत्यक्षतः मैंने यह नहीं कहा है कि 'यह अकरणीय है', वह यदि करणीय के अनुकूल है और अकरणीय के प्रतिकूल तो उसके विषय में समझ लो कि वह 'करणीय' है।

३. और भिक्षुओ! जिसका मैंने 'यह करणीय है' कहकर प्रत्यक्षतः अनुमोदन न किया हो परन्तु वह यदि अकरणीय के अनुकूल पड़ता हो और करणीय के प्रतिकूल हो तो वह 'अकरणीय' ही है।

कप्पति? कप्पति नु खो सत्ताहकालिकेन यावजीविकं, न नु खो कप्पती'' ति? भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। ''यावकालिकेन, भिक्खवे, यामकालिकं, तदहु पटिग्गहितं काले कप्पति, विकाले न कप्पति। यावकालिकेन, भिक्खवे, सत्ताहकालिकं, तदहु पटिग्गहितं काले कप्पति, विकाले न कप्पति। यावकालिकेन, भिक्खवे, यावजीविकं तदहु पटिग्गहितं काले कप्पति, विकाले न कप्पति। यामकालिकेन, भिक्खवे, सत्ताहकालिकं, तदहु पटिग्गहितं यामे कप्पति, यामातिक्कन्ते न कप्पति। यामकालिकेन, भिक्खवे, यावजीविकं, तदहु पटिग्गहितं यामे कप्पति, यामातिक्कन्ते न कप्पति। सत्ताहकालिकेन, भिक्खवे, यावजीविकं पटिग्गहितं, सत्ताहं कप्पति, सत्ताहातिक्कन्ते न कप्पती'' ति।

भेसज्जक्खन्धको छट्ठो॥

२९. तस्सुद्दानं

सारदिके विकाले पि वसं मूले पिट्ठेहि च।
कसावेहि पण्णं फलं जतु लोणं छकणं च॥ १॥
चुण्णं चालिनि मंसं च अञ्जनं उपपिंसनी।

---

४. तथा यदि, भिक्षुओ! जिसका मैनें 'यह करणीय है'—कहकर प्रत्यक्षतः अनुमोदन तो नहीं किया है परन्तु वह करणीय के अनुकूल है एव अकरणीय के प्रतिकूल तो उसे करणीय ही समझा जाना चाहिये।

किस काल में लिया भोजन किस काल तक विहित— तब भिक्षुओं को यह विचार हुआ—(क) क्या उतने काल वाले से याम भर काल वाला भोजन विहित है, या नहीं? (ख) उतने काल से सप्ताह भर काल वाला भोजन विहित है, या नहीं? (ग) उतने काल से जीवन भर वाला भोजन विहित है या नहीं? (घ) यामभर काल वाले से सप्ताह भर कालवाला भोजन विहित है, या नहीं? (ङ) सप्ताह भर काल वाले से जीवनपर्यन्त काल वाला भोजन विहित है, या नहीं? भगवान् से इस सन्देह का निराकरण पूछा गया। (भगवान् ने बताया—) ''**भिक्षुओ! उतने काल वाले से उसी दिन ग्रहण किया पूर्वाह्ण (काल) में विहित है, अपराह्ण (विकाल) में नहीं। भिक्षुओ! उतने काल वाले से सप्ताह भर काल वाला उसी दिन ग्रहण किया पूर्वाह्ण में विहित है, अपराह्ण में नहीं। भिक्षुओ! उतने काल (यावत्कालिक) से जीवन भर वाला उसी दिन ग्रहण किया होने पर प्रहर भर तक विहित है, प्रहर बीत जाने पर नहीं। भिक्षुओ! उसी दिन ग्रहण किये हुए से सप्ताह भर वाला प्रहर भर तक विहित है, प्रहर के बाद नहीं। भिक्षुओ! प्रहर भर वाले से यावज्जीवन वाला प्रहर भर तक विहित है, प्रहर के बाद नहीं। भिक्षुओ! सप्ताह भर काल वाले से यावज्जीवन वाला उसी दिन ग्रहण किया जाने पर सप्ताह भर विहित है, सप्ताह बीत जाने पर नहीं है॥**

भैषज्यस्कन्धक सम्पन्न॥

उसका उदान (विषयक्रम)

भगवान् ने भिक्षुओं को, शरदृऋतु में होने वाले रोगों से आक्रान्त होने पर, काल या विकाल में भी यथावसर इन पाँच ओषधियों के उपयोग की अनुमति दी— १ सर्पि, नवनीत, तैल, मधु एव गुड़। साथ ही वसा (चर्वी), जड़ वाली औषधियाँ, इन्हें पीसने के लिये छोटी बड़ी खरल, क्वाथ में प्रयुक्त होने वाली औषधियाँ, जैसे— पत्ते, फल, लाख, नमक या सूखे गोबर के भी ग्रहण की अनुमति दी॥ १॥

अञ्जनी उच्चा पारुता सलाका सलाकठानिं ॥ २ ॥
[B.350] थविकं सम्बद्धकं सुत्तं मुद्धनि तेलनत्थु च।
नत्थुकरणी धूमं न नेत्तञ्चाधिपनत्थवि ॥ ३ ॥
[N.265] तेल पाकेसु मज्जं च अतिक्खित्तं अब्भञ्जनं।
तुम्बं सेदं सम्भारं च महाभङ्गोदकं तथा ॥ ४ ॥
दककोट्ठं लोहितं च विसाणं पादब्भञ्जनं।
[R.252] पज्जं सत्थं कसावं च तिलकक्कं कबळिकं ॥ ५ ॥
चोळं सासपकुट्टं च धूमसक्खरिकाय च।
वणतेलं विकासिकं विकटं च पटिग्गहं ॥ ६ ॥
गूथं करोन्तो लोळिं च खारं मुत्तहरीतकं।
गन्धा विरेचनं चेव अच्छाकटं कटाकटं ॥ ७ ॥
पटिच्छादनि पब्भारा आराम सत्ताहेन च।
गुळं मुग्गं सोवीरं च सामंपाका पुनापचे ॥ ८ ॥
पुनानुञ्ञासि दुब्भिक्खे फलं च तिलखादनी।
पुरेभत्तं कायडाहो निब्बत्तं च भगन्दलं ॥ ९ ॥

चूर्ण की हुई ओषधियाँ, उनको कूटने तथा छानने के लिये ऊखल–मूसल तथा चालनी साथ ही मांसमिश्रित औषधियाँ, अञ्जन, उसके प्रयोग के लिये शलाका तथा शलाका का खोल (आवरण) रखने की भी अनुमति दी।। २।।

इन सब वस्तुओ को रखने के लिये थैला (झोला), बाँधने के लिये रस्सी, नस्य में प्रयुक्त होने वाली औषधियाँ, नस्य के उपकरणयन्त्र, चिलम से ओषधियो का धूआँ पीने की, इन वस्तुओ को थैले में रखकर साथ रखने की भी अनुमति प्रदान की।। ३।।

ओषधिमिश्रित तैलपाक में मज्जा का उपयोग, अधिक बनने पर उसका संग्रह, अभ्यञ्जन (तेल–मालिश), इस तैल के संग्रह के पात्रों का निर्धारण; वातरोग में स्वेदनविधि, सामान्य स्वेदविधि से रोग के निवृत्त न होने पर महामङ्गोदकविधि का प्रयोग भी उचित बताया।। ४।।

रोगशान्ति के लिये वस्ति का प्रयोग, विकृत रक्त का निःसारण, इसके लिये सींग का उपयोग, पैरो में मालिश, शल्यचिकित्सा, उष्ण जल से सेक तिलकल्क (पीठी), व्रणरोपक ओषधियों का लेप (कवळिका) की भी अनुमति दी गयी।। ५।।

व्रण पर पट्टी बाँधना, पिसी हुई सरसों की लुगदी रखना, वातव्याधि में महाविकट ओषधियों का प्रयोग तथा व्रणरोपक तैल के प्रयोग का विधान भी बताया गया।। ६।।

विषपान मे मल का प्रयोग, प्रेतबाधा में खेत की मिट्टी का प्रयोग, ग्रहणी रोग में यवक्षार, पाण्डुरोग में गोमूत्रसिक्त हरीतकी का प्रयोग, ज्वरापेत्ती रोग में गन्धक का प्रयोग, रक्तशून्यतारोग में विरेचन, स्वच्छ काँजी का उपयोग, तथा कृत अकृतयूष (जूस) का प्रयोग विहित बताया गया।। ७।।

भवननिर्माण में आरामिक (भृत्य) रखने की अनुमति, किसी वस्तु के ग्रहण की अनुमति, किसी वस्तु का सप्ताह से अधिक उपभोग्य संग्रह निषिद्ध, गुड मूँग सिरका के प्रयोग अनुमत, विहार में यवागू आदि के पाक का निषेध।। ८।।

दुर्भिक्ष के समय खादय वस्तुओं के संग्रह की तथा स्वयं लेकर फल खाने की अनुमति, मधुमिश्रित तिल खाने की अनुमति, प्रधान भोजन से पूर्व गृहीत पदार्थ को स्वीकार करने की अनुमति,

वत्थिकम्मं च सुप्पिं च मनुस्समंसमेव च।
हत्थि अस्सा सुनखो च अहि सीहब्यग्घ दीपिकं॥ १०॥
अच्छतरच्छमंसं च पटिपाटि च यागु च।
तरुणं अञ्ञत्र गुळं सुनिधावसथागारं॥ ११॥
गङ्गा कोटिसच्चकथा अम्बपाली च लिच्छवी।
उद्दिस्स कतं सुभिक्खं पुनदेव पटिक्खिपि॥ १२॥
मेघो यसो यो मेण्डको च गोरसं पाथेय्यकेन च।
केणि अम्बो जम्बु चोच मोचमधुमुद्दिकसालुकं॥ १३॥
फारुसका डाकपिट्ठं आतुमायं नहापितो।
सावत्थियं फलं बीजं किस्मिं ठाने च कालिके ति॥ १४॥

इमम्हि खन्धके वत्थूनि एकसतं छवत्थु॥

भेसज्जक्खन्धको निट्ठितो॥

भगन्दर रोग मे शस्त्रचिकित्सा का निषेध तथा वस्तिकर्म अनुमत, सारिपुत्र के कायदाह की मोग्गल्लान द्वारा आनीत कमलनाल से चिकित्सा।। ९।।

सुप्रिया प्रकरण में भिक्षुओ को मानवमांस भक्षण का निषेध, साथ ही हाथी, घोड़े, कुत्ते, सर्प, सिंह, व्याघ्र, चीते के मांस का खाना निषिद्ध किया गया।। १०।।

इसी तरह रींछ तथा लकड़वग्घे का मांस निषिद्ध, भोजनदानपरम्पराप्रकरण में यवागू एवं मधुगोलक (लड्डू) की प्रशंसा, तरुणप्रसन्न महामात्य के व्यवहार की प्रशंसा, वेलट्ठकच्चान के गुड़दान के प्रकरण में रोगी को गुड तथा स्वस्थ को गुडमिश्रित जल (रस) की अनुमति दी गयी। पाटलिग्राम में सुनीध एवं वर्षकारमाहामात्य द्वारा कृत भक्ताग्र का दानानुमोदन।। ११।।

पाटलिग्राम में, भगवान् बुद्ध के सम्मान में, 'गौतमद्वार' एवं गङ्गा नदी पर 'गङ्गाघाट' नामकरण, कोटिग्राम में आर्यसत्यचतुष्टयकथा, आम्रपाली एवं लिच्छवियों का भगवान् को भोजनदान में प्रतिद्वन्द्विता, सिंहसेनापति द्वारा प्रदत्त भोजनदान में जैनो द्वारा उठायी गयी आपत्ति के विरोध्र में उद्देश्य करके लाये गये माँस से बने भोजन का निषेध, सुभिक्ष में कल्प्यभूमि बनाने का निर्णय, दुर्भिक्ष के समय के क्षुद्रानुक्षुद्र नियमों का स्थगन।। १२।।

मेघ एवं यश उपासक के प्रकरण में चतुर्विध कल्प्यभूमि (भाण्डागार) के निर्माण की अनुज्ञा, मेण्डक गृहपति के सङ्घ को स्थायी भोजनदान के प्रस्ताव का भगवान् द्वारा निषेध, मेण्डक गृहपति का सङ्घ को धारोष्ण गोदुग्धपान, चारिका में भिक्षुओं को चावल आदि का पाथेय रखने की अनुज्ञा, केणिय जटिल द्वारा भिक्षुओं को आम्र आदि फलों का रसपान, भगवान् द्वारा भिक्षुओं को आम, जामुन, केला आदि फलों के रस के पान की अनुमति।। १३।।

फालसे के रस का पान, सलाद एवं खाद्यपिष्टियो को खाने की अनुमति, आतुमा के नापित भिक्षु को अकार्यकरण का निषेध, भिक्षुओं के कुछ फल तथा बीजों को खाने की अनुमति, भिक्षुओ के लिये कल्प्य (करणीय) तथा अकल्प्य (अकरणीय) का स्पष्टीकरण (इस स्कन्धक में हुआ है)।। १४।।

इस स्कन्धक में एक सौ छह विषयों का विशदीकरण है।।

भैषज्यस्कन्ध समाप्त।।

७. कठिनक्खन्धकं

१. कठिनानुजानना

[N.266, B.351, R.253] १. तेन समयेन बुद्धो भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तेन खो पन समयेन तिंसमत्ता पावेय्यका भिक्खू सब्बे आरञ्ञिका सब्बे पिण्डपातिका सब्बे पंसुकूलिका सब्बे तेचीवरिका सावत्थिं गच्छन्ता भगवन्तं दस्सनाय उपकट्ठाय वस्सूपनायिकाय नासक्खिंसु सावत्थियं वस्सूपनायिकं सम्भावेतुं; अन्तरा मग्गे साकेते वस्सं उपगच्छिंसु। ते उक्कण्ठितरूपा वस्सं वसिंसु— "आसन्नेव नो भगवा विहरति इतो छसु योजनेसु, न च मयं लभाम भगवन्तं दस्सनाया" ति। अथ खो ते भिक्खू वस्संवुट्ठा, तेमासच्चयेन कताय पवारणाय, देवे वस्सन्ते, उदकसङ्गहे उदकचिक्खल्ले ओकपुण्णेहि चीवरेहि किलन्तरूपा येन सावत्थि जेतवनं अनाथपिण्डिकस्स आरामो, येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु।

आचिण्णं खो पनेतं बुद्धानं भगवन्तानं आगन्तुकेहि भिक्खूहि सद्धिं पटिसम्मोदितुं। अथ खो भगवा ते भिक्खू एतदवोच—"कच्चि, भिक्खवे, खमनीयं, कच्चि यापनीयं, कच्चि समग्गा सम्मोदमाना अविवदमाना फासुकं वस्सं वसित्थ, न च पिण्डकेन किलमित्था" ति? "खमनीयं, भगवा; यापनीयं, भगवा; समग्गा च मयं, भन्ते, सम्मोदमाना अविवदमाना वस्सं वसिम्हा, न च पिण्डकेन किलमिम्हा। इध मयं, भन्ते, तिंसमत्ता पावेय्यका भिक्खू सावत्थिं आगच्छन्ता भगवन्तं दस्सनाय उपकट्ठाय वस्सूपनायिका नासक्खिम्हा सावत्थियं

---

७. कठिनस्कन्धक

१. 'कठिन' चीवर का विधान

१ उस समय भगवान् बुद्ध श्रावस्ती स्थित जेतवन के अनाथपिण्डिक द्वारा निर्मापित आराम में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय पावेयक (पावा=कोसल प्रदेश के पश्चिम एक जनपद के रहने वाले) तीस भिक्षु जो सभी अरण्यवासी, भिक्षान्नभोजी, गलियो में फेंके फटे-पुराने वस्त्र पहनने वाले, तीन ही चीवर धारणा करने वाले थे, भगवान् के दर्शनहेतु श्रावस्ती जाते समय वर्षोपनायिका पर्वकाल (आषाढ़ी पूर्णिमा) समीप होने से उस दिन श्रावस्ती न पहुँच सके; अत: उन्होंने मार्ग में साकेत मे ही वर्षावास किया। यह वर्षावास उन्होंने इस उत्कण्ठा के साथ पूर्ण किया कि भगवान् यहाँ से छह योजन समीप ही साधनाहेतु विराजमान हैं, फिर भी हमे भगवान् का दर्शन नहीं हो पा रहा है। तब वे भिक्षु वर्षावाससमाप्ति के बाद प्रवारणानन्तर बरसती वर्षा में, जबकि मार्ग जल तथा कीचड़ से भरे हुए थे, भीगे चीवरो से ही श्रावस्ती के जेतवनाराम मे, जहाँ भगवान् विराजमान थे, पहुँचे। पहुँचकर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गये।

बुद्ध भगवानों की यह परम्परा रही है कि वे नवागन्तुक भिक्षु से स्वयं कुशल-समाचार पूछते हैं। अत: भगवान् ने उन भिक्षुओं से पूछा—"भिक्षुओ! मार्ग में कुशल तो रहा? यात्रा सुख से बीती? तुम लोगों ने एकमत होकर, विना किसी विवाद के, स्नेहपूर्वक ही वर्षावास पूर्ण किया ना? कभी भोजनकष्ट तो नहीं हुआ?" "हाँ, भन्ते! हम पावेयक तीस भिक्षुओ के लिये वर्षावास में तो सब कुछ ठीक रहा, हमने एकमत होकर....वर्षावास पूर्ण किया। भोजन का भी कोई कष्ट हमें नहीं हुआ। हम तीसों भिक्षु

वस्सूपनायिकं सम्भावेतुं, अन्तरामग्गे साकेते वस्सं उपगच्छिम्हा। ते मयं, भन्ते, उक्कण्ठितरूपा वस्सं वसिम्हा 'आसन्नेव नो भगवा विहरति इतो छसु योजनेसु, न च मयं लभाम [R.254] भगवन्तं दस्सनाया'ति। अथ खो मयं, भन्ते, वस्संवुट्ठा, तेमासच्चयेन कताय पवारणाय, देवे वस्सन्ते, उदकसङ्गहे उदकचिक्खल्ले ओकपुण्णेहि चीवरेहि किलन्तरूपा अद्धानं आगता'' ति। अथ खो भगवा एतस्मिं निदाने पकरणे धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि— **''अनुजानामि, भिक्खवे, वस्संवुट्ठानं भिक्खूनं कठिनं अत्थरितुं। अत्थत**-[B.352] **कठिनानं वो, भिक्खवे, पञ्च कप्पिस्सन्ति—'अनामन्तचारो, असमादानचारो, गणभोजनं, यावदत्थचीवरं, यो च तत्थ चीवरुप्पादो सो नेसं भविस्सती' ति। अत्थतकठिनानं वो, भिक्खवे, इमानि पञ्च कप्पिस्सन्ति।''**

२. एवं च पन, भिक्खवे, कठिनं अत्थरितब्बं। ब्यत्तेन भिक्खुना पटिबलेन सङ्घो ञापेतब्बो—''सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। इदं सङ्घस्स कठिनदुस्सं उप्पन्नं। यदि सङ्घस्स पत्तकल्लं, सङ्घो इमं कठिनदुस्सं इत्थन्नामस्स भिक्खुनो ददेय्य कठिनं अत्थरितुं। एसा ञत्ति।

''सुणातु मे, भन्ते, सङ्घो। इदं सङ्घस्स कठिनदुस्सं उप्पन्नं। सङ्घो इमं [N.267] कठिनदुस्सं इत्थन्नामस्स भिक्खुनो देति कठिनं अत्थरितुं। यस्सायस्मतो खमति इमस्स कठिनदुस्सस्स इत्थन्नामस्स भिक्खुनो दानं कठिनं अत्थरितुं, सो तुण्हस्स; तस्स नक्खमति, सो भासेय्य।

''दिन्नं इदं सङ्घेन कठिनदुस्सं इत्थन्नामस्स भिक्खुनो कठिनं अत्थरितुं। खमति सङ्घस्स, तस्मा तुण्ही, एवमेतं धारयामी'' ति।

श्रावस्ती में ही वर्षावास करना चाहते थे, परन्तु वर्षोपनायिका तिथि समीप होने के कारण विवशतः हमको साकेत में ही वर्षावास करना पडा। इस अन्तराल मे हमारी यह उत्कण्ठा निरन्तर बनी रही कि इतना समीप (छह योजन) होने पर भी हम भगवान् के दर्शन नहीं कर पा रहे हैं। ज्यो ही वर्षावास, समाप्त हुआ, प्रवारणा पूर्ण की कि हम लोग भरी वर्षा में भगवान् के दर्शनहेतु श्रावस्ती के लिये चल पड़े। इसीलिये हम भीगे चीवरों में ही यहाँ तक रास्ते में कष्ट पाते हुए पहुँच पाये हैं। तब भगवान् ने इस सम्बन्ध में इस प्रकरण की धार्मिक कथाएँ कहते हुए भिक्षुओं से कहा—**''भिक्षुओ! अनुमति देता हूँ वर्षावास कर चुके भिक्षुओं को 'कठिन' (सङ्घ की सम्मति से सम्मानप्रदर्शन हेतु भिक्षु को दिया गया चीवर) पहनने की।''**

कठिनधारकों के पाँच नियम— ''कठिन पहन लेने का बाद, भिक्षुओ! तुम को इन पाँच नियमों से बंधे रहना पड़ेगा—१. विना आमन्त्रण के विचरना, २. विना तीनों चीवरों को लिये विचरना, ३ गण के साथ भोजन करना, ४. इच्छानुसार चीवर लेना, ५. तथा जो वहाँ चीवर मिलते समय होगा वह उसका होगा। ये पाँच नियम 'कठिन' धारण करने के बाद विहित होंगे।

२. ''भिक्षुओ! 'कठिन' धारण करने के लिये यह विधान है—चतुर एवं समर्थ भिक्षु सङ्घ को सूचित करे—

ज्ञप्ति—'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। यह सङ्घ के लिये कठिन बनाने का वस्त्र प्राप्त हुआ है। यदि सङ्घ उचित समझे तो इस कठिन के वस्त्र को इस नाम वाले भिक्षु को पहनने के लिये दे। यह सूचना है।'

अनुश्रवण— 'भन्ते! सङ्घ मेरी सुने। यह सङ्घ के लिये 'कठिन' का वस्त्र मिला है। सङ्घ इस 'कठिन' के वस्त्र को अमुक नाम के भिक्षु को पहनने के लिये दे रहा है। जिस आयुष्मान् को इस 'कठिन' का इस नाम वाले भिक्षु को देना अनुकूल हो वह चुप रहे; जिसको अनुकूल हो वह बोले।'

३. एवं खो, भिक्खवे, अत्थतं होति कठिनं, एवं अनत्थतं। कथं च पन, भिक्खवे, अनत्थतं होति कठिनं? न उल्लिखितमत्तेन अत्थतं होति कठिनं, न धोवनमत्तेन अत्थतं होति कठिनं, न चीवरविचारणमत्तेन अत्थतं होति कठिनं, न छेदनमत्तेन अत्थतं होति कठिनं, न बन्धनमत्तेन अत्थतं होति कठिनं, न ओवट्टिकरणमत्तेन अत्थतं होति कठिनं, न कण्डुस-करणमत्तेन अत्थतं होति कठिनं, न दळ्हिकम्मकरणमत्तेन अत्थतं होति कठिनं, न अनुवातकरणमत्तेन अत्थतं होति कठिनं, न परिभण्डकरणमत्तेन अत्थतं होति कठिनं, न ओवद्धेय्यकरणमत्तेन अत्थतं होति कठिनं, न कम्बलमद्दनमत्तेन अत्थतं होति कठिनं, न निमित्तकतेन अत्थतं होति कठिनं, न परिकथाकतेन अत्थतं होति कठिनं, न कुक्कुकतेन अत्थतं होति कठिनं, न सन्निधिकतेन अत्थतं होति कठिनं, न निस्सग्गियेन अत्थतं होति कठिनं, न अप्पकतेन अत्थतं होति कठिनं, न अञ्ञत्र सङ्घाटिया अत्थतं होति कठिनं, न [B.353, R.255] अञ्ञत्र उत्तरासङ्गेन अत्थतं होति कठिनं, न अञ्ञत्र पञ्चकेन वा अतिरेकपञ्चकेन वा तदहेव सञ्छिन्नेन समण्डलीकतेन अत्थतं होति कठिनं, न अञ्ञत्र पुग्गलस्स अत्थारा अत्थतं होति कठिनं; सम्मा चेव अत्थतं होति कठिनं, तं चे निस्सीमट्ठो अनुमोदति, एवं पि अनत्थतं होति कठिनं। एवं खो, भिक्खवे, अनत्थतं होति कठिनं।

४. कथं च, भिक्खवे, अत्थतं होति कठिनं? अहतेन अत्थतं होति कठिनं, अहतकप्पेन अत्थतं होति कठिनं, पिलोतिकाय अत्थतं होति कठिनं, पंसुकूलेन अत्थतं होति कठिनं, पापणिकेन अत्थतं होति कठिनं, अनिमित्तकतेन अत्थतं होति कठिनं, अपरिकथाकतेन अत्थतं होति कठिनं, अकुक्कुकतेन अत्थतं होति कठिनं, असन्निधिकतेन अत्थतं होति कठिनं, अनिस्सग्गियेन अत्थतं होति कठिनं, कप्पकतेन अत्थतं होति कठिनं,

---

धारणा– 'सङ्घ ने इस 'कठिन' के वस्त्र को अमुक नाम वाले भिक्षु को धारण करने के लिये दे दिया। सङ्घ को यह दान अनुकूल है इसीलिये चुप है–ऐसी मेरी धारणा है।'

कठिन का प्रसारण एवं अप्रसारण–३. यो, भिक्षुओ! 'कठिन' का प्रसारण होता है और यों अप्रसारण। कैसे, भिक्षुओ! 'कठिन' का प्रसारण नहीं होता? उल्लिखित (किसी चिह्न द्वारा प्रमाण) कर देने मात्र से, धोने मात्र से, चीवर के फैलाने मात्र से, छेदन मात्र से, बन्धन मात्र से, लपेटने मात्र से, कण्डुस (चमक लाने=कुन्दी करने) मात्र से, न दृढ़ कर्म (दो वस्त्रों को सिल देने) करने मात्र से, न हवा के अनुकूल करने मात्र से, न परिभण्ड (घेरने) मात्र से, न किसी वस्त्र से ढकने मात्र से, न कम्बल पर रगड़ने मात्र से, उस पर न कोई चिह्न कर देने मात्र से, न तत्सम्बन्धी चर्चा करने मात्र से, न मांड देने (कड़ा करने) मात्र से, न कुछ सीमा (माप) कर देने मात्र से, न जमा कर (समेट) देने मात्र से, न छोड़ने योग्य होने मात्र से, न अकल्प्य (अविहित) करने मात्र से, न सङ्घाटि से पृथक् होने मात्र से, न उत्तरासङ्ग से पृथक् होने मात्र से, न अन्तरवासक से पृथक् होने मात्र से, न पाँच या पाँच से अधिक होने पर, उसी दिन कटा होने पर, मण्डल (गोल) कर देने मात्र से, न किसी पुरुष का पहना होने से यदि उस का सीमा से बाहर रहकर अनुमोदन कर दिया हो, 'कठिन' का 'प्रसारण' नहीं कहलाता।

४. और, भिक्षुओ! 'कठिन' का 'प्रसारण' कैसे होता है? विना पहने कठिन का प्रसारण होता है, विना पहने रखे वस्त्र में...फटे-पुराने.....रास्ते से उठाये चीथडे.. दुकान पर रखे हुए पुराने न

सङ्घाटिया अत्थतं होति कठिनं, उत्तरासङ्गेन अत्थतं होति कठिनं, अन्तरवासकेन अत्थतं होति कठिनं, पञ्चकेन वा अतिरेकपञ्चकेन वा तदहेव सञ्छिन्नेन समण्डलीकतेन अत्थतं होति कठिनं, पुग्गलस्स अत्थारा अत्थतं होति कठिनं; सम्मा चेव अत्थतं होति कठिनं, तं चे सीमट्ठो अनुमोदति, एवं पि अत्थतं होति कठिनं। एवं खो, भिक्खवे, अत्थतं होति कठिनं।

५. कथं च, भिक्खवे, उब्भतं होति कठिनं? अट्ठिमा, भिक्खवे, मातिका [N.268] कठिनस्स उब्भाराय—**पक्कमनन्तिका, निट्ठानन्तिका, सन्निट्ठानन्तिका, नासनन्तिका, सवनन्तिका, आसावच्छेदिका, सीमातिक्कन्तिका, सहुब्भारा** ति।

२. आदायसत्तकं

६. (१) भिक्खू अत्थतकठिनो कतचीवरं आदाय पक्कमति—"न पच्चेस्सं" ति। तस्स भिक्खुनो पक्कमनन्तिको कठिनुद्धारो।

(२) भिक्खु अत्थतकठिनो चीवरं आदाय पक्कमति। तस्स बहिसीमगतस्स [B.354] एवं होति—"इधेविमं चीवरं कारेस्सं, न पच्चेस्सं" ति। सो तं चीवरं कारेति। तस्स भिक्खुनो निट्ठानन्तिको कठिनुद्धारो।

(३) भिक्खु अत्थतकठिनो चीवरं आदाय पक्कमति। तस्स बहिसीमगतस्स एवं होति—"नेविमं चीवरं कारेस्सं, न पच्चेस्सं" ति। तस्स भिक्खुनो सन्निट्ठानन्तिको कठिनुद्धारो।

चिह्नित किये....न चर्चा किये गये.....न माँड देकर कडा किये न एकत्र किये न छोड़े हुए न कल्प्य (विहित) वस्त्र में कठिन का प्रसारण होता है। सङ्घाटि से... उत्तरासङ्ग से.... अन्तरवासक से.....पाँच से या पाँच से अधिक होने से....उसी दिन कटा होने पर... मण्डल कर देने से . सीमा के अन्तर्गत अनुमोदन कर देने से भी कठिन का प्रसारण होता है। यों भिक्षुओ! 'कठिन' का प्रसारण होता है।

५ और, भिक्षुओ! 'कठिन' उद्धृत =उद्भुत (उत्पन्न) कैसे होता है? भिक्षुओ! कठिन के उद्धार में ये आठ मातृकाएँ (उत्पादक=मूल कारण) हैं—१. प्रक्रमणान्तिका, २ निष्ठानान्तिका, ३ सन्निष्ठानान्तिका ४. नाशनान्तिका, ५ श्रवणान्तिका, ६. आशावच्छेदिका, ७. सीमातिक्रान्तिका एवं ८ सहोत्पत्तिका।

२. आदाय–सप्तक

६. (१) भिक्षुओ! 'कठिन' के प्रसारित होने जाने पर जो भिक्षु यह सोचकर बने चीवर को लेकर चल देता है कि फिर नहीं लौटूँगा। ऐसे भिक्षु को **प्रक्रमणान्तिक** (चला जाना जिसका अन्त है) कठिन का उद्धार होता है।

(२) कोई भिक्षु कठिन के प्रसारित होने पर चीवर लेकर चल देता है, सीमा के बाहर उसके मन में यह होता है— 'यहीं इस चीवर को बनाऊँगा, फिर नहीं लौटूँगा' और वह उस चीवर को बनवा लेता है, ऐसे भिक्षु को **निष्ठानान्तिक** (बनवा चुकना अन्त है जिसका) नामक कठिन का उद्धार होता है।

(३) कोई भिक्षु कठिन के प्रसारित हो जाने पर चीवर लेकर चल देता है, सीमा के बाहर जाने पर उसके चित्त मे ऐसा विचार होता है—'न इस चीवर को बनवाऊँगा, न फिर लौटूँगा।' ऐसी स्थिति मे उस भिक्षु को **सन्निष्ठानान्तिक** (जिस का समाप्त करना अवशिष्ट है) कठिन का उद्धार होता है।

(४) भिक्खु अत्थतकठिनो चीवरं आदाय पक्कमति। तस्स बहिसीमगतस्स एवं होति—"इधेविमं चीवरं कारेस्सं, न पच्चेस्सं" ति। सो तं चीवरं कारेति। तस्स तं चीवरं कयिरमानं नस्सति। तस्स भिक्खुनो नासनन्तिको कठिनुद्धारो।

(५) भिक्खु अत्थतकठिनो चीवरं आदाय पक्कमति—"पच्चेस्सं" ति। सो [R.256] बहिसीमगतो तं चीवरं कारेति। सो कतचीवरो सुणाति—उब्भतं किर तस्मिं आवासे कठिनं ति। तस्स भिक्खुनो सवनन्तिको कठिनद्धारो।

(६) भिक्खु अत्थकठिनो चीवरं आदाय पक्कमति—"पच्चेस्सं" ति। सो बहिसीमगतो तं चीवरं कारेति। सो कतचीवरो—"पच्चेस्सं पच्चेस्सं" ति— बहिद्धा कठिनुद्धारं वीतिनामेति। तस्स भिक्खुनो सीमातिक्कन्तिको कठिनुद्धारो।

(७) भिक्खु अत्थतकठिनो चीवरं आदाय पक्कमति—पच्चेस्सं ति। सो बहिसीमगतो तं चीवरं कारेति। सो कतचीवरो—"पच्चेस्सं पच्चेस्सं" ति—सम्भुणाति कठिनुद्धारं। तस्स भिक्खुनो सह भिक्खूहि कठिनुद्धारो।

आदायसत्तकं निट्ठितं॥

३. समादायसत्तकं

७. (१) भिक्खु अत्थतकठिनो कतचीवरं समादाय पक्कमति—"न पच्चेस्सं" ति। तस्स भिक्खुनो पक्कमनन्तिको कठिनुद्धारो।

---

(४)... चीवर लेकर चल देता है और सीमा से बाहर जाने पर उसे यह मन में होता है—'यहीं इस चीवर को बनवाऊँ तथा फिर न लौटूँगा।' वह उस चीवर को बनवाता है और बनवाते समय उसका वह चीवर नष्ट हो जाता है। उस भिक्षु का **नाशनान्तिक** (नाश हो जाना जिसका अन्त है) कठिन का उद्धार कहलाता है।

(५)... चीवर को लेकर चल देता है, यह सोच कर कि लौटूँगा। सीमा से बाहर जाकर बनवाता है। चीवर बन जाने पर वह सुनता है कि उस आवास में 'कठिन' उत्पन्न हुआ। उस भिक्षु को श्रवणान्तिक (सुनना है अन्त जिसका) कठिन का उद्धार होता है।

(६) ...चीवर को लेकर चल देता है यह सोचकर कि फिर लौटूँगा और सीमा से बाहर जाकर उस चीवर को बनवाता है। वह चीवर बन जाने पर "फिर लौटूँगा, फिर लौटूँगा" यह सोचते-सोचते बाहर ही कठिन के उद्धार का समय बिता देता है। ऐसे भिक्षु को सीमातिक्रान्तिक (सीमा का अतिक्रमण कर दिया है जिसमे) कठिन का उद्धार होता है।

(७)....चीवर लेकर 'फिर आऊँगा' सोचकर चल देता है। वह सीमा के बाहर जाने पर उस चीवर को बनवा लेता है। चीवर बन जाने पर 'फिर आऊँगा, फिर आऊँगा'—यह सोचते हुए 'कठिन' के उद्धार की प्रतीक्षा करता है। उस भिक्षु का दूसरे भिक्षुओं के साथ सहोत्पत्तिक (सहुप्पत्ति) 'कठिन' का उद्धार होता है। (सहोत्पत्तिक)।

आदाय–सप्तक समाप्त।।

३. समादाय–सप्तक

७. (१–७) भिक्षुओ! भिक्षु कठिन प्रसारित हो जाने पर बने चीवर को ठीक से लेकर चल देता है ..पूर्ववत्.. उस भिक्षु का दूसरे भिक्षुओं के साथ 'कठिन' का उद्धार होता है।

समादायसप्तक समाप्त।।

(२) भिक्खु अत्थतकठिनो चीवरं समादाय पक्कमति। तस्स बहिसीम-[B.355] गतस्स एवं होति—''इधेविमं चीवरं कारेस्सं, न पच्चेस्सं'' ति। सो तं चीवरं कारेति। तस्स भिक्खुनो निट्ठानन्तिको कठिनुद्धारो।

(३) भिक्खु अत्थतकठिनो चीवरं समादाय पक्कमति। तस्स बहिसीमगतस्स एवं होति—''नेविमं चीवरं कारेस्सं, न पच्चेस्सं'' ति। तस्स भिक्खुनो सन्निट्ठानन्तिको कठिनुद्धारो।

(४) भिक्खु अत्थतकठिनो चीवरं समादाय पक्कमति। तस्स बहिसीम- [N.269] गतस्स एवं होति—''इधेविमं चीवरं कारेस्सं, न पच्चेस्सं'' ति। सो तं चीवरं कारेति। तस्स तं चीवरं कयिरमानं नस्सति। तस्स भिक्खुनो नासनन्तिको कठिनुद्धारो।

(५) भिक्खु अत्थतकठिनो चीवरं समादाय पक्कमति—''पच्चेस्सं'' ति। सो बहिसीमगतो तं चीवरं कारेति। सो कतचीवरो सुणाति—''उब्भतं किर तस्मिं आवासे कठिनं'' ति। तस्स भिक्खुनो सवनन्तिको कठिनुद्धारो।

(६) भिक्खु अत्थतकठिनो चीवरं समादाय पक्कमति—''पच्चेस्सं'' ति। सो बहिसीमगतो तं चीवरं कारेति। सो कतचीवरो—''पच्चेस्सं पच्चेस्सं'' ति—बहिद्धा कठिनुद्धारं वीतिनामेति। तस्स भिक्खुनो सीमातिक्कन्तिको कठिनुद्धारो।

(७) भिक्खु अत्थकठिनो चीवरं समादाय पक्कमति—पच्चेस्सं ति। सो बहिसीमगतो तं चीवरं कारेति। सो कतचीवरो—''पच्चेस्सं पच्चेस्सं'' ति—सम्भुणाति कठिनुद्धारं। तस्स भिक्खूनो सह भिक्खूहि कठिनुद्धारो।

समादायसत्तकं दुतियं निट्ठितं॥

४. आदायछक्कं

८. (१) भिक्खु अत्थकठिनो विप्पकतचीवरं आदाय पक्कमति। तस्स [R.257] बहिसीमगतस्स एवं होति—''इधेविमं चीवरं कारेस्सं, न पच्चेस्सं'' ति। सो तं चीवरं कारेति। तस्स भिक्खुनो निट्ठानन्तिको कठिनुद्धारो।

(२) भिक्खु अत्थतकठिनो विप्पकतचीवरं आदाय पक्कमति। तस्स [B.356] बहिसीमगतस्स एवं होति—''नेविमं चीवरं कारेस्सं, न पच्चेस्सं'' ति। तस्स भिक्खुनो सन्निट्ठानन्तिको कठिनुद्धारो।

(३) भिक्खु अत्थतकठिनो विप्पकतचीवरं आदाय पक्कमति। तस्स बहिसीमगतस्स

[यह सप्तक अक्षरश: ऊपर के आदाय-सप्तक के ही समान है। तदनुसार ही अर्थ कर लें। केवल 'लेकर चल देता है' के स्थान पर 'ठीक से लेकर चल देता है'—लगावें।]

४. आदायषट्क

८. (१) भिक्षुओ! भिक्षु 'कठिन' के प्रसारित होने पर विना बने चीवर को लेकर (=आदाय) चल देता है। उसको, सीमा के बाहर चलें जाने पर, यह विचार होता है—'यहीं चीवर बनवा लूँ और वापस न लौटूँ। और वह उस चीवर को बनवाये तो उस भिक्षु को 'निष्ठानान्तिक' नामक 'कठिन' का उद्धार होता है।

अथ खो राजगहको नेगमो वेसालिं आगमासि केनचिदेव करणीयेन। अद्दसा खो राजगहको नेगमो वेसालिं इद्धं चेव फीतं च बहुजनं च आकिण्णमनुस्सं च सुभिक्खं च; सत्त च पासादसहस्सानि सत्त च पासादसतानि सत्त च पासादे; सत्त च कूटागारसहस्सानि सत्त च कूटागारसतानि सत्त च कूटागारानि; सत्त च आरामसहस्सानि सत्त च आरामसतानि सत्त च आरामे; सत्त च पोक्खरणीसहस्सानि सत्त च पोक्खरणीसतानि सत्त च पोक्खरणियो; अम्बपालिं च गणिकं अभिरूपं दस्सनीयं पासादिकं परमाय वण्णपोक्खरताय समन्नागतं, पदक्खं नच्चे च गीते च वादिते च, अभिसटं अत्थिकानं अत्थिकानं मनुस्सानं पञ्ञासाय च रत्तिं गच्छन्तिं, ताय च वेसालिं भिय्योसोमत्ताय उपसोभन्तिं।

२. अथ खो राजगहको नेगमो वेसालियं तं करणीयं तीरेत्वा पुनदेव राजगहं पच्चागञ्छि। येन राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा राजानं मागधं

---

८. चीवरस्कन्धक

१. जीवकवस्तु

१. उस समय भगवान् बुद्ध राजगृहस्थित वेणुवन के कलन्दकनिवाप विहार में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय वैशाली (नगरी) समृद्ध, सम्पन्न, मनुष्यसमूहों से आकीर्ण एवं धन धान्य से युक्त थी। वह सात हजार सात सौ सात प्रासादों से, सात हजार सात सौ सात कूटागारों से, सात हजार सात सौ सात उद्यानों से, सात हजार सात सौ सात पुष्करिणियों से शोभित थी। वहाँ की रहने वाली गणिका अम्बपाली भी, सुन्दर, नेत्रों को प्रिय लगने वाली, मन को लुभाने वाली एवं परम रूप–सौन्दर्य से समन्वित थी। वह नृत्य गीत वाद्य में विशेष दक्ष थी। वह चाहने वालों से एक रात्रि का पचास कार्षापण लेती थी। इस गणिका के कारण भी वैशाली की रमणीयता में चार चाँद लगे हुए थे।

उस समय राजगृह का कोई निगम–सभासद् किसी कार्यविशेष से वैशाली गया था। वह वैशाली के सौन्दर्य ...पूर्ववत्....वह उस पर मुग्ध होता हुआ अपना कार्य पूर्ण कर फिर राजगृह लौट आया।

२. तब वह राजगृह का निगम–सभासद जहाँ राजा मागध श्रेणिय बिम्बिसार थे, वहाँ गया। जाकर वह सभासद उनसे यों बोला–"देव! वैशाली नगरी तो अत्यन्त समृद्ध, सम्पन्न. ..पूर्ववत्...चार

सेनियं बिम्बिसारं एतदवोच—"वेसाली, देव, इद्धा चेव फीता च बहुजना च [B.378] आकिण्णमनुस्सा च सुभिक्खा च; सत्त च पासादसहस्सानि....पे०...ताय च वेसाली भिय्योसोमत्ताय उपसोभति। साधु, देव, मयं पि गणिकं वुट्ठापेय्यामा" ति। "तेन हि, भणे, तादिसिं कुमारिं जानाथ यं तुम्हे गणिकं वुट्ठापेय्याथा" ति। तेन खो पन समयेन राजगहे सालवती नाम कुमारी अभिरूपा होति दस्सनीया पासादिका परमाय वण्णपोक्खरताय समन्नागता। अथ खो राजगहको नेगमो सालवतिं कुमारिं गणिकं वुट्ठापेसि। अथ [R.269] खो सालवती गणिका नचिरस्सेव पदक्खा अहोसि नच्चे च गीते च वादिते च, अभिसटा अत्थिकानं अत्थिकानं मनुस्सानं पटिसतेन च रत्तिं गच्छति।

अथ खो सालवती गणिका नचिरस्सेव गब्भिनी अहोसि। अथ खो [N.287] सालवतिया गणिकाय एतदहोसि—"इत्थी खो गब्भिनी पुरिसानं अमनापा। सचे मं कोचि जानिस्सति 'सालवती गणिका गब्भिनी' ति, सब्बो मे सक्कारो परिहायिस्सति। यन्नूनाहं गिलानं पटिवेदेय्यं" ति। अथ खो सालवती गणिका दोवारिकं आणापेसि—"मा, भणे दोवारिका, कोचि पुरिसो पाविसि। यो च मं पुच्छति, 'गिलाना' ति पटिवेदेही" ति। "एवं, अय्ये", ति खो सो दोवारिको सालवतिया गणिकाय पच्चस्सोसि। अथ खो सालवती गणिका तस्स गब्भस्स परिपाकमन्वाय पुत्तं विजायि। अथ खो सालवती गणिका दासिं आणापेसि—"हन्द, जे, इमं दारकं कत्तरसुप्पे पक्खिपित्वा नीहरित्वा सङ्कारकूटे छड्डेही" ति। "एवं, अय्ये" ति खो सा दासी सालवतिया गणिकाय पटिस्सुत्वा तं दारकं कत्तरसुप्पे पक्खिपित्वा नीहरित्वा सङ्कारकूटे छड्डेसि।

३. तेन खो पन समयेन अभयो नाम राजकुमारो कालस्सेव राजुपट्ठानं गच्छन्तो

चान्द लगे हुए हैं। अच्छा हो, देव! हम भी अपने राजगृह नगर में कोई ऐसी ही रूप-सौन्दर्यसम्पन्न गणिका रखें। (राजा बोले—) "तो भाई! ऐसी कुमारी सुन्दरी खोज कर लाओ जिसे गणिका (नगरवधू) के रूप में रखा जा सके।" उस समय शालवती नामक कुमारी सुन्दर, नयनानन्दकरी, जनमनोह्लादिनी, परम रूप-सौन्दर्यसम्पन्न थी। उस निगमसभासद् ने राजाज्ञा से शालवती कुमारी को ही राजगृह की नगरवधू बना दिया। तब वह शालवती कुमारी कुछ ही समय में नृत्य, गीत एवं वाद्य कला में चतुर हो गयी। चाहने वाले मनुष्यों से वह सौ कार्षापण लेकर ही अपने पास आने देती थी।

वह शालवती गणिका कुछ समय बाद गर्भवती हो गयी। तब शालवती गणिका को यह विचार हुआ—"गर्भवती स्त्री लोगों को अप्रिय होती है। यदि कोई मेरे विषय में यह जान लेगा कि शालवती गर्भवती है तो उसके सामने मेरा अपमान होगा। तो क्यों न मैं अपने आप को रोगी घोषित कर दूँ।" तब उस गणिका ने अपने द्वारपाल से कहा—"अरे! देखो, कोई पुरुष हमारे घर में न घुसे। कोई पूछे तो कह देना कि शालवती रुग्ण है।" "अच्छा, आर्ये!" कहकर उस द्वारपाल ने उत्तर दिया। तब शालवती गणिका ने गर्भ पूर्ण होने के बाद एक पुत्र को जन्म दिया। शालवती ने दासी को बुलाकर आज्ञा दी—"अरी! इस शिशु को कूड़ेदानी में रखकर, बाहर ले जाकर कूड़े के ढेर पर फेंक आ।" "अच्छा, आर्ये" यों शालवती से कहकर दासी ने उस जन्मजात बालक को कूड़ेदानी में रखकर बाहर ले जाकर कूड़े के ढेर पर फेंक दिया।

३. उस समय अभय नामक राजकुमार समय से ही राजदर्बार में जा रहा था कि उसने उस

अद्दस तं दारकं काकेहि सम्परिकिण्णं, दिस्वान मनुस्से पुच्छि—"किं एतं, भणे, काकेहि सम्परिकिण्णं" ति? "दारको, देवा" ति। "जीवति, भणे, ति?" "जीवति, देवा" ति। "तेन हि, भणे, तं दारकं अम्हाकं अन्तेपुरं नेत्वा धातीनं देथ पोसेतुं" ति। "एवं, देवा," ति [B.379] खो ते मनुस्सा अभयस्स राजकुमारस्स पटिस्सुत्वा तं दारकं अभयस्स राजकुमारस्स अन्तेपुरं नेत्वा धातीनं अदंसु—'पोसेथा' ति। तस्स जीवती ति 'जीवको' ति नामं अकंसु। कुमारेन पोसापितो ति 'कोमारभच्चो' ति नामं अकंसु। अथ खो जीवको कोमारभच्चो नचिरस्सेव विञ्ञुतं पापुणि। अथ खो जीवको कोमारभच्चो येन अभयो राजकुमारो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा अभयं राजकुमारं एतदवोच—"का मे, देव, माता, को पिता" ति? "अहं पि खो ते, भणे जीवक, मातरं न जानामि; अपि चाहं ते पिता; मयासि पोसापितो" ति। अथ खो जीवकस्स कोमारभच्चस्स एतदहोसि—"इमानि खो राजकुलानि न सुकरानि असिप्पेन उपजीवितुं। यन्नूनाहं सिप्पं सिक्खेय्यं" ति।

४. तेन खो पन समयेन तक्कसिलायं दिसापामोक्खो वेज्जो पटिवसति। अथ खो [R.270] जीवको कोमारभच्चो अभयं राजकुमारं अनापुच्छा येन तक्कसिला तेन पक्कामि। अनुपुब्बेन येन तक्कसिला, येन सो वेज्जो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा तं वेज्जं एतदवोच—"इच्छामहं, आचरिय, सिप्पं सिक्खितुं" ति। "तेन हि, भणे जीवक, सिक्खस्सू" ति। अथ खो जीवको कोमारभच्चो बहुं च गण्हाति लहुं च गण्हाति सुट्ठु च उपधारेति, गहितं चस्स न सम्मुस्सति। अथ खो जीवकस्स कोमारभच्चस्स सत्तन्नं वस्सानं अच्चयेन एतदहोसि—

कूड़े के ढेर पर कौओं से घिरे बालक को देखकर अपने अङ्गरक्षकों से पूछा—"देखो तो इस कूड़े...के ढेर पर क्या पड़ा है जिसे कौए घेरे हुए है।" "देव! यह तो कोई जन्मजात बालक है।" "क्या यह जीवित है?" "हाँ, देव! जीवित है।" "तो तुम लोग इस बालक को हमारे अन्तःपुर में ले जाकर धात्रियों को सौंप दो कि वे इसका पालन–पोषण करें।" उन्होंने "यह जीवित है"—ऐसा सोचकर इसका 'जीवक' नाम रख दिया। कुमार के द्वारा पाला–पोसा गया इसलिये इसे 'कौमारभृत्य' भी कहने लगे। वह जीवक कौमारभृत्य कुछ ही समय में समझदार हो गया। एक दिन उस जीवक कौमारभृत्य ने अभय राजकुमार के पास जाकर पूछा—'देव! मेरी माता कौन है? और मेरा पिता कौन है?" "भणे जीवक! तुम्हारी माता के विषय में तो मैं कुछ नहीं जानता, हाँ, मै तुम्हारा पिता हूँ; क्योंकि मैंने तुम्हें पाला–पोसा है।" तब जीवक कौमारभृत्य को यह (विचार) हुआ—"ये ऐसे बड़े बडे राजपरिवार किसी शिल्प के ज्ञाता हुए विना ससम्मान रहने योग्य नहीं हैं। अतः मैं भी किसी न किसी शिल्प में पारङ्गत होऊँगा।"

४. उस समय तक्षशिला नगरी में कोई लोकप्रसिद्ध (दिसापामोक्ख) वैद्य रहते थे। तब वह जीवक कौमारभृत्य, अभय राजकुमार से विना पूछे, तक्षशिला की तरफ चल दिये। और क्रमशः तक्षशिला पहुँच कर जहाँ वैद्य रहते थे वहाँ पहुँचे। पहुँचकर उनसे प्रार्थना की—"आचार्य! मैं शिल्प (वैद्यविद्या) सीखना चाहता हूँ।" (वैद्य ने कहा—) "तो, जीवक! सीख लो।" एतदन्तर, जीवक गुरु से जो भी थोडा या बहुत सुनता था उसे भलीभाँति समझकर तत्काल स्मरण कर लेता था, यह स्मरण किया हुआ कभी नहीं भूलता था। यों सात वर्ष बीतने पर एक दिन कौमारभृत्य के मन में यह हुआ—"मैं थोड़ा या बहुत जो कुछ भी गुरुमुख से सुन पाया था, वह सबकुछ भलीभाँति समझते हुए

"अहं खो बहुं च गण्हामि लहुं च गण्हामि सुट्ठु च उपधारेमि, गहितं च मे न सम्मुस्सति, सत्त च मे वस्सानि अधीयन्तस्स, नयिमस्स सिप्पस्स अन्तो पञ्ञायति। कदा [N.288] इमस्स सिप्पस्स अन्तो पञ्ञायिस्सती" ति। अथ खो जीवको कोमारभच्चो येन सो वेज्जो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा तं वेज्जं एतदवोच–"अहं खो, आचरिय, बहुं च गण्हामि लहुं च गण्हामि सुट्ठु च उपधारेमि, गहितं च मे न सम्मुस्सति, सत्त च मे वस्सानि अधीयन्तस्स, नयिमस्स सिप्पस्स अन्तो पञ्ञायति। कदा इमस्स सिप्पस्स अन्तो पञ्ञायिस्सती" ति? "तेन हि, भणे जीवक, खणित्तिं अदाय तक्कसिलाय समन्ता योजनं आहिण्डित्वा यं किञ्चि अभेसज्जं पस्सेय्यासि तं आहरा' ति। "एवं, आचरिया" ति खो जीवको कोमार- [B.380] भच्चो तस्स वेज्जस्स पटिसुत्वा खणित्तिं आदाय तक्कसिलाय समन्ता योजनं आहिण्डन्तो न किञ्चि अभेसज्जं अद्दस। अथ खो जीवको, कोमारभच्चो येन सो वेज्जो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा तं वेज्जं एतदवोच–"आहिण्डन्तोम्हि, आचरिय, तक्कसिलाय समन्ता योजनं, न किञ्चि अभेसज्जं अद्दसं" ति। "सुसिक्खितोसि, भणे जीवक! अलं ते एत्तकं जीविकाया" ति जीवकस्स कोमारभच्चस्स परित्तं पाथेय्यं पादासि। अथ खो जीवको कोमारभच्चो तं परित्तं पाथेय्यं आदाय येन राजगहं तेन पक्कामि। अथ खो जीवकस्स कोमारभच्चस्स तं परित्तं पाथेय्यं अन्तरामग्गे साकेते परिक्खयं अगमासि। अथ खो जीवकस्स कोमारभच्चस्स एतदहोसि–"इमे खो मग्गा कन्तारा अप्पोदका अप्पभक्खा, न सुकरा अपाथेय्येन गन्तुं। यन्नूनाहं पाथेय्यं परियेसेय्यं" ति।

२. सेट्ठिभरियावत्थु

५. तेन खो पन समयेन साकेते सेट्ठिभरियाय सत्तवस्सिको सीसाबाधो होति। बहू महन्ता महन्ता दिसापामोक्खा वेज्जा आगन्त्वा नासक्खिंसु अरोगं कातुं। बहुं हिरञ्ञं आदाय

स्मरण कर चुका हूँ। उसे मैं कभी भूलूँगा नहीं। अब पढ़ते हुए मुझे सात वर्ष हो चले हैं। ऐसे शिल्प का कहीं अन्त भी नहीं दीखता। इसका अन्त कब होगा?" यह सोचकर जीवक गुरु (वैद्य जी) के पास गया और उनसे पूछा–"आचार्य! मैं थोड़ा या बहुत...पूर्ववत्....अन्त कब होगा?" (वैद्य जी बोले–) "तो, जीवक! खनती (खुरपी) लेकर तक्षशिला के चारों तरफ एक एक योजन तक घूमकर देखो और जहाँ तुम्हें ऐसी वनस्पति मिले जिसका किसी ओषधि के रूप में उपयोग न हो पावे, उसे उखाड़ लाओ।" "अच्छा, आचार्य!" कहकर जीवक कौमारभृत्य तक्षशिला के चारों तरफ....जिसका ओषधि रूप में प्रयोग न हो सकता हो। तब उसने पुनः लौटकर अपने आचार्य से निवेदन किया– "आचार्यप्रवर! मैं तो तक्षशिला के चारों तरफ एक–एक योजन तक घूम आया, परन्तु मुझे एक भी वनस्पति ऐसी न मिली जिसका किसी न किसी रोग के शमन हेतु ओषधिरूप में प्रयोग न हो सकता है।" (वैद्य बोले–) "तात जीवक! तब तो तुम बहुत कुछ सीख चुके। तुम्हारे लिये इतना ही सीखा गया शिल्प जीविकाहेतु पर्याप्त है।" कहकर उन्होंने जीवक को यात्रा मे उपयोग के लिये कुछ पाथेय (रास्ते मे किये जाने योग्य भोजन) देकर अपने घर लौटने की आज्ञा दी। तब उस जीवक कौमारभृत्य का वह पाथेय साकेत नगरी पहुँचने से पहले ही मार्ग में समाप्त हो गया। तब उसको यह विचार हुआ–"आगे तो यह रास्ता और भी बीहड़ एवं जनशून्य है। इसमे विना पाथेय के चलना बहुत कठिन है। निश्चय ही साथ में कुछ पाथेय की व्यवस्था करके मुझे आगे बढ़ना चाहिये।"

अगमंसु। अथ खो जीवको कोमारभच्चो साकेतं पविसित्वा मनुस्से पुच्छि—"को, भणे, [R.271] गिलानो, कं तिकिच्छामी" ति?"एतिस्सा, आचरिय, सेट्ठिभरियाय सत्तवस्सिको सीसाबाधो, गच्छ, आचरिय, सेट्ठिभरियं तिकिच्छाही" ति। अथ खो जीवको कोमारभच्चो येन सेट्ठिस्स गहपतिस्स निवेसनं तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा दोवारिकं आणापेसि—"गच्छ, भणे दावारिक, सेट्ठिभरियाय पावद—'वेज्जो, अय्ये, आगतो, सो तं दट्ठुकामो'' ति।"एवं, आचरिया", ति खो सो दोवारिको जीवकस्स कोमारभच्चस्स पटिस्सुत्वा येन सेट्ठिभरिया तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा सेट्ठिभरियं एतदवोच—"वेज्जो, अय्ये, आगतो; सा तं दट्ठुकामो" ति।"कीदिसो, भणे दोवारिक, वेज्जो ति?""दहरको, अय्ये" ति। अलं, भणे दोवारिक, [B.381] किं मे दहरको वेज्जो करिस्सति! बहू महन्ता दिसापामोक्खा वेज्जो पि आगन्त्वा नासक्खिंसु अरोगं कातुं। बहुं हिरञ्ञं आदाय अगमंसू" ति। अथ खो सो दोवारिको येन जीवको कोमारभच्चो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा जीवकं कोमारभच्चं एतदवोच—"सेट्ठिभरिया, आचरिय, एवमाह—"अलं, भणे दोवारिक, किं मे दहरको वेज्जो करिस्सति? बहू महन्ता महन्ता दिसापामोक्खा वेज्जा पि आगन्त्वा नासक्खिंसु अरोगं कातुं। बहुं हिरञ्ञं [N.289] आदाय अगमंसू" ' ति।"गच्छ, भणे दोवारिक, सेट्ठिभरियाय पावद—'वेज्जो, अय्ये, एवमाह—मा किर, अय्ये, पुरे किञ्चि अदासि। यदा अरोगा होसि यदा यं इच्छेय्यासि तं दज्जेय्यासी" ' ति।"एवं, आचरिया" ति खो सो दोवारिको जीवकस्स कोमारभच्चस्स पटिस्सुत्वा—'मा किर, अय्ये, पुरे किञ्चि अदासि। यदा अरोगा होसि तदा यं इच्छेय्यासि तं दज्जेय्यासी" ति।"तेन हि, भणे दावारिका, वेज्जो आगच्छतू" ति।"एवं, अय्ये" ति खो सो दोवारिको सेट्ठिभरियाय पटिस्सुत्वा येन जीवको कोमारभच्चो तेनुपसङ्कमि,

---

२. श्रेष्ठिभार्यावस्तु

५. उस समय साकेत नगरी में किसी धनाढ्य श्रेष्ठी की भार्या सात वर्ष से भयङ्कर पीड़ादायक शिरोरोग से आक्रान्त थी। बहुत प्रसिद्ध प्रसिद्ध वैद्यों से चिकित्सा करायी गयी, परन्तु कोई लाभ नहीं हुआ। वह श्रेष्ठी बहुत अधिक धन खर्च कर चुका था। तब जीवक ने साकेत मे प्रवेश कर लोगों से पूछताछ की कि यहाँ कोई ऐसी रोगी है जिसकी चिकित्सा कर उसे स्वस्थ कर सकूँ। तब लोगों ने जीवक को बताया—"आचार्य! अमुक श्रेष्ठी की भार्या को सात वर्ष से शिरोरोग है, जाओ, उसकी चिकित्सा कर सको तो करो।" तब जीवक ..उस श्रेष्ठी के घर पहुँचा। पहुँचकर द्वारपाल से कहा—"भो द्वारपाल! जाओ और श्रेष्ठी की भार्या से कहो—"द्वार पर एक वैद्य आये है, आपको (चिकित्सा हेतु) देखना चाहते है।' " "अच्छा! आचार्य!" कहकर वह द्वारपाल श्रेष्ठी भार्या के सम्मुख आया और बोला—"आर्ये! एक वैद्य आये हैं, आपका रोग देखना चाहते हैं।" "द्वारपाल! वह वैद्य (आयु से) कैसा है?" "आर्ये! अभी तो युवक ही लगता है।" "तो जाने दे द्वारपाल! युवक वैद्य मेरे रोग की क्या चिकित्सा करेगा! जब कि बड़े-बड़े लोकप्रसिद्ध वैद्य भी मेरी चिकित्सा न कर सके। और बहुत सा धन भी व्यर्थ ही लेकर चले गये।" तब वह द्वारपाल पुनः द्वार पर आया और जीवक...से यो बोला—"आचार्य! श्रेष्ठी की भार्या ने यह कहा है ..पूर्ववत्...। तब जीवक ने द्वारपाल से कहा—द्वारपाल तुम एक बार फिर जाओ, और श्रेष्ठी की भार्या से कहो—'वैद्य कहते हैं, आर्ये! पहले कुछ भी न देना। जब आप नीरोग हो जाँय तो जो इच्छा हो दे देना।" "अच्छा, आचार्य"—यों द्वारपाल जीवक को उत्तर दे, श्रेष्ठी की भार्या के पास पुनः गया और बोला—"आर्ये!. .जो इच्छा हो वह दे देना।"

उपसङ्कमित्वा जीवकं कोमारभच्चं एतदवोच—"सेट्ठिभरिया तं, आचरिय, पक्कोसती" ति।

अथ खो जीवको कोमारभच्चो येन सेट्ठिभरिया तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा सेट्ठिभरियाय विकारं सल्लक्खेत्वा सेट्ठिभरियं एतदवोच—"पसतेन मे, अय्ये, सप्पिना अत्थो" ति। अथ खो सेट्ठिभरिया जीवकस्स कोमारभच्चस्स पसतं सप्पिं दापेसि। अथ खो जीवको कोमारभच्चो तं पसतं सप्पिं नानाभेसज्जेहि निप्पचित्वा सेट्ठिभरियं मञ्चके उत्तानं निपज्जापेत्वा नत्थुतो अदासि। अथ खो तं सप्पिं नत्थुतो दिन्नं मुखतो उग्गञ्छि। अथ खो सेट्ठिभरिया पटिग्गहे निट्ठुभित्वा दासिं आणापेसि—"हन्द, जे, इमं सप्पिं पिचुना गण्हाही" ति। अथ खो जीवकस्स कोमारभच्चस्स एतदहोसि—"अच्छरियं याव लूखायं घरणी, यत्र हि नाम इमं छड्डुनीयधम्मं सप्पिं पिचुना गाहापेस्सति। बहुकानि च मे महग्घानि महग्घानि [R.272] भेसज्जानि उपगतानि। किं पि मायं किञ्चि देय्यधम्मं दस्सती" ति! अथ खो सेट्ठिभरिया जीवकस्स कोमारभच्चस्स विकारं सल्लक्खेत्वा जीवकं कोमारभच्चं एतदवोच—[B.382] "किस्स त्वं, आचरिय, विमनोसी" ति? इध मे एतदहोसि—"अच्छरियं याव लूखायं घरणी, यत्र हि नाम इमं छड्डुनीयधम्मं सप्पिं पिचुना गाहापेस्सति। बहुकानि च मे महग्घानि महाग्घानि भेसज्जानि उपगतानि। किं पि मायं किञ्चि देय्यधम्मं दस्सती" ति। "मयं खो, आचरिय, अगारिका नाम; उपजानामेतस्स संयमस्स। वरमेतं सप्पि दासानं वा कम्मकरानं वा पादब्भञ्जनं वा पदीपकरणे वा आसित्तं। मा त्वं, आचरिय, विमनो अहोसि। न ते देय्यधम्मो हायिस्सती" ति। अथ खो जीवको कोमारभच्चो सेट्ठिभरियाय सत्तवस्सिकं सीसाबाधं एकेनेव नत्थुकम्मेन अपकड्ढि। अथ खो सेट्ठिभरिया अरोगा समाना जीवकस्स

"द्वारपाल! यदि ऐसी बात है तो वैद्य को ले आओ।" "अच्छा, आर्य!" कहकर जीवक कौमारभृत्य को 'आचार्य! श्रेष्ठी की भार्या आपको घर में बुला रही हैं"—कहकर ससम्मान घर में ले आया।

तब जीवक....श्रेष्ठी की भार्या के पास गये। उसके रोग का निदान समझकर उससे यों बोले —"आर्य! मुझे (ओषधि के लिये) एक पसर घी की आवश्यकता है।" श्रेष्ठी की भार्या ने एक पसर घी दिलवा दिया। तब जीवक.....ने उस एक पसर घी में नाना प्रकार की विशिष्ट ओषधियाँ पका कर श्रेष्ठी की भार्या को सीधा चित्त (उतान) लेटाकर नथुनों (नासाछिद्रों) में डाला। तब वह नाक में डाला हुआ घी कुछ ही देर में मुख से निकलने लगा। श्रेष्ठी की भार्या ने, पीकदान (परिग्गह) में थूक कर, दासी को आदेश दिया—"अरी दासि! इसे रूई से उठाकर पात्र में रख ले।" तब जीवक....को विचार हुआ—"अरे! यह गृहिणी तो अत्यन्त कृपण है! यह तो बाहर फेंकने योग्य घी को पात्र में रखवा रही है। मैंने जो अत्यधिक मँहगी ओषधियाँ इस घी में मिलायी है; इनकी इसे कोई चिन्ता ही नहीं। ऐसी कृपण महिला मेरी चिकित्सा का क्या प्रतिदान देगी!" तब उस श्रेष्ठी की भार्या ने जीवक...की मुखाकृति से उसके मनोभावों को पहचान कर उनसे पूछा—'आचार्य! आप इतने उदास (विमना) क्यों हो गये?" (जीवक ने कहा—) "मुझे यह विचार हो रहा था कि यह गृहिणी....क्या प्रतिदान देगी?" (भार्या ने कहा—) "आचार्य! हमलोग गृहस्थ हैं। हम लोग गृहस्थ के उपयोग में आने वाली प्रत्येक वस्तु का महत्त्व समझते है। यह घी अभी भी दासों कर्मकरो के पैरों की अभ्यङ्ग (मालिश) में या दीपक जलाने मे काम मे आ सकता है। आप इसके कारण उदास न होइये। आपके लिये जो देय है उसमे कोई कमी नहीं होगी।" यों जीवक....ने उस श्रेष्ठि भार्या का सात वर्ष का पुराना रोग एक मात्रा नस्य कर्म से निवृत्त कर दिया। तब उस भार्या ने नीरोग होकर जीवक....को चार हजार दिये। पुत्र ने—'मेरी

कोमारभच्चस्स चत्तारि सहस्सानि पादासि। पुत्तो—"माता मे अरोगा ठिता" ति चत्तारि [N.290] सहस्सानि पादासि। सुणिसा—"सस्सु मे अरोगा ठिता" ति चत्तारि सहस्सानि पादासि। सेट्ठि गहपति—"भरिया मे अरोगा ठिता" ति चत्तारि सहस्सानि पादासि दासं दासिं च अस्सरथं च।

अथ खो जीवको कोमारभच्चो तानि सोळसहस्सानि आदाय दासं च दासिं च अस्सरथं च येन राजगहं तेन पक्कामि। अनुपुब्बेन येन राजगहं येन अभयो राजकुमारो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा अभयं राजकुमारं एतदवोच—"इदं मे, देव, पठमकम्मं सोळससहस्सानि दासो च दासी च अस्सरथो च। पटिग्गण्हातु मे देवो पोसावनिकं" ति। "अलं, भणे जीवक; तुय्हमेव होतु। अम्हाकं येव अन्तेपुरे निवेसनं मापेही" ति। "एवं, देवा" ति खो जीवको कोमारभच्चो अभयस्स राजकुमारस्स पटिस्सुत्वा अभयस्स राजकुमारस्स अन्तेपुरे निवेसनं मापेसि।

३. बिम्बिसारराजवत्थु

६. तेन खो पन समयेन रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स भगन्दलाबाधो होति। साटका लोहितेन मक्खियन्ति। देवियो दिस्वा उप्पण्डेन्ति—"उतुनी दानि देवो, पुप्फं देवस्स उप्पन्नं, नचिरं देवो विजायिस्सती" ति। तेन राजा मङ्कु होति। अथ खो राजा [B.383] मागधो सेनियो बिम्बिसारो अभयं राजकुमारं एतदवोच—"मय्हं खो, भणे अभय, तादिसो आबाधो, साटका लोहितेन मक्खियन्ति, देवियो मं दिस्वा उप्पण्डेन्ति—'उतुनी दानि देवो, पुप्फं देवस्स उप्पन्नं, नचिरं देवो विजायिस्सती' ति। इङ्घ, भणे अभय, तादिसं

माता निरोग हो गयी'—यह सोचकर चार हजार दिये। पुत्रवधू ने भी 'मेरी सास नीरोग हो गयी'— यह सोचकर चार हजार दिये। श्रेष्ठी गृहपति ने भी--'मेरी पत्नी नीरोग हो गयी'—यह सोचकर प्रसन्न हो, दास दासी एवं घोडे–जुते एक रथ के साथ चार हजार (कार्षापण) दिये।

तब वह जीवक उन सोलह हजार कार्षापणों को तथा साथ में दास–दासी तथा घोड़े–जुते रथ को लेकर राजगृह की तरफ चल दिया। क्रमशः राजगृह पहुँचकर अभय राजकुमार के घर जाकर उससे यों बोला—"देव! ये सोलह हजार एवं दास–दासी तथा घोड़े जुता यह रथ मेरे प्रथम कार्य का फल है। इसे देव मेरे पालन–पोषण मे हुए खर्च के बदले में (पोसावनिक) स्वीकार करें।" (अभय बोले–) "रहने दो, जीवक! इसे तुम अपने पास ही रखो। हमारे ही घर की सीमा (अन्तःपुर) में तुम इनसे अपना नया भवन बनवा लो।" "अच्छा, देव !" कहकर जीवक ने अभय राजकुमार के भवन की सीमा के अन्तर्गत ही अपना नया भवन बनवा लिया।

३. बिम्बिसारवस्तु

६. उस समय राजा मागध श्रेणिय बिम्बिसार को भगन्दर रोग हो गया था। पहने हुए वस्त्र रक्तरञ्जित हो जाते थे। रानियाँ इसे देखकर राजा से परिहास करतीं—देव! 'ऋतुमती' (रजस्वला) हो गये है। आपको गर्भपुष्प प्रस्फुटित हो गया है। शीघ्र ही आप बालक को जन्म देंगे।" इससे राजा सङ्कुचित होकर मूक रह जाता था। तब राजा बिम्बिसार ने अभय राजकुमार से कहा—"राजकुमार! हमें ऐसा रोग हो गया है कि उससे रक्त बहने पर, वस्त्र रक्तरञ्जित हो जाते है। रानियाँ परिहास करती है। तो भणे अभय! ऐसा कोई वैद्य ढूँढो जो मेरी चिकित्सा में समर्थ हो।" (अभय बोला–)

वेज्जं जानाहि यो मं तिकिच्छेय्या'' ति। ''अयं, देव, अम्हाकं जीवको वेज्जो तरुणो भद्रको। सो देवं तिकिच्छिस्सती'' ति। ''तेन हि, भणे अभय, जीवकं वेज्जं [R.273] आणापेहि; सो मं तिकिच्छिस्सती'' ति। ''एवं, देवा'', ति खो जीवको कोमारभच्चो अभयस्स राजकुमारस्स पटिस्सुत्वा नखेन भेसज्जं आदाय येन राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा राजानं मागधं सेनियं बिम्बिसारं एतदवोच—''आबाधं ते, देव, पस्सामा'' ति? अथ खो जीवको कोमारभच्चो रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स भगन्दलाबाधं एकेनेव आलेपेन अपकड्ढि। अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो अरोगो समानो पञ्च इत्थिसतानि सब्बालङ्कारं विभूसापेत्वा ओमुञ्चापेत्वा पुञ्जं कारापेत्वा जीवकं कोमारभच्चं एतदवोच—''एतं, भणे जीवक, पञ्चन्नं इत्थिसतानं सब्बालङ्कारं तुय्हं होतू'' ति। ''अलं, देव, अधिकारं मे देवो सरतू'' ति। ''तेन हि, भणे जीवक, मं उपट्ठह, इत्थागारं च, बुद्धप्पमुखं च भिक्खुसङ्घं'' ति। ''एवं, देवा'' ति खो जीवको [N.291] कोमारभच्चो रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स पच्चस्सोसि॥

४. राजगहसेट्ठिवत्थु

७. तेन खो पन समयेन राजगहकस्स सेट्ठिस्स सत्तवस्सिको सीसाबाधो होति। बहू महन्ता महन्ता दिसापामोक्खा वेज्जा आगन्त्वा नासक्खिंसु अरोगं कातुं। बहुं हिरञ्ञं आदाय अगमंसु। अपि च, वेज्जेहि पच्चक्खातो होति। एकच्चे वेज्जा एवमाहंसु—''पञ्चमं दिवसं सेट्ठि गहपति कालं करिस्सती'' ति। एकच्चे वेज्जा एवमाहंसु—''सत्तमं दिवसं सेट्ठि गहपति कालं करिस्सती'' ति। अथ खो राजगहकस्स नेगमस्स एतदहोसि—[B.384]

''देव! ऐसा कुशल वैद्य तो हमारे ही घर में है। जिसका नाम जीवक .है, जो अभी तरुण भी है और सहृदय भी। वह आप की चिकित्सा कर देगा।'' ''तो राजकुमार! जीवक वैद्य को आज्ञा दो कि वह मेरी चिकित्सा करे।'' तब अभय राजकुमार ने जीवक. .वैद्य को आज्ञा दी—''जाओ, जीवक! राजा की चिकित्सा करो।'' ''अच्छा, देव!'' कहकर जीवक कौमारभृत्य नख में एक विशिष्ट ओषधि ले कर राजा मगध बिम्बिसार के पास गया और बोला—''देव! मैं पहले आप का रोग देखना चाहता हूँ।'' तब जीवक ने राजा मागध बिम्बिसार का वह भगन्दर रोग एक ही बार के लेप में निकाल बाहर किया। तब राजा. .ने अपने को नीरोग एवं स्वस्थ मानते हुए पाँच सौ स्त्रियो को सभी अलङ्कारों से भूषित कर फिर उनके अलङ्कारो को उतरवा कर उनको एकत्र कर जीवक ..को देते हुए कहा—''ये सब आभूषण तुम्हारे हैं।'' ''देव! मेरे लिये तो यही बहुत है कि मेरे इस कृत्य के कारण आप मुझे स्मरण करते रहें।'' ''तो जीवक! आज से मेरे यहाँ (राजवैद्य के रूप मे) कार्य करते हुए मेरी, मेरे अन्तःपुर के तथा बुद्धप्रमुख भिक्षुसङ्घ के स्वास्थ्य की देखभाल करने का भार तुम पर रहेगा।'' ''अच्छा, देव'' कहकर जीवक....ने राजा...को आश्वासन दिया।।

४. राजगृहश्रेष्ठिवस्तु

७. उस समय राजगृह का कोई श्रेष्ठी सात वर्ष से शिरोरोग से पीडित था। उसे बडे–बडे वैद्य भी अपनी चिकित्सा से स्वस्थ नहीं कर पाये। जबकि उसका इस रोग के कारण उन वैद्यों को देने में बहुत धन खर्च हो गया। अपितु वैद्यों ने उसके रोग को असाध्य घोषित कर दिया। उनमें से कुछ वैद्यो ने कहा—'इस श्रेष्ठी का आज से पॉचवे दिन देहपात (मृत्यु) हो जायगा।' और कुछ ने

"अयं खो सेट्ठि गहपति बहूपकारो रञ्ञो चेव नेगमस्स च। अपि च, वेज्जेहि पच्चक्खातो। एकच्चे वेज्जा एवमाहंसु—'पञ्चमं दिवसं सेट्ठि गहपति कालं करिस्सती' ति। एकच्चे वेज्जा एवमाहंसु—'सत्तमं दिवसं सेट्ठि गहपति कालं करिस्सती' ति। अयं च रञ्ञो जीवको वेज्जो तरुणो भद्रको। यन्नून मयं राजानं जीवकं वेज्जं याचेय्याम सेट्ठिं गहपतिं तिकिच्छितुं" ति। अथ खो राजगहको नेगमो येन राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा राजानं मागधं सेनियं बिम्बिसारं एतदवोच—"अयं, देव, सेट्ठि गहपति बहूपकारो देवस्स चेव नेगमस्स च; अपि च, वेज्जेहि पच्चक्खातो। एकच्चे वेज्जा एवमाहंसु—'पञ्चमं दिवसं सेट्ठि गहप.ति कालं करिस्सती' ति। एकच्चे वेज्जा एवमाहंसु—'सत्तमं दिवसं सेट्ठि गहपति [R.274] कालं करिस्सती' ति। साधु देवो जीवकं वेज्जं आणापेतु सेट्ठिं गहपतिं तिकिच्छितुं" ति।

अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो जीवकं कोमारभच्चं आणापेसि—"गच्छ, भणे जीवक, सेट्ठिं गहपतिं तिकिच्छाही" ति। "एवं, देवा" ति खो जीवको कोमारभच्चो रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स पटिस्सुत्वा येन सेट्ठि गहपति तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा सेट्ठिस्स गहपतिस्स विकारं सल्लक्खेत्वा सेट्ठिं गहपतिं एतदवोच—"सचे त्वं, गहपति, अरोगो भवेय्यासि किं मे अस्स देय्यधम्मो" ति? "सब्बं सापतेय्यं च ते, आचरिय, होतु, अहं च ते दासो" ति। "सक्खिस्ससि पन त्वं, गहपति, एकेन पस्सेन सत्तमासे निपज्जितुं" ति? "सक्कोमहं, आचरिय, एकेन पस्सेन सत्तमासे निपज्जितुं" ति। "सक्खिस्ससि पन त्वं, गहपति, दुतियेन पस्सेन सत्तमासे निपज्जितुं" ति? "सक्कोमहं, आचरिय, दुतियेन पस्सेन सत्तमासे निपज्जितुं" ति। "सक्खिस्ससि पन त्वं, गहपति, उत्तानो सत्तमासे निपज्जितुं" ति? "सक्कोमहं, आचरिय, उत्तानो सत्तमासे निपज्जितुं" ति।

कहा—'इस श्रेष्ठी का आज से सातवें दिन देहपात हो जायगा।' तब राजगृहवासी नैगमों के मन में यह विचार हुआ—"यह श्रेष्ठी गृहपति राजा और हम सब के लिये अत्यधिक उपकारक (उपयोगी) है। इसके रोग को वैद्यों ने असाध्य बता दिया है। उनमें से कुछ ने....पूर्ववत्....। राजा का यह तरुण वैद्य जीवक अच्छा है। क्यों न हम लोग राजा....बिम्बिसार से इस श्रेष्ठी की चिकित्सा के लिये जीवक वैद्य को माँग लें।" तब उनमें से निगम-सभासद राजा के पास गया और बोला—"यह श्रेष्ठी गृहपति . पूर्ववत्....आप इस श्रेष्ठी की चिकित्सा के लिये जीवक वैद्य को आज्ञा दे दे।"

तब राजा ने जीवक वैद्य को उक्तश्रेष्ठी की चिकित्सा के लिये आदेश दिया। जीवक वैद्य ने "अच्छा, देव!" कहकर राजा की आज्ञा स्वीकार की। वह श्रेष्ठी गृहपति के आवास पर गया और उसके रोग का समीक्षण कर श्रेष्ठी से यों बोला—"गृहपति! यदि तुम इस रोग से मुक्त हो जाओ तो मुझे पारिश्रमिक के रूप में क्या दोगे?" "आचार्य! मेरी समग्र सम्पत्ति आप की हो जायगी। मैं जीवनपर्यन्त आप का दास बन जाऊँगा।" "तो क्या गृहपति! तुम सात मास तक निरन्तर एक करवट से लेटे रह सकते हो?" "हाँ, आचार्य!. ..रह सकता हूँ।" "तो क्या, गृहपति! तुम दूसरी करवट से भी सात मास तक निरन्तर लेटे रह सकते हो?" "हाँ, आचार्य! रह सकता हूँ।" "तो क्या, गृहपति! तुम सात मास तक उतान (सीधे, चित) लेटे रह सकते हो?" "हाँ, आचार्य .रह सकता हूँ।"

अथ खो जीवको कोमारभच्चो सेट्ठिं गहपतिं मञ्चके निपज्जापेत्वा मञ्चके सम्बन्धित्वा सीसच्छविं उप्पाटेत्वा सिब्बिनिं विनामेत्वा द्वे पाणके नीहरित्वा महाजनस्स [N.292, B.385] दस्सेसि— पस्सेय्याथ इमे द्वे पाणके, एकं खुद्दकं एकं महल्लकं। ये ते आचरिया एवमाहंसु— 'पञ्चमं दिवसं सेट्ठि गहपति कालं करिस्सती' ति—तेहायं महल्लको पाणको दिट्ठो। पञ्चमं दिवसं सेट्ठिस्स गहपतिस्स मत्थलुङ्गं परियादियिस्सति। मत्थलुङ्गस्स परियादाना सेट्ठि गहपति कालं करिस्सति। सुदिट्ठो तेहि आचरियेहि। ये ते आचरिया एवमाहंसु—'सत्तमं दिवसं सेट्ठि गहपति कालं करिस्सती' ति—तेहायं खुद्दको पाणको दिट्ठो। सत्तमं दिवसं सेट्ठिस्स गहपतिस्स मत्थलुङ्गं परियादियिस्सति। मत्थलुङ्गस्स परियादाना सेट्ठि गहपति कालं करिस्सति। सुदिट्ठो तेहि आचरियेही'' ति। सिब्बिनिं सम्पटिच्छादेत्वा सीसच्छविं सिब्बेत्वा आलेपं अदासि।

अथ खो सेट्ठि गहपति सत्ताहस्स अच्चयेन जीवकं कोमारभच्चं एतदवोच—''नाहं, आचरिय, सक्कोमि एकेन पस्सेन सत्तमासे निपज्जितुं'' ति। ''ननु मे त्वं, गहपति, पटिस्सुणि— 'सक्कोमहं, आचरिय, एकेन पस्सेन सत्तमासे निपज्जितुं' '' ति? ''सच्चाहं, आचरिय, पटिस्सुणिं, अपाहं मरिस्सामि, नाहं सक्कोमि एकेन पस्सेन सत्तमासे निपज्जितुं'' ति। ''तेन हि त्वं, गहपति, दुतियेन पस्सेन सत्तमासे निपज्जाही'' ति। अथ खो सेट्ठि गहपति सत्ताहस्स अच्चयेन जीवकं कोमारभच्चं एतदवोच—''नाहं, आचरिय, सक्कोमि दुतियेन पस्सेन [R.275] सत्तमासे निपज्जितुं'' ति। ''ननु मे त्वं, गहपति, पटिस्सुणि—सक्कोमहं, आचरिय, दुतियेन पस्सेन सत्तमासे निपज्जितुं'' ति? ''सच्चाहं, आचरिय, पटिस्सुणिं, अपाहं मरिस्सामि, नाहं, आचरिय, सक्कोमि दुतियेन पस्सेन सत्तमासे निपज्जितुं'' ति। ''तेन हि त्वं, गहपति, उत्तानो सत्तमासे निपज्जाही'' ति। अथ खो सेट्ठि गहपति सत्ताहस्स अच्चयेन जीवकं कोमारभच्चं एतदवोच—''नाहं, आचरिय, सक्कोमि उत्तानो सत्तमासे निपज्जितुं'' ति। ''ननु

तब जीवक कौमारभृत्य ने श्रेष्ठी गृहपति को मञ्च पर लिटा कर, मञ्च से बाँध कर, शिर की त्वचा को फाड़कर, खोपड़ी (कपाल) खोलकर, चिमटी से दो कीड़े वहाँ से निकालकर उपस्थित लोगो को दिखाये—''देखो! ये दो कीड़े हैं—एक छोटा और एक बडा। जिन वैद्यों ने कहा था कि श्रेष्ठी का पाँचवें दिन देहपात हो जायगा, उन्होंने इनमें से बड़ा कीड़ा ही देखा था। (उसे देखकर वे समझ गये थे कि) पाँचवें दिन यह कीड़ा श्रेष्ठी के मस्तिष्क को काट लेगा, उससे श्रेष्ठी का देहपात सुनिश्चित है। उन वैद्यों का निदान ठीक ही था। तथा जिन वैद्यों ने कहा था कि श्रेष्ठी का सातवे दिन देहपात हो जायगा, उन्होंने यह छोटा कीड़ा देखा था। (उसे देखकर वे समझ गये थे कि) सातवे दिन यह कीड़ा श्रेष्ठी के मस्तिष्क को काट लेगा, इसके मस्तिष्क के काट लेने से श्रेष्ठी का देहपात हो जाता। यों उन वैद्यों ने भी निदान ठीक ही किया था।'' तब जीवक ने खोपड़ी को पुनः जोड़कर, सिलकर लेप (मलहम) लगा दी।

तब श्रेष्ठी गृहपति ने सप्ताह बीतने पर, जीवक....से कहा—''आचार्य! अब मै अधिक काल तक इस करवट नहीं लेट पाऊँगा।'' ''अरे! तुमने प्रतिज्ञा की थी कि सात मास तक एक करवट लेटा रहूँगा?'' ''हाँ, आचार्य! ऐसा मैंने कहा तो अवश्य था परन्तु अब मैं मर भले ही जाऊँ पर इस करवट नहीं लेटा रह सकता।'' ''तो ठीक है, गृहपति! तुम दूसरी करवट से लेट जाओ।'' तब श्रेष्ठी गृहपति

मे त्वं, गहपति, पटिस्सुणि—'सक्कोमहं, आचरिय, उत्तानो सत्तमासे निपज्जितुं' '' ति? ''सच्चाहं, आचरिय, पटिस्सुणिं, अपाहं मरिस्सामि, नाहं सक्कोमि उत्तानो सत्तमासे निपज्जितुं'' ति। ''अहं चे तं, गहपति, न वदेय्यं, एत्तकं पि त्वं न निपज्जेय्यासि, अपि च पटिकच्चेव [B.386] मया ञातो—'तीहि सत्ताहेहि सेट्ठि गहपति अरोगो भविस्सती'' ति। उट्ठेहि, गहपति, अरोगोसि। जानासि किं मे देय्यधम्मो'' ति? ''सब्बं सापतेय्यं च ते, आचरिय, होतु, अहं च ते दासो'' ति। ''अलं, गहपति, मा मे त्वं सब्बं सापतेय्यं अदासि, मा च मे दासो। रञ्ञो सतसहस्सं देहि, मय्हं सतसहस्सं'' ति। अथ खो सेट्ठि गहपति अरोगो समानो रञ्ञो सतसहस्सं अदासि, जीवकस्स कोमारभच्चस्स सतसहस्सं।

५. सेट्ठिपुत्तवत्थु

८. तेन खो पन समयेन वाराणसेय्यकस्स सेट्ठिपुत्तस्स मोक्खचिकाय कीळन्तस्स [N.293] अन्तगण्ठाबाधो होति, येन यागु पि पीता न सम्मा परिणामं गच्छति, भत्तं पि भुत्तं न सम्मा परिणामं गच्छति, उच्चारो पि पस्सावो पि न पगुणो। सो तेन किसो होति लूखो दुब्बण्णो उप्पण्डुप्पण्डुकजातो धमनिसन्थतगत्तो। अथ खो बाराणसेय्यकस्स सेट्ठिस्स एतदहोसि—''मय्हं खो पुत्तस्स तादिसो आबाधो, येन यागु पि पीता न सम्मा परिणामं गच्छति, भत्तं पि भुत्तं न सम्मा परिणामं गच्छति, उच्चारो पि पस्सावो पि न पगुणो। सो तेन किसो लूखो दुब्बण्णो उप्पण्डुप्पण्डुकजातो धमनिसन्थतगत्तो। यन्नूनाहं राजगहं गन्त्वा राजानं जीवकं वेज्जं याचेय्यं पुत्तं मे तिकिच्छितुं'' ति। अथ खो बाराणसेय्यको सेट्ठि राजगहं गन्त्वा येन राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा राजानं मागधं सेनियं बिम्बिसारं एतदवोच—''मय्हं खो, देव, पुत्तस्स तादिसो आबाधो, येन यागु पि पीता न सम्मा परिणामं गच्छति, भत्तं पि भुत्तं न सम्मा परिणामं गच्छति, उच्चारो पि

ने सप्ताह बीतने पर....पूर्ववत्. उतान (चित) सात मास लेटो। तब श्रेष्ठी गृहपति सात दिन उतान लेटने के बाद फिर वैद्य जी से बोला--''आचार्य! मैं मर भले ही जाऊँ, परन्तु अब इससे अधिक समय तक उतान भी नहीं लेट पाऊँगा।'' तब जीवक बोले--''गृहपति! यदि मैंने सात मास की लम्बी अवधि लेटने की न रखी होती तो तूँ इतना भी नहीं लेटता; परन्तु मैं जानता था कि तूँ इस इक्कीस दिन की अवधि मे ही स्वस्थ हो जायगा। उठो, गृहपति! अब तुम स्वस्थ हो गये हो। जानते हो, तुम्हें मेरा क्या पारिश्रमिक देना है?'' श्रेष्ठी ने कहा—''आचार्य! मेरा सब धन आप का, अब मै आपका दास हूँ।'' ''श्रेष्ठिन्! अपना सब धन मुझे न दो, केवल एक सौ हजार मुद्रा राजा को दे दो तथा एक सौ हजार मुझे दे दो।'' तब गृहपति ने अपने को स्वस्थ देखकर राजा तथा जीवक को एक–एक लाख मुद्राएँ भेंट चढ़ायीं।

५. श्रेष्ठिपुत्रवस्तु

८ उस समय वाराणसी के नगर सेठ (श्रेष्ठी) के पुत्र को मोक्खचिका (शिर के बल चक्कर काटना) के कारण आँतो मे ग्रन्थि–रोग हो गया। जिसके कारण यागू जैसा पेय पदार्थ पीकर भी वह पचा नहीं पाता था। खाया हुआ साधारण भात भी ठीक से नहीं पचता था। तथा मल–मूत्र भी ठीक से नहीं हो पाता था। इस कारण वह इतना दुर्बल, रूक्ष, दुर्वर्ण हो गया था कि उसके शरीर की एक एक नस (स्नायु=धमनी) दिखायी देती थी। तब वाराणसी के नगरसेठ ने यह सोचा—मेरे पुत्र का ऐसा

पस्सावो पि न पगुणो। सो तेन किसो लूखो दुब्बण्णो उप्पण्डुप्पण्डुकजातो धमनिसन्थतगत्तो। साधु देवो जीवकं वेज्जं आणापेतु पुत्तं मे तिकिच्छितुं'' ति [R.276]

अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो जीवकं कोमारभच्चं आणापेसि—''गच्छ, भणे जीवक, बाराणसिं गन्त्वा बाराणसेय्यकं सेट्ठिपुत्तं तिकिच्छाही'' ति। ''एवं, देवा'', ति खो जीवको कोमारभच्चो रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स पटिस्सुत्वा बाराणसिं गन्त्वा येन बाराणसेय्यको सेट्ठिपुत्तो तेनुपङ्कमि, उपसङ्कमित्वा बाराणसेय्यकस्स [B.387] सेट्ठिपुत्तस्स विकारं सल्लक्खेत्वा जनं उस्सारेत्वा तिरोकरणियं परिक्खिपित्वा थम्भे उब्बन्धित्वा भरियं पुरतो ठपेत्वा उदरच्छविं उप्पाटेत्वा अन्तगण्ठिं नीहरित्वा भरियाय दस्सेसि—''पस्स ते सामिकस्स आबाधं, इमिना यागु पि पीता न सम्मा परिणामं गच्छति, भत्तं पि भुत्तं न सम्मा परिणामं गच्छति, उच्चारो पि पस्सावो पि न पगुणो; इमिनायं किसो लूखो दुब्बण्णो उप्पण्डुप्पण्डुकजातो धमनिसन्थतगत्तो'' ति। अन्तगण्ठिं विनिवेठेत्वा अन्तानि पटिपवेसेत्वा उदरच्छविं सिब्बेत्वा आलेपं अदासि। अथ खो बाराणसेय्यको सेट्ठिपुत्तो नचिरस्सेव अरोगो अहोसि। अथ खो बाराणसेय्यको सेट्ठि—'पुत्तो मे अरोगो ठितो' ति जीवकस्स कोमारभच्चस्स सोळससहस्सानि पादासि। अथ खो जीवको कोमारभच्चो तानि सोळससहस्सानि आदाय पुनदेव राजगहं पच्चागञ्छि।

६. पज्जोतराजवत्थु

९. तेन खो पन समयेन उज्जेनियं रञ्ञो पज्जोतस्स पण्डुरोगाबाधो होति। बहू महन्ता महन्ता दिसापामोक्खा वेज्जा आगन्त्वा नासक्खिंसु अरोगं कातुं। बहुं हिरञ्ञं आदाय

रोग हो गया है, जिसके कारण उसको पतली यागू... पूर्ववत्... दिखायी देती है। क्यों न मैं राजगृह जाकर अपने पुत्र की चिकित्सा के लिये राजा से जीवक वैद्य को माँग लूँ।'' तब बनारस का वह श्रेष्ठी राजगृह जाकर...राजा बिम्बिसार के पास गया, जाकर उनसे यो बोला—''देव! मेरे पुत्र को ऐसा रोग....उसकी चिकित्सा के लिये जीवक वैद्य को आज्ञा दें।

तब राजा....ने जीवक कौमारभृत्य को आज्ञा दी—''जाओ, आचार्य जीवक! नगरसेठ के पुत्र की चिकित्सा करो।'' जीवक.....ने ''अच्छा, देव!'' कहकर, वाराणसी जाकर उस श्रेष्ठी के घर पहुँचकर श्रेष्ठिपुत्र के रोग का निदान किया। निदानकर, लोगों की भीड़ को वहाँ से हटाकर, कनात (पर्दा) करवा कर, खम्भे से बन्धवा कर, उसकी पत्नी को उसके सामने बैठाकर, पेट की त्वचा को चीरते हुए आँतों की गाँठ को निकाल कर उसकी पत्नी को दिखाया—''देखो अपने स्वामी का रोग। इसीके कारण यह यागू जैसा पतला पदार्थ भी पचा नहीं पाता था....पूर्ववत्....इसकी नस-नस दिखायी देती थीं।'' (फिर) उसने आँतों को सुलझा कर, उन्हे उदर मे यथास्थान रखकर, त्वचा पहले की तरह सिलकर लेप लगा दिया। यो वह नगर सेठ का पुत्र कुछ ही समय में पूर्ण स्वस्थ हो गया। पुत्र को स्वस्थ देखकर नगरसेठ ने जीवक वैद्य को प्रसन्नतापूर्वक सोलह हजार मुद्राएँ दीं। तब जीवक वैद्य वे सोलह हजार मुद्राएँ लेकर पुन: राजगृह लौट आया।

६. प्रद्योतराजवस्तु

९. उस समय उज्जयिनी नगरी में राजा प्रद्योत को पाण्डुरोग से कष्ट था। बहुत से प्रख्यात वैद्यो से चिकित्सा करायी गयी, परन्तु उन्हें कोई लाभ नही हुआ। इसमे बहुत सा धन भी व्यर्थ नष्ट

पस्सावो पि न पगुणो। सो तेन किसो लूखो दुब्बण्णो उप्पण्डुप्पण्डुकजातो धमनिसन्थतगत्तो। साधु देवो जीवकं वेज्जं आणापेतु पुत्तं मे तिकिच्छितुं'' ति [R.276]

अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो जीवकं कोमारभच्चं आणापेसि—''गच्छ, भणे जीवक, बाराणसिं गन्त्वा बाराणसेय्यकं सेट्ठिपुत्तं तिकिच्छाही'' ति। ''एवं, देवा'', ति खो जीवको कोमारभच्चो रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स पटिस्सुत्वा बाराणसिं गन्त्वा येन बाराणसेय्यको सेट्ठिपुत्तो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा बाराणसेय्यकस्स [B.387] सेट्ठिपुत्तस्स विकारं सल्लक्खेत्वा जनं उस्सारेत्वा तिरोकरणियं परिक्खिपित्वा थम्भे उब्बन्धित्वा भरियं पुरतो ठपेत्वा उदरच्छविं उप्पाटेत्वा अन्तगण्ठिं नीहरित्वा भरियाय दस्सेसि—''पस्स ते सामिकस्स आबाधं, इमिना यागु पि पीता न सम्मा परिणामं गच्छति, भत्तं पि भुत्तं न सम्मा परिणामं गच्छति, उच्चारो पि पस्सावो पि न पगुणो; इमिनायं किसो लूखो दुब्बण्णो उप्पण्डुप्पण्डुकजातो धमनिसन्थतगत्तो'' ति। अन्तगण्ठिं विनिवेठेत्वा अन्तानि पटिपवेसेत्वा उदरच्छविं सिब्बेत्वा आलेपं अदासि। अथ खो बाराणसेय्यको सेट्ठिपुत्तो नचिरस्सेव अरोगो अहोसि। अथ खो बाराणसेय्यको सेट्ठि—'पुत्तो मे अरोगो ठितो' ति जीवकस्स कोमारभच्चस्स सोळससहस्सानि पादासि। अथ खो जीवको कोमारभच्चो तानि सोळससहस्सानि आदाय पुनदेव राजगहं पच्चागञ्छि।

६. पज्जोतराजवत्थु

९. तेन खो पन समयेन उज्जेनियं रञ्ञो पज्जोतस्स पण्डुरोगाबाधो होति। बहू महन्ता महन्ता दिसापामोक्खा वेज्जा आगन्त्वा नासक्खिंसु अरोगं कातुं। बहुं हिरञ्ञं आदाय

रोग हो गया है, जिसके कारण उसको पतली यागू....पूर्ववत्.....दिखायी देती है। क्यों न मैं राजगृह जाकर अपने पुत्र की चिकित्सा के लिये राजा से जीवक वैद्य को माँग लूँ।'' तब बनारस का वह श्रेष्ठी राजगृह जाकर...राजा बिम्बिसार के पास गया, जाकर उनसे यों बोला—''देव! मेरे पुत्र को ऐसा रोग....उसकी चिकित्सा के लिये जीवक वैद्य को आज्ञा दें।

तब राजा.. ..ने जीवक कौमारभृत्य को आज्ञा दी—''जाओ, आचार्य जीवक! नगरसेठ के पुत्र की चिकित्सा करो।'' जीवक.....ने ''अच्छा, देव!'' कहकर, वाराणसी जाकर उस श्रेष्ठी के घर पहुँचकर श्रेष्ठिपुत्र के रोग का निदान किया। निदानकर, लोगों की भीड़ को वहाँ से हटाकर, कनात (पर्दा) करवा कर, खम्भे से बन्धवा कर, उसकी पत्नी को उसके सामने बैठाकर, पेट की त्वचा को चीरते हुए आँतों की गाँठ को निकाल कर उसकी पत्नी को दिखाया—''देखो अपने स्वामी का रोग। इसीके कारण यह यागू जैसा पतला पदार्थ भी पचा नहीं पाता था....पूर्ववत्....इसकी नस-नस दिखायी देती थीं।'' (फिर) उसने आँतो को सुलझा कर, उन्हें उदर में यथास्थान रखकर, त्वचा पहले की तरह सिलकर लेप लगा दिया। यों वह नगर सेठ का पुत्र कुछ ही समय में पूर्ण स्वस्थ हो गया। पुत्र को स्वस्थ देखकर नगरसेठ ने जीवक वैद्य को प्रसन्नतापूर्वक सोलह हजार मुद्राएँ दीं। तब जीवक वैद्य वे सोलह हजार मुद्राएँ लेकर पुनः राजगृह लौट आया।

६. प्रद्योतराजवस्तु

९. उस समय उज्जयिनी नगरी में राजा प्रद्योत को पाण्डुरोग से कष्ट था। बहुत से प्रख्यात वैद्यों से चिकित्सा करायी गयी, परन्तु उन्हें कोई लाभ नहीं हुआ। इसमे बहुत सा धन भी व्यर्थ नष्ट

[N.294] अगमंसु। अथ खो राजा पज्जोतो रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स सन्तिके दूतं पाहेसि—"मय्हं खो तादिसो आबाधो, साधु देवो जीवकं वेज्जं आणापेतु, सो मं तिकिच्छिस्सती" ति। अथ खो राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो जीवकं कोमारभच्चं आणापेसि—"गच्छ, भणे जीवक; उज्जेनिं गन्त्वा राजानं पज्जोतं तिकिच्छाही" ति। "एवं, देवा" ति खो जीवको कोमारभच्चो रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स पटिस्सुत्वा उज्जेनिं गन्त्वा येन राजा पज्जोतो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा रञ्ञो पज्जोतस्स विकारं सल्लक्खेत्वा राजानं पज्जोतं एतदवोच—"सप्पिं, देव, निप्पचिस्सामि। तं देवो पिविस्सती" ति। "अलं, भणे जीवक, यं ते सक्का विना सप्पिना अरोगं कातुं तं करोहि। जेगुच्छं मे [R.277] सप्पि, पटिकूलं" ति। अथ खो जीवकस्स कोमारभच्चस्स एतदहोसि—"इमस्स [B.388] खो रञ्ञो तादिसो आबाधो, न सक्का विना सप्पिना अरोगं कातुं। यन्नूनाहं सप्पिं निप्पचेय्यं कसाववण्णं कसावगन्धं कसावरसं" ति। अथ खो जीवको कोमारभच्चो नानाभेसज्जेहि सप्पिं निप्पचि कसाववण्णं कसावगन्धं कसावरसं। अथ खो जीवकस्स कोमारभच्चस्स एतदहोसि—"इमस्स खो रञ्ञो सप्पि पीतं परिणामेन्तं उद्देकं दस्सति। चण्डोयं राजा घातापेय्या पि मं। यन्नूनाहं पटिकच्चेव आपुच्छेय्यं" ति। अथ खो जीवको कोमारभच्चो येन राजा पज्जोतो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा राजानं पज्जोतं एतदवोच—"मयं खो, देव, वेज्जा नाम तादिसेन मुहुत्तेन मूलानि उद्धराम भेसज्जानि संहराम। साधु देवो वाहनागारेसु च द्वारेसु च आणापेतु—'येन वाहनेन जीवको इच्छति तं कालं गच्छतु, यं कालं इच्छति तं कालं पविसतू' " ति। अथ खो राजा पज्जोतो वाहनागारेसु च द्वारेसु च आणापेसि—"येन वाहनेन जीवको इच्छति तेन वाहनेन गच्छतु, येन द्वारेन इच्छति तेन द्वारेन गच्छतु, यं कालं इच्छति तं कालं गच्छतु, यं कालं इच्छति तं कालं पविसतू" ति।

हो गया। राजा प्रद्योत ने राजा....बिम्बिसार के पास दूत भेजा—"मुझे बहुत भयङ्कर रोग हो गया है, अच्छा हो कि आप अपने जीवक वैद्य को भेज दें कि वह मेरे रोग की चिकित्सा कर सके।" तब राजा....बिम्बिसार ने जीवक कौमारभृत्य को आदेश दिया—"आचार्य जीवक! उज्जयिनी जाकर राजा प्रद्योत के रोग की चिकित्सा करो।" "अच्छा, देव!" कहकर जीवक....राजा प्रद्योत के यहाँ पहुँचा। वहाँ उसके रोग का निदान कर राजा को यों कहा—"देव! इसके लिये मैं एक घृतपाक बनाऊँगा, उसे आप पीएँगें तो स्वस्थ हो जाँयगे।" "नहीं, जीवक रहने दो; मैं घी नहीं पी सकूँगा। घी तो मुझे अनुकूल नहीं पड़ता।" तब जीवक वैद्य ने सोचा—"इस राजा को ऐसा रोग है जो विना घी के ठीक हो ही नहीं सकता। तो क्यों न मैं उस घी को इस तरह बनाऊँ कि वह गन्ध, वर्ण और रस में काषाय हो जाय और दीखने में वह घी न लगे।" वैसा घी बना लेने के बाद जीवक ने फिर सोचा—"इस राजा को यह घी पीते ही वमन होगा। हो सकता है, तब यह क्रोधी राजा मुझे मरवा डाले। तो क्यों न मैं पहले ही इसका प्रतीकारात्मक उपाय सोच लूँ।" जीवक यह सोचकर राजा के पास पहुँचकर कहा—"देव! हम वैद्य लोग विशेष मुहूर्त (काल) देखकर ही उन उन रोगों के लिये उन उन ओषधियों को जङ्गल से लाते है। अतः अच्छा हो, देव! कि आप अपने नगर के द्वारपालों तथा वाहनागारपालकों को ऐसा आदेश प्रसारित करा दें कि जीवक वैद्य जिस किसी भी वाहन पर चढ़कर नगर के जिस किसी भी द्वार से जब चाहे तब विना किसी रोक-टोक के निःसरण या प्रवेश कर सकता है।" राजा प्रद्योत ने वाहनागारपालकों एवं द्वारपालकों को ऐसी आज्ञा दे दी।

तेन खो पन समयेन रञ्ञो पज्जोतस्स भद्दवतिका नाम हत्थिनिका पञ्ञासयोजनिका होति। अथ खो जीवको कोमारभच्चो रञ्ञो पज्जोतस्स सप्पिं उपनामेसि—"कसावं देवो पिवतू" ति। अथ खो जीवको कोमारभच्चो राजानं पज्जोतं सप्पिं पायेत्वा हत्थिसालं गन्त्वा भद्दवतिकाय हत्थिनिकाय नगरम्हा निप्पति।

अथ खो रञ्ञो पज्जोतस्स तं सप्पि पीतं परिणामेन्तं उद्देकं अदासि। अथ खो राजा पज्जोतो मनुस्से एतदवोच—"दुट्ठेन, भणे, जीवकेन सप्पि पायितोम्हि। तेन हि, भणे, जीवकं वेज्जं विचिनथा" ति। "भद्दवतिकाय, देव, हत्थिनिकाय नगरम्हा निप्पतितो" ति। तेन खो पन समयेन रञ्ञो पज्जोतस्स काको नाम दासो सट्ठियोजनिको होति, अमनुस्सेन पटिच्च जातो। अथ खो राजा पज्जोतो काकं दासं आणापेसि—"गच्छ, भणे, काक, जीवकं वेज्जं निवत्तेहि—'राजा तं, आचरिय, निवत्तापेती' ति। एते खो, [N.295, B.389] भणे, काक,वेज्जा नाम बहुमाया। मा चस्स किञ्चि पटिग्गहेसी" ति।

अथ खो काको दासो जीवकं कोमारभच्चं अन्तरामग्गे कोसम्बियं सम्भावेसि पातरासं करोन्तं। अथ खो काको दासो जीवकं कोमारभच्चं एतदवोच—"राजा तं, आचरिय, निवत्तापेती" ति। "आगमेहि, भणे काक, याव भुञ्जामि। हन्द, भणे काक, भुञ्जस्सू" ति। "अलं, आचरिय, रञ्ञाम्हि आणत्तो—'एते खो, भणे काक, वेज्जा, नाम बहुमाया, मा चस्स किञ्चि पटिग्गहेती' ति। तेन खो पन समयेन जीवको कोमारभच्चो नखेन भेसज्जं ओलुम्पेत्वा आमलकं च खादति पानीयं च पिवति। अथ खो जीवको कोमारभच्चो काकं दासं एतदवोच—"हन्द, भणे, काक, आमलकं च खाद पानीयं च पिवस्सू" ति। अथ खो

उस समय राजा प्रद्योत की (हस्तिशाला में) भद्रवतिका नाम की हथिनी थी जो एक दिन में पचास योजन चल सकती थी। जीवक कौमारभृत्य ने राजा प्रद्योत के सामने वह घी रखा और कहा—"देव! आप यह काषाय पीवें, इससे आप नीरोग हो जाँयगें" यों जीवक वैद्य राजा को वह घी पिलाते ही हस्तिशाला में जा कर भद्रवती हथिनी पर चढ़कर नगर से निकल गया।

उधर राजा प्रद्योत को वह ओषधि पीते ही वमन होने लगा। तब राजा प्रद्योत ने अङ्गरक्षक पुरुषों से कहा—"अरे! इस दुष्ट जीवक ने ता मुझको घी पिला दिया। तो तुम लोग उस वैद्य को पकड़कर मेरे सामने लाओ। (उन्होंने कहा—) "देव! वह तो भद्दवतिका हथिनी पर चढ़कर नगर से बाहर निकल गया।" उस समय राजा प्रद्योत की सेवा में काक नामक दास रहता था, जो अमनुष्य से उत्पन्न था, वह एक दिन साठ योजन तक जा सकता था। राजा प्रद्योत ने उस काक को आदेश दिया—"भणे काक! जा, जीवक वैद्य को लौटा ला। उनसे कहना—'आचार्य! आपको राजा बुला रहे हैं।' और हाँ, उससे सावधान रहना, ये वैद्य लोग बहुत मायावी होते हैं, अतः उसके हाथ का दिया कुछ भी न लेना।"

राजा की आज्ञा से काक दास ने उज्जयिनी से प्रस्थान कर जीवक कौमारभृत्य को मार्ग मे ही कौशाम्बी में प्रातराश (कलेवा) करते हुए जा पकड़ा और उनसे कहा—"आचार्य! राजा आपको फिर बुला रहे हैं।" जीवक बोले—"अरे काक! कुछ देर ठहरो, मैं प्रातराश कर लूँ। हाँ, अरे काक! लो, इतने तुम भी कुछ खा लो।" "बस, आचार्य! राजा ने आज्ञा दी है कि आप का दिया कुछ भी न खाऊँ; क्योकि वैद्य बहुत मायावी होते है।" उस समय जीवक कौमारभृत्य नख मे ओषधि लगाकर आँवला खा रहे थे और जल पी रहे थे। तब जीवक. ..ने काक से फिर कहा—"अरे भाई काक! यह

काको दासो—"अयं खो वेज्जो आमलकं च खादति पानीयं च पिवति, न अरहति किञ्चि पापकं होतुं" ति—उपड्ढामलकं च खादि पानीयं च अपायि। तस्स तं उपड्ढामलकं खादितं तत्थेव निच्छारेसि। अथ खो काको दासो जीवकं कोमारभच्चं एतदवोच—"अत्थि मे, आचरिय, जीवितं" ति? "मा, भणे काक, भायि, त्वं चेव अरोगो भविस्ससि राजा च। चण्डो सो राजा घातापेय्या पि मं, तेनाहं न निवत्तामी" ति भद्दवतिकं हत्थिनिकं काकस्स निय्यादेत्वा येन राजगहं तेन पक्कामि। अनुपुब्बेन येन राजा मागधो सेनियो बिम्बिसारो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा रञ्ञो मागधस्स सेनियस्स बिम्बिसारस्स एतमत्थं आरोचेसि। "सुट्ठु, भणे जीवक, अकासि यं पि न निवत्तो, चण्डो सो राजा घातापेय्या पि तं" ति। अथ खो राजा पज्जोतो अरोगो समानो जीवकस्स कोमारभच्चस्स सन्तिके दूतं पाहेसि—"आगच्छतु जीवको, वरं दस्सामी" ति। "अलं, अय्यो, अधिकारं मे देवो सरतू" ति।

१०. तेन खो पन समयेन रञ्ञो पज्जोतस्स सीवेय्यकं दुस्सयुगं उप्पन्नं होति—बहूनं दुस्सानं बहूनं दुस्सयुगानं बहूनं दुस्सयुगसतानं बहूनं दुस्सयुगसहस्सानं बहूनं दुस्सयुगसतसहस्सानं अग्गं च सेट्ठं च पामोक्खं च उत्तमं च पवरं च। अथ खो राजा [B.390] पज्जोतो तं सीवेय्यकं दुस्सयुगं जीवकस्स कोमारभच्चस्स पाहेसि। अथ खो जीवकस्स कोमारभच्चस्स एतदहोसि—"इदं खो मे सीवेय्यकं दुस्सयुगं रञ्ञा पज्जोतेन पहितं—बहूनं दुस्सानं बहूनं दुस्सयुगानं बहूनं दुस्सयुगसतानं बहूनं दुस्सयुगसहस्सानं बहूनं दुस्सयुगसतसहस्सानं अग्गं च सेट्ठं च पामोक्खं च उत्तमं च पवरं च। नयिदं अञ्ञो कोचि पच्चारहति परिभुञ्जितुं, अञ्ञत्र तेन भगवता अरहता सम्मासम्बुद्धेन, रञ्ञा वा मागधेन सेनियेन बिम्बिसारेना" ति।

एक आँवला तो खा लो और जल पी लो।" काक ने सोचा—"यह वैद्य केवल आँवला खा रहा है और जल पी रहा है। तो क्यों न मै इसका दिया आँवला खा लूँ और जल पी लूँ। एक आँवले में क्या धोखा हो सकता है!" उसने भी आधा आँवला खाया और जल पी लिया। वह उसका खाया हुआ आधा आँवला वहीं वमन के रूप मे निकल गया। तब उस दास ने जीवक से गिड़गिड़ा कर पूछा—'आचार्य! मैं जीवित तो बच जाऊँगा?" (वैद्य बोले—) "काक! डरो नहीं, तुम शीघ्र ही स्वस्थ हो जाओगे। राजा भी स्वस्थ हो जाँयगें। वह क्रोधी राजा मेरी हत्या न करवा दे, इसीलिये मैं शीघ्र से शीघ्र राजगृह पहुँच जाना चाहता हूँ। वापस नहीं लौटना चाहता।" और उसने भद्दवतिका हथिनी भी काक को दे दी और वह (अन्य किसी साधन से) राजगृह लौट गये। क्रमशः वे राजगृह पहुँच कर राजा ..बिम्बिसार के पास पहुँचे तथा अविकल घटनाक्रम सुनाया। सुनकर राजा ने कहा—"अच्छा किया, जीवक! कि तुम लौटकर नहीं गये। वह राजा बहुत क्रोधी है। वह तुम्हारी हत्या भी करा सकता था।"

राजा प्रद्योत ने कुछ समय बाद स्वस्थ होकर, जीवक कौमारभृत्य के पास दूत भेजा—"जीवक! आवे, मैं उन्हें वर (पुरस्कार) दूँगा।" जीवक ने उत्तर दिलवा दिया—"बस! देव, पुरस्कार की बात रहने दें। मेरा अधिकार (कृत उपकार) स्मरण रहे—इतना ही मैं चाहता हूँ।"

१०. उस समय राजा प्रद्योत के पास शिवि देश का बना एक दुशाला आया जो सैकड़ों हजारो लाखों दुशालों में अग्र, श्रेष्ठ, प्रमुख, उत्तम एवं प्रवर था। राजा प्रद्योत ने वह श्रेष्ठ दुशाला जीवक कौमारभृत्य को भिजवाया। तब जीवक कौभारभृत्य ने उस दुशाले के विषय में विचार किया—"यह शिवि देश का बना दुशाला, जो कि राजा प्रद्योत ने भेजा है और हजारो हजार दुशालों मे प्रथम

७. समतिंसविरेचनकथा

११. तेन खो पन समयेन भगवतो कायो दोसाभिसन्नो होति। अथ खो [N.296] भगवा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—"दोसाभिसन्नो खो, आनन्द, तथागतस्स कायो। इच्छति तथागतो विरेचनं पातुं" ति। अथ खो आयस्मा येन जीवको कोमारभच्चो [R.279] तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा जीवकं कोमारभच्चं एतदवोच—"दोसाभिसन्नो खो, आवुसो जीवक, तथागतस्स कायो। इच्छति तथागतो विरेचनं पातुं" ति। "तेन हि, भन्ते आनन्द, भगवतो कायं कतिपाहं सिनेहेथा" ति। अथ खो आयस्मा आनन्दो भगवतो कायं कतिपाहं सिनेहेत्वा येन जीवको कोमारभच्चो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा जीवकं कोमारभच्चं एतदवोच—"सिनिद्धो खो, आवुसो जीवक, तथागतस्स कायो। यस्स दानि कालं मञ्ञसी" ति।

अथ खो जीवकस्स कोमारभच्चस्स एतहोसि—जीवकस्स कोमारभच्चस्स एतदहोसि—"न खो मेतं पतिरूपं योहं भगवतो ओळारिकं विरेचनं ददेय्यं" ति। तीणि उप्पलहत्थानि नानाभेसज्जेहि परिभावेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा एकं उप्पलहत्थं भगवतो उपनामेसि—"इमं, भन्ते, भगवा पठमं उप्पलहत्थं उपसिङ्घतु। इदं भगवन्तं दसक्खत्तुं विरेचेस्सती" ति। दुतियं उप्पलहत्थं भगवतो उपनामेसि—"इमं, भन्ते, भगवा दुतियं उप्पलहत्थं उपसिङ्घतु। इदं भगवन्तं दसक्खत्तुं विरेचेस्सती" ति। ततियं उप्पहलहत्थं भगवतो उपनामेसि— "इमं, भन्ते, भगवा ततियं उप्पलहत्थं [B.391] उपसिङ्घतु। इदं भगवन्तं दसक्खत्तुं विरेचेस्सती ति। एवं भगवतो समतिंसाय विरेचनं भविस्सती" ति। अथ खो जीवको कोमारभच्चो भगवतो समतिंसाय विरेचनं दत्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि। अथ खो जीवकस्स कोमारभच्चस्स बहि द्वारकोट्ठका

है...प्रवर है। इसका उपयोग उन भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध को छोड़कर दूसरा कोई नहीं कर सकता। या फिर राजा श्रेणिय मागध बिम्बिसार पर ही यह शोभा देता है।"

७. त्रिंशद्विरेचनकथा

११. उस समय भगवान् का शरीर व्याधिग्रस्त था। तब भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द को बुलाया और कहा—"मेरा शरीर इस समय कुछ भारी है। मैं चाहता हूँ कुछ विरेचन पी लूँ।" तब आयुष्मान् आनन्द जीवक वैद्य के पास गये। जाकर वे बोले—"भगवान् का शरीर कुछ भारी (दोषग्रस्त) लग रहा है। अत: ये विरेचन (जुलाब) लेना चाहते हैं। "तो, भन्ते आनन्द! भगवान् के शरीर को पहले कुछ दिन स्निग्ध करो।" तब आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् को कुछ दिन स्नेहपान कराया तब फिर वे जीवक से जाकर बोले—"आयुष्मन् जीवक! भगवान् का शरीर स्निग्ध हो गया है, अब जैसा आप उचित समझें।"

तब जीवक कौमाभृत्य के मन में यह हुआ—"यह मेरे लिये उचित न होगा कि मैं भगवान् को साधारण विरेचन दूँ।" उसने तीन चम्मच (उत्पलहस्त) जल को नाना ओषधियों से भावित कर, भगवान् के पास जाकर एक चम्मच औषध देकर कहा—"भन्ते! भगवान् यह एक चम्मच ओषध नस्य के रूप मे ले लें, इससे भगवान् को दश विरेचन होगे।" इसी तरह (समय पर) दूसरा चम्मच देकर कहा—"भन्ते! भगवान् दूसरा चम्मच ओषध भी नस्य के रूप मे ले लें, इससे भी आपको दश विरेचन होंगे।" फिर समय पर तीसरा चम्मच ओषधि देकर कहा—"भन्ते! भगवान् यह तीसरा चम्मच औषध

निक्खन्तस्स एतदहोसि—"मया खो भगवतो समतिंसाय विरेचनं दिन्नं। दोसाभिसन्नो तथागतस्स कायो। न भगवन्तं समतिंसक्खत्तुं विरेचेस्सति, एकूनतिंसक्खत्तुं भगवन्तं विरेचेस्सति। अपि च, भगवा विरित्तो नहायिस्सति। नहातं भगवन्तं सकिं विरेचेस्सति। एवं भगवतो समतिंसाय विरेचनं भविस्सती" ति।

अथ खो भगवा जीवकस्स कोमारभच्चस्स चेतसा चेतोपरिवितक्कमञ्ञाय आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—"इधानन्द, जीवकस्स कोमारभच्चस्स बहि द्वारकोट्ठका निक्खन्तस्स एतदहोसि—'मया खो भगवतो समतिंसाय विरेचनं दिन्नं। दोसाभिसन्नो तथागतस्स कायो। न भगवन्तं समतिंसक्खत्तुं विरेचेस्सति, एकूनतिंसक्खत्तुं भगवन्तं विरेचेस्सति। अपि च, भगवा विरित्तो नहायिस्सति। नहातं भगवन्तं सकिं विरेचेस्सति। एवं भगवतो समतिंसाय विरेचनं भविस्सती' ति। तेन हानन्द, उण्होदकं पटियादेही" ति। "एवं, भन्ते" ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पटिस्सुणित्वा उण्होदकं पटियादेसि।

[N.297] अथ खो जीवको कोमारभच्चो येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं [R.280] अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो जीवको कोमारभच्चो भगवन्तं एतदवोच—"विरित्तो, भन्ते, भगवा" ति? "विरित्तोम्हि, जीवका" ति। "इध मय्हं, भन्ते, बहि द्वारकोट्ठका निक्खन्तस्स एतदहोसि—"मया खो भगवतो समतिंसाय विरेचनं दिन्नं। दोसाभिसन्नो तथागतस्स कायो। न भगवन्तं समतिंसक्खत्तुं विरेचेस्सति, एकूनतिंसक्खत्तुं भगवन्तं विरेचेस्सति। अपि च, भगवा विरित्तो नहायिस्सति। नहातं भगवन्तं सकिं विरेचेस्सति। एवं भगवतो समतिंसाय विरेचनं भविस्सती ति। नहायतु, भन्ते, भगवा, नहायतु सुगतो" ति। अथ खो भगवा उण्होदकं नहायि। नहातं भगवन्तं सकिं विरेचेसि। एवं भगवतो समतिंसाय विरेचनं अहोसि। अथ खो जीवको कोमारभच्चो भगवन्तं एतदवोच— "याव, [B.392] भन्ते, भगवतो कायो पकतत्तो होति, अलं यूसपिण्डपातेना" ति।

भी नस्य रूप में ले लें, इससे भी आपको दस विरेचन होंगे। यों, भगवान् को बराबर तीस विरेचन होंगे।" तब जीवक वैद्य भगवान् को, तीस विरेचन देकर, उन्हें प्रणाम कर, अपने आवास पर चल दिये। तब जीवक को भगवान् के आवास के द्वार पर आते–आते यह विचार हुआ—"मैंने भगवान् को तीस विरेचन के लिये औषध तो दी, परन्तु इससे भगवान् को उनतीस (एक कम तीस) विरेचन ही होंगे। बाकी एक तब होगा, जब वे उष्ण जल से स्नान करेंगे; क्योंकि भगवान् का शरीर दोषग्रस्त है।"

तब भगवान् ने, जीवक कौमारभृत्य का यह मनश्चिन्तन अपने मन से जानकर, आयुष्मान् आनन्द को आदेश दिया—" ...आनन्द! जल गरम करो, मैं स्नान करूँगा।" "अच्छा, भन्ते" कहकर आयुष्मान् आनन्द ने जल गरम किया और भगवान् के सामने रखा।

भिक्षु एवं श्रामणेर। दोनों द्वारा अत्यधिक सेवा किये जाने पर भी वह रोगी भिक्षु अन्त में मरणभाव को प्राप्त हो ही गया। तब उस परिचारक भिक्षु को यह विचार हुआ—"इस परिचारक श्रामणेर को मृत भिक्षु के चीवर का कितना भाग दिया जाय?" भगवान् के सम्मुख यह समस्या रखे जाने पर भगवान् ने आदेश दिया— "**भिक्षुओ! अनुज्ञा देता हूँ ऐसे समय में श्रामणेर को मृत भिक्षु की वस्तुओं में से समान भाग देने की।**

(ख) उस समय कोई भिक्षु बहुत सा सामान एवं बहुत सी वस्तुएँ छोडकर मर गया। भगवान् को यह सब बताया गया। भगवान् ने कहा— "भिक्षुओ! भिक्षु के मरणानन्तर, उसके पात्र चीवर आदि का स्वामी सङ्घ होता है। यदि रोगी–परिचारक ने उसकी बहुत सेवा की हो तो सङ्घ को अनुमति देता हूँ कि वह उस मृत रोगी के त्रिचीवर एवं पात्र परिचारक को देने की। जो उसके छोटे–छोटे भाण्ड एव सामान हो उन्हे परिचारक आदि मे बॉट देने की। परन्तु जो उस मृत रोगी के बड़े सामान बड़े भाण्ड थे उन्हे विना दिये, विना बॉटे सुरक्षित रखने की अनुमति देता हूँ। क्योकि वे भाण्ड आदि उस विहार मे आने वाले या वर्तमान भिक्षुओं के उपयोग में आ सकते हैं, अत. वे अविसर्जनीय (अदेय) हैं, अविभाज्य (अवेभङ्गिक) हैं।"

२४. भिक्षु को नग्न रहने का निषेध

४५. उस समय कोई भिक्षु नग्न (निर्वस्त्र) होकर भगवान् के सामने गया। सामने जाकर वह भगवान् से यों बोला—"भगवान् ने नाना प्रकार से त्यागमय जीवन (अल्पेच्छता), सन्तोष, तप (सल्लेख), अवधूत रहना, प्रासादिकता, अपरिग्रह एव उपासना में उद्योग की प्रशसा की है। भन्ते! यह नग्नता उपर्युक्त गुणो की तरफ साधक को प्रवृत्त करती है। अतः अच्छा हो, भन्ते! कि आप भिक्षुओं को नग्न रहने का आदेश दे दे।" भगवान् ने उस भिक्षु के कथन की निन्दा करते हुए कहा—"ओ निकम्मे आदमी! यह (तेरा कथन) अयुक्त है, अनुचित है, अप्रतिरूप (अननुकूल) है, श्रमणो के आचार

विगरहि बुद्धो भगवा—"अननुच्छविकं, मोघपुरिस, अननुलोमिकं अप्पत्तिरूपं अस्सामणकं अकप्पियं अकरणीयं। कथं हि नाम त्वं, मोघपुरिस, नग्गियं तित्थियसमादानं समादियिस्ससि। नेतं, मोघपुरिस, अप्पसन्नानं वा पसादाय....पे०...." विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**न, भिक्खवे, नग्गियं तित्थियसमादानं समादियितब्बं। यो समादियेय्य,** [R.306] **आपत्ति थुल्लच्चयस्सा**" ति।

२५. कुसचीरादिपटिक्खेपकथा

४६. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो भिक्खु कुसचीरं निवासेत्वा....पे०....वाकचीरं निवासेत्वा....पे०....फलकचीरं निवासेत्वा....पे०....केसकम्बलं निवासेत्वा....पे०.... वाळकम्बलं निवासेत्वा....पे०....उलूकपक्खं निवासेत्वा...पे०....अजिनक्खिपं निवासेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं एतदवोच—"भगवा, भन्ते, अनेकपरियायेन अप्पिच्छस्स सन्तुट्ठस्स सल्लेखस्स धुतस्स पासादिकस्स अपचयस्स विरियारम्भस्स वण्णवादी। इदं, भन्ते, अजिनक्खिपं अनेकपरियायेन अप्पिच्छताय सन्तुट्ठिताय सल्लेखाय धुतत्ताय [B.422] पासादिकताय अपचयाय विरियारम्भाय संवत्तति। साधु, भन्ते, भगवा भिक्खूनं अजिनक्खिपं अनुजानातू" ति। विगरहि बुद्धो भगवा—"अननुच्छविकं, मोघपुरिस, अननुलोमिकं अप्पतिरूपं अस्सामणकं अकप्पियं अकरणीयं। कथं हि नाम त्वं, मोघपुरिस, अजिनक्खिपं तित्थियधजं धारेस्ससि। नेतं, मोघपुरिस, अप्पसन्नानं वा पसादाय....पे०...." विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—"**न, भिक्खवे, अजिनक्खिपं तित्थियधजं धारेतब्बं। यो धारेय्य, आपत्ति थुल्लच्चयस्सा**" ति।

तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो भिक्खु अक्कनाळं निवासेत्वा....पे०....पोत्थकं निवासेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं एतदवोच—"भगवा, भन्ते, अनेकपरियायेन अप्पिच्छस्स सन्तुट्ठस्स सल्लेखस्स धुतस्स पासादिकस्स अपचयस्स विरियारम्भस्स, वण्णवादी। अयं, भन्ते, पोत्थको अनेकपरियायेन अप्पिच्छताय सन्तुट्ठिताय

से विरुद्ध है, अतः अविहित एवं अकरणीय है। कैसे मोघपुरुष! तूने इस तीर्थिकों द्वारा अपनायी जाने वाली नग्नता को स्वीकार कर लिया। मेरा यह कथन ...पूर्ववत्....। फिर भगवान् ने इस प्रसङ्ग में भिक्षुओं को एकत्र कराकर स्पष्ट आदेश दिया— "**भिक्षुओ! किसी भी भिक्षु को तीर्थिकों के सामान नग्न (निर्वस्त्र) रहने का स्वभाव नहीं डालना चाहिये। जो नग्न रहे उसे स्थूलात्यय दोष लगेगा।**"

२५. कुश चीर आदि धारण का निषेध

४६ उस समय कुश का बना वस्त्र पहनकर....पूर्ववत्...वल्कल-वस्त्र पहन कर...फलक (काष्ठ) चीवर पहन कर ...केशों से बना कम्बल ओढकर...वाल-कम्बल ओढ़कर...उलू के पङ्खो से बना वस्त्र पहनकर....मृग चर्म से बना वस्त्र पहनकर भगवान् के सामने आया और उनसे यह बोला—"भगवन्! आपने नाना प्रकार से.. .उपरिवत्.. *(पैरा नं ४५ की तरह समग्र पाठ को दोहरा लें)* **मृग चर्म, जो कि तीर्थिकों की पहचान है, नहीं धारण करना चाहिये। जो धारण करे उसको स्थूलात्यय दोष लगेगा।**

उस समय कोई भिक्षु अर्क नाल (मदार की छाल) से बना वस्त्र....पोत्थक (बोरा) से बना

सल्लेखाय धुतत्ताय पासादिकताय अपचयाय विरियारम्भाय संवत्तति। साधु, भन्ते, भगवा भिक्खूनं पोत्थकं अनुजानातू'' ति। विगरहि बुद्धो भगवा—''अननुच्छविकं, मोघपुरिस, अननुलोमिकं अप्पतिरूपं अस्सामणकं अकप्पियं अकरणीयं। कथं हि नाम त्वं, मोघपुरिस, पोत्थकं निवासेस्सति। नेतं, मोघपुरिस, अप्पसन्नानं वा पसादाय....पे०....'' विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—''**न, भिक्खवे, पोत्थको निवासेतब्बो।** [N.321] **यो निवासेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा**'' ति।

२६. सब्बनीलकादिपटिक्खेपकथा

४७. तेन खो पन समयेन छब्बग्गिया भिक्खू सब्बनीलकानि चीवरानि धारेन्ति....पे०....सब्बपीतकानि चीवरानि धारेन्ति....पे०....सब्बलोहितकानि चीवरानि धारेन्ति....पे०....सब्बमञ्जिट्ठकानि चीवरानि धारेन्ति...पे०....सब्बकण्हानि चीवरानि धारेन्ति.... पे०....अच्छिन्नदसानि चीवरानि धारेन्ति....पे०...फणदसानि चीवरानि धारेन्ति....पे०...कञ्चुकं धारेन्ति...पे०....तिरीटकं धारेन्ति....पे०....वेठनं धारेन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—''कथं हि नाम समणा सक्यपुत्तिया वेठनं धारेस्सन्ति, सेय्यथापि गिही कामभोगिनो'' ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं। **न, भिक्खवे,** [B.423] **सब्बनीलकानि चीवरानि धारेतब्बानि, न सब्बपीतकानि चीवरानि धारेतब्बानि, न सब्बलोहितकानि चीवरानि धारेतब्बानि, न सब्बमञ्जिट्ठकानि चीवरानि धारेतब्बानि, न सब्बकण्हानि चीवरानि धारेतब्बानि, न सब्बमहारङ्गरत्तानि चीवरानि धारेतब्बानि, न सब्बमहानामरत्तानि चीवरानि धारेतब्बानि, न अच्छिन्नदसानि चीवरानि धारेतब्बानि, न दीघदसानि चीवरानि धारेतब्बानि, न पुप्फदसानि चीवरानि धारेतब्बानि, न फणदसानि चीवरानि धारेतब्बानि, न कञ्चुकं धारेतब्बं, न तिरीटकं धारेतब्बं, न वेठनं धारेतब्बं। यो धारेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा** ति।

२७. वस्संवुट्ठानं अनुप्पन्नचीवरकथा

४८. तेन खो पन समयेन वस्संवुट्ठा भिक्खू अनुप्पन्ने चीवरे पक्कमन्ति पि, [R.307]

वस्त्र पहनकर...पूर्व....*(पैरा सं. ४५ की तरह समग्र पाठ दोहरा लें)* **भिक्षुओ! टाट (बोरा) से बना वस्त्र नहीं पहनना चाहिये। जो पहनेगा उसे दुष्कृत दोष लगेगा।**

२६. सर्वथा नील आदि रङ्गों से रङ्गे वस्त्र के धारण का निषेध

४७. उस समय षड्वर्गीय भिक्षु पूर्णतः नीले रङ्ग से रङ्गे.. पीले रङ्ग से रङ्गे....लाल रङ्ग से रङ्गे....मजीठ रङ्ग से रङ्गे .....काले रङ्ग से रङ्गे....महारङ्ग से रङ्गे. .महानाम (हल्दी के) रङ्ग से रङ्गे चीवर धारण करने लगे, कटी किनारी वाले....लम्बी किनारी वाले चीवरों को धारण करने लगे; फूलदार किनारी वाले....साँप के फण की तरह किनारी वाले....कञ्चुक (पारदर्शी).....तिरीटक (छाल) का बना चीवर पहनने लगे और वैसा ही वेष्टन (कायबन्धन) बाँधने लगे। गृहस्थ जन इन्हें देखकर खिन्न एवं उद्विग्न होने लगे कि कैसे ये भले दिखायी देने वाले श्रमण शाक्यपुत्र भी गृहस्थो के जैसा वेष्टन बाँधते है। उन्होंने भगवान् से यह सब कहा। भगवान् ने आदेश दिया—''**भिक्षुओ! न पूर्णतः नीले रङ्ग से रङ्गे ....पूर्ववत्.... वेठन धारण करना चाहिये। जो ऐसा करेगा उसे 'दुष्कृत' दोष लगेगा।**''

विब्भमन्ति पि, कालं पि करोन्ति, सामणेरा पि पटिजानन्ति, सिक्खं पच्चक्खातका पि पटिजानन्ति, अन्तिमवत्थुं अज्झापन्नका पि पटिजानन्ति, उम्मत्तका पि पटिजानन्ति, खित्तचित्ता पि पटिजानन्ति, वेदनाट्टा पि पटिजानन्ति, आपत्तिया अदस्सने उक्खित्तका पि पटिजानन्ति, आपत्तिया अप्पटिकम्मे उक्खित्तका पि पटिजानन्ति, पापिकाय दिट्ठिया अप्पटिनिसग्गे उक्खित्तका पि पटिजानन्ति, पण्डका पि पटिजानन्ति, थेय्यसंवासका पि पटिजानन्ति, तित्थियपक्कन्तका पि पटिजानन्ति, तिरच्छानगता पि पटिजानन्ति, मातुघातका पि पटिजानन्ति, पितुघातका पि पटिजानन्ति, अरहन्तघातका पि पटिजानन्ति, भिक्खुनिदूसका पि पटिजानन्ति, सङ्घभेदका पि पटिजानन्ति, लोहितुप्पादका पि पटिजानन्ति, उभतोब्यञ्जनका पि पटिजानन्ति। [N.322] भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।

४९. **''इध पन, भिक्खवे, वस्संवुट्ठो भिक्खु अनुप्पन्ने चीवरे पक्कमति, सन्ते पतिरूपे गाहके दातब्बं।**

''इध पन, भिक्खवे, वस्संवुट्ठो भिक्खु अनुप्पन्ने चीवरे विब्भमति, कालं करोति, सामणेरो पटिजानाति, सिक्खं पच्चक्खातको पटिजानाति, अन्तिमवत्थु अज्झापन्नको पटिजानाति, सङ्घो सामी।

''इध पन, भिक्खवे, वस्संवुट्ठो भिक्खु अनुप्पन्ने चीवरे उम्मत्तको पटिजानाति, खित्तचित्तो पटिजानाति, वेदनाट्टो पटिजानाति, आपत्तिया अदस्सने उक्खित्तको [B.424] पटिजानाति, आपत्तिया अप्पटिकम्मे उक्खित्तको पटिजानाति, पापिकाय दिट्ठिया अप्पटिनिस्सग्गे उक्खित्तको पटिजानाति, सन्ते पतिरूपे गाहके दातब्बं।

''इध पन, भिक्खवे, वस्संवुट्ठो भिक्खु अनुप्पन्ने चीवरे पण्डको पटिजानाति, थेय्यसंवासको पटिजानाति, तित्थियपक्कन्तको पटिजानाति, तिरच्छानगतो

---

२७. वर्षावासिकों द्वारा न लिये चीवरों का उपयोग

४८. उस समय वर्षावासिक भिक्षु, चीवर न मिलने के कारण, अन्यत्र चले जाते थे या भिक्षु आश्रम ही छोड़ देते थे; या मर जाते थे। श्रामणेर बन जाते थे, भिक्षु–शिक्षा का प्रत्याख्यान करने वाले बन जाते थे। या अन्तिम वस्तु (चार पाराजिक) के मानने वाले बन जाते थे। उन्मत्त.. विक्षिप्तचित्त.....वेदनार्त.... दोष (आपत्ति) न देखने पर भी अपने को सङ्घ से निष्कासित माने जानेवाले, मिथ्यादृष्टियों को न त्यागने से भी.. पण्डक (नपुंसक) भी हो जाते थे, चोरी से काषाय वस्त्र पहनने वाले....पुनः तीर्थिकों के धर्म में लौट जाने वाले.. पशु और प्रेत योनि में चले जाने वाले....मातृघातक....पितृघातक...अर्हद्घातक.... भिक्षुणीदूषक....सङ्घभेदक....बुद्ध के रक्तोत्पादक दोष को मानने वाले....स्त्री पुरुष–दोनों के चिह्नो वाले बन जाते थे। भगवान् से यह बात कही गयी। भगवान् ने कहा–

४९ (क) **यदि, भिक्षुओ! वर्षावास करके चीवर न मिलने पर कोई भिक्षु चला जाता है तो योग्य, संग्रह करने योग्य भिक्षु को वह दे देना चाहिये।**

(ख) यदि, भिक्षुओ! वर्षावास सम्पन्न करने वाला भिक्षु चीवर न मिलने से भिक्षु आश्रम छोड जाता है, मर जाता है, श्रामणेर बन जाता है, भिक्षुशिक्षा का प्रत्याख्यान करने वाला बन जाता है, पाराजिक का दोषी बन जाता है, तो सङ्घ उसके चीवर का स्वामी होगा।

पटिजानाति, मातुघातको पटिजानाति, पितुघातको पटिजानाति, अरहन्तघातको पटिजानाति, भिक्खुनिदूसको पटिजानाति, सङ्घभेदको पटिजानाति, लोहितुप्पादको पटिजानाति, उभतोब्यञ्जनको पटिजानाति, सङ्घो सामी।

५०. ''इध पन, भिक्खवे, वस्संवुट्ठो भिक्खु उप्पन्ने चीवरे अभाजिते पक्कमति, सन्ते पतिरूपे गाहके दातब्बं।

''इध पन, भिक्खवे, वस्संवुट्ठो भिक्खु उप्पन्ने चीवरे अभाजिते विब्भमति, कालं करोति, सामणेरो पटिजानाति, सिक्खं पच्चक्खातको पटिजानाति, अन्तिमवत्थुं अज्झापन्नको पटिजानाति, सङ्घो सामी।

''इध पन, भिक्खवे, वस्संवुट्ठो भिक्खु उप्पन्ने चीवरे अभाजिते उम्मत्तको पटिजानाति। खित्तचित्तो पटिजानाति, वेदनाट्टो पटिजानाति, आपत्तिया अदस्सने उक्खित्तको पटिजानाति, आपत्तिया अप्पटिकम्मे उक्खित्तको पटिजानाति, पापिकाय दिट्ठिया अप्पटिनिस्सग्गे उक्खित्तको पटिजानाति, सन्ते पतिरूपे गाहके दातब्बं।

''इध पन, भिक्खवे, वस्संवुट्ठो भिक्खु उप्पन्ने चीवरे अभाजिते पण्डको पटिजानाति, थेय्यसंवासको पटिपजानाति, तित्थियपक्कन्तो पटिजानाति, तिरच्छानगतो पटिजानाति, मातुघातको पटिजानाति, पितुघातको पटिजानाति, अरहन्तघातको पटिजानाति, भिक्खुनिदूसको पटिजानाति, सङ्घभेदको पटिजानाति, लोहितुप्पादको पटिजानाति, उभतोब्यञ्जनको पटिजानाति, सङ्घो सामी।

२८. सङ्घे भिन्ने चीवरुप्पादकथा

५१. ''इध पन, भिक्खवे, वस्संवुट्ठानं भिक्खूनं अनुप्पन्ने [N.323, B.425]

(ग) यदि...भिक्षु उन्मत्तक....मिथ्यादृष्टियों को न त्यागने से उत्क्षिप्तक माना जाता है तो योग्य, संग्रह करने योग्य भिक्षु मिलने पर वह चीवर उसे दे देना चाहिये।

(घ) यदि वर्षावास करने वाला भिक्षु चीवर न मिलने पर पण्डक....पूर्ववत्.....या स्त्री–पुरुष दोनों चिह्नों वाला बन जाता है तो उसके चीवर का स्वामी सङ्घ होता है।

५०. (क) ''भिक्षुओ! यदि वर्षावासिक भिक्षु चीवर मिल जाने पर भी उसका विभाजन–वितरण होने से पूर्व ही वहाँ से चला जाता है तो योग्य एवं सङ्घ के लिये संग्रहणीय भिक्षु को वह चीवर दे देना चाहिये।

(ख) ''भिक्षुओ! यदि ..पूर्व ही अन्यत्र चला जाता है, मर जाता है, श्रामणेर.....अन्तिम वस्तु (पाराजिक) का दोषी हो जाता है तो उसके चीवर का स्वामी सङ्घ माना जाता है।

(ग) ''भिक्षुओ! यदि.. पूर्व ही उन्मत्त....विक्षिप्तचित्त....वेदनार्त ..मिथ्यादृष्टियों को न त्याग से उत्क्षिप्तक कर दिया जाता है या पापमय दृष्टि को न छोडने के कारण उत्क्षिप्तक मान लिया जाता है तो उसका चीवर किसी योग्य ग्राहक भिक्षु को दे देना चाहिये।

(घ) भिक्षुओ! यदि....विभाजन होने से पूर्व ही पण्डक मान लिया जाता है....पूर्ववत्.. लोहितोत्पादक या स्त्री–पुरुष उभयलिङ्ग वाला मान लिया जाता है तो उसके चीवर का स्वामी सङ्घ होता है।

२८. सङ्घभेद के बाद प्राप्त चीवर का निर्णय

५१ (क) यहाँ, भिक्षुओ! वर्षावासिक भिक्षुओं को चीवरप्राप्ति से पूर्व ही सङ्घ में फूट पड़ जाय।

चीवरे सङ्घो भिज्जति। तत्थ मनुस्सा एकस्मिं पक्खे उदकं देन्ति, एकस्मिं पक्खे चीवरं देन्ति—'सङ्घस्स देमा' ति। सङ्घस्सेवेतं।

"इध पन, भिक्खवे, वस्संवुट्ठानं भिक्खूनं अनुप्पन्ने चीवरे सङ्घो भिज्जति। तत्थ मनुस्सा एकस्मिं पक्खे उदकं देन्ति, तस्मिं येव चीवरं देन्ति—'सङ्घस्स देमा' ति। [R.308] **सङ्घस्सेवेतं।**

"इध पन, भिक्खवे, वस्संवुट्ठानं भिक्खूनं अनुप्पन्ने चीवरे सङ्घो भिज्जति। तत्थ मनुस्सा एकस्मिं पक्खे उदकं देन्ति, एकस्मिं पक्खे चीवरं देन्ति—'पक्खस्स देमा' ति। पक्खस्सेवेतं।

"इध पन, भिक्खवे, वस्संवुट्ठानं भिक्खूनं अनुप्पन्ने चीवरे सङ्घो भिज्जति। तत्थ मनुस्सा एकस्मिं पक्खे उदकं देन्ति, तस्मिं येव पक्खे चीवरं देन्ति—'पक्खस्स देमा' ति। पक्खस्सेवेतं।

"इध पन, भिक्खवे, वस्संवुट्ठानं भिक्खूनं उप्पन्ने चीवरे अभाजिते सङ्घो भिज्जति। सब्बेसं समकं भाजेतब्बं" ति।

२९. दुग्गहितसुग्गहितादिकथा

५२. तेन खो पन समयेन आयस्मा रेवतो अञ्ञतरस्स भिक्खुनो हत्थे आयस्मतो सारिपुत्तस्स चीवरं पाहेसि—"इमं चीवरं थेरस्स देही" ति। अथ खो सो भिक्खु अन्तरामग्गे आयस्मतो रेवतस्स विस्सासा तं चीवरं अग्गहेसि। अथ खो आयस्मा रेवतो आयस्मता सारिपुत्तेन समागन्त्वा पुच्छि—"अहं, भन्ते, थेरस्स चीवरं पाहेसिं। सम्पत्तं तं चीवरं ति"?

वहाँ श्रद्धालु जन एक पक्ष को (सङ्कल्प का) जल मात्र दें और एक पक्ष को 'सङ्घ को देते है'—कहकर चीवर दें तो वह चीवर सङ्घ का ही होता है।

(ख) "यहाँ, भिक्षुओ! वर्षावासिक भिक्षुओं का श्रद्धालुओं द्वारा चीवरदान से पूर्व ही सङ्घ में फूट पड जाय। तब श्रद्धालु जन जिस पक्ष को (सङ्कल्प का) जल दें उसी पक्ष को चीवरदान भी 'सङ्घ को देते हैं'—यह कहते हुए करें तो उस चीवर का स्वामी सङ्घ ही होगा।

(ग) "यहाँ, भिक्षुओ!....पूर्ववत्.....*[५१ (क) की तरह]* यह कहते हुए चीवरदान करें कि 'यह इस पक्ष को दे रहे हैं, तो उस चीवर का स्वामी वह पक्ष ही होगा।

(घ) "यहाँ भिक्षुओ!.....जिस पक्ष को सङ्कल्प का जल देते है उसी पक्ष को, यह कहते हुए कि 'इस पक्ष को यह चीवर दे रहे हैं', चीवरदान भी करें तो वह चीवर उसी पक्ष का होगा।

(ङ) "यहाँ, भिक्षुओ! वर्षावासिक भिक्षुओं को चीवर मिल जाने पर, परन्तु उसका विभाजन होने से पूर्व ही सङ्घ में भेद हो जाता है तो ऐसी स्थिति में उस चीवर का सभी भिक्षुओं मे समरूप से विभाजन (वितरण) कर देना चाहिये।".

२९. दूसरे के लिये भेजे गये चीवर के विषय में निर्णय

५२ उस समय आयुष्मान् रेवत ने किसी भिक्षु के हाथ आयुष्मान् सारिपुत्र के लिये यह कह कर चीवर भेजा कि यह चीवर स्थविर को दे देना। तब उस भिक्षु ने मार्ग में ही, यह सोच कर कि आयुष्मान् रेवत माँगने पर यह चीवर मुझे दे ही देंगे, उस चीवर का स्वयं उपयोग करना आरम्भ कर दिया। उधर, आयुष्मान् रेवत ने कभी मिलने पर, आयुष्मान् सारिपुत्र से पूछा कि यह चीवर आपको

"नाहं तं, आवुसो, चीवरं पस्सामी" ति। अथ खो आयस्मा रेवतो तं भिक्खुं एतदवोच— "अहं, आवुसो, आयस्मतो हत्थे थेरस्स चीवरं पाहेसिं। कहं तं चीवरं ति?" "अहं, भन्ते, आयस्मतो विस्सासा तं चीवरं अग्गहेसिं" ति। भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं।

५३. "इध पन, भिक्खवे, भिक्खुस्स हत्थे चीवरं पहिणति—'इमं चीवरं [B.426] इत्थन्नामस्स देही" ति। सो अन्तरामग्गे यो पहिणति तस्स विस्सासा गण्हाति। सुग्गहितं। यस्स पहिय्यति तस्स विस्सासा गण्हाति। दुग्गहितं।

"इध पन, भिक्खवे, भिक्खु भिक्खुस्स हत्थे चीवरं पहिणति—"इमं चीवरं इत्थन्नामस्स देही" ति। सो अन्तरामग्गे यस्स पहिय्यति तस्स विस्सासा गण्हाति। दुग्गहितं। यो पहिणति तस्स विस्सासा गण्हाति। सुग्गहितं।

"इध पन, भिक्खवे, भिक्खु भिक्खुस्स हत्थे चीवरं पहिणति—इमं [N.324] **चीवरं इत्थन्नामस्स देही ति। सो अन्तरामग्गे सुणाति—यो पहिणति सो कालङ्कतो ति। तस्स मतकचीवरं अधिट्ठाति। स्वाधिट्ठितं। यस्स पहिय्यति तस्स विस्सासा गण्हाति। दुग्गहितं।**

"इध पन, भिक्खवे, भिक्खु भिक्खुस्स हत्थे चीवरं पहिणति—'इमं चीवरं इत्थन्नामस्स देही' ति। सो अन्तरामग्गे सुणाति—उभो कालङ्कता ति। यो [R.309] **पहिणति तस्स मतकचीरं अधिट्ठाति। स्वाधिट्ठितं। यस्स पहिय्यति तस्स मतकचीवरं अधिट्ठाति। द्वाधिट्ठितं।**

अमुक भिक्षु ने दिया?" आयुष्मान् सारिपुत्र ने कहा—"मैंने तो वह चीवर देखा भी नहीं।" तब आयुष्मान् रेवत ने उस भिक्षु से पूछा—"मैंने जो चीवर तुम्हारे हाथ स्थविर को देने के लिये भेजा था, वह कहाँ है?" भिक्षु ने कहा—"भन्ते! मैंने तो आप पर यह विश्वास कर कि माँगने पर उसे आप मुझे दे ही देंगे'—मैंने उस चीवर को अपने उपयोग में ले लिया।" भगवान् के सम्मुख यह बात गयी।

५३ (क) भगवान् ने कहा— "भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु किसी भिक्षु के हाथ किसी भिक्षु को यह कहकर भिजवावे कि यह चीवर इस नाम वाले भिक्षु को दे देना। वह ले जाने वाला भिक्षु देने वाले के विश्वास पर उस चीवर का स्वयं उपयोग कर ले, तब तो ठीक है। परन्तु वही चीवर जिसके लिये ले जाया जा रहा है, उस पर यह विश्वास कर कि वह तो इसे मुझे दे ही देगा, तो यह उचित (न्याय्य) नहीं है।

(ख) " इसी तरह, भिक्षुओ! कोई भिक्षु किसी भिक्षु के हाथ चीवर भेजता है कि यह इस नाम वाले भिक्षु को दे देना तो वह ले जाने वाला भिक्षु, जिस भिक्षु को देना है उसके विश्वास पर उस चीवर का उपयोग करने लगे तो यह अनुचित है। हाँ, जिसने भेजा है उसके विश्वास पर यदि स्वयं उपयोग कर लेता है तो उसे उचित (सुगृहीत) कहा जा सकता है।

(ग) "भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु किसी भिक्षु के हाथ . .दे देना। वह मार्ग में सुने कि जिसने यह चीवर भेजा था वह मर गया। वह ले जाने वाला भिक्षु उसे मृतक चीवर मानकर उसका उपयोग करने लगे तो ठीक ही है। परन्तु यदि जिसके लिये भेजा गया है उस पर देने का विश्वास कर उसका उपयोग करने लगे तो यह अनुचित है।

(घ) "भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु किसी भिक्षु के हाथ. .दे देना। वह मार्ग में किसी से सुने कि जिस भिक्षु के लिये यह चीवर भेजा गया वह भिक्षु तो मर गया। यदि उसको मृतकचीवर मानकर

''इध पन, भिक्खवे, भिक्खु भिक्खुस्स हत्थे चीवरं पहिणति—'इमं चीवरं इत्थन्नामस्स दम्मी' ति। सो अन्तरामग्गे यो पहिणति तस्स विस्सासा गण्हाति। दुग्गहितं। यस्स पहिय्यति तस्स विस्सासा गण्हाति। सुग्गहितं।

''इध पन, भिक्कवे, भिक्खु भिक्खुस्स हत्थे चीवरं पहिणति—'इमं चीवरं इत्थन्नामस्स दम्मी' ति। सो अन्तरामग्गे यस्स पहिय्यति तस्स विस्सासा गण्हाति। सुग्गहितं। यो पहिणति तस्स विस्सासा गण्हाति। दुग्गहितं।

''इध पन, भिक्खवे, भिक्खु भिक्खुस्स हत्थे चीवरं पहिणति—'इमं चीवरं [B.427] इत्थन्नामस्स दम्मी' ति। सो अन्तरामग्गे सुणाति—यो पहिणति सो कालङ्कतो ति। तस्स मतकचीवरं अधिट्ठाति। द्वाधिट्ठितं। यस्स पहिय्यति तस्स विस्सासा गण्हाति। सुग्गहितं।

''इध पन, भिक्खवे, भिक्खु भिक्खुस्स हत्थे चीवरं पहिणति—'इमं चीवरं इत्थन्नामस्स दम्मी' ति। सो अन्तरामग्गे सुणाति—'यस्स पहिय्यति सो कलाङ्कतो' ति। तस्स मतकचीवरं अधिट्ठाति। स्वाधिट्ठितं। यो पहिणति तस्स विस्सासा गण्हाति। दुग्गहितं।

''इध पन, भिक्खवे, भिक्खु भिक्खुस्स हत्थे चीवरं पहिणति—'इमं चीवरं इत्थन्नामस्स दम्मी' ति। सो अन्तरामग्गे सुणाति—'उभो कालङ्कता' ति। यो पहिणति तस्स मतकचीवरं अधिट्ठाति। द्वाधिट्ठितं। यस्स पहिय्यति तस्स मतकचीवरं अधिट्ठाति। स्वाधिट्ठितं।

उसका स्वयं उपयोग करने लगे तो यह अनुचित है। हाँ, जो भेजता है उसका विश्वास मान कर उपयोग करने लगे तो उचित कहा जा सकता है।

(ङ) ''भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु.....दे देना। वह मार्ग में किसी से सुने कि भेजने वाला और पाने वाला–दोनों ही मर गये। तब वह भिक्षु जिसने भेजा है उसका मृतकचीवर मानकर उसका उपयोग करे तब तो ठीक है। परन्तु जिसको भेजा गया है उसका मृतकचीवर मानकर उपयोग करना तो अनुचित ही है।

(क) ''यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु....देता हूँ। वह मार्ग में, भेजने वाले पर विश्वास कर उसका स्वय उपयोग करने लगे तो उचित है। परन्तु जिसके लिये भेजा गया है उस पर विश्वास कर उपयोग करना उचित नहीं।

(ख) ''यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु....देता हूँ। वह मार्ग में, जिसके लिये भेजा गया है उस पर विश्वास कर उस चीवर का उपयोग करने लगे तो ठीक; परन्तु जिसने भेजा है उस पर विश्वास करके उसका उपयोग करना उचित नहीं।

(ग) ''यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु....देता हूँ वह मार्ग में किसी से यह सुने कि भेजने वाले का देहावसान हो गया। तो वह उसे मृतकचीवर मान कर उपयोग करने लगे तो यह अनुचित है। जिसको भेजा गया है उस पर विश्वास कर उसका उपयोग करे तो ठीक है।

(घ) ''यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु.....देता हूँ। वह मार्ग में किसी से सुने कि जिसको भेजा गया उसका देहावसान हो गया। उसका मृतकचीवर मानकर वह भिक्षु स्वयं उपयोग करने लगे–यह तो ठीक है; परन्तु जिसने भेजा है उसका विश्वास कर उपयोग करने लगे–यह अनुचित है।

३०. अट्ठचीवरमातिका

५४. अट्ठिमा, भिक्खवे, मातिका चीवरस्स उप्पादाय—सीमाय देति, कतिकाय देति, भिक्खापञ्ञत्तिया देति, सङ्घस्स देति, उभतो-सङ्घस्स देति, वस्संवुट्ठसङ्घस्स देति, आदिस्स देति, पुग्गलस्स देति।

(१) सीमाय देति—यावतिका भिक्खू अन्तोसीमगता तेहि भाजेतब्बं।(२) कतिकाय देति—सम्बहुला आवासा समानलाभा होन्ति एकस्मिं आवासे दिन्ने सब्बत्थ दिन्नं होति।(३) भिक्खापञ्ञत्तिया देति—यत्थ सङ्घस्स धुवकारा करिय्यन्ति तत्थ देति।(४) सङ्घस्स [N.325] देति—सम्मुखीभूतेन सङ्घेन भाजेतब्बं।(५) उभतो-सङ्घस्स देति—बहुका पि भिक्खू होन्ति एका भिक्खुनी होति, उपड्ढं दातब्बं; बहुका पि भिक्खुनियो होन्ति एको भिक्खु होति, उपड्ढं दातब्बं।(६) वस्संवुट्ठसङ्घस्स देति—यावतिका भिक्खू तस्मिं आवासे वस्संवुट्ठा तेहि भाजेतब्बं।(७)आदिस्स देति—यागुया वा भत्ते वा खादनीये वा चीवरे वा सेनासने वा भेसज्जे वा।(८) पुग्गलस्स देति—इमं चीवरं इत्थन्नामस्स दम्मी ति। [R.310]

चीवरक्खन्धको अट्ठमो॥

(ङ) "भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु....देता हूँ। वह मार्ग में किसी से यह सुने कि चीवर के प्रेषक एवं प्रेष्य–दोनों ही मर गये। तो जिसने भेजा है उसका मृतकचीवर मानकर उस चीवर का उपयोग अनुचित है, परन्तु जिसको भेजा गया है उसका मृतकचीवर मानकर उपयोग करना उचित कहा जा सकता है।

३०. आठ चीवर मातृकाएँ

५४. "भिक्षुओ! ये आठ (८) चीवर की मातृकाएँ (उपलब्धि के कारण) हैं–

१. सीमा में देता है, २. वचनबद्ध (कतिका) होने से देता है, ३. भिक्षा के स्वीकार से देता है, ४. भिक्षुसङ्घ को देता है, ५. दोनों (भिक्षु, भिक्षुणी) सङ्घों को देता है, ६. वर्षावास कर चुके सङ्घ को देता है। ७. वस्तु का नाम लेकर देता है। ८. या व्यक्तिविशेष को नाम ग्रहणपूर्वक देता है।

(१) **सीमा में देता है**– इस विहार की सीमा में रहने वाले सभी भिक्षुओं को परस्पर बाँट लेना चाहिये।

(२) **वचनबद्धता से देता है**– एक प्रकार के लाभ वाले जितने आवास हैं , एक आवास को देने पर सभी आवासों के लिये दिया हुआ मान लिया जाता है।

(३) **भिक्षा देने की स्वीकृति से देता है**– जहाँ दाता निरन्तर सङ्घ का कार्य करता रहता है वहाँ के लिये दिया होता है।

(४) **सङ्घ को देता है**– तब सङ्घ को समान रूप से बाँट लेना चाहिये।

(५) **दोनों सङ्घों को देता है**– तो भले ही भिक्षु अधिक हों और भिक्षुणी एक ही हो तो भी इन सङ्घों को आधा–आधा बाँट देना चाहिये।

(६) **वर्षावास कर चुके सङ्घ को देता है**– जितने भिक्षुओं ने उस विहार में वर्षावास किया है, उन सबको बाँटना चाहिये।

(७) **'वस्तु' कहकर देता है**– तो यागू, भात या अन्य खाद्य वस्तु, चीवर, आसन या भैषज्य जिसके लिये कहा हो वह देना चाहिये।

३१. तस्सुद्दानं

[B.428] राजगहको नेगमो दिस्वा वेसालियं गणिं।
पुन राजगहं गन्त्वा रञ्ञो तं पटिवेदयि॥ १॥
पुत्तो सालवतिकाय अभयस्स हि अत्रजो।
जीवती ति कुमारेन सङ्खातो जीवको इति॥ २॥
सो हि तक्कसिलं गन्त्वा उग्गहेत्वा महाभिसो।
सत्तवस्सिकआबाधं नत्थुकम्मेन नासयि॥ ३॥
रञ्ञो भगन्दलाबाधं आलेपेन अपाकड्ढि।
ममं च इत्थागारं च बुद्धसङ्घं चुपट्ठहि॥ ४॥
राजगहिको च सेट्ठि अन्तगण्ठि तिकिच्छितं।
पज्जोतस्स महारोगं घतपानेन नासयि॥ ५॥
अधिकारं च सीवेय्यं अभिसन्नं सिनेहति।
तीहि उप्पलहत्थेहि समत्तिंसविरेचनं॥ ६॥

---

(८) व्यक्ति को देता है– 'यह चीवर अमुक नाम वाले को देता हूँ' तो उसी नाम वाले भिक्षु को देना चाहिये।।

अष्टम चीवरस्कन्धक समाप्त।।

३१. उस की विषय सूची

किसी विशेष कार्य से वैशाली में गये राजगृह के एक निगम सदस्य ने वैशाली की नगरवधू (गणिका) को देखकर पुनः राजगृह लौटकर राजा के सम्मुख उस गणिका के नयनाभिराम सौन्दर्य का वर्णन किया।। १।।

राजा ने शालवती नाम की गणिका को राजगृह की नगरवधू बना दिया। इसी शालवती को समय आने पर एक पुत्र उत्पन्न हुआ। गणिका ने उस शिशु को कूडे के ढेर पर फेंकवा दिया। वहाँ उसको अभय राजकुमार ने देखा, जीवित समझकर घर लाकर उसका पालन-पोषण किया। वह जीवित मिला था अतः उसका नाम जीवक रखा।। २ ।।

बडा होने पर वह (जीवक) विद्या प्राप्ति हेतु तक्षशिला गया, वहाँ वह वैद्यविद्या को पूर्णतः अधिगत कर प्रमुख वैद्य के रूप में प्रसिद्ध हुआ। घर वापस लौटते हुए उसने साकेत नगरी के 'नगरसेठ' की पत्नी का सात वर्ष पुराना रोग नस्य कर्म की एक ही मात्रा से ठीक कर दिया।। ३।।

उसने राजा बिम्बिसार का भगन्दर रोग भी अपनी चिकित्सापद्धति से ठीक कर दिया। राजा ने जीवक को अपना, अपने अन्तःपुर का तथा भगवान् बुद्ध एवं सङ्घ का चिकित्सक नियुक्त कर दिया।। ४।।

उस समय राजगृह के नगरसेठ के शिर मे एक ग्रन्थिव्रण हो गया था, जीवक ने उसकी भी चिकित्सा कर अपने यश में वृद्धि की। एवं राजा चण्डप्रद्योत का प्रबल रोग घृत की एक ही नस्यमात्रा से ठीक कर दिया।। ५ ।।

उस चिकित्सा से सन्तुष्ट होकर राजा प्रद्योत ने जीवक को 'राजवैद्य' की उपाधि एवं सम्मान हेतु शिविदेश का बना दुशाला भेट किया। फिर उसने भगवान् को (रुग्ण होने पर) तीस विरेचन तक कराने वाली तीन चम्मच भर ओषधि-मात्रा दी।। ६।।

पकतत्तं वरं याचि सीवेय्यं च पटिग्गहिं।
चीवरं च गिहिदानं अनुञ्ञासि तथागतो॥ ७॥
राजगहे जनपदे बहु उप्पज्जि चीवरं।
पावारो कोसियो चेव कोजवो अड्ढकासिकं॥ ८॥
उच्चावचा च सन्तुट्ठि नागमे सागमेसु च।
पठमं पच्छा सदिसा कतिका च पटीहरुं॥ ९॥
भण्डागारं अगुत्तं च वुट्ठापेन्ति तथेव च।
उस्सन्नं कोलाहलं च कथं भाजे कथं ददे॥ १०॥
सकातिरेकभागेन पटिवीसो कथं ददे। [N.326]
छकणेन सीतुदका उत्तरितु न जानरे॥ ११॥
ओरोपेन्ता भाजनं च पातिया च छमाय च।
उपचिकामज्झे जीरन्ति एकतो पत्थिन्नेन च॥ १२॥
फरुसाच्छिन्नच्छिबन्धा अद्दसासि उब्भण्डिते।
वीमंसित्वा सक्यमुनि अनुञ्ञासि तिचीवरं॥ १३॥ [B.429]
अञ्ञेन अतिरेकेन उप्पज्जि छिद्दमेव च।
चातुद्दीपो वरं याचि दातुं वस्सिकसाटिकं॥ १४॥

भगवान् के स्वस्थ होने पर, उनसे अनुमति लेकर, उनको वही शिवि देश का दुशाला भेंट कर दिया जो उसे राजा प्रद्योत से अपने सम्मान में मिला था। तभी से तथागत ने भिक्षुओं को भी गृहस्थों द्वारा प्रदत्त चीवर-दान स्वीकार करने की अनुमति दे दी।। ७।।

जब राजगृहवासी धनपतियों ने सुना कि भगवान् ने भिक्षुओं को चीवरदान की अनुमति दे दी है तो उन्होंने भी भिक्षुओं को मुक्तहस्त होकर चीवर देना प्रारम्भ किया। उस दान में चादर भी, रेशमी वस्त्र भी, कम्बल एवं मँहगे वस्त्र भी होते थे।। ८।।

वे परस्पर ऊँचा-नीचा दान देकर भी सन्तुष्ट नहीं होते थे। सब एक दूसरे के समान ही (अधिक से अधिक) दान करना चाहते थे। उनमें अहमहमिकापूर्वक पहले वाले से पीछे वाला अधिक ही दान करने की सोचता था।। ९।।

उन्होंने भिक्षुओं के लिये अपने सभी (वस्त्र-) भण्डार खोल दिये। उनमें बहुत से तो अपने भण्डारों का सब संग्रह लेकर सीधे विहारों में ही पहुँच जाते थे। और वहाँ कोलाहल करते थे कि किसको दें, कितना दें और कैसे दें।। १०।।

भिक्षु दान में प्राप्त अपने वस्त्रों का कैसे और क्या उपयोग करें-यह भी नहीं जानते थे। वे घोड़ों की लीद से ठण्डे जल में वस्त्रों को रङ्गना चाहते थे।। ११।।

अधिक वस्त्र हो जाने के कारण वे उन वस्त्रों को घड़े आदि में, थाली से ढककर या खाली भूमि पर ही रख देते थे, तो उनमें दीमक लग जाती थी। या कहीं एक तरफ से कट-पिट जाते थे।। १२।।

यों उपेक्षा से पड़े उन वस्त्रों में सलवटें पड़ जाती थीं, वे कठोर (रूखे) हो जाते थे। भिक्षुओं की ऐसी बहुत सी कठिनाई (परेशानी) देखकर भगवान् ने भिक्षुओं को एक समय में केवल तीन चीवर का ही उपयोग करने की अनुमति प्रदान की।। १३।।

आगन्तुगमिगिलानं उपट्ठाकं च भेसज्जं।
धुवं उदकसाटिं च पणीतं अतिखुद्दकं॥ १५॥
थुल्लकच्छुमुखं खोमं परिपुण्णं अधिट्ठानं।
पच्छिमं कतो गरुको विकण्णो सुत्तमोकिरि॥ १६॥
लुज्जन्ति नप्पहोन्ति च अन्वाधिकं बहूनि च।
[R.311] अन्धवने अस्सतिया एको वस्सं उतुम्हि च॥ १७॥
द्वे भातुका राजगहे उपनन्दो पुन द्विसु।
कुच्छिविकारो गिलानो उभो चेव गिलानका॥ १८॥
नग्गा कुसा वाकचीरं फलकं केसकम्बलं।
वाळउलूकपक्खं च अजिनं अक्कनाळकं॥ १९॥
पोत्थकं नीलपीतं च लोहितं मञ्जिट्ठेन च।
कण्हा महारङ्गनामा अच्छिन्नदसिका तथा॥ २०॥
दीघपुप्फफणदसा कञ्चुतिरीटवेठनं।
अनुप्पन्ने पक्कमति सङ्घो भिज्जति तावदे॥ २१॥

अन्य अधिक (अतिरिक्त) वस्त्र से अपने फटे–फुराने चीवरों को सँवारने–सुधारने की अनुमति प्रदान की। और उसी वस्त्र से वर्षा मे उपयोग हेतु वर्षिकशाटिका के उपयोग की भी आज्ञा दी।। १४।।

(विशाखा से निवेदन करने पर) बाहर से आने वाले या बाहर जाने वाले रोगी भिक्षुओं के निमित्त परिचारक, औषध, जलपान, पाथेय, भिक्षुणियों के लिये उदकशाटी के उपयोग को भी भगवान् ने स्वीकार किया।। १५।।

खुजली आदि रोग होने पर अतिरिक्त वस्त्र एवं मुँह पोंछने के निमित्त रुमाल के लिये, सण से वने आसन–वस्त्र की अनुज्ञा करते हुए भगवान् ने भिक्षुओं को फटे पुराने वस्त्रों के उपयोग की विधि भी बतायी।। १६।।

कटे–फटे या छोटे हो गये, न्यून या अधिक या अतिरिक्त वस्त्रों के विषय में अथवा न होने पर या वर्षा के समय एक ही वस्त्र के उपयोग के विषय में भगवान् ने अपना निर्णय दिया।। १७।।

राजगृह के वासी नन्द–उपनन्द दो भिक्षुओं में से उपनन्द द्वारा वर्षावास के बाद अधिक चीवर लेने पर भगवान् का निर्णय, रोगी भिक्षु की परिचर्या का आदेश।। १८।।

भिक्षु को नग्न रहने का निषेध, कुश, छाल आदि के चीवरों का निषेध, इसी तरह बड़े बालों के कम्बल की निषेध, उल्लू के पङ्खों से बने वस्त्र का एवं मृग–चर्म या मदार (अर्क) की छाल से बने वस्त्रों के निषेध का भी वर्णन है।। १९।।

चित्रित (पोत्थक), नीले, पीले, लाल, मञीठ, काले या महारङ्ग में रङ्गे चीवरों के, या जिनके किनारे फट गये हैं ऐसे चीवरों के धारण का निषेध।। २०।।

लम्बी, फूलदार या साँप के फण के सदृश चौड़ी किनारी वाले या कञ्चुक (पारदर्शी) एवं छाल से बने चीवरों के धारण का निषेध एवं वर्षावास में चीवरदान के बाद विभाजन होने से पूर्व ही भिक्षु के चले जाने पर उसके अंश पर सङ्घ का अधिकार या सङ्घभेद के बाद चीवर आदि पर अधिकार का निर्णय।। २१।।

पक्खे ददन्ति सङ्घस्स आयस्मा रेवतो पहि।
विस्सासगाहाधिट्ठाति अट्ठ चीवरमातिका ति॥ २२॥

इमम्हि खन्धके वत्थू छन्नवुति।
चीवरक्खन्धको निट्ठितो॥

दूसरे के लिये भेजे गये चीवर पर मृत्यु आदि विशेष परिस्थिति मे अधिकार का निर्णय, इ॰ प्रसङ्ग में आयुष्मान् रेवत की कथा, मिल जाने का विश्वास होने पर चीवर पर अधिकार का वर्ण अन्त में चीवरविषयक आठ मातृकाओ का वर्णन इस स्कन्धक मे हुआ है।। २२।।

इस स्कन्धक में छयानवें विषयों पर विचार किया गया
चीवरस्कन्धक स॰॰॰त।।

१. चम्पेय्यक्खन्धकं

१. कस्सपगोत्तभिक्खुवत्थु

[N.327, B.430, R.312] १. तेन समयेन बुद्धो भगवा चम्पायं विहरति गग्गराय पोक्खरणिया तीरे। तेन खो पन समयेन कासीसु जनपदे वासभगामो नाम होति। तत्थ कस्सपगोत्तो नाम भिक्खु आवासिको होति तन्तिबद्धो उस्सुक्कं आपन्नो—किं ति अनागता च पेसला भिक्खू आगच्छेय्युं, आगता च पेसला भिक्खू फासु विहरेय्युं, अयं च आवासो वुद्धिं विरुळ्हिं वेपुल्लं आपज्जेय्या ति। तेन खो पन समयेन सम्बहुला भिक्खू कासीसु चारिकं चरमाना येन वासभगामो तदवसरुं। अद्दसा खो कस्सपगोत्तो भिक्खु ते भिक्खू दूरतो व आगच्छन्ते, दिस्वान आसनं पञ्ञापेसि, पादोदकं पादपीठं पादकथलिकं उपनिक्खिपि, पच्चुग्गन्त्वा पत्तचीवरं पटिग्गहेसि, पानीयेन आपुच्छि, नहाने उस्सुक्कं अकासि, उस्सुक्कं पि अकासि यागुया खादनीये भत्तस्मिं। अथ खो तेसं आगन्तुकानं भिक्खूनं एतदहोसि—"भद्दको खो अयं, आवुसो, आवासिको भिक्खु नहाने उस्सुक्कं करोति, उस्सुक्कं पि करोति यागुया खादनीये भत्तस्मिं। हन्द, मयं आवुसो, इधेव वासभगामे निवासं कप्पेमा" ति। अथ खो ते आगन्तुका भिक्खू तत्थेव वासभगामे निवासं कप्पेसुं।

अथ खो कस्सपगोत्तस्स भिक्खुनो एतदहोसि—"यो खो इमेसं आगन्तुकानं भिक्खूनं आगन्तुककिलमथो सो पटिप्पस्सद्धो। ये पि मे गोचरे अप्पकतञ्ञुनो ते दानि मे गोचरे पकतञ्ञुनो। दुक्करं खो पन परकुलेसु यावजीवं उस्सुक्कं कातुं, विञ्ञत्ति च मनुस्सानं

---

१. चाम्पेयस्कन्धक

१. काश्यपगोत्रभिक्षुकथा

१. उस समय भगवान् बुद्ध चम्पा नगरी की गग्गरा पुष्करिणी के तट पर साधनाहेतु विराजमान थे। तब काशी जनपद के वासभग्राम में काश्यपगोत्र नामक भिक्षु का आवास था। वह निरन्तर इस बात के लिये प्रयत्नशील रहता था कि उसके आवास पर नित्य नये नये भद्रभिक्षु आते रहें और वे भिक्षु उसके आवास में सुखपूर्वक साधनाहेतु ठहर सकें, ताकि उसका वह आवास भी इस तरह अधिक से अधिक लोकप्रसिद्धि, वृद्धि एवं विपुलता की तरफ बढ़ता रहे। उस समय बहुत से भिक्षु काशी जनपद में चारिका करते हुए वासभग्राम में आते रहते थे। वह काश्यपगोत्र भिक्षु जब ऐसे भिक्षुओं को वहाँ आते हुए दूर से ही देखता तो उनके बैठने के लिये आसन बिछा देता। आने पर, पैर धोने के लिये जल देता, पीढ़ा आदि सामग्री प्रस्तुत कर देता। आगे बढ़कर उनके पात्र-चीवर ले लेता, उन्हें पीने का जल पूछता। स्नान करने के लिये जल पूछता। चाय (यागू) एवं जलपान लेने हेतु मनुहार (विनती) करता। उसका यह व्यवहार देखकर उन आगन्तुक भिक्षुओं को यह हुआ कि अरे! यह भिक्षु तो बहुत भद्र है यह आगन्तुकों के लिये स्नान, जलपान, भोजन आदि में इतना सावधान है कि आगन्तुकों को कोई असुविधा नहीं होती। तो, क्यों न इसी वासभग्राम में कुछ दिन ठहरा जाय। यह सोचकर वे आगन्तुक भिक्षु उसी वासभग्राम में रह गये।

कुछ समय बाद काश्यपगोत्र भिक्षु के मन में यह विचार उठा कि अब तो, बहुत समय हो गया, इन आगन्तुक भिक्षुओं की थकावट भी दूर हो गयी होगी, पुराने हो जाने के कारण इनका भिक्षा

अमनापा। यन्नूनाहं न उस्सुक्कं करेय्यं यागुया खादनीये भत्तस्मिं" ति। सो न उस्सुक्कं अकासि यागुया खादनीये भत्तस्मिं।

अथ खो तेसं आगन्तुकानं भिक्खूनं एतदहोसि—"पुब्बे ख्वायं, आवुसो, [R.313] आवासिको भिक्खु नहाने उस्सुक्कं अकासि, उस्सुक्कं पि अकासि यागुया खादनीये भत्तस्मिं। सो दानायं न उस्सुक्कं करोति यागुया खादनीये भत्तस्मिं। दुट्ठो दानायं, आवुसो, आवासिको भिक्खु। हन्द, मयं, आवुसो, आवासिकं भिक्खुं उक्खिपामा" ति। अथ खो ते [B.431] आगन्तुको भिक्खु सन्निपतित्वा कस्सपगोत्तं भिक्खुं एतदवोचुं—"पुब्बे खो त्वं, आवुसो, नहाने उस्सुक्कं करोसि, उस्सुक्कं पि करोसि यागुया खादनीये भत्तस्मिं। सो दानि त्वं न उस्सुक्कं करोसि यागुया खादनीये भत्तस्मिं। आपत्तिं त्वं, आवुसो, आपन्नो। पस्ससेतं आपत्तिं" ति? "नत्थि मे, आवुसो, आपत्ति, यमहं पस्सेय्यं" ति। अथ खो ते आगन्तुका भिक्खू कस्सपगोत्तं भिक्खुं आपत्तिया अदस्सने उक्खिपिंसु।

अथ खो कस्सपगोत्तस्स भिक्खुनो एतदहोसि—"अहं खो एतं न जानामि [N.328] 'आपत्ति वा एसा अनापत्ति वा, आपन्नो चम्हि अनापन्नो वा, उक्खित्तो चम्हि अनुक्खित्तो वा, धम्मिकेन वा अधम्मिकेन वा, कुप्पेन वा अकुप्पेन वा, ठानारहेन वा अट्ठानारहेन वा।' यन्नूनाहं चम्पं गन्त्वा भगवन्तं एतमत्थं पुच्छेय्यं" ति। अथ खो कस्सपगोत्तो भिक्खु सेनासनं संसामेत्वा पत्तचीवरमादाय येन चम्पा तेन पक्कामि। अनुपुब्बेन येन चम्पा येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि।

आदि प्राप्ति के स्थानों से भी अपरिचय नहीं रह गया है। श्रद्धालु गृहस्थों के घरों में प्रतिदिन जाकर दूसरों के लिये माँगते रहना उतना अच्छा नहीं लगता। यह उचित भी नहीं है। क्यों न मैं अब इनके लिये जलपान आदि की व्यवस्था करना छोड़ दूँ! यह सोचकर उसने आगन्तुक भिक्षुओं की सेवा–शुश्रूषा में उत्साह दिखाना कम कर दिया।

यह व्यवहार देखकर उन आगन्तुक भिक्षुओं ने सोचा–"अरे! यह भिक्षु पहले तो हमारे सत्कार में बहुत उत्साह दिखाता था, समय से स्नान, जलपान आदि सब कुछ प्रस्तुत कर देता था, अब इस सबमें इसका अनुत्साह एवं उपेक्षा दिखायी दे रही है। यह आवासिक (स्थानपति) भिक्षु हमारे प्रति दुर्भावनाग्रस्त हो गया है। आयुष्मानो! क्यों न हम इस भिक्षु को उत्क्षेपणीय दण्ड (स्थान से हटाना) दे डालें।" तब उन आगन्तुक भिक्षुओं ने उस आवासिक भिक्षु से पूछा–"आयुष्मन्! प्रारम्भ में तो तुम हम लोगों के सेवा–सत्कार में बहुत उत्सुकता दिखाते थे। अब धीरे धीरे इन सब कार्यों में तुम्हारी उपेक्षा होती जा रही है। यह तुम्हारा अपराध है। क्या तुम अपने किये अपराध (आपत्ति) को समझ पा रहे हो?" 'आवासिक भिक्षु ने कहा–"मैं तो अपने में ऐसा अपराध नहीं देखता कि जिस पर मैं ध्यान दूँ!" तब उन आगन्तुक भिक्षुओं ने उस आवासिक भिक्षु को अपराधी मानते हुए उसे उत्क्षेपणीय दण्ड देते हुए उस आवास से निकाल दिया।

तब उस काश्यपगोत्र भिक्षु को यह विचार हुआ–"मैं नहीं समझ पाया कि मैं अपराधी हूँ या निरपराध, मेरा कोई अपराध था भी या नहीं, मैं वस्तुतः इस उत्क्षेपणीय दण्ड के योग्य था या नहीं, यह दण्ड धर्मपूर्वक दिया गया है या अधर्मपूर्वक, यह दण्ड उचित है या अनुचित, यह दण्ड सकारण हुआ है या निष्कारण! तो क्यों न मैं चम्पा जाकर भगवान् से इसका निर्णय करा लूँ।" तब वह काश्यपगोत्र भिक्षु अपना शयनासन समेटकर पात्र चीवर साथ में लेकर चम्पा की तरफ चल दिया।

आचिण्णं खो पनेतं बुद्धानं भगवन्तानं आगन्तुकेहि भिक्खूहि सद्धिं पटिसम्मोदितुं। अथ खो भगवा कस्सपगोत्तं भिक्खुं एतदवोच—"कच्चि, भिक्खु, खमनीयं, कच्चि यापनीयं, कच्चि अप्पकिलमथेन अद्धानं आगतो, कुतो च त्वं, भिक्खु, आगच्छसी" ति ? "खमनीयं, भगवा; यापनीयं, भगवा; अप्पकिलमथेन चाहं, भन्ते, अद्धानं आगतो। अत्थि, भन्ते, कासीसु जनपदे वासभगामो नाम। तत्थाहं, भगवा, आवासिको तन्तिबद्धो उस्सुक्कं आपन्नो—'किं ति अनागता च पेसला भिक्खू आगच्छेय्युं, आगता च पेसला भिक्खू फासु विहरेय्युं, अयं च आवासो वुद्धिं विरुळ्हिं वेपुल्लं आपज्जेय्या' ति। अथ खो, भन्ते, सम्बहुला भिक्खू कासीसु चारिकं चरमाना येन वासभगामो तदवसरुं। अद्दसं खो अहं, भन्ते, ते भिक्खू दूरतो व आगच्छन्ते, दिस्वान आसनं पञ्ञपेसिं, पादोदकं पादपीठं पादकथलिकं उपनिक्खिपिं, पच्चुग्गन्त्वा पत्तचीवरं पटिग्गहेसिं, पानीयेन अपुच्छिं, नहाने उस्सुक्कं अकासिं, उस्सुक्कं पि [B.432] अकासिं यागुया खादनीये भत्तस्मिं। अथ खो तेसं, भन्ते, आगन्तुकानं भिक्खूनं एतदहोसि—'भद्दको खो अयं आवासिको भिक्खु नहाने उस्सुक्कं करोति, उसुक्कं पि करोति [R.314] यागुया खादनीये भत्तस्मिं। हन्द, मयं, आवुसो, इधेव वासभगामे निवासं कप्पेमा' ति। अथ खो ते, भन्ते, आगन्तुका भिक्खू तत्थेव वासभगामे निवासं कप्पेसुं।

तस्स मय्हं, भन्ते, एतदहोसि—'यो खो इमेसं आगन्तुकानं भिक्खूनं आगन्तुककिलमथो सो पटिप्पस्सद्धो। ये पि मे गोचरे अप्पकतञ्ञुनो ते दानि मे गोचरे पकतञ्ञुनो। दुक्करं खो पन परकुलेसु यावजीवं उस्सुक्कं कातुं, विञ्ञत्ति च मनुस्सानं अमनापा। यन्नूनाहं न उस्सुक्कं करेय्यं यागुया खादनीये भत्तस्मिं' ति। सो खो अहं, भन्ते, न उस्सुक्कं अकासिं यागुया खादनीये भत्तस्मिं। अथ खो तेसं, भन्ते, आगन्तुकानं भिक्खूनं एतदहोसि—'पुब्बे ख्वायं, आवुसो, आवासिको भिक्खु नहाने उस्सुक्कं करोति, उस्सुक्कं पि करोति यागुया खादनीये भत्तस्मिं। सो दानायं न उस्सुक्कं करोति यागुया खादनीये भत्तस्मिं। दुट्ठो दानायं, आवुसो, [N.329] आवासिको भिक्खु। हन्द, मयं, आवुसो, आवासिकं भिक्खुं उक्खिपामा' ति। अथ खो ते, भन्ते, आगन्तुका भिक्खू सन्निपतित्वा मं एतदवोचुं—'पुब्बे खो त्वं, आवुसो, नहाने उस्सुक्कं करोसि, उस्सुक्कं पि करोसि यागुया खादनीये भत्तस्मिं। सो दानि त्वं न उस्सुक्कं करोसि यागुया खादनीये भत्तस्मिं। आपत्तिं त्वं आवुसो, आपन्नो। पस्ससेतं आपत्तिं'

यो, क्रमशः चम्पा पहुँचकर, जहाँ भगवान् थे वहाँ गया। जाकर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गया।

भगवान् बुद्ध की यह पहले से चली आ रही परिपाटी है कि वे आगन्तुक से उसका कुशल-क्षेम एवं यात्रा-सम्बन्धी कठिनाई अवश्य पूछते हैं। अतः उस काश्यपगोत्र भिक्षु से भी भगवान् ने पूछा—"कहो, भिक्षु! अच्छा तो रहा, यापनीय तो रहा, मार्ग में कोई कठिनाई तो सामने नहीं आयी? भिक्षु! तुम कहाँ से आ रहे हो? (भिक्षु ने कहा—) "भगवान् सब ठीक ही रहा, यापनीय ही रहा, मार्ग में कोई कठिनाई भी सामने नहीं आयी। भन्ते! काशी जनपद में एक वासभग्राम है। वहाँ मै एक आवास में रहता हुआ इस बात के लिये प्रयत्नशील . पूर्ववत्...(ऊपर पैरा के प्रारम्भ में देखें) तो क्यों न मैं चम्पा जाकर भगवान् से ही इस का निर्णय करा लूँ। यही सोचकर, भगवन्! मैं आपके सम्मुख उपस्थित हुआ हूँ।"

ति? "नत्थि मे, आवुसो, आपत्ति यमहं पस्सेय्यं" ति। अथ खो ते भन्ते, आगन्तुका भिक्खू मं आपत्तिया अदस्सने उक्खिपिंसु। तस्स मय्हं, भन्ते, एतदहोसि—'अहं खो एतं न जानामि 'आपत्ति वा एसा अनापत्ति वा, आपन्नो चम्हि अनापन्नो वा, उक्खित्तो चम्हि अनुक्खित्तो वा, धम्मिकेन वा अधम्मिकेन वा, कुप्पेन वा अकुप्पेन वा, ठानारहेन वा अट्ठानारहेन वा'। यन्नूनाहं चम्पं गन्त्वा भगवन्तं एतमत्थं पुच्छेय्यं" ति। ततो अहं, भगवा, आगच्छामी" ति।

"अनापत्ति एसा, भिक्खु, नेसा आपत्ति। अनापन्नोसि, नसि आपन्नो। अनुक्खित्तोसि, नसि उक्खित्तो। अधम्मिकेनासि कम्मेन उक्खित्तो कुप्पेन अट्ठानारहेन। गच्छ त्वं, भिक्खु, तत्थेव वासभगामे निवासं कप्पेही" ति। "एवं, भन्ते" ति खो कस्सपगोत्तो भिक्खु भगवतो पटिस्सुणित्वा उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा येन वासभगामो तेन पक्कामि।

२. अथ खो तेसं आगन्तुकानं भिक्खूनं अहुदेव कुक्कुच्चं, अहु [B.433] विप्पटिसारो—"अलाभा वत नो, न वत नो लाभा, दुल्लद्धं वत नो, न वत नो सुलद्धं, ये मयं सुद्धं भिक्खुं अनापत्तिकं अवत्थुस्मिं अकारणे उक्खिपिम्हा। हन्द, मयं, आवुसो, चम्पं गन्त्वा भगवतो सन्तिके अच्चयं अच्चयतो देसेमा" ति। अथ खो ते आगन्तुका भिक्खू सेनासनं संसामेत्वा पत्तचीवरमादाय येन चम्पा तेन पक्कमिंसु। अनुपुब्बेन येन चम्पा येन भगवा तेनुपङ्कमिंसु, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। आचिण्णं खो पनेतं बुद्धानं भगवन्तानं आगन्तुकेहि भिक्खूहि सद्धिं पटिसम्मोदितुं। अथ खो भगवा ते भिक्खू एतदवोच—"कच्चि, भिक्खवे, खमनीयं, कच्चि यापनीयं, कच्चित्थ अप्पकिलमथेन अद्धानं आगता, कुतो च तुम्हे, भिक्खवे, आगच्छथा" ति? "खमनीयं, भगवा; यापनीयं, भगवा; अप्पकिलमथेन च मयं, भन्ते, अद्धानं आगता। अत्थि, भन्ते, कासीसु जनपदे वासभगामो नाम। ततो मयं, भगवा, आगच्छामा" ति। "तुम्हे, भिक्खवे, आवासिकं

(भगवान् ने कहा—) "यह बात तो अपराधरहित (निर्दोष) है, इसमें कोई अपराध (दोष=आपत्ति) नहीं है। तुम निरपराध हो, तुमने कोई अपराध नहीं किया है। अतः तुम (सङ्घ से) अनुत्क्षिप्त हो, उत्क्षिप्त नहीं हो। तुमको दिया गया यह दण्ड अनुचित ही है, उचित नहीं है। तुम धर्मविरुद्ध कर्म से उत्क्षिप्त किये गये हो, धर्मानुकूल से नहीं। तुम अपने वासभग्राम मे अपने आवास में लौट जाओ तथा वहीं साधनारत रहो।"

"अच्छा, भन्ते!" कहकर वह काश्यपगोत्र भिक्षु, भगवान् का आदेश मानकर, आसन से उठकर, भगवान् को प्रणाम-प्रदक्षिणा कर पुनः वासभग्राम लौट आया।

२. बाद में उन आगन्तुक भिक्षुओं को भी इस घटना से बहुत सङ्कोच एवं पश्चात्ताप हुआ कि यह तो हमारी बहुत (धार्मिक) हानि हुई, हमें (धार्मिक) लाभ नहीं हुआ। इससे हमने अपना बहुत कुछ (पुण्य) खो दिया, बदले में हमें मिला कुछ नहीं कि हमने उस शुद्ध निष्पाप एवं निर्दोष भिक्षु को अकारण ही उत्क्षेपणीय दण्ड दे डाला। तो क्यों न हम चम्पा जाकर भगवान् के सम्मुख इस अपराध के लिये क्षमा मांगकर अपने को अपराधमुक्त करावें!

तब वे आगन्तुक भिक्षु भी अपना शयनासन समेटकर....पूर्ववत्...काशी जनपद के वासभग्राम

भिक्खुं उक्खिपित्था" ति? "एवं, भन्ते" ति। "किस्मिं, भिक्खवे, वत्थुस्मिं कारणे" ति? "अवत्थुस्मिं, भगवा, अकारणे" ति। विगरहि बुद्धो भगवा—"अननुच्छविकं, [B.315] मोघपुरिसा, अननुलोमिकं अप्पटिरूपं अस्सामणकं अकप्पियं अकरणीयं। कथं हि नाम तुम्हे, मोघपुरिसा, सुद्धं भिक्खुं अनापत्तिकं अवत्थुस्मिं अकारणे उक्खिपिस्सथ। नेतं, मोघपुरिसा, अप्पसन्नानं वा पसादाय....पे०...." विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू [N.330] आमन्तेसि—"**न, भिक्खवे, सुद्धो भिक्खु अनापत्तिको अवत्थुस्मिं अकारणे उक्खिपितब्बो। यो उक्खिपेय्य, आपत्ति दुक्कटस्सा**" ति।

अथ खो ते भिक्खू उट्ठायासना एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा भगवतो पादेसु सिरसा निपतित्वा भगवन्तं एतदवोचुं—"अच्चयो नो, भन्ते, अच्चगमा यथाबाले यथामूळ्हे यथाअकुसले, ये मयं सुद्धं भिक्खुं अनापत्तिकं अवत्थुस्मिं अकारणे उक्खिपिम्हा। तेसं नो, भन्ते, भगवा अच्चयं अच्चयतो पटिग्गण्हातु आयतिं संवराया" ति। "तग्घ, तुम्हे, भिक्खवे, अच्चयो अच्चगमा यथाबाले यथामूळ्हे यथाअकुसले, ये तुम्हे सुद्धं भिक्खुं अनापत्तिकं अवत्थुस्मिं अकारणे उक्खिपित्थ। यतो च खो तुम्हे, भिक्खवे, अच्चयं अच्चयतो दिस्वा [B.434] यथाधम्मं पटिकरोथ, तं वो मयं पटिग्गण्हाम। वुद्धि हेसा, भिक्खवे, अरियस्स विनये यो अच्चयं अच्चयतो दिस्वा यथाधम्मं पटिकरोति, आयतिं संवरं आपज्जती" ति।

२. अधम्मेन वग्गादिकम्मकथा

३. तेन खो पन समयेन चम्पायं भिक्खू एवरूपानि कम्मानि करोन्ति—अधम्मेन

से आपके दर्शनहेतु चले आये। (भगवान् बोले—) "तो तुम ही वे भिक्षु हो जिन्होंने उस आवासीय भिक्षु को उत्क्षेपणीय कर्म से दण्डित किया था?" "हाँ! भन्ते!" "भिक्षुओ! किस घटना पर, किस कारण से?" "भगवन्! विना कोई घटना के, विना किसी कारण के।" भगवान् ने उनको इस बात पर डाँटते हुए कहा—"निकम्मे आदमियो! यह कार्य तो तुम्हारी शोभा के अनुरूप नहीं हुआ, इसे अनुकूल भी नहीं कहा जा सकता, यह तो प्रतिकूल ही था; क्योंकि यह तुम्हारे श्रमणभाव के अनुरूप नहीं है, यह तो अनुचित (अकल्प्य) एवं अकरणीय था! मोघपुरिसो! कैसे तुमने उस निरपराध निर्दोष भिक्षु को विना किसी घटना के, विना किसी कारण के उत्क्षेपणीय दण्ड देने का साहस किया।....पूर्ववत्...." **भिक्षुओ! निरपराध एवं निर्दोष भिक्षु को अकारण या विना किसी घटना के उत्क्षेपणीय दण्ड नहीं देना चाहिये। जो ऐसा करेगा उसे दुष्कृत दोष लगेगा।"**

तब वे भिक्षु, अपने आसन से उठकर, उत्तरासङ्ग को एक कन्धे पर कर, भगवान् के चरणों पर शिर नवाकर भगवान् से यों निवेदन करने लगे—"भन्ते! हमलोगों ने निश्चित ही यह ऐसा अपराध किया है जैसे किसी मूर्ख, अज्ञ या बालक ने किया हो। हमने उस शुद्ध निर्दोष भिक्षु को अकारण उत्क्षेपणीय दण्डकर्म कर बहुत बड़ा प्रमाद किया है। भन्ते! आप हमारे इस अपराध को अपराध ही मानते हुए क्षमा कर दें। आगे से हम ऐसा करने में अपने पर संयम रखेंगे।"

"हाँ, भिक्षुओ! अपराध तो तुम लोगों ने मूर्खों की तरह किया है, परन्तु तुम भविष्य में वैसा न करने का आश्वासन भी दे रहे हो, तो हम उसे स्वीकार करते हैं और क्षमा करते हैं। भिक्षुओ! आर्यविनय में यह वृद्धि की बात कहलाती है कि कोई अपराध कर उसके लिये क्षमायाच्ञा करे और भविष्य में वैसा न करने के संयम का आश्वासन दें।"

२. भिक्षुओं द्वारा अधर्मपूर्वक दिये गये निर्णयों का विभाजन

३. उस समय चम्पा नगरी में बहुत से भिक्षु ऐसे दण्ड कर्म करते थे; जैसे—अधर्म से वर्ग

वग्गकम्मं करोन्ति, अधम्मेन समग्गकम्मं करोन्ति; धम्मेन वग्गकम्मं करोन्ति, धम्मपतिरूपकेन वग्गकम्मं करोन्ति; धम्मपतिरूपकेन समग्गकम्मं करोन्ति; एको पि एकं उक्खिपति, एको पि द्वे उक्खिपति, एको पि सम्बहुले उक्खिपति, एको पि सङ्घं उक्खिपति; द्वे पि एकं उक्खिपन्ति, द्वे पि द्वे उक्खिपन्ति, द्वे पि सम्बहुले उक्खिपन्ति, द्वे पि सङ्घं उक्खिपन्ति; सम्बहुला पि एकं उक्खिपन्ति; सङ्घो पि सङ्घं उक्खिपति। ये ते भिक्खू अप्पिच्छा....पे०....ते उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—"कथं हि नाम चम्पायं भिक्खू एवरूपानि कम्मानि करिस्सन्ति—अधम्मेन वग्गकम्मं करिस्सन्ति, अधम्मेन समग्गकम्मं करिस्सन्ति, धम्मेन वग्गकम्मं करिस्सन्ति, धम्मपतिरूपकेन वग्गकम्मं करिस्सन्ति, धम्मपतिरूपकेन समग्गकम्मं करिस्सन्ति, एको पि एकं उक्खिपिस्सति, एको पि द्वे उक्खिपिस्सति, एको पि सम्बहुले उक्खिपिस्सति, एको पि सङ्घं उक्खिपिस्सति, द्वे पि एकं उक्खिपिस्सन्ति, द्वे पि द्वे उक्खिपिस्सन्ति, द्वे पि सम्बहुले उक्खिपिस्सन्ति, द्वे पि सङ्घं उक्खिपिस्सन्ति, सम्बहुला पि एकं उक्खिपिस्सन्ति, सम्बहुला पि द्वे उक्खिपिस्सन्ति, सम्बहुला पि सम्बहुले उक्खिपिस्सन्ति, सम्बहुला पि सङ्घं उक्खिपिस्सन्ति, सङ्घो पि सङ्घं उक्खिपिस्सती" ति।

अथ खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं....पे०.....सच्चं किर, भिक्खवे, चम्पायं भिक्खू एवरूपानि कम्मानि करोन्ति—अधम्मेन वग्गकम्मं करोन्ति....पे०.... [R.316] सङ्घो पि सङ्घं उक्खिपती ति? "सच्चं, भगवा" ति। विगरहि, बुद्धो भगवा—"अननुच्छविकं, भिक्खवे, तेसं मोघपुरिसानं अननुलोमिकं अप्पतिरूपं अस्सामणकं [N.331] अकप्पियं अकरणीयं। कथं हि नाम ते, भिक्खवे, मोघपुरिसा एवरूपानि कम्मानि करिस्सन्ति—अधम्मेन वग्गकम्मं करिस्सन्ति....पे०....सङ्घो पि सङ्घं उक्खिपिस्सति। नेतं, भिक्खवे, अप्पसन्नानं वा पसादाय....पे०...." विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—

४. "अधम्मेन चे, भिक्खवे, वग्गकम्मं अकम्मं न च करणीयं, अधम्मेन [B.435] समग्गकम्मं अकम्मं न च करणीयं, धम्मेन वग्गकम्मं अकम्मं न च करणीयं; धम्मपतिरूपकेन वग्गकम्मं अकम्मं न च करणीयं, धम्मपतिरूपकेन समग्गकम्मं अकम्मं न च करणीयं; एको पि एकं उक्खिपति अकम्मं न च करणीयं, एको पि द्वे उक्खिपति अकम्मं न च

(छोटे समूह) का दण्डकर्म करते थे, अधर्म से समग्र (पूरे समूह) का दण्डकर्म करते थे। धर्म से वर्गकर्म, धर्मसदृश से वर्गकर्म, धर्मसदृश से समग्र कर्म करते थे। एक भिक्षु ही बहुतों का उत्क्षेपण (सङ्घ से निष्कासन), एक भिक्षु दो का, एक भिक्षु ही सङ्घ का उत्क्षेपण करता था। दो भी सङ्घ का उत्क्षेपण कर डालते थे, या फिर सङ्घ ही सङ्घ का उत्क्षेपण कर देता था। यह सब देखकर, वहाँ जो भिक्षु अल्पेच्छ....थे बहुत उद्विग्न तथा खिन्न होते थे कि कैसे ये भिक्षु अधर्म से सङ्घ का उत्क्षेपण कर देता है !

उन अल्पेच्छ भिक्षुओं ने इस घटना की भगवान् से चर्चा की। भगवान् से इस प्रसङ्ग में सब भिक्षुओं को एकत्र कर पूछा—"क्या भिक्षुओ! वास्तव में ही चम्पा में रहने वाले भिक्षु ऐसा अधर्ममय कर्म करते हैं....पूर्ववत्...." "हाँ, भगवन्!" इस बात की निन्दा करते हुए....बताया—

करणीयं, एको पि सम्बहुले उक्खिपति अकम्मं न च करणीयं, एको पि सङ्घं उक्खिपति अकम्मं न च करणीयं, द्वे पि एकं उक्खिपन्ति अकम्मं न च करणीयं, द्वे पि द्वे उक्खिपन्ति अकम्मं न च करणीयं, द्वे पि सम्बहुले उक्खिपन्ति अकम्मं न च करणीयं, द्वे पि सङ्घं उक्खिपन्ति अकम्मं न च करणीयं; सम्बहुला पि एकं उक्खिपन्ति अकम्मं न च करणीयं, सम्बहुला पि द्वे उक्खिपन्ति अकम्मं न च करणीयं, सम्बहुला पि सम्बहुले उक्खिपन्ति अकम्मं न च करणीयं, सम्बहुला पि सङ्घं उक्खिपन्ति अकम्मं न च करणीयं; सङ्घो पि सङ्घं उक्खिपति अकम्मं न च करणीयं।

५. "चत्तारिमानि, भिक्खवे, कम्मानि—अधम्मेन वग्गकम्मं, अधम्मेन समग्गकम्मं, धम्मेन वग्गकम्मं, धम्मेन समग्गकम्मं। (१) तत्र, भिक्खवे, यदिदं अधम्मेन वग्गकम्मं, इदं, भिक्खवे, कम्मं अधम्मत्ता वग्गत्ता कुप्पं अट्ठानारहं; न, भिक्खवे, एवरूपं कम्मं कातब्बं, न च मया एवरूपं कम्मं अनुञ्ञातं। (२) तत्र, भिक्खवे, यदिदं अधम्मेन समग्गकम्मं, इदं, भिक्खवे, कम्मं अनुञ्ञातं। (३) तत्र, भिक्खवे, यदिदं धम्मेन वग्गकम्मं, इदं, भिक्खवे, कम्मं वग्गत्ता कुप्पं अट्ठानारहं; न, भिक्खवे, एवरूपं कम्मं कातब्बं, न च मया एवरूपं कम्मं अनुञ्ञातं। (४) तत्र, भिक्खवे, यदिदं धम्मेन समग्गकम्मं, इदं, भिक्खवे, कम्मं धम्मत्ता समग्गत्ता अकुप्पं ठानारहं; एवरूपं, भिक्खवे, कम्मं कातब्बं, एवरूपं च मया कम्मं अनुञ्ञातं। तस्मातिह, **भिक्खवे, 'एवरूपं कम्मं करिस्साम यदिदं धम्मेन समग्गं' ति—एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं"** ति।

---

४. "भिक्षुओ! यदि कोई वर्गकर्म अधर्म है तो वह भिक्षु के लिये अकर्म (अकरणीय) है। इसी तरह अधर्म से किया गया समग्र कर्म भी अकर्म है।....पूर्ववत्....यदि सङ्घ भी सङ्घ का उत्प्रेक्षण अधर्म से करता है तो वह सङ्घ के लिये अकर्म है। उसे नहीं करना चाहिये।

५. "भिक्षुओ! ये दण्डकर्म चार प्रकार के होते हैं—१. अधर्म से वर्गकर्म, २ अधर्म से समग्र कर्म, ३. धर्म से वर्गकर्म एवं ४. धर्म से समग्र कर्म।

(१) "भिक्षुओ! इनमें जो अधर्म से कृत वर्गकर्म है वह, अधर्मता से किया गया होने के कारण, एवं वर्गता (गुटबाजी) के कारण कोप्य (त्याज्य) एवं अयोग्य (अस्थानार्ह) है। अतः भिक्षुओ! ऐसा कर्म नहीं करना चाहिये। न मैंने ऐसे कर्म की अनुज्ञा (सम्मति) ही की है।

(२) अधर्म से कृत समग्र कर्म भी, भिक्षुओ! अधर्मता से किया गया होने के कारण...पूर्ववत्....न मैंने ऐसे कर्म की अनुज्ञा ही की है।

(३) धर्म से कृत वर्गकर्म भी, भिक्षुओ! वर्गता (गुटबाजी) के कारण भिक्षुओं के लिये त्याज्य एवं अनुचित ही है। अतः भिक्षुओ! ऐसा कर्म भी नहीं करना चाहिये। ऐसे कर्म की भी मैंने तुम लोगों को कोई कभी अनुज्ञा की है।

(४) "हाँ, भिक्षुओ! यह जो धर्म से कृत समग्र कर्म है, यह धर्मता एवं समग्रता (एकता) का उत्पादक होने के कारण, भिक्षुओं के लिये अत्याज्य है, उचित है, करणीय है। अतः ऐसा कर्म करना चाहिये। ऐसे कर्म की मैंने अनुज्ञा भी की है।

"इसलिये, **भिक्षुओ! 'हमलोग ऐसा ही कर्म करेंगे जो धर्मपूर्वक किया जाने से समग्रता (एकता) की तरफ ले जाने वाला हो'—ऐसा तुम लोगों को सीखना चाहिये।**

३. ञत्तिविपन्नकम्मादिकथा

"यहाँ, भिक्षुओ! किसी भिक्षु को दोषग्रस्त होने पर भी उसे वह दोष न दिखायी दे और दूसरे भिक्षु उसका वह दोष देखकर भी, उसके विषय में यह जानते हुए कि यह आयुष्मान् बहुश्रुत....पूर्ववत्.....इस भिक्षु के साथ सङ्घ का कोई सामूहिक कर्म नहीं करेंगे, इसके विना ही सङ्घ कर्म करेंगे; इसके साथ एक आसन पर नहीं बैठेंगे....इसके साथ बैठकर यागुपान नहीं करेंगे....एक आसन पर बैठकर भोजन नहीं करेंगे....इसके साथ एक ही छत के नीचे नहीं सोयेंगे.....इसके साथ इसकी अवस्था के अनुरूप अभिवादन, प्रत्युत्थान, हाथ जोड़ना, कुशलक्षेम-प्रश्न नहीं करेंगे। तो भिक्षुओ! इसी व्यवहार के कारण सङ्घ में झगड़ा, कलह, विवाद....बढ़ जायँगे। अतः इस बात की महत्ता समझते हुए किसी भिक्षु का साधारण बात पर सङ्घ से उत्क्षेपण नहीं करना चाहिये"।

४. तब भगवान् उन उत्क्षेपक भिक्षुओं को उनके हित की बात समझा कर, जहाँ उत्क्षिप्त के

भगवा उक्खित्तानुवत्तके भिक्खू एतदवोच—"मा खो तुम्हे, भिक्खवे, आपत्तिं आपज्जित्वा 'नाम्ह आपन्ना, नाम्ह आपन्ना' ति आपत्तिं न पटिकातब्बं मञ्ञित्थ।

"इध पन, भिक्खवे, भिक्खु आपत्तिं आपन्नो होति। सो तस्सा आपत्तिया अनापत्तिदिट्ठि होति, अञ्ञे भिक्खू तस्सा आपत्तिया आपत्तिदिट्ठिनो होन्ति। सो चे, भिक्खवे, भिक्खु ते भिक्खू एवं जानाति—'इमे खो आयस्मन्तो बहुस्सुता आगतागमा धम्मधरा विनयधरा मातिकाधरा पण्डिता ब्यत्ता मेधाविनो लज्जिनो कुक्कुच्चका सिक्खाकामा, नालं ममं वा कारणा अञ्ञेसं वा कारणा छन्दा दोसा मोहा भया अगतिं गन्तुं। सचे मं इमे भिक्खू [B.484] आपत्तिया अदस्सने उक्खिपिस्सन्ति, न मया सद्धिं उपोसथं करिस्सन्ति, विना [R.340, N.371] मया उपोसथं करिस्सन्ति भविस्सति सङ्घस्स ततोनिदानं भण्डनं कलहो विग्गहो विवादो सङ्घभेदो सङ्घराजि सङ्घववत्थानं सङ्घनानाकरणं' ति, भेदगरुकेन, भिक्खवे, भिक्खुना परेसं पि सद्धाय सा आपत्ति देसेतब्बा।

"इध पन, भिक्खवे, भिक्खु आपत्तिं आपन्नो होति। सो तस्सा आपत्तिया अनापत्तिदिट्ठि होति, अञ्ञे भिक्खू तस्सा आपत्तिया आपत्तिदिट्ठिनो होन्ति। सो चे, भिक्खवे, भिक्खु ते भिक्खू एवं जानाति—'इमे खो आयस्मन्तो बहुस्सुता आगतागमा धम्मधरा विनयधरा मातिकाधरा पण्डिता ब्यत्ता मेधाविनो लज्जिनो कुक्कुच्चका सिक्खाकामा, नालं ममं वा कारणा अञ्ञेसं वा कारणा छन्दा दोसा मोहा भया अगतिं गन्तुं। सचे मं इमे भिक्खू आपत्तिया अदस्सने उक्खिपिस्सन्ति, न मया सद्धिं पवारेस्सन्ति, विना मया पवारेस्सन्ति। न मया सद्धिं सङ्घकम्मं करिस्सन्ति, विना मया सङ्घकम्मं करिस्सन्ति। न मया सद्धिं आसने निसीदिस्सन्ति, विना मया आसने निसीदिस्सन्ति। न मया सद्धिं यागुपाने निसीदिस्सन्ति, विना मया यागुपाने निसीदिस्सन्ति। न मया सद्धिं भत्तग्गे निसीदिस्सन्ति, विना मया भत्तग्गे निसीदिस्सन्ति। न मया सद्धिं एकच्छन्ने वसिस्सन्ति, विना मया एकच्छन्ने वसिस्सन्ति। न मया सद्धिं यथावुड्ढं अभिवादनं पच्चुट्ठानं अञ्जलिकम्मं सामीचिकम्मं करिस्सन्ति, विना

पक्षधर भिक्षु थे, वहाँ पहुँचे। पहुँच कर बिछे आसन पर विराजे। विराजकर भगवान् ने उन उत्क्षिप्तानुवर्तकों को भी यों समझाया—"भिक्षुओ! तुम लोगों को, दोषदर्शन के बाद, 'हम उसका प्रतीकार नहीं करेंगे'—ऐसा आग्रह नहीं करना चाहिये।

"भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु कोई दोष करने के बाद भी अपने में उस दोष का भान नहीं कर पाता। जबकि दूसरे उसके दोष को बहुत अच्छी तरह देख रहे हों। उस समय वह भिक्षु यदि उन भिक्षुओ के विषय में यह जान रहा हो कि "ये भिक्षु बहुश्रुत . सीखने के इच्छुक हैं, ये मेरे या किसी अन्य के कारण स्वेच्छाचार, द्वेष, मोह, भय के मार्ग पर या किसी अन्य कुपथ पर नहीं जा सकते। ये भिक्षु मुझमें कोई दोष न देखकर भी मेरा सङ्घ से उत्क्षेपण कर देगे तो फिर ये मेरे साथ बैठकर उपोसथ भी नहीं करेंगे, अकेले ही करेंगे। इससे सङ्घ मे झगड़ा, कलह, विवाद, फूट, बीच मे दरार (रेखा), अव्यवस्था या कई भागों में विखराव हो सकता है।" इस बात की महत्ता को समझते हुए, भिक्षुओ! उस भिक्षु को, अन्य भिक्षुओं के प्रति श्रद्धा रखते हुए, अपना दोष स्वीकार कर लेना चाहिये।

"यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु किसी प्रकार की आपत्ति से ग्रस्त हो कर भी उसे समझ न पाने के कारण उसका अपने में होना स्वीकार नहीं करता, दूसरे भिक्षु ..पूर्ववत् ...(पैरा स. ३ के दूसरे भाग

मया यथावुड्ढं अभिवादनं पच्चुट्ठानं अञ्जलिकम्मं सामीचिकम्मं करिस्सन्ति, भविस्सति सङ्घस्स ततोनिदानं भण्डनं कलहो विग्गहो विवादो सङ्घभेदो सङ्घराजि सङ्घववत्थानं सङ्घनानाकरणं' ति, भेदगरुकेन, भिक्खवे, भिक्खुना परेसं पि सद्धाय सा आपत्ति देसेतब्बा'' ति। अथ खो भगवा उक्खित्तानुवत्तकानं भिक्खूनं एतमत्थं भासित्वा उट्ठायासना पक्कामि।

५. तेन खो पन समयेन उक्खित्तानुवत्तका भिक्खू तत्थेव अन्तोसीमाय उपोसथं करोन्ति, सङ्घकम्मं करोन्ति। उक्खेपका पन भिक्खू निस्सीमं गन्त्वा उपोसथं करोन्ति, सङ्घकम्मं करोन्ति। अथ खो अञ्ञतरो उक्खेपको भिक्खु येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सो [B.485] भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—''ते, भन्ते, उक्खित्तानुवत्तका भिक्खू तत्थेव अन्तोसीमाय उपोसथं करोन्ति, सङ्घकम्मं करोन्ति। मयं पन उक्खेपका भिक्खू निस्सीमं गन्त्वा उपोसथं करोम, सङ्घकम्मं करोमा'' ति।

''ते चे, भिक्खु, उक्खित्तानुवत्तका भिक्खू तत्थेव अन्तोसीमाय उपोसथं करिस्सन्ति, सङ्घकम्मं करिस्सन्ति, यथा मया ञत्ति च अनुस्सावना च पञ्ञत्ता, तेसं तानि कम्मानि धम्मिकानि कम्मानि भविस्सन्ति अकुप्पानि ठानारहानि। तुम्हे चे, भिक्खु, उक्खेपका भिक्खू तत्थेव अन्तोसीमाय उपोसथं करिस्सथ, सङ्घकम्मं करिस्सथ, यथा मया [N.372] ञत्ति च अनुस्सावना च पञ्ञत्ता, तुम्हाकं पि तानि कम्मानि धम्मिकानि कम्मानि भविस्सन्ति अकुप्पानि ठानारहानि। तं किस्स हेतु? नानासंवासका एते भिक्खू तुम्हेहि, तुम्हे च तेहि नानासंवासका।

''द्वेमा, भिक्खु, नानासंवासकभूमियो—अत्तना वा अत्तानं नानासंवासकं करोति, समग्गो वा नं सङ्घो उक्खिपति अदस्सने वा अप्पटिकम्मे वा अप्पटिनिस्सग्गे वा। इमा खो,

---

की तरह)। उस भिक्षु को, अन्य भिक्षुओं पर श्रद्धा रखते हुए, अपने मे वह दोष स्वीकार कर लेना चाहिये।''

तब भगवान्, उन उत्क्षिप्त के पक्षधर भिक्षुओं को यों समझाते हुए आसन से उठकर चले गये।

५. इसके बाद, वे उत्क्षिप्त के पक्षधर भिक्षु वहीं (अपने आवास की) सीमा में ही उपोसथ करते थे, सङ्घकर्म करते थे। और उधर उत्क्षेपकों के अनुवर्तक भिक्षु उस सीमा के बाहर जाकर उपोसथ एवं सङ्घकर्म करते थे। तब किसी उत्क्षेपक भिक्षु ने जहाँ भगवान् थे वहाँ पहुँचकर, उन्हें प्रणाम कर, एक तरफ बैठकर यों निवेदन किया—''भन्ते! वे उत्क्षिप्तानुवर्तक भिक्षु अपने आवास की सीमा में यों ही... . हम.. .सीमा के बाहर उपोसथ एवं सङ्घकर्म करते हैं।'' (भगवान् ने निर्णय दिया—) ''यदि वे उत्क्षिप्तक के पक्षधर भिक्षु उसी सीमा के अन्दर, मेरे द्वारा बतायी गयी ज्ञप्ति तथा अनुश्रावण के अनुसार, उपोसथ एव सङ्घकर्म करेगे तो उनके वे कर्म धर्मानुकल उचित एवं सङ्गत ही होंगे। इसी तरह तुम भी यदि उसी सीमा में रहते हुए भी मेरे द्वारा उपदिष्ट ज्ञप्ति एवं अनुश्रावण के अनुसार उपोसथ एवं सङ्घकर्म करोगे तो तुम्हारे भी ये कर्म धर्मानुकूल उचित एव सङ्गत ही कहलायेंगे। वह क्यों? वह इसलिये कि वे उत्क्षिप्तानुवर्तक भिक्षु तुम लोगों की दृष्टि में दूसरे आवास के हैं और उन लोगों के लिये तुम दूसरे (भिन्न) आवास के हो।

''भिक्षु! भिन्न आवास होने के ये दो कारण कहे जा सकते हैं— (१) कोई भिक्षु स्वयं ही अपने

भिक्खु, द्वे नानासंवासकभूमियो। द्वेमा, भिक्खु, समानसंवासकभूमियो—अत्तना वा अत्तानं समानसंवासं करोति, समग्गो वा नं सङ्घो उक्खित्तं ओसारेति अदस्सने वा अप्पटिकम्मे वा अप्पटिनिस्सग्गे वा। इमा खो, भिक्खु, द्वे समानसंवासकभूमियो'' ति।

[R.341] ६. तेन खो पन समयेन भिक्खू भत्तग्गे अन्तरघरे भण्डनजाता कलहजाता विवादापन्ना अञ्ञमञ्ञं अननुलोमिकं कायकम्मं वचीकम्मं उपदंसेन्ति, हत्थपरामासं करोन्ति। मनुस्सा उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—''कथं हि नाम समणा सक्यपुत्तिया भत्तग्गे अन्तरघरे भण्डनजाता कलहजाता विवादापन्ना अञ्ञमञ्ञं अननुलोमिकं कायकम्मं वचीकम्मं उपदंसेस्सन्ति, हत्थपरामासं करिस्सन्ती'' ति। अस्सोसुं खो भिक्खू तेसं मनुस्सानं उज्झायन्तानं खिय्यन्तानं विपाचेन्तानं। ये ते भिक्खू अप्पिच्छा ते उज्झायन्ति खिय्यन्ति विपाचेन्ति—''कथं हि नाम भिक्खू भत्तग्गे अन्तरघरे भण्डनजाता कलहजाता विवादापन्ना अञ्ञमञ्ञं अननुलोमिकं कायकम्मं वचीकम्मं उपदंसेस्सन्ति, हत्थपरामासं करिस्सन्ती'' ति। अथ [B.486] खो ते भिक्खू भगवतो एतमत्थं आरोचेसुं....पे०....सच्चं किर, भिक्खवे, भिक्खू भत्तग्गे अन्तरघरे भण्डनजाता....पे०.....हत्थपरामासं करोन्ती ति? ''सच्चं, भगवा'' ति। विगरहि बुद्धो भगवा.... पे०.....विगरहित्वा धम्मिं कथं कत्वा भिक्खू आमन्तेसि—भिन्ने, भिक्खवे, सङ्घे अधम्मियायमाने असम्मोदिकाय वत्तमानाय 'एत्तावता न अञ्ञमञ्ञं अननुलोमिकं कायकम्मं वचीकम्मं उपदंसेस्साम, हत्थपरामासं करिस्सामा' ति आसने

को भिन्न आवास वाला बनाता है, या फिर (२) एकत्र होकर सङ्घ ही उस भिक्षु को, दोष के न मानने, उसका प्रतीकार न करने या उसका त्याग न करने के कारण, उत्क्षिप्त कर देता है। भिक्षु! भिन्न (नाना) आवास के ये दो कारण कहे जा सकते हैं।

''इसी तरह, समान (एक) आवास के भी दो कारण कहे जा सकते हैं—(१) या तो भिक्षु स्वयं ही उसे अपना आवास स्वीकार कर ले, या फिर (२) सङ्घ एकत्र होकर किसी उत्क्षिप्तक दोष को स्वीकार, प्रतीकार या प्रतिनिसर्ग करने पर उसके दण्ड को क्षमा कर उसका पुनः अवसारण (अपने में मिलाना) कर ले। भिक्षुओ! ये दो समानसंवासक भूमियाँ कहलाती हैं।

कलह करते हुए अनुचित कायिक, वाचिक कर्म का निषेध— ६. उस समय कुछ भिक्षु भण्डारे (समष्टि भोजन) के अवसरों पर गृहस्थों के घर में, परस्पर झगड़ा, कलह, विवाद करते हुए एक दूसरे के प्रति शरीर या वाणी से श्रमणाचरणविरुद्ध कुत्सित आचरण करते रहते थे, हाथो से अनुचित सङ्केत करते थे। उनकी ये कुत्सित क्रियाएँ देख कर सद्गृहस्थ पुरुष उद्विग्न एवं सन्त्रस्त होते थे कि कैसे ये लोग श्रमण शाक्यपुत्र होते हुए भी भोजन के समय.....करते हैं! धीरे-धीरे यह बात स्थविर भिक्षुओं के सामने भी गयी। तब उनमे जो अल्पेच्छ, सदाचारसम्पन्न थे वे भी उद्विग्न एवं सन्त्रस्त होने लगे कि कैसे ये भिक्षु गृहस्थों के घर में झगड़ा....करते हैं! तब उन भिक्षुओं ने भगवान् के पास जाकर यह घटना सुनायी....पूर्ववत्.....। भगवान् ने पूछा—''भिक्षुओ! क्या वस्तुतः कुछ भिक्षु गृहस्थों के घर में भोजन के समय झगड़ा......करते हैं?' हाँ, भगवन्! सचमुच।'' तब भगवान् ने उन भिक्षुओं के इस कार्य की निन्दा की...भिक्षुओं को बुलाकर आदेश दिया—''भिक्षुओ! सङ्घ में फूट पड़ जाने पर, किसी भिक्षु पर सङ्घ द्वारा अन्याय हो जाने पर, उसके कार्य का सम्मोदन न किये जाने पर भी, 'इतनी सी साधारण बात के कारण, परस्पर श्रमणविरुद्ध कायिक एवं वाचिक सङ्केत नहीं करेंगे और न हाथ के सङ्केत परस्पर किसी को धमकी ही देंगे'—यह विचारते हुए प्रज्ञप्त आसन पर शान्त

निसीदितब्बं। भिन्ने, भिक्खवे, सङ्घे धम्मियायमाने सम्मोदिकाय वत्तमानाय आसनन्तरिकाय निसीदितब्बं'' ति।

७. तेन खो पन समयेन भिक्खू सङ्घमज्झे भण्डनजाता कलहजाता विवादापन्ना अञ्ञमञ्ञं मुखसत्तीहि वितुदन्ता विहरन्ति। ते न सक्कोन्ति तं अधिकरणं वूपसमेतुं। अथ खो अञ्ञतरो भिक्खु येन भगवा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो सो भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—''इध, भन्ते, भिक्खू सङ्घमज्झे भण्डनजाता कलहजाता विवादापन्ना अञ्ञमञ्ञं मुखसत्तीहि वितुदन्ता विहरन्ति। ते न सक्कोन्ति तं अधिकरणं वूपसमेतुं। साधु, भन्ते, भगवा येन ते भिक्खू तेनुपसङ्कमतु अनुकम्पं उपादाया'' ति। अधिवासेसि भगवा तुण्हीभावेन। अथ खो भगवा येन ते भिक्खू तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि, निसज्ज खो भगवा ते भिक्खू एतदवोच—''अलं, भिक्खवे, मा भण्डनं मा कलहं मा विग्गहं मा विवादं'' ति। एवं वुत्ते अञ्ञतरो [N.373] अधम्मवादी भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—''आगमेतु, भन्ते, भगवा धम्मस्सामी; अप्पोस्सुक्को, भन्ते, भगवा दिट्ठधम्मसुखविहारमनुयुत्तो विहरतु। मयमेतेन भण्डनेन कलहेन विग्गहेन विवादेन पञ्ञायिस्सामा'' ति। दुतियं पि खो भगवा ते भिक्खू एतदवोच—''अलं, भिक्खवे, मा भण्डनं मा कलहं मा विग्गहं मा विवादं'' ति। दुतियं पि खो सो अधम्मवादी भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—''आगमेतु, भन्ते, भगवा धम्मस्सामी; अप्पोस्सुक्को, भन्ते, [R.342] भगवा दिट्ठधम्मसुखविहारमनुयुत्तो विहरतु। मयमेतेन भण्डनेन कलहेन विग्गहेन [B.487] विवादेन पञ्ञायिस्सामा'' ति।

२. दीघावुवत्थु

८. अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''भूतपुब्बं, भिक्खवे, बाराणसियं ब्रह्मदत्तो

भाव से बैठना चाहिये। अधिक से अधिक यही किया जा सकता है कि उपर्युक्त परिस्थिति आने पर, किसी दूसरे आसन पर जाकर, शान्त भाव से बैठ जाना चाहिये।

कलहकारकों का आग्रह– ७. उस समय कुछ भिक्षु सङ्घ के बीच बैठकर झगड़ा, कलह, विवाद करना प्रारम्भ करते थे। और वे अपने ही आग्रह पर स्थिर रहते हुए उस विवाद को शान्त भी नहीं होने देना चाहते थे। तब किसी भिक्षु ने भगवान् के सम्मुख....जाकर उन्हें यह बात सुनायी– ''भन्ते! यहाँ कुछ भिक्षु सङ्घ के बीच ...नहीं होने देना चाहते। अच्छा होगा, भन्ते! आप वहाँ पधार कर उन भिक्षुओं को समझावें।'' भगवान् ने उस भिक्षु के निवेदन को मौन भाव से स्वीकार किया। तब भगवान् ने ....बिछे आसन पर विराजकर उन भिक्षुओं को यह कहा–''बस करो, भिक्षुओ! बस करो। झगड़ा या कलह करना तुम्हारे लिये शोभास्पद नहीं है।'' तब उन अधर्मवादी भिक्षुओं में से किसी एक ने भगवान् से निवेदन किया–''भन्ते! भगवान् तो इस धर्म के स्वामी हैं। आप अपनी धर्मसाधना करते रहें। आपको इस विवाद में पड़ने की आवश्यकता नहीं। हम स्वयं इस विवाद को शमन करने में समर्थ हैं।'' दूसरी बार भी भगवान् ने उन भिक्षुओं को विवाद न करने के लिये समझाया। परन्तु दूसरी बार भी उस भिक्षु ने अपना वही पूर्वोक्त निवेदन भगवान् के सम्मुख दोहरा दिया।

२. दीर्घायुजातककथा

८. तब भगवान् ने भिक्षुओ को (एक दृष्टान्त के सहारे से) यों समझाया–''भिक्षुओ! भूतकाल

नाम कासिराजा अहोसि अड्डो महद्धनो महाभोगो महब्बलो महावाहनो महाविजितो परिपुण्णकोसकोट्ठागारो। दीघीति नाम कोसलराजा अहोसि दलिद्दो अप्पधनो अप्पभोगो अप्पबलो अप्पवाहनो अप्पविजितो अपरिपुण्णकोसकोट्ठागारो। अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा चतुरङ्गिनिं सेनं सन्नय्हित्वा दीघीतिं कोसलराजानं अब्भुय्यासि। अस्सोसि खो, भिक्खवे, दीघीति कोसलराजा—'ब्रह्मदत्तो किर कासिराजा चतुरङ्गिनिं सेनं सन्नय्हित्वा ममं अब्भुय्यातो' ति। अथ खो, भिक्खवे, दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो एतदहोसि—"ब्रह्मदत्तो खो कासिराजा अड्डो महद्धनो महाभोगो महब्बलो महावाहनो महाविजितो परिपुण्णकोसकोट्ठागारो, अहं पनम्हि दलिद्दो अप्पधनो अप्पभोगो अप्पबलो अप्पवाहनो अप्पविजितो अपरिपुण्णकोसकोट्ठागारो, नाहं पटिबलो ब्रह्मदत्तेन कासिरञ्ञा एकसङ्घातं पि सहितुं। यन्नूनाहं पटिगच्चेव नगरम्हा निप्पतेय्यं" ति।

अथ खो, भिक्खवे, दीघीति कोसलराजा महेसिं आदाय पटिगच्चेव नगरम्हा निप्पति। अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो बलं च वाहनं च जनपदं च कोसं च कोट्ठागारं च अभिविजिय अज्झावसति। अथ खो, भिक्खवे, दीघीति कोसलराजा सपजापतिको येन बाराणसी तेन पक्कामि। अनुपुब्बेन येन बाराणसी तदवसरि। तत्र सुदं, भिक्खवे, दीघीति कोसलराजा सपजापतिको बाराणसियं अञ्ञतरस्मिं पच्चन्तिमे ओकासे कुम्भकारनिवेसने अञ्ञातकवेसेन परिब्बाजकच्छन्नेन पटिवसति। अथ खो, भिक्खवे, दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो महेसी नचिरस्सेव गब्भिनी अहोसि। तस्सा एवरूपो दोहळो उप्पन्नो होति—'इच्छति सुरियस्स उग्गमनकाले चतुरङ्गिनिं सेनं सन्नद्धं वम्मिकं सुभूमियं ठितं

में कभी वाराणसी में काशिराज ब्रह्मदत्त नामक राजा राज्य करते थे। जो कि विपुल ऐश्वर्यशाली, अत्यधिक सम्पत्तिशाली, अगणित सेना और वाहनों वाले लम्बे चौड़े राज्य (शासनक्षेत्र) के अधिकारी थे। उनके राजकीय भाण्डागार धन–धान्य एवं सोना–चान्दी से परिपूर्ण थे। उधर दीधिति नामक कोसलनरेश काशिराज की अपेक्षा दरिद्र, अल्प धन, अल्प ऐश्वर्य, अल्प सेना एवं वाहन, अल्प शासनक्षेत्र वाले थे। उनके राजकीय भाण्डागार भी धन–धान्य एवं सुवर्ण–रजत से रिक्त से ही थे।

भिक्षुओ! एक बार काशिराज ब्रह्मदत्त ने अपनी चतुरङ्गिणी सेना सन्नद्ध (तय्यार) कर कोसलराज दीधिति पर आक्रमण (चढ़ाई) कर दी। जब कोसलराज दीधिति ने सुना कि काशिराज ने उसके राज्य पर सदलबल चढ़ाई कर दी है, तब कोसलराज दीधिति ने सोचा—'यह काशिराज तो विपुल ऐश्वर्यशाली....पूर्ववत्....है। जबकि मैं दरिद्र अल्पधन.. हूँ। मैं उसके प्रथम आक्रमण का भी सामना नहीं कर पाऊँगा। तो क्यो न मै उसके आने से पूर्व ही अपने नगर से बाहर निकलकर कहीं दूर चला जाऊँ!'

"तब, भिक्षुओ! कोसलराज दीधिति, काशिराज के आने से पूर्व ही नगर छोड़कर अपनी रानी को साथ लेकर बाहर चला गया। उधर, पीछे से काशिराज ब्रह्मदत्त ने कोसलराज दीधिति की सेना को पराजित करते हुए उसके राज्य, कोष एव कोष्ठागारों (भण्डारों) पर कब्जा कर लिया। तब कोसलराज दीधिति अपनी रानी के साथ क्रमशः वाराणसी पहुँच गया। वाराणसी पहुँचकर वह वाराणसी के किसी क्षेत्र में एक कुम्हार के घर में अपरिचित बनकर परिव्राजक की तरह वास करने लगा। तब, भिक्षुओ! समय पाकर उसकी रानी गर्भवती हो गयी। गर्भ धारण के बाद उसको दोहद

पस्सितुं, खग्गानं च धोवनं पातुं' ति। अथ खो, भिक्खवे, दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो महेसी दीघीतिं कोसलराजानं एतदवोच—"गब्भिनीम्हि, देव। तस्सा मे एवरूपो दोहळो [B.488] उप्पन्नो—'इच्छामि सुरियस्स उग्गमनकाले चतुरङ्गिनिं सेनं सन्नद्धं वम्मिकं सुभूमियं [N.374] ठितं पस्सितुं, खग्गानं च धोवनं पातुं" ति। "कुतो, देवि, अम्हाकं दुग्गतानं चतुरङ्गिनी सेना सन्नद्धा वम्मिका सुभूमियं ठिता, खग्गानं च धोवनं पातुं" ति। "सचाहं, देव, न लभिस्सामि, मरिस्सामी" ति।

९. तेन खो पन समयेन, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पुरोहितो [R.343] ब्राह्मणो दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो सहायो होति। अथ खो, भिक्खवे, दीघीति कोसलराजा येन ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पुरोहितो ब्राह्मणो तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पुरोहितं ब्राह्मणं एतदवोच—"सखी ते, सम्म, गब्भिनी। तस्स एवरूपो दोहळो उप्पन्नो— 'इच्छति सुरियस्स उग्गमनकाले चतुरङ्गिनिं सेनं सन्नद्धं वम्मिकं सुभूमियं ठितं पस्सितुं, खग्गानं च धोवनं पातुं' ति। "तेन हि, देव, मयं पि देविं पस्सामा" ति। अथ खो, भिक्खवे, दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो महेसी येन ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पुरोहितो ब्राह्मणो तेनुपसङ्कमि। अद्दसा खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पुरोहितो ब्राह्मणो दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो महेसिं दूरतोव आगच्छन्तिं, दिस्वान उट्ठायासना एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा येन दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो महेसी तेनञ्जलिं पणामेत्वा तिक्खत्तुं उदानं उदानेसि— "कोसलराजा वत भो कुच्छिगतो, कोसलराजा वत भो कुच्छिगतो ति। अत्तमना, देवि, होहि। लच्छसि सुरियस्स उग्गमनकाले चतुरङ्गिनिं सेनं सन्नद्धं वम्मिकं सुभूमियं ठितं पस्सितुं, खग्गानं च धोवनं पातुं" ति।

अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पुरोहितो ब्राह्मणो येन ब्रह्मदत्तो कासिराजा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा ब्रह्मदत्तं कासिराजानं एतदवोच—"तथा, देव, निमित्तानि दिस्सन्ति, स्वे सुरियुग्गमनकाले चतुरङ्गिनी सेना सन्नद्धा वम्मिका सुभूमियं तिट्ठतु, खग्गा च धोवियन्तू" ति। अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा मनुस्से आणापेसि—[B.489]

(गर्भिणी की इच्छा) उत्पन्न हुआ कि—"सूर्योदय के समय क्रीड़ाभूमि (परेड ग्राउण्ड) मे खड़े होकर ढाल कवच से युक्त चतुरङ्गिणी सेना को देखूँ और तलवार का धोवन पीऊँ।" तब, भिक्षुओ! उस रानी ने अपने पति कोसलराज को कहा—'देव! मैं गर्भिणी हूँ। मुझे यह दोहद उत्पन्न हुआ है. ..पूर्ववत्....धोवन पीऊँ।' (राजा ने कहा—) देवि! इस अवस्था मे हमारे पास कहाँ चतुरङ्गिणी सेना है? कहाँ सुभूमि? और कहाँ तलवार का धोवन है?' (रानी ने कहा—) 'देव! यदि मेरी यह इच्छा पूर्ण न हुई तो मेरी मृत्यु ही समझिये।'

९. भिक्षुओ! उस समय काशिराज ब्रह्मदत्त एक पुरोहित ब्राह्मण कोसलनरेश दीघिति का पुराना मित्र (सहाय=साथी) था। तब कोसलनरेश अपने उस पुराने मित्र के पास पहुँचे। पहुँचकर उस राजा ने उससे कहा—'सोम्य! तुम्हारी सखी (मेरी पत्नी) अब गर्भिणी है। उसे यह दोहद.....पूर्ववत्.. तलवार का धोवन पीऊँ।' पुरोहित ने कहा—'देव! तब तो हम भी रानी का दर्शन करेंगे।'

भिक्षुओ! तब वह कोसलराज की रानी काशिराज के ब्राह्मण पुरोहित के वासस्थान पर पहुँची। काशिराज के ब्राह्मण पुरोहित ने अब उस रानी को दूर से ही आते देखा। देखकर आसन से

"यथा, भणे, पुरोहितो ब्राह्मणो आह तथा करोथा" ति। अलभि खो, भिक्खवे, दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो महेसी सुरियस्स उग्गमनकाले चतुरङ्गिनिं सेनं सन्नद्धं वम्मिकं सुभूमे ठितं पस्सितुं, खग्गानं च धोवनं पातुं। अथ खो, भिक्खवे, दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो महेसी तस्स गब्भस्स परिपाकमन्वाय पुत्तं विजायि। तस्स 'दीघावू' ति नामं अकंसु। अथ खो, भिक्खवे, दीघावु कुमारो नचिरस्सेव विञ्ञुतं पापुणि। अथ खो, भिक्खवे, दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो एतदहोसि—"अयं खो ब्रह्मदत्तो कासिराजा बहुनो अम्हाकं अनत्थस्स कारको, इमिना अम्हाकं बलं च वाहनं च जनपदो च कोसो च कोट्ठागारं च अच्छिन्नं। सचायं अम्हे [N.375] जानिस्सति, सब्बेव तयो घातापेस्सति। यन्नूनाहं दीघावुं कुमारं बहिनगरे वासेय्यं" ति। अथ खो, भिक्खवे, दीघीति कोसलराजा दीघावुं कुमारं बहिनगरे वासेसि। अथ खो, [R.344] भिक्खवे, दीघावु कुमारो बहिनगरे पटिवसन्तो नचिरस्सेव सब्बसिप्पानि सिक्खि।

१०. तेन खो पन समयेन दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो कप्पको ब्रह्मदत्ते कासिरञ्ञे पटिवसति। अद्दसा खो, भिक्खवे, दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो कप्पको दीघीतिं कोसलराजानं सपजापतिकं बाराणसियं अञ्ञतरस्मिं पच्चन्तिमे ओकासे कुम्भकारनिवेसने अञ्ञातकवेसेन परिब्बाजकच्छन्नेन पटिवसन्तं, दिस्वान येन ब्रह्मदत्तो कासिराजा तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा

उठकर, उत्तरासङ्ग को एक कन्धे पर दीघिति की रानी की तरफ हाथ जोड़कर प्रणाम करते हुए तीन बार यह उदान (हर्षोद्गार) कहा—'अरे! इनकी कोंख में तो कोसलराज है, इनकी कोंख में तो...इनकी कोंख में तो कोसलराज है।' और फिर रानी के सम्मुख होकर कहा—'देवि! आप धैर्य रखें! आप सूर्योदय के समय सुभूमि में खड़ी होकर ढाल–कवच से युक्त चतुरङ्गिणी सेना को अवश्य देखेंगी। साथ ही तलवार का धोवन भी पीयेंगीं।'

"तब भिक्षुओ! दूसरे दिन वह काशिराज ब्रह्मदत्त का पुरोहित ब्राह्मण काशिराज के पास जाकर यों बोला—'देव! ऐसे शुभ निमित्त (लक्षण) दिखायी दे रहे हैं कि कल सूर्योदय के समय ढाल–कवच से युक्त होकर चतुरङ्गिणी सेना सुभूमि (परेड ग्राउण्ड) कें खड़ी हो। तलवारों को भी धोया जाय।' भिक्षुओ! तब काशिराज ने सम्बद्ध अधिकारी मनुष्यों को आज्ञा दी—'भणे! पुरोहित ब्राह्मण जैसा कह रहा है वैसा ही करो।' इस तरह, भिक्षुओ! कोसलराज की रानी ने चतुरङ्गिणी सेना का दर्शन एवं तलवार का धोवन प्राप्त कर अपना दोहद पूर्ण किया। तब भिक्षुओ! उस कोसलराज दीघिति की रानी ने समय आने पर उसके गर्भ का पूर्ण परिपाक होने पर एक पुत्र उत्पन्न किया। उस का 'दीर्घायु' नाम रखा गया। तब, भिक्षुओ! वह दीर्घायुकुमार शीघ्र ही, बहुत समय बीतते न बीतते, पूर्ण विज्ञ (बुद्धिमान्=समझदार) हो गया।

"तब कोसलराज दीघिति को यह विचार हुआ—'इस काशिराज ब्रह्मदत्त ने हमारे लिये बहुत अनर्थ किये हैं। इसने हमारी सेना, वाहन (हाथी–घोड़े), हमारे जनपद (प्रदेश), कोश एव धान्यागारआदि सब कुछ नष्ट कर दिया है। यदि अब यह (कभी) हमारे विषय में जान पायगा तो हम तीनों को ही मार डालेगा, तो क्यों न मैं दीर्घायुकुमार को नगर से बाहर बसा दूँ।' तब (यह सोचकर) कोसलराज दीघिति ने दीर्घायुकुमार को नगर से बाहर बसा दिया। तब वह दीर्घायुकुमार नगर से बाहर रहता हुआ कुछ ही समय में सभी शिल्पों का पूर्ण ज्ञाता हो गया।

१०. "उस समय कोसलराज दीघिति का कल्पक (नाई) काशिराज ब्रह्मदत्त के अधीन रहता था। भिक्षुओ! उस कोसलराज के नाई ने रानीसहित कोसलराज दीघिति को वाराणसी के

ब्रह्मदत्तं कासिराजानं एतदवोच—"दीघीति, देव, कोसलराजा सपजापतिको बाराणसियं अञ्ञतरस्मिं पच्चन्तिमे ओकासे कुम्भकारनिवेसने अञ्ञातकवेसेन परिब्बाजकच्छन्नेन पटिवसती" ति। अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा मनुस्से आणापेसि—"तेन हि, भणे, दीघीतिं कोसलराजानं सपजापतिकं आनेथा" ति। "एवं, देवा", ति खो, भिक्खवे, ते मनुस्सा ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पटिस्सुत्वा दीघीतिं कोसलराजानं सपजापतिकं आनेसुं। अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा मनुस्से आणापेसि—"तेन हि, भणे, दीघीतिं कोसलराजानं सपजापतिकं दळ्हाय रज्जुया पच्छाबाहं गाळ्हबन्धनं बन्धित्वा खुरमुण्डं करित्वा खरस्सरेन पणवेन रथिकाय रथिकं सिङ्घाटकेन सिङ्घाटकं परिनेत्वा दक्खिणेन द्वारेन निक्खामेत्वा दक्खिणतो नगरस्स चतुधा छिन्दित्वा चतुद्दिसा बिलानि निक्खिपथा" ति। "एवं, देवा", ति खो, भिक्खवे, ते मनुस्सा ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पटिस्सुत्वा [B.490] दीघीतिं कोसलराजानं सपजापतिकं दळ्हाय रज्जुया पच्छाबाहं गाळ्हबन्धनं बन्धित्वा खुरमुण्डं करित्वा खरस्सरेन पणवेन रथिकाय रथिकं सिङ्घाटकेन सिङ्घाटकं परिनेन्ति।

अथ खो, भिक्खवे, दीघावुस्स कुमारस्स एतदहोसि—"चिरंदिट्ठा खो मे मातापितरो। यन्नूनाहं मातापितरो पस्सेय्यं" ति। अथ खो, भिक्खवे, दीघावु कुमारो बाराणसिं पविसित्वा अद्दस मातापितरो दळ्हाय रज्जुया पच्छाबाहं गाळ्हबन्धनं बन्धित्वा खुरमुण्डं करित्वा खरस्सरेन पणवेन रथिकाय रथिकं सिङ्घाटकेन सिङ्घाटकं परिनेन्ते, दिस्वान येन मातापितरो तेनुपसङ्कमि। अद्दसा खो, भिक्खवे, दीघीति कोसलराजा दीघावुं कुमारं दूरतो व आगच्छन्तं, दिस्वान दीघावुं कुमारं एतदवोच—"मा खो त्वं, तात दीघावु, दीघं पस्स, मा [R.345]

किसी तटवर्ती प्रदेश में स्थित कुम्भकार के घर में, एक अपरिचित परिव्राजक के वेष मे, वास करते हुए देख लिया। उन्हें देखकर वह नाई काशिराज ब्रह्मदत्त के पास जाकर यों बोला—'देव! रानी सहित कोसलराज....वास कर रहा है।' तब काशिराज ने अपने पुरुषो (सिपाहियों) को आज्ञा दी—'भणे! जाओ और रानीसहित कोसलराज को पकड़कर यहाँ लाओ।' 'अच्छा, देव!' कहते हुए, भिक्षुओ! ये राजपुरुष रानीसहित कोसलराज को पकड़ लाये। तब काशिराज ने राजपुरुषों को आज्ञा दी—'तो भणे! रानीसहित इस कोसलराज दीधिति की बाहें पीछे कठिन रस्सी से बाँधकर, सिर मुँड़वाकर, ढोल पीटते हुए इस गली से उस गली घुमाते हुए इस चौराहे से उस चौराहे पर ले जाकर नगर के दक्षिण द्वार से निकाल कर इसके शरीर के चार भाग कर बलि (पशु–पक्षियों के आहार) हेतु फेंक दो।' 'अच्छा, देव !' कहते हुए, भिक्षुओ! वे राजपुरुष काशिराज को वचन देकर, रानीसहित कोसलराज दीधिति को दृढ़ रज्जु से उसके हाथ पैर बाँधकर....चौराहे से चौराहे पर घुमाने लगे।

"भिक्षुओ! उसी समय दीर्घायुकुमार के मन में यह विचार हुआ—'माता–पिता को देखे बहुत दिन हो गये तो क्यों न आज माता–पिता के दर्शन कर आऊँ।' तब दीर्घायु कुमार ने वाराणसी मे प्रवेश करते ही माता–पिता को उस दशा में देखा कि राजपुरुष उनके हाथ पैर पीछे दृढ़ रज्जु से बाँधकर....चौराहे पर घुमा रहे थे। ऐसा देखते ही, वह माता पिता के पास पहुँचा। उधर कोसलराज दीधिति ने दीर्घायु कुमार को दूर से ही आते हुए देख लिया। देखकर उसने दीर्घायु कुमार से यह कहा—'दीर्घायु! तुम बड़ा (दीर्घ) या छोटा (ह्रस्व) न देखो। पुत्र दीर्घायु! वैर करने से पुराने वैर का

रस्सं। न हि, तात दीघावु, वेरेन वेरा सम्मन्ति; अवेरेन हि, तात दीघावु, वेरा सम्मन्ती" ति। एवं वुत्ते, भिक्खवे, ते मनुस्सा दीघीतिं कोसलराजानं एतदवोचुं—"उम्मत्तको अयं दीघीति कोसलराजा विप्पलपति। को इमस्स दीघावु ? कं अयं एवमाह—मा खो त्वं, तात दीघावु, दीघं पस्स, मा रस्सं। न हि, तात दीघावु, वेरेन वेरा सम्मन्ति; अवेरेन हि, तात [N.376] दीघावु, वेरा सम्मन्ती" ति। "नाहं, भणे, उम्मत्तको विप्पलपामि, अपि च यो विञ्ञू सो विभावेस्सती" ति। दुतियं पि खो, भिक्खवे....पे०....ततियं पि खो, भिक्खवे, दीघीति कोसलराजा दीघावुं कुमारं एतदवोच—"मा खो त्वं, तात दीघावु, दीघं पस्स, मा रस्सं। न हि, तात दीघावु, वेरेन वेरा सम्मन्ति; अवेरेन हि, ताता दीघावु, वेरा सम्मन्ती" ति। ततियं पि खो, भिक्खवे, ते मनुस्सा दीघीतिं कोसलराजानं एतदवोचुं—"उम्मत्तको अयं दीघीति कोसलराजा विप्पलपति। को इमस्स दीघावु ? कं अयं एवमाह—मा खो त्वं, तात दीघावु, दीघं पस्स, मा रस्सं। न हि, तात दीघावु, वेरेन वेरा सम्मन्ति; अवेरेन हि, तात दीघावु, वेरा सम्मन्ती" ति। "नाहं, भणे, उम्मत्तको विप्पलपामि, अपि च यो विञ्ञू सो विभावेस्सती" ति। अथ खो, भिक्खवे, ते मनुस्सा दीघीतिं कोसलराजानं सपजापतिकं रथिकाय रथिकं सिङ्घाटकेन सिङ्घाटकं परिनेत्वा दक्खिणेन द्वारेन निक्खामेत्वा दक्खिणतो [B.491] नगरस्स चतुधा छिन्दित्वा चतुद्दिसा बिलानि निक्खिपित्वा गुम्बं ठपेत्वा पक्कमिंसु। अथ खो, भिक्खवे, दीघावु कुमारो बाराणसिं पविसित्वा सुरं नीहरित्वा गुम्बिये पायेसि। यदा ते मत्ता अहेसुं पतिता, अथ कट्ठानि सङ्कड्ढित्वा चितकं करित्वा मातापितूनं सरीरं चितकं आरोपेत्वा अग्गिं दत्वा पञ्जलिको तिक्खत्तुं चितकं पदक्खिणं अकासि।

११. तेन खो पन समयेन ब्रह्मदत्तो कासिराजा उपरिपासादवरगतो होति। अद्दसा खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा दीघावुं कुमारं पञ्जलिकं तिक्खत्तुं चितकं पदक्खिणं करोन्तं, दिस्वानस्स एतदहोसि—"निस्संसयं खो सो मनुस्सो दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो

शमन नहीं होता, अवैर (विरोध न करना) से ही, तात दीर्घायु! वैर शान्त होता है।' राजा द्वारा ऐसा कहे जाने पर, भिक्षुओ! वे राजपुरुष कोसलराज दीधिति के विषय में यों बोले–'यह कोसलराज दीधिति पागल होकर प्रलाप कर रहा है। इसका दीर्घायु कौन लगता है? किस दीर्घायु को लक्ष्य करके इसने कहा है–'तात दीर्घायु! तुम बडा ..पूर्ववत् ..वैर शान्त होता है।' तब कोसलराज दीधिति ने कहा–'मै पागल नहीं हुआ हूँ। मैंने जो बात कही है उसे जो समझदार आदमी होगा वह समझ ही लेगा।' दूसरी बार भी.. .पूर्ववत् ..तीसरी बार भी भिक्षुओ! वह कोसलराज अपने पुत्र को लक्ष्य करके बोला–'तात दीर्घायु!.....वैर शान्त होता है.....जो समझदार आदमी होगा वह समझ ही लेगा।

तब भिक्षुओ! वे राजपुरुष सपत्नीक कोसलराज को ...पूर्ववत्....चारो दिशाओं मे बलि हेतु फेंक कर वहाँ पहरेदार रखकर वापस लौट गये। उनके चले जाने पर दीर्घायुकुमार ने वाराणसी जाकर सुरा खरीद कर उन पहरेदारों को पिलायी। जब वे अचेत हो गये तब उसने लकड़ियाँ इकट्ठी कर इनसे चिता बनाकर माता–पिता के शरीरो को उस पर रखकर अग्नि देकर, हाथ जोड़ते हुए तीन बार उस चिता की प्रदक्षिणा की।

११. "भिक्षुओ! उस समय काशिराज ब्रह्मदत्त अपने प्रासाद की छत पर टहल रहा था। उसने दीर्घायु कुमार को हाथ जोड़कर उस चिता को प्रणाम–प्रदक्षिणा करते हुए देखा। देखकर

ञाति वा सालोहितो वा, अहो मे अनत्थको, न हि नाम मे कोचि आरोचेस्सती'' ति। अथ खो, भिक्खवे, दीघावु कुमारो अरञ्ञं गन्त्वा यावदत्थं कन्दित्वा रोदित्वा वप्पं पुञ्छित्वा बाराणसिं पविसित्वा अन्तेपुरस्स सामन्ता हत्थिसालं गन्त्वा हत्थाचरियं एतदवोच— ''इच्छामहं, आचरिय, सिप्पं सिक्खितुं'' ति। ''तेन हि, भणे माणवक, सिक्खस्सू'' ति। अथ खो, भिक्खवे, दीघावु कुमारो रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय हत्थिसालायं मञ्जुना सरेन गायि, वीणं च वादेसि। अस्सोसि खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय हत्थिसालायं मञ्जुना सरेन गीतं वीणं च वादितं, सुत्वान मनुस्से पुच्छि—''को, भणे, रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय हत्थिसालायं मञ्जुना सरेन गायि, वीणं च [R.346] वादेसी'' ति? ''अमुकस्स, देव, हत्थाचरियस्स अन्तेवासी माणवको रत्तिया पच्चूससमयं पच्चुट्ठाय हत्थिसालायं मञ्जुना सरेन गायि, वीणं च वादेसी'' ति। ''तेन हि, भणे, तं माणवकं आनेथा'' ति। ''एवं, देवा'', ति खो, भिक्खवे, ते मनुस्सा ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पटिस्सुत्वा दीघावुं कुमारं आनेसुं। ''त्वं भणे माणवक, रत्तिया पच्चूससमयं [N.377] पच्चुट्ठाय हत्थिसालाय मञ्जुना सरेन गायि, वीणं च वादेसी'' ति? 'एवं, देवा' ति। 'तेन हि त्वं, भणे माणवक, गायस्सु, वीणं च वादेही' ति। 'एवं, देवा', ति खो, भिक्खवे, दीघावु कुमारो ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पटिस्सुत्वा आराधापेक्खो मञ्जुना सरेन गायि, [B.492] वीणं च वादेसि। 'त्वं, भणे माणवक, मं उपट्ठहा' ति। 'एवं, देवा', ति खो, भिक्खवे, दीघावु कुमारो ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पच्चस्सोसि। अथ खो, भिक्खवे, दीघावु कुमारो

उसको यह विचार हुआ—'अवश्य ही यह कोई कोसलराज दीधिति का जातिवाला या दूर का रक्तसम्बन्धी है। यह तो मेरे लिये बहुत अहितकर हुआ। (मेरे भय से) मुझे कोई बतायगा भी नहीं।'

इसके बाद, भिक्षुओ! वह दीर्घायु कुमार वन में जाकर माता-पिता के लिये बहुत रोया। अन्त में आँसू पोंछकर वाराणसी में आकर राजप्रासाद के सम्मुख हस्तिशाला में जाकर वहाँ महावतों में प्रमुख को यह बोला—'आचार्य! मैं चाहता हूँ कि आपका शिष्य बनकर यह शिल्प सीख लूँ।' (महावत न कहा—) बच्चे! यदि सीखना चाहता है तो सीख ले।' (इस तरह वह दीर्घायु उस हस्तिशाला में ठहर गया।) तब भिक्षुओ! दीर्घायुकुमार रात्रि बीतते बीतते बहुत प्रातः उठकर हस्तिशाला में (बैठकर) मञ्जु स्वर से गाता था और वीणा बजाता था। भिक्षुओ! काशिराज ने भी कभी उसका वह गायन एवं वीणावादन सुना, सुनकर उसे बहुत अच्छा लगा। उसने लोगो से पूछा—'अरे! रात्रि के अन्त में बहुत प्रातः ही उठकर कौन इतने मधुर स्वर में गाता है? तथा वीणा बजाता है?' (लोगों ने बताया—) 'देव! अमुक महावत का कोई माणवकशिष्य रात्रि के अन्तिम प्रहर में ऐसे मधुर स्वर से गायन करता है एवं वीणा बजाता है।' 'तो उस माणवक को हमारे पास लाओ!' 'अच्छा देव!' कहकर, भिक्षुओ! उन राजपुरुषों ने दीर्घायुकुमार को काशिराज के सामने पहुँचाया। (राजा ने उससे पूछा—) 'अरे माणवक! क्या तूँ ही रात्रि के अन्तिम प्रहर में उठकर हस्तिशाला में बैठकर मञ्जुस्वर से गायन एवं वीणावादन करता है?' 'हाँ देव!' 'तो, अरे भाई! हमें भी अपना गायन एव वीणावादन सुनाओ! 'अच्छा देव!' कहकर, भिक्षुओ! दीर्घायुकुमार ने काशिराज ब्रह्मदत्त को मनोहर मञ्जुस्वर में अपना मधुर गायन एवं वीणावादन सुनाया। सुनकर, राजा ने प्रसन्न होकर उससे कहा—'तो, माणवक! तूँ मेरे यहाँ ही रह।' 'अच्छा! देव!' कहकर दीर्घायुकुमार ने अपनी वहाँ रहने की स्वीकृति दे दी। भिक्षुओ! तब से उस दीर्घायुकुमार ने राजा के पास रहते हुए राजा की ऐसी सेवा की कि वह राजा से पहले प्रातः काल

ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पुब्बुट्ठायी अहोसि पच्छानिपाती किङ्कारपटिस्सावी मनापचारी पियवादी। अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा दीघावुं कुमारं नचिरस्सेव अब्भन्तरिके विस्सासिकट्ठाने ठपेसि।

१२. अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा दीघावुं कुमारं एतदवोच—"तेन हि, भणे माणवक, रथं योजेहि, मिगवं गमिस्सामा" ति। एवं, देवा, ति खो, भिक्खवे, दीघावु कुमारो ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पटिस्सुत्वा रथं योजेत्वा ब्रह्मदत्तं कासिराजानं एतदवोच—"युत्तो खो ते, देव, रथो, यस्स दानि कालं मञ्ञसी" ति। अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा रथं अभिरुहि। दीघावु कुमारो रथं पेसेसि। तथा तथा रथं पेसेसि यथा यथा अञ्ञेनेव सेना अगमासि अञ्ञेनेव रथो। अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा दूरं गन्त्वा दीघावुं कुमारं एतदवोच—"तेन हि, भणे माणवक, रथं मुञ्चस्सु, किलन्तोम्हि, निपज्जिस्सामी" ति। "एवं, देवा" ति खो. भिक्खवे, दीघावु कुमारो ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पटिस्सुत्वा रथं मुञ्चित्वा पथवियं पल्लङ्केन निसीदि। अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा दीघावुस्स कुमारस्स उच्छङ्गे सीसं कत्वा सेय्यं कप्पेसि। तस्स किलन्तस्स मुहुत्तकेनेव निद्दा ओक्कमि। अथ खो, भिक्खवे, दीघावुस्स कुमारस्स एतदहोसि—"अयं खो ब्रह्मदत्तो [R.247] कासिराजा बहुनो अम्हाकं अनत्थस्स कारको। इमिना अम्हाकं बलं च वाहनं च जनपदो च कोसो च कोट्ठागारं च अच्छिन्नं। इमिना च मे मातापितरो हता। अयं ख्वस्स कालो योहं वेरं अप्पेय्यं" ति कोसिया खग्गं निब्बाहि। अथ खो, भिक्खवे, दीघावुस्स कुमारस्स एतदहोसि—"पिता खो मं मरणकाले अवच—'मा खो त्वं, तात दीघावु, दीघं पस्स, मा रस्सं। न हि, तात दीघावु, वेरेन वेरा सम्मन्ति; अवेरेन हि, तात दीघावु, वेरा सम्मन्ती' ति। न खो मेतं पतिरूपं, य्वाहं पितुवचनं अतिक्कमेय्यं" ति कोसिया खग्गं पवेसेसि। दुतियं पि खो, भिक्खवे, दीघावुस्स कुमारस्स एतदहोसि—"अयं खो [B.493] ब्रह्मदत्तो....पे०....निब्बाहि। दुतियं पि खो, भिक्खवे, दीघावुस्स कुमारस्स

उठकर सेवा में लग जाता था तो रात्रि में राजा के सोने के बाद ही सोता था। प्रतिक्षण 'क्या करूँ?' इस भाव में राजा के सम्मुख रहता था। राजा के अनुकूल बातचीत करता था, उसमें निरन्तर मनोरम वचनों का ही प्रयोग करता था। यों करते करते, भिक्षुओ! एक दिन ऐसा आया कि काशिराज ब्रह्मदत्त ने उस माणव को अपना अन्तरङ्ग विश्वासपात्र अनुचर बना लिया।

१२. भिक्षुओ! किसी दिन काशिराज ब्रह्मदत्त ने दीर्घायुकुमार से कहा—'अरे माणव! रथ जोतो, आज आखेट खेलने के लिये चलने का विचार है।' 'अच्छा देव!' कहकर रथ तय्यार कर पुनः राजा से निवेदन किया—'देव! रथ तय्यार है, अब जैसा आप उचित समझें।' तब, भिक्षुओ! काशिराज ब्रह्मदत्त रथ पर आरूढ़ हुए। दीर्घायुकुमार ने रथ आगे बढाया। रथ चलाते चलाते दीर्घायु ने ऐसा कुछ किया कि रथ एक तरफ मुड़ गया और सेना दूसरी तरफ चली गयी। बहुत दूर निकल जाने पर राजा ने दीर्घायु से कहा—'अरे माणव! रथ रोको। थक गया हूँ। कुछ समय विश्राम करूँगा।' 'अच्छा देव!' कहकर, भिक्षुओ! दीर्घायुकुमार रथ रोककर भूमि पर आसन लगाकर बैठ गया। तब, भिक्षुओ! काशिराज ब्रह्मदत्त, श्रान्त होने के कारण, दीर्घायु की गोद में लेट गया और सो गया। वह थका हुआ तो था ही, कुछ देर में उसे गाढ़ निद्रा आ गयी।

एतदहोसि—"पिता खो मं....पे०....पुनदेव कोसिया खग्गं पवेसेसि। ततियं पि खो, भिक्खवे, दीघावुस्स कुमारस्स एतदहोसि—"अयं खो ब्रह्मदत्तो कासिराजा बहुनो अम्हाकं [N.378] अनत्थस्स कारको। इमिना अम्हाकं बलं च वाहनं च जनपदो च कोसो च कोट्ठागारं च अच्छिन्नं। इमिना च मे मातापितरो हता। अयं ख्वस्स कालो योहं वेरं अप्पेय्यं" ति कोसिया खग्गं निब्बाहि। ततियं पि खो, भिक्खवे, दीघावुस्स कुमारस्स एतदहोसि—"पिता खो मं मरणकाले अवच—'मा खो त्वं, तात दीघावु, दीघं पस्स, मा रस्सं। न हि, तात दीघावु, वेरेन वेरा सम्मन्ति; अवेरेन हि, तात दीघावु, वेरा सम्मन्ती' ति। न खो मेतं पतिरूपं, य्वाहं पितुवचनं अतिक्कमेय्यं" ति पुनदेव कोसिया खग्गं पवेसेसि।

अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा भीतो उब्बिग्गो उस्सङ्की उत्रस्तो सहसा वुट्ठासि। अथ खो, भिक्खवे, दीघावु कुमारो ब्रह्मदत्तं कासिराजानं एतदवोच—"किस्स त्वं, देव, भीतो उब्बिग्गो उस्सङ्की उत्रस्तो सहसा वुट्ठासी" ति? "इध मं, भणे माणवक; दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो पुत्तो दीघावु कुमारो सुपिनन्तेन खग्गेन परिपातेसि। तेनाहं भीतो उब्बिग्गो उस्सङ्की उत्रस्तो सहसा वुट्ठासिं" ति। अथ खो, भिक्खवे, दीघावु कुमारो वामेन हत्थेन ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो सीसं परामसित्वा दक्खिणेन हत्थेन खग्गं निब्बाहेत्वा ब्रह्मदत्तं कासिराजानं एतदवोच—"अहं खो सो, देव, दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो पुत्तो दीघावु कुमारो। बहुनो त्वं अम्हाकं अनत्थस्स कारको। तया अम्हाकं बलं च वाहनं च जनपदो च कोसो च कोट्ठागारं च अच्छिन्नं। तया च मे मातापितरो हता। अयं ख्वस्स कालो य्वाहं वेरं अप्पेय्यं" ति। अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा दीघावुस्स कुमारस्स पादेसु सिरसा निपतित्वा दीघावुं कुमारं एतदवोच—"जीवितं मे, तात दीघावु, देहि। जीवितं मे, तात

तब, भिक्षुओ! दीर्घायुकुमार के मन में यह हुआ—'इस ब्रह्मदत्त काशिराज ने हमारा बहुत अनर्थ किया है। इसने हमारी सेना, हमारे वाहन, हमारे जनपद, हमारा राजकोष, हमारे भाण्डागार सभी कुछ नष्ट कर दिया। यहाँ तक कि इसने मेरे माता-पिता का भी वध करा डाला। तो आज अवसर मिल गया है कि इससे अपने वैर का प्रतिशोध कर लूँ!' यह सोचकर उसने कोष (म्यान) से खड्ग (तलवार) निकाल ली। भिक्षुओ! तभी उसको ध्यान आया कि उसके पिता ने मरणकाल में उसको आदेश दिया था—'तात दीर्घायु! दीर्घ या ह्रस्व न देखना....वैर शान्त होते हैं।' तो उसने सोचा कि पिता के आदेश के बाद यह मेरे लिये उचित नहीं है कि मैं इसका वध करूँ।' यह सोच कर उसने सड्ग को पुनः कोश में रख लिया। दूसरी बार भी 'इस ब्रह्मदत्त ने....पूर्ववत्....खड्ग कोष में रख ली। तीसरी बार भी...इस काशिराज ब्रह्मदत्त ने ...पूर्ववत्....खड्ग कोष में रख ली।

तब, भिक्षुओ! काशिराज ब्रह्मदत्त भयभीत, उद्विग्न, शङ्कायुक्त एवं सन्त्रस्त सा होकर अचानक उठ बैठा। तब...ब्रह्मदत्त से दीर्घायुकुमार ने पूछा—'देव! आप अचानक भयभीत....सन्त्रस्त से होकर कैसे उठ बैठे?' 'हाँ, माणवक! अभी मुझे ऐसा लगा कि कोसलराज दीधिति का पुत्र खड्ग से मुझ पर आक्रमण कर रहा है।' तब दीर्घायुकुमार बाँये हाथ से उसका शिर पकड़ कर और दाहिने हाथ में खड्ग लेकर काशिराज ब्रह्मदत्त को यो बोला—'हाँ, देव! मैं ही दीर्घायुकुमार हूँ। तुमने मेरा बहुत अहित किया है।...क्यो न मैं आज तुझसे अपने वैर का बदला लूँ।' तब, भिक्षुओ! काशिराज ब्रह्मदत्त दीर्घायुकुमार के पैरो में शिर रखकर उससे यों बोला—'तात! मुझे जीवन दो, तात! मुझे जीवन दो!'

[B.494] दीघावु, देही'' ति। ''क्याहं उस्सहामि देवस्स जीवितं दातुं? देवो खो मे जीवितं ददेय्या'' ति।''तेन हि, तात दीघावु, त्वं चेव मे जीवितं देहि, अहं च ते जीवितं दम्मी'' ति। अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो च कासिराजा दीघावु च कुमारो अञ्ञमञ्ञस्स जीवितं अदंसु, पाणिं च अग्गहेसुं सपथं च अकंसु अद्दुभाय।

[R.348] अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा दीघावुं कुमारं एतदवोच—''तेन हि, तात दीघावु, रथं योजेहि, गमिस्सामा'' ति। ''एवं, देवा'' ति खो, भिक्खवे, दीघावु कुमारो ब्रह्मदत्तस्स कासिरञ्ञो पटिस्सुत्वा रथं योजेत्वा ब्रह्मदत्तं कासिराजानं एतदवोच— ''युत्तो खो ते, देव, रथो, यस्स दानि कालं मञ्ञसी'' ति। अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा रथं अभिरुहि। दीघावु कुमारो रथं पेसेसि। तथा तथा रथं पेसेसि यथा यथा नचिरस्सेव सेनाय समागञ्छि। अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा बाराणसिं पविसित्वा अमच्चे पारिसज्जे सन्निपातापेत्वा एतदवोच—''सचे, भणे, दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो पुत्तं [N.379] दीघावुं कुमारं पस्सेय्याथ, किं ति नं करेय्याथा'' ति? एकच्चे एवमाहंसु— ''मयं, देव, हत्थे छिन्देय्याम। मयं, देव, पादे छिन्देय्याम। मयं, देव, हत्थपादे छिन्देय्याम। मयं, देव, कण्णे छिन्देय्याम। मयं, देव, नासं छिन्देय्याम। मयं, देव, कण्णनासं छिन्देय्याम। मयं, देव, सीसं छिन्देय्यामा'' ति।''अयं खो, भणे, दीघीतिस्स कोसलरञ्ञो पुत्तो दीघावु कुमारो। नायं लब्भा किञ्चि कातुं। इमिना च मे जीवितं दिन्नं, मया च इमस्स जीवितं दिन्नं'' ति।

१३. अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा दीघावुं कुमारं एतदवोच—''यं खो ते, तात दीघावु, पिता मरणकाले अवच—'मा खो त्वं, तात दीघावु, दीघं पस्स, मा रस्सं।

'देव! कैसे मैं ही आप को जीवन दूँ, आप भी मुझे जीवन का वचन दें, तब ना?' 'तो, तात दीर्घायु! तुम मुझे जीवनदान का वचन दो, मैं तुम्हें देता हूँ।' तब भिक्षुओ! काशिराज ब्रह्मदत्त ने दीर्घायुकुमार को जीवनदान का वचन दिया और दीर्घायुकुमार ने काशिराज ब्रह्मदत्त को। यों दोनों ने जीवनदान का वचन दिया, परस्पर हाथ मिलाया तथा जीवनपर्यन्त अद्रोह (प्रेम) पूर्वक रहने की शपथ ली।

तब, भिक्षुओ! काशिराज ब्रह्मदत्त ने दीर्घायुकुमार को रथ जोतने का आदेश दिया। 'अच्छा देव' कहकर रथ जोतकर राजा से कहा—'रथ तय्यार है, अब जैसा आप उचित समझें।' तब काशिराज ब्रह्मदत्त रथ में बैठे, दीर्घायुकुमार ने रथ इस तरह चलाया कि शीघ्र ही राजा की सेना मिल गयी। तब भिक्षुओ! काशिराज ने वाराणसी में प्रवेश कर अपने अमात्य एवं सभासदों को एकत्र कर यह कहा—'अरे! आप लोग कोसलराज दीधिति के पुत्र दीर्घायुकुमार को देख पावें तो उसके साथ क्या व्यवहार करेगे?' तब उनमें से कुछ बोले—'देव! हम उसके हाथ काट डालेंगे।' कुछ बोले—'पैर काट डालेंगे।' कुछ बोले—'हम उसके हाथ—पैर काट डालेंगे।' कुछ बोले—'उसके कान काट लेंगे।' कुछ बोले—'उसका नाक काट लेगे।' कुछ बोले—'हम उसके कान, नाक— दोनो काट लेंगे।' कुछ बोले—'देव! हम उसका शिर काट लेंगे।' तब राजा ने कहा—'यह दीधितिकुमार है, परन्तु आप इस का कुछ विगाड़ नहीं सकेंगे; क्योकि मैंने इसको एव इसने मुझको जीवनदान का वचन दिया है।

१३ ''तब, भिक्षुओ! काशिराज ब्रह्मदत्त ने दीर्घायुकुमार से पूछा— 'तात दीर्घायु! तुम्हारे पिता ने मरते समय यह जो कहा था—तात दीर्घायु! तूँ दीर्घ को न देख, न ह्रस्व को देख; क्योंकि तात

न हि, तात दीघावु, वेरेन वेरा सम्मन्ति; अवेरेन हि, तात दीघावु, वेरा सम्मन्ती' ति, किं ते पिता सन्धाय अवचा'' ति?''यं खो मे, देव, पिता मरणकाले अवच—'मा दीघं' ति 'मा चिरं वेरं अकासी' ति— इमं खो मे, देव, पिता मरणकाले अवच 'मा दीघं' ति। यं खो मे, देव, पिता मरणकाले अवच 'मा रस्सं' ति 'मां खिप्पं मित्तेहि भिज्जित्था' ति। इमं खो मे, देव, पिता मरणकाले अवच—'मा रस्सं' ति। यं खो मे, देव, पिता मरणकाले अवच—'न हि, तात दीघावु, वेरेन वेरा सम्मन्ति; अवेरेन हि, तात दीघावु, वेरा सम्मन्ती' ति [B.495] देवेन मे मातापितरो हता ति। सचाहं देवं जीविता वोरोपेय्यं, ये देवस्स अत्थकामा ते मं जीविता वोरोपेय्युं, ये मे अत्थकमा ते ते जीविता वोरोपेय्युं—एवं तं वेरं वेरेन न वूपसमेय्य। इदानि च पन मे देवेन जीवितं दिन्नं, मया च देवस्स जीवितं दिन्नं। एवं तं वेरं अवेरेन वूपसन्तं। इमं खो मे, देव, पिता मरणकाले अवच—'न हि, ताता दीघावु, वेरेन वेरा सम्मन्ति; अवेरेन हि, तात दीघावु, वेरा सम्मन्ती' '' ति।

अथ खो, भिक्खवे, ब्रह्मदत्तो कासिराजा—''अच्छरियं वत भो, अब्भुतं [R.349] वत भो, याव पण्डितो अयं दीघावु कुमारो, यत्र हि नाम पितुनो सङ्खित्तेन भासितस्स वित्थारेन अत्थं आजानिस्सती'' ति पेत्तिकं बलं च वाहनं च जनपदं च कोसं च कोट्ठागारं च पटिपादेसि, धीतरं च अदासि। तेसं हि नाम, भिक्खवे, राजूनं आदिन्नदण्डानं आदिन्नसत्थानं एवरूपं खन्तिसोरच्चं भविस्सति। इध खो पन तं, भिक्खवे, सोभेथ यं तुम्हे एवं स्वाक्खाते धम्मविनये पब्बजिता समाना खमा च भवेय्याथ सोरता चा'' ति? ततियं पि खो भगवा ते

दीर्घायु! वैर से वैर शान्त नहीं होते, अपितु तात दीर्घायु! अवैर से ही वैर शान्त होते हैं—तुम्हारे पिता ने यह बात क्या लक्ष्य रख कर कही थी?'

(१) 'देव! मेरे पिता ने, मरते समय, यह जो कहा था—दीर्घ न देख। यह दीर्घकालीन वैर को लक्ष्य रखकर कहा था। उनका अभिप्राय यही था कि चिरकाल तक वैर नहीं रखा जाता।

(२) और देव! पिता जी ने यह जो कहा था—छोटा भी न देख। यह इस अभिप्राय से कि मित्रों के साथ जल्दी में विरोध न कर बैठना। मित्रों से स्थायी मित्रता ही उनका लक्ष्य था।

(३) और मेरे पिता ने मृत्यु के समय यह जो कहा था कि तात दीर्घायु! वैर से वैर शान्त नहीं हुआ करते, अवैर से ही वैर शान्त हुआ करते हैं। जैसे आपने मेरे पिता को मार दिया, उनके प्रतिशोध में मैं आपको मार देता तो आपके हितचिन्तक मेरा जीवन समाप्त कर देते और मेरे जो हितचिन्तक होते वे आपके हितचिन्तकों को मृत्यु का ग्रास बना देते। इस तरह वह वैर वैर से नहीं बुझ पाता। अपितु अब आपने मुझको जीवनदान कर दिया और मैंने देव को जीवन दे दिया—इसका फल यह हुआ कि वह दीर्घकाल का वैर स्वयमेव शान्त हो गया। यह लक्ष्य करके ही मेरे पिता ने अपने अन्त समय में कहा था—वैर से वैर शान्त नहीं हुआ करते, अपितु अवैर (मैत्री=सौहार्द) से ही वैर शान्त हो जाते हैं।

तब काशिराज ब्रह्मदत्त के मुख से अकस्मात् यह वचन निकल पड़े कि—अतीव आश्चर्य है, बहुत ही अद्भुत है, यह दीर्घायुकुमार कितना अधिक बुद्धिमान् है, पण्डित है कि पिता के उतने संक्षिप्त वचन का इतना विस्तृत एवं उचित अर्थ समझ लिया'—यह सोचकर उसकी पैतृक सेना, वाहन, कोषागार एवं भाण्डागार ही उसको नहीं लौटा दिये अपितु उसके साथ अपनी कन्या का भी विवाह कर दिया।

''तो, भिक्षुओ! जब वैसे दण्डधारी शस्त्रधारी क्षत्रियों (राजाओं) में समय आने पर परस्पर

भिक्खू एतदवोच—"अलं, भिक्खवे, मा भण्डनं मा कलहं मा विग्गहं मा विवादं" ति। ततियं पि खो सो अधम्मवादी भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—"आगमेतु, भन्ते, भगवा धम्मस्सामी; अप्पोस्सुक्को, भन्ते, भगवा दिट्ठधम्मसुखविहारमनुयुत्तो विहरतु। मयमेतेन भण्डनेन कलहेन विग्गहेन विवादेन पञ्ञायिस्सामा" ति। अथ खो भगवा—"परियादिन्नरूपा खो इमे मोघपुरिसा, नयिमे सुकरा सञ्ञापेतुं" ति—उट्ठायासना पक्कामि।

दीघावुभाणवारो निट्ठितो पठमो।

[N.380] १४. अथ खो भगवा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय कोसम्बिं पिण्डाय पाविसि। कोसम्बियं पिण्डाय चरित्वा पच्छाभत्तं पिण्डपातपटिक्कन्तो सेनासनं संसामेत्वा पत्तचीवरमादाय सङ्घमज्झे ठितको व इमा गाथायो अभासि—

[B.496] "पुथुसद्दो समजनो न बालो कोचि मञ्ञथ।
सङ्घस्मिं भिज्जमानस्मिं नाञ्ञं भिय्यो अमञ्ञरुं॥
"परिमुट्ठा पण्डिता भासा वाचागोचरभाणिनो।
याविच्छन्ति मुखायामं येन नीता न तं विदू॥
"अक्कोच्छि मं अवधि मं अजिनि मं अहासि मे।
ये च तं उपनय्हन्ति वेरं तेसं न सम्मति॥ (ध. प. ३)

मेल हो जाता है, क्षमादान हो जाता है, परस्पर क्षमा, सुरति (विनम्रता) हो जाती है तो फिर भिक्षुओ! तुम्हारे लिये तो यह शोभास्पद ही होगा कि तुम लोग इतने अच्छे धर्मविनय में प्रव्रजित होकर क्षमाशील एवं सुरतिसम्पन्न रहो। यों तीसरी बार भी भगवान् ने भिक्षुओं से कहा—'आप लोग परस्पर झगड़ा, कलह, विवाद न करें।'

परन्तु तीसरी बार भी उन अधर्मवादियों में से किसी भिक्षु ने कहा—"भन्ते! आप रहने दें, आप तो धर्मस्वामी हैं.....हम इस विग्रह को समाप्त करने में स्वयं समर्थ हैं।"

तब भगवान् यह सोचकर कि ये निकम्मे लोग अधिक मात्रा में सांसारिक बातों में लिप्त हैं, इन्हें समझाना सरल नहीं है। आसन से उठकर (अपनी साधनाकुटी में) चले गये।

दीर्घायु भाणवार प्रथम समाप्त॥

१४. तब भगवान् ने वस्त्र पहनकर, पात्र–चीवर ले कौशाम्बी में भिक्षाटन एवं भोजन कर, तत्पश्चात् भोजन कर्म से निवृत्त होकर अपना शयनासन समेट कर पात्र चीवर ले, सङ्घ के बीच में खड़े हुए की तरह ये गाथाएँ कहीं—

"समस्त भिक्षु समूह पृथक् पृथक् बात (मत) बोलने वाला, कोई भी अपने को किसी से कम न समझने वाला यह अज्ञ–समूह एकत्र हो गया है। न इसे सङ्घभेद की चिन्ता है, न इसको किसी अन्य बात (शास्ता की प्रतिष्ठा आदि) का ही महत्त्व ज्ञात है॥

"ये लोग वस्तुतः मूढ़ परन्तु बात करने में पण्डित की तरह दिखायी देने वाले, जिह्वा पर आयी बात को बक देने वाले, जो मन में हैं उसे बोल देने वाले (मुँहफट) हैं। ये जिसके द्वारा कुमार्ग पर ले जाये गये हैं उसकी वास्तविकता नहीं जानते॥

'इसने मुझ को अपशब्द कहे', 'इसने मुझको मारा', 'इसने मुझको पराजित किया' 'इसने मुझको त्याग दिया'—ऐसी बातों की जो गाँठ बाँध लेते हैं उनका पारस्परिक वैर कभी शान्त नहीं होता॥

"अक्कोच्छि मं अवधि मं अजिनि मं अहासि मे।
ये च तं नुपनय्हन्ति वेरं तेसूपसम्मति॥ (ध. प. ४)
"न हि वेरेन वेरानि सम्मन्तीध कुदाचनं।
अवेरेन च सम्मन्ति एस धम्मो सनन्तनो॥ (ध. प. ५)
"परे च न विजानन्ति मयमेत्थ यमामसे।
ये च तत्थ विजानन्ति ततो सम्मन्ति मेधगा॥ (ध. प. ६)
"अट्ठिच्छिन्ना पाणहरा गवास्सधनहारिनो। [R.350]
रट्ठं विलुम्पमानानं तेसं पि होति सङ्गति॥
"कस्मा तुम्हाकं नो सिया?
"सचे लभेथ निपकं सहायं सद्धिं चरं साधुविहारि धीरं।
अभिभुय्य सब्बानि परिस्सयानि चरेय्य तेनत्तमनो सतीमा॥ (ध. प. ३२८)
"नो चे लभेथ निपकं सहायं सद्धिं चरं साधुविहारि धीरं।
राजा व रट्ठं विजितं पहाय एको चरे मातङ्गरञ्ञेव नागो॥ (ध. प. ३२९)
"एकस्स चरितं सेय्यो नत्थि बाले सहायता।
एको चरे न च पापानि कयिरा अप्पोस्सुक्को मातङ्गरञ्ञेव नागो" ति॥ (ध. प. ३३०)॥

'इसने मुझको अपशब्द कहे'....पूर्ववत्....ऐसी बातों को जो गाँठ (मन मे रखना) नहीं बाँधते उन लोगों का ही वैर शान्त होता है॥

किसी वैर के प्रतिशोध मे किये गये वैर से वह (पूर्व वैर) शान्त नहीं हुआ करता। वह (वैर) तो अवैर (प्रेमभाव=सौहार्द) से ही शान्त हो सकता है। यही सनातन धर्म (की परिपाटी) है॥

दूसरे (अपण्डित=अज्ञ) नहीं जानते कि हमको भी यहाँ से एक दिन जाना है। जो वहाँ जाना (मरण भाव को प्राप्त होना) जानते है वे बुद्धिमान् ही यहाँ के पारस्परिक वैर को तुच्छ समझकर, उसके शमन हेतु सतत प्रयास करते हैं॥

जिनके हाथ-पैरों की हड्डियाँ तोड़ दी जाती हैं, जिन पर प्राणघातक आक्रमण किया जाता है, जिनके गौ, अश्व एवं धन आदि छीन लिये जाते हैं, जिनका राष्ट्र जीत लिया जाता है उनका भी, समय आने पर, परस्पर मेल-मिलाप हो जाता है॥

तो फिर भिक्षुओ! 'तुम में यह मेल एक दिन क्यों नहीं होगा'– ऐसा तुम्हें क्यों नहीं लगता?

यदि साथ विचरण (साधना) करने वाला साथी अनुकूल, पण्डित, एवं धैर्यशाली मित्र के रूप में मिल जाय तो सभी विघ्नो से छुटकारा पाकर उसके साथ स्मृतिमान् एवं प्रसन्न मन से धर्मसाधना में लगे रहना चाहिये॥

यदि साथ में साधना करने वाला साथी अनुकूल, पण्डित धैर्यशाली मित्र के रूप में न मिले तो साधक को राजा की भाँति पराजित राष्ट्र को छोड़कर गजराज के समान एकाकी ही विचरण करना चाहिये॥

एकाकी रहकर ही साधना करना उत्तम है, साधना में मूर्ख का सहयोग लेना अहितकर होगा। बस, अकेला विचरण करे, पाप न करे, हस्तिराज के सामने संसार में अल्पेच्छ अल्प औत्सुक्य वाला बनकर साधनारत रहे॥

३. बालकलोणकगमनकथा

